आत्मनिर्वाणम् ;111 इति =आत्माका [ज्ञानादि गुणोंका] नाश होजाना मोक्ष है इसप्रकार [मोक्षका स्वरूप बौद्धमती मानें हैं]

तस्य ;1 कल्पना ;111 खरविषाणवत्* =उसका [मोक्षका] वह स्वरूप गधाके सींगके तुल्य
तैः ;3 एव आहृत्य* निरूपिता ;111 इति एवम्* आदि ;111 = [तैः एव] उनने ही असिद्ध ठहरा दिया है । इसीप्रकार और भी हैं

तस्य ;1 स्वरूपम् ;111 अनवद्यम् ;111 उत्तरत्र* वक्ष्यामः T =उस [मोक्ष] का स्वरूप यथार्थ आगें (हम) कहेंगे
तत्प्राप्ति–उपायं ;1 प्रति * अपि * ते विसंवदन्ते T = तिस [मोक्ष] के साधनके प्रति भी वे [अन्यवादी] वाद = विवाद करते हैं अर्थात् मोक्षके उपार्जनके उपयोंको भी एकमत दूसरे मतके विरुद्ध बताता है ।

ज्ञानात् ;111 एव चारित्रनिरपेक्षात् ;111 तत्प्राप्तिः ;11 =ज्ञान [मात्र] सेही चारित्रके विना संबंधसे तिस [मोक्ष] की प्राप्ति [बताते हैं]

१। " कल्प " सादृश्य अर्थमें कल्पप् प्रत्यय होता है जैसे—पितृकल्पः, गुरुकल्पः = गुरुके समान, निर्वाणकल्पम् । पद्मचंद्रकोष पृष्ठ १०१ ।

श्रद्धानमात्रादेव वा, ज्ञाननिरपेक्षाच्चारित्रमात्रादेवेति च ॥ व्याध्यभिभूतस्य तद्विनिवृत्त्युपायभूतभेषजविषयव्यस्तज्ञानादिसाधनत्वाभाववत् ॥ एवं व्यस्तं ज्ञानादि मोक्षप्राप्त्युपायो न भवति । किं तर्हि ? तत्त्रितयं समुदितमित्याह—

वा * श्रद्धानमात्रात् ५।१।१ एव *
च * ज्ञाननिरपेक्षात् ५।१।१ चारित्रमात्रात् ५।१।१ एव* इति
व्याधि–अभिभूतस्य ६।१
तद्–विनिवृत्ति–उपाय–भूत–भेषज–विषय–व्यस्त–ज्ञानादि–साधनत्व–अभाववत् * एवं *
व्यस्तं १।१।१ ज्ञानादि १।१।१
मोक्ष–प्राप्ति–उपायः १।१ न भवति
किं १।१।१ तर्हि*
तत्–त्रितयं १।१।१ समुदितं १।१।१
इति–आह

= अथवा श्रद्धान [विश्वास] मात्रसे ही [ज्ञान चारित्रके विना मोक्षकी प्राप्ति कहते हैं]
= बहुरि ज्ञान संबंधसे रहित चारित्रमात्रसे ही इसप्रकार (मोक्ष की प्राप्ति कहते हैं)
= रोगसे घबराये हुए (रोगी) के
= उस (रोग) के दूर करनेके कारणभूत
= औषधके संबंधमें ज्ञान, श्रद्धान, आचरणमें कोई एक
= साधन जिसप्रकार दूर करनेमें असमर्थ हैं तिस प्रकार
= ज्ञान–चारित्र–श्रद्धानमेंसे एक एक (= व्यस्त)
= मोक्षके प्राप्तिका साधन नहीं होता है
= तौ (= तर्हि) क्या (मोक्षकी प्राप्तिका उपाय है ?)
= उन तीनों (ज्ञान–दर्शन–चारित्र) की एकता है
= ऐसे [श्रीउमास्वामी आचार्य सूत्र] कहते हैं

१ अभिभूत (त्रि०) घबराया हुआ, दबाया हुआ। पद्मचन्द्रकोष देखो पृष्ठ ३७।
२ व्यस्त (त्रि०) सारे पदार्थोंमेंसे एक एक। देखो पद्मचन्द्रकोष पृष्ठ ३७२

सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि मोक्षमार्गः ॥ १ ॥

सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि ३।१।१ = सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, और सम्यक्चारित्र (इन तीनोंका समुदाय अथवा संगम)
मोक्ष—मार्गः १।१ = मोक्षका मार्ग है अथवा मोक्षकी प्राप्तिका उपाय है अर्थात् पदार्थों के यथार्थ ज्ञानके विषयमें श्रद्धान व प्रतीति सो सम्यग्दर्शन है जिस जिस भांति जीवादिक पदार्थ तिष्ठे हैं तिस तिसप्रकार जानना सो सम्यग्ज्ञान है। संसारके हेतुओं (आस्रव-बन्ध) की निवृत्ति करनेके लिये उद्यमी सम्यग्ज्ञानी पुरुषके कर्मका ग्रहण करनेवाली क्रियाका त्याग सो सम्यक्चारित्र है। अनुभवसे यह बात प्रत्यक्ष है कि संसारके जितने कार्य हैं उन सबमें ही प्रथम ज्ञान, दूसरे श्रद्धान वा विश्वास तीसरे आचरणकी आवश्यक्ता होती है यदि इन तीनोंमेंसे एक भी घाटि हो तो कोई कार्य कदाचित् सिद्ध नहीं हो सक्ता है वैसे ही मोक्षकी प्राप्तिमें भी इन तीन हीकी आवश्यक्ता है। ध्यान रहै कि प्रथम ज्ञान होता है उसके पश्चात् सम्यग्दर्शनकी प्राप्ति है उस सम्यक्त्वकी प्राप्ति होते ही वही ज्ञान जो सम्यग्दर्शनके पहिले कुज्ञान या सम्यग्ज्ञान हो जाता है (विशेष जाननेकेलिये नीचेका वृत्त्यर्थ देखो)

"१ इस तत्त्वार्थसूत्र ग्रन्थकी रचनाके विषयमें कर्णाटकभाषाकी तत्त्वार्थवृत्ति नामकटीकाकी प्रस्तावनामें एक बड़ी मनोरंजक कथा लिखी है, वह इस प्रकार है कि;—

सौराष्ट्र (गुजरात) देशके किसी नगरमें एक पवित्रान्तः करण और नित्यनैमित्तक क्रियाओंमें तत्पर श्रद्धावान् द्वैपायक नामक श्रावक रहता था। वह बड़ा विद्वान् था। और इसलिये चाहता था कि किसी उत्तम ग्रन्थकी रचना करूं, परन्तु गार्हस्थ्यजंजालके कारण अनवकाशवशतः कुछ कर नहीं सका था। निदान एकदिन उसने प्रतिज्ञा की कि, प्रतिदिन जब एक सूत्र बना लूंगा, तब ही भोजन करूंगा, अन्यथा उपवास करूंगा। और मोक्षशास्त्रके बनानेका निश्चय करके उसी दिन उसने "दर्शनज्ञानचारित्राणि मोक्षमार्गः" यह प्रथम सूत्र बनाया। तथा विस्मरण हो जानेके भयसे अपने घरके एक खम्भेपर उसे लिख दिया।

इसके पश्चात् दूसरे दिन वह श्रावक किसी कार्यके निमित्त कहीं अन्यत्र चला गया और उसके घर एक मुनिराज आहारके लिये आये। मुनिके दर्शनसे द्वैपायककी सुशीला गुणवती भार्याने अत्यन्त प्रसन्न होकर नवधाभक्तिपूर्वक उन्हें भोजन कराया। भोजनोपरान्त मुनिराजने खंभेपर लिखा हुआ वह सूत्र जो द्वैपायकने लिखा था, देखकर किंचित् विचार किया और तत्काल ही उसके पहिले सम्यक् विशेषण लिख कर वहांसे चल दिये। तदनन्तर जब द्वैपायक आया, तो उसे अपने लिखे हुए सूत्रमें सम्यक् विशेषण अधिक लिखा देखकर बड़ा आश्चर्य हुआ, और साथ ही सूत्रकी शुद्धता (निर्दोषता) से आनंद भी हुआ। भार्याके पूछनेसे विदित हुआ कि, मुनिराज आहारके निमित्त पधारे थे, कदाचित् वे लिख गये होंगे। तब श्रावक उसी समय बड़ी आतुरतासे उनके ढूंढनेको निकला। यत्र तत्र बहुत भटकनेके पश्चात् एक रमणीक वनमें उसे उक्त मुनिराजके दर्शन हुए। वे एक बड़े भारी मुनियोंके संघके नायक थे। उनकी मुद्राके दर्शनमात्रसे वह श्रावक जान गया कि इन्हीं महात्माने मेरे सूत्रको शुद्ध करनेकी कृपा की होगी और गद्गद होके उनके चरणोंपर पड़ गया। बोला, भगवन्! उस मोक्षशास्त्रको आप ही पूर्ण कीजिये। ऐसे महान् ग्रन्थके रचनेका सामर्थ्य मुझमें नहीं है। आपने बड़ा उपकार किया, जो मेरी बड़ी भारी भूल सुधार दी। सच है दर्शन, ज्ञान और चारित्र मोक्षका मार्ग नहीं है. किन्तु सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र ही मोक्षमार्ग है। अतएव "सम्यग्दर्शनज्ञान-चारित्राणि मोक्षमार्गः" ही परिपूर्ण और विशुद्ध सूत्र है। श्रावकके उक्त आग्रह और प्रार्थनाको मुनिराज टाल नहीं सके, और निदान उन्होंने इस तत्त्वार्थसूत्र (मोक्षशास्त्र) को रचके पूर्ण किया। पाठक! वे मुनिराज और कोई नहीं, हमारे इस लेखके मुख्यनायक भगवान् उमास्वामी ही थे।"

भगवद्उमास्वामि श्रीमत्कुन्द कुन्द आचार्य जिन्होंने अनेक ग्रन्थोंकी रचनाकी है उनके शिष्य थे। उमास्वामि सूरिका जन्म दिगम्बर सम्प्रदायकी पट्टावलियोंके अनुसार विक्रमशक ५७ (=विक्रम सम्वत् १९२) में हुआ था १९ वर्षकी अल्प वयमें आपने जिन दीक्षा ग्रहणकी और

सम्यगित्यव्युत्पन्नः शब्दो व्युत्पन्नो वा। अञ्चतेः क्वौ समञ्चतीति सम्यगिति। अस्यार्थः प्रशंसा।

सम्यग्+इति अ+व्युत्पन्नः १।१

=सम्यग् ऐसा (पद) अव्युत्पत्ति पक्ष (व्याकरणकी रीति रहित) वाला

वा व्युत्पन्नः १।१ शब्दः १।१

=अथवा व्युत्पत्ति पक्ष (व्याकरणकी रीति) वाला शब्द हो सक्ता है अर्थात्। यह अव्युत्पत्ति पक्ष अपेक्षा तो रूढि संज्ञक है

अञ्चतेः ५।१ क्वौ ७।१ समञ्चति T इति सम्यक् १।१ इति*

= और व्युत्पत्तिपक्ष अपेक्षा सम् उपसर्ग पूर्वक अञ्च धातुसे पूजन वा प्रशंसार्थमें (अञ्च = पूजायाम् गतौ) क्विप् प्रत्यय करनेपर सम्यक् बनता है।

अस्य ६।१ अर्थः १।१ प्रशंसा १।१।

=इस (सम्यक् शब्द) का अर्थ (इस सूत्रविषै) प्रशंसा है।

प्रशस्त=उत्तम=प्रशंसनीय

---

२५ वर्ष दीक्षित रहनेके पश्चात् कार्तिक शुक्ला ८ विक्रमशक १०१ में नंदिसंघके पट्ट पर विराजमान होकर आचार्य पद लाभ किया॥ उन्हों ने ४० वर्ष ८ दिन आचार्य पद पर सुशोभित रहकर परम धर्मका उपदेश किया। इस सूत्रका पाठ और अर्थ श्वेताम्बर और दिगम्बर दोनों सम्प्रदायोंमें एक है॥ तत्त्वार्थ सूत्र दोनों संप्रदायोंमें माना जाता है। दिगम्बर सम्प्रदायका मत है कि वे दिगम्बर आचार्य थे, और उनका नाम उमास्वामि है। श्वेताम्बर आम्नायवाले उनको उमास्वातिके नामसे श्वेताम्बर आचार्य मानते हैं। कुछ भी हो, इसमें संदेह नहीं है श्रीमदुमास्वामिने एक ही तत्त्वार्थ शास्त्र रचा था। पश्चात् अपने अपने माने हुये पदार्थोंके प्रतिपादनके लिये जहां तहां सूत्रोंमें पाठ भेद कर दिया गया है। प्रायः ऐसा होता है कि जो ग्रन्थ अति उत्तम होता है और जिसका रचयिता अत्यंत मान्य और प्रतिभाशाली प्रसिद्ध होता है उस ग्रन्थ तथा आचार्यको प्रत्येक शाखाकी जनता अपनाया करती है॥ यही कारण है कि जहां तहां सूत्रोंमें भेद है॥

१। सम्यग्:—सम् उपसर्गमें अञ्च धातु पूजन वा प्रशंसा अर्थमें जोडकर तथा क्विप् प्रत्यय लगानेसे सम्+अञ्च+क्विप् ऐसा रूप हुआ। इस सम् उपसर्गके स्थानमें समिक आदेश अष्टाध्यायी ६-३-९३ सूत्रसे होकर समि+अञ्च+क्विप् बना। क्विप् प्रत्यय सारा ही उडजाता है और

जगरूपसहायवकीलकृत पदच्छेद और विभक्त्यर्थसहित सर्वार्थसिद्धिका शब्दशः हिंदी अनुवाद।

स प्रत्येकं परिसमाप्यते। सम्यग्दर्शनं सम्यग्ज्ञानं सम्यक्चारित्रमिति। एतेषां स्वरूपं लक्षणतो विधानतश्च पुरस्ताद्विस्तरेण निर्देक्ष्यामः॥ उद्देशमात्रं त्विदमुच्यते। भावानां याथात्म्यप्रतिपत्तिविषयश्रद्धानसंग्रहार्थं दर्शनस्य सम्यग्विशेषणम्। येन येन प्रकारेण जीवादयः पदार्था व्यवस्थितास्तेन तेनावगमः सम्यग्ज्ञानम्।

सः १/१ प्रत्येकं १/१ परिसमाप्यते T	=सम्यक् पद अलग अलग (तीनोंपर) लगाया जाता है
सम्यग्दर्शनं १/१ सम्यग्ज्ञानं १/१	=तब सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और
सम्यक्चारित्रं १/१ इति*	=सम्यक्चारित्र इसप्रकार (तीनों पद) होते हैं।
एतेषां ६/१ स्वरूपं २/१ लक्षणतः*	=इन (सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान तथा सम्यक्चारित्र)के स्वरूपको लक्षण
च विधानतः* पुरस्तात् * विस्तरेण ३/१ निर्देक्ष्यामः T	=तथा भेदसे आगे विस्तारकरि कहेंगे।
उद्देशमात्रं १/१ तु * इदं १/१ उच्यते T	=परंतु संक्षेपमात्र यह (इस सूत्रमें) कहा जाता है
भावानां ६/१ याथात्म्यप्रतिपत्तिविषयश्रद्धानसंग्रहार्थं १/१	=पदार्थोंके यथार्थ ज्ञानके विषयमें श्रद्धानको ग्रहण करनेके लिये
दर्शनस्य ६/१ सम्यक् विशेषणम् १/१	=दर्शनके सम्यक् (पद) विशेषण है
येन ३/१ येन ३/१ प्रकारेण ३/१ जीवादयः १/२ पदार्थाः १/२	=जिस २ भांति जीवादिक पदार्थ
व्यवस्थिताः १/२ तेन ३/१ तेन ३/१ अवगमः १/१ सम्यग्ज्ञानम् १/१	=तिष्ठे हैं तिस तिस प्रकार जानना (सो) सम्यग्ज्ञान है।

धातु प्रायः हलन्तही रहता है इसलिये समि+अञ्च् रूप हुआ। जब इ, उ, ऋ, और लृ, (ह्रस्व अथवा दीर्घ हों) किसी असमान स्वरके प्रथम आवें तो यथाक्रमसे य्-व्—र्-ल् का प्रयोग उनके स्थानमें हो। इसलिये समि+अञ्च् = सम्यञ्च् हुआ। (देखो अष्टाध्यायी ६-१-७७ वां सूत्र) सम्यञ्च्के ञ् का लोप होकर सम्यच् सिद्ध हुआ। पद्मचन्द्रकोष पृष्ठ ४१४ में सम्यच् को अव्यय भी लिखा है॥ सम्यच् का च् घोष, अक्षरके पहिले ग् में पलट जाता है इसलिये सम्यग् दर्शन और सम्यग्ज्ञान रूप हुये और अघोष अक्षरके पहिले क् में इस च् का परिवर्तन हो जाता है इसलिये सम्यक्चारित्र हुआ॥ इस सूत्रके प्रत्येक शब्द दर्शन-ज्ञान और चारित्रके साथ सम्यग्-सम्यक् पद जाना चाहिये।

(१) रूढि वह है जो प्रकृति और प्रत्ययके अर्थकी अपेक्षा किये बिना समुदाय शक्ति (सार शब्द सामर्थ्य) से "अर्थकोतावै।" रूढि वह है जो

मोहसंशयविपर्ययनिवृत्त्यर्थं सम्यग्विशेषणम् । संसारकारणनिवृत्तिं प्रत्यागूर्णस्य ज्ञानवतः कर्मादाननिमित्तक्रियोपरमः सम्यक्चारित्रम् । अज्ञानपूर्वकाचरणनिवृत्त्यर्थं

मोह[1]–संशय[2]–विपर्यय[3]–निवृत्ति–अर्थं ।।।।	= अनध्यवसाय (मोह, विमोह,) संदेह, तथा विभ्रम वर्जनेके लिये
सम्यग्विशेषणम् ।।।।	= (ज्ञानके पहले) सम्यग् विशेषण (लगाया) है ।
संसारकारणनिवृत्तिं ।।। प्रत्यागूर्णस्य ।। ज्ञानवतः ।।	= संसारके हेतुओं (आस्रव बन्ध) की निवृत्ति करनेको उद्यमी सम्यग्ज्ञानी पुरुषके
कर्मादाननिमित्तक्रियोपरमः ।। सम्यक्चारित्रं ।।।।	= कर्मको ग्रहण करनेवाली क्रियाका त्याग (सो) सम्यक्चारित्र है ।
अज्ञानपूर्वक–आचरणनिवृत्ति–अर्थम् ।।।।	= अज्ञानपूर्वक चारित्रको दूर करनेके अर्थ [चारित्र इस पदमें]

नाम किसीका हो परन्तु न आप किसी दूसरे शब्दसे निकला हो न उससे कोई दूसरा शब्द निकल सके, अर्थात् न किसी ठहराये हुये नियमके साथ किसी धातुसे बना हो और न वह आप धातु हो (हिन्दी व्याकरण पृष्ठ १७)

१ द्रव्य संग्रह (सम्यग्दर्शनके प्रकरण) गाथा ४२ में मोह–संशय–विपर्यय इन्हीं तीन विशेषणोंके लिये "संशय विमोह विब्भमविवज्जियं अप्पपरसरूवस्स' ऐसा वाक्य लाये हैं ॥ पं० जयचंदजीने मोहका अनुवाद इसी सूत्रके अर्थ करनेमें "विमोह" किया है । "संशय विपर्यय और अनध्यवसाय रहित जीवादि पदार्थोंके जाननेको सम्यग्ज्ञान कहते हैं" पन्नालालजी कृत भाषाटीका पृष्ठ १ । "अध्यवसाय–यह ऐसा ही है इस प्रकार किसी विषयके विचारमें निश्चय करना" पद्मचन्द्रकोष पृष्ठ १७ । इसलिये मोह शब्दका अनुवाद अनध्यवसाय किया है ॥ "जाननेकी इच्छाके अभावमें अनिश्चितरूप तथा विकल्प रहित जो सूक्ष्म ज्ञान हो, उसे अनध्यवसाय कहते हैं । जैसे–मार्गमें चलते समय पांवसे छुए हुए अनेक धूलिकंटक पाषण बालू तृण आदिकोंका स्पर्श होनेपर 'कुछ' है इसप्रकार विकल्परहित तथा अनिश्चितरूप (जिसमें अनेक कोटियोंका अवलंबन नहीं हो, ऐसा) ज्ञान होता है वह अनध्यवसाय है" पन्ना० तत्त्वार्थ पृष्ठ १ सं स वृत्तिके दूसरे संस्करणमें मोहके स्थानमें अनध्यवसाय पाठ है

२ संशय—"अनिश्चितानेककोट्यवलम्बनं संशयः" । जिन जिन पदार्थोंके ज्ञानमें संशय हो उनमें समान रहनेवाले धर्मके दर्शनसे तथा उनके विशेष धर्मके अदर्शनसे जो अनेक पदार्थोंका अवलम्बन करनेवाला ज्ञान होता है उसको संशय कहते हैं । जैसे यह पदार्थ स्थाणु (=शाखादि विहीन वृक्ष = ठूठ) है वा पुरुष है ? सीप है वा चांदी है ।

३ "समान चिन्ह देखने पर अन्य पदार्थमें अन्य पदार्थके निश्चय होनेको विपर्यय कहते हैं–जैसे रस्सीमें सर्पका निश्चित-ज्ञान । विपर्यय शब्द के लिये उक्त द्रव्य संग्रहके आर्याछन्दमें 'विब्भम (= विभ्रम) शब्द लाये हैं इसलिये विपर्ययका अनुवाद हमने विभ्रम किया है ॥

जगरूपसहायवकीलकृत पदच्छेद और विभक्त्यर्थसहित सर्वार्थसिद्धिका शब्दशः हिंदी अनुवाद।

सम्यग्विशेषणम् ॥ स्वयं पश्यति दृश्यतेऽनेनेति दृष्टिमात्रं वा दर्शनम् ॥ जानाति ज्ञायतेऽनेन ज्ञप्तिमात्रं वा ज्ञानम् । चरति चर्यतेऽनेन चरणमात्रं वा चारित्रम् । नन्वेवं स एव कर्त्ता स एव करणमित्यायातम् । तच्च विरुद्धं

सम्यग्विशेषणम् १।१।१	= सम्यग्विशेषण (लगाया) है।
स्वयं * पश्यति T इति दर्शनम् १।१।१	= आपही आप श्रद्धान करे सो दर्शन है [यहां कर्तृसाधन भया, करनेवाला आत्मा है सो ही दर्शन है]
दृश्यते T अनेन १।१।१ इति दर्शनम् १।१।१	= श्रद्धिये जिसकरि सो दर्शन है [यहां करण साधन भया]
वा दृष्टिमात्रं १।१।१ इति दर्शनम् १।१।१	= अथवा श्रद्धान सो दर्शन है [यहां भाव साधन हुआ, दर्शन क्रियाको ही दर्शन कहा]
जानाति ज्ञानम् १।१।१	= जो जाने सो ज्ञान है [यहां कर्तृसाधन हुआ, जाननेवाले आत्माहीको ज्ञान कहा]
ज्ञायते अनेन १।१।१ ज्ञानम् १।१।१	= जाकरि जानिये [सो] ज्ञान है [यहां करण साधन हुआ]
वा * ज्ञप्तिमात्रं १।१।१ ज्ञानम् १।१।१	= अथवा जानना सो ज्ञान है [यहां भाव साधन भया, जानना रूप क्रियाको ज्ञान कहा]
चरति चारित्रम् १।१।१	= आचरता है सो चारित्र है [यहां कर्तृसाधन हुआ क्योंकि आत्मा ही चारित्र है]
चर्यते अनेन १।१।१ चारित्रम् १।१।१	= जिसकरि आचरण किया जाय सो चारित्र है [इसप्रकार करण साधन भया]
वा * चरणमात्रं १।१।१ चारित्रम् १।१।१	= अथवा आचरण मात्र है सो चारित्र है [यहां भाव साधन भया] अर्थात् आचरनेहीको चारित्र कहा गया।
ननु * एवं * स १।१ । एव कर्ता १।१ स १।१ एव * करणं १।१।१	= प्रश्न—इसप्रकार तौ वही कर्ता वही करण [= साधन]
इति आयातम् १।१।१ तत् १।१।१ विरुद्धं १।१।१	= ऐसा प्राप्त हुआ सो विरुद्ध है।

सत्यं, स्वपरिणामपरिणामिनोर्भेदविवक्षायां तथा ।भिधानात् । यथाऽग्निर्दहतीन्धनं दाहपरिणामेन ॥ उक्तः कर्त्रादिभिः साधनभावः पर्यायपर्यायिणोरेकत्वानेकत्वं प्रत्यनेकान्तोपपत्तौ स्वातन्त्र्यपारतन्त्र्यविवक्षोपपत्तेरेकस्मिन्नप्यर्थे न विरुध्यते । अग्नौ दहनादिक्रियायाः कर्त्रादिसाधनभाववत् ॥ ज्ञानग्रहणमादौ न्याय्यं, दर्शनस्य तत्पूर्वकत्वात् अल्पाच्तरत्वाच्च ॥ नैतद्युक्तं,

सत्यं, स्वपरिणाम–	=[नहीं, यह] ठीक है क्योंकि अपने परिणाम
परिणामिनोः ६¹ विवक्षायां ७¹¹ तथा	=और परिणामी (दोनोंकी) भेद विवक्षामें वैसा
विधानात् ५¹¹¹	=विधान है। अर्थात् वही कर्ता वही कर्म वही करण हो सकता है
यथा अग्निः १¹ दहति T इन्धन २¹¹¹ दाहपरिणमेन ३¹	=जैसे अग्नि अपने दाह परिणामसे लकडीको जलाती है ।
उक्तः १¹ कर्त्रादिभिः ३¹	=(भावार्थ) कहा गया जो कर्ता कर्म क्रियासे
साधनभावः १¹	=साधनभाव (कर्तादिको प्रधान मानकर कीहुई व्युत्पत्ति)
पर्यायपर्यायिणोः ६¹ एकत्व–अनेकत्वं २¹¹¹ प्रति अनेकान्त–	=यह पर्याय और पर्यायवालेके एकपना और अनेकपना अनेकांतसे
उपपत्तौ ७¹¹ स्वातन्त्र्य–पारतन्त्र्य–	=स्वीकार कर लेनेपर स्वतंत्रता और परतंत्रताकी
विवक्षा–उपपत्तेः ६¹¹ एकस्मिन् ७¹ अपि न विरुद्धयते T	=विवक्षा होनेसे एक पदार्थमें भी विरुद्ध नहीं पडता है
अग्नौ ७¹¹ दहनादिक्रियायाः ६¹¹	=जैसे–अग्निमें दहन आदि क्रियाकी
कर्त्रादि–साधनभाववत्*	=[पृथक् और एक मान लेनेपर] कर्ता आदिमें सिद्धि हो जाती है ।
ज्ञानग्रहणमादौ १¹ न्याय्यं १¹¹	=(प्रश्न) सूत्रमें ज्ञानका लाना आदि विषे उचित था
दर्शनस्य ६¹¹¹ तत्पूर्वकत्वात् ५¹¹¹	=क्योंकि दर्शनके उस ज्ञानका कारणपना है
अल्पाच्तरत्वात् ५¹¹² + च*	=दर्शनसे ज्ञानके अल्प अक्षर होनेके कारण [क्योंकि व्याकरणमें द्वंद समासविषे जिस शब्दमें अल्प अक्षर होते हैं वह प्रथम आता है] सेभी प्रथम लाना योग्य है ।
न +एतद् १¹¹¹ युक्तं १¹¹¹	=उत्तर–यह तुम्हारा कहना या तर्क ठीक नहीं है

युगपदुत्पत्तेः ॥ यदाऽस्य दर्शनमोहस्योपशमात्क्षयात्क्षयोपशमाद्वा आत्मा सम्यग्दर्शनपर्यायेणाविर्भवति तदैव तस्य मत्यज्ञानश्रुताज्ञाननिवृत्तिपूर्वकं मतिज्ञानं श्रुतज्ञानं चाऽविर्भवति । घनपटलविगमे सवितुः प्रतापप्रकाशाभिव्यक्तिवत ॥ अल्पाच्तरादभ्यर्हितं पूर्वं निपतति । कथमभ्यर्हितत्वं ? ज्ञानस्य सम्यग्व्यपदेशहेतुत्वात् ॥ चारित्रात्पूर्वं ज्ञानं प्रयुक्तं,

युगपत् + उत्पत्तेः ५।१	= क्योंकि दर्शनज्ञानकी एक काल उत्पत्ति है
यदा * + अस्य ६।१ दर्शनमोहस्य ६।१	= जब इस (आत्मा) का दर्शन मोहका
उपशमात् ५।१ । क्षयात् ५।१ । वा क्षयोपशमात् ५।१ वा	= उपशमसे क्षयसे, अथवा क्षयोपशमसे
आत्मा १।१ । सम्यग्दर्शनपर्यायेण ३।१ । आविर्भवति T	= चेतन सम्यग्दर्शनकी पर्यायसहित प्रकाशित होता है । अर्थात् चेतनके सम्यग्दर्शनकी प्राप्ति होती है
तदा+एव-तस्य ६।१ । मति+अज्ञान श्रुत+अज्ञान निवृत्तिपूर्वकं १।१ ।	= तबही तिस चेतनके कुमति कुश्रुतका अभाव होकर
मतिज्ञानं १।१ । । । च* श्रुतज्ञानं १।१ । । । आविर्भवति	= मतिज्ञान और श्रुतज्ञान प्रकट होते हैं ।
घनपटलविगमे ७।१ । सवितुः ६।१	= बादलोंकी ओटके दूर होनेपर सूर्यके
प्रतापप्रकाश–अभिव्यक्तिवत् *	= तेज व धूप (= आतप) के (एक साथ) प्रगट होनेके सदृश दर्शन व ज्ञानकी उत्पत्ति एक साथ है।
अल्पाच्तरात् १।१ । । । अभ्यर्हितं १।१ । । । पूर्वं १।१ । । । निपतति T	= थोडे अक्षर वाले (अल्प* अच् शब्द) से पूज्य (व्याकरणके अनुसार) पहले आता है ।
कथम् * अभ्यर्हितत्वं १।१ । । ।	= कैसे दर्शनको ज्ञानसे पूज्यपना है ?
ज्ञानस्य ६।१ । । । सम्यग्व्यपदेशहेतुत्वात् १।१ । । ।	= सम्यग्दर्शन ज्ञानको सम्यक् नाम देनेका हेतु है ।
चारित्रात्पूर्वं १।१ । । । ज्ञानं १।१ । । । प्रयुक्तं १।१ । । ।	= सूत्रमें चारित्रसे पहले ज्ञान कहा ।

तत्पूर्वकत्वाच्चारित्रस्य ॥ सर्वकर्मविप्रमोक्षो मोक्षः। तत्प्राप्त्युपायो मार्गः। मार्ग इति चैकवचननिर्देशः समस्तस्य मार्गभावज्ञापनार्थः। तेन व्यस्तस्य मार्गत्वानिवृत्तिःकृता भवति ॥ अतः सम्यग्दर्शनं सम्यग्ज्ञानं सम्यक्चारित्रमित्येतत्त्रितयं समुदितं मोक्षस्य साक्षान्मार्गो वेदितव्यः ॥ तत्रादावुद्दिष्टस्य सम्यग्दर्शनस्य लक्षणनिर्देशार्थमिदमुच्यते—

तत्पूर्वकत्वात् ५।१ चारित्रस्य ६।१	= क्योंकि चारित्रके पहिले वह ज्ञान होता है अर्थात् चारित्र तब ही सम्यक् होता है जिस समय सम्यग्ज्ञान हो लेता है।
सर्वकर्मविप्रमोक्षः १।१ मोक्षः १।१	= समस्त कर्मका अत्यन्त अभाव [सो] मोक्ष है।
तत्प्राप्ति + उपायः १।१ मार्गः १।१	= उस [मोक्ष] की प्राप्तिके लिये यत्न करना [सो] मार्ग है
मार्गः १।१ इति च एकवचननिर्देशः १।१	= और [सूत्रमें] मार्ग [शब्द] एकवचनमें कहा है
समस्तस्य ६।१ मार्गभावज्ञापनार्थः १।१	= सो समस्त सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्चारित्रके [एक ही] मार्गभाव जनावनेके लिये है।
तेन ३।१ व्यस्तस्य ६।१ मार्गत्वानिवृत्तिः १।१ कृता १।१ भवति	= तिस [मार्ग शब्द एकवचन] करि जुदे जुदे [सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान सम्यक्चारित्र] को मार्गपनाका वर्जना होता है।
अतः सम्यग्दर्शनं १।१ सम्यग्ज्ञानं १।१	= इसलिए सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान [भले प्रकारका ज्ञान]
सम्यक्चारित्रं १।१ + इति + एतत् १।१ त्रितयं १।१ समुदितं १।१	= भले प्रकारका आचरण ऐसे ये तीनों मिले हुए
मोक्षस्य ६।१ साक्षात्मार्गः १।१ वेदितव्यः १।१	= मोक्षका प्रत्यक्ष मार्ग जानना चाहिये।
तत्र + आदौ ७।१ + उद्दिष्टस्य ६।१	= तहां (सूत्रमें) आदिविषै उपदेशित
सम्यग्दर्शनस्य ६।१	= सम्यग्दर्शनका
लक्षणनिर्देशार्थम् १।१ इदम् १।१ उच्यते	= लक्षण कहनेकेलिए यह (अर्थात् आगेका सूत्र) कहा जाता है।

१ सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान सम्यक्चारित्रका एक देशपना परम्परा मोक्षका कारण है और समस्तता (= पूर्णता) साक्षात् मोक्षका कारण साक्षात् है यहां ऐसा शब्दके जानेका भाव है।

पदच्छेद और विभक्त्यर्थसहित सर्वार्थसिद्धि टीका का भावानुवाद।

॥ तत्त्वार्थश्रद्धानं सम्यग्दर्शनम् ॥ २ ॥

तत्त्वशब्दो भावसामान्यवाची। कथम्? तदिति सर्वनामपदम्। सर्वनाम च सामान्ये वर्तते। तस्य भावस्तत्त्वम्॥ तस्य कस्य?

(क) सूत्रार्थ—तत्त्वार्थ = तत्त्वेन ¹₁₁₁ + अर्थः ¹₁ = यथावस्थित रूप करि [तत्त्वेन] जो निश्चय किया जाय पदार्थ [अर्थः] उसका जो श्रद्धान

श्रद्धानं ¹₁₁₁

सम्यग्दर्शनम् ¹₁₁₁ = सो सम्यग्दर्शन है—अथवा

[ख] तत्त्वार्थ = तत्त्वम् ¹₁₁₁ एव + अर्थः ¹₁₁₁ = यथावस्थित [= तत्त्वं] ही [= एव] वस्तु [= अर्थः] की

श्रद्धानं ¹₁₁₁ सम्यग्दर्शनम् ¹₁₁₁ प्रतीति सो सम्यग्दर्शन है।

[ग] तत्त्वार्थ (= तत्त्वम् ¹₁₁₁ एव + अर्थः ¹₁) = जो जिस प्रकार अवस्थित है [= तत्त्वं] उस ही [= एव] वस्तु

श्रद्धानं ¹₁₁₁ सम्यग्दर्शनम् ¹₁₁₁ = (अर्थः) की उस ही प्रकार प्रतीति सो सम्यग्दर्शन है।

पदच्छेद और विभक्त्यर्थसहित सर्वार्थसिद्धि टीका भावानुवाद।

तत्त्वशब्दः ¹₁ भावसामान्यवाची ¹₁ = (इस सूत्रमें) तत्त्व शब्द (वस्तुके) भाव स्वरूप वा धर्मका वाचक है

कथम्। तद्-इति सर्वनाम-पदम् ¹₁₁₁। = (तत्त्व) कैसे (भाव सामान्यवाची) है तद् ऐसा शब्द सर्वनाम पद है

सर्वनाम ¹₁₁₁ च सामान्ये ¹₁₁₁ वर्तते। = और सर्वनाम सादृश्य प्रयोजकधर्म [बराबरीको बतलानेवाले धर्म] में वर्तता है

तस्य ¹₁₁₁ भावः ¹₁ तत्त्वम् ¹₁₁₁॥ तस्य ¹₁₁₁ कस्य ¹₁₁₁। = तिस (तद्) का भाव सो तत्त्व है॥ वह (भाव) किसका है?

---

(१) दोनों सम्प्रदायोंमें इस सूत्रका पाठ और अर्थ एक है। (२) वाचक—यह शब्द नकारान्त वाचिन् पुंल्लिंगका प्रथमा विभक्ति एक वचन है॥ स् प्रथमा विभक्ति पुंल्लिंग एक वचनका चिन्ह है इस स् को वाचिन् में जोड़नेसे वाचिन्+स् हुआ॥ अब पदान्तमें एक व्यंजनसे अधिक हों तो पहिला व्यंजन रह जाता है और अन्यका लोप हो जाता है (भावडारकर मार्गोपदेशिका पृष्ठ ६७) वाचिन्+स्, वाचिन् जिस पुंल्लिंग शब्दके अन्तमें इन् हो तो उस का प्रथमा विभक्ति एक वचनमें और विभक्तियोंके सर्व वचन प्रत्ययोंके पहिले जो व्यंजनसे (प्रत्यय)

जमरूपसहायवकीलकृत पदच्छेद और विभक्त्यर्थसहित सर्वार्थसिद्धिका शब्दशः हिंदी अनुवाद ।

योऽर्थो यथावस्थितस्तथा तस्य भवनमित्यर्थः । अर्यत इत्यर्थो निश्चीयत इत्यर्थः ॥ तत्त्वेनार्थस्तत्त्वार्थः । अथवा भावेन भाववतोऽभिधानं तदव्यतिरेकात् । तत्त्वमेवार्थस्तत्त्वार्थः । तत्त्वार्थस्य श्रद्धानं तत्त्वार्थश्रद्धानं सम्यग्दर्शनं प्रत्येतव्यम् ।

यः १।१ अर्थः १।१ यथा अवस्थितः १।१ तथा तस्य ६।१ भवनम् १।१	= जो वस्तु जैसी दशा [अवस्था] में है तैसा तिसका होना
इति अर्थः १।१ अर्यते T इति*अर्थः १।१	= ऐसा अर्थ [तत्त्व शब्दका] है ॥ जो प्राप्त [= ग्रहण] किया जाय सो अर्थ [= पदार्थ] है [जोड़नेसे अर्थ बना है ॥
निश्चीयते T इति–अर्थः १।१ ।	= निश्चय किया जाय ऐसा तात्पर्य है ॥ ऋ धातुको गुण अर् करके थल् (य)
तत्त्वेन ३।१ । अर्थः १।१ तत्त्वार्थः १।१	= यथावस्थित रूप करि [= तत्त्वेन] जो निश्चय किया जाय पदार्थ [= अर्थः] सो तत्त्वार्थ है ।
अथवा भावेन ३।१ भाववतः ६।१ अभिधानं १।१ ।	= अथवा भाव करि भाववान्का कथन किया गया है
तद्–अव्यतिरेकात् ५।१	= क्योंकि उन [दोनों भाव और भाववानमें] अभिन्नता है । इससे
तत्त्वम् १।१ । एव अर्थः १।१ तत्त्वार्थः १।१	= यथावस्थित [= तत्त्वं] ही [= एव] वस्तु (= अर्थः) तत्त्वार्थ है ।
तत्त्व+अर्थस्य ६।१	= यथावस्थित रूप करि [= तत्त्वेन] जो निश्चय किया जाय पदार्थ [अर्थः] उसका अथवा यथावस्थित [तत्त्व] वस्तु [= अर्थः] की
श्रद्धानं १।१ तत्त्वार्थश्रद्धानं १।१ सम्यग्दर्शनं १।१ प्रत्येतव्यम् १।१ ।	= प्रतीति [सो] तत्त्वार्थ श्रद्धान है [और वह ही] सम्यग्दर्शन निश्चयसे समझना चाहिये । सम्यग्दर्शन शब्दके अर्थका इसप्रकार श्रद्धान करना चाहिये ।

आरम्भ होते ही लोप हो जाता है । जैसे—वाचिन्, शशिन् = वाचि, शशि और शशिभ्याम्, शशिभिः, शशिभ्यः; शशिषु इन सर्वमें न् का लोप हो गया है ॥ शशिन् = चन्द्रमा । इ पुलिंग—प्रथमा विभक्ति एक वचनमें ही दीर्घ हो जाती है इसलिए ऐसा रूप बना कि वाचिन् ॥ वाचिन् +स् = वाचि = वाची ॥ (भानडार० पृष्ठ १०४ से १०६ तक)

तत्त्वार्थश्च वक्ष्यमाणो जीवादिः ॥ दृशेरालोकार्थत्वात् श्रद्धानार्थगतिर्नोपपद्यते । धातूनामनेकार्थत्वाददोषः । प्रसिद्धार्थत्यागः कुत इति चेत्, मोक्षमार्गप्रकरणात् ॥ तत्त्वार्थश्रद्धानं हि आत्मपरिणामो मोक्षस्य साधनं युज्यते । भव्यजीवविषयत्वात् ॥ आलोकस्तु चक्षुरादिनिमित्तः सर्वसंसारिजीवसाधारणत्वान्न मोक्षमार्गो युक्तः ॥

तत्त्वार्थः १।१ च वक्ष्यमाणः १।१ जीव-आदिः १।१ =और आगे कहे जानेवाले (=वक्ष्यमाणः) जीवादिक तत्त्वार्थ हैं ॥

दृशेः १।१ आलोकार्थत्वात् १।१ श्रद्धान अर्थगतिः १।१ न उपपद्यते=दृशि (धातु) का देखना अर्थ होनेसे प्रतीति अर्थका ग्रहण प्राप्त नहीं होता है

धातूनाम् ६।३ अनेक-अर्थत्वात् १।१ अदोषः १।१ =धातुओंके अनेक अर्थ होनेसे (दृश् धातुका श्रद्धान अर्थ लेनेमें) दोष नहीं है

प्रसिद्ध-अर्थ-त्यागः १।१ कुतः इति चेत् * =विख्यात अर्थ (दृश्का देखना) का परित्याग क्यों (किया) ऐसे संदेह होनेपर

मोक्षमार्ग-प्रकरणात् ५।१ =(कहते हैं) कि (यहां) मोक्षमार्गका विषय है ॥

तत्त्वार्थश्रद्धानं १।१ हि* आत्मपरिणामः १।१ =तत्त्वार्थश्रद्धान निश्चय करके चेतनका परिणाम है (और वही)

मोक्षस्य ६।१ साधनं १।१ युज्यते T =मोक्षका कारण युक्त है

भव्यजीव-विषयत्वात् ५।१ =क्योंकि (तत्त्वार्थ श्रद्धान) भव्य जीवका ही विषय अथवा अधिकार प्राप्त है

आलोकः १।१ तु* चक्षुरादिनिमित्तः १।१ सर्वसंसारिजीव-साधारणत्वात् ५।१ न मोक्षमार्गः १।१ युक्तः १।१ =देखना तो नेत्र आदि जन्य है, (सो देखना) समस्त संसारी जीवोंके समान होनेसे मोक्षका मार्ग ठीक (=युक्त) नहीं बनता है [क्योंकि सबके मोक्षमार्गका प्रसंग आता है] ॥

---

(१) स् अथवा विसर्ग जो अ-आको छोड़कर किसी स्वरके पहिले हो और उस (उक्त स् अथवा विसर्ग) के पश्चात् कोई स्वर हो अथवा घोष अक्षर : =ग्-घ्-ह् । ज्-झ्-ञ् । ड्-ढ्-ण् । द्-ध्-न् । ब्-भ्-म् । य्-र्-ल्-व्-ह्) मेंसे कोई एक आवे तो उक्त स् अथवा विसर्गका परिवर्तन र् में हो जाता है जैसे दृशेः आलोक=दृशेरालोक ; अर्थगतिः न=अर्थगतिर्न । बहिस् इति=बहिर् इति=बहिरिति । (सर्वार्थसिद्धि पृष्ठ २७) । नृपतिः रक्षति=नृपति र् रक्षति । र् के पश्चात् र् होवे तो पहिला र् गिर जाता है और गिरनेवाले र् के पहिला स्वर (ऋ छोड़कर) यदि ह्रस्व हो तो दीर्घ हो जाता है जैसे नृपति र् रक्षति=नृपती रक्षति ।

अर्थश्रद्धानमिति चेत्सर्वार्थग्रहणप्रसङ्गः । तत्त्वश्रद्धानमिति चेद्भावमात्रप्रसङ्गः । सत्ताद्रव्यत्वगुणत्वकर्मत्वादि तत्त्वमिति कैश्चित्कल्प्यत इति ॥ तत्त्वमेकत्वमिति वा सर्वैक्यग्रहणप्रसङ्गः ॥ पुरुष एवेदं सर्वमित्यादि कैश्चित्कल्प्यते इति तस्मादव्यभिचारार्थमुभयोरुपादानम् ॥

अर्थ–श्रद्धानम् १।१ इति चेत् *	=अर्थ श्रद्धान इसप्रकार यदि (=चेत्, सूत्र) होता तो (उत्तर–अर्थ शब्दके)
सर्व–अर्थ–ग्रहण–प्रसंगः १।१	=समस्त अभिधेयोंके स्वीकार करनेका संयोग आता । भावार्थ–अर्थ नाम धनका भी है, अर्थ नाम प्रयोजन आदिका है, उनका भी श्रद्धान सम्यग्दर्शन ठहरता ।
तत्त्व–श्रद्धानम् १।१।१ इति चेत्	=तत्त्वश्रद्धान ऐसा (सूत्र) यदि (=चेत्) होता तो
भावमात्र–प्रसंगः १।१	=(उत्तर) भाव वा बहपना मात्रका प्रसंग आता वा केवल (=मात्र) सत्ता होनापन–विद्यमानताका ही प्रसंग आता अर्थात् इस भाव-होनापन, बहपना–विद्यमानता सत्ताहीका श्रद्धान सम्यग्दर्शन ठहरता
सत्ता–द्रव्यत्व–गुणत्व–कर्मत्वादि १।१।१।१ तत्त्वम् १।१।१	=सत्ता, द्रव्यत्व, गुणत्व, कर्मत्व, आदि तत्त्व है
इति * कैश्चित् * कल्प्यते T इति ॥	ऐसा किन्होंकरि (वैशेषिकोंसे) माना गया है वा कल्पना की गई है ॥
वा * तत्त्वं १।१ एकत्वं १।१	=एकपना तत्त्व है ऐसा (किन्होंसे अर्थात् वैयास वेदान्तियोंकरि कल्पना की जाती है
इति सर्व–ऐक्य–ग्रहण-प्रसंगः १।	=(इसप्रकार) सब पदार्थोंकी एकताके ग्रहणका प्रसंग आता अर्थात् सब पदार्थ भेदरहित एकरूप हो जाते
पुरुषः १। एव * इदं १।१।१ सर्वं १।१ इत्यादि १।१	=एक पुरुष ही यह सर्व वस्तु है इत्यादिक
कैश्चित् कल्प्यते Tइति तस्मात् ५। अव्यभिचार–अर्थम् १।	=किन्होंसे कल्पना की जाती है तिस कारणसे निर्दोषता दिखावनेके लिये
उभयोः ६।२ उपादानं १।१	=दोनों (तत्त्व और अर्थ) का ग्रहण (सूत्रमें) किया गया है

(१) तत्त्वमेकत्वमिति कैश्चित्कल्प्यते वा ऐसा पूर्ण वाक्य है ॥ (२) कल्प्-कृप् भ्वादि प्रथम गणके आत्मनेपदी धातु हैं जिनके रूप जब उनका प्रयोग किया जाता है कल्प् हो जाते हैं इस कल्प में य कर्मणि प्रयोगका प्रत्यय लगाकर कल्प्य हुआ पश्चात् ते आत्मनेपदी एक वचन अन्यपुरुष वर्तमान कालका प्रत्यय ओडकर कल्प्यते बना लिया ।

जगरूपसहाय वकीलकृत पदच्छेद और विभक्त्यर्थसहित सर्वार्थसिद्धिका शब्दशः हिंदी अनुवाद । अध्याय १ सूत्र २

तद्द्विविधम्, सरागवीतरागविषयभेदात् ॥ प्रशमसंवेगानुकम्पास्तिक्याद्यभिव्यक्तिलक्षणं प्रथमम् । आत्मविशुद्धिमात्रमितरत् ॥ अथैतत्सम्यग्दर्शनं जीवादिपदार्थविषयं कथमुत्पद्यत इत्यत आह ॥

सरागवीतरागविषय—	=सराग विषय और वीतराग विषय (= निमित्त अथवा प्रकरण)
भेदात् ५।१ तत् १।१ द्विविधं १।१	=भेदसे वह तत्त्वार्थ श्रद्धान स्वरूप सम्यग्दर्शन दो प्रकार है ॥
प्रशम—	=प्रशम—क्रोध, मान, माया, लोभ संबंधी रागद्वेषादिकका अभाव
संवेग—	=संवेग पांच परिवर्तनरूप संसारसे भय
अनुकम्पा—	=अनुकंपा त्रस स्थावर सर्व प्राणियोंपर दयाका प्रादुर्भाव
आस्तिक्यादि—	=अस्तित्व आदिका [जीवादिक तत्त्वोंको युक्ति आगमकरि जैसाका तैसा
अभिव्यक्तिलक्षणं १।१ प्रथमम् १।१	= मानना] आविर्भाव [प्रगट] रूप सो पहला (सराग सम्यग्दर्शन) है अर्थात् ये चार चिन्ह जिसके प्रगट होवैं उसके सराग सम्यग्दर्शन जानो।
आत्म—विशुद्धिमात्रम् १।१ इतरत् १।१	=केवल [मात्र] आत्माकी विशुद्धता ही दूसरा [वीतराग सम्यग्दर्शन] है
अथ एतत् १।१ सम्यग्दर्शनम् १।१	= अब [अथ] यह सम्यग्दर्शन
जीव—आदि—पदार्थविषयम् १।१	= जीव—अजीव—आस्रव—बन्ध—संवर—निर्जरा और मोक्ष हैं विषय जिसके
कथं* उत्पद्यते T इति अतः आह T	= कैसे उत्पन्न होता है इसलिये [आचार्य उत्तरसूत्र] कहते हैं कि—

(१) श्वेताम्बर आम्नायके सभाष्य तत्त्वार्थाधिगम सूत्र पृष्ठ ७ में निर्वेद (=संसारके पदार्थोंमें घृणापूर्वक वैराग्य) यह पांचवा लक्षण भी कहा है ॥ हमारे यहांके "आदि" जो आस्तिक्यके साथ दिया है उसमें (रत्नकरण्ड श्रावकाचार श्लोक १३७) अन्तर्गत हो जावैगा ॥

(२) अर्यत इति—अर्यत शब्दमें ऋ भ्वादि प्रथम गणका धातु अनिट् परस्मै पद प्राप्त करना अर्थमें यहां पर आया है ॥ ऋ का गुणसंज्ञक अर् है ॥ अर्में य कर्मणि प्रधानका चिन्ह जोडनेसे अर्य ऐसा रूप हुआ पश्चात् वर्तमान क्रिया; अन्य-पुरुष एक वचन आत्मनेपदीका चिन्हते लगानेसे अर्यते (प्राप्त किया जाता है) ऐसा रूप बना क्योंकि कर्मणि प्रधानमें सदा आत्मनेपदी क्रियामें प्रत्यय लगाये जाते हैं ॥ अर्यते इति= अर्यत इति । क्योंकि यदि पदान्त व्-य् जिसके पहिले अ-आ हो और जिनके पश्चात् अश् प्रत्याहारका कोई अक्षर हो अर्थात् अ-इ-उ-ऋ-ऌ-ए-ओ-ऐ-औ ह्-य्-व्-र्-ल्-ञ्-म्-ङ्-ण्-न्-झ्-भ्-घ्-ढ्-ध्-ज्-ब्-ग्-ड्-द् मेंसे कोई अक्षर हो तो उक्त व्-य्का शाकल्य मुनिके मतमें (अर्थात् विकल्पसे) लोप हो जाता है ॥ (व्योः पदस्य लोपः शाकल्यस्य (अष्टाध्यायी ८—३—१९) । उत्पद्यते इति=उत्पद्यत इति

तन्निसर्गादधिगमाद्वा ॥ ३ ॥

निसर्गः स्वभाव इत्यर्थः । अधिगमोऽर्थावबोधः । तयोर्हेतुत्वेन निर्देशः ॥

कस्याः क्रियायाः । का च क्रिया । उत्पद्यत इत्यध्याहियते ।

तद् [1] निसर्गात् [2] अधिगमात् [3] वा उत्पद्यते T = सूत्रार्थ—वह [सम्यग्दर्शन] स्वभावसे अथवा वा परोपदेशसे उत्पन्न होता है अर्थात् जो तत्त्वार्थ श्रद्धान विना किसी बाह्य उपदेशके अपने आप ही हो उसको निसर्गज सम्यग्दर्शन कहते हैं और जो जीवादिक तत्त्वोंका श्रद्धान परके उपदेशसे हो उसको अधिगमज सम्यग्दर्शन कहते हैं । सूत्रार्थ

निसर्गः [1] स्वभावः [2] इति अर्थः [1] अधिगमः अर्थ-अवबोधः = निसर्ग है सो स्वभाव है ऐसा अर्थ है । अधिगम है सो पदार्थका ज्ञान है

तयोः [2] हेतुत्वेन [111] निर्देशः [1] कस्याः [3] = उन दोनों [निसर्ग और अधिगम] को [सम्यग्दर्शनकी उत्पत्तिका] साधनपना वा कारणपना करिकरा । किसका [साधनपना करि कहा]

क्रियायाः [3] । का [111] च * क्रिया [1]— = क्रियाका [तो वह] क्रिया कौनसी है ?

उत्पद्यते T इति * अध्याहियते T = उत्पन्न होता है । ऐसा वाक्य अध्याहार किया गया है अर्थात् ऊपरके सूत्र को स्पष्ट करनेकेलिये उसमें " उत्पद्यते " वाक्य जोडा गया है ।

(१) इस सूत्रका पाठ और अर्थ दोनों श्वेताम्बर तथा दिगम्बर आम्नायोंमें एक है । (२) निसर्ग-परिणाम-स्वभाव अपरोपदेश (=दूसरेके उपदेशादिका अभाव) ये सब एकार्थ वाचक अर्थात् पर्याय-शब्द हैं सभाष्य पृष्ठ ८ (३) "अधिगम, अभिगम, आगम, निमित्त, श्रवण, शिक्षा तथा उपदेश ये सब समानार्थक ही हैं" सभाष्य० पृष्ठ ८ ॥

(४) तन्निसर्ग. तद्निसर्ग, (पदान्तस्य) "हलोऽनुनासिकेऽनुनासिकः स्वः (वा)" १ । १ । १०६ शाकटायनव्याकरण = जब अनुनासिक परे हो (= अनुनासिके) पदान्त व्यंजनके स्थानमें (=पदान्तस्य $\frac{8}{1}$ हलः $\frac{6}{1}$) सवर्ण (= स्वः $\frac{1}{1}$) अनुनासिक (= अनुनासिकः $\frac{1}{1}$) विकल्पसे हो (= वा) जैसे " तद् नयनं, तन्नयनम्" । पदान्तस्य "यरोऽनुनासिकेऽनुनासिको वा" अष्टाध्यायी ८-४-४५ ॥ जैसे एतद् मुरारि वा एतन्मुरारिः । "यरां झो वा ङे" ५ । ४ । १२५ जैनेन्द्रव्याकरणम् ॥ पदान्त व्यंजन (हको छोड़कर) के स्थानमें (=यरः $\frac{6}{1}$) विकल्पसे (वा) अनुनासिक हो । (= ङः $\frac{1}{1}$ ८) यदि अनुनासिक परे हो (= ङे०) ॥ इसलिये तद् निसर्ग और तन्निसर्ग दोनों पाठ ठीक है ॥

सोपस्कारत्वात् सूत्राणाम्। तदेतत्सम्यग्दर्शनं निसर्गादधिगमाद्वोत्पद्यत इति ॥ अत्राह। निसर्गजे सम्यग्दर्शनेऽर्थाधिगमः स्याद्वा न वा। यद्यस्ति, तदपि अधिगमजमेव, नार्थान्तरम्। अथ नास्ति, कथमनवबुद्ध—तत्त्वस्यार्थश्रद्धानमिति ॥ नैष दोषः। उभयत्र सम्यग्दर्शने

सोपस्कारत्वात् ६।१ सूत्राणाम् ६।३	= क्योंकि सूत्रोंको अध्याहारसहितपना होता है अर्थात् सूत्रोंमें उनके अर्थ स्पष्ट करनेके लिये क्रिया आदिका अध्याहार किया जाता है—क्रिया आदि जोड़ी जाती है, लगाई जाती है।
तत् १।१ एतत् १।१ सम्यग्दर्शनं १।१ निसर्गात् ५।१ वा अधिगमात् ५।१ उत्पद्यते T इति	= सो [= तद्) यह (= एतद्) तत्त्वार्थश्रद्धान स्वभावसे अथवा परोपदेशसे उत्पन्न होता है
अत्र आह T निसर्गजे ७।१ सम्यग्दर्शने ७।१ अर्थ—अधिगमः १।१	= यहां प्रश्न करता है (= आह) कि स्वभावजनित तत्त्वार्थश्रद्धानमें पदार्थका ज्ञान
स्यात् T वा न * वा *। यदि * अस्ति T तद् १।१	= है। अथवा नहीं है यदि [पदार्थका ज्ञान] है [तो] वह
अपि अधिगमजम् १।१ एव	= भी अधिगमज ही हुआ
न * अर्थ—अंतरम् १।१	= और अर्थ विषैं कुछ भेद नहीं हुआ अर्थात् दोनों एक ही ठहरे
अथ न अस्ति T, कथम् * अनवबुद्धतत्त्वस्य ६।१	= यदि (निसर्गज सम्यग्दर्शनमें अर्थबोध) नहीं है (तब) कैसे विना जाने
अर्थ—श्रद्धानम् १।१ इति।	= तत्त्वार्थका श्रद्धान हुआ
न * एषः १।१ दोषः १।१। उभयत्र * सम्यग्दर्शने ७।१	= यह दूषण नहीं है। क्योंकि दोनों सम्यग्दर्शनोंमें

१ अध्याहार—"वाक्यको पूरा करनेकेलिये शब्दका" जोड़ना पद्मचन्द्रकोश पृष्ठ १८ (२) क्षयोपशमोवा—जब विसर्गके पहिले अ हो और इसी विसर्गके परै अ हो अथवा ग्-घ्-ङ्। ज्-झ्-ञ्। ड्-ढ्-ण्। द्-ध्-न्। ब्-भ्-म्। य्-र्-ल्-व्-ह्। में से कोई अक्षर आवै तो यह विसर्ग उ में परिवर्तन होजाता है॥ फिर यह उ जिसके पहिले अ है दोनों (अ + उ) मिलकर ओ हो जाते हैं जैसे क्षयोपशमः वाक्य क्षयोपशम उ वाक्य = क्षयोपशम+अ+उ वाक्य = क्षयोपशम + ओ वाक्य क्षयोपशमो वाक्य भण्डारकार मार्ग० पृष्ठ १५।

अन्तरङ्गो हेतुस्तुल्यः । दर्शनमोहस्योपशमः क्षयः क्षयोपशमो वा । तस्मिन्सति यद्बाह्योपदेशादृते प्रादुर्भवति तन्नैसर्गिकम्, यत्परोपदेशपूर्वकं जीवाद्यधिगमनिमित्तं स्यात् तदुत्तरमित्यनयोरयं भेदः ॥

तद्ग्रहणं किमर्थम् । अनन्तरनिर्देशार्थम् । अनन्तरं सम्यग्दर्शनं तादित्यनेन प्रतिनिर्दिश्यते । इतरथा मोक्षमार्गोऽपि प्रकृतस्तस्याभिसम्बन्धः स्यात् । ननु च अनन्तरस्य विधिर्वा भवति प्रतिषधो वेति

अन्तरङ्गः १।१ हेतुः १।१ तुल्यः १।१ = अन्तरङ्ग कारण समान है । और वह
दर्शनमोहस्य १।१ उपशमः १।१ क्षयः १।१ क्षयोपशमः १।१ वा = दर्शनमोहनीय कर्मका उपशम क्षय अथवा क्षयोपशम है
तस्मिन् ७।१ सति ७।१ यद् १।१ बाह्य-उपदेशात् ५।१ = तिस अभ्यन्तर कारणके होनेपर (= सति) जो परोपदेश
ऋत * प्रादुर्भवति T = विना प्रगट होता है
तद् १।१ नैसर्गिकं १।१ यद् १।१ परोपदेशपूर्वकं १।१ = वह निसर्गज या स्वभावजनित [सम्यग्दर्शन] है जो दूसरेके उपदेशपूर्वक
जीवादि— = जीवादि तत्त्वोंके
अधिगम-निमित्तं १।१ स्यात् T तद् १।१ उत्तरम् १।१ = जाननेका कारण हो वह दूसरा अधिगमज सम्यग्दर्शन है
इति अनयोः ६।२ अयं १।१ भेदः १।१ = ऐसे इन दोनोंमें यह भेद है
तद्-ग्रहणं १।१ किमर्थम् १।१ = सूत्रमें "तद्" शब्दका लाना किस लिये है
अनंतर-निर्देश-अर्थम् १।१ = निकटस्थको बतलानेकेलिये (तद्) है
अनन्तरं १।१ सम्यग्दर्शनं १।१ तद्-इति*अनेन १।१ = लगता ही सम्यग्दर्शन (शब्द जो दूसरे सूत्रके अंतमें है) इस "तद्" शब्दसे
प्रतिनिर्दिश्यते T । इतरथा मोक्षमार्गः १।१ अपि*प्रकृतः १।१ = बतलाया गया है। अन्यथा (यदि तद् न लाते तो) मोक्षमार्ग भी वर्णनीय है
तस्य ६।१ अभिसम्बन्धः १।१ स्यात् T ननु च* = उसका [निसर्ग अधिगमके साथ] संबंध हो जाता [मोक्षके ये भेद हो जाते]
अनन्तरस्य ६।१ विधिः १।१ वा भवति प्रतिषेधः १।१ = प्रश्न—निकटस्थका विधान होता है अथवा [= वा] निषेध होता है
वा इति [अर्थात् तद् निकटताके लिये लाओ वा मत लाओ]

[1]अनन्तरस्य सम्यग्दर्शनस्य ग्रहणं सिद्धमिति चेन्न, प्रत्यासत्तेः प्रधानं बलीय इति मोक्षमार्ग एव सम्बध्येत तस्मात्तद्वचनं क्रियते। तत्त्वार्थश्रद्धानं सम्यग्दर्शनमित्युक्तम्। अथ किं तत्त्वमित्यत इदमाह—

अनन्तरस्य [ष] सम्यग्दर्शनस्य [ष] ग्रहणं [प्र] सिद्धम् [प्र]
इति चेत् * न *। प्रत्यासत्तेः [ष] प्रधानं [प्र] बलीयः [प्र] [बलीयस्]
इति मोक्षमार्गः [प्र] एव सम्बध्येत T

=निकटका (दूसरे सूत्रके अन्तके) सम्यग्दर्शनका ग्रहण (बिना तद् शब्द के सूत्रमें लाये हुये) सिद्ध है
=ऐसी (इति) शंका [=चेत्] ठीक नहीं है। क्योंकि निकटस्थसे मुख्य बलवान होता है
=इसप्रकार मोक्षमार्ग ही (जो दूसरे सूत्रमें आये हुये सम्यग्दर्शनसे दूर है किंतु उससे प्रधान होनेसे—निसर्ग और अधिगमके साथ) संबंधमें नियमानुसार आजाता।

तस्मात् * तद् [प्र] वचनं [प्र] क्रियते T।
तत्त्वार्थश्रद्धानं [प्र] सम्यग्दर्शनम् [प्र]
इति उक्तम् [प्र]। अथ * किं [प्र] तत्त्वम् [प्र]
इति अतः * इदम् [प्र] आह।

=इससे तद् लाया गया है।
=तत्त्वार्थका श्रद्धान सम्यग्दर्शन है
=ऐसा [दूसरा सूत्र] कहा गया है। अब तत्त्व क्या है यह इसलिये (निम्न सूत्र) कहते हैं

---

१ यह नियम है कि दो शब्द हों उनमेंसे एक शब्द निकट और दूसरा शब्द (किसी शब्द जिससे सम्बंध करना है वा मिलाना है) दूर हो परन्तु यह दूसरा शब्द प्रधान हो तो इस प्रधान शब्दका सम्बंध मिलानेवाले शब्दके साथ समझा जावेगा। जैसे "निसर्गादधिगमाद्वा" यदि ऐसा सूत्र होता तो निसर्ग और अधिगमके साथ प्रथम सूत्रके मोक्षमार्ग शब्दका संबंध होता न कि दूसरे सूत्रके सम्यग्दर्शन शब्दका क्योंकि यद्यपि दर्शन शब्द निसर्ग और अधिगम शब्दोंके निकट है परन्तु मोक्षमार्ग शब्द जो दूर है प्रधान होनेसे निसर्ग और अधिगमके साथ सम्बंध कर जाता इस सम्बंधको दूर करनेके लिये सूत्रमें तद् शब्द दूसरे सूत्रके दर्शन शब्दको प्रगट करनेके लिये लाये हैं।

जीवाजीवास्रवबन्धसंवरनिर्जरामोक्षास्तत्त्वम् ॥ ४॥

तत्र चेतनालक्षणो जीवः । सा च ज्ञानादिभेदादनेकधा भिद्यते । तद्विपर्ययलक्षणोऽजीवः । शुभाशुभकर्मागमद्वाररूप आस्रवः । आत्मकर्मणोरन्योऽन्यप्रदेशानुप्रवेशात्मको बन्धः । आस्रवनिरोधलक्षणः संवरः । एकदेशकर्मसंक्षयलक्षणा निर्जरा । कृत्स्नकर्मविप्रयोगलक्षणो मोक्षः ॥ एषां प्रपञ्चः

जीव-अजीव-आस्रव-बन्धसंवरनिर्जरामोक्षाः १।१ तत्त्वम् १।१	=जीव, अजीव, आस्रव, बन्ध, संवर, निर्जरा और मोक्ष ये [सात] तत्त्व हैं अर्थात् चेतना लक्षण जीव है, चेतनारहित अजीव है; कर्मोंके आनेका द्वार आस्रव है; चेतन और कर्मोंके परस्पर प्रदेशोंका नीर क्षीरके सदृश एक क्षेत्रावगाह संबन्ध सो बन्ध है । शुभाशुभ कर्मोंके आगमन द्वारको रोकना सो संवर है; आत्माके प्रदेशोंसे कर्मोंका एक देश पृथक् होना सो निर्जरा है; समस्त कर्मोंका सर्वथा नाश सो मोक्ष है।
तत्र * चेतनालक्षणः १।१ जीवः १।१ सा १।१ च ज्ञानादिभेदात् ५।१	=तहां चेतना लक्षण जीव है और वह चेतना ज्ञानादिके भेदसे
अनेकधा * भिद्यते T ।	=(अर्थात् ज्ञान चेतना, कर्म चेतना, कर्मफलचेतना) नाना प्रकार भेदरूप है
तद्विपर्ययलक्षणः १।१ अजीवः १।१ ।	=उस (जीव) से विरुद्ध लक्षणवाला [अर्थात् चेतनारहित] अजीव है
शुभ-अशुभ-कर्म-आगमनद्वाररूपः १।१ आस्रवः १।१ ।	=भले बुरे कर्मोंके आनेका द्वार सो आस्रव है
आत्मकर्मणोः ६।२ अन्योऽन्यप्रदेश—	=चेतन और कर्मके परस्पर प्रदेशोंका
अनुप्रवेश-आत्मकः १।१ बन्धः १।१ ।	=(दूध पानीके समान एकमेक होकर एक क्षेत्रावगाह] संबंधरूप बन्ध है
आस्रवनिरोध-लक्षणः १।१ संवरः १।१ ।	=शुभाशुभ कर्मोंके आगमनद्वारके रोकनेरूप संवर है
एकदेश-कर्म-संक्षयलक्षणा १।१ निर्जरा १।१	=[आत्माके प्रदेशोंसे] कर्मोंका एकदेश पृथकरूप होना सो निर्जरा है
कृत्स्नकर्मविप्रयोग-लक्षणः १।१ मोक्षः १।१ एषां ६।२ प्रपञ्चः १।१	=समस्त कर्मोंका सर्वथा नाशरूप मोक्ष है । इनका विस्तार

(१) श्वेताम्बर और दिगंबर दोनों आम्नायोंमें इस सूत्रका पाठ और अर्थ एकसा है ।

जगरूपसहाय वकीलकृत पदच्छेद और विभक्त्यर्थसहित सर्वार्थसिद्धिका शब्दशः हिंदी अनुवाद । अध्याय १ सूत्र ४

उत्तरत्र वक्ष्यते। सर्वस्य फलस्यात्माधीनत्वादादौ जीवग्रहणम्। तदुपकारार्थत्वात्तदनन्तरमजीवाभिधानम्। तदुभयविषयत्वात्तदनन्तरमास्रवग्रहणम्। तत्पूर्वकत्वात्तदनन्तरं बन्धाभिधानम्। संवृतस्य बन्धाभावात्तत्प्रत्यनीकप्रतिपत्त्यर्थं तदनन्तरं संवरवचनम्। संवरे सति निर्जरोपपत्तेस्तदन्तिके निर्जरावचनम्। अन्ते प्राप्यत्वान्मोक्षस्यान्ते वचनम्॥ इह पुण्यपापग्रहणं च कर्तव्यं नवपदार्था इत्यन्यैरप्युक्तत्वात्॥ न कर्तव्यम्। तयोरास्रवबन्धे चान्तर्भावात्॥ यद्येवम्

उत्तरत्र*वक्ष्यते T ॥ सर्वस्य ६/१ फलस्य ६/१ आत्म-	= आगे कहेंगे। समस्त फलको चेतनके
अधीनत्वात् ५/१ आदौ ७/१ जीवग्रहणम् १/१ ।	आश्रित होनेसे आदिमें जीवका प्रतिपादन किया।
तद् उपकार अर्थत्वात् ५/१ तद् अनन्तरम् १/१ ।	= उस जीवका उपकारी होनेसे उसके समीप ही
अजीव-अभिधानम् १/१ । तद् उभयविषयत्वात् ५/१	= अजीव कहा गया है। उन (जीव अजीव) दोनोंके संबन्ध होनेसे
तद् अनन्तरम् १/१ आस्रवग्रहणम् १/१ ।	= उसके निकट आस्रवका उपादान किया गया है।
तत्पूर्वकत्वात् ५/१ तद्अनन्तरम् १/१	= उस (आस्रव) जन्य होनेसे (आस्रवपूर्वक बंध होनेसे) फिर
बंधअभिधानम् १/१ । संवृतस्य २/१ बंध अभावात् ५/१	= बन्ध कहा गया है। संवरके होनेसे बन्धका अभाव होता है अतः
तत्प्रत्यनीक प्रतिपत्ति अर्थम् १/१	= उस (बन्ध) के प्रतिपक्षीको जतावनेकेलिये
तद्-अनन्तरं १/१ संवरवचनम् १/१ । संवरे ७/१ सति ७/१	= उस [बन्ध] के लगता ही संवर कहा है क्योंकि संवर होनेपर
निर्जरा—उपपत्तेः ५/१ तद् अन्तिके ७/१ निर्जरावचनम् १/१	= निर्जराकी प्राप्ति होती है [अतः] उसके निकटमें निर्जराका कथन है
अंते ७/१ प्राप्यत्वात् ५/१ मोक्षस्य ६/१ अंते ७/१ वचनम् १/१	= अंतमें प्राप्त होनेसे मोक्षका सबके पीछे कथन है।
इह पुण्य-पाप-ग्रहणं १/१ च कर्तव्यं १/१ नव-पदार्थाः १/१ इति	= यहां पुण्य और पापका ग्रहण भी करना चाहिये। नो पदार्थ ऐसे
अन्यैः ३/१ अपि* उक्तत्वात् ५/१ । न कर्तव्यम् १/१	= और [आचार्यों] ने भी कहे हैं। [उत्तर] नहिं करना चाहिये।
तयोः ६/२ आस्रवे ७/१ बंधे ७/१ च अंतर्भावात् ५/१ यदि एवम्	= क्योंकि दोनोंको आस्रव और बन्धमें गर्भित किया है। जो ऐसे हैं तो

१। वच्+स्यते (=भविष्यत् कालका प्रत्यय आत्मनेपदी एक वचन अन्यपुरुष) = वक्+ष्यते (टिप्पणी पृष्ठ १४—१५) =वक्ष्यते = कहेगा प्रतिष्ठार्थ=कहेंगे। २ संवृत शब्द तीनों लिंगमें आता है इससे लिंग नहीं लिखा है।

आस्रवादिग्रहणमनर्थकम्, जीवाजीवयोरन्तर्भावात् । नानर्थकम् । इह मोक्षः प्रकृतः सोऽवश्यं निर्देष्टव्यः । स च संसारपूर्वकः । संसारस्य प्रधानहेतुरास्रवो बन्धश्च । मोक्षस्य प्रधानहेतुः संवरो निर्जरा च । अतः प्रधानहेतुहेतुमत्फलनिदर्शनार्थत्वात्पृथगुपदेशः कृतः ॥

जीव-अजीवयोः ¦ अन्तर्भावात् ¦ आस्रव आदि ग्रहणम् ¦ अनर्थकम् ¦ = जीव अजीवमें गर्भित होनेसे आस्रव-बंध-संवर-निर्जरा तथा मोक्षका भी ग्रहण व्यर्थ है । [तब जीव-अजीव दो तत्व कहने थे]

न अनर्थकम् ¦ = [आचार्य कहते हैं] व्यर्थ नहीं है ।

इह मोक्षः ¦ प्रकृतः ¦ = यहां मोक्ष अधिकृत है अर्थात् इस तत्त्वार्थ सूत्रमें मोक्षका प्रकरण है

सः ¦ अवश्यं निर्देष्टव्यः ¦ । सः ¦ च संसारपूर्वकः ¦ = सो अवश्य कहना चाहिये और वह [मोक्ष] (संसारसे होती) है ।

संसारस्य ¦ प्रधानहेतुः ¦ आस्रवः ¦ बन्धः ¦ च = संसारके मुख्य कारण आस्रव और बन्ध हैं।

मोक्षस्य ¦ प्रधानहेतुः ¦ संवरः ¦ निर्जरा ¦ च = मोक्षका मुख्य कारण संवर और निर्जरा है ।

अतः * प्रधानहेतु- = इसलिये मुख्य साधन [आस्रव और बन्ध, संवर और निर्जरा तथा]

हेतुमत्फल-निदर्शन-अर्थत्वात् ¦ = साधनयुक्त [=साधन सहित] फल [मोक्ष] दिखलानेका अभिप्राय होनेसे

पृथक् * उपदेशः ¦ कृतः ¦ ॥ = भिन्न उपदेश [सातों तत्वोंका] किया है ॥ यहां पर भावार्थ ऐसा है कि प्रश्न कर्ता दो तत्व जीव और अजीवका वर्णन किया जाना स्वीकार करता है अन्य पांच तत्वों में तर्क है । उत्तरमें कहते हैं कि तत्त्वार्थसूत्रमें मोक्षमार्गका प्रकरण का विषय है अतः मोक्षका निरूपण यहांपर करना अभीष्ट है और वह मोक्ष संसार-पूर्वक [=से] होता है । संसारके प्रधान साधन आस्रव—बन्ध हैं और मोक्षके प्रधानहेतु संवर-निर्जरा हैं । एवं संसारके साधनभूत आस्रव-बन्धका निरूपण और मोक्षके साधन संवर-निर्जराका निर्देश और साध्यरूपफल [=हेतुमत्फल] मोक्षका निरूपण पृथक् पृथक् कहना आवश्यक समझा है ।

---

(१) सः और एषः का अन्तका स् अथवा विसर्ग जब सः वा एषः के पश्चात् वाक्यमें कोई व्यंजन आवे तो गिरजाता है । सः गुरुः = सगुरुः

दृश्यते हि सामान्येऽन्तर्भूतस्यापि विशेषस्य यथोपयोगं पृथगुपादानं प्रयोजनार्थम् । क्षत्रिया आयाताः सुरवर्मापीति ॥ तत्त्वशब्दो भाववाचीत्युक्तः स कथं जीवादिभिर्द्रव्यवचनैः सामानाधिकरण्यं प्रतिपद्यते ? ॥ अव्यतिरेकात्तद्भावाध्यारोपाच्च सामानाधिकरण्यं भवति । यथा उपयोग एवात्मेति ॥ यद्येवं तत्तलिङ्गसंख्यानुवृत्तिः प्राप्नोति । विशेषणविशेष्यसम्बन्धे सत्यपि शब्दशक्ति-

---

दृश्यते T हि * सामान्ये ३।१ अन्तर्भूतस्य ६।१ अपि = क्योंकि = हि) देखा जाता है कि सामान्यमें गर्भित है तो भी
विशेषस्य ६।१ = मुख्यका

पृथक् * उपादानं १।१ प्रयोजनं-अर्थम् १।१ यथोपयोगं * = न्याय ग्रहण प्रयोजनकेलिये आवश्यकता अनुसार [यथा-उपयोग] किया जाता है

क्षत्रियाः १।३ आयाताः १।३ सुरवर्मा १।१ अपि इति * = जैसे क्षत्री आगये (आयाता) सुरवर्मा (क्षत्री) भी [आगया] है

तत्त्वशब्दः १।१ भाववाची १।१ इति उक्तः १।१ सः १।१ कथं * = तत्त्व शब्द (सूत्रमें) भाववाची है ऐसा कहा जाता है सो कैसे [तत्त्व शब्द]

जीवादिभिः ३।३ द्रव्यवचनैः ३।३ = जीव-अजीव आश्रव-बन्ध-संवर-निर्जरा मोक्ष द्रव्यवाची शब्दोंके स

सामानाधिकरण्यं १।१ प्रतिपद्यते T अव्यतिरेकात् ५।१ = समानाधिकरणताको प्राप्त होता है । (जीवादि और तत्त्व दोनों) अभेदरूप होनेसे

च तत्-भाव-अध्यारोपात् ५।१ = और उस (तत्त्व) का भाव [जीवादिमें] लगानेसे [अध्यारोपात]

सामानाधिकरण्यं १।१ भवति T = समानाधिकरण (तत्त्वका जीवादिकके साथ) हो जाता है अर्थात् द्रव्य, और भाव दोनोंमें अभेदपना होनेसे समानाधिकरण बनता है

यथा* उपयोगः १।१ एव आत्मा १।१ इति । यदि एवं = जैसे उपयोग (ज्ञान-दर्शन) ही चेतना है ऐसा (कहना) है जो इसप्रकार है तो

तत्-तत्-लिंग-संख्या- = उन (तत्-जीवादि सातोंके उस) तत्त्वशब्द में लिङ्ग संख्याकी अनुवृत्ति

अनुवृत्तिः १।१ आप्नोति । = प्राप्त होती है । अर्थात् मोक्षाः बहुवचन पुल्लिंग है वैसे ही तत्त्व भी बहुवचन

विशेषण-विशेष्य— = पुंलिंग चाहिये । (उत्तर) विशेषण (जीवादि) और विशेष्य [तत्त्व] के

संबंधे ७।१ सति ७।१ अपि शब्द-शक्ति = संबंध होनेपर भी शब्दकी शक्तिकी

व्यपेक्षया उपात्तलिङ्गसङ्ख्याव्यतिक्रमो न भवति ॥ अयं क्रम आदिसूत्रेऽपि योज्यः ॥ एवमेषामुद्दिष्टानां सम्यग्दर्शनादीनां जीवादीनां च संव्यवहारविशेषव्यभिचारनिवृत्त्यर्थमाह। नामस्थापनाद्रव्यभावतस्तन्न्यासः

व्यपेक्षया [तृ] उपात्त–लिङ्गसङ्ख्या—	=अपेक्षासे पाईहुई (प्राप्त गृहीत) लिंग संख्याका
व्यति–क्रमः [प्र] न भवति ॥ अयं [प्र] क्रमः–आदि–	=विपर्यय नहीं होता है। यह नियम प्रथम
सूत्रे [स] अपि* योज्यः [प्र]	=सूत्रमें भी योग्य लागू हुआ है अर्थात् पहिले सूत्रमें सम्यग्दर्शन ज्ञान चारित्राणि बहुवचन नपुंसक लिंग है और मोक्षमार्गः एकवचन पुलिंग है।
एवं एषाम् [ष] उद्दिष्टानां [ष] सम्यग्दर्शनादीनाम् [ष]	=इस प्रकार ये कथित सम्यग्दर्शन–सम्यग्ज्ञान–सम्यक्चारित्र।
च जीवादीनां [ष] संव्यवहार–विशेष	=और (=च) जीवादि (सात तत्वों) का लोकव्यवहारमें [अनेकप्रकार] विशेष
व्यभिचार–निवृत्ति–अर्थम [च]	=दोष (आता) है तिनके–निराकरण करनेके लिये (आचार्य उत्तर सूत्र)
आह T	कहते हैं। अर्थात् भिन्न भिन्न पदवाले सम्यग्दर्शनादि तथा जीवादि सात तत्वोंका स्वरूप नामप्रकारसे मानते हैं और उन सम्यग्दर्शनादि और जीवादिकका 'यथार्थ स्वरूप सपक्षे विना अन्यथापन' आता है तिस विशेष व्यभिचार अथवा नामप्रकारके दोषोंका निराकरण करनेके लिये "नामस्थापना" इत्यादि सूत्र कहा जाता है ॥

नामस्थापनाद्रव्यभावतस्तन्न्यासः ॥ ५ ॥

नाम–स्थापना–द्रव्य–भावतः तद्–	=नाम, स्थापना, द्रव्य, और भावसे उन [सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्र जीवादि
न्यासः [प्र]	=तत्वोंका] निक्षेप अथवा लोक व्यवहार [न्यास] होता है अर्थात्

[क] गुण जाति द्रव्य और क्रियाकी अपेक्षा विना ही अपनी इच्छानुसार लोकव्यवहारके लिये किसी पदार्थकी संज्ञा करनेको नाम निक्षेप कहते हैं। जैसे किसी पुरुषका नाम इन्द्रराज है परन्तु उसमें इन्द्रके समान गुण जाति द्रव्य क्रिया कुछ भी

(१) इस सूत्रका पाठ और अर्थ श्वेताम्बर और दिगम्बर दोनों सम्प्रदायोंमें एकसा है समन्वय० पृष्ठ ६, १० सूक्ष्मदृष्टिसे पढ़ो)

अतद्गुणे वस्तुनि संव्यवहारार्थं पुरुषाकारान्नियुज्यमानं संज्ञाकर्म नाम ।

नहीं है । उसके माता पिताने केवल व्यवहारार्थ नाम रख लिया है । लोकमें ब्रह्मदत्त, कृष्णचन्द्र, बलभद्र, जिनदत्त, हाथीसिंह, रत्नसिंह, मोतीसिंह, इत्यादि नाम रख लेते हैं । गुण जाति द्रव्य क्रियाकी अपेक्षासे ये नाम नहीं रक्खे जाते, इसीको नाम निक्षेप कहते हैं ।

[ख] धातु, काष्ठ, पाषाण, मिट्टीके चित्रादिक तथा गोटोंके खेलमें घोड़ा हाथी-नृपति-मनुष्य-इत्यादिक तदाकाररूप अथवा अतदाकाररूप मान लेना वा कल्पना कर लेना सो स्थापना निक्षेप है । जो पदार्थ जिस आकारका हो उसको वैसा ही पत्थर काष्ठ मृत्तिकादिका बनाकर उसमें उसीकी स्थापना करनेको तदाकार स्थापना कहते हैं और जिसमें वस्तुका यथार्थ आकार न हो ऐसे किसी भी पदार्थमें किसीकी कल्पना वा स्थापना करनेको अतदाकार स्थापनाकहते हैं । जैसे महावीर स्वामीकी वीतरागरूप जैसीकी तैसी शान्तमुद्रायुक्त धातु पाषाणमय प्रतिमाकी प्रतिष्ठा करना यह तदाकार स्थापना है और किसी खेलमें गोटोंमें नृप—ऊंट—अश्व—हाथी इत्यादिकी कल्पना करना सो अतदाकार स्थापना है ॥ नाम निक्षेप और स्थापना निक्षेपमें यह भेद है कि पहिलेमें पूज्य अपूज्यका भाव नहीं है दूसरेमें प्रतिष्ठा—आदर और पूज्यबुद्धि होती है ।

(ग) जो भूत भविष्यत् पर्यायकी मुख्यता लेकर वर्तमानमें कहना सो द्रव्य निक्षेप है जैसे भविष्यत्में होनेवाले राजपुत्र, अर्थात् युवराजको राजा कहना अथवा कोई पुरुष जो पहले राजाका मंत्री था अब मंत्री पदसे च्युत कर दिया गया हो उसको अब भी मंत्री महाशय कहके बात चीत करना ।

(घ) जिस पदार्थकी वर्तमानमें जो पर्याय हो उसको उसी रूप कहना सो भाव निक्षेप है जैसे राज्य करता हो उसीको राजा कहना ।

पदच्छेद तथा विभक्त्यर्थसहित इस सूत्रपर सर्वार्थसिद्धिवृत्तिका शब्दशः भाषानुवाद ॥

अतद्गुणे ७।ण वस्तुनि ७।ण संव्यवहार-अर्थ १।ण	= पदार्थमें वह गुण (क्रिया—जाति-द्रव्य) न होने पर लोक व्यवहारके लिये
पुरुषाआकारात् ५। नियुज्यमानं १।ण	= इससे वा आग्रहसे नियत किया हुआ
संज्ञाकर्म १।ण नाम १।ण	= नाम रखना सो नाम (निक्षेप) है

काष्ठपुस्तचित्रकर्माक्षनिक्षेपादिषु सोऽयमिति स्थाप्यमाना स्थापना। गुणैर्द्रोष्यते गुणान्द्रोष्यतीति वा द्रव्यम्। वर्तमान तत्पर्यायोपलक्षितं द्रव्यं भावः॥ तद्यथा। नामजीवः, स्थापनाजीवः,

काष्ठ-पुस्त चित्रकर्म-अक्ष-निक्षेपादिषु $_{7}^{}$	= काठ, पुस्तक, मूरत बनाने (= चित्रकर्म) और फासा फेंकने आदिमें
सः $_{1}^{1}$ अयम् $_{1}^{1}$ इति * स्थाप्यमाना $_{1}^{11}$	= वह (= सः) यह है ऐसे संस्थापन, आरोपण वा कल्पना करना
स्थापना $_{1}^{11}$ (न्यासः $_{1}^{1}$) गुणैः $_{3}^{1}$ द्रोष्यते T	= (सो) स्थापना (निक्षेप) है। गुणोंकरि (जो) परिणाया जायगा वा प्राप्त किया जायगा [ऐसा द्रव्य है
वा* गुणान् $_{2}^{1}$ द्रोष्यति T इति * द्रव्यम् $_{1}^{111}$	= (सो द्रव्य है) अथवा [= वा] गुणोंको (जो) परिणवैगा प्राप्त होगा
वर्तमान-तत्-पर्याय-उपलक्षितं $_{1}^{111}$ द्रव्यं $_{1}^{111}$	= उपस्थित वा विद्यमान वही (उसी ही) पर्यायसहित द्रव्य
भावः $_{1}^{1}$ तद्यथा * नामजीवः $_{3}^{1}$ स्थापनाजीवः $_{1}^{1}$	= सो भाव (निक्षेप=स्याम) है। जैसे नाम जीव, स्थापना जीव,

(१) क—गुणपर्यायवद्द्रव्यम् (तत्त्वार्थसूत्र अध्याय ५ सूत्र ३८) गुण और पर्यायसंयुक्त द्रव्य है ॥ सूत्र ५ में गुणको प्रधानकरि द्रव्य की परिभाषा दी है और भविष्यत्काल (लृट्) के कर्मणि प्रधान और कर्तरि प्रधानमें है अर्थात् द्रु भ्वादि प्रथम गणका धातु है इसको गुण संज्ञक होनेसे द्रो हो जाता है. स्यते-भविष्यत्काल (लृट् लकार) का कर्मणि प्रधान प्रत्यय है और स्यति भविष्यत्काल (लृट् लकार) का कर्तरि प्रधान प्रत्यय है। द्रो+स्यते। द्रो+स्यति। स् का परिवर्तन ष् में टिप्पणी पृष्ठ १५ से लेकर द्रोष्यते (प्राप्त किया जायगा) द्रोष्यति (प्राप्त होगा) रूप हुए। (ख)—इस सूत्रकी टिप्पणी २ में भी गुणको मुख्य मानकरि द्रव्यकी परिभाषा भूतकृदन्तमें (जो धातुमें त निष्ठा प्रत्यय जोडनेसे बनता है) दी है हमारी समझमें यहांपर सामान्यभूतकालके अर्थमें भूतकृदन्तको लिया है ॥ गुणैर्गुणान्वा द्रुतं गतं प्राप्तमिति द्रव्यमित्यप्यधिकः पाठः पुस्तकान्तरे दृश्यते ॥

गुणैः $_{3}^{1}$ द्रुतं $_{1}^{11}$ गतं प्राप्तम् $_{1}^{111}$ इति द्रव्यम् = गुणोंकरि जो प्राप्त (=द्रुतं-गतं) किया गया ऐसा द्रव्य है

वा गुणान् $_{2}^{111}$ द्रुतं $_{1}^{111}$ गतं $_{1}^{111}$ प्राप्तम् $_{1}^{111}$ = अथवा गुणोंको जिसने प्राप्त किया (द्रुतं-गतं) ऐसा द्रव्य है ॥

अपि अधिकः $_{1}^{1}$ पाठः $_{1}^{1}$ पुस्तकान्तरे $_{1}^{111}$ दृश्यते इति = इसप्रकार भी अधिक पाठ अन्य पुस्तकोंमें देखा गया है ॥

(ग)—अध्याय ५ सूत्र २ की वृत्तिमें "यथास्वं पर्यायैर्द्रूयन्ते द्रवन्ति वा तानि द्रव्याणि" यहां पर्यायको मुख्य मानकर वर्तमान कालमें द्रव्य की परिभाषा है ॥ स्वरूपके अनुसार पर्यायोंकरि प्राप्त किये जाते हैं अथवा जो पर्यायोंको प्राप्त होते हैं वे द्रव्य हैं इस प्रकार द्रव्यकी परिभाषा गुणको मुख्य और पर्यायको प्रधान करि भूत भविष्यत् वर्तमान तीनों क्रियायोंमें कही है ॥

द्रव्य निक्षेपका मानचित्र जो संसारी जीवोंको लागू होता है

आगम द्रव्य निक्षेप अर्थात्
आत्मा जो किसी वस्तुको जानता तो हो परंतु उसका उपयोग ध्यान वा चिंतवन उस समय उस ज्ञात वस्तुकी ओर न हो जैसे किसी ज्योतिषी-को अवकि यह स्नान कर रहा हो ज्योतिषी कह कर बुलाना

नो आगम द्रव्य निक्षेप अर्थात्
किसी वस्तु के जानने वाले के शरीर को ज्ञाता कहना, इसके तीन भेद हैं

(१) ज्ञायक शरीरनो आगम द्रव्य निक्षेप

अतीत ज्ञायक शरीर नो आगम द्रव्यनिक्षेप अर्थात् किसी पदार्थके कथनके ज्ञाता(पुरुष)का शरीर पूर्वमें उसकथनको जानताथा अवधि पूर्णहो-जानेपरवह ज्ञान जाता-रहा तबभी उसशरीरको भूतज्ञायकशरीर कहना

अनागत ज्ञायक शरीर नो आगम द्रव्यनिक्षेप अर्थात् किसी पदार्थके कथनके ज्ञाता(पुरुष)का शरीर उसकथनका ज्ञानकार नहीं है परंतु अगामीकालमें उसकथनको जानेगा तब भीउसको उससमय ज्ञानकार कहनासोभविष्यत् ज्ञायकशरीरहै

वर्तमान ज्ञायक शरीर नोआगम द्रव्यनिक्षेप अर्थात् किसी पदार्थकेकथन केज्ञाता पुरुषका शरीर ज्ञान-कारतोहै परंतु पूर्णरूपसे उसकथनका ज्ञानकारनहीं उसकोजानकररहाहैउसका वह शरीर वर्तमान ज्ञायक शरीर नोआगमद्रव्यहै

(२) भावीनो आगम द्रव्य निक्षेप अर्थात्
किसी को जो मृत्युके पश्चात् अन्य भव पावैगा इसही भवमें उसको उस अन्य भव वाला कह देना। जैसे कोई पशुमृत्यु- के पीछे मनुष्य होगा उसको इस पशु भवमें ही मनुष्य कहना

(३) तद् व्यतिरिक्त नो आगम द्रव्य निक्षेप

कर्म तद्व्यतिरिक्त नोआगमद्रव्यनिक्षेप अर्थात् किसीके शरीरको द्रव्य कर्म वर्गणाओंरूप (जिनको वह अन्य भवमें पावेगा, कहना जैसेभावी नो आगम द्रव्यनिक्षेपके उक्त उदाहरणमें पशुके शरीरको मनुष्यनामक नामकर्मके द्रव्यकर्म-वर्गणाओं रूप कहदेना

नो कर्म तद्व्यतिरिक्त नो आगम द्रव्यनिक्षेप अर्थात् किसीकेशरीरको नो कर्म वर्गणाओं रूप (जिनकोअन्यभवमेंपावैगा) कहनाजैसे भावीनोआगम-द्रव्यनिक्षेपके दृष्टान्तमें पशुकेशरीरको द्रव्यनोकर्म-वर्गणा (आहारा दिकनोकर्म वर्गणा जिनसे शरीरबढ़ताहै) रूप कह देना.

द्रव्यजीवो भावजीव इति चतुर्धा जीवशब्दार्थो न्यस्यते ॥ जीवनगुणमनपेक्ष्य यस्य-कस्यचिन्नाम क्रियमाणं नामजीवः । अक्षनिक्षेपादिषु जीव इति वा मनुष्यजीव इति वा व्यवस्थाप्यमानः स्थापनाजीवः ॥

द्रव्यजीवः १।१ भावजीवः १।१ इति चतुर्धा * = द्रव्यजीव, भावजीव ऐसे चार प्रकार

जीवशब्द अर्थः १।१ न्यस्यते T जीवनगुणम् १।१ = जीव शब्दका अर्थ स्थापित वा निक्षेप किया जाता है । जीवन गुणकी

अनपेक्ष्य+यस्य ६।१ कस्यचित्* नाम १।१।१ = अपेक्षा न करके जिस किसीका नाम

क्रियमाणं १।१।१ नामजीवः १।१ = रक्खा गया वा किया गया सो नाम जीव (निक्षेप) है जैसे—किसीने अपने कार्यालयका नाम जीव रख लिया इस अवस्थामें पत्र सूचना इत्यादि सर्व इसी 'जीव' कार्यालयमें आवेंगे यद्यपि इस कार्यालयमें जीवन गुण नहीं पाया जाता है । इस संज्ञाका नाम जीव कहेंगे ॥

वा* अक्षनिक्षेप-आदिषु ७।१ जीवः १।१ इति = फांसाके फेंकने आदिमें जीव ऐसा

१ अभ्यन्तर 'बीच, बीचका स्थान पद० कोष पृष्ठ ३८ । आभ्यन्तर=भीतर होनेवाला ॥ अतः आभ्यन्तर शब्द सर्वार्थसिद्धि द्वितीय आवृत्तिका ठीक है न कि अभ्यन्तर प्रथम आवृत्तिका (२) केषाम् चित्=म् का परिवर्तन (मांऽनुस्वारः उक्त सूत्रसे) अनुस्वारमें होगया ॥ इस अनुस्वारका परिवर्तन परसवर्ण चवर्गके ञ् में (पदान्तस्यानुस्वारस्य यमि परे परसवर्णो वा अष्टाध्यायी ८-४-५८ सूत्रसे) होगया अतः केषाम् चित्=केषाञ्चित् । चित्+जाति=चिज्जाति (देखो टिप्पणी पृष्ठ ४६) चित् के च् का परिवर्तन ज्में हो जाता है (देखो टिप्पणी पृष्ठ १४-१५) (३) आरभ्य संबंध सूचक भूत कृदंत है । (४) आ-सप्तम्याः आङ् मर्यादाभिविध्योः २।१।१२ वा अष्टाध्यायी २।१।१२ सूत्र : मर्यादा (अर्थात् जो सीमा कहें उसके बाहर बाहर) और अभिविधि अर्थमें (अर्थात् जो सीमा कहें उसको मिलाकर) वर्तमान जो आङ् (=आ) वह पंचमी अपादान विभक्तिके साथ विकल्पसे (=वा) समासको प्राप्त हो और वह समास ।

मनुष्याणामापि तथैव ॥ देवानां केषाञ्चिज्जातिस्मरणं केषाञ्चिद्धर्मश्रवणं केषाञ्चिज्जिनमहिमदर्शनं केषाञ्चिद्देवर्द्धिदर्शनम् ॥ एवं प्रागानतात् ॥

मनुष्याणाम् ‡ा अपि * तथा * एव *	=मनुष्योंके भी वैसाही अर्थात् तिर्यंचोंके समान जातिस्मरण-धर्मश्रवण और जिनबिम्ब दर्शन ये तीन ही सम्यग्दर्शन होनेके साधन वा कारण हैं
देवानां ‡ा केषांचित् * जातिस्मरणं ‡॥ केषांचित् धर्मश्रवणं ‡॥ केषांचित् * जिनमहिमदर्शनं ‡॥ केषांचित् * देव+ऋद्धि-दर्शनम् ‡॥ एवं * प्राग्-आनतात् ‡ा	=देवोंके कितनेकके जातिका स्मरण आजाना कितनेकके =धर्मका सुनना, कितनेकके भगवानके (पंचकल्याणकके) महत्वका देखना =कितनेकके देवनकी ऋद्धि देखना इत्यकार =आनत (तेरहवेंस्वर्ग) से पहिले पहिले अर्थात् सहस्रार बारहवें स्वर्ग तक सम्यग्दर्शनके उत्पन्न होनेके कारण वा साधन हैं

अव्ययी भाव संज्ञक हो पंचमी विभक्तिके साथ समास न करे तो द्वितीया विभक्तिके साथ अव्ययी भाव समास हो। मर्यादा अर्थमें जैसे आमुक्तेः संसारः मुक्तिकी सीमाके बाहर संसार है—एक मुक्तिकी सीमा मानलो और एक संसारकी, दोनों सीमा एक दूसरेसे चिपटी हुई हैं। यहां आङ् उपसर्गका यह प्रभाव है कि मुक्तिकी सीमासे संसारकी सीमाको बाहर बाहर रखता है। आमुक्ति ‡ा संसारः ‡। का भी यही अर्थ है। अभिविधि अर्थमें जैसे आ आकाशादेकद्रव्याणि=आकाश पर्यंत अथवा आकाशको सम्मिलित करते हुये एक एक द्रव्य हैं अध्याय ५ सूत्र ६। इसका यह अर्थ नहीं है कि आकाशके बाहर बाहर एक एक द्रव्य हैं क्योंकि जैनसिद्धांतके अनुसार काल जीव पुद्गल धर्म अधर्म आकाश यह द्रव्य हैं उनमें जीव अनन्तानन्त है। पुद्गल परमाणु जीवोंसे अनन्तगुणे हैं कालद्रव्यके अणु असंख्यात हैं। धर्मद्रव्य अधर्मद्रव्य आकाशद्रव्य एक एक हैं। आकुमारेभ्यो यशः सीतायाः अथवाआकुमारं यशः सीतायाः=सीताका यश लडकों पर्यंत भी है अर्थात् सीताके यशके जाननेमें लडके भी सम्मिलित हैं। ऐसे ही आसप्तम्या नारकाणांमें नारकियोंके सातवां नरक पर्यंत अभिविधि अर्थमें आ ङ् उपसर्ग है अर्थात् आङ्के प्रभावसे सातवां नरक भी सम्मिलित है॥ (१) प-पे-ओ-औ स्वरोंको छोड कर यदि पहिले कोई स्वर आवे और उसके पश्चात् ह्रस्व ऋ हो तो इस ऋको स्वरके साथ मिलादो अथवा मत मिलावो जैसे देव+ऋद्धि=देव+अर्द्धि=देवर्द्धि, देवऋद्धि भी रूप ठीक है यदि पहिले आया हुआ स्वर दीर्घ हो तो इसको ह्रस्व कर देते हैं जैसे ब्रह्मा+ऋषिः=ब्रह्म ऋषिः, ब्रह्मर्षिः।

आनतप्राणतारणाच्युतदेवानां देवर्द्धिदर्शनं मुक्त्वाऽन्यत्त्रितयमप्यस्ति । नवग्रैवेयकवासिनां केषांचिज्जातिस्मरणं केषांचिद्धर्मश्रवणम् ॥ अनुदिशानुत्तरविमानवासिनामियं कल्पना न सम्भवति । प्रागेव गृहीतसम्यक्त्वानां तत्रोत्पत्तेः ॥

आनत–प्राणत–आरण—	= आनत [तेरहवें स्वर्ग] प्राणत (चौदहवें स्वर्ग) आरण [पंद्रहवें स्वर्ग]
अच्युतदेवानां ‖ देव-ऋद्धि दर्शनं ‖ मुक्त्वा	= अच्युत [सोलहवें स्वर्ग] के देवोंके देवोंकी ऋद्धि अवलोकन छोड़कर
अन्य–त्रितय ‖ अपि *	= अन्य तीनों (जातिस्मरण धर्मश्रवण जिनमहत्त्वदर्शन) ही
अस्ति ।	= [सम्यग्दर्शनके उत्पन्न होनेके कारण] हैं ।
नवग्रैवेयक-वासिनां ‖	= (सोलह स्वर्गके ऊपर) नवग्रैवेयकके [नव पटलोंमें] रहने वालोंके
केषांचित् * जातिस्मरणं ‖ केषांचित् *	= कितनेकके जातिस्मरण कितनेकके
धर्मश्रवणं ‖	= धर्मका सुनना (ये दोही सम्यक्त्वके उत्पन्न होनेके कारण) हैं
अनुदिश—	= [नव ग्रैवेयकोंके नो पटलोंके ऊपर) नव अनुदिशके एक पटलके विमानोंमें
अनुत्तर—	= और (उनके ऊपर) अनुत्तरके पांच [विजय-वैजयंत-जयंत–अपराजित
विमान-वासिनां ‖ इयम् ‖ कल्पना ‖ न संभवति = सर्वार्थसिद्धि] विमान वासियोंके यह साधन नहीं संभवे है	
प्राग् एव * गृहीत-सम्यक्त्वानां ‖ तत्र उत्पत्तेः ‖ = क्योंकि पहले (जन्ममें] ही प्राप्त सम्यग्दर्शनवालोंकी वहां उत्पत्ति होती है	

(१) धर्मश्रुति–जातिस्मृति–सुरर्द्धि–जिन— = धर्म श्रवण करना, जातिस्मरण करना, देव ऋद्धि अवलोकन करना जिन भगवानके
महिमदर्शनम् ‖ बाह्यम् ‖ = (गर्भादिक कल्याणके समयका) महत्व देखना (सम्यक्त्वके उत्पत्तिके) बाहिरी कारण है

(२) प्रागेव = प्राग्–एव । यह शब्द प्रायः तीन अर्थोंमें आता है (१) प्रकर्षेण अंचति गच्छति इति प्राङ् सुगन्ता अर्थात् अतिशय करि वा बहुत अधिकतासे गमन करता है (अञ्चति = गच्छति) सो प्राङ् अथवा सुगन्ता है ॥ २ ॥ प्रकर्षेण अंच्यते पूज्यते इति प्राङ् पूज्यः अतिशयकरि पूजा जाता है ऐसा प्राङ् वा पूज्य है ॥ इस दोनों अर्थोंमें प्र उपसर्गमें अञ्च् धातु लगानेसे प्राञ्च् शब्द बना है । ॥ पद्मचन्द्र कोष पृष्ठ २५७ में " प्राञ्च [त्रि) प्र + अच् + क्विन् पहिला समय और देश,' ऐसा अर्थ दिया है यहां पर पहिला देश अर्थात् पहिला स्थान इस अर्थमें आया है ।

जघरूपसहायवकीलकृत पदच्छेद और विभक्त्यर्थसहित सर्वार्थसिद्धिका शब्दशः हिंदी अनुवाद । अध्याय १ सूत्र ७ ।

(४) अधिकरणं द्विविधम् । आभ्यन्तरं बाह्यं च ॥ आभ्यन्तरं स्वस्वामिसम्बन्धार्हो एव आत्मा विवक्षातः कारकप्रवृत्तेः ॥ बाह्यं लोकनाडी । सा कियती ? एकरज्जुविष्कम्भा चतुर्दशरज्ज्वायामा ॥ (५) स्थितिरौपशमिकस्य जघन्योत्कृष्टा चान्तर्मौहूर्तिकी । क्षायिकस्य संसारिणो जघन्यान्तर्मौहूर्तिकी । उत्कृष्टा त्रयस्त्रिंशत्सागरोपमाणि सान्तर्मुहूर्त्ताष्टवर्षहीनपूर्वकोटिद्वयाधिकानि । मुक्तस्य सादिरपर्यवसाना क्षायोपशमिकस्य जघन्यान्तर्मौहूर्तिकी । उत्कृष्टा षट्षष्टिसागरोपमाणि [६] विधानं सामान्यादेकं सम्यग्द-

अधिकरणं ।।। द्विविधम् ।।। आभ्यन्तरं ।।। च	=(४) आधार दो प्रकार है । अंतरंग और [च]
बाह्यं ।।। आभ्यन्तरं ।।। स्व-स्वामि—	=बहिरंग [सम्यक्त्वका आधार] आभ्यन्तर अपना अधिपति [=स्वस्वामिन्]
सम्बन्ध-अर्हः ।। एव आत्मा ।। कारकप्रवृत्तेः ।।।	=सम्बन्धके योग्य आत्मा ही है । क्योंकि कारकन व्यवहारका
विवक्षातः * बाह्यं ।।। लोकनाडी ।।। । सा ।।।	=अपेक्षासे है । बाह्य [सम्यक्त्वका आधार] लोकनाड़ी है सो
कियती ।।। एक-रज्जु-विष्कम्भा ।।। चतुर्दशरज्जु-	=कितनी है ? एकराजू चौड़ी है (और) चौदहराजू
आयामा ।।। औपशमिकस्य ।।। स्थितिः ।।।	=ऊंची है [५] उपशम सम्यग्दर्शनकी स्थिति [ठहराव टिकाव] ठहरती है
जघन्या ।।। च उत्कृष्टा ।।। अन्तर्मौहूर्तिकी ।।।	=जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त्तकी है ४/५ घंटेसे न्यून समय तक उपशम सम्यक्त्व
संसारिणः ।।। क्षायिकस्य ।।। जघन्या अन्तर्मुहूर्तिकी ।।।	=संसारी जीवके क्षायिककी जघन्य (स्थिति) अन्तर्मुहूर्त्तकी है पीछे मुक्ति है
उत्कृष्टा ।।। त्रयस्त्रिंशत्सागरोपमाणि ।।।	=(क्षायिक सम्यक्त्वकी) उत्कृष्ट (स्थिति] तेतीस सागर प्रमाण
स-अन्तर्मुहूर्त-अष्टवर्षहीन-पूर्वकोटिद्वय—	=आठसाल अन्तर्मुहूर्तसहित न्यून दो करोड पूर्व
अधिकानि ।।।	=अधिक है [३३ सागर+२००००००० पूर्वमेंसे ८ बरस अंतर्मुहूर्त न्यून है]
मुक्तस्य ।।। सआदिः ।।। अपरि-अवसाना ।।।	=मोक्षजीवके [क्षायिक सम्यक्त्वकी स्थिति] आदि सहित और असमाप्ति है
क्षायोपशमिकस्य ।।। जघन्या-अन्तर्मौहूर्तिकी ।।।	=वेदक सम्यक्त्वकी जघन्य (स्थिति) अन्तर्मुहूर्त है
उत्कृष्टा ।।। षट्षष्टिसागरोपमाणि,	=(६] उत्कृष्ट [स्थिति-वेदक सम्यक्त्वकी] छ्यासठ सागर प्रमाण है ।
विधानं ।।। सामान्यात् ।।। एकं ।।। सम्यग्दर्शनम् ।।।	=सामान्य [विवक्षा] से सम्यग्दर्शन एक प्रकार है

१. कियत् (त्रि०) (किम् परिमाणे वतुप्, किम्: कादेशः वस्य यः कितना परिमाण कितना पद्म० १०८) शब्दसे कियती प्रथमा एक वचन स्त्रीलिंग है ॥

दर्शनम् । द्वितयं निसर्गजाधिगमजभेदात् । एवं संख्येया विकल्पाः शब्दतः ॥

निसर्गजाधिगमजभेदात् ।। द्वितयं ।।।	=स्वभाव जनित और परोपदेश जनित भेदसे [सम्यक्त्व] दो प्रकार है
एवं ।। शब्दतः ।। संख्येयाः ।। विकल्पाः ।।	=इसप्रकार शब्द (की अपेक्षा) से संख्यात भेद हैं

(१) आज्ञामार्गसमुद्भव मुपदेशात्सूत्रबीजसंक्षेपात् । विस्तारार्थाभ्यां भवमव परमावगाढं च ॥ १ ॥ इति दशविधम् ॥

आज्ञा-समुद्भवम् ।।। मार्ग-समुद्भवम् ।।। उपदेशात् ।।	=आज्ञासे उत्पन्न (सम्यग्दर्शन) मार्गसे उत्पन्न (सम्यक्त्व) उपदेशसे
भवम् ।।। सूत्रात् ।।। भवम् ।।। बीजात् ।।। भवम् ।।।	=उत्पन्न (सम्यग्दर्शन) सूत्रसे उत्पन्न, बीजसे उत्पन्न,
संक्षेपात् ।। भवम् ।।। विस्तारात् ।। भवम् ।।। अर्थात् ।।	=संक्षेपसे उत्पन्न (सम्यक्त्व) विस्तारसे उत्पन्न अर्थसे
भवम् ।।। अवगाढं ।।। च परम-अवगाढं ।।। इति	=उत्पन्न (सम्यग्दर्शन) अवगाढ़ और (च) परम अवगाढ़ (सम्यक्त्व) ऐसे
दश-विधम् ।।।	=(शब्दसे सम्यक्त्व) दश प्रकार हैं

इस आर्या छंदमें वर्णित दश विध सम्यग्दर्शनके अर्थ स्पष्ट करनेके लिये निम्न लिखित तीन स्रग्धरावृत्त (स्रग्धरा छंद) कहते हैं—

स्रग्धरा— आज्ञासम्यक्त्वमुक्तं यदुत विरचितं वीतरागाज्ञयैव । त्यक्तग्रंथप्रपंचं शिवममृतपथं श्रद्दधन्मोहशान्तेः ।
मार्गश्रद्धानमाहुः पुरुषवरपुराणोपदेशोपधाता । या संज्ञानागमाब्धिप्रभृतिभिरुपदेशादिरादेशि दृष्टिः ॥ १ ॥

यद् ।।। उत * विरचितं ।।। वीतराग-आज्ञया ।।।	=और (=उत) जो (=यद्) वीतरागकी आज्ञाकरि ही (एव) श्रद्धान किया
एव आज्ञा-सम्यक्त्वं ।।।	=जाय (जो वीतरागके वचन पर ही विश्वास किया जाय) सो आज्ञा सम्यक्त्व
उक्तं ।।। त्यक्तग्रंथप्रपञ्चं ।।	=कहाजाता है । शास्त्र विस्तारके (श्रवण) विना
शिवम् ।। अमृतपथं ।। मोहशान्तेः ।।।	=कल्याणरूप मोक्षमार्गमें (शब्दार्थ अमर मार्ग) मोहकी शांति होनेसे (अर्थात् दर्शन मोहनीय कर्मके उपशम, क्षयोपशम और क्षय होनेसे)
(२) श्रद्दधत् ।। मार्गश्रद्धानम् ।।। आहुः T	=श्रद्धान वा रुचि करनेको मार्गज सम्यग्दर्शन कहते हैं (आहुः)
पुरुष-वर-पुराण-उपदेश-उपधाता ।।। या ।।। संज्ञान	=श्रेष्ठ प्राचीन पुरुषों (तीर्थंकरादिक) के उपदेश जनित जो श्रेष्ठ ज्ञान (अस) से
आगम-अब्धि-प्रभृतिभिः ।।। उपदेशादिः ।।	=उत्पन्न हुआ आगमरूपी समुद्र (तिस) के विस्तारोंकरि (प्रति) उपदेशादिक
आदेशदृष्टिः ।	=(सो) आदेशदृष्टि है (उत्कृष्ट पुरुषोक्त शास्त्रादिकके पढ़नेसे सुननेसे जो श्रद्धान हो)

(१) डु कृञ् करना अदादिगणके धातुसे अन्य पुरुष बहुवचन परस्मैपद वर्तमान काल आहुः विना नियमके बना है (२) श्रद्दधत् श्रद्दधन् क्योंकि

अद्दधत् के त् का परिवर्तन न् में हो जाता है (देखो टिप्पणी पृष्ठ ३६) अत् (अव्य०) विश्वास पद्म पृष्ट ३६० ॥ धा जुहोत्यादि तृतीय गण का उभय परस्मैपदी और आत्मनेपदी सकर्मक अनिट् धातु धारण वा पकड़ने अर्थमें है। इस गणके धातुओंके रूप बनानेमें यदि धातुमें पहिले व्यंजन हो और पश्चात् एक स्वर हो तो धातुको दुहरा देते हैं अतः धाधा होगया और दुहराये हुये भागको व्याकरणमें अभ्यास कहते हैं यहाँ प्रथम धा अभ्यास है अभ्यासमें वर्गका दूसरा और चौथा अक्षर क्रमसे उसी वर्गके प्रथम और तीसरे अक्षरमें पलट जाता है इसलिये धाधा = दाधा अष्टाध्यायी ८-४-५४) और अभ्यासके दीर्घ स्वरका ह्रस्व हो जाता है (अ० ७-४-५६) अतः दाधा = दधा । धा का आ क्रिया के डित् संज्ञक प्रत्ययके पहिले गिर जाता है । अति बहुवचन अन्य पुरुष परस्मैपद वर्तमान काल जुहोत्यादि गणका डित् प्रत्यय है इसके पहिले धा का आ गिरकर केवल दध् रूप रह जाता है अब अत् दध् रूप हुआ ॥ अत्के त् का द्में परिवर्तन टिप्पणी पृष्ठ १५से हुआ । अद्दध् ॥ अद्दधत् वर्तमान कृदन्त है और प्रपन्ने शिवम्, अमृतपदं तीनों शब्द द्वितीया विभक्ति पुल्लिंग एकवचन अद्दधत् क्रियाके कर्म है । वर्तमान कृदन्त बनानेका प्रायः यह नियम है कि धातुका वह रूप लेलो जो अन्य पुरुष बहुवचन वर्तमान कालकी क्रिया बनानेसे पहिले कोई धातु ग्रहण करता है पश्चात् धातु आत्मनेपदी हो जिसका वर्तमान कृदन्त बनाना है तो आन प्रत्यय लगा दो (जैसे दध् + आन दधान वा अत् + दध् + आन अदधान यदि धातुका परस्मैपदमें प्रयोग हो तो अत् प्रत्यय लगादो इसलिये अद्दध् + अत् = अद्दधत् — विश्वास (अद्) करते हुये दधत् = अद्दधान (खण्डेरा) आकर्ण्याचारसूत्रंमुनिचरणविधेः सूचनं अद्दधानः । सूक्तोऽसौ सूत्रदृष्टिर्दुरधिगमगतेरर्थसार्थस्य बीजैः ।

केश्चिज्जातोपलब्धेरसमशमवशाद्बीजदृष्टिः पदार्थान् । संक्षेपेणैव बुध्वा रुचिमुपगतवान् साधु संक्षेपदृष्टिः । ४ से ६ तक भेद है

मुनिचरणविधेः ।। सूचनं ।।। आचार सूत्रं ।।।	=मुनिके आचरणके विधानका जतलानेवाले आचार सूत्रको
आकर्ण्य अद्दधानः ।। असौ ।। सूत्रदृष्टिः ।। सूक्तः ।।	=सुनकर विश्वास (=अद्) करना वा धरना (=दधान) वह सूत्रदृष्टि भलेप्रकार कहा गया है अर्थात् मुनिका आचरण सुननेसे जो तत्त्वार्थ श्रद्धान हो सो सूत्र सम्यक्त्व है
दुर्-अधिगम-गतेः ।। अर्थसार्थस्य ।।	=कठिनाईसे (दुर्) ज्ञान (अधिगम) प्राप्त होनेवाले (गतेः) पदार्थोंके समूहका
कैश्चित् * बीजैः ।।।	=कैइकके बीजाक्षर (जैसे ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः इत्यादि) करि
असम-शम-वशात् ।।	=असाधारण (असम) मोहनीय कर्मके उपशम (क्षय-क्षयोपशम) के वशसे

जात-उपलब्धेः ‖ बीजदृष्टिः ‖

= उत्पन्न हुआ [= जात] ज्ञान (= उपलब्धेः) सो बीजदृष्टि सम्यक्त्व है ॥ (में है (वा "बीज सकल समय दल सूचना व्याजमें" ऐसा भी अनगारधर्मामृत अ०२ श्लो० ६२

पदार्थान् ‖ संक्षेपेण ‖ एव कृत्वा + रुचिम् ‖ उपगतवान् ‖ साधु-संक्षेपदृष्टिः ‖

= पदार्थोंको सामान्यसे ही जानकर श्रद्धानको
= प्राप्त होनेवाला प्रशस्त वा भली [= साधु) संक्षेपदृष्टि (= सम्यक्त्व है) अर्थात् संक्षेप रूपसे पदार्थोंको जानकर जो श्रद्धान होय सो संक्षेप सम्यक्त्व है)

(श्लोक) यः श्रुत्वा द्वादशांगीं कृतरुचिरिह तं विदुः विस्तारदृष्टिं । सन्ज्ञातार्थात्कुतश्चित्प्रवचनवचनान्वन्तरेणार्थदृष्टिः ॥
दृष्टिः साङ्गाङ्गबाह्यप्रवचनमवगाह्योत्थिता या ऽवगाढा । कैवल्यालोकितार्थे रुचिरिह परमावादिगाढेति रूढा ॥ ३ ॥

यः ‖ श्रुत्वा द्वादशांगीं ‖ कृतरुचिः ‖ इह * तं ‖ विदुः T विस्तारदृष्टिम् ‖

= जो (भव्य) द्वादशांग वाणीको सुनकर इसलोकमें (= इह) श्रद्धानी हो तिसको
= विस्तारदृष्टि जानों (द्वादशांगको सुनकर जो रुचि हो वह विस्तार सम्यक्त्व है।

प्रवचन-- वचनानि ‖ अन्तरेण* कुतश्चित्* सज्ञातार्थात् ‖ अर्थ-दृष्टिः ‖

= आगम वा शास्त्रके वाक्योंके विना (देखे वा सुने) किसी (= कुतश्चित्)
= पदार्थ (के निमित्त) से उत्पन्न हुआ (जो श्रद्धान) सो अर्थदृष्टि (सम्यक्त्व) है अर्थात् दृष्टान्तादिक रूप पदार्थोंसे जो श्रद्धान हो सो अर्थ सम्यक्त्व है

स--अङ्ग-अङ्ग-बाह्य-प्रवचनम् ‖ अवगाह्य+ उत्थिता ‖ वा ‖ दृष्टिः ‖ अवगाढा ‖ (दृष्टिः ‖)

= अङ्ग और अङ्गबाह्यसहित उत्तम (वा श्रेष्ठ) शास्त्रको जानकर (= अवगाह्य)
= उत्पन्न हुई (= उत्थिता) जो (= वा) रुचि (= दृष्टि) सो अवगाढ सम्यक्त्व है (जो श्रुतकेवलीके सम्यग्दर्शन हो सो अवगाढदृष्टि वा अवगाढ सम्यक्त्व है)

कैवल्य--आलोकित--अर्थे ‖ इह* परमावादिगाढा ‖ इति* रूढा ‖

= केवलज्ञानकरि देखे गये पदार्थमें इसलोकमें (= इह, श्रद्धान)
= सो परम अवगाढ (दृष्टि = सम्यक्त्व) है ऐसा प्रसिद्ध है अर्थात् इसलोकमें जो = (वीतराग सर्वज्ञ) केवलीका श्रद्धान है सो परमावगाढ़ दृष्टि है ॥

* अर्थदृष्टि यहांपर पुल्लिंग भी हो सक्ता है ॥ (२) सा अङ्ग भी हो सकता है फिर दृष्टिः शब्दका सांकेतिक होगा अर्थात् सा ‖ दृष्टिः ‖ (१) सम्यक्त्वके कहनेवाले शब्दोंकी संख्या होनेसे उपर्युक्त सम्यग्दर्शनके संख्यात भेद हुये ॥ आत्मानुशासनसे ।

असङ्ख्येया अनन्ताश्च भवन्ति श्रद्धातृश्रद्धातव्यभेदात् ॥ एवमयं निर्देशादि विधिर्ज्ञानचारित्रयोर्जीवाजीवादिषु चागमानुसारेण योजयितव्यः ॥ किमेतैरेवं जीवादीनामधिगमो भवति उत अन्योऽप्यधिगमोपायोऽस्तीति परिपृष्टोऽस्तीत्याह—

श्रद्धातृ-श्रद्धातव्य-	= विश्वास करनेवाले और प्रतीत करने योग्य [वस्तु] के
भेदात् ५।१ असंख्येयाः १।३ च अनन्ताः १।३ भवन्ति T	= भेदसे असंख्यात और अनंत [भेद सम्यक्त्वके) होते हैं
एवम् अयम् १।१ निर्देश-आदि-विधिः १।१ ज्ञान-	= ऐसे यह निर्देशादिक क्रम (सम्यग्दर्शनकी भांति] ज्ञान
चारित्रयोः ७।२ च जीवाजीवादिषु ७।३	= और चारित्रमें: तथा (=च] जीव-अजीव आदि (सात तत्त्वों] में
आगम-अनुसारेण ३।१ योजयितव्यः १।१	= शास्त्रके अनुकूल लगाया जाना चाहिये ।
किम् १।१ एतैः ३।३	= क्या इन [निर्देश, स्वामित्व, साधन, अधिकरण, स्थिति और
जीवादीनाम् ६।३	= विधान] अनुयोगों करि ही जीवादिक सात तत्वों (और सम्यग्दर्शनादिका
अधिगमः १।१ भवति उत * अन्यः १।१ अपि अधिगम	= ज्ञान होता है अथवा भिन्न भी जाननेका
उपायः १।१ अस्ति इति परिपृष्टः अस्ति इति आह T	= उपाय है ऐसा प्रश्न किया गया है (सो आचार्य) ऐसा कहते हैं कि

(१) विसर्गसे पहिले आ हो और उसके पश्चात् कोई स्वर वा घोष व्यंजन आवे तो यह विसर्ग गिर जाता है जैसे नराः इमे = नरा इमे। और यदि विसर्गके पहिले अ हो और उसके पश्चात् अ को छोड़कर अन्य कोई स्वर हो तो भी इस विसर्गको गिरा देते हैं जैसे बुधः इच्छति = बुध इच्छति और दो स्वर जो विसर्गके गिरने पर रह जाते हैं एक दूसरेमें सम्मिलित नहीं होते हैं ॥ जैसे असंख्येयाः अनन्त = असङ्ख्येयाः अनन्त अब असङ्ख्यानन्त ऐसा वाक्य नहीं हो सक्ता है ॥ (२) एतैः पुलिंग और नपुंसकलिंग दोनोंमें है यहां अनुयोगैः शब्द जो पुलिंग होता है गुप्त है अतः इसको हमने पुलिंग माना है ॥ (३) जीवादीनां वाक्यके पहिले सम्यग्दर्शनादीनां वाक्य अधिक समझ लेना चाहिये जैसा कि हम टिप्पणी सूत्र ६ में लिख चुके हैं ॥

सूत्र–सत्संख्याक्षेत्रस्पर्शनकालान्तरभावाल्पबहुत्वैश्च ॥ ८ ॥

सदित्यास्तित्वनिर्देशः । प्रशंसादिषु वर्तमानो नेह गृह्यते । संख्या भेदगणना ।

पदच्छेदः– सत्–संख्या–क्षेत्र–स्पर्शन–काल–अन्तर–भाव–अल्पबहुत्वैः ¦॥॥ च
(सम्यग्दर्शनादीनां ¦॥॥ च जीवादीनां ¦॥॥ अधिगमः)

सत्–संख्या—	=सूत्रार्थ–(पदार्थकी) विद्यमानता अथवा अस्तित्व; (वस्तुके) परिणामोंकी वा भेदोंकी गणना
क्षेत्र–	=[वस्तुका वर्तमान कालमें] निवास अथवा [वस्तुका] वर्तमान स्थान वा आधार,
स्पर्शन–काल—	=[पदार्थका] त्रिकाल गोचर निवास, [वस्तुका] तीनों कालमें विचरनेका क्षेत्र; समयकी मर्यादा
अन्तर—	=विरहकाल, वियोग काल, विछोइ काल, [अर्थात् जो एक परिणामोंसे दूसरे परिणाम जाय फिर तिसही परिणामको आवै तिसके बीच जितना काल लगे उसको वस्तुका विहरकाल कहते हैं]
भाव–(च)	=उपशम, क्षायोपशमिकादि परिणाम, (और)
अल्प-बहुत्वैः ¦॥॥	=एक वस्तुको दूसरेकी अपेक्षा थोडी बहुत कहना, परस्परकी अपेक्षासे हीनपना अधिकपनाका होने
सम्यग्दर्शनादीनां ¦॥॥ च	=करि सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्चारित्रका और
जीवादीनां ¦॥॥ अधिगमः ¦॥	=जीव–अजीव–आस्रव–बन्ध–संवर–निर्जरा–मोक्षका अधिगम होता है ।

पदच्छेद और विभक्त्यर्थसहित इस सूत्रपर सर्वार्थसिद्धि वृत्तिका शब्दशः हिंदी अनुवाद ।

सत्-इति अस्तित्व-निर्देशः ¦॥	=(इस सूत्रमें) सत् ऐसा (शब्द पदार्थकी) विद्यमानताका जतलानेवाला है
प्रशंसादिषु ¦॥ वर्तमानः ¦॥	=(सत् शब्द) प्रशंसादिक अर्थोंमें प्रवर्तता है
न * इह * गृह्यते T	=[सो] इस स्थानमें [=इह] नहीं लिया गया है
संख्या ¦॥ भेदगणना ¦॥	=संख्या (वस्तुके) भेदकी गणना अथवा गिनती है

(१) इस सूत्रका पाठ और अर्थ दोनों दिगम्बर और श्वेताम्बर आम्नायोंमें एकसा है ॥ साध्वर्चित प्रशस्तेषु सत्येऽस्तित्वे च सम्मतः ।

(२) साधु-अर्चित-प्रशस्तेषु ¦॥ सत्ये ¦॥॥ =सदाचारी, पूज्य, बहुत उत्तम, यथार्थ वा ठीक
च * अस्तित्वे ¦॥॥ सम्मतः ¦॥ =और विद्यमानता (अर्थों) में (सत्शब्द) स्वीकृत है । (इस सूत्रमें अस्तित्व अर्थ लिया है)

क्षेत्रं निवासो वर्तमानकालविषयः । तदेव स्पर्शनं त्रिकालगोचरम् । कालो द्विविधः। मुख्यो व्यावहारिकश्च । तयोरुत्तरत्र निर्णयो वक्ष्यते । अन्तरं विरहकालः । भावः औपशमिकादिलक्षणः । अल्पबहुत्वमन्योऽन्यापेक्षया विशेषप्रतिपत्तिः ॥ एतैश्च सम्यग्दर्शनादीनां जीवादीनां चाधिगमो वेदितव्यः ॥ ननु च " निर्देशादेव सद्ग्रहणं सिद्धम् । विधानग्रहणात्संख्यागतिः । अधिकरणग्रहणात्क्षेत्रस्पर्शनावबोधः ।

क्षेत्रं ।।। वर्तमानकालविषयः ।। निवासः ।। तद् ।।। = क्षेत्र (पदार्थका) विद्यमान समय संबन्धी निवास है वही निवास वा क्षेत्र है।
एव स्पर्शनं ।।। त्रिकाल-गोचरम् ।।। = (यदि) तीनकाल गोचर हो [पदार्थके तीन कालमें विचरनेका क्षेत्र] स्पर्शन है
कालः ।। द्वि-विधः ।। मुख्यः ।। च व्यवहारिकः ।। = काल दो प्रकार है। एक निश्चयकाल और [=च] व्यवहार [काल]
तयोः ।। उत्तरत्र * निर्णयः ।। वक्ष्यते ।
अन्तरं ।।। विरह-कालः ।। = उन दोनोंका आगे निर्णय कहा जायगा ।
= अंतर विच्छेद, वियोग वा विछोह समय [का नाम] है अर्थात् जो एक परिणामसे दूसरे परिणाम जाय पुनः तिसही परिणामको आवे तिसके बीच जितना काल लगे सो विरह काल है तिसहीको अंतर कहते हैं
औपशमिक-आदि-लक्षणः ।। = औपशमिक-क्षायिक-क्षायोपशमिक-औदयिक-पारिणामिक लक्षण—संयुक्त
भावः ।। अन्योऽन्य-अपेक्षया ।।। विशेषप्रतिपत्तिः ।।। = (जीवके) भाव हैं। एक दूसरेकी अपेक्षासे थोडे बहुतका ज्ञान करना
अल्पबहुत्वम् ।।। च एतैः ।।। सम्यग्दर्शनादीनां ।।। = अल्प बहुत्व है। बहुरि इन [आठ अनुयोगों] करि सम्यग्दर्शन ज्ञान चारित्र का
च जीवादीनां ।।। अधिगमः ।। वेदितव्यः ।। = और जीवादिक सात तत्त्वोंका अधिगम [स्वरूपका ज्ञान] जानना चाहिये
ननु * च निर्देशात् ।। एव सद्ग्रहणं ।।। सिद्धम् ।।। = प्रश्न। (पिछले सूत्रमें) निर्देश शब्दसे ही सत् शब्दका ग्रहण सिद्ध है
विधान-ग्रहणात् ।।। संख्या-गतिः ।।। = विधान शब्दके ग्रहणसे (इस सूत्रके) संख्याका ज्ञान हो जाता है
अधिकरणग्रहणात् ।।। क्षेत्र-स्पर्शन अवबोधः ।। = अधिकरण शब्दके लानेसे क्षेत्र [और] स्पर्शनका ज्ञान होता है

---

१ ननु च। इसका शब्दशः अनुवाद होगा " और प्रश्न " संस्कृतमें ऐसे च का प्रयोग ठीक है परन्तु भाषामें यदि हम 'और प्रश्न' ऐसा अनुवाद करें तो बोल चालके विरुद्ध होगा इसलिये "प्रश्न" केवल यही अनुवाद " ननु च " वाक्यका किया है॥

स्थितिग्रहणात्कालसङ्ग्रहः । भावो नामादिषु सङ्गृहीत एव । पुनरेषां किमर्थं ग्रहणमिति ॥ सत्यं, सिद्धम् ॥ विनेयाशयवशात्तत्त्वदेशनाविकल्पः ॥ केचित्संक्षेपरुचयः । केचिद्विस्तररुचयः । अपरे नातिसङ्क्षेपेण[२] नातिविस्तरेण प्रतिपाद्याः ॥ सर्वसत्त्वानुग्रहार्थो हि सतां प्रयास इति अधिगमाभ्युपायभेदोद्देशः कृतः । इतरथा हि "प्रमाणनयैरधिगमः"

स्थिति-ग्रहणात् ;॥॥ काल-सङ्ग्रहः ;। = स्थितिशब्दके लानेसे (इस सूत्रके) कालका ग्रहण होता है (और)
भावः ;। नामादिषु ;॥॥ सङ्गृहीतः ;। एव = भाव शब्द नामादि निक्षेपमें गर्भित है ही (= एव–देखो पंचवासूत्र)
पुनर्* एषां ;॥॥ ग्रहणं ;॥॥ किमर्थं ;॥॥ इति = फिर इन (सत्-संख्या-क्षेत्र-स्पर्शन-काल-भाव) का ग्रहण क्यों किया है
सत्यं* सिद्धम् ;॥॥ विनेय-आशय-वशात् ;। = हां (पिछले सूत्र और नामादि निक्षेपसे) सिद्ध है शिष्यके अभिप्राय वशसे
तत्त्व-देशना-विकल्पः ;। = तत्त्वके उपदेशका भेद किया है (अर्थात् जुदे २ प्रकारसे वर्णन किया है]
केचित्* संक्षेप-रुचयः ;। = कोई (शिष्य) संक्षेप इच्छावाले हैं (थोडेसे कहनेमें बहुत समझ लेते हैं)
केचित् विस्तर-रुचयः ;। = कितनेही विस्तार रुचिवाले हैं (बहुत कथन करनेसे समझ पाते हैं]
अपरे ;। न* अतिसंक्षेपेण ;॥॥ न अति = अन्य वा इतर (शिष्य) न बहुत संक्षेपकरि न बहुत
विस्तरेण ;॥॥ प्रतिपाद्याः ;। = विस्तारसे समझाये जाते हैं (अर्थात् मध्यम कथन करनेसे समझते हैं)
सर्वसत्त्व-अनुग्रह-अर्थः ;। हि सतां ;। प्रयासः ;। = समस्त प्राणियोंके उपकारके लिये ही सत्पुरुषोंका परिश्रम होता है
इति अधिगम-अभ्युपाय-भेद-उद्देशः ;। कृतः ;। = ऐसे ज्ञान करनेके अच्छे उपायोंके भेदसे कथन किया है [मिश्रतासे कथन है]
इतरथा* हि* प्रमाणनयैरधिगमः ;। = नहीं (=इतरथा) तो (हि) "प्रमाण और नयोंसे ज्ञान होता है" ऐसे

---

(१) नामादयस्त्रयः द्रव्यार्थिकनयविषयाः । भावः पर्यायार्थिकनयविषयो यतः ॥
नाम-आदयः ;। त्रयः ;। द्रव्यार्थिक-नयविषयाः ;। = नाम, स्थापना, द्रव्य, (निक्षेप) द्रव्यार्थिक नय (नैगम, संग्रह, व्यवहार) के विषय हैं
यतः* भावः ;। पर्यायार्थिक-नय-विषयः ;। = क्यों कि भाव निक्षेप पर्यायार्थिक-नय (ऋजुसूत्र, शब्द, समभिरूढ, एवंभूत) का विषय है

(२) सङ्क्षेपेण शब्द क्रियाविशेषण है अतः नपुंसक लिंग है यद्यपि ये शब्द पुल्लिंग हैं ।

इत्यनेनैव सिद्धत्वादितरेषां ग्रहणमनर्थकं स्यात्॥ तत्र जीवद्रव्यमधिकृत्य सदाद्यनुयोगद्वारानिरूपणं क्रियते॥ जीवाश्चतुर्दशसु गुणस्थानेषु व्यवस्थिताः॥ १ मिथ्यादृष्टिः। २ सासादनसम्यग्दृष्टिः ३ सम्यङ्मिथ्यादृष्टिः ४ असंयतसम्यग्दृष्टिः। ५ संयतासंयतः। ६ प्रमत्तसंयतः। ७ अप्रमत्तसंयतः। ८ अपूर्वकरणस्थाने उपशमकः क्षपकः। ९ अनिवृत्तिबादरसाम्परायस्थाने उपशमकः क्षपकः।

अनेन ‖ एव सिद्धत्वात् ‖ इतरेषां ‖ ग्रहणम् ‖ = इस (सूत्र) करि ही सिद्ध होनेतें अन्य (पांचवें-छठवें-आठवें सूत्रोंका) ग्रहण
अनर्थकं ‖ स्यात् ⊤ तत्र * जीवद्रव्यम् ‖ = निःप्रयोजन वा व्यर्थ होता [अतः मेरेसे कहना योग्य है] तहां चेतन द्रव्यको
अधिकृत्य÷सत्-आदि-अनुयोगद्वार-निरूपणं ‖ = आश्रयकर सत् आदि [आठ] प्रश्नोंद्वारा कथन वा उपदेश
क्रियते ⊤ जीवाः ‖ चतुर्दश—गुणस्थानेषु ‖ = किया है ॥ और जीव चौदह गुणस्थानोंमें
व्यवस्थिताः ‖ = व्यवस्थित हैं वा तिष्ठ हैं [और वे गुणस्थान निम्न लिखित हैं)
१ मिथ्यादृष्टिः ‖ । २ सासादनसम्यग्दृष्टिः ‖ = १ मिथ्यादृष्टि प्रथमगुणस्थानवर्ती। २ सासादन सम्यग्दृष्टि द्वितीयगुणस्थानवाले
३ सम्यङ्मिथ्यादृष्टिः ‖ । ४ असंयतसम्यग्दृष्टिः ‖ = ३ सम्यग्मिथ्यादृष्टि [मिश्रगुणस्थानवर्ती] ४ अविरत सम्यग्दृष्टि
५ संयतासंयतः ‖ ६ प्रमत्तसंयतः ‖ ७ अप्रमत्तसंयतः ‖ = ५ संयतासंयमी वा देशविरतसंयमी ६ प्रमत्तसंयमी, ७ अप्रमत्तसंयमी,
८ अपूर्वकरणस्थाने ‖ उपशमकः ‖ = [८ क] अपूर्वकरण [गुण] स्थानमें उपशम करनेवाला [उपशमक]
(अपूर्वकरणस्थाने) क्षपकः ‖ = (८ ख) अपूर्वकरण (गुण) स्थानमें क्षय करनेवाला [क्षपक]
९ अनिवृत्तिबादरसाम्परायस्थाने ‖ उपशमकः ‖ = [९ क] अनवृत्तिबादरसाम्पराय (गुण) स्थानमें उपशम करनेवाला
[अनिवृत्तिबादरसाम्परायस्थाने] क्षपकः ‖ = [९ ख] अनिवृत्तिबादरसाम्पराय [गुण] स्थानमें क्षय करनेवाला क्षपक

(१) अनेन—इद म् शब्दकी तृतीया विभक्ति एक वचन पुल्लिंग और नपुंसक लिंग दोनोंमें हो सकती है यहां पर सूत्र शब्दसे सम्बन्ध रखता है अतः नपुंसक लिंगमें है इदम्का अनया—तृतीया विभक्ति स्त्री लिंगका रूप है (२) इतरेषाम्—इतर शब्दकी षष्ठी नपुंसक लिंग वा पुल्लिंग हो सकती है यहां पर सूत्र शब्दसे संबंधित है अतः नपुंसक लिंगमें है। (३) क्रियते—कर्मणि प्रधानमें यदि धातुके अंतमें ऋ हो और इस ऋ के पहिले कोई संयोग संलग्न व्यंजन न हो तो ऋ के स्थानमें रि लाते हैं पश्चात् य कर्मणि प्रत्यय और ते एक वचन अन्यपुरुष आत्मनेपदी वर्तमानकालकी क्रियाका चिन्ह लगानेसे क्रियते बन जाता है जैसे कृ=कि क्रिय+ते=क्रियते।

१० सूक्ष्मसाम्परायस्थाने उपशमकः क्षपकः । ११ उपशान्तकषायवीतरागछद्मस्थः । १२ क्षीणकषायवीतरागछद्मस्थः । १३ सयोगकेवली । १४ अयोगकेवली चेति ॥ एतेषामेव जीवसमासानां निरूपणार्थं चतुर्दशमार्गणास्थानानि ज्ञेयानि ॥ गती-न्द्रिय-काय-योग-वेद-कषाय-ज्ञान-संयम-दर्शन-लेश्या-भव्य-सम्यक्त्व-संज्ञा-ऽऽहारका इति ॥ तत्र सत्प्ररूपणा द्विविधा सामान्येन विशेषेण च ॥ सामान्येन तावत् अस्ति मिथ्यादृष्टिः ।

१० सूक्ष्मसाम्परायस्थाने ७।।। उपशमकः १।।	= १० क, सूक्ष्मसाम्पराय (गुण) स्थानमें उपशम करनेवाला उपशमक
[सूक्ष्मसाम्परायस्थाने] क्षपकः १।।	= १० ख, [सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानमें] नाश करनेवाला क्षपक
११ उपशान्तकषायवीतरागछद्मस्थः १।।	= ११ उपशान्तकषाय वीतराग छद्मस्थ
१२ क्षीणकषायवीतरागछद्मस्थः १।।	= १२ कषायविनाशक वीतराग छद्मस्थ
१३ सयोगकेवली १।। च अयोगकेवली १।। इति	= १३ सयोगकेवली और १४ अयोगकेवली ॥ ऐसे [१४ गुणस्थानवर्ती] हैं
एतेषाम् ६।। एव जीवसमासानां ७।। निरूपण-अर्थं १।।।	= इनही गुणस्थानोंके [= जीवसमासानां] कथनके लिये
चतुर्दश-मार्गणा-स्थानानि १।।। ज्ञेयानि १।।।	= चौदह मार्गणास्थान जानने योग्य हैं (और वे)
गति-इन्द्रिय-काय-योग-वेद—	= गति [चार] इंद्रिय [पांच] काय [छह] योग [पन्द्रह] वेद [तीन]
कषाय-ज्ञान-संयम-दर्शन-लेश्या—	= कषाय (पच्चीस) ज्ञान (आठ) संयम (सात) दर्शन (चार) लेश्या [छह]
भव्य-सम्यक्त्व-संज्ञा-आहारकाः १।। इति ॥	= भव्य (दो) सम्यक्त्व (तीन) संज्ञा (दो) आहारक (दो) ऐसे मार्गणा हैं
तत्र सत्प्ररूपणा १।। द्विविधा १।। सामान्येन १।।	= तहां सत्प्ररूपणा दो प्रकार है सामान्यकरि अथवा संक्षेपकरि
च विशेषेण १।। । सामान्येन १।।। तावत् *	= और (= च) विशेषकरि । संक्षेपकरि प्रथम (तावत्)
मिथ्यादृष्टिः १।। अस्ति	= मिथ्यादृष्टि सत्रूप है अर्थात् मिथ्यादृष्टिका अस्तित्व होनापन [वर्तमान] है

(१) " ऐसे चौदह गुणस्थान जानने ! बहुरि इनिकूं जीवसमास संज्ञा भी कही है " सर्वार्थसिद्धि वचनिका मुद्रित पृष्ठ ६७ ॥ इसलिये हमने यहां जीवसमासका अनुवाद गुणस्थान किया है ॥ " जहां जीव पाइये सो जीवसमास कहिये " जीवसमास ५७ हैं और ९८ भी हैं जीवाः १।। सम्यग् १।।। आसते T येषु इति जीवसमासाः १।। = जिन स्थानोंमें (= येषु) जीव अधिक (= सम्यग्) तिष्ठते हैं सो जीवसमास है ॥

अस्ति सासादनसम्यग्दृष्टिरित्येवमादि ॥ विशेषेण—गत्यनुवादेन नरकगतौ सर्वासु पृथिवीषु आद्यानि चत्वारि गुणस्थानानि सन्ति । तिर्यग्गतौ तान्येव संयतासंयतस्थानाधिकानि सन्ति । मनुष्यगतौ चतुर्दशापि सन्ति । देवगतौ नारकवत् ॥ इन्द्रियानुवादेन एकेंद्रियादिषु चतुरिन्द्रियपर्यन्तेषु एकमेव मिथ्यादृष्टिस्थानम् । पंचेन्द्रियेषु चतुर्दशापि सन्ति ॥ कायानुवादेन पृथिवीकायादिषु वनस्पतिकायान्तेषु एकमेव मिथ्यादृष्टिस्थानम् ॥ त्रसकायेषु चतुर्दशापि सन्ति ॥

अस्ति सासादनसम्यग्दृष्टिः ।। एवम् इत्यादि = सासादन सम्यग्दृष्टि सत् स्वरूप है । ऐसे [= एवम्] इत्यादि
अर्थात् तीसरे गुणस्थानसे लेकर चौदहवें गुणस्थान पर्यंत अस्तित्व जानो

विशेषेण ।। गति अनुवादेन ।। नरकगतौ ।।। = भेद प्रभेद करि गतिके कथनानुसारसे नरकगतिमें

सर्वासु ।।। पृथिवीषु ।।। आद्यानि ।।।। चत्वारि ।।।। = सब नरकोंमें पहले चार [मिथ्यात्व-सासादन-मिश्र-अव्रत]

गुणस्थानानि ।।।। सन्ति । तिर्यग्गतौ ।।। तानि।।।। एव = गुणस्थान हैं । तिर्यंचगतिमें वे ही [अर्थात् आदिके चार गुणस्थान]

संयतासंयत-स्थान-अधिकानि ।।।। सन्ति संयतासंयत गुणस्थान अधिक सहित [अर्थात् आदिके पांच गुणस्थान] हैं

मनुष्यगतौ ।।। चतुर्दश ।।।। सन्ति = मनुष्यगतिमें चौदह ही [अपि] गुणस्थान हैं

देवगतौ ।।। नारकवत्* = देवगतिमें नारकियोंके सदृश (आदिके चार गुणस्थान) है

इन्द्रिय-अनुवादेन ।। एकेन्द्रिय-आदिषु ।। चतुर् = इन्द्रियकी अपेक्षासे एकेन्द्रियसे चार

इन्द्रिय-पर्यन्तेषु ।। एकम् ।।।। एव मिथ्यादृष्टि- = इन्द्रियतकमें एक ही मिथ्यादृष्टि

स्थानम् ।।।। पञ्चेन्द्रियेषु ।।।। चतुर्दश ।।।। अपि सन्ति = गुणस्थान है पंचेन्द्रियमें चौदह (गुणस्थान) भी हैं

कायअनुवादेन ।। पृथिवीकाय आदिषु ।। वनस्पति- = कायकी अपेक्षाकरि पृथिवी कायसे लगाय वनस्पति

काय- = काय (अर्थात् पृथिवीकाय, अप्काय, तेजःकाय, वायुकाय, वनस्पतिकाय)

अन्तेषु ।। एकम् ।।।। एव मिथ्यादृष्टि-स्थानम् ।।।। = पर्यन्तमें एकही मिथ्यादृष्टि गुणस्थान है

त्रसकायेषु ।। चतुर्दश ।।।। अपि सन्ति = त्रसकायमें चौदह भी गुणस्थान हैं ॥

योगानुवादेन त्रिषु योगेषु त्रयोदशगुणस्थानानि भवन्ति । ततः परः अयोगकेवली ॥ वेदानुवादेन त्रिषु वेदेषु मिथ्यादृष्ट्याद्यनिवृत्तिबादरान्तानि सन्ति । अपगतवेदेषु अनिवृत्तिबादराद्ययोगकेवल्यन्तानि ॥ कषायानुवादेन क्रोधमानमायासु मिथ्यादृष्ट्यादीनि अनिवृत्तिबादरस्थानान्तानि संति । लोभकषाये तान्येव सूक्ष्मसाम्परायस्थानाधिकानि । अकषायः

योग-अनुवादेन ‖ त्रिषु ‖ योगेषु ‖ त्रयोदश-गुणस्थानानि ‖॥ भवन्ति ⊤ ततः * परः ‖ अयोग-केवली ‖

=योगकी अपेक्षासे [मन वचन काय] तीनों योगनमें तेरह =गुणस्थान (प्रथमसे तेरह तक) होते हैं। तहां [तेरह गुणस्थान] से आगे =अयोग केवली है अर्थात् चौदहवें गुणस्थानमें कोई भी योग नहीं है

वेद-अनुवादेन ‖ त्रिषु ‖ वेदेषु ‖ मिथ्यादृष्टि-आदि-अनिवृत्तिबादर-अंतानि ‖॥ सन्ति ⊤

=वेदके कथनानुसारकरि तीनों (स्त्री-पुरुष-नपुंसक) वेदोंमें मिथ्यादृष्टिके =प्रारंभसे [आदि] अनिवृत्ति बादर [नववें) गुणस्थान पर्यंत हैं। अर्थात् मिथ्यात्व गुणस्थानसे नववें गुणस्थानके दो (तीन वेद और तीन अवेद) भागोंमेंसे वेदभाग तक है।

अपगतवेदेषु ‖ अनिवृत्तिबादर-आदि-अयोग-केवलि-अन्तानि ‖॥

=वेदरहितमें अनिवृत्ति बादर (नवमे गुणस्थान के अंतके तीन भाग) से =अयोगकेवली (चौदह गुणस्थानवर्ती) तक हैं यहां भावार्थ ऐसा है, कि अनिवृत्ति बादर साम्पराय नववें गुणस्थानके छह भाग किये हैं उनमें से पहिले तीन भागोंमें वेद है और अंतके तीन भाग वेदरहित हैं इस कारण यह गुणस्थान वेदरहित और वेदसहित दोनों गुणस्थानोंमें लिया गया है

कषाय-अनुवादेन ‖ क्रोध-मान-मायासु ‖ मिथ्यादृष्टि आदीनि ‖॥ अनिवृत्तिबादर-स्थान+अंतानि ‖॥ संति लोभकषाये ‖ तानि ‖॥ एव सूक्ष्मसांपराय-स्थान अधिकानि ‖॥ अकषायः ‖

=कषायके कथनानुसार करि क्रोध मान माया में मिथ्यादृष्टि प्रथमगुणस्थान =से अनिवृत्ति बादर साम्पराय (नववें गुणस्थान) तक (नौ गुण स्थान) हैं =लोभ कषायमें वेही [प्रथमसे नोतक गुणस्थान] और सूक्ष्मसांपराय =गुणस्थान अधिक [ऐसे दश] गुणस्थान हैं। कषायरहित

उपशान्तकषायः क्षीणकषायः सयोगकेवली अयोगकेवली च ॥ ज्ञानानुवादेन मत्यज्ञानश्रुताज्ञान-विभङ्गज्ञानेषु मिथ्यादृष्टिः सासादनसम्यग्दृष्टिश्चास्ति । (१) आभिनिबोधिकश्रुतावधिज्ञानेषु असंयत-सम्यग्दृष्ट्यादीनि क्षीणकषायान्तानि सन्ति ।

उपशान्तकषायः ।। क्षीणकषायः ।।	= उपशान्तकषाय (ग्यारहवां गुणस्थानवर्ती) क्षीणकषाय (बारहवां गुणस्थानवर्ती)
सयोगकेवली ।। च अयोगकेवली ।।	= सयोगकेवली (तेरहवां गुणस्थानवर्ती) और अयोगकेवली (चौदहवां गुणस्थानवर्ती) हैं
ज्ञान अनुवादेन ।। मति-अज्ञान-श्रुत-अज्ञान-	= ज्ञानकी विवक्षासे मतिअज्ञान श्रुतअज्ञान
विभङ्गज्ञानेषु ।। मिथ्यादृष्टिः ।	= कुअवधिज्ञान [= विभङ्गज्ञान] में मिथ्यादृष्टि [प्रथम गुणस्थानवर्ती]
च सासादनसम्यग्दृष्टिः ।। अस्ति ।	= और [= च] सासादनसम्यग्दृष्टि [दूसरे गुणस्थानवर्ती] हैं
आभिनिबोधिक-श्रुत-अवधि-ज्ञानेषु ।।। असंयत	= मति श्रुत अवधि ज्ञानोंमें अविरत
सम्यग्दृष्टि आदीनि ।।। क्षीणकषाय-अन्तानि ।।। सन्ति	= सम्यग्दृष्टि प्रभृति क्षीणकषाय [बारहवां गुणस्थान] पर्यंत (नोगुणस्थान) हैं

(१) मतिज्ञान श्रुतज्ञान और अवधिज्ञानका प्रारंभ असंयत चौथे गुणस्थानसे इसहेतुसे होता है कि—

सम्यङ्मिथ्यादृष्टेः ज्ञानमज्ञानं च केवलं न सम्भवति । तस्याज्ञानत्रयाधारत्वात् । उक्तं च'मिस्से णाणत्तय (त्तिय) मिस्सं अण्णाणत्तये (त्तिये)णेति तेन ज्ञानानुवादे मिश्रस्यानभिधानम् । तस्याज्ञानप्ररूपणायामेवाभिधानं ज्ञातव्यम् । ज्ञानस्य यथार्थविषयत्वाभावात् । इति श्रुतसागरः ॥

सम्यङ्मिथ्यादृष्टेः ।। ज्ञानम् ।।। अज्ञानं ।।। च	= सम्यङ्मिथ्यादृष्टि (तीसरे गुणस्थानवर्ती) के ज्ञान और अज्ञान
केवलं ।।। न सम्भवति T तस्य ।। अज्ञानत्रय-	= अकेला (= निरा) सम्भव नहीं है । क्योंकि (तिस मिश्रस्थान)के तीन अज्ञानका
आधारत्वात् ।।। उक्तं ।।। च मिस्से ।।। (मिश्रे)	= आश्रय वा सामीप्य है । कहा भी (= च) है । मिश्र (तीसरे) गुणस्थानमें
णाणत्तय (त्तिय) मिस्सं ।।। = ज्ञानत्रय-(त्रिक मिश्र ।।।	= तीन (मति-श्रुत-अवधि) ज्ञान मिश्रित हैं अथवा मिले हुये हैं
अण्णाणत्तये(त्तिये)ण ।।। इति	= तीन (मति-श्रुत-अवधि) अज्ञानकरि । (ज्ञान कुज्ञान नीर क्षीरके समान मिले हुये
अज्ञान त्रयेण ।।। (त्रिकेण ।।।) इति	हैं इसने न तो ज्ञानका ही मिश्रगुणस्थानमें अस्तित्व कह सकते हैं न कुज्ञानका)
तेन ।।। ज्ञान-अनुवादे ।।	= तिस (मिश्रमें ज्ञान कुज्ञानको दूध पानीके सदृश मिले रहने) से ज्ञानके प्रकरणमें

मनःपर्ययज्ञाने प्रमत्तसंयतादयः क्षीणकषायान्ताः सन्ति । केवलज्ञाने संयोगोऽयोगश्च ॥ संयमानुवादेन संयताः प्रमत्तादयोऽयोगकेवल्यन्ताः । सामायिकच्छेदोपस्थापनाशुद्धिसंयताः प्रमत्तादयोऽनिवृत्तिस्थानान्ताः । परिहारविशुद्धिसंयताः प्रमत्ताप्रमत्ताश्च । सूक्ष्मसाम्परायशुद्धिसंयता एकस्मिन्नेव सूक्ष्मसाम्परायस्थाने ।

मनःपर्ययज्ञाने ७।१ प्रमत्तसंयत-आदयः १।३	= मनःपर्ययज्ञानमें प्रमत्तसंयमी [छठेगुणस्थान] से
क्षीण-कषाय-अन्ताः १।३ सन्ति । केवलज्ञाने ७।१	= क्षीणकषाय (बारहवां गुणस्थान) तक हैं केवलज्ञानमें
सयोगः १।१ च अयोगः १।१	= सयोगकेवली और (चौदहवें गुणस्थानमें) योगरहित (अयोगकेवली) हैं
संयम-अनुवादेन ३।१ संयताः १।३ प्रमत्त आदयः १।३	= संयमके कथनानुसारसे संयमी प्रमत्त [छठे गुणस्थानवालों] से
अयोग-केवलि-अन्ताः १।३ सामायिकच्छेदोपस्थापना-	= अयोगकेवली (चौदह गुणस्थानवर्ती) तक हैं । सामायिकच्छेदोपस्थापना
शुद्धि-संयताः १।३ प्रमत्त-आदयः १।३ अनिवृत्तिस्थान	= शुद्धिसंयमी प्रमत्त (छठे गुणस्थान) के आरम्भसे अनिवृत्तिगुणस्थान
अन्ताः १।३ परिहारविशुद्धि-संयताः १।३ प्रमत्त-	= पर्यंत हैं । परिहारविशुद्धि संयमी प्रमत्त (छठे गुणस्थानवर्ती)
अप्रमत्ताः १।३ च सूक्ष्मसाम्परायशुद्धिसंयताः १।३	= और अप्रमत्त [सातवें गुणस्थान वर्ती] हैं । सूक्ष्मसाम्परायशुद्धिसंयमी
एकस्मिन् ७।१ एव सूक्ष्मसाम्परायस्थाने ७।१	= एक [= एकस्मिन्] ही सूक्ष्मसाम्पराय [दशवें] गुणस्थानमें हैं

मिश्रस्य ६।१ अत्र-अभिधानम् १।१ । तस्य ६।१ अज्ञान-प्ररूपणायाम् ७।१ एव अभिधानं १।१ ज्ञातव्यम् १।१ ज्ञानस्य १।१ यथार्थ - विषयत्व—अभावात् ५।१

= मिश्र (तीसरे गुणस्थान) का कथन नहीं है । तिस (मिश्रगुणस्थान) का
= अज्ञानप्ररूपणामें ही (= एव) कथन जानना योग्य है
= क्योंकि ज्ञानका ठीक ठीक विषय है उसका (अज्ञानमें) अभाव है अर्थात् ज्ञान अपने विषयोंसे पदार्थके स्वरूपको ज्योंका त्यों ग्रहण करता है उस प्रकारका विषय का सामर्थ्य जो पदार्थके स्वरूपको यथार्थ ग्रहण करे वह अज्ञानमें नहीं पाई जाती है

इति श्रुतसागरः १।१

= ऐसा श्रुतसागर सूरिकी तत्त्वार्थसूत्रकी श्रुतसागरी टीकामें है ॥

(१) जब ह्—ष्—न् शब्द अथवा पदके अन्तमें हो और उसके प्रथम कोई ह्रस्व स्वर हो और उक्त ह्—ष्—न् के पीछे कोई स्वर हो तो ह्—ण् अथवा न् दुहरा हो जाता है इसलिये एकस्मिन् पदमें न् दुहरा होकर एकस्मिन्नेव बन गया ।

यथाख्यातविहारशुद्धिसंयता उपशांतकषायादयोऽयोगकेवल्यन्ताः । संयतासंयता एकस्मिन्नेव संयतासंयतस्थाने । असंयता आद्येषु चतुर्षु गुणस्थानेषु ॥ दर्शनानुवादेन चक्षुर्दर्शनाचक्षुर्दर्शनयोर्मिथ्यादृष्ट्यादीनि क्षीणकषायान्तानि सन्ति । अवधिदर्शने असंयतसम्यग्दृष्ट्यादीनि क्षीणकषायान्तानि । केवलदर्शने सयोगकेवली अयोगकेवली च ॥ लेश्यानुवादेन कृष्णनीलकपोतलेश्यासु मिथ्यादृष्ट्यादीनि असंयतसम्यग्दृष्ट्यन्तानि सन्ति । तेजःपद्मलेश्ययोर्मिथ्यादृष्ट्यादीनि अप्रमत्तस्थानान्तानि । शुक्ललेश्यायां मिथ्यादृष्ट्यादीनि सयोगकेवल्यन्तानि ।

यथाख्यातविहारशुद्धिसंयताः ॥ उपशांतकषाय- = यथाख्यातविहार शुद्धि संयमी उपशांतकषाय [ग्यारहवां गुणस्थानवर्ती]
आदयः ॥ अयोगकेवलि-अन्ताः ॥ संयतासंयताः ॥ = से अयोगकेवली [चौदहवां गुणस्थानवर्ती] तक हैं । संयमासंयमी
एकस्मिन् ॥ एव संयतासंयतस्थाने ॥ = एक ही संयतासंयत [पांचवें] गुणस्थानमें हैं
असंयताः ॥ आद्येषु ॥ चतुर्षु ॥ गुणस्थानेषु ॥ = असंयमी पहिले चार [मिथ्यात्व-सासादन-मिश्र-अविरत] गुणस्थानोंमें हैं
दर्शनानुवादेन ॥ चक्षुर्दर्शन-अचक्षुर्दर्शनयोः ॥ = दर्शनके कथनानुसारसे चक्षुर्दर्शन, अचक्षुर्दर्शनमें
मिथ्यादृष्टि आदीनि ॥ क्षीणकषाय-अन्तानि ॥ = मिथ्यादृष्टि गुणस्थानसे क्षीणकषाय [बारहवें गुणस्थान] पर्यंत
सन्ति । अवधि-दर्शने ॥ असंयत-सम्यग्दृष्टि- = हैं । अवधिदर्शनमें असंयत सम्यग्दृष्टि [चौथे गुणस्थान]
आदीनि ॥ क्षीणकषाय-अन्तानि ॥ केवल- = लेकर क्षीणकषाय [बारहवें गुणस्थान] पर्यंत हैं । केवल
दर्शने ॥ सयोगकेवली ॥ च अयोगकेवली ॥ = दर्शनमें सयोगकेवली [तेरहवें गुणस्थानवर्ती] और अयोगकेवली हैं
लेश्या-अनुवादेन ॥ कृष्ण-नील-कपोत- = लेश्याके कथनानुसारसे कृष्ण-नील-कपोत
लेश्यासु ॥ मिथ्यादृष्टि-आदीनि ॥ असंयत- = लेश्याओंमें मिथ्यादृष्टि (प्रथम गुणस्थान) से लेकर अविरत
सम्यग्दृष्टि अन्तानि ॥ सन्ति ॥ = सम्यग्दृष्टि (चौथे गुणस्थान) पर्यंत (ऐसे चार गुणस्थान) हैं
तेजःपद्मलेश्ययोः ॥ मिथ्यादृष्टि-आदीनि ॥ = पीत पद्म दो लेश्याओंमें, मिथ्यादृष्टि (प्रथम गुणस्थान) से लेकर
अप्रमत्तस्थान-अन्तानि ॥ शुक्ललेश्यायां ॥ = अप्रमत्त (सातवां गुणस्थान) तक है । शुक्ललेश्यामें [उपचारमात्र है]
मिथ्यादृष्टि-आदीनि ॥ सयोगकेवलि-अन्तानि ॥ = मिथ्यादृष्टि (से लेकर सयोगकेवली) तक हैं । तेरहवें गुणस्थानमें लेश्या

अलेश्या अयोगकेवलिनः ॥ भव्यानुवादेन भव्येषु चतुर्दशापि सन्ति । अभव्या आद्य एव स्थाने ॥ सम्यक्त्वानुवादेन क्षायिकसम्यक्त्वे असंयतसम्यग्दृष्ट्यादीनि अयोगकेवल्यन्तानि सन्ति । क्षायोपशमिकसम्यक्त्वे असंयतसम्यग्दृष्ट्यादीनि अप्रमत्तान्तानि । औपशमिकसम्यक्त्वे असंयतसम्यग्दृष्ट्यादीनि उपशान्तकषायान्तानि । सासादनसम्यग्दृष्टिः सम्यङ्मिथ्यादृष्टिर्मिथ्यादृष्टिश्च स्वे स्वे स्थाने ॥ संज्ञानुवादेन संज्ञिषु द्वादशगुणस्थानानि क्षीणकषायान्तानि । असंज्ञिषु एकमेव मिथ्यादृष्टिस्थानम् । तदुभयव्यपदेशरहितः सयोगकेवली अयोगकेवली च ॥

अलेश्याः ॥ अयोगकेवलिनः ॥ । भव्य-अनुवादेन ॥ = लेश्यारहित अयोगकेवली हैं ॥ भव्यजीवोंकी अपेक्षासे
भव्येषु ॥ चतुर्दश ॥ अपि* सन्ति । अभव्याः ॥ = भव्य जीवोंमें चौदह (सर्वगुणस्थान) ही हैं । अभव्य जीव
आद्ये ॥ एव स्थाने ॥ सम्यक्त्व-अनुवादेन ॥ = प्रथम (मिथ्यात्व) ही गुणस्थानमें हैं । सम्यग्दर्शनकी विवक्षासे
क्षायिकसम्यक्त्वे ॥ असंयतसम्यग्दृष्टि— = क्षायिक सम्यग्दर्शनमें असंयत सम्यग्दृष्टि (चौथे गुणस्थानवर्ती)
आदीनि ॥ अयोगकेवलि अन्तानि ॥ सन्ति = से लेकर अयोगकेवली तक (ग्यारह गुणस्थान वाले) हैं
क्षायोपशमिकसम्यक्त्वे ॥ असंयतसम्यग्दृष्टि = क्षायोपशमिक सम्यक्त्वमें अविरत सम्यग्दृष्टि (चौथे गुणस्थानवर्ती)
आदीनि ॥ । अप्रमत्त-अन्तानि ॥ = से लेकर अप्रमत्त [सातवां गुणस्थान ऐसे चार गुणस्थान] तक है
औपशमिक-सम्यक्त्वे ॥ असंयतसम्यग्दृष्टि- = उपशम सम्यग्दर्शनमें असंयत सम्यग्दृष्टि [चौथे गुणस्थान]
आदीनि ॥ उपशांतकषाय-अन्तानि ॥ = से लेकर उपशांत कषाय ग्यारहवां गुणस्थान पर्यंत हैं
सासादन सम्यग्दृष्टिः ॥ सम्यग्मिथ्यादृष्टिः ॥ = सासादन सम्यग्दृष्टि [द्वितीयगुणस्थानवर्ती] मिश्र (तीसरे गुणस्थानवर्ती)
च मिथ्यादृष्टिः ॥ स्वे ॥ स्वे ॥ स्थाने ॥ = और मिथ्यादृष्टि [प्रथम गुणस्थानवाले] अपने अपने गुणस्थानमें हैं
संज्ञा-अनुवादेन ॥ संज्ञिषु ॥ द्वादश-गुणस्थानानि ॥ = संज्ञाके कथनानुसारसे सैनीमें बारह गुणस्थान
क्षीणकषाय-अन्तानि ॥ क्षीणकषाय पर्यंत हैं अर्थात् सैनी प्रथम गुणस्थानसे बारहवें तक हैं
असंज्ञिषु ॥ एकम् ॥ एव मिथ्यादृष्टिस्थानम् ॥ = असैनीयोंमें एक ही मिथ्यादृष्टि गुणस्थान है
तद्-उभय-व्यपदेशरहितः ॥ सयोगकेवली ॥ = उन (सैनी असैनी) दोनों नामोंसे वर्जित सयोगकेवली
च [illegible]योगकेवली ॥ = और अयोगकेवली है

यथाक्रम

आहारानुवादेन आहारकेषु मिथ्यादृष्ट्यादीनि सयोगकेवल्यन्तानि। अनाहारकेषु विग्रहगत्यापन्नेषु त्रीणि गुणस्थानानि, मिथ्यादृष्टिः सासादनसम्यग्दृष्टिरसंयतसम्यग्दृष्टिश्च। समुद्घातगतः सयोगकेवली अयोगकेवली च। सिद्धाः परमेष्ठिनः अतीतगुणस्थानाः ॥ उक्ता सत्प्ररूपणा ॥

आहार अनुवादेन ‖ आहारकेषु ‖ मिथ्यादृष्टि	= आहारकी अपेक्षाकर आहारकमें मिथ्यादृष्टि (प्रथम गुणस्थान)
आदीनि ‖॥ सयोग-केवलि-अन्तानि ‖॥	= से लेकर सयोग केवली (तेरहवें गुणस्थान) तक (तेरह) हैं
अन् आहारकेषु ‖ विग्रह-गति-आपन्नेषु ‖ त्रीणि ‖॥	= अनाहारकोंमें विग्रहगतिको प्राप्तोंमें तीन
गुणस्थानानि ‖॥ मिथ्यादृष्टिः ‖ सासादनसम्यग्दृष्टिः ‖	= गुणस्थान मिथ्यादृष्टि (प्रथम) सासादन सम्यग्दृष्टि (दूसरा)
च असंयतसम्यग्दृष्टिः ‖ समुद्घातगतः ‖	= और असंयत सम्यग्दृष्टि (चौथा) एवं समुद्घातको प्राप्त
सयोगकेवली ‖ च अयोगकेवली ‖	= सयोगकेवली (तेरहवें गुणस्थानवर्ती हैं और अयोगकेवली (चौदहवें गुणस्थान वर्ती अनाहारक) हैं ॥ भावार्थ—यह जीव तीन अवस्थामें अनाहारक हो सक्ता है एक तो विग्रहगति करते समय दूसरे सयोगकेवलीका आत्मा समुद्घात करते समय, तीसरे अयोगकेवली हो जानेके समय ॥ उसमें साधारण जीवके विग्रहगति (अर्थात् नवीन शरीर धारण करनेके लिये गमन) में प्रथम, द्वितीय और चतुर्थ गुणस्थानोंमेंसे कोई एक गुणस्थान होता है सयोगकेवलीके समुद्घात [अर्थात् मूलदेह न छोडकर जीवके प्रदेश बाहर जाकर पुनः उसी शरीरमें लौट आने] की अवस्थामें तेरहवां गुणस्थान रहता है और अयोगकेवली चौदहवें गुणस्थानवर्ती अनाहारक होते हैं और उनके समुद्घात नहीं होता है]
सिद्धाः ‖ परमेष्ठिनः ‖ अतीत-गुणस्थानाः ‖	= सिद्ध परमेष्ठी अर्थात् मुक्तजीव गुणस्थानरहित हैं।
उक्ता ‖॥ सत्प्ररूपणा ‖॥	= इस प्रकार सत् [प्रथम प्ररूपणा] कही गई ॥

(१) औदारिक वैक्रियिक आहारक ये तीन शरीर और छह (आहार शरीर-इन्द्रिय-स्वासोच्छ्वास-भाषा और मन) पर्याप्तिके योग्य पुद्गल वर्गणाके ग्रहणको आहार कहते हैं। ऐसे आहारको ग्रहण नहीं करे तब तक उसको अनाहारक कहते हैं। जीव अधिकसे अधिक विग्रहगतिमें तीन समय तक अनाहारक रहता है। चौथे समयमें शरीर पर्याप्तिका ग्रहण करके आहारक हो जाता है।

सङ्ख्याप्ररूपणोच्यते—सा द्विविधा सामान्येन विशेषेण च ॥ सामान्येन तावत् जीवा मिथ्यादृष्टयोऽनन्तानन्ताः । सासादनसम्यग्दृष्टयः सम्यङ्मिथ्यादृष्टयोऽसंयतसम्यग्दृष्टयः संयतासंयताश्च पल्योपमासङ्ख्येयभागप्रमिताः ॥ प्रमत्तसंयताः कोटीपृथक्त्वसङ्ख्याः । पृथक्त्वमित्यागमसंज्ञा, तिसृणां कोटीनामुपरि

सङ्ख्याप्ररूपणा ।। उच्यते T सा ।। द्विविधा ।। = (अब) सङ्ख्या वा भेद गणना प्ररूपणा कही जाती है वह दो प्रकार है
सामान्येन ।। च विशेषेण ।। = संक्षेपकरि और विशेषकरि अर्थात् संक्षेपसे गुणस्थानमें और भेद प्रभेदकरि मार्गणामें संख्या प्ररूपणाका कथन है ।
सामान्येन ।। तावत् मिथ्यादृष्टिजीवाः ।। = सामान्यसे प्रथम (= तावत्) मिथ्यादृष्टि जीव
अनन्तानन्ताः ।। सासादनसम्यग्दृष्टयः ।। = अनन्तानन्त हैं । सासादनसम्यग्दृष्टि दूसरे गुणस्थानवर्ती
सम्यग्मिथ्यादृष्टयः ।। असंयतसम्यग्दृष्टयः ।। = मिश्र तीसरे गुणस्थानवर्ती अविरतसम्यग्दृष्टि चौथे गुणस्थानवर्ती
च संयतासंयताः ।। पल्योपम- = और देशविरत संयमी पांचवां गुणस्थानवर्ती पल्योपमके
असंख्येयभागप्रमिताः ।। = असंख्यात भाग प्रमाण हैं
प्रमत्तसंयताः ।। कोटीपृथक्त्वसंख्याः ।। = प्रमत्तसंयमी (छठे गुणस्थानवर्ती) हैं जिनकी गणना पृथक्त्व करोड है
पृथक्त्वम् ।।।। इति आगमसंज्ञा ।। तिसृणां ।। = पृथक्त्व ऐसी आगममें गणना तीन
कोटीनाम् ।। उपरि नवानाम् ।। अधस् * = करोडके ऊपर नौ (करोड) के नीचे है (अर्थात् ५९३९८२०६ जीव छठेगुणस्थानमें हैं

(१) तेरह कोड़ी देसे वावण्णा सासणे मुणेयव्वा ॥ मिस्सम्मि य तद्दुगुणा असंजदा सत्त सण्ण कोडीओ ।
तेरह कोड़ी ।। देसे ।। (त्रयोदश ।। कोट्यः ।। देशे ।।) = देशविरत (पांचवें गुणस्थान) में तेरह करोड़ (जीव)
वावण्णा ।। सासणे ।। (द्वापञ्चाशत् ।। सासादने ।।) = बावन करोड़ (जीव) सासादन (दूसरे गुणस्थान) में
मुणेयव्वा ।। मिस्सम्मि ।। य(ज्ञातव्या : ।। मिश्रे ।।च) = जानना, और (= य) मिश्र (गुणस्थान) में
तद्दुगुणा ।। असंजदा ।। (तद्-द्विगुणाः ।। असंयताः ।।) = उस (बावन करोड़के) दूने (एकसौ चार करोड़) हैं असंयत (चौथेगुणस्थानवर्ती)
सत्तसण्ण कोड़ीओ ।। (सप्तशतकोट्यः ।।) = सातसौ करोड़ हैं अर्थात् सात अरब हैं ।

नवानामधः ॥ अप्रमत्तसंयताः संख्येयाः । चत्वार उपशमकाः प्रवेशेन एको वा द्वौ वा त्रयो वा । उत्कर्षेण चतुःपञ्चाशत् स्वकालेन समुदिताः संख्येयाः ॥ चत्वारः क्षपका अयोगकेवलिनश्च प्रवेशेन एको वा

अप्रमत्तसंयताः ।। संख्येयाः ।। = अप्रमत्त संयमी (सातवें गुणस्थानवर्ती) संख्यात अर्थात् २९९९९१०२ हैं
चत्वारः ।। उपशमकाः ।। एकः ।। वा द्वौ ।। वा = चारों उपशम [श्रेणी] वाले एक अथवा दो अथवा
त्रयः ।। वा उत्कर्षेण ।। चतुःपञ्चाशत् ।। प्रवेशेन ।। = तीन [आदि उत्कृष्टकरि चौवन । संख्या तक] प्रवेश होनेसे
स्वकालेन ।। समुदिताः ।। संख्येयाः ।। = अपने अपने कालकरि इकट्ठे हों (तब) संख्यात होते हैं भावार्थ—अपूर्व करण आठवां, अनिवृत्ति करण नवमां, सूक्ष्म सांपराय दशवां, उपशांतकषाय ग्यारहवां, गुणस्थान उपशम श्रेणीमें एक जीवसे लेकर उत्कृष्ट चौवन तक एक समयमें एक २ गुणस्थानमें प्रवेश कर सकते हैं, और चारों गुणस्थानकी समस्त उत्कर्ष संख्या ११९६ जीवोंकी होगी, एक एक गुणस्थानमें २९९,२९९ जीव उत्कृष्ट रह सक्ते हैं और इन गुणस्थानोंमेंसे अपूर्वकरण, अनिवृत्तिकरण, सूक्ष्मसांपराय क्षपक श्रेणीमें भी होते हैं उन प्रत्येकमें उत्कर्ष जीव संख्या २९८ है ॥

चत्वारः ।। = चारों (अपूर्वकरण-अनिवृत्तिकरण, सूक्ष्मसांपराय और क्षीणकषाय)
क्षपकाः ।। च अयोगकेवलिनः ।। एकः ।। वा * = क्षपक (श्रेणी गुणस्थान) वाले और अयोग केवली एक

च-वा । इन अव्ययोंका प्रयोग संस्कृतमें वाक्यके प्रत्येक भागके साथ करते हैं अथवा केवल वाक्यके अंत भागके साथ करते हैं वाक्यके प्रत्येक भागके साथ च-वा का प्रयोग संस्कृतकी बोल चालके अनुकूल शुद्ध है परन्तु भाषामें वाक्यके प्रथम भागको छोड़कर शेष भागोंमें सर्व में लगा दो अथवा केवल अंत भागमें लगादो इसलिये भाषाके अनुवाद करनेमें संस्कृतके प्रथम च अथवा वा का अनुवाद छोड़ दिया जाता है । नहीं तो बोल चालके प्रतिकूल पड़ता है जैसे 'अथवा एक अथवा दो अथवा तीन उपशमक प्रवेश कर सक्ते हैं' बोलनेमें ठीक नहीं है 'एक अथवा दो अथवा तीन उपशमक प्रवेश कर सक्ते हैं' ठीक है । एको द्वौ त्रयो वा = एक दो अथवा तीन इसमें दोनों संस्कृत और हिंदीका प्रयोग ठीक होजाता है ॥ वैसे ही च का है जैसे रामश्च लक्ष्मणश्च भरतश्च शत्रुघ्नश्च जल्पन्ति = राम और लक्ष्मण और भरत और शत्रुघ्न तुतलाते हैं ॥ प्रथम चकारका अनुवाद छोड़ दिया गया अथवा रामो लक्ष्मणो भरतः शत्रुघ्नश्च जल्पन्ति = राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न तुतलाते हैं यहां दोनों भाषाओंकी बोलचाल मेलकर गई इसलिये ऊपरके प्रथम वाक्को अनुवाद करनेमें छोड़ दिया है ॥

द्वौ वा त्रयो वा । उत्कर्षेणाष्टोत्तरशतसंख्याः । स्वकालेन समुदिताः संख्येयाः ॥ सयोगकेवलिनः प्रवेशेन एको वा द्वौ वा त्रयो वा । उत्कर्षेणाष्टोत्तरशतसंख्याः । स्वकालेन समुदिताः शतसहस्रपृथक्त्वसंख्याः ॥ विशेषेण गत्यानुवादेन (१) नरकगतौ प्रथमायां पृथिव्यां नारका मिथ्यादृष्टयोऽसंख्येयाः श्रेणयः

द्वौ ॥ वा * त्रयः ॥ वा उत्कर्षेण ॥ अष्टोत्तरशत संख्याः ॥ प्रवेशेन ॥ स्वकालेन ॥ समुदिताः ॥ संख्येयाः ॥

=अथवा दो अथवा तीन [आदिक] उत्कृष्टकरि एकसौ आठकी संख्या तक प्रवेश होनेसे अपने २ कालकरि इकट्ठे हों (तब) [संख्यात होते हैं अर्थात् पांचों गुणस्थानोंमेंसे प्रत्येक प्रत्येकमें उत्कृष्ट जीव

सयोगकेवलिनः ॥ प्रवेशेन ॥ एकः ॥ वा द्वौ ॥ वा त्रयः ॥ वा उत्कर्षेण ॥ अष्टोत्तरशतसंख्याः ॥ स्वकालेन ॥ समुदिताः ॥ शतसहस्रपृथक्त्वसंख्याः ॥

=सयोग केवली (तेरहवे गुणस्थानवर्ती) प्रवेशकरि एक अथवा दो =अथवा तीन [आदि] उत्कृष्ट करि एकसौ आठकी गणना तक हैं अपने २ =समयकरि समुदाय होय [तब] तीन शतहजारसे ऊपर नौशत हजारसे नीचे हैं (तीन लाखसे ऊपर और नोलाखसे न्यून) अर्थात् उत्कृष्ट ८९८५०२ जीव हो सक्ते हैं ऐसे प्रमत्त संयमीसे अयोग केवलीपर्यंत तीन न्यून नौकरोड संयमी हैं ।

विशेषेण ॥ गत्यनुवादेन ॥

=विशेष रीतिसे गतिके अनुवादकरि

नरकगतौ ॥ प्रथमायां ॥ पृथिव्यां ॥ नारकाः ॥ मिथ्यादृष्टयः ॥ असंख्येयाः ॥ श्रेणयः ॥

=नरक गतिमें पहली पृथिवी [के अब्बहुल भाग] में नारकी =मिथ्यादृष्टि (जीव) असंख्यात [जगत] श्रेणी हैं ।

---

(१) पृथक्त्व केवल तीनसे ऊपर और नौसे नीचले अर्थमें आता है और जिस संख्याके साथ आता है उसका विशेषण होता है जैसे कोटी पृथक्त्वसंख्या अर्थात् वह संख्या जो तीन करोड और नौ करोडके बीचमें हो । शतपृथक्त्वसंख्या अर्थात् वह संख्या जो तीनसौ और नौसेके बीचमें हो । (२) यह श्रेणि क्या है ऐसा प्रश्न करने पर कहते हैं कि "सप्त रज्जुकमयी मुक्ताफलमालावदाकाशप्रदेशपंक्तिः श्रेणिरित्युच्यते ॥" मानविशेष इत्यर्थः ॥

सप्तरज्जुकमयी ॥ मुक्ताफलमालावत् * आकाश—प्रदेशपंक्तिः ॥ श्रेणिः ॥ इति उच्यते । मानविशेषः ॥ इति * अर्थः ॥

=सातराजूरूपवाली (=मयी) मोतियोंकी मालाके सदृश आकाशके =प्रदेशोंकी पांती सो श्रेणी कही जाती है । (श्रेणि) परिमाण वा मापका भेद है =ऐसा अर्थ है ।

प्रतरासंख्येयभागप्रमिताः ॥ द्वितीयादिष्वा सप्तम्या मिथ्यादृष्टयः श्रेण्यसंख्येयभागप्रमिताः । स चासंख्येयभागः असंख्येया योजनकोट्यः । सर्वासु पृथिवीषु सासादनसम्यग्दृष्टयः सम्यग्मिथ्यादृष्टयोऽसंयतसम्यग्दृष्टयश्च पल्योपमासंख्येयभागप्रमिताः ॥ तिर्यग्गतौ तिरश्चां मिथ्यादृष्टयोऽनन्तानन्ताः । सासादनसम्यग्दृष्ट्यादयः संयतासंयतान्ताः पल्योपमासंख्येयभागप्रमिताः ॥

प्रतर-असंख्येय-भाग-प्रमिताः ॥ = (वे असंख्यात जगतश्रेणी जगत) प्रतरके असंख्यातवें भाग हैं
द्वितीय-आदिषु त्रिषु आ-सप्तम्याः ॥ = दूसरी (पृथिवी वा नरक (से सातवीं (पृथिवी वा नरक) तक [=आ]
मिथ्यादृष्टयः श्रेणी-असंख्येयभागप्रमिताः ॥ सः ॥ च = मिथ्यादृष्टि श्रेणीके असंख्येय भाग परिमाण हैं और वह
असंख्येयभागः ॥ असंख्येयाः ॥ योजनकोट्यः ॥ = असंख्यातवां भाग असंख्यात करोड योजनके प्रदेशोंके समान है ।
सर्वासु ॥ पृथिवीषु ॥ सासादनसम्यग्दृष्टयः ॥ = सब (महिलेसे सातवें) नरकमें सासादन सम्यग्दृष्टि [दूसरे गुणस्थानवर्ती]
सम्यग्मिथ्यादृष्टयः ॥ च असंयतसम्यग्दृष्टयः ॥ = सम्यग्मिथ्यादृष्टी [तीसरे गुणस्थानवर्ती] और अविरत सम्यग्दृष्टि
पल्योपमा-असंख्येयभागप्रमिताः ॥ तिर्यग्गतौ ॥ = पल्योपमके असंख्यातवां भाग परिमाण हैं तिर्यंचगतिमें [अनन्तानन्त हैं ॥
तिरश्चां ॥ मिथ्यादृष्टयः ॥ अनन्तानन्ताः ॥ = मिथ्यादृष्टि तिर्यंचोंकी [संख्या] अनन्तानन्त हैं (तिर्यंचोंमें मिथ्यादृष्टि
सासादनसम्यग्दृष्टि आदयः ॥ संयतासंयत-अन्ताः ॥ = सासादन सम्यग्दृष्टि [दूसरे गुणस्थानवर्ती] से संयतासंयमी तक
पल्योपम-असंख्येयभाग-प्रमिताः ॥ = पल्योपमके असंख्यातवेंभाग परिमाण [तिर्यंच] हैं

(१) प्रतर-असंख्येय-भागप्रमिता ॥ इति यद् ॥ उक्तं ॥ = प्रतरके असंख्यातवें भाग परिमाण ऐसे जो (वाक्य) कहागया है
सः ॥ प्रतरः ॥ कियान् ॥ भवति । श्रेणि-गुणिता ॥ = वह प्रतर कितना (परिमाणमें) है । श्रेणीसे गुणी गई (प्रतर है)
श्रेणीः ॥ प्रतरः ॥ उच्यते । = श्रेणी प्रतर कही जाती हैं (श्रेणीको श्रेणीसे गुणा करनेसे जो गुणनफल हों सो
प्रतर-असंख्यातभागप्रमितानां ॥ असंख्यातानां ॥ = प्रतरके असंख्यातवें भाग परिमाण जो असंख्यात
श्रेणीनां ॥ यावन्तः ॥ प्रदेशाः ॥ तावन्तः ॥ तत्रनारकाः ॥ = श्रेणीयोंके जितने पदेश हों तितने तहां नारकी हैं
इति अर्थः ॥ = ऐसा आशय है अर्थात् असंख्यात जगत श्रेणियोंके (जो श्रेणियां जगत् प्रतरके
असंख्यातवें भाग प्रमाण हैं) जितने प्रदेश हैं उतने प्रथम नरकमें नारकी हैं

(२) देखो टिप्पणी पृष्ठ ७३-७४ । यहां षष्ठीके आगे संख्या शब्द लगानेसे अनुवाद बनता है वा सप्तमीके अर्थमें षष्ठी अष्टाध्यायी २-३-५ सूत्रसे है

मनुष्यगतौ मनुष्या मिथ्यादृष्टयः श्रेण्यसंख्येयभागप्रमिताः। स चासंख्येयभागः असंख्येया योजनकोट्यः। सासादनसम्यग्दृष्ट्यादयः संयतासंयतान्ताः संख्येयाः। प्रमत्तादीनां सामान्योक्ता संख्या॥ देवगतौ देवा मिथ्यादृष्टयोऽसंख्येयाः श्रेणयः प्रतरासंख्येयभागप्रमिताः। सासादनसम्यग्दृष्टिसम्यग्मिथ्यादृष्ट्यसंयतसम्यग्दृष्टयः पल्योपमासंख्येयभागप्रमिताः॥

मनुष्यगतौ ३।१ मिथ्यादृष्टयः ३।१ मनुष्याः ३।१ श्रेणि असंख्येयभागप्रमिताः ३।१ च सः १।१ असंख्येयभागः १।१ असंख्येयाः ३।१ योजनकोट्यः ३।१ सासादनसम्यग्दृष्टि आदयः ३।१ संयतासंयत-अन्ताः ३।१ संख्येयाः ३।१ = मनुष्यगतिमें मिथ्यादृष्टि मनुष्य श्रेणीके असंख्यातवें भाग परिमाण हैं॥ और वह [श्रेणीका] असंख्यातवां भाग = असंख्यात करोड योजन हैं। सासादन सम्यग्दृष्टि से संयतासंयमी (वा देशव्रती पांचवां गुणस्थानवर्ती) तक संख्यात हैं अर्थात् सासादन सम्यग्दृष्टि ५२ करोड हैं, मिश्र तीसरे गुणस्थानवर्ती एक अरब चार करोड़ हैं, असंयमी सात अरब हैं संयतासंयमी तेरह करोड हैं यह सबकी उत्कृष्ट संख्या है॥

प्रमत्त-आदीनाम् ६।३ सामान्या १।१ संख्या १।१ उक्ता १।१ = प्रमत्त आदि (शेष गुणस्थानवर्तियों) की (उत्कृष्ट) गणना संक्षेपसे कह दी है अर्थात् चार उपशम श्रेणीके प्रत्येक गुणस्थानमें २९९, चार क्षपक श्रेणीके प्रत्येक गुणस्थानमें, और चौदहवें गुणस्थानमें ५९८, और तेरहवें गुणस्थानमें ८९८५०२ जीव हैं। यह सर्वकी उत्कृष्ट संख्या है॥

देवगतौ ७।१ मिथ्यादृष्टयः १।३ देवाः १।३ असंख्येयाः १।३ श्रेणयः १।३ प्रतर-असंख्येयभागप्रमिताः १।३ = देवगतिमें मिथ्यादृष्टि देव असंख्यात = श्रेणी है (सो यह देवोंकी संख्या) प्रतरके असंख्यातवां भाग परिमाण है

सासादनसम्यग्दृष्टि-सम्यग्मिथ्यादृष्टि-असंयत सम्यग्दृष्टयः १।३ पल्योपम-असंख्येयभागप्रमिताः १।३ = सासादनसम्यग्दृष्टि [दूसरे गुणस्थानवर्ती] मिश्र गुणस्थानवर्ती, असंयमी = सम्यग्दृष्टि पल्योपमके असंख्यातवां भाग प्रमाण हैं॥

(१) श्रेणि—श्रेणी (स्त्री०) = छिद्ररहित पंक्ति। श्रेण्यसंख्येय = श्रेणि—असंख्येय अथवा श्रेणी असंख्येय (इसी वर्णनि सूत्रसे टिप्पणी पृष्ठ १७) श्रेणि का बहुवचन = श्रेणयः है परन्तु श्रेणीका = श्रेण्यः है वृत्तिकारने श्रेणि शब्द लिया है क्योंकि आगे चलकर श्रेणयः बहुवचन लिया है। अतः हमने श्रेणि—असंख्येय ऐसा ही पदच्छेद किया है॥

[२] इन्द्रियानुवादेन-एकेन्द्रिया मिथ्यादृष्टयोऽनन्तानन्ताः ॥ द्वीन्द्रियास्त्रीन्द्रियाश्चतुरिन्द्रिया असंख्येयाः श्रेणयः प्रतरासंख्येयभागप्रमिताः ॥ पञ्चेन्द्रियेषु मिथ्यादृष्टयोऽसंख्येयाः श्रेणयः प्रतरासंख्येयभागप्रमिताः ॥ सासादनसम्यग्दृष्ट्यादयोऽयोगकेवल्यन्ताः सामान्योक्तसंख्याः ॥

इन्द्रिय-अनुवादेन = एकेन्द्रियाः = मिथ्यादृष्टयः = =इन्द्रियके कथनानुसारसे एकेंद्रिय मिथ्यादृष्टि (जीव)
अनन्तानन्ताः = द्वीन्द्रियाः = त्रीन्द्रियाः = चतुरिन्द्रियाः =अनंतानंत हैं। दो इंद्रियवाले, तीन इन्द्रियवाले, चार इन्द्रियवाले [जीव]
असंख्येयाः = श्रेणयः = प्रतर-असंख्येयभाग- =असंख्यात श्रेणि [परिमाण] हैं वे प्रतरके असंख्यातवें भाग
प्रमिताः = पंचेन्द्रियेषु = मिथ्यादृष्टयः = असंख्येयाः = =परिमाण हैं। पांच इन्द्रियवालोंमें मिथ्यादृष्टि [जीव] असंख्यात
श्रेणयः = प्रतर-असंख्येयभाग-प्रमिताः = =श्रेणी (परिमाण) हैं। (वे असंख्यात जगत् श्रेणी) प्रतरके असंख्यातवां भाग परिमाण हैं।
सासादनसम्यग्दृष्टि-आदयः = अयोगकेवलि अन्ताः = =सासादन सम्यग्दृष्टिसे अयोग केवली पर्यंत (इन १३ स्थानोंमें)
सामान्य-उक्त-संख्याः = =संक्षेपसे [प्रथम] कही हुई संख्यावाले हैं अर्थात् दूसरे गुणस्थानमें बावन करोड ५२००००००० तीसरेमें एकसौ चार करोड, चौथेमें सातसौ करोड (=सात अरब), पांचवेंमें १३ करोड, छठेमें पांचकरोड तिरानवे-लाख, अठानवें सहस्र दोसौछह (५९३९८२०६) सातवेंमें दो करोड, छियानवैलाख, निन्यानवे सहस्र एकसौ तीन (२९६९९१०३) आठवें-नववें-दशवें और ग्यारहवें उपशम श्रेणीके प्रत्येक गुणस्थानमें दोसौ निन्यानव (२९९) और आठवें, नववें, दशवें क्षपक श्रेणीके प्रत्येक गुणस्थानमें और क्षीण कषाय बारहवें गुणस्थानमें और अयोगकेवली चौदहवें गुणस्थानमें प्रत्येकमें ५९८ और सयोग तेरहवां गुणस्थानमें आठलाख अठानवें हजार पांचसौ दो (८९८५०२) दूसरेसे चौदह गुणस्थान तक सर्व जीवोंकी संख्या ८७७९९९९२१७ हुई ॥

(२) सामान्योक्तसंख्याः = संक्षेपसे वर्णित संख्यावाले, अतः यह वाक्य (प्रथमा विभक्ति बहुवचन) पुल्लिंग है।

(३) कायानुवादेन—पृथिवीकायिका अप्कायिकास्तेजःकायिका वायुकायिका असंख्येयलोकाः। वनस्पतिकायिका अनन्तानन्ताः। त्रसकायिकसंख्या पंचेन्द्रियवत्॥

काय-अनुवादेन ॥ पृथिवीकायिकाः ॥ अप्कायिकाः ॥ =कायकी विवक्षासे पृथिवीकायिक, जलकायिक,
=(वेदक सम्यक्त्वकी अवस्थामें जीव) मनुष्य वा देव होता है
=ऐसा (प्रश्न होनेपर) कि असंयत सम्यग्दृष्टीके (जिसका काल तेतीस सागरसे कुछ अधिक कहा है) वेदक सम्यक्त्व भी होता है उस वेदकका समय उत्कर्ष अपेक्षा छ्यासठि सागर है सो असंयत काकाल छ्यासठि सागर क्यों न कहा, उत्तर

गाथा+उदितप्रकारेण ॥ा वेदकसम्यक्त्वस्य ॥ा
उत्कर्षेण ॥ा षट्षष्टिसागर+उपमपर्यन्तम् ॥ा
स्थितिसम्भवे ॥ा अपि* असंयमेन ॥ा सह*तावत्*
कालम् ॥ा तस्य ॥ा अवस्थान-असम्भवात् ॥ा
मध्ये ॥ा देशसंयमसकलसंयमयोः ॥ा

प्राप्तिसम्भवात् ॥ा इह * तस्य ॥ा
उत्कृष्टत्वेन ॥ा अग्रहणम् ॥ा इह*
असंयतसम्यग्दृष्टिकालः ॥ा खलु*
न* तु* सम्यक्त्वकालः ॥ा
परीक्षितुम्
उपक्रान्तः ॥ा

=आर्या छंदसे कहे हुये प्रकारसे क्षायोपशम सम्यग्दर्शनका
=उत्कृष्टकरि छ्यासठि सागर तक
=ठिकाव होनेपर भी असंयम सहित इतने (छ्यासठि सागर)
=समय तक तिस (असंयतसम्यग्दृष्टी) की स्थिति अवस्थान असम्भव है क्योंकि
=(अन्तर्मुहूर्त और चौंतीस सागर के) बीचमें (असंयतसम्यग्दृष्टीके) अणुव्रतवा महाव्रतकी
=प्राप्ति हो जाती है । यहां (इस प्रकरणमें) तिस (असंयत सम्यग्दृष्टिके)
=उत्कर्षपने (छ्यासठि सागर कालका) ग्रहण नहीं है किंतु यहां नियमसे (=खलु)
=असंयमीसम्यग्दर्शनवालेका समय कहा जा रहा है
=(=तु) न (कि) सम्यग्दर्शनका काल
=परीक्षा या निरूपण करनेके लिये (परीक्षितुम्, हेत्वर्थे कृदंत है)
=आरम्भ किया गया है । उत्तरका भावार्थ यह है कि वेदक सम्यक्त्वकी उत्कृष्ट स्थिति छ्यासठि सागर है और असंयत सम्यग्दृष्टिके वेदक सम्यक्त्व भी होता है परंतु असंयम अवस्थामें जीव केवल तेतीस सागरसे कुछ अधिक ही उत्कृष्टकरि रह सकता है पश्चात् वही जीव संयमी या सकल संयमी हो जाता है इस कारण प्रकरणके अनुसार असंयत सम्यग्दृष्टिका समय कुछ अधिक तेतीस सागर कहा है सम्यक्त्वका समय नहीं कहा, न ऐसा समझना चाहिये ॥

संयतासंयतस्य नानाजीवापेक्षया सर्वः कालः । एकजीवं प्रति जघन्येनान्तर्मुहूर्तः । उत्कर्षेण पूर्वकोटी देशोना । प्रमत्ताप्रमत्तयोर्नानाजीवापेक्षया सर्वः कालः । एकजीवं प्रति जघन्येनैकः समयः ॥ उत्कर्षेणान्तर्मुहूर्तः । चतुर्णामुपशमकानां नानाजीवापेक्षया

संयतासंयतस्य ‖ नानाजीव-अपेक्षया ‖ सर्वः ‖ कालः ‖ एकजीवं ‖ प्रति * जघन्येन ‖ अन्तर्मुहूर्तः ‖ उत्कर्षेण ‖ पूर्वकोटी ‖ देशोना ‖

= देशसंयमी (पांचवां गुणस्थानवर्तीनि) का अनेक जीवकी अपेक्षासे सब काल है एक जीवकी अपेक्षासे जघन्य काके अन्तर्मुहूर्त है [पांचवांगुणस्थानवर्तीका) उत्कृष्टकरि कुछ हीन करोड पूर्व है [एकपूर्व चौरासी लाख पूर्वोंका है और एक पूर्वांग चौरासी लाख वरसका होता है)

प्रमत्त-अप्रमत्तयोः ‖ नानाजीव-अपेक्षया ‖ सर्वः ‖ कालः ‖ एकजीवं ‖ प्रति जघन्येन ‖ एकः ‖ समयः ‖ उत्कर्षेण ‖ अन्तर्मुहूर्तः ‖

= प्रमत्तसंयमी (छठां गुणस्थानवर्ती) अप्रमत्त संयमी [सातवांगुणस्थानवर्ती]का = अनेक जीवकी अपेक्षाकरि समस्त काल है = एक जीवकी अपेक्षा जघन्यकरि एक समय है = (प्रमत्त तथा अप्रमत्तका समय) उत्कृष्टकरि अन्तर्मुहूर्त है ॥

चतुर्णाम् ‖ उपशमकानाम् ‖ नानाजीव-अपेक्षया ‖

= चार अपूर्वकरण अनिवृत्तिकरण सूक्ष्मसाम्पराय उपशांत मोह = उपशम (गुणस्थान वर्तीनिका अनेक जीवोंकी विवक्षाकरि

---

(१) वर्षाष्टकं शैशवमतीत्य गृहीतदेशसंयमः पूर्वकोट्यायुर्यो जीवः आमरणाद्देशसंयमं पालयति तदपेक्षया देशोनपूर्वकोटी देशसंयतकालः ।

वर्ष-अष्टकम् ‖ शैशवम् ‖ अतीत्य = आठ वरस बाल अवस्थाको प्राप्त करके वा पहुंच करके (अति इत्य)

गृहीतदेशसंयमः ‖ = अणुव्रत धारण करने वाला (इत्य = प्राप्य, अति = लांघना)

पूर्व + कोटी—आयुः ‖ यः ‖ जीवः ‖ आमरणात् ‖ = एक करोड़ पूर्व आयुका धारक जो आत्मा मृत्यु होने तक (आ = तक)

देशसंयमम् ‖ पालयति T तद् अपेक्षया ‖ = अणुव्रतको पालन करता है उस (जीव) की विवक्षासे

देशोनपूर्वकोटी ‖ देशसंयतकालः ‖ = कुछ हीन करोड़ पूर्व संयमासंयमी का काल (होता) है

एकजीवापेक्षया च जघन्येनैकः समयः उत्कर्षेणान्तर्मुहूर्तः ॥

एकजीव-अपेक्षया ‖ च जघन्येन ‖ एकः ‖ समयः ‖ = तथा (= च) एकजीवकी अपेक्षासे जघन्यकरि एक समय है
उत्कर्षेण ‖ अन्तर्मुहूर्तः ‖ = उत्कृष्ट करके अंतर्मुहूर्त है

(१) नन्वेवं मिथ्यादृष्टेरप्येकसमयः कस्मान्न सम्भवतीत्यनुपपन्नम्। कोऽर्थः? मिथ्यादृष्टेरेकसमयः कालो न घटते इत्यर्थः। कस्मान्न? प्रतिपन्नमिथ्यात्वस्यान्तर्मुहूर्तमध्ये मरणासम्भवात्। तदुक्तम्—"मिथ्यात्वं वेदयमानो जीवो नासादयत्यनन्तानुबन्धिनाम्। यावत्कालिका पाकान्तर्मुहूर्तं मृतिर्न च ॥१॥" सम्यक्त्वमिथ्यादृष्टेः परिणामकाले तद्गुणस्थानत्यागानैकसमयः सम्भवतीति प्रतिपन्नासंयतसंयतासंयतगुणोऽप्यन्तर्मुहूर्तमध्ये न म्रियते। अतोऽसंयतसंयतासंयतयोरप्येकसमयो न भवति ॥

एवम्* मिथ्यादृष्टेः ‖ अपि एकसमयः ‖ = ऐसे ही मिथ्यादृष्टीका एक समय
कस्मात् ‖ न* सम्भवति इति ननु = किस कारणसे नहीं सम्भवे है ऐसे प्रश्न (= ननु होनेपर कहते हैं कि)
अद्+उपपन्नम् ‖॥ = मिथ्यादृष्टीके जघन्य एक समयका काल) पाया नहीं जाता है (= अनुपपन्न—पद्मकोष पृष्ठ ७७)
कः ‖ अर्थः ‖ = (अनुपपन्न अथवा पाया नहीं जाता है इस वाक्यका) क्या अभिप्राय है?
मिथ्यादृष्टेः ‖ एकसमयः ‖ कालः ‖ न घटते ‖ = (उत्तर) मिथ्यादृष्टीका एक समय काल नहीं होता है (= घटते)
इति* अर्थः ‖ कस्मात् ‖ न = ऐसा अभिप्राय है किस हेतुसे (एक समय) नहीं (होता है)? (क्योंकि सम्यक्त्वके पीछे)
प्रतिपन्नमिथ्यात्वस्य ‖॥ अन्तर्मुहूर्तमध्ये ‖॥ = प्राप्त वा लब्ध मिथ्यात्ववाले वा मिथ्यादृष्टीका अन्तर्मुहूर्तके भीतर
मरण—असम्भवात् ‖ = मृत्यु नहीं हो सक्ती है॥
तद् उक्तम् ‖॥ दर्शनात् ‖॥ = सो (निम्नलिखित श्लोकमें) कहा गया है। सम्यक्त्वसे (सम्यग्दर्शनके पीछे)
मिथ्यात्वं ‖॥ प्राप्ते ‖॥ अनन्तानुबन्धिनाम् ‖। = मिथ्यात्वको प्राप्त होने पर अनंतानुबंधी (क्रोध-मान-माया—लोभ) का
यावत्* अकालिका ‖॥ न अस्ति = जब तक असमय वा उदयका अभाव (अकालिका) नहीं होता है
तावत् पाक-अन्तर्मुहूर्ते ‖॥ मृतिः ‖॥ न* च* = (तब तक मिथ्यादृष्टिका उस) पाक वा उदयके अन्तर्मुहूर्तमें मरण भी (= च) नहीं

चतुर्णां क्षपकाणामयोगकेवलिनां च नानाजीवापेक्षया एकजीवापेक्षया च जघन्यश्चोत्कृष्टश्चान्त-

चतुर्णाम् ।।	= चार (आठवां, नववां, दशवां तथा बारहवां) गुणस्थानवर्तीनिके
क्षपकाणाम् ।। अयोगकेवलिनाम् ।। च	= क्षपक श्रेणीवालोंका तथा [= च] अयोगकेवलियोंका [काल]
नानाजीव–अपेक्षया ।। एकजीवअपेक्षया ।। च–	= अनेक जीवकी विवक्षाकरि तथा एक जीवकी विवक्षासे
जघन्यः च उत्कृष्टः ।। च अन्तर्मुहूर्तः ।।	= जघन्य और [= च] उत्कर्ष भी (= च) अंतर्मुहूर्त है

है। भावार्थ–यह है कि यदि जीवके सम्यग्दर्शन छूट जाय और मिथ्यात्व हो जाय तो उस जीवके अनन्तानुबंधी (क्रोध मान माया लोभ)का पाक वा उदय अन्तर-मुहूर्त तक रहता है और उस अन्तरमुहूर्त तक मिथ्यात्वमें मरण नहीं होता है इसलिये मिथ्यादृष्टिका एक समय काल नहीं है

सम्यङ्मिथ्यादृष्टेः ।। परिणामकाले ।।	= मिश्र गुणस्थानवर्तीनका नियमित या परिमित कालविषैं
तद्गुणस्थानत्यागात् ।। एकसमयः ।। सम्भवति	= उस गुणस्थानके छोडनेसे एक समय सम्भवै है
प्रतिपन्नअसंयत–संयतासंयत–गुणः	= असंयत तथा देशसंयत प्राप्त (= प्रतिपन्न) गुणस्थानवाले
अपि अन्तर्मुहूर्तमध्ये ।। न म्रियते तद् अतः ॐ असंयत·	= भी अन्तमुहूर्तके भीतर नहीं मरते हैं इसलिये (= अतः) असंयमी
संयतासंयतयोः ।। अपि एकसमयः ।। न भवति	= (तथा) संयमासंयमियोंका भी एक समय (काल) नहीं है

(१) तत्कथम् चतुर्णां क्षपकाणामपूर्वकरणानिवृत्तिकरणसूक्ष्मसाम्परायक्षीणकषायाणामयोगकेवलिनां च मोक्षगामित्वेन चान्तरे मरणासंभवात् ।

तद् कथम् ?	= यह (= जघन्य उत्कृष्ट करके अन्तरमुहूर्त) कैसे है ?
चतुर्णाम् ।। क्षपकाणाम् ।। अपूर्वकरण–	= चार क्षपकश्रेणी अपूर्वकरण
अनिवृत्तिकरण–सूक्ष्मसाम्पराय–क्षीणकषायाणाम् ।।	= अनिवृत्तिकरण सूक्ष्मसाम्पराय क्षीणकषाय (वाले) निका
अयोगकेवलिनाम् ।। च मोक्षगामित्वेन ।।।।	= तथा (= च) अयोगकेवलीनिका (काल) (उसीभवसे) मुक्तगामी होनेसे

मुहूर्तः ॥ सयोगकेवलिनां नानाजीवापेक्षया सर्वः कालः । एकजीवं प्रति जघन्येनान्तर्मुहूर्तः । उत्कर्षेण पूर्वकोटी देशोना ॥

सयोगकेवलिनाम् ६।१ नानाजीव-अपेक्षया ३।१ सर्वः	= योगसहित केवलीनिका अनेक जीवकी विवक्षासे समस्त
कालः १।१ एकजीवम् २।१ प्रति	= काल है एक जीव [अर्थात् एक सयोगकेवली] की अपेक्षासे
जघन्येन १।१ अन्तर्मुहूर्तः १।१	= जघन्यकरि अन्तर मुहूर्त है
उत्कर्षेण ३।१ पूर्वकोटी १।१ देशोना १।१	= उत्कर्षकरि कुछ हीन करोड पूर्व है [निम्नलिखित टिप्पणी अवश्य देखो]
च अन्तरे ३।१ मरण असम्भवात् ५।१	= निश्चय (= च) आयुके बीचमें या भीतर मृत्युके सम्भव न होनेसे (जघन्य और उत्कर्षकरि अंतर्मुहूर्त है)

(१) सयोगकेवलिगुणस्थानानन्तरमन्तर्मुहूर्तमध्ये अयोगकेवलिगुणस्थानप्राप्तेः ।

सयोगकेवलिगुणस्थान—अनन्तरम् १।१	= सयोगकेवलि (तेरहवां) गुणस्थानके अत्यन्त समीप वा लगतेही (अनन्तरम्)
अंतर्मुहूर्तमध्ये ७।१ अयोगकेवलिगुणस्थानप्राप्तेः ५।१	= अंतर्मुहूर्तमें (= मध्ये) अयोग केवली गुणस्थानकी प्राप्ति होनेसे (एक जीवकी अपेक्षा जघन्य अंतर मुहूर्तकाल सयोगकेवलिका है) भावार्थ-क्षीणकषाय गुणस्थानसे जीव तेरहवां गुणस्थानमें आकर एक अंतर्मुहूर्त रहकर उस मुहूर्तके भीतर ही भीतर चौदहवां गुणस्थानमें आनेकी अपेक्षासे तेरहवांका समय जघन्यपने एक अंतर्मुहूर्त है ॥

(२) अष्टवर्षानन्तरं तपो गृहीत्वा केवलमुत्पादयतीति कियद्वर्षहीनत्वात्पूर्वकोटी वेदितव्या

अष्टवर्ष-अनन्तरं १।१ तपः ६।१ गृहीत्वा ÷	= (जन्मसे घाटिसे घाटि) आठ बरस पीछे (= अनन्तरं) तप धारण करके (जीव)
केवलं ३।१ उत्पादयति T इति	= केवलज्ञानको प्राप्त करता है इसलिये
कियत् * वर्षहीनत्वात् ५।१ पूर्वकोटी १।१ वेदितव्या १।१	= कुछ वर्ष हीनपनाकरि करोड़ पूर्व जानना चाहिये ।

"बारै मास वर्ष लाख चउरासी पूरवांग गुणा करो सो पूरव आगें भेदरास है ॥" द्यानत द्रव्य पचीसी १२ । बारह महीनेका एक वर्ष, चौरासी लाख वर्षका एक पूर्वांग, चौरासी लाख वर्षको चौरासी लाख वर्षसे गुणा करो सो पूरव है ॥ अतः ८४००००००×८४००००० वर्ष अर्थात् सात नील छप्पन खर्व वर्षका ७०५६ ०००० ००००० का अथवा चौरासी लाख पूर्वांगका एक पूर्व होता है ॥

विशेषेण (१) गत्यनुवादेन—नरकगतौ नारकेषु सप्तसु पृथिवीषु मिथ्यादृष्टेर्नानाजीवापेक्षया सर्वः कालः। एकजीवं प्रति जघन्येनान्तर्मुहूर्तः। उत्कर्षेण यथासंख्यं एक-त्रि-सप्त-दश-सप्तदश-द्वाविंशति-त्रयस्त्रिंशत्सागरोपमाणि। सासादनसम्यग्दृष्टेः सम्यग्मिथ्यादृष्टेश्च सामान्योक्तः कालः।

विशेषेण ॥ (१) गति+अनुवादेन ॥ = भेदकरि (१) गतिके कथनानुसारसे
नरकगतौ ॥ नारकेषु ॥ = नरकगतिविषै नारकिनमें
सप्तसु ॥॥ पृथिवीषु ॥॥ मिथ्यादृष्टेः ॥ नानाजीवापेक्षया ॥॥ = सातो भूमिमें (= नरकमें) मिथ्यादृष्टीका अनेक जीवकी अपेक्षासे
सर्वः ॥ कालः ॥ = समस्त काल है
एकजीवं ॥ प्रति जघन्येन ॥॥ अन्तर्मुहूर्तः ॥ = एक जीवकी अपेक्षासे जघन्यकरि अन्तर्मुहूर्त है
उत्कर्षेण ॥ यथासंख्यम् ॥॥ एक-त्रि-सप्त-दश = उत्कृष्टकरि यथाक्रम—एक-तीन-सात-दश
सप्तदश-द्वाविंशति-त्रयस्त्रिंशत्सागर-उपमाणि = सत्रह बाईस तेतीस सागरकी बराबर (उपमाणि) काल है
सासाद सम्यग्दृष्टेः ॥ च * सम्यक्मिथ्यादृष्टेः ॥ = सासादन सम्यग्दर्शनवालेका और मिश्रगुणस्थानवर्ती (नारकिन) का
सामान्य+उक्तः ॥ कालः ॥ = संक्षेप (प्रकरण) में (पहिले) कहा हुआ (गुणस्थानवत्) काल है अर्थात् सासादन गुणस्थानवर्ती नारकियोंका नानाजीवकी अपेक्षासे जघन्य एक समय है और उत्कृष्ट पल्यके असंख्यातवां भाग प्रमाण है। एक नारकीकी अपेक्षासे जघन्य एक समय है उत्कर्ष अपेक्षासे छः आवली है॥ मिश्रगुण-

---

(१) पश्चान्मिथ्यादृष्टिगुणस्थानत्यागसंभवात्॥
पश्चात्मिथ्यादृष्टिगुणस्थानत्यागसंभवात् ॥ = (अन्तर्मुहूर्त) पीछे मिथ्यादृष्टि गुणस्थानका छोड़ना सम्भव होनेसे जघन्यकाल एक जीव अपेक्षासे अन्तर्मुहूर्त कहा है।

असंयतसम्यग्दृष्टेर्नानाजीवापेक्षया सर्वः कालः । एकजीवं प्रति जघन्येनान्तर्मुहूर्तः । उत्कर्षेण उक्त एवोत्कृष्टो देशोनः ॥

स्थानवाले नारकियोंका नानाजीव अपेक्षासे जघन्य अन्तर्मुहूर्त है उत्कृष्ट पल्योपमके असंख्यातवां भाग है । एक नारकीकी अपेक्षासे उत्कृष्ट और जघन्यकाल अन्तर्मुहूर्त है ॥

असंयतसम्यग्दृष्टेः । नानाजीव-अपेक्षया । सर्वः । = असंयतसम्यग्दर्शनवाले [नारकिन] का अनेक जीवकी विवक्षासे सब
कालः । एकजीवम् । प्रति जघन्येन । अन्तर्मुहूर्तः । = काल है एक जीवके लिये जघन्यकरि अन्तर्मुहूर्त है
उत्कर्षेण । उक्तः । एव उत्कृष्टः । देशोनः । = उत्कृष्टकरि कुछ हीन [पहिले] कही हुई ही उत्कर्ष (आयु प्रमाण) है ॥

"उत्कृष्ट आयुः प्रमाण किछु घाटि" जयचन्द्रकृत वचनिका पृष्ठ मुद्रित १०० ।
(एक वा तीन वा सात वा दश वा सत्रह वा बाईस वा तेतीस सागरसे कुछ हीन क्रमसे पहले नरकसे सातवें लग है)

(१) प्रथमपृथिव्यामपि देशोनत्वकथनात्तत्र गृहीतवेदकक्षायिकसम्यक्त्वानामुत्कृष्टायुष्येणोत्पत्त्यभावोऽवगम्यते ॥

प्रथमपृथिव्याम् । अपि देशोनत्व—कथनात् । = पहिले नरकविषै भी कुछ हीनपनाके व्याख्यान करनेसे (यह अभिप्राय है कि—
गृहीतवेदकक्षायिक—सम्यक्त्वानाम् । = क्षयोपशम (तथा) क्षायिकसम्यग्दर्शनप्राप्त (गृहीत वेदक-क्षायिक) सम्यग्दृष्टियोंका
उत्कृष्ट- आयुष्येण । तत्र उत्पत्ति + अभावः । अवगम्यते । = उत्कृष्ट आयु सहित (= आयुष्येण) तहां (पहिले नरकविषै भी) जन्म लेनेका अभाव जाना गया है । भावार्थ—दूसरे तीसरे नरकोंका तो कहना ही क्या है जिस जीवने वेदक वा क्षायिक सम्यग्दर्शनसहित मरण किया है और पहिले नरकमें गया है वह वहां भी आयु उत्कृष्ट नहीं पाता अर्थात् एक सागरसे कम आयुवाला नारकी होता है इसलिये देशोन है।

तिर्यग्गतौ तिरश्चां मिथ्यादृष्टीनां नानाजीवापेक्षया सर्वः कालः। एकजीवं प्रति जघन्येनान्तर्मुहूर्तः। उत्कर्षेणानन्तः कालोऽसंख्येयाः पुद्गलपरिवर्ताः॥ सासादनसम्यग्दृष्टिसम्यग्मिथ्यादृष्टिसंयतासंयतानां सामान्योक्तः कालः॥

तिर्यग्गतौ ‡ तिरश्चाम् ‡ मिथ्यादृष्टीनाम् ‡ = तिर्यंच गतिविषैं तिर्यंच मिथ्यादृष्टियोंका
नानाजीव-अपेक्षया ‡ सर्वः ‡ कालः एकजीवं ‡ = अनेक जीवकी विवक्षासे समस्त काल है। एक जीव
प्रति* जघन्येन ‡ अन्तर्मुहूर्तः ‡ उत्कर्षेण ‡ = कीसिये जघन्यकरि अंतर मुहूर्त है। उत्कृष्टकरि
अनन्तकालः ‡ असंख्येयाः ‡ पुद्गलपरिवर्ताः ‡ = अनन्त काल है सो (अनंतकाल) असंख्याते पुद्गलपरावर्तन है
सासादनसम्यग्दृष्टि-सम्यङ्मिथ्यादृष्टि-संयता- = सासादन सम्यग्दर्शनवाले मिश्रगुणस्थानवर्ती (तथा) संयमा-
संयतानां ‡ सामान्येन ‡॥ उक्तः ‡ कालः ‡ = संयमी [तिर्यंच] निका संक्षेप [थकरण] करि कथित [गुणस्थानवत्]
काल है अर्थात् सासादन सम्यग्दृष्टि तिर्यंचोंका नाना तिर्यंचोंकी अ-
पेक्षासे जघन्य एक समय है उत्कृष्ट पल्योपमके असंख्यातवां भाग है॥
एक तिर्यंच जीवकी अपेक्षासे जघन्य एक समय है उत्कृष्ट छः आवली है॥
मिश्र गुणस्थानवर्ती नाना तिर्यंचोंकी अपेक्षासे जघन्यकरि अन्तर्मुहूर्त है
उत्कृष्टतासे पल्योपमके असंख्यातवां भाग है॥ एक तिर्यंच मिश्रगुणस्थान-
वर्तीकी अपेक्षासे जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है॥ संयतासंयतगुण-
स्थानवर्ती भांति भांतिके तिर्यंचोंकी अपेक्षासे सर्व काल है एक तिर्यंच-
संयमासंयमीके लिये जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और एक संयमासंयमी
तिर्यंचके लिये उत्कृष्टकाल कुछ हीन एक करोड पूर्व है॥

(१) यः कश्चिदनादिमिथ्यादृष्टिर्जीवो गत्यन्तरे स्थितः तिर्यग्गतिं प्रविष्टः स तिर्यग्गतावुत्कर्षेणानन्तकालमसंख्येयान्पुद्गलपरिवर्तांश्च तिष्ठति तत ऊर्ध्वं गत्यन्तरं प्राप्नोति ततस्तदपेक्षया तिर्यङ्मिथ्यादृष्टिकालः अनन्तः कालः असंख्येयाः पुद्गलपरिवर्ताः इत्युक्तम्॥

१ यः ‡ कश्चित्* अनादिमिथ्यादृष्टिः ‡ = जो कोई अनादि मिथ्यात्वसहित
जीवः ‡ गति-अंतरे ‡ स्थितः ‡ तिर्यग्गतिम् ‡ प्रविष्टः ‡ = जीव अन्यगतिमें स्थित होकर तिर्यंचगतिमें प्रवेश करता है

असंयतसम्यग्दृष्टेर्नानाजीवापेक्षया सर्वः कालः । एकजीवं प्रति जघन्येनान्तर्मुहूर्तः । उत्कर्षेण त्रीणि पल्योपमानि ॥ मनुष्यगतौ मनुष्येषु मिथ्यादृष्टेर्नानाजीवापेक्षया सर्वः कालः । एकजीवं प्रति जघन्येनान्तर्मुहूर्तः । उत्कर्षेण त्रीणि पल्योपमानि पूर्वकोटिपृथक्त्वैरभ्यधिकानि ॥ सासादनसम्यग्दृष्टेर्नानाजीवापेक्षया जघन्येनैकः समयः । उत्कर्षेणान्तर्मुहूर्तः ।

असंयतसम्यग्दृष्टेः ‖ नानाजीव-अपेक्षया ‖ सर्वः ‖ = असंयत सम्यग्दृष्टी तिर्यंचोंका अनेक जीवकी विवक्षासे सब
कालः ‖ एकजीवं ‖ प्रति जघन्येन ‖ अन्तर्मुहूर्तः ‖ = काल है एक जीव तिर्यंच असंयमीके लिये जघन्यकरि अंतर्मुहूर्त है
उत्कर्षेण ‖ त्रीणि ‖ पल्योपमानि ‖ मनुष्यगतौ ‖ = उत्कृष्टकरि तीन पल्यके बराबर है । मनुष्यगतिमें
मनुष्येषु ‖ मिथ्यादृष्टेः ‖ नानाजीवापेक्षया ‖ सर्वः ‖ = मनुष्यनिमें मिथ्यादृष्टीका अनेक जीवकी विवक्षासे समस्त
कालः ‖ एकजीवम् ‖ प्रति जघन्येन ‖ अंतर्मुहूर्तः ‖ = काल है एक जीवके लिये जघन्यकरि अंतर्मुहूर्त है
उत्कर्षेण ‖ त्रीणि ‖ पल्योपमानि ‖ = उत्कृष्टकरि तीन पल्यके बराबर (और)
पूर्वकोटिपृथक्त्वैः ‖ अभ्यधिकानि ‖ = पृथक्त्व (तीनसे ऊपर नवसे नीचे) करोड पूर्वकरि अधिक हैं
सासादनसम्यग्दृष्टेः ‖ नानाजीव-अपेक्षया ‖ = सासादन सम्यग्दृष्टीका अनेक जीवकी विवक्षासे
जघन्येन ‖ एकः ‖ समयः ‖ = जघन्यकरि एक समय (काल) है
उत्कर्षेण ‖ अन्तर्मुहूर्तः ‖ = उत्कृष्टकरि अन्तर्मुहूर्त है

सः ‖ तिर्यग्गतौ ‖ उत्कर्षेण ‖ = वह (जीव) तिर्यंच गतिविषै उत्कृष्टकरि
अनंतकालम् ‖ असंख्येयान् ‖ पुद्गलपरिवर्तान् ‖ = अनंतकाल वा असंख्याते पुद्गल परावर्तन
तिष्ठति T ततः* ऊर्ध्वं* गतिं अंतरम् ‖ प्राप्नोति T = ठहरता है वा रहता है (और) वहांसे आगे अन्यगतिको प्राप्त होता है
ततः* तद् अपेक्षया ‖ तिर्यङ्मिथ्यादृष्टिकालः ‖ = इसलिये (ततस्) उस (= तद्) अपेक्षासे तिर्यंच मिथ्यादृष्टी जीवका काल
अनंतः ‖ कालः ‖ असंख्येयाः पुद्गलपरिवर्ताः ‖ इति— = अनंतकाल (वा) असंख्याते पुद्गल परिवर्तन है ऐसा
उक्तम् ‖ = कहा गया है

एकजीवं प्रति जघन्येनैकः समयः । उत्कर्षेण षडावलिकाः ॥ सम्यग्मिथ्यादृष्टेर्नानाजीवापेक्षया एकजीवापेक्षया च जघन्योत्कृष्टश्चान्तर्मुहूर्तः॥ असंयतसम्यग्दृष्टेर्नानाजीवापेक्षया सर्वः कालः । एकजीवं प्रतिजघन्येनान्तर्मुहूर्तः । उत्कर्षेण त्रीणि पल्योपमानि सातिरेकाणि ॥

एकजीवम् ;। प्रति* जघन्येन ;।। एकः ;। समयः ;। = (सासादन सम्यग्दृष्टिका) एक जीवके लिये जघन्यकरि एक समय है
उत्कर्षेण ;। षट् आवलिकाः ;। सम्यग्मिथ्यादृष्टेः ;। = उत्कृष्टकरि छह आवली हैं । मिश्रगुणस्थानवर्तीका
नानाजीव-अपेक्षया ;।। एकजीव-अपेक्षया ;।। च = अनेकजीवकी विवक्षासे तथा एकजीवकी अपेक्षासे
जघन्यः ;। च उत्कृष्टः ;। च अन्तर्मुहूर्तः ;। = जघन्य और उत्कर्ष भी अन्तर्मुहूर्त (काल) है
असंयतसम्यग्दृष्टेः ;। नानाजीव-अपेक्षया ;।। सर्वः = असंयतसम्यग्दृष्टीका अनेक जीवकी विवक्षासे समस्त
कालः ;। एकजीवम् ;। प्रति* जघन्येन ;। अन्तर्मुहूर्तः ;। = काल है एक जीवके लिये जघन्यकरि अन्तर्मुहूर्त (काल) है
उत्कर्षेण ;। त्रीणि ;।। पल्योपमानि स अतिरेकाणि ;।। = उत्कृष्टकरि तीन पल्योपम कुछ अधिक है

---

(१) यः कश्चिन्मनुष्यो बद्धमनुष्यायुष्कः पश्चात् गृहीतसम्यक्त्व उत्तमभोगभूमावुत्पद्यते तदपेक्षया सातिरेकाणि त्रिपल्योपमानि प्राक्तनमनुष्यभवसम्बन्धिना सम्यक्त्वग्रहणोत्तरकालवर्तिनायुषा अधिकानि यतो विग्रहगतावपि मनुष्यगतिनामकर्मोदयापेक्षत्वेन मनुष्यत्वापरित्यागात् ॥

यः ;। कश्चित्* मनुष्यः ;। बद्धमनुष्य-आयुष्कः ;। = जो कोई मनुष्य नरआयु बांधकरि
पश्चात् * गृहीतसम्यक्त्वः ;। उत्तमभोगभूमौ ;। = पीछे सम्यग्दर्शन प्राप्तकरि उत्कृष्ट भोगभूमिविषै
उत्पद्यते ; तद् अपेक्षया ;। स- अतिरेकाणि ;।। = जन्म लेता है उस विवक्षासे कुछ अधिक
त्रिपल्योपमानि ;।। प्राक्तनमनुष्यभवसम्बन्धिना ;।। = तीनपल्यके बराबर (= उपम) (काल) है पहिले नर भवसम्बन्धी
सम्यक्त्वग्रहण-उत्तरकालवर्ति-आयुषा ;।। = सम्यग्दर्शनके ग्रहण करनेके पश्चात् समयवर्ती आयु
अधिकानि ;।। = अधिक है अर्थात् तीनपल्य है और सम्यग्दर्शनके पश्चात्का काल और विग्रहगतिका काल अधिक है

शेषाणां सामान्योक्तः कालः ॥ देवगतौ देवेषु मिथ्यादृष्टेर्नानाजीवापेक्षया सर्वः कालः । एकजीवं प्रति जघन्येनान्तर्मुहूर्तः । उत्कर्षेणैकत्रिंशत्सागरोपमाणि ॥ सासादनसम्यग्दृष्टेः सम्यग्मिथ्यादृष्टेश्च सामान्योक्तः कालः ॥

शेषाणाम् ‖ = (मनुष्यगतिविषै मनुष्यनमें) अवशिष्ट [पांचवासे चौदहवां गुणस्थानतकनिका]
सामान्य-उक्तः ‖ कालः ‖ = संक्षेपसे [पूर्व] कथित [गुणस्थानवत्] काल है अर्थात्
संयमासंयमिनिका नानाजीव अपेक्षासे सर्वकाल है । एक जीवका जघन्य अन्तर्मुहूर्त है उत्कृष्ट कुछ न्यून एक करोड पूर्व है । प्रमत्त अप्रमत्त गुणस्थानोंमें नानाजीवकी अपेक्षासे सर्वकाल है । एक जीवका जघन्य एक समय है उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है ॥ चार (अपूर्वकरण, अनुवृत्तिकरण, सूक्ष्मसांपराय, उपशांत कषाय) उपशम श्रेणीवालेका नानाजीव अपेक्षासे और एक जीवकी अपेक्षासे जघन्य एक समय काल है उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त-काल है ॥ चार [आठवां-नववां-दशवां-बारहवां] क्षपकश्रेणी चढनेवालोंका और अयोगकेवलीनिका नानाजीवकी अपेक्षासे और एक जीवकी अपेक्षासे जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है। सयोग केवलीनिका नाना जीवकी अपेक्षासे सर्व काल है एक जीवके लिये जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्टकाल कुछ घाटि एक करोड पूर्व है ॥
देवगतौ ‖ देवेषु ‖ मिथ्यादृष्टेः ‖ = सुरगतिविषै सुरनमें मिथ्यादृष्टीका
नानाजीव-अपेक्षया ‖ सर्वः ‖ कालः ‖ = नानाजीवकी विवक्षासे सर्वकाल है
एकजीवम् ‖ प्रति जघन्येन ‖ अन्तर्मुहूर्तः ‖ उत्कर्षेण ‖ = एक जीवके लिये जघन्यकरि अन्तर्मुहूर्त है । उत्कृष्टकरि
एकत्रिंशत्सागरोपमाणि ‖ सासादनसम्यग्दृष्टेः ‖ = इकतीस सागरके बराबर है सासादन सम्यग्दर्शनवाले देवका
सम्यग्मिथ्यादृष्टेः ‖ च सामान्य+उक्तः ‖ कालः ‖ = तथा मिश्रगुणस्थानवर्ती [देवका] संक्षेपसे कथित (गुणस्थानवत्) काल है अर्थात् सासादनसम्यग्दृष्टी देवका नाना जीवकी अपेक्षासे जघन्य एक

यतः * विग्रहगतौ ‖ अपि *
मनुष्यगतिनामकर्म-उदय-उपेतत्वेन ‖
मनुष्यत्व-अपरित्यागत्वात् ‖
= क्योंकि (= यतः) विग्रहगति (वा नयाशरीर धारण करनेके लिये गमनमें) भी
= मनुष्यगति (नामा) नामकर्मके उदय होनेसे
= मनुष्यपनेका जीवके त्याग नहीं होता है

असंयतसम्यग्दृष्टेर्नानाजीवापेक्षया सर्वः कालः ॥ एकजीवं प्रति जघन्येनान्तर्मुहूर्तः । उत्कर्षेण त्रयस्त्रिंशत्सागरोपमाणि ॥ (२) इन्द्रियानुवादेन—एकेन्द्रियाणां नानाजीवापेक्षया सर्वः कालः । एकजीवं प्रति जघन्येन क्षुद्रभवग्रहणम् ।

समय है । उत्कृष्टकरि पल्योपमके असंख्यातवां भाग है । एक जीवकी अपेक्षासे जघन्य एक समय उत्कृष्ट छः आवली है ॥ मिश्रगुणस्थानवर्ती देवोंका नानाजीव अपेक्षासे जघन्य अन्तर्मुहूर्त है उत्कृष्टकरि पल्यका असंख्यातवां भाग है । एक जीवका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है ॥

असंयतसम्यग्दृष्टेः = असंयत [चौथेगुणस्थान] वर्ती [देव]का अनेक जीवकी विवक्षासे समस्त
कालः = काल है एकजीवम् = प्रति*जघन्येन = अन्तर्मुहूर्तः = एक जीवके लिये जघन्यकरि अन्तर्मुहूर्त [काल] है
उत्कर्षेण = त्रयस्त्रिंशत्सागरोपमाणि = उत्कृष्टकरि तेतीस सागरके तुल्य [उत्तम] है
[२] इन्द्रिय+अनुवादेन = एक+इन्द्रियाणाम् = नानाजीव- = [२] इन्द्रियके कथनानुसारकरि एक इन्द्रियनके अनेक जीवकी
अपेक्षया = सर्वः = कालः = एकजीवम् = प्रति*जघन्येन = अपेक्षासे समस्त काल है एकजीवके लिये जघन्यकरि
क्षुद्रभवग्रहणम् = क्षुद्रभवका (काल) लिया गया है

---

२ तत्कीदृशमिति चेत्—उच्छ्वासनिःश्वासमध्ये तावदेकेन्द्रियो भूत्वा कश्चिज्जीवः षट्षष्टिसहस्रत्रयस्त्रिंशदधिकशतपरिमाणानि जन्ममरणान्यनुभवति ६६३३६ । तथा स एव जीवः तस्यैव मुहूर्तस्य मध्ये द्वित्रिचतुःपञ्चेन्द्रियो भूत्वा यथासंख्यमशीतिषष्टिचत्वारिंशच्चतुर्विंशतिजन्ममरणान्यनुभवति । सर्वेऽप्येते समुदिताः क्षुद्रभवा एतावन्त एव भवन्ति ६६३३६ । गोमट्टसारे जीवकाण्डे पर्याप्त्यधिकारे गाथायां १२३-१२४ उक्तं च—

तिण्णिसया छत्तीसा छावट्ठिसहस्सगाणि मरणाणि । अंतोमुहुत्तकाले तावदिया चेव खुद्दभवा ॥ १२३ ॥
संस्कृत छाया, त्रीणि शतानि षट्त्रिंशत षट्षष्टिसहस्रकाणि मरणानि अन्तर्मुहूर्तकाले तावन्तश्चैव क्षुद्रभवाः।
सीदी सट्ठी तालं वियले चउवीस होंति पंचक्खे । छावट्ठिं च सहस्सा सयं च बत्तीसमेयक्खे ॥ १२४ ॥
संस्कृत छाया-अशीतिः षष्टिः चत्वारिंशद्विकले चतुर्विंशतिर्भवन्ति पंचाक्षे । षट्षष्टिश्च सहस्राणि शतं च द्वात्रिंशदेकाक्षे ॥

यदा चैव मुहूर्तस्य मध्ये एतावन्ति जन्ममरणानि भवन्ति तदैकस्मिन्नुच्छ्वासे अष्टादश जन्ममरणानि लभ्यन्ते ॥ तत्रैकस्य क्षुद्रभवस्येति ॥

तद् = कीदृशम् = इति*चेत्* = (वह क्षुद्रभव) कैसा है ऐसा (=इति) संदेह (=चेत्) (करनेपर कहते हैं)

उक्तलक्षणमुहूर्तमध्ये॥	=कही हुई लक्षणवाली मुहूर्तके बीचमें वा भीतर अर्थात् अन्तर्मुहूर्तमें
तावत्*एक+इन्द्रियः ।। भूत्वा कश्चित् * जीवः।।	=कोई चेतन प्रथम (=तावत्) एकेंद्रिय होकर
षट्षष्टिसहस्र-द्वात्रिंशत्+अधिकशतपरिणामानि ।।।। सः	=छयासठि हजार बत्तीस अधिक (और) एकसौके प्रमाण
६६१३२ जन्ममरणानि ।।।। अनुभवति T तथा* सः।।	=६६१३२ जन्म मरणोंको धारण करता है बहुरि (=तथा) वह (=स)
एव* जीवः ।। तस्य ।। एव*मुहूर्तस्य ।। मध्ये ।।	=ही (=एव) चेतन्य उस ही मुहूर्तके बीचमें अर्थात् अन्तर्मुहूर्तमें
द्वि-त्रि-चतुस्-पञ्च+इन्द्रियः ।। भूत्वा÷	=द्वींद्रिय त्रीन्द्रिय चतुरिन्द्रिय पंचेन्द्रिय होकर
यथासंख्यम ।।।। अशीतिषष्टिचत्वारिंशत्—	=यथाक्रम वा क्रमानुसार अस्सी साठ चालीस
चतुर्विंशति-जन्ममरणानि ।।।। अनुभवति	=(और) चौवीस जन्म मरणोंको ग्रहण करता है

अर्थात् द्वीन्द्रिय अस्सीवार त्रींद्रिय साठवार चतुरिंद्रिय चालीस वार पंचेंद्रिय चौबीसवार होता है।

सर्वे ।। अपि* एते ।। समुदिताः ।। क्षुद्रभवाः ।।	=ये (=एते) सब ही (=अपि) सूक्ष्म भव मिले हुए (=समुदिताः)
एतावन्तः ।। एव भवंति T ६६३३६	=इतने (=एतावन्तः) ही अर्थात् ६६३३६ होते हैं ॥
गोम्मटसारे ।। जीवकाण्डे ।। पर्याप्ति-अधिकारे ।।	=गोम्मटसार ग्रन्थमें जीवकांडविषैं पर्याप्तिके प्रकरणमें
गाथयोः ।।। ॥ १२३—१२४ उक्तं ।।।। च*	=आर्याछंद १२३—१२४ में कहा भी (=च· गया है कि
तिण्णि (तिण्णि)।।।। सया ।।।। छत्तीसा ।। (=त्रीणि ।।।। शतानि ।।।। षट्त्रिंशत् ।।।।)	=तीनसौ छत्तीस
छावट्ठिसहस्सगाणि ।।।। मरणाणि ।।।। (षट्षष्टिसहस्रकाणि ।।।। मरणानि ।।।।)	=छयासठ हजार (वार) मरण
अन्तोमुहुत्तकाले ।। तावदिया ।। च (अन्तर्मुहूर्तकाले ।। तावन्तः ।।)	=और (=च) अन्तर्मुहूर्तमें इतने
एव*खुद्दभवा (एव* क्षुद्रभवाः ।।)	=ही सूक्ष्म जन्म एक लब्ध्यपर्याप्तक जीवके होते हैं
सीदी ।।।। सट्ठी ।।।। तालं ।।।। विगले ।। (=अशीतिः ।।।। षष्टिः ।।।। चत्वारिंशत् ।।।। विकले ।।)	=अस्सी, साठ, चालीस, विकल इन्द्रियवालों अर्थात् द्वीन्द्रिय त्रींद्रिय और चतुरिंद्रियवाले (लब्ध्यपर्याप्तकों) में (भव) होते हैं और
चउवीस ।।।। होंति T पंचक्खे ।। (=चतुर्विंशतिः ।।।। भवंतिTपंच-अक्षे ।।)	=चौवीस (जन्म) पंचेंद्रियवाले (लब्ध्यपर्याप्तको) में होते हैं

उत्कर्षेणानन्तः कालोऽसंख्येयाः पुद्गलपरिवर्ताः ॥ विकलेन्द्रियाणां नानाजीवापेक्षया सर्वः कालः । एकजीवं प्रति जघन्येन क्षुद्रभवग्रहणम् । उत्कर्षेण संख्येयानि वर्षसहस्राणि ॥ पञ्चेन्द्रियेषु मिथ्यादृष्टेर्नानाजीवापेक्षया सर्वः कालः । एकजीवं प्रति जघन्येनान्तर्मुहूर्तः ।

उत्कर्षेण १ अनन्तः १ कालः १ असंख्येयाः ३ = उत्कृष्टकरि (एकेन्द्रिय जीवका) अनंतकाल है (सो) असंख्यात
पुद्गलपरावर्ताः १ विकल-इन्द्रियाणाम् ३ नानाजीव- = पुद्गल परावर्तन है विकल (द्वि-त्रि-चतुः) इन्द्रिय जीवनका अनेक जीवकी
अपेक्षया १ सर्वः १ कालः १ एकजीवं २ प्रति * = विवक्षासे समस्त काल है एक जीवकेलिये
जघन्येन १ क्षुद्रभवग्रहणम् १ = जघन्यकरि क्षुद्र भव [का काल] लिया गया है ।
उत्कर्षेण १ संख्येयानि १ वर्षसहस्राणि १ = उत्कृष्टकरि संख्यात हजार बरस हैं ॥
पञ्चेन्द्रियेषु ७ मिथ्यादृष्टेः १ नानाजीव-अपेक्षया १ = पांच इन्द्रीवाले जीवनमें मिथ्यादृष्टीका अनेक जीवकी विवक्षासे
सर्वः १ कालः १ एकजीवम् २ प्रति* जघन्येन १ = सब काल है । एक जीवके लिये जघन्यकरि
अंतर्मुहूर्तः १ = अंतर्मुहूर्त है

च* द्वाषष्टिः १ सहस्राः १ शतं १ (च*षट्षष्टिः १ सहस्राणि १ शतं १) = और छयासठ सहस्र एकसौ और(=च)
च* चत्वारिंशत् १ एकाक्षे ७ —(=च*द्वात्रिंशत् १ एकाक्षे ७) = बत्तीस (सूक्ष्मभव)एकेंद्रियवाले (लब्ध्यपर्याप्तकों)में होते हैं।
च एव* यदा* मुहूर्तस्य ७ मध्ये ७ एतावन्ति १ = बहुरि जब ही मुहूर्तके बीचमें ही इतने अर्थात् अन्तर्मुहूर्तमें ही
जन्ममरणानि १ भवन्ति तदा एकस्मिन् ७ उच्छ्वासे ७ = जन्म मरण होते हैं तब एकही उच्छ्वासमें
अष्टादश १ जन्म मरणानि १ लभ्यन्ते T = अठारह जन्म मरण प्राप्त किये जाते हैं (गणित करनेसे ६६३३६ जन्म मरण / ३६८५ स्वास
अर्थात् यह अन्तर मुहूर्त ३६८५ स्वासोंका है
तत्र एकस्य ६ क्षुद्रभवसंज्ञा १ = वहां एक (जन्म मरण) की क्षुद्रभव संज्ञा है

(१) उत्कर्षेण अनन्तकालोऽसंख्यातपुद्गलपरिवर्तनलक्षणो निरन्तरमेकेन्द्रियत्वेन सृत्वा पुनर्भवात्ततो विकलेन्द्रियः पञ्चेन्द्रियो वा भवति ॥

उत्कर्षेण १ अनन्तकालः १ असंख्यातपुद्गल— = उत्कृष्टकरि अनन्तकाल जो असंख्यात पुद्गल

उत्कर्षेण सागरोपमसहस्रं पूर्वकोटीपृथक्त्वैरभ्यधिकम् ॥ शेषाणां सामान्योक्तः कालः ॥

उत्कर्षेण ३।१ सागरोपम–सहस्रम् १।१।।	= उत्कृष्टकरि हजार सागर प्रमाण और
पूर्वकोटीपृथक्त्वैः ३।३।। अभ्यधिकम् १।१।।	= पृथक्त्व [तीनसे ऊपर नवसे नीचे] करोड़ पूर्व अधिक है
शेषाणाम् ६।३।।	= अवशिष्ट (सासादनगुणस्थानसे लेकर अयोगकेवलीतक)नका
सामान्य-उक्तः १।१ कालः १।१	= संक्षेपसे कहाहुआ [गुणस्थानवत्) काल है अर्थात् सासादन सम्यग्दृष्टीका

नाना जीवकी अपेक्षासे जघन्य एक समय है । उत्कृष्ट पल्यका असंख्यातवां भाग प्रमाण है । एक जीवकी अपेक्षासे जघन्य एक समय है उत्कृष्ट छः आवली काल है ॥ मिश्रगुणस्थानवर्तीनिका नानाजीव अपेक्षासे जघन्य अन्तर्मुहूर्त है उत्कृष्ट पल्यके असंख्यातवां भाग है। एक जीवका जघन्य और उत्कृष्टकाल अन्तर्मुहूर्त है ॥ असंयत सम्यग्दृष्टीनिका नानाजीव अपेक्षासे सर्वकाल है एक जीवका जघन्यकाल अन्तर्मुहूर्त है ॥ उत्कृष्टकाल तेतीस सागरसे कुछ अधिक है । संयमासंयमीनिका नानाजीव अपेक्षासे सर्वकाल है एक जीवका जघन्यकाल अन्तर्मुहूर्त है । उत्कृष्टकाल कुछ न्यून एक करोड़ पूर्व है ॥ प्रमत्तसंयमीनिका और अप्रमत्तसंयमीनिका नाना जीव अपेक्षासे सर्व काल है । एक जीवका काल जघन्य एक समय है उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है । आठवां गुणस्थानसे ग्यारहवें तकके उपशम श्रेणीवालोंका नानाजीव अपेक्षासे और एक जीव अपेक्षासे जघन्य एक समय है उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है ॥ चार क्षपक श्रेणी चढनेवालोंका और अयोगकेवलिनका नानाजीव अपेक्षासे और एक जीव अपेक्षासे जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है । सयोगकेवलीनिका नानाजीव अपेक्षासे सर्वकाल है एक जीवका जघन्य अन्तर्मुहूर्त है । उत्कृष्ट कुछ घाटि करोड पूर्व है ॥

परावर्तनलक्षणः १।१ निरन्तरं १।१।। एकेन्द्रियत्वेन ३।१।।	= परावर्तन लक्षणवाला है बराबर वा लगातार एकेन्द्रिय होकरि (पश्चात्)
मृत्वा ÷ ततः* पुनर्* भवात् ५।१	= मरकरि वहां (एकेन्द्रिय) से फिर (= पुनर्) जन्म लेकरि
विकलेन्द्रियः १।१ पंचेन्द्रियः १।१ वा भवति T	= विकल (द्वि-त्रि-चतुः) इन्द्रिय अथवा पंचेन्द्रिय होता है

(३) कायानुवादेन—पृथिव्यप्तेजोवायुकायिकानां नानाजीवापेक्षया सर्वः कालः। एकजीवं प्रति जघन्येन क्षुद्रभवग्रहणम्। उत्कर्षेणासंख्येयः कालः॥ वनस्पतिकायिकानामेकेन्द्रियवत्॥ त्रसकायिकेषु मिथ्यादृष्टेर्नानाजीवापेक्षया सर्वः कालः। एकजीवं प्रति जघन्येनान्तर्मुहूर्तः। उत्कर्षेण द्वे सागरोपमसहस्रे पूर्वकोटीपृथक्त्वैरभ्यधिके। शेषाणां पञ्चेन्द्रियवत्॥

काय-अनुवादेन ‖ पृथिवी-अप्-तेज-वायु-कायिकानाम् ‖ नानाजीव अपेक्षया ‖ सर्वः ‖ कालः ‖ = कायके कथनानुसारकरि भूमि, जल, अग्नि पवन कायिकनका अनेक जीवकी विवक्षासे समस्त काल है।

एकजीवम् ‖ प्रति* जघन्येन ‖ क्षुद्रभवग्रहणम् ‖ = एक जीवके लिये जघन्यकरि सूक्ष्म भवका [काल] लिया गया है

उत्कर्षेण ‖ असंख्येयः ‖ कालः ‖ = उत्कृष्टकरि असंख्यात [लोक परिमाण] काल है

वनस्पतिकायिकानाम् ‖ एकेन्द्रियवत्* = वनस्पति कायिकनिका (काल) एकेन्द्रियके सदृश है अर्थात् एक जीव की अपेक्षासे जघन्यकरि क्षुद्र भवमें जितना काल लगे उतना (=श्वास के अठारहवां भाग) उत्कृष्टकरि अनंत काल है जो असंख्यात पुद्गल-परावर्तोंके तुल्य है॥

त्रसकायिकेषु ‖ मिथ्यादृष्टेः ‖ नानाजीव-अपेक्षया ‖ = त्रसकायिकनिमें मिथ्यादृष्टियोंका अनेक जीवकी विवक्षासे

सर्वः ‖ कालः ‖ एकजीवम् ‖ प्रति जघन्येन ‖ = सब काल है एक जीवके लिये जघन्यकरि

अंतर्मुहूर्तः ‖ उत्कर्षेण ‖ द्वे ‖ सागरोपमसहस्रे ‖ = अंतर्मुहूर्त है। उत्कृष्टकरि दो हजार सागरके बराबर [और]

पूर्वकोटीपृथक्त्वैः ‖ अभि-अधिके ‖ = पृथक्त्व [तीनसे ऊपर नवसे नीचे] करोड़ पूर्वकरि अधिक है

शेषाणाम् ‖ पञ्चेन्द्रियवत्* = बचे हुये [गुणस्थानोंके त्रसकायिकोंका] पंचेन्द्रियके सदृश (काल) है अर्थात् सासादन सम्यग्दृष्टीकी नाना जीव अपेक्षासे जघन्य एक इत्यादि से कुछ घाटि करोड़ पूर्व है॥ यहां तक पृष्ठ १९२ का लेख देखो॥

एटानिवासी जगरूपसहायवकीलकृत पदच्छेद और विभक्त्यर्थसहित सर्वार्थसिद्धिका शब्दशः हिंदी अनुवाद अध्याय १ सूत्र ८।

(४) योगानुवादेन—वाङ्मानसयोगिषु मिथ्यादृष्ट्यसंयतसम्यग्दृष्टिसंयतासंयतप्रमत्ताप्रमत्तसयोगकेवलिनां नानाजीवापेक्षया सर्वः कालः। एकजीवापेक्षया जघन्येनैकः समयः। उत्कर्षेणान्तर्मुहूर्तः॥ सासादनसम्यग्दृष्टेः सामान्योक्तः कालः॥ सम्यग्मिथ्यादृष्टेर्नानाजीवापेक्षया जघन्येनैकः समयः। उत्कर्षेण पल्योपमासंख्येयभागः। एकजीवं प्रति जघन्येनैकः समयः। उत्कर्षेणान्तर्मुहूर्तः॥ चतुर्णामुपशमकानां क्षपकाणां च नानाजीवापेक्षया एकजीवापेक्षया च।

(४) योग-अनुवादेन ३।१	= योगकी विवक्षाकार
वाङ्मानसयोगिषु ७।३ मिथ्यादृष्टि-असंयतसम्यग्दृष्टि-	= वचन मन योगोंनिविषैं मिथ्यादृष्टी असंयत सम्यग्दर्शनवालेनिका
संयतासंयत-प्रमत्त-अप्रमत्त-	= संयमासंयमी प्रमत्त [छठे गुणस्थानवर्ती] अप्रमत्त [गुणस्थानवर्ती]
सयोगकेवलिनां ६।३ नानाजीव-अपेक्षया ३।१ सर्वः १।१	= (तथा) योगसहित केवलिनका अनेक जीवकी विवक्षासे समस्त
कालः १।१ एकजीव अपेक्षया ३।१ जघन्येन ३।१ एकः १।१	= काल है। एक जीवकी अपेक्षासे जघन्यकरि एक
समयः १।१ उत्कर्षेण ३।१ अन्तर्मुहूर्तः १।१ सासादन-	= समय है उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है सासादन सम्यग्दृष्टि (दूसरे गुणस्थानवर्ती)
सम्यग्दृष्टेः ६।३ सामान्य उक्तः-	= का संक्षेपसे कहाहुआ (गुणस्थानवत्)
कालः १।१	= काल है अर्थात् सासादन सम्यग्दृष्टीका नानाजीवकी अपेक्षासे जघन्य एक समय है उत्कृष्ट पल्योपमके असंख्यातवां भाग है। एक जीवकी अपेक्षासे जघन्य एक समय है उत्कृष्ट छः आवली है
सम्यङ्मिथ्यादृष्टेः नानाजीव-अपेक्षया ६।१ जघन्येन ३।१	= मिश्र गुणस्थानवालेका अनेक जीवकी विवक्षासे जघन्यकरि
एकः १।१ समयः १।१ उत्कर्षेण ३।१ पल्योपम-असंख्येय-	= एक समय है उत्कृष्टकरि पल्योपमके असंख्यातवां
भागः १।१ एकजीवम् २।१ प्रति* जघन्येन ३।१ एकः १।१	= अंश है। एक जीवके लिये (मिश्रगुणस्थानवर्तीका) जघन्यकरि एक
समयः १।१ उत्कर्षेण ३।१ अन्तर्मुहूर्तः १।१ चतुर्णाम् ६।३	= समय है उत्कृष्टकरि अन्तरमुहूर्त है। चार
उपशमकानाम् ६।३	= उपशम श्रेणी (आठवां नववां दशवां ग्यारहवां गुणस्थान) वालेनिका
क्षपकाणाम् ६।३ च	= तथा क्षपक श्रेणी (आठवां नववां दशवां और बारहवां गुणस्थान) वालेनका
नानाजीव-अपेक्षया ३।१ एकजीव-अपेक्षया ३।१ च*	= अनेक जीवकी विवक्षासे और [=च] एक जीवकी अपेक्षासे

जघन्येनैकः समयः । उत्कर्षेणान्तर्मुहूर्तः ॥ काययोगिषु मिथ्यादृष्टेर्नानाजीवापेक्षया सर्वः कालः । एकजीवं प्रति जघन्येनैकः समयः । उत्कर्षेणानन्तः कालोऽसंख्येयाः पुद्गलपरिवर्ताः ॥ शेषाणां मानसयोगिवत् ॥ अयोगानां सामान्यवत् ॥ (५) वेदानुवादेन—स्त्रीवेदेषु मिथ्यादृष्टेर्नानाजीवापेक्षया सर्वः कालः । एकजीवं प्रतिजघन्येनान्तर्मुहूर्तः । उत्कर्षेण पल्योपमपृथक्त्वम् ॥

जघन्येन ‡ एकः ‡ समयः ‡ उत्कर्षेण ‡ अन्तर्मुहूर्तः ‡ = जघन्यकरि एक समय है उत्कृष्टकरि अन्तर्मुहूर्त है ।
काययोगिषु ‡ मिथ्यादृष्टेः ‡ = काययोगीनिमें मिथ्यादृष्टीका
नानाजीव+अपेक्षया ‡ सर्वः ‡ कालः ‡ = अनेक जीवकी विवक्षासे समस्त काल है ।
एकजीवम् ‡ प्रति*जघन्येन ‡ एकः ‡ समयः ‡ = एक जीवके लिये जघन्यकरि एक समय है ।
उत्कर्षेण ‡ अनन्तः ‡ कालः ‡ असंख्येयाः ‡ = उत्कृष्टकरि अनन्त काल है (सो) असंख्यात
पुद्गलपरिवर्ताः ‡ शेषाणाम् ‡ = पुद्गलपरिवर्तन हैं । अवशेष(दूसरेसे तेरहवां गुणस्थानवाले)निका काल
मानस+योगिवत्* = मन योगीनके [कालके] सदृश है [देखो पृष्ठ २००)
अयोगानाम् ‡ सामान्यवत्* = अयोगकेवलीनिका संक्षेप [प्रकरणमें कथित गुणस्थान]वत् (काल) है अर्थात् अयोग केवलिका नानाजीव अपेक्षासे और एक जीव अपेक्षासे जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त काल है (पृष्ठ १८७ देखो)

(५) वेद+अनुवादेन ‡ स्त्रीवेदेषु ‡ मिथ्यादृष्टेः ‡ = वेदके कथनानुसारकरि स्त्री वेदविषै मिथ्यादृष्टी (स्त्री) का
नानाजीव+अपेक्षया ‡ सर्वः ‡ कालः ‡ = अनेक जीवकी विवक्षासे समस्त काल है
एकजीवम् ‡ प्रति * जघन्येन ‡+अन्तर्मुहूर्तः ‡ = एक चैतन्यके लिये जघन्यकरि अन्तर्मुहूर्त है ।
उत्कर्षेण ‡ पल्य+उपमपृथक्त्वम् ‡ = उत्कृष्टकरि पृथक्त्व (=तीनसे ऊपर नवसे नीचे) पल्यके बराबर है

सासादनसम्यग्दृष्ट्याद्यनिवृत्तिबादरान्तानां सामान्योक्तः कालः किं तु असंयतसम्यग्दृष्टेर्नाना-जीवापेक्षया सर्वः कालः ।

सासादनसम्यग्दृष्टि–आदि	= सासादनसम्यक्त्ववाली [स्त्रीवेदी] से
अनिवृत्तिबादर–अन्तानां ।।१	= अनिवृत्ति बादर गुणस्थानवर्ती तकनिका
सामान्य–उक्तः ।।१ कालः ।।१	= संक्षेप [प्रकरण] में (पहिले) कथित [गुणस्थानवत्] काल है

अर्थात् सासादन सम्यग्दृष्टी स्त्रीवेदीनिका नानाजीव अपेक्षासे जघन्य एक समय है, उत्कृष्ट पल्यके असंख्यातवां भाग है । एक जीवका काल जघन्य एक समय है–उत्कृष्ट छः आवली है ॥ मिश्रगुणस्थानवर्ती स्त्री-वेदियोंका नानाजीव अपेक्षासे जघन्य अन्तर्मुहूर्त है । उत्कृष्ट पल्योपम के असंख्यातवां भाग है । एक जीवकी अपेक्षासे जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है ॥ असंयमी चौथे गुणस्थानवर्ती स्त्रीवेदियोंका इसके नीचे सर्वार्थसिद्धिमें व्याख्या कहा है ॥ संयमासंयमी स्त्रीवेदीनिका नानाजीव अपेक्षासे सर्वकाल है । एक जीवकी अपेक्षासे जघन्य अन्तर्मुहूर्त है, उत्कृष्ट कुछ घाटि करोड पूर्व है । प्रमत्त छठे अप्रमत्त सातवें गुणस्थानवाले स्त्रीवेदियोंका नानाजीवकी अपेक्षासे सर्व काल है । एक जीवकी अपेक्षासे जघन्य एक समय है उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है ॥ अपूर्व करण उपशमश्रेणी स्त्री [भाव] वेदीका और अनिवृत्तिकरण उपशम श्रेणी स्त्री [भाव] वेदीका नानाजीव अपेक्षासे और एक जीव अपेक्षासे जघन्य एक समय उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है । अपूर्व करण क्षपक श्रेणी स्त्री [भाव] वेदीका और अनिवृत्तिकरण क्षपक-श्रेणी स्त्री [भाव] वेदीका नाना जीवोंकी अपेक्षासे और एक जीवकी अपेक्षासे जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है ।

किंतु असंयत सम्यग्दृष्टेः ।।१	= परंतु असंयत सम्यग्दृष्टी (स्त्री वेदियों) का
नानाजीव+अपेक्षया ।।१	= अनेक जीवकी अपेक्षासे
सर्वः ।।१ कालः ।।१	= समस्त काल है

एकजीवं प्रति जघन्येनान्तर्मुहूर्तः । उत्कर्षेण पञ्चपञ्चाशत्पल्योपमानि देशोनानि ॥ पुंवेदेषु मिथ्यादृष्टेर्नानाजीवापेक्षया सर्वः कालः ।

एकजीवं २।१ प्रति* जघन्येन १।१।। अन्तर्मुहूर्तः १।१ = एक जीवकी जघन्यकरि अंतरमुहूर्त है ।
उत्कर्षेण ३।१ पञ्चपञ्चाशत्पल्योपमानि २।३।। देशोनानि १।३।। = उत्कर्षकरि कुछ हीन पचपन पल्यके बराबर है ।
पुंवेदेषु ७।३ मिथ्यादृष्टेः ६।१ नानाजीव-अपेक्षया ३।१।। सर्वः कालः = पुरुष वेदविषैं मिथ्यादृष्टीका अनेक जीवकी विवक्षासे सब काल है ।

(१) देशोनानि कथमिति चेत् स्त्रीवेदासंयतैकजीवं प्रति उत्कर्षेण पञ्चपञ्चाशत्पल्योपमानि गृहीतसम्यक्त्वस्य स्त्रीवेदोत्पदाभावात् पर्याप्तः सन्सम्यक्त्वं गृहीष्यतीति पर्याप्तिसमापकान्तर्मुहूर्तहीनत्वाद्देशोनानि तानि पञ्चपञ्चाशत्पल्योपमानि स्त्रीवेदे षोडशस्वर्गे सम्भवन्तीति वेदितव्यम्

देश-ऊनानि १।३।। कथम्* इति* चेत्* = कुछ हीन कैसे ? इसप्रकार संदेह है ।
स्त्रीवेद-असंयत-एकजीवम् २।१ प्रति* = (उत्तर) स्त्रीवेदीमें चौथे गुणस्थानवर्ती एक जीवके लिये
उत्कर्षेण ३।१ पञ्चपञ्चाशत्पल्योपमानि १।१।। = उत्कृष्टकरि पचपन पल्यके तुल्य है
गृहीतसम्यक्त्वस्य ६।१ स्त्रीवेद-उत्पाद— = सम्यग्दर्शनसहित (जीव) के स्त्रीवेदविषै उत्पन्न होनेका वा जन्म लेनेका
अभावात् ५।१ = अभाव होनेसे
पर्याप्तः १।१ सन् सम्यक्त्वम् २।१।। गृहिष्यति T इति* = पर्याप्त होनेपर (=सन्) सम्यग्दर्शन धारण करता है इसप्रकार
पर्याप्तिसमापक-अन्तर्मुहूर्तहीनत्वात् ५।१।। = पर्याप्ति अवस्थाको पूरण करनेवाले अंतरमुहूर्तके हीन होनेसे
देशोनानि १।१।। तानि १।३।। पञ्चपञ्चात् १।३।। पल्योपमानि १।३।। = कुछ हीन ते पचपन पल्योपम
स्त्रीवेदे ७।१ षोडशस्वर्गे ७।१ सम्भवन्ति T इति वेदितव्यम् १।१।। = स्त्रीवेदमें सोलहवां स्वर्गविषै सम्भवै हैं इसप्रकार जानना योग्य है (सद् वर्तमान कृदन्त है) अर्थात् जो जीव सम्यग्दर्शनसहित मरता है वह स्त्री नहीं होता है इसलिये सोलह स्वर्गकी स्त्री भी कोई जीव हो जिसकी उत्कृष्ट आयु पचपन पल्यकी होतो वह स्त्री असंयत सम्यग्दृष्टी केवल अन्तर्मुहूर्त घाटि पचपन पल्य ही रहैगी क्योंकि अतर्मुहूर्तमें पर्याप्त होनेपर सम्यक्त्व धारण करेगी सो वही अन्तर्मुहूर्त न्यून हो जावैगी । इसके बाद मरकर तो वह पुरुषवेदी हो जायगी ।

एकजीवं प्रति जघन्येनान्तर्मुहूर्तः। उत्कर्षेण सागरोपमशतपृथक्त्वम्॥ सासादनसम्यग्दृष्ट्यादिनिवृत्तिबादरान्तानां सामान्योक्तः कालः॥ नपुंसकवेदेषु मिथ्यादृष्टेर्नानाजीवापेक्षया सर्वः कालः। एकजीवं प्रति जघन्येनान्तर्मुहूर्तः। उत्कर्षेणानन्तः कालोऽसंख्येयाः पुद्गलपरिवर्ताः॥ सासादनसम्यग्दृष्ट्यादिनिवृत्तिबादरान्तानां सामान्यवत्। किं त्वसंयतसम्यग्दृष्टेर्नानाजीवापेक्षया सर्वः कालः। एकजीवं प्रति जघन्येनान्तर्मुहूर्तः।

एकजीवम् ;। प्रति* जघन्येन ;। अन्तर्मुहूर्तः ;। = एक जीवके लिये जघन्यकरि अन्तर्मुहूर्त है।

उत्कर्षेण ;। सागर-उपम-शत-पृथक्त्वम् ;॥ = उत्कृष्टकरि पृथक्त्व सौ सागरके तुल्य है अर्थात् तीनसौ सागरसे अधिक नवसौ सागरसे नीचे है॥

सासादनसम्यग्दृष्टि आदि अनिवृत्तिबादर-अन्तानां ;। = [पुरुषवेदविषै] सासादनसम्यग्दर्शनवालेसे लेकर अनिवृत्तिबादर तकनिका

सामान्य उक्तः ;। कालः ;। = संक्षेपसे कथित [गुणस्थानवत्] काल है। यह काल वही है जो २०२ पृष्ठका है परंतु असंयतीका एक जीवकी अपेक्षासे उत्कृष्टकरि तेतीस सागर से कुछ अधिक है॥

नपुंसकवेदेषु ;। मिथ्यादृष्टेः ;। नानाजीव-अपेक्षया ;। = नपुंसक वेदविषै मिथ्यादृष्टीका अनेक जीवकी विवक्षासे

सर्वः ;। कालः ;। एकजीवं ;। प्रति*जघन्येन ;। = समस्त काल है एक जीवके लिये जघन्यकरि

अन्तर्मुहूर्तः ;। उत्कर्षेण ;। अनन्तः ;। कालः ;। = अन्तर्मुहूर्त है उत्कृष्टकरि अनन्त काल है [सो]

असंख्येयाः ;। पुद्गलपरिवर्ताः ;। = असंख्यात पुद्गल परावर्तन हैं

सासादनसम्यग्दृष्टि आदि— = [नपुंसक वेदविषै] सासादनसम्यग्दर्शनवालेसे लेकर

अनिवृत्तिबादर-अन्तानां ;। सामान्यवत्* = नवमां गुणस्थानवर्ती तकनिका संक्षेपसे (कथित गुणस्थानवत् काल) है॥

किम्* तु* असंयतसम्यग्दृष्टेः ;। = परंतु असंयत सम्यग्दर्शनवालेका

नानाजीव-अपेक्षया ;। सर्वः ;। कालः ;। = नानाजीवकी विवक्षासे समस्त काल है

एकजीवम् ;। प्रति जघन्येन ;। अन्तर्मुहूर्तः ;। = एक जीवके लिये जघन्यकरि अंतर्मुहूर्त है

उत्कर्षेण त्रयस्त्रिंशत्सागरोपमाणि देशोनानि ॥ अपगतवेदानां सामान्यवत् ॥ (६) कषायानुवादेन चतुष्कषायाणां मिथ्यादृष्ट्याद्यप्रमत्तान्तानां मनोयोगिवत् द्वयोरुपशमकयोर्द्वयोः क्षपकयोः केवललोभस्य च अकषायाणां च

उत्कर्षेण ३।१ त्रयस्त्रिंशत्सागरोपमाणि १।३ देशोनानि	= उत्कृष्टकरि कुछ हीन तेतीससागरके बराबर है
अपगतवेदानाम् ६।३	= वेदरहित [दशवां, ग्यारहवां, बारहवां तेरहवां चौदहवां गुणस्थानवर्तीनि) का
सामान्यवत् *	= (काल) संक्षेप [प्रकरणमें कहाहुआ गुणस्थानवत्) है अर्थात् सूक्ष्मसाम्पराय, उपशांतकषाय दोय उपशम श्रेणीवालोंके नानाजीव और एक जीवकी अपेक्षासे जघन्य एक समय उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्तकाल है। सूक्ष्मसाम्पराय क्षपक श्रेणीवालोंका और क्षीणकषाय अयोगकेवलियोंका नानाजीवकी अपेक्षासे और एक जीवकी अपेक्षासे जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है। सयोगकेवलियोंका नानाजीव अपेक्षासे सर्वकाल है एक सयोगकेवलीकी अपेक्षासे जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है उत्कृष्ट काल कुछ घाटि एक करोड पूर्व है।
(६) कषाय-अनुवादेन ३।१	= (६) कषायके कथनानुसार करि
चतुष्कषायाणां ६।३ मिथ्यादृष्टि-आदि-	= चार [क्रोध मान माया लोभ) कषाय वाले मिथ्यादृष्टिसे लेकर
अप्रमत्त-अन्तानां ६।३ मनस्-योगिवत् *	= अप्रमत्त तकोंका (काल) मनोयोगीके सदृश है [पृष्ठ २०० पंक्ति दूसरीसे १३ तक वही शब्दशः यहांका काल पढ़लो)
द्वयोः ६।३ उपशमकयोः ६।३ द्वयोः ६।३	= दो उपशमश्रेणी (आठवां नववां गुणस्थान वालेनिका) दो
क्षपकयोः ६।३ केवललोभस्य ६।१ च*	= क्षपकश्रेणीनवालेनिका और केवल लोभवालेका दशवें गुणस्थानवर्तीनका (जहां एक संज्वलन लोभ है अन्य कषाय कोई नहीं है)
अकषायाणाम् ६।३ च*	= तथा कषायरहित [ग्यारहवां बारहवां तेरहवां चौदहवां गुणस्थानवर्तिनि]का

सामान्योक्तः कालः ॥ (७) ज्ञानानुवादेन-मत्यज्ञानिश्रुताज्ञानिषु मिथ्यादृष्टिसासादनसम्यग्दृष्ट्योः सामान्यवत् ॥

सामान्य-उक्तः ।। कालः ।। =संक्षेपसे कथित [गुणस्थानवत] काल है अर्थात् अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण उपशम श्रेणीवाले कषाय सहितोंका नानाजीव अपेक्षासे और एक जीव अपेक्षासे जघन्य एक समय काल है उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है। अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण क्षपकश्रेणीवाले कषायसहितोंका नानाजीव अपेक्षा से और एक जीव अपेक्षासे जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तमुहूर्त है॥ सूक्ष्मसाम्पराय उपशमश्रेणीवालोंका एक जीव और नानाजीव अपेक्षासे जघन्य एक समय है उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है॥ सूक्ष्मसाम्पराय क्षपकका एकजीवकी और अनेक जीवकी अपेक्षासे जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्तकाल है उपशांत कषाय-वालोंका नानाजीव और एकजीव अपेक्षासे जघन्य एक समय है उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है॥ क्षीणकषाय वालोंका नानाजीव और एक जीवकी अपेक्षासे जघन्य तथा उत्कृष्टकाल अन्तर्मुहूर्त है॥ सयोगकेवलि-यों का नानाजीव अपेक्षासे समस्त काल है एकजीवका जघन्य काल अंतर्मुहूर्त है उत्कृष्ट काल कुछ घाटि एक करोड पूर्व है॥ अयोगकेवलियोंका नानाजीव अपेक्षासे और एक जीव अपेक्षासे उत्कृष्ट काल और जघन्यकाल अंतर्मुहूर्त है॥

७ ज्ञान+अनुवादेन ।। =७ ज्ञानके कथनानुसारकरि

मति+अज्ञानि+श्रुत+अज्ञानिषु ।। =मतिअज्ञानी श्रुतअज्ञानियोंविषैं

मिथ्यादृष्टि+सासादनसम्यग्दृष्ट्योः =मिथ्यादृष्टि [तथा] सासादन सम्यग्दर्शनवालेका (काल)

सामान्यवत्* =संक्षेप [प्रकरणमें पहिले कहा हुआ गुणस्थानवत] है अर्थात् मिथ्यादृष्टिका मतिज्ञानी और श्रुतअज्ञानीका नाना जीव अपेक्षासे सर्व काल है। एक जीव अपेक्षासे तीन भेद हैं [१] अनादि अपर्यवसान [२] अनादि सपर्यवसान और सादिसपर्यवसान तहां सादिसपर्यवसान काल जघन्यकरि अन्तर्मुहूर्त है उत्कृष्ट कुछ हीन अर्धपुद्गल परावर्त है॥ मतिअज्ञानी और श्रुतअज्ञानी सासादन सम्यग्-दृष्टियोंका नाना जीव अपेक्षासे जघन्य एक समय है उत्कृष्ट पल्यके असंख्यातवां भाग है। एक जीवकी अपेक्षा से जघन्य एक अन्तर्मुहूर्त है। उत्कृष्ट छह आवली है॥

विभङ्गज्ञानिषु मिथ्यादृष्टेर्नानाजीवापेक्षया सर्वः कालः एकजीवं प्रति जघन्येनान्तर्मुहूर्तः । उत्कर्षेण त्रयस्त्रिंशत्सागरोपमाणि देशोनानि ॥ सासादनसम्यग्दृष्टेः सामान्योक्तः कालः ॥ आभिनिबोधिकश्रुतावधिमनःपर्ययकेवलज्ञानिनां च सामान्योक्तः कालः ॥

विभङ्गज्ञानिषु ‡ मिथ्यादृष्टेः ‡ नानाजीव+अपेक्षया ‡ = कुअवधि ज्ञानियोंमें मिथ्यादृष्टीका अनेक आत्माकी विवक्षासे
सर्वः ‡ कालः ‡ एकजीवं ‡ प्रति जघन्येन ‡ अन्तर्मुहूर्तः ‡ = सर्वकाल है एक आत्माके लिये जघन्यकरि अन्तर्मुहूर्त है
उत्कर्षेण ‡ त्रयस्त्रिंशत्सागरोपमाणि ‡ देशोनानि ‡ = उत्कर्षकरि कुछ हीन तेतीस सागरके बराबर है (त्रयस्त्रिंशत्को सागरोपमके साथ समासमें अथवा भिन्न भी ला सक्ते हैं)

सासादनसम्यग्दृष्टेः ‡ = (कुअवधि ज्ञानियोंमें) सासादन सम्यग्दर्शन वालेका
सामान्य+उक्तः ‡ कालः ‡ संक्षेप(प्रकरण)से कथित (गुणस्थानवत्) काल है अर्थात् नाना जीवकी अपेक्षासे जघन्य एक समय है, उत्कृष्ट पल्यके असंख्यातवां भाग है । एक जीवकी अपेक्षासे जघन्य एक समय उत्कृष्ट छः आवली है॥

आभिनिबोधिकश्रुत+अवधिमनःपर्यय- = मतिज्ञानी (=आभिनिबोधिक) श्रुतज्ञानी अवधिज्ञानी मनःपर्यय
केवलज्ञानिनाम् ‡ च सामान्य+उक्तः ‡ कालः ‡ = और केवल ज्ञानीका संक्षेपकरि कथित (गुणस्थानवत्) काल है अर्थात् मति–श्रुत–अवधि ये तीन ज्ञान चारसे बारह गुणस्थान तक होते हैं, मनःपर्ययज्ञान छठेसे बारह तक होता है अतः कालका

(१) देशोनानीति कथम्—विभङ्गज्ञानिमिथ्यादृष्टेरेकजीवं प्रति उत्कर्षेण त्रयस्त्रिंशत्सागरोपमाणि । पर्याप्तश्च विभङ्गज्ञानं प्रतिपद्यत इति पर्याप्तसमापकान्तर्मुहूर्तहीनत्वाद् देशोनानि ॥

देशोनानि ‡॥ इति*कथम्* = कुछ हीन (यह) कैसे
विभङ्गज्ञानिमिथ्यादृष्टि-एकजीवम् ‡। प्रति* = कुअवधिज्ञानी मिथ्यादृष्टी एक चेतनके लिये
उत्कर्षेण ‡। त्रयस्त्रिंशत् ‡॥ सागर+उपमाणि ‡॥ = उत्कृष्टकरि तेतीस सागर (के) तुल्य (काल) है (टिप्पणी पृष्ठ १२१)
पर्याप्तः ‡। च विभङ्ग+ज्ञानम् ‡॥ प्रतिपद्यते T इति * = पर्याप्त जीव ही (=च) खोटी अवधिको प्रारम्भ करता है इस प्रकार
पर्याप्तिसमापक+अन्तर्मुहूर्तहीनत्वात् ‡॥ देश+ऊनानि ‡॥ = पर्याप्तको पूरण करनेवाला अन्तर्मुहूर्त हीन होनेसे कुछ हीन (तेतीस सागर) है

८ संयमानुवादेन-सामायिकच्छेदोपस्थापनपरिहारविशुद्धिसूक्ष्मसाम्परायथाख्यातशुद्धिसंयतानां सँयतासंयतानामसंयतानां च

प्रमाण इस भांति है कि असंयत सम्यग्दृष्टी मतिज्ञानियों श्रुतज्ञानियों और अवधिज्ञानियोंका नाना जीवकी अपेक्षासे सर्व काल है एक जीवका काल जघन्य अन्तर्मुहूर्त है, उत्कृष्ट तेतीस सागरसे कुछ अधिक है। संयमासंयमी मतिज्ञानियोंका श्रुतज्ञानियोंका अवधिज्ञानियोंका नानाजीव अपेक्षासे सर्व काल है एक जीवका जघन्य अंतर्मुहूर्त है उत्कृष्ट कुछ घाटि एक करोड पूरव है । प्रमत्त संयमी अप्रमत्तसंयमी मतिज्ञानियोंका श्रुतज्ञानियोंका अवधिज्ञानियोंका और मनःपर्ययज्ञानियोंका नानाजीवकी अपेक्षासे सर्व-काल है। एक जीवका जघन्य एक समय है उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है । चार उपशमश्रेणीवाले मति-श्रुत-अवधि-मनःपर्ययज्ञानियोंका नानाजीवकी अपेक्षासे और एक जीवकी अपेक्षासे जघन्य एक समय काल है और उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है। चार क्षपकश्रेणीवाले मति-श्रुत-अवधि मनःपर्यय ज्ञानियोंका और अयोग केवलियोंका नानाजीवकी अपेक्षासे और एक जीवकी अपेक्षासे जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है सयोग केवलियोंका नानाजीवकी अपेक्षासे सब काल है एक जीवकी अपेक्षासे जघन्य अन्तर्मुहूर्त है उत्कृष्ट [काल] कुछ न्यून एक करोड पूर्व है ॥

[८]संयम+अनुवादेन॥	=(८) संयमके कथनानुसारसे
सामायिकच्छेदोपस्थापन-	=सामायिक और छेदोपस्थान संयमी (छठा सातवां आठवां नववां गुणस्थानवर्ती)निका
परिहारविशुद्धि-	=परिहारविशुद्धि संयमी (छठे सातवें गुणस्थानवाले) निका
सूक्ष्मसाम्पराय-	=सूक्ष्मसाम्पराय संयमी (दशवें गुणस्थानवर्ती)निका
यथाख्यातशुद्धिसंयतानां	=यथाख्यात शुद्धिसंयमी [ग्यारहवां बारहवां तेरहवां चौदहवां गुणस्थानवाले] निका
संयतासंयतानाम् ॥	=संयमासंयमी (पांचवें गुणस्थानवर्ती)निका
असंयतानाम् ॥ च	=तथा [=च] असंयमी (पहलेसे चौथे गुणस्थानवाले] निका

सामान्योक्तः कालः ॥ (९) दर्शनानुवादेन-चक्षुर्दर्शनिषु मिथ्यादृष्टेर्नानाजीवापेक्षया सर्वः कालः । एकजीवं प्रति जघन्येनान्तर्मुहूर्तः । उत्कर्षेण द्वे सागरोपमसहस्रे ॥ सासादनसम्यग्दृष्टेर्यावदीनां क्षीणकषायान्तानां सामान्योक्तःकालः ॥ अचक्षुर्दर्शनिषु मिथ्यादृष्ट्यादिक्षीणकषायान्तानां सामान्योक्तः कालः ॥

सामान्य-उक्तः ॥ कालः ॥ =संक्षेप (प्रकरण) द्वारा कथित (गुणस्थानवत्) काल है (देखो पृष्ठ १७९ से १८८)

(९) दर्शन-अनुवादेन ॥ चक्षुर्दर्शनिषु ॥ मिथ्यादृष्टेः ॥ =(९) दर्शनकी विवक्षा करे चक्षुर्दर्शनवालोंमें मिथ्यादृष्टीका

नाना-जीव-अपेक्षया ॥ सर्वः ॥ कालः ॥ एकजीवं ॥ प्रति =अनेक जीवकी विवक्षासे सर्व काल है । एक जीवके लिये

जघन्येन ॥॥ अन्तर्मुहूर्तः ॥ उत्कर्षेण ॥ द्वे ॥॥ सागरोपम =जघन्यकरि अन्तर्मुहूर्त है । उत्कृष्टकरि सागरोपम दो

सहस्रे ॥ सासादन-सम्यग्दृष्टि आदीनां ॥ क्षीणकषाय =सहस्र है । सासादन सम्यग्दृष्टि आदिकोंका क्षीणकषाय (बारहवां गुणस्थानवर्ती)

अन्तानां ॥ सामान्य-उक्तः ॥ कालः ॥ =पर्यंतोंका संक्षेप (प्रकरण) से कथित (गुणस्थानवत्) काल है अर्थात्

चक्षुर्दर्शनवाले सासादन सम्यग्दृष्टिनिका नाना जीव अपेक्षासे जघन्य एक समय है उत्कृष्ट पल्यके असंख्यातवां अंश है । एक जीवकी अपेक्षासे जघन्य एक समय है उत्कृष्ट छः आवली है । मिश्रगुणस्थानवर्ती चक्षुर्दर्शन वालेनिका नाना जीव अपेक्षासे जघन्य अन्तर्मुहूर्त है उत्कृष्ट पल्यका असंख्यातवां भाग है एक जीवकी अपेक्षासे जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है । अविरत सम्यग्दृष्टि चक्षुर्दर्शन वालेनिका नाना जीवकी अपेक्षासे सर्वकाल है । एक जीवकी अपेक्षासे जघन्य अन्तर्मुहूर्त है उत्कृष्ट तेतीस सागर से कुछ अधिक काल है । संयतासंयतो चक्षुर्दर्शन वालेनिका नाना जीवकी अपेक्षा से सर्वकाल है एक जीव की अपेक्षासे जघन्य अन्तर्मुहूर्त है उत्कृष्ट कुछ न्यून एक कोड़ पूर्व है । प्रमत्त छठे गुणस्थानवर्ती चक्षुर्दर्शन वालेनिका और अप्रमत्त सातवां गुणस्थानवर्ती चक्षुर्दर्शन वालेनिका नाना जीवकी अपेक्षासे सर्वकाल है एक जीवकी अपेक्षासे जघन्य एक समय है उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है । चार उपशमक चक्षुर्दर्शन वालेनिका नाना जीवकी अपेक्षासे और एक जीवकी अपेक्षासे जघन्य एक समय है उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है । चार क्षपक श्रेणीवाले चक्षुर्दर्शन वालेनिका नाना जीवकी अपेक्षासे और एक जीव की अपेक्षासे जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है ॥

अचक्षुः दर्शनिषु ॥ मिथ्यादृष्टि-आदि-क्षीणकषाय- =अचक्षुर्दर्शनवालेनि में मिथ्यादृष्टिसे लेकर (=आदि) क्षीणकषाय

अन्तानां ॥ सामान्य-उक्तः ॥ कालः ॥ =पर्यन्तनिका संक्षेपसे कहा हुआ गुणस्थानवत् काल है अर्थात् मिथ्यादृष्टिका

अवधिकेवलदर्शिनोरवधिकेवलज्ञानिवत् ॥ (१०) लेश्यानुवादेनकृष्णनीलकापोतलेश्यासु मिथ्यादृष्टेर्नाना-जीवापेक्षया सर्वः कालः । एकजीवं प्रति जघन्येनान्तर्मुहूर्तः ।

नाना जीव की अपेक्षा से सर्वकाल है। एक जीवकी अपेक्षासे सादिसांत भंगका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है। उत्कृष्ट कुछ घाटि अर्द्ध पुद्गल परावर्त है सासादन से क्षीण कषाय तकके लिये वही काल है जो "चक्षुदर्शन से अन्त मुहूर्त तक" पूर्व पृष्ठ २०९ में लिखित है ॥ देखो पृष्ठ २०९ पंक्ति १० से २० तक

अवधिकेवलदर्शिनोः ¦। अवधि-केवल ज्ञानिवत् *

=अवधि दर्शन वाले और केवल दर्शन वालों का काल अवधिज्ञानी केवल-ज्ञानियों के सदृश [क्रम से] है। अवधिज्ञान और अवधिदर्शन चार से बारह गुणस्थान तक है केवल ज्ञान केवल दर्शन तेरहवें और चौदहवें गुणस्थान में है)

(१०)लेश्या-अनुवादेन¦।कृष्ण-नील-कापोत लेश्यासु¦¦॥=लेश्यायों की अपेक्षा से कृष्ण-नील कापोत लेश्याओंमें

मिथ्या दृष्टेः ¦। नानाजीव-अपेक्षया¦॥ सर्वः ¦। कालः¦। =मिथ्या दृष्टि का नाना जीव की अपेक्षा से समस्त काल है ॥

एक जीवं ¦। प्रति* जघन्येन ¢ ¦॥। अन्तर्मुहूर्तः ¦। =एक जीव के लिये जघन्य करि अन्तर्मुहूर्त है ॥

* लेश्यासु का अर्थ जो "लेश्याओं में" ऐसा लियाजावे तो स्त्रीलिंग होगा (जैसा अनुवाद में है) "लेश्या वालों में" ऐसा अर्थ लें तो पुल्लिंग होगा ॥

¢ स तु कालः ¦। तिर्यङ्मनुष्यापेक्षया तेषामेव लेश्यापरावर्तसम्भवात् ¦। एवं सर्वत्र स लेश्यायुक्तस्यान्तर्मुहूर्तस्तिर्यङ्मनुष्यापेक्षयावेदितव्यः

सः ¦। तु*काल: ¦। तिर्यङ्मनुष्य अपेक्षया¦॥ तेषां¦।एव*=किंतु सो अन्तर्मुहूर्तका काल तिर्यंच और नरकी अपेक्षा से तिनके ही

लेश्या-परावर्त-सम्भावात् ¦। =लेश्याओंको फेरा फेरी के हो सकने से है अर्थात्

(मनुष्य-तिर्यंचों के ही लेश्यायें पलटती रहती हैं अतः जघन्य अन्तर्मुहूर्त काल है।

च*एवं*सर्वत्र*लेश्या-युक्तस्य ¦। अन्तर्मुहूर्त ¦। =और (=व) ऐसे सब स्थानों में लेश्या सहितका अन्तर्मुहूर्त (काल) है

तिर्यङ्-मनुष्य-अपेक्षया ¦॥ वेदितव्यः ¦। =सो तिर्यंच और मनुष्यों की अपेक्षा से मानना चाहिये

उत्कर्षेण त्रयस्त्रिंशत्सप्तदशसप्तसागरोपमाणि सातिरेकाणि ॥ सासादनसम्यग्दृष्टिसम्यङ्मिथ्यादृष्ट्योःसामान्योक्तः कालः ।

उत्कर्षेण ॥ सा- अतिरेकाणि ॥ (१) त्रयस्त्रिंशत्- =उत्कृष्टकरि कुछ अधिक तेतीस (सागरोपम काल सातवां नरक में)
सप्तदश- =(कुछ अधिक) सत्रह (सागर प्रमाण कालपांचवां नरक में)
सप्त-सागरोपमाणि ॥ सासादन- =सातसागर प्रमाण (कुछ अधिक तीजे नरकमें) है । (तीन अशुभलेश्या में) सासादन-
सम्यग्दृष्टि सम्यङ् मिथ्या दृष्ट्योः ॥ सामान्य- उक्तः ॥ कालः ॥ =सम्यग्दृष्टि और मिश्रगुणस्थानवर्तियों का संक्षेप से कथित (गुणस्थानवत्) काल है

अर्थात् कृष्ण-नील-कापोत लेश्या के धारक सासादन सम्यग्दर्शन-वालेनिका नाना जीव की अपेक्षा से जघन्य एक समय काल है उत्कृष्टपल्यका असंख्यातवां भाग है । एक जीव की अपेक्षा से जघन्य एक समय उत्कृष्ट छह आवली काल होता है । मिश्रगुणस्थानवर्ती कृष्ण-नील-कापोत लेश्या-वालों का नाना जीवकी अपेक्षासे जघन्य अन्तर्मुहूर्त है उत्कृष्ट पल्यका असंख्यातवां भाग है एक जीवकी अपेक्षासे जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है ॥

(१) तत्कथम्—नारकापेक्षया यथा संख्यं सप्तम पञ्चम तृतीय पृथिव्यां त्रयस्त्रिंशत्सप्तदशसप्तसागरोपमाणि देवनारकाणामवस्थितलेश्यत्वात् ॥ व्रजन्नियमेन तल्लेश्यायुक्तो भवति । आगच्छतो नियमो नास्तीति सातिरेकाणि ॥

तत्-कथम् * =सो (कुछ अधिक तेतीस, सत्रह, सात सागर, अशुभ लेश्या के नारकिनका काल) कैसे है
देव-नारकाणाम् ॥ अवस्थित-लेश्यत्वात् ॥ नारक- =देव और नारकियों के स्थिर वा निश्चल लेश्या होने से नारकी जीवों की
अपेक्षया ॥ यथासंख्यं ॥ सप्तम-पञ्चम-तृतीय- पृथिव्यां ॥ =अपेक्षासे यथा क्रम वा क्रमानुसार सातवां पांचवां और तीसरे नरक में
त्रयस्त्रिंशत्-सप्तदश-सप्त-सागरोपमाणि ॥ नियमेन ॥ =तेतीस, सत्रह और सात सागर प्रमाण (काल) है निश्चय से
तत्-लेश्या-युक्तः ॥ व्रजन् भवति (व्रजन् वर्तमान कृदन्त है) =उस (अशुभ) लेश्या सहित जीव (पूर्व जन्म से) चलकर नारकी होता है
आगच्छतः ॥ नियमः ॥ न अस्ति इति से-अतिरेकाणि ॥ =(नरकसे) आनेवाले की (लेश्या का) नियम नहीं ऐसे कुछ अधिक सागर है अर्थात्

नारकियों की लेश्या पलटती नहीं है सो सातवां नरक में जहां उत्कृष्ट लेश्या है तेतीस सागर काल है और पांचवां नरक में जहां उत्कृष्ट नील लेश्या है सत्रह सागर काल है और तीसरे नरक में जहां उत्कृष्ट कापोत लेश्या है सात सागरकाल है ऐसे तेतीस सत्रह और सात सागर तो ये हुए और नरक में जाने वाले जीव के मरते समय कृष्ण-नील कापोत लेश्या होती है और उनही लेश्या सहित नरक में जन्म लेता है। ऐसे

असंयतसम्यग्दृष्टेर्नानाजीवापेक्षया सर्वः कालः । एकजीवं प्रति जघन्येनान्तर्मुहूर्तः । उत्कर्षेण त्रयस्त्रिंशत्सप्तदशसप्तसागरोपमाणि देशोनानि ॥ तेजःपद्मलेश्ययोर्मिथ्यादृष्ट्यसंयतसम्यग्दृष्ट्योर्नानाजीवापेक्षया सर्वः कालः ।

असंयत-सम्यग्दृष्टेः ;। नाना-जीव-अपेक्षया ;॥	=(कृष्ण नील कापोत लेश्यावाले) असंयत सम्यग्दृष्टिका नाना जीवकी अपेक्षासे
सर्वः ;। कालः ;। एकजीवं ;। प्रति* जघन्येन ;॥॥	=सर्वकाल है । एक चेतनके लिये जघन्यकरि
अन्तर्मुहूर्तः ;। उत्कर्षेण ;। देशोनानि ;॥॥ त्रयस्त्रिंशत्-*	=अन्तर्मुहूर्त (काल) है । उत्कृष्टकरि कुछ हीन तेतीस
सप्तदश-सप्त-सागरोपमाणि ;॥॥	=सत्रह सात सागर प्रमाण (काल) है ।
तेजः-पद्मलेश्ययोः ;॥ मिथ्यादृष्टि-असंयतसम्यग्दृष्ट्योः ;।	=पीत-पद्म लेश्याओं में मिथ्यादृष्टि और असंयत सम्यग्दर्शनवाले का
नाना-जीव अपेक्षया ;॥ सर्वः ;। कालः ;।	=अनेक चेतनकी विवक्षासे समस्त काल है

दोनों कालोंको जोड़ने से कुछ अधिक तेतीस, कुछ अधिक सत्रह, वा कुछ अधिक सात सागर काल उत्कृष्टकरि होता है यद्यपि यह नियम नहीं है कि नरक से जन्म लेने के पश्चात् उस जीवके कौनसी लेश्या होगी ।

* उक्त लेश्यायुक्ता संयत सम्यग्दृष्ट्येकजीवं प्रति उत्कर्षेण नारकापेक्षया उक्तान्येव सागरोपमाणि। पर्याप्तिसमापकान्तर्मुहूर्तं सप्तम्यां] मारणान्तिके च सम्यक्त्वाभावाद्देशोनानि ॥

उक्त-लेश्या-युक्त-असंयत-सम्यग्दृष्टि एकजीवं ;।	=कथित (कृष्ण-नील-कापोत) लेश्याओं सहित असंयत सम्यग्दृष्टिका एकजीवके
प्रति* उत्कर्षेण ;। नारक-अपेक्षया ;॥ उक्तानि ;॥॥	=लिये उत्कृष्टकरि नरककी अपेक्षासे कहे हुये
एव* सागरोपमाणि ;॥॥	=ही सागर प्रमाण काल है अर्थात् सातवीं नरक में तेतीस और पांचवीं नरक में सत्रह और तीसरे नरक में सात सागर काल है (परन्तु)
पर्याप्तिसमापक-अन्तर्मुहूर्तं	=पर्याप्ति अवस्थाको पूरी करने वाली अन्तर्मुहूर्त (तीसरे पांचवें सातवें नरक में)
च सप्तम्याम् ;॥ मारणान्तिके ;।	=और (=च) सातवीं (नरक) में मृत्युके समीप में (भी) [illegible] अर्थात् सातवीं नरक में मरते समय अवश्य मिथ्यात्व आ जाता है ।
सम्यक्त्व-अभावात् ;। देशोनानि ;॥॥	=सम्यग्दर्शन के अभाव होने से कुछ हीन (तेतीस सागर सत्रह सागर सातसागर काल क्रमसे सातवीं पांचवीं तीसरे नरक में) है । तीसरे पांचवें सातवें नरकों में पर्याप्ति पूरी करनेके पीछे सम्यक्त्व होता है ।

एकजीवं प्रति जघन्येनान्तर्मुहूर्तः । उत्कर्षेण द्वे सागरोपमे अष्टादश च सागरोपमाणि सातिरेकाणि ॥

एकजीवं ।१। प्रति* जघन्येन ।१।।। अन्तर्मुहूर्तः ।१।	=एक जीवके लिये जघन्यकरि अन्तर्मुहूर्त है
उत्कर्षेण ।१।	=उत्कृष्टकरि (सौधर्म ऐशान स्वर्गोंके पीत-पद्म लेश्यावाले देवोंका काल)
द्वे ।१।।। सागरोपमे ।१।।। स-अतिरेकाणि ।१।।। च*	=कुछ अधिक दो सागर प्रमाण है और
अष्टादश ।१।। सागर-उपमाणि ।१।। (स-अतिरेकाणि)	=कुछ अधिक अठारह सागर प्रमाण (सतार और सहस्रार स्वर्गोंके पीत-पद्म लेश्याके धारक देवोंका काल) है

(१) द्वे सागरोपमे =दो सागर प्रमाण (काल) है परंतु सम्यग्दृष्टि हो और घातायुष्क हो तो उस जीवकी आयु उत्कृष्ट आयुसे कुछ न्यून आधसागर अधिक होती है और जीव दो सागर आयु पावै तो घातायुष्क अन्तर्मुहूर्त न्यून अढ़ाई सागर आयु पावै घातायुष्क वालेका उत्पाद बारहवें स्वर्ग तक है उसके ऊपर नहीं है।

घातायुष्क =पूर्व भवमें किसी जीवने विशुद्ध परिणामोंसे आयुका बंध अधिक किया था, पश्चात् संक्लेश परिणामों के वशसे आयु घटाय थोड़ी रक्खी तिस जीवको घातायुष्क कहिये। जैसे कोई मनुष्य ब्रह्मब्रह्मोत्तर स्वर्गका आयु दशसागर प्रमाण बंधकिया फिर उसही मनुष्य भवमें संक्लेश परिणामोंके बंधने से आयुकी स्थितिका घात करके सौधर्म ईशानमें आय उपजा सो घातायुष्क है सो अन्य देवोंकी दो सागर प्रमाण आयु तें अंतर्मुहूर्त न्यून आधा सागर अधिक आयु पावै है। आयुका घात दो प्रकार है। एक अपवर्त्तन घात दूजा कदली घात। तहां वर्त्तमान आयुका घटावना सो अपवर्त्तन घात है अरभुज्यमान आयुका घटावना कदलीघात है। देवोंमें कदलीघात संभव नहीं है।

तत्-लेश्यायुक्तानां ।६। मारणान्तिक- =उन (पीतलेश्या और पद्मलेश्या) संयुक्तोंके मारणान्तिक समुद्घात और

उपपाद-सम्भवात् ।६। सातिरेकतः *च सागरोपम- =उपपाद अवस्थाके होनेसे कुछ आयु बढ़ जाने (के हेतु) से और (क्रमसे दो और अठारह) सागरोपम

युक्तत्वात् ।५।।। सातिरेकाणि ।१।।। किंचित् अधिकानि इति अर्थः =सहित कुछ अधिक (सातिरेकाणि) हुई। कुछ अधिक है ऐसा अर्थ है। सो जिस पर्यायको छोड़कर देव वा नारकी उत्पन्न हो उस पर्यायके अन्तके अन्तर्मुहूर्तमें तथा देव नारक पर्यायको छोड़कर जिस पर्यायमें उत्पन्न हो उस पर्यायके आदिके अन्तर्मुहूर्तमें वही लेश्या होती है। प्रथमको पूर्वभव चरमांतर्मुहूर्त और द्वितीयको उत्तरभव प्रथमांतर्मुहूर्त कहते हैं। (छहों लेश्याओंके उत्कृष्टकाल-प्रमाणमें दो दो अन्तर्मुहूर्त का काल अधिक अधिक समझना) इसलिये पीत-पद्मलेश्यावाले एकजीव घातायुष्कवाले का सौधर्म ईशान स्वर्गोंमें उत्कृष्टकाल = दो सागर+अन्तर्मुहूर्त न्यून आध-सागर (घातआयुष्क)+पूर्वभव चरमांतर्मुहूर्त + उत्तरभव प्रथमांतर्मुहूर्त ॥ सतार सहस्रार स्वर्गोंके पीतपद्मलेश्यावाले घातायुष्क जीवका उत्कृष्टकाल = १२सागर + अन्तर्मुहूर्त घाटि आधसागर + मारणांतकअन्तर्मुहूर्त + उपपाद अन्तर्मुहूर्त।

सासादनसम्यग्दृष्टिसम्यग्मिथ्यादृष्ट्योः सामान्योक्तः कालः ॥ संयतासंयतप्रमत्ताप्रमत्तानां नानाजीवापेक्षया सर्वः कालः ॥ एकजीवं प्रति जघन्येनैकः समयः। उत्कर्षेणान्तर्मुहूर्तः ॥ शुक्ललेश्यानां मिथ्यादृष्टेर्नानाजीवापेक्षया सर्वः कालः । एकजीवं प्रति जघन्येनान्तर्मुहूर्तः । उत्कर्षेणैकत्रिंशत्सागरोपमाणि सातिरेकाणि ॥

सासादनसम्यग्दृष्टि-सम्यग्मिथ्यादृष्ट्योः ;। सामान्य-उक्तः ;। कालः ;।

=(पीतपद्मलेश्याओं में) सासादनसम्यग्दृष्टी और मिश्रगुणस्थानवालों का =संक्षेपकरि (पहिले) कथित (गुणस्थानवत्) काल है अर्थात् सासादन सम्यग्दृष्टि पीत-पद्मलेश्या धारकों का नाना जीव अपेक्षासे जघन्य एक समय है उत्कृष्ट पल्य का असंख्यातवां भाग है एक जीव प्रति जघन्य एक समय है। उत्कृष्ट छह आवली है ॥ पीत-पद्मलेश्या वाले मिश्रगुणस्थान वालों का नाना जीवका जघन्य अन्तर्मुहूर्त काल है उत्कृष्ट पल्यका असंख्यातवां भाग है। एक जीव की अपेक्षा-से जघन्य औरउत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है ॥

संयतासंयत-प्रमत्त-अप्रमत्तानां ;। नाना-जीव-अपेक्षया ;॥ सर्वः ;। कालः ;। एकजीवं ;। प्रति* जघन्येन ;॥ एकः ;। समयः ;। उत्कर्षेण ;। अन्तर्मुहूर्तः =(पीत-पद्म-लेश्या वालों में) देशसंयतनिका प्रमत्त अप्रमत्त वालों का अनेक =जीवकी अपेक्षासे सब काल है। एक जीव के लिये =जघन्यकरि एक समय है उत्कृष्टकरि अन्तर्मुहूर्त है

शुक्ललेश्यानां ;। मिथ्यादृष्टेः ;। नाना-जीव-अपेक्षया ;॥ सर्वः ;। कालः ;। एकजीवं ;। प्रति जघन्येन ;॥ अन्तर्मुहूर्तः ;। उत्कर्षेण ;। स-†अतिरेकाणि ;॥ एकत्रिंशत् ;॥ सागरोपमाणि ;॥ =शुक्ललेश्या वाले मिथ्यादृष्टि का अनेक जीवकी विवक्षा से =सर्व काल है। एक जीव के लिये जघन्यकरि =अन्तर्मुहूर्त है। उत्कृष्टकरि कुछ अधिक =इकतीस सागर प्रमाण है अर्थात् मिथ्यादृष्टि शुक्ल .श्याका धारक

---

† ग्रैवेयकदेवापेक्षया तेषां नामादि सारणान्तिकोत्पादावस्थायामपि शुक्ललेश्यासम्भवात्सातिरेकाणि ॥

ग्रैवेयक-देव-अपेक्षया ;॥ तेषां ;। नामादि ;॥ मारणान्तिक उत्पादअवस्थायाम् ;॥ अपि* शुक्ललेश्या-सम्भवात् ;। स-अतिरेकाणि ;॥

=(नवम) ग्रैवेयक (मिथ्यादृष्टि) देवों की अपेक्षासे तिनके नाम =मारणांतिक समुद्घातमें अर्थात् पूर्वभवसम्बन्धी अन्तर्मुहूर्त में) और =उपपाद अवस्था में भी (अर्थात् इतर भवसम्बन्धी अन्तर्मुहूर्त में भी) शुक्ललेश्या के =संभव होने (के हेतु) से कुछ अधिक (इकतीस सागर उत्कृष्टकाल-) वे मिथ्यादृष्टि शुक्ल लेश्या वाले जीव का

सासादनसम्यग्दृष्ट्यादि[illegible]गकेवल्यन्तानामलेश्यानां च सामान्योक्तः कालः । किं तु संयतासंयतस्य नानाजीवापेक्षया सर्वः कालः । एकजीवं प्रति जघन्येनैकः समयः । उत्कर्षेणान्तर्मुहूर्तः ॥

मरकर नव ग्रैवेयक तक उत्पन्न होसक्ता है जहां उत्कृष्ट आयु इकतीस सागर है मारणान्तिक समुद्घातके अन्तर्मुहूर्त में और उपपाद अवस्था के अन्तर्मुहूर्त में भी शुक्ल लेश्या रहती है अतः उत्कृष्टकाल इकतीस सागरसे पूर्वभवचरमान्तर्मुहूर्त और उत्तरभवप्रथमान्तर्मुहूर्त के बराबर अधिक है

सासदनसम्यग्दृष्टि-आदि-सयोग-केवलि अन्तानाम् च अलेश्यानां ॥ सामान्य-उक्तः ॥ कालः ॥

=(शुक्ल लेश्या वाले) सासादन सम्यग्दृष्टिसे लेकर सयोग केवली तकनिका =और (च) लेश्या रहित (अयोगकेवलि) निका संक्षेप (प्रकरण) करि =(प्रथम) कथित (गुणस्थानवत्) काल है अर्थात्

वही काल है जो पृष्ठ १८१ से १८८ तक में लिखा है। इसमेंसे पृष्ठ १८५ मेंसे "संयतासंयतस्य नानाजीवापेक्षयासर्वः कालः । एक जीवं प्रति जघन्येन अन्तर्मुहूर्तः उत्कर्षेण पूर्वकोटीदेशोना" छोड़दो क्योंकि संयमासंयमियोंका काल नीचे लिखा जाता है

किन्तु* संयतासंयतस्य ॥ नाना-जीव अपेक्षया ॥ सर्वः ॥ कालः ॥ एकजीवम् ॥ प्रति* जघन्येन ॥॥ एकः ॥ समयः ॥ उत्कर्षेण ॥ अन्तर्मुहूर्तः ॥

=परन्तु संयमासंयमियोंका अनेक जीवकी अपेक्षा से =सब काल है । एक जीवके लिये जघन्य करि =एक समय है । उत्कृष्टकरि अन्तर्मुहूर्त है

११ भव्यानुवादेन-भव्येषु मिथ्यादृष्टेर्नानाजीवापेक्षया सर्वः कालः ॥ एकजीवापेक्षया द्वौ भङ्गौ । अनादिः सपर्यवसानः सादिः सपर्यवसानश्च । तत्र सादिः सपर्यवसानो जघन्येनान्तर्मुहूर्तः । उत्कर्षेणार्द्धपुद्गलपरिवर्तो देशोनः ॥ सासादनसम्यग्दृष्ट्याद्ययोगकेवल्यन्तानां सामान्योक्तः कालः ॥

---

(११) भव्य-अनुवादेन ;। भव्येषु ;। मिथ्यादृष्टेः ;। नाना जीव-अपेक्षया ;। सर्वः ;। कालः ;। एकजीव-अपेक्षया ;। द्वौ ;। भङ्गौ ;।

=भव्यके अनुवादकरि भव्यजीवों में मिथ्यादृष्टिका अनेक
=जीवकी अपेक्षासे समस्तकाल है । एक जीवकी
=विवक्षासे दो भेद हैं

अनादिः ;। सपरि-अवसानः ;।

=आदिरहित (=अनादि) अन्त (=अवसान) सहित (=सपरि) अर्थात अनादि सांत है

चक्ष्य-आदि ;। सपरि-अवसानः ;।

=(और दूसरा) आदि सहित (=सादि) अन्त (=अवसान) सहित अर्थात सादि सांत है

तत्र*सादिः ;। सपरि-अवसानः ;। जघन्येन ;।। अन्तर्मुहूर्तः ;। उत्कर्षेण ;। देशोनः ;। अर्द्धपुद्गलपरिवर्तः ;। सासादनसम्यग्दृष्टि-आदि अयोगकेवलि-अन्तानाम् ;। सामान्य-उक्तः ;। कालः ;।

=तहां सादिसांत (काल) जघन्यकरि
=अन्तर्मुहूर्त है । उत्कृष्टकरि कुछहीन
=अर्द्धपुद्गलपरिवर्तन (काल) है । सासादनसम्यग्दृष्टीसेलेकर
=अयोगकेवली (चौदहवें गुणस्थानवर्ती) पर्यन्तोंका
=संक्षेप (प्रकरण) करि कहाहुआ (गुणस्थानवत्) काल है

(देखो पृष्ठ १८१ से १८८ तक इस मुद्रित पुस्तकका)

अभव्यानामनाद्यपर्यवसानः ॥ (१२) सम्यक्त्वानुवादेन-क्षायिकसम्यग्दृष्टीनामसंयतसम्यग्दृष्ट्यादियोगकेवल्यन्तानां सामान्योक्तः कालः ॥ क्षायोपशमिकसम्यग्दृष्टीनां चतुर्णां सामान्योक्तः कालः ॥ औपशमिकसम्यक्त्वेषु असंयतसम्यग्दृष्टिसंयतासंयतयोर्नानाजीवापेक्षया जघन्येनान्तर्मुहूर्तः । उत्कर्षेण पल्योपमासंख्येयभागः । एकजीवं प्रति जघन्यश्चोत्कृष्टश्चान्तर्मुहूर्तः ॥ प्रमत्ताप्रमत्तयोश्चतुर्णामुपशमकानां च नानाजीवापेक्षया एकजीवापेक्षया च जघन्येनैकः समयः । उत्कर्षेणान्तर्मुहूर्तः ॥ सासादनसम्यग्दृष्टिसम्यङ्मिथ्यादृष्टिमिथ्यादृष्टीनां सामान्योक्तः कालः ।

अभव्यानाम् ;। अनादि-अपरि* अवसानः ;। =अभव्योंका अनादि अन्त (=अवसान) रहित (=अपरि) अर्थात अनादि अंतकाल है
(१२) सम्यक्त्व-अनुवादेन ;। क्षायिक-सम्यग्दृष्टीनां ;। =(१२)सम्यग्दर्शन के कथनानुसारकरि क्षायिकसम्यग्दर्शनवालोंका
असंयतसम्यग्दृष्टि-आदि-अयोगकेवलि-अन्तानां ;। =असंयत (चौथे गुणस्थान) वर्ती से अयोगकेवली पर्यन्तनिका
सामान्य-उक्तः ;। कालः ;। =संक्षेपकरि (पहिले) कहा हुआ (गुणस्थानवत) काल है (पृष्ठ १८२ से १८८ तक)
क्षायोपशमिक-सम्यग्दृष्टीनां ;। चतुर्णां ;। =वेदक सम्यग्दर्शनवाले चारों (चारसे सातवां गुणस्थानवर्ती) निका
सामान्य-उक्तः ;। कालः ;। =संक्षेपसे कथित (गुणस्थानवत) काल है (पृष्ठ १८२ पंक्ति ३ से १८५ पंक्ति ३ तक)
औपशमिकसम्यक्त्वेषु ;।। असंयतसम्यग्दृष्टि- =उपशमसम्यग्दर्शनमें असंयमसम्यग्दर्शन वाले और
संयतासंयतयोः ;। नाना-जीव-अपेक्षया ;। =देशसंयमीनिका अनेक चेतनकी अपेक्षासे
जघन्येन ;। अन्तर्मुहूर्तः ;। उत्कर्षेण ;। पल्योपम- =जघन्यकरि अन्तर्मुहूर्त (काल) है उत्कृष्टकरि पल्योपमके
असंख्येयभागः ;। एकजीवं ;। प्रति* जघन्यः ;। च =असंख्यातवांभाग है और एक जीव के लिये जघन्य
उत्कृष्टः ;। च अन्तर्मुहूर्तः ;। च प्रमत्त-अप्रमत्तयोः ;। =और उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त (काल) है। और प्रमत्त (छठे) अप्रमत्त (सातवें) गुणस्थानोंका
च चतुर्णां ;। =और चार (अपूर्वकरण–अनिवृत्तिकरण–सूक्ष्मसांपराय–उपशांतकषाय गुणस्थानवर्ती)
उपशमकानां ;। नाना–जीव–अपेक्षया ;।। च = उपशमश्रेणीवालों का नाना जीवकी अपेक्षासे और
एक-जीव-अपेक्षया ;।। जघन्येन ;। एकः ;। समयः ;। =एक जीवकी विवक्षा से जघन्यकरि एक समय है
उत्कर्षेण ;। अन्तर्मुहूर्तः ;। -सासादनसम्यग्दृष्टि- =उत्कृष्टकरि अन्तर्मुहूर्त है। सासादन सम्यग्दृष्टि
सम्यङ्मिथ्यादृष्टि-मिथ्यादृष्टीनां ;। सामान्य-उक्तःकालः=मिश्र और मिथ्यादृष्टियों का संक्षेप में कथित (गुणस्थानवत्) काल* है अर्थात

(१३) सञ्ज्ञानुवादेन – संज्ञिषु मिथ्यादृष्ट्याद्य निवृत्तिबादरान्तानां पुंवेदवत् ॥

सासादनसम्यग्दृष्टीका अनेक जीवकी अपेक्षासे जघन्य एक समय काल है उत्कृष्ट पल्यके असंख्यातवां भाग है एक जीवकी अपेक्षा से जघन्य एक समय उत्कृष्ट छः आवली है। मिश्र गुणस्थानवालोंका नाना जीवों की पूर्ति जघन्य अन्तर्मुहूर्त है। उत्कर्ष पल्यके असंख्यातवां भाग है। एक जीवकी अपेक्षासे जघन्य और उत्कर्ष अन्तर्मुहूर्त है। मिथ्या दृष्टियोंका नाना जीव अपेक्षा से सर्व काल है। एक जीव प्रति तीन भेद हैं (१) अनादि अनंत काल (२) अनादि सान्त काल (३) सादि सान्त काल। तहां सादि सान्त काल जघन्य अन्तर्मुहूर्त है। उत्कर्ष कुछ न्यून आध पुद्गल परावर्त है॥

(१३) सञ्ज्ञा-अनुवादेन ॥
संज्ञिषु ॥ मिथ्यादृष्टि–
आदि अनिवृत्तिबादर–
अन्तानां ॥ पुंवेदवत्

=संज्ञी के कथनानुसार करि
=(प्रथम गुणस्थानवर्ती संज्ञियोंमें मिथ्यादृष्टी–
=से लेकर (= आदि) अनिवृत्तिबादरसाम्पराय नवमां गुणस्थानवर्ती
=पर्यन्तनिका पुरुषवेद समान (काल) है॥ इसलिये पुरुष वेद के अनुकूल मिथ्या दृष्टि संज्ञियों का नानाजीव अपेक्षासे सर्व काल है। एक जीव की अपेक्षा से जघन्य अन्तर्मुहूर्त है उत्कर्ष तीन सौ सागर से ऊपर और नौ सौ सागर से नीचे काल है। सासादन सम्यग्दृष्टी संज्ञियों का नाना जीव अपेक्षा से जघन्य एक समय है। उत्कृष्ट पल्य के असंख्यातवां भाग है। एक जीवकी अपेक्षासे जघन्य एक समय है उत्कृष्ट छः आवली है॥ मिश्र गुणस्थानवर्ती संज्ञियोंका काल नाना जीव अपेक्षासे जघन्य अन्तर्मुहूर्त है उत्कृष्ट पल्य के असंख्यातवां भाग है एक जीव की अपेक्षा से जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है॥ असंयत सम्यग्दृष्टी संज्ञियों का काल नाना जीव अपेक्षा से सर्व काल है एक जीव की अपेक्षा से जघन्य अन्तर्मुहूर्त है उत्कृष्ट तेतीस सागर से कुछ अधिक है॥ संयमासंयमी संज्ञियों का काल नाना जीव अपेक्षासे सर्व है एक जीवकी अपेक्षासे जघन्य अन्तर्मुहूर्त है उत्कृष्ट कुछ घाटि एक करोड पूर्व है॥ प्रमत्तसंयमी संज्ञियों का और अप्रमत्त संयमी संज्ञियों का नाना जीव अपेक्षा से सर्व काल है एक जीव अपेक्षा से जघन्य एक समय उत्कर्ष अन्तर्मुहूर्त है॥ अपूर्वकरण और अनिवृत्ति करण उपशमश्रेणीवाले संज्ञियों

शेषाणां सामान्योक्तः कालः ॥ असंज्ञिना मिथ्यादृष्टेर्नानाजीवापेक्षया सर्वः कालः । एकजीवं प्रति जघन्येन क्षुद्रभवग्रहणम् ॥ तिण्णिसया छत्तीसा छावट्ठी सहस्सगाणि मरणाणि । अंतोमुहुत्तमेत्ते तावदिया चेव होंति खुद्दभवा ॥ ६६३३६ ॥ उत्कर्षेणानन्तः कालोऽसंख्येयाः

का नाना जीव अपेक्षा से और एक जीव अपेक्षा से जघन्य एक समय है उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है. अपूर्व करण और अनिवृत्ति करण उपशक श्रेणी वाले संज्ञियों का नाना जीवऔर एक जीव अपेक्षा से जघन्य और उत्कर्ष अन्तर्मुहूर्त काल है

शेषाणां ।। =बचेहुये (सैनी दशवां-ग्यारहवां-बारहवां गुण स्थानवर्ती) निका

सामान्य-उक्तः ।। कालः ।। =संक्षेप (प्रकरण) में कहा हुआ (गुणस्थानवत्) काल है अर्थात् शेष उपशम श्रेणीवाले दशवां-ग्यारहवां गुणस्थानवर्ती संज्ञियों का नाना जीवकी और एक जीवकी अपेक्षा से जघन्य एक समय है उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है और शेष क्षपक श्रेणीवाले दशवां बारहवां गुणस्थानवर्ती सैनियों का नाना जीव और एक जीवकी अपेक्षासे जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है ॥ संज्ञी प्रथमसे बारह गुणस्थान तक होते हैं ॥ असंज्ञी केवल मिथ्यात्व गुणस्थानमें होते हैं ॥

असंज्ञिनां ।। मिथ्यादृष्टेः ।। नानाजीवअपेक्षया ।।। =मन रहित (= असंज्ञिनां) मिथ्यादृष्टीका अनेक चेतनकी अपेक्षासे

सर्वः ।। कालः ।। एकजीवं ।। प्रति जघन्येन ।। =समस्त काल है एक जीव केलिये जघन्यकरि

क्षुद्रभव-ग्रहणम् ।।।। =सूक्ष्मभव (का काल) लिया गया है [सो श्वांस के अठारहवां भाग होना है]

तिण्णि ।।।। सया ।।।। छत्तीसा ।।। (=त्रीणि शतानि षट् त्रिंशत्=तीन सौ छत्तीस

छावट्ठी ।।। सहस्सगाणि ।।।। (=षट्षष्टि ।।। सहस्रकाणि)=छासठ सहस्र

मरणाणि ।।।। अंतोमुहुत्त—(=मरणानि ।।।। अन्तर्मुहूर्त-)=मरण अन्तर्मुहूर्त

मेत्ते ।। तावदिया ।। च (मात्रे ।। तावन्तः ।। च) =मात्र में और (= च)इतने (अर्थात ६६३३६)

एव होंति T खुद्दभवा ।। (=एव भवन्ति क्षुद्रभवाः) =ही सूक्ष्म भव (एक लब्ध्य पर्याप्तक जीव के) होते हैं ॥

उत्कर्षेण ।, अनन्तः ।। कालः ।। असंख्येयाः ।। =(मन रहित मिथ्यादृष्टी का) उत्कृष्ट करि अनंत काल है। सो असंख्याते

पुद्गलपरिवर्ताः । तदुभयव्यपदेशरहितानां सामान्योक्तः कालः ॥ (१४) अहारानुवादेन – आहारकेषु मिथ्यादृष्टेर्नानाजीवापेक्षया सर्वः कालः । एकजीवं प्रति जघन्येनान्तर्मुहूर्तः । उत्कर्षेणांगुलासंख्येयभाग असंख्येयाः सख्येया उत्सर्पिण्यवसर्पिण्यः ।

पुद्गलपरिवर्ताः ।। तद्-उभय-व्यपदेश-रहितानां ।।	=पुद्गल परावर्तन हैं । उन (सैनी असैनी) दोनों नामोंसे वर्जित
सामान्य- उक्तः ।। कालः ।।	=(सयोग-अयोग केवली) निका संक्षेप से कथित (गुणस्थानवत) काल है अर्थात सयोग केवलियोंका नाना जीवकी प्रति सब काल है एक जीव की अपेक्षा से जघन्य अन्तर्मुहूर्त है उत्कृष्ट कुछ घाटि करोड़ पूर्व है । अयोग केवलियों का काल नाना जीव की और एक जीवकी प्रति जघन्य-उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है
(१४) आहार-अनुवादेन ।। आहारकेषु ।। मिथ्यादृष्टेः ।।	=आहार के कथनानुसार करि आहारकनि में मिथ्यादृष्टी का
नाना जीव अपेक्षया ।।। सर्वः ।। कालः ।। एकजीवं ।।	=अनेक जीवकी अपेक्षासे सब काल है । एक जीव के
प्रति* जघन्येन ।। अन्तर्मुहूर्तः ।। उत्कर्षेण ।।	=लिये जघन्यकरि अन्तर्मुहूर्त है । उत्कृष्टकरि
अंगुल-असंख्येय-भागः-।। असंख्येया संख्येयाः ।।	=(सूची अंगुल के असंख्यातवां अंश है सो असंख्यातासंख्यरत
उत्सर्पिणि-अवसर्पिण्यः ।।	=उत्सर्पिणी (काल) अवसर्पिणी काल (परिमाण) है अर्थात अंगुल के प्रदेश और इनके समय समान है ।। भावार्थ सूच्यंगुलके असंख्यातवां भाग के प्रदेशोंकी संख्याके बराबर आहारक का समय है ।

(१) उत्सर्पिणी और अवसर्पिणी रूप छह कालों से भरत और ऐरावत क्षेत्रों में मनुष्यों की आयु काय भोगोपभोग सम्पदा वीर्य बुद्ध्यादिक का बढ़ना और घटना होता है उत्सर्पिणी के छह कालों में वृद्धि और अवसर्पिणी के छह कालोंमें दिनों दिन ह्रास होता जाता है । अवसर्पिणी काल के (१) सुखमसुखमा (२) सुखमा (३) सुखमदुःखमा (४) दुःखमसुखमा (५) दुःखमा (६) अति दुःखमा ऐसे छह भाग हैं । इसी प्रकार उत्सर्पिणीके भी (१) अति दुःखमा (२) दुःखमा (३) दुःखमसुखमा (४) सुखमदुःखमा (५) सुखमा (६) सुखमसुखमा ये छह हैं ।। अवसर्पिणी काल दश कोडा कोडी सागर का है अर्थात् १००००००० × १००००००० = १००००००० ००००००० (दशनील सागर को) × १० (दशसे गुणा करो) तो १००००००० ००००००० ० सौ नीलसागर हुये । और उत्सर्पिणी काल भी दश कोडा कोडी सागर अर्थात् सौ नीलसागर का है । इन दोनों कालों को मिलाकर बीस कोडा कोडी सागर को एक कल्प कहते हैं ।। (२) देखो टिप्पणी मुद्रित पृष्ठ २६९ से २७६ तक

शेषाणां सामान्योक्तः कालः ॥ अनाहारकेषु मिथ्यादृष्टेर्नानाजीवापेक्षया सर्वः कालः । एकजीवं प्रति जघन्येनैकः समयः । उत्कर्षेण त्रयः समयाः ॥

शेषाणां ।।	=(आहारकनिमें) अवशिष्ट (दूसरेसे तेरहवें गुणस्थानवाले) निका
सामान्य-उक्तः ।। कालः ।।	=संक्षेपमें कथित (गुणस्थानवत्) काल है अर्थात् १८१ से १८८ पृष्ठ तक देखो और पृष्ठ १८७ मेंसे अयोगकेवलियों का काल जो नाना जीव की और एक जीवकी अपेक्षा से जघन्य-उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है मत पढ़ो ॥
अनाहारकेषु ।। मिथ्यादृष्टेः ।। नाना-जीव-अपेक्षया ।।।	=अनाहारकनिमें मिथ्यादृष्टीका अनेक चेतनकी अपेक्षा से
सर्वः ।। कालः ।। एकजीवं ।। प्रति * जघन्येन ।।	=सब काल है । एक जीवके लिये जघन्यकरि
एकः ।। समयः ।। उत्कर्षेण ।। त्रयः ।। समयाः ।।	=एक समय (मात्र) है । उत्कृष्टकरि तीन समय (तक विग्रहगति में) हैं अनाहारक अवस्था जीव की पहले-दूसरे-चौथे-तेरहवें-चौदहवें गुणस्थानों में है

(२) अंगुल असंख्येय भागः देखो पृष्ठ २२० यह वाक्य सर्वार्थ सिद्धि के दोनों संस्करणों में अशुद्ध (छप गया) है यह वाक्य इस प्रकार होना चाहिये कि अंगुल असंख्येय भागः इत्यादि और अंगुल से सूच्यंगुल समझना चाहिये क्योंकि पंडित टोडरमल जी कृत गोम्मटसार की गाथा ६७० इस प्रकार कि "अंगुल असंख भागो कालो आहारयस्स उक्कस्सो (अंगुलासंख्यभागः काल आहारकस्योत्कृष्टः) ॥ जीव तत्त्व प्रदीपिका टीका में इस का अर्थ ऐसे किया है कि "आहार कालः उत्कृष्टः सूच्यंगुलासंख्यातैकभागः" भाषा टोडरमल जी आहार का काल उत्कृष्ट सूच्यंगुल के असंख्यातवें भाग प्रमाण है ॥ सुच्यंगुल का असंख्यातवां भाग के जेते प्रदेश होंहि तितने समय प्रमाण आहारक का काल है ॥ जयचन्द रायजी ने भी असंख्यातवां भाग अनुवाद किया है न कि असंख्यातैभाग "उत्कृष्ट अंगुल के असंख्यातवां भाग है सो असंख्यातासंख्यात उत्सर्पिणी अवसर्पिणी परिमाण है । अंगुलि के प्रदेश और इन के समय समान हैं ॥" सर्वार्थ सिद्धि वचनिका पृष्ठ मुद्रित ९७ ॥ इस का सारांश यह है कि आहार की अपेक्षा से मिथ्यादृष्टी का एक जीव की विवक्षा से उत्कृष्ट काल सुच्यंगुल के असंख्यातवां भाग है इस सुच्यंगुल के असंख्यातवां भाग के प्रदेश संख्या व गणना में इतने हैं कि जितने पूर्वोक्त टिप्पणी में कथित उत्सर्पिणी अवसर्पिणी काल के समय गणना में होते हैं ॥ (सुच्यंगुल क्या है पृ० २६९ से २७६)

(१) एक द्वौ त्रीन्वाऽनाहारकः इति वक्ष्यमाणत्वात् ॥ (नया भव अथवा जन्म धारण करने के लिये गमन में जीव)

एकं ।। द्वौ ।। त्रीन् ।। वा*	=एक (समय तक) के लिये दो (समय तक) को अथवा तीन (समय तक) को
अन् आहारकः ।।	=अनाहारक है अर्थात् नो कर्म वर्गणा का आहार वा ग्रहण नहीं करता है
इति* वक्ष्यमाणत्वात् ।।।	=क्योंकि ऐसा (अध्याय २ सूत्र ३० में) कहा जायगा ।

सासादनसम्यग्दृष्ट्यसँयतसम्यग्दृष्ट्योर्नानाजीवापेक्षया जघन्येनैकः समयः । उत्कर्षेणावलिकाया असंख्येयभागः । एकजीवं प्रति जघन्येनैकः समयः । उत्कर्षेण द्वौ समयौ ॥ सयोगकेवलिनो नानाजीवापेक्षया जघन्येन त्रयः समयाः । उत्कर्षेण संख्येयाः समयाः । एकजीवं प्रति जघन्यश्चोत्कृष्टश्च त्रयः समयाः ॥ अयोगकेवलिनां सामान्योक्तः कालः ॥ कालो वर्णितः ॥

सासादनसम्यग्दृष्टि-असँयतसम्यग्दृष्ट्यो : ६। नाना जीव अपेक्ष । ३॥ जघन्येन ३। एकः १। समयः १। उत्कर्षेण३। आवलिकायाः६॥ असंख्येय-भागः१। एक जीवं २। प्रति* जघन्येन३। एकः१। समयाः१। उत्कर्षेण३। द्वौ २। समयौ १। सयोग-केवलिनः६। नाना-जीव-अपेक्षया ३॥ जघन्येन ३। त्रयः ३। समयाः६। उत्कर्षेण३। संख्येयाः१। समयाः१। च*एक जीवं २। प्रति* जघन्यः १। उत्कृष्टः १। च त्रयः १। समयाः १।

=(अनाहारकोंमें) सासादन सम्यग्दृष्टीका असंयत सम्यग्दृष्टीका नाना जीव की अपेक्षा से जघन्य करि एक समय (मात्र) है =उत्कृष्टकरि आवलीका असंख्यातवां भाग है =एक जीव के लिये जघन्यकरि एक समय है =उत्कृष्ट करि दो समय हैं । सयोगकेवलीका =अनेक आत्माओं की अपेक्षासे जघन्यकरि तीन =समय हैं । उत्कृष्टकरि संख्याते समय हैं । =और (सयोगकेवली का ही) एक जीवकी अपेक्षा से जघन्य और (=च) उत्कृष्ट =तीन समय हैं अर्थात् एक सयोगकेवली भगवानकी अपेक्षा से जब तीसरे समय में प्रतर समुद्घात करते हैं और चौथे समय में लोकपूर्ण समुद्घात को करते हैं, फिर इस लोकपूर्ण समुद्घात को पांचवीं समय में संकोचते हैं तब इन तीसरे चौथे पांचवें समयों में कार्माण योग होता है और अनाहारक अवस्था होती है ॥ "ओरालंदण्ड दुगे" इत्यादि गाथा पृष्ठ १२५ से प्रतर समुद्घात के संकोचने में छठी समय में भी कार्माण योग होता है अतः चार समय अनाहारक हो जाते हैं ॥ कितेक आचार्य तीन समय ही मानते हैं (११६ से १२६ तक)

अयोगकेवलिनां६ सामान्य-उक्तः१। कालः१। =अयोगकेवलीयोंका संक्षेप (प्रकरण) में कथित (गुणस्थानवत) काल है अर्थात् नाना जीवकी और एक जीवकी अपेक्षासे जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है (पृष्ठ १८७ के अनुसार)

कालः१। वर्णितः१। =काल (इस प्रकार) वर्णन किया गया है

सर्वार्थ-

२२३

अन्तरं निरूप्यते– विवक्षितस्य गुणस्य गुणान्तरसंक्रमेसति पुनस्तत्प्राप्तेः प्राङ्मध्यमन्तरम् । तत् द्विविधम् । सामान्येन विशेषेण च ॥ सामान्येन तावत्– मिथ्यादृष्टेर्नानाजीवापेक्षया न अस्त्यन्तरम् । एकजीवं प्रति जघन्येनान्तर्मुहूर्तः । उत्कर्षेण द्वे षट्षष्ठी देशोने सागरोपमाणाम् सासादनसम्यग्दृष्टेरन्तरं नानाजीवापेक्षया

अन्तरं॥॥ निरूप्यते। विवक्षितस्य॥ गुणस्य॥ गुणान्तर-संक्रमे॥ सति॥ पुनः* तत्-प्राप्तेः॥॥ प्राक्* मध्यम्॥॥ अन्तरम्॥॥

=अन्तर अर्थात् विरह वा विछोहकाल निरूपण किया जाता है अपेक्षितगुणका =अन्यगुणमें पलटन होनेपर (=सति) फिर उसी (गुणकी) प्राप्तिसे पहिले =मध्य वा बीच (का काल) सो अन्तर है अर्थात् एक गुणको छोड़करि फिर उसी गुणके ग्रहण करने में विलम्ब वा देरी हो सो अन्तर है ॥

तत्॥॥ द्वि-विधम्॥॥ सामान्येन॥॥ विशेषेण॥ च* =वह (अन्तर) दो प्रकार है संक्षेपकरि और (=च) भेदकरि

सामान्येन तावत्* मिथ्यादृष्टेः॥ नानाजीव-अपेक्षया॥॥ न-अस्ति-अन्तरम्॥॥ एकजीवं॥ प्रति* जघन्येन॥॥ =संक्षेपसे प्रथम (=तावत) मिथ्यादृष्टीका अनेक जीवकी अपेक्षा से =अन्तर नहीं है । एक जीव के लिये जघन्यकरि

अन्तर्मुहूर्तः॥—उत्कर्षेण॥ देशोने॥ द्वे॥॥ =अन्तर्मुहूर्त (अन्तर) है । उत्कृष्टकरि कुछ न्यून दुगुणे

षट्षष्ठी॥ सागरोपमाणाम्॥॥ =छयासठि (अर्थात् एकसौ बत्तीस) सागरोपमका (अन्तर) है

सासादनसम्यग्दृष्टेः॥ अन्तरं॥॥ नानाजीव-अपेक्षया॥ =सासादन सम्यग्दर्शन वालेका (विरहकाल) अनेक जीवकी अपेक्षा से

---

(१) एकोनविंशति (उन्नीस) से नवनवति (निन्यानवे) तक अर्थात् अस्सी संस्कृत की संख्याओं को संज्ञा मान सकते हैं ये सब अस्सी ही स्त्री लिङ्ग में हैं । संज्ञा जिन के साथ ये लाई जाती हैं । बहु वचन संज्ञा के साथ ये एक वचन में लाई जा सकती हैं जैसे षट्षष्टि ॥ केवलिनः ॥ षट्षष्टि ॥॥ अहानि ॥॥॥ छयासठ दिवस सतषष्टि स्मृतयः ॥॥ । विंशतिः ॥ ब्राह्मणाः ॥ अथवा विंशति ब्राह्मणाः ॥ । (बीस ब्राह्मण) दूसरी संज्ञाओं के समान ये द्वि वचन और बहु वचन में भी लाई जा सकती हैं परन्तु उस समय में संज्ञायें जिन के साथ ये लाई जाती हैं षष्ठी विभक्ति में होती हैं जैसे ब्राह्मणानां ॥ विंशती ॥॥ (दो कोड़ी वा दों बीसी ब्राह्मणों) की ब्राह्मणानां ॥ विंशतयः ॥॥ बहुत कोड़ी ब्राह्मणों की ॥ इसी प्रकार द्वे॥॥ षट्षष्टी ॥॥ सागरोपमाणां ॥॥॥ दो गुणे छयासठि सागर । इन अस्सी संख्याओं में से किसी को भी एक वचनमें लानेपर भी संज्ञायें जिनके साथ ये संख्यायें लाई जावें षष्ठी विभक्तिमें भी लाई जासकती हैं जैसे ब्राह्मणानां ॥ विंशतिः ॥॥ एकवीसी ब्राह्मण ॥

जघन्येनैकः समयः । उत्कर्षेण पल्योपमासंख्येयभागः । एकजीवं प्रति जघन्येन पल्योपमासंख्येयभागः उत्कर्षेणार्द्धपुद्गलपरिवर्तो देशोनः ॥ सम्यग्मिथ्यादृष्टेरन्तरं नानाजीवापेक्षया सासादनवत् । एकजीवं प्रति जघन्येनान्तर्मुहूर्तः । उत्कर्षेणार्द्धपुद्गलपरिवर्तो देशोनः ॥ असंयत सम्यग्दृष्ट्याद्यप्रमत्तान्तानां नानाजीवापेक्षया नास्त्यन्तरम् । एकजीवं प्रति जघन्येनान्तर्मुहूर्तः । उत्कर्षेणार्द्धपुद्गलपरिवर्तो देशोनः ॥ चतुर्णामुपशमकानां नानाजीवापेक्षया जघन्येनैकः समयः । उत्कर्षेण वर्षपृथक्त्वम्

जघन्येन ;॥ एकः ;। समयः ;। उत्कर्षेण ;। पल्योपम-
असंख्येय-भागः ;। एकजीवं ;। प्रति जघन्येन ;॥
पल्योपम क असंख्येय-भागः ;। उत्कर्षेण ;। देशोनः ;।
अर्ध-पुद्गल-परिवर्तः ;। सम्यग्मिथ्यादृष्टेः ;।
अन्तरं ;॥ नाना-जीव अपेक्षया ;॥ सासादनवत्*

=जघन्यकरि एक समय है । उत्कृष्टकरि पल्योपमके
=असंख्यातवें भाग है । एक जीव के लिये जघन्यकरि
=पल्योपम का असंख्यातवां खंड है । उत्कृष्ट करि कुछ न्यून
=अर्ध पुद्गल परावर्तन है ॥ मिश्रगुणस्थान वर्तीनिका
=विरह काल अनेक जीवकी विवक्षा से सासादन (दूसरे गुणस्थान)सम है
अर्थात्जघन्य अंतर एक समय है उत्कर्ष पल्य के असंख्यातवां भाग है

एकजीवं ;। प्रति* जघन्येन ;। अन्तर्मुहूर्तः ;। उत्कर्षेण ;।
अर्ध-पुद्गल परावर्तः ;। देशोनः ;। असंयत-
सम्यग्दृष्टि-आदि-अप्रमत्त-अन्तानां ;। नानाजीव-
अपेक्षया ;। न* अस्ति T अन्तरम् ;॥
एकजीवं ;। प्रति* जघन्येन ;॥ अन्तर्मुहूर्तः ;। उत्कर्षेण ;।
अर्ध-पुद्गल परिवर्तः ;। देशोनः ;।
चतुर्णाम् ;। उपशमकानाम् ;।
नाना-जीव-अपेक्षया ;॥ जघन्येन ;। एकः ;। समयः ;।
उत्कर्षेण ;। वर्ष-पृथक्त्वम् ;॥

=एक जीव के लिये जघन्यकरि अन्तर्मुहूर्त है । उत्कर्ष करि
=कुछ घाटि आधे पुद्गल परावर्तन है । असंयमी
=सम्यग्दर्शन वाले से अप्रमत्त गुणस्थानतकनिका अनेक जीव की
=विवक्षा से वियोग काल (कुछ) नहीं है ॥ (चौथे से सातवें गुणस्थान वालोंका)
=एक आत्मा के लिये जघन्य करि अन्तर्मुहूर्त है । उत्कृष्ट करि
=कुछ न्यून आधे पुद्गल परावर्तन (अन्तर) है
=चार उपशम श्रेणी (आठवें से ग्यारहवां गुणस्थान) वालेनिका (अन्तर)
=अनेक जीव की विवक्षा से जघन्यकरि एक समय है
=उत्कृष्ट करि पृथक्त्व (तीन से ऊपर नौ से नीचे) वर्ष है

एकजीवं प्रति जघन्येनान्तर्मुहूर्तः। उत्कर्षेणार्द्धपुद्गल परिवर्तो देशोनः ॥ चतुर्णां क्षपकाणामयोग केवलिना च नानाजीवापेक्षया जघन्येनैकः समयः। उत्कर्षेण षण्मासाः। एकजीवं प्रति नास्त्यन्तरम् ॥ सयोगकेवलीना नानाजीवापेक्षया एकजीवापेक्षया च नास्त्यन्तरम् ॥ विशेषेण (१) गत्यनुवादेन—नरकगतौ नारकाणां सप्तसु पृथ्वीषु मिथ्यादृष्ट्यसंयतसम्यग्दृष्ट्योर्नानाजीवापेक्षया नास्त्यन्तरम्। एकजीवं प्रति जघन्येनान्तर्मुहूर्तः। उत्कर्षेण एक-त्रि-सप्त-दश-सप्तदश-

---

एकजीवं ;। प्रति+जघन्येन ;॥ अन्तर्मुहूर्तः ;।
उत्कर्षेण ;। देशोन ;। अर्द्धपुद्गल-परिवर्तः ;।
चतुर्णाम् ; क्षपकाणाम् ;।
च*अयोगकेवलीनां ;। नानाजीव-अपेक्षया ;॥ जघन्येन ;॥
एकः ;। समयः ;। उत्कर्षेण ;। षण्मासाः ;॥
एकजीवं ;। प्रति * न* अस्ति T अन्तरम् ;॥
सयोगकेवलीनां ;। नाना-जीव--अपेक्षया ;॥ च *
एक-जीव -अपेक्षया ;॥ न * अस्ति अन्तरम् ;॥
विशेषेण ;। [१] गति अनुवादेन ;। नरक-गतौ ;॥
नारकाणां ;। सप्तसु ;॥ पृथ्वीषु ;॥ मिथ्यादृष्टि-
असंयतसम्यग्दृष्ट्योः ;॥ नाना जीव अपेक्षया ;॥
न अस्ति अन्तरम् ;॥—एकजीवं ;। प्रति * जघन्येन
अन्तर्मुहूर्तः ;। उत्कर्षेण ;' एक-
त्रि-सप्त-
दश-सप्तदश-

=(चार उपशम श्रेणीवालेकानिका) एक जीवके लिये जघन्यकरि अन्तर्मुहूर्त है
= उत्कृष्टकरि कुछ घाटि अर्द्ध पुद्गल परावर्तन (विरह काल) है
=चार(आठवें से दशवें तक-बारहवें गुणस्थानवर्ती)क्षपक श्रेणीवालेनिका
=और(=च) अयोग केवली निका अनेक जीवकी विवक्षासे जघन्यकरि
=एक समय(विरहकाल) है। उत्कृष्टकरि छह महीना अन्तर है
=(उक्त क्षपक श्रेणियों का) एक जीव के लिये(कुछ) विरहकाल नहीं है
=सयोगकेवलीनिका अनेक जीवों की विवक्षासे और(=च)
=एक जीव की अपेक्षासे (कुछभी) विरह काल नहीं है
=भेदकरि (१) गति के कथनानुसारकरि—नरक गति में
=नारकिनका सातवें नरकमें(=पृथ्वीषु ;॥) मिथ्यादृष्टि और
असंयत सम्यग्दर्शनवालेनिका नानाजीव की अपेक्षा से
=(कुछ) विरह काल नहीं है। एकजीवकेलिये जघन्यकरि
=अन्तर्मुहूर्त (अन्तर) है। उत्कृष्ट करि (प्रथम नरक में कुछ हीन) एक
=(दूसरे नरकमें कुछ न्यून) तीन (तीसरे नरकमें कुछ न्यून) सात
=(चौथे नरक में किंचित् घाटि) दश (पाचवां नरक में कुछ घाटि) सत्रह

द्वाविंशतित्रयस्त्रिंशत्सागरोपमाणि देशोनानि ॥ सासादन सम्यग्दृष्टिसम्यङ्मिथ्यादृष्ट्योर्नानाजीवापेक्षया जघन्येनैकः समयः ।उत्कर्षेण पल्योपमासंख्येयभागः । एकजीवं प्रति जघन्येन पल्योपमासंख्येयभागोऽन्तर्मुहूर्तश्च । उत्कर्षेण एक-त्रि-सप्त- दश- सप्तदश-द्वाविंशति- त्रयस्त्रिंशत्सागरोपमाणि देशोनानि ॥ तिर्यग्गतौ तिरश्चां मिथ्यादृष्टेर्नानाजीवापेक्षया नास्त्यन्तरम् । एकजीवं प्रति जघन्येनान्तर्मुहूर्तः । उत्कर्षेण त्रीणिपल्योपमानि देशोनानि ॥

द्वा-विंशति—त्रयस्त्रिंशत्-सागरोपमाणि ६॥ देशोनानि ६॥।	=(छठे नरकमें कुछ न्यून) बाईस (सातवां में) कुछ न्यून तेतीस सागर प्रमाण है
सासादन सम्यग्दृष्टि—सम्यङ्मिथ्यादृष्टयोः ६।	=सासादन सम्यग्दर्शनवाले और मिश्र गुण स्थानवाले (नारकिनिका)
नानाजीव—अपेक्षया ७॥ जघन्येन एकः १। समयः १।	=अनेक जीव की विवक्षा से जघन्यकरि एक समय (अन्तर है)
उत्कर्षेण ७। पल्योपम—असंख्येय—भागः १। एकजीवं ७।	=उत्कृष्टकरि पल्यके असंख्यातवां भाग है । एक (नारक) जीवके
प्रति जघन्येन ७॥ पल्योपम—असंख्येय—भागः १। च*	=लिये जघन्यकरि पल्यके असंख्यातवां भाग प्रमाण है ॥। और (च)
अन्तर्मुहूर्तः १। उत्कर्षेण ६। एक—त्रि—	=अन्तर्मुहूर्त है उत्कृष्टकरि (प्रथम नरकमें कुछ घाटि) एक (दूसरे नरकमें कुछ न्यून) तीन
सप्त—दश—	=(तीसरे नरकमें कुछ हीन) सात (चौथे नरकमें कुछ न्यून) दश
सप्तदश—द्वाविंशति—	=(पांचवां नरकमें कुछ घाटि) सत्रह छठे (नरकमें कुछ न्यून) बाईस
त्रयस्त्रिंशत् सागर उपमाणि ६॥। देशोनानि ६॥।	=[सातवां नरकमें] कुछ न्यून तेतीस सागर प्रमाण [विरह काल] है [नारकीयों के प्रथम मिथ्यात्व से असंयत चौथे गुणस्थान तक चारही हो सकते हैं]
तिर्यग्गतौ ७॥ तिर×चां ६। मिथ्यादृष्टेः ६। नानाजीव—	=तिर्यंच गति में तिर्यंच मिथ्यादृष्टियों का अनेक जीवों की
अपेक्षया ७॥ न* अस्ति अन्तरम् एकजीवं १। प्रति जघन्येन	=अपेक्षा से विरहकाल नहीं है । एक (तिर्यंच) जीव के लिये जघन्यकरि
अन्तर्मुहूर्तः उत्कर्षेण त्रीणि पल्योपमानि ६॥। देशोनानि ६॥।	=अन्तर्मुहूर्त है । उत्कृष्टकरि कुछहीन तीन पल्य प्रमाणहै

(१) अधिकमपि कस्मान्नेति चेत् क्षपणारम्भकवेदकयुक्तस्य तिर्यक्षूत्पादाभावात् । तद्युक्तोहि देवेष्वेवोत्पद्यते । अन्तो मिथ्यात्वयुक्तस्त्रिपल्योपमायुष्को भागभूमिषूत्पद्यते । तत्र चोत्पन्नानां तिर्यङ्मनुष्याणां किंचिदभ्युधिकाष्टचत्वारिंशद्दिनेषु सम्यक्त्वग्रहणाभ्यता भवति । नियमादेतावद्दिनेषु मिथ्यात्व परित्यागात् सम्यक्त्व गृह्णाति । त्रिपल्योपमायुः शेषे पुनर्मिथ्यात्वं प्रतिपद्यते । इति गर्भकालेकिंचिदधिकाष्टचत्वारिंशद्दिनैरवसानकाले शेषेण च हीनत्वाद्देशोनानि ज्ञातव्यानि ॥

अधिकम् ।। अपि * कस्मात् ।। (कस्मात् ।।।) ?
न * इति * चेत् * क्षपणा-आरम्भक-

वेदक युक्तस्य ।। तिर्यक्षु ।। उत्पाद -अभावात् ।।
तद्-युक्तः ।। हि* देवेषु ।। एव * उत्पद्यते T
अतः * मिथ्यात्वयुक्तः ।। त्रिपल्योपम-प्रायुक्तः ।।
भोगभूमिषु ।। उत्पद्यते T तत्र * च * उत्पन्नानां ।।
तिर्यङ्-मनुष्याणां ।। किञ्चित् * अभ्यधिक - अष्ट-
चत्वारिंशत् ।। दिनेषु ।।। सम्यक्त्व ग्रहण-योग्यतः ।।
भवति नियमात् ।। एतावत् * दिनेषु ।। मिथ्यात्व-
परित्यागात् ।। सम्यक्त्वं ।।। गृह्णाति T त्रि-पल्योपम-
आयुः शेषे ।। पुनःमिथ्यात्वं ।।। प्रतिपद्यते T इति
गर्भकाले ।। किंचित् * अधिक अष्टचत्वारिंशत् ।।
दिनैः ।।

= (मिथ्यादृष्टि तिर्यंचका उत्कर्ष अन्तर तीन पल्यसे) अधिक किस हेतु से
= नहीं है ऐसी शंकापर = चेत्-कहते हैं कि) क्षपणका प्रारम्भ करने वाले
अर्थात् दर्शनमोहनीयकर्मकी तीन मिथ्यात्व(= अतत्व श्रद्धान)सम्यक्त्व मिथ्यात्व
(जिस कर्म प्रकृति के उदय से मिश्र परिणाम हों जिनको न तो सम्यक्त्वरूप ही
और न मिथ्यात्वरूपही कह सकते हैं) और सम्यक्प्रकृतिमिथ्यात्व (जिसके
उदय से सम्यक्त्व का मूलघात तो न हो परन्तु चल मलादि दोषहों) के क्षयका
आरम्भ करने वाला
= क्षयोपशम सम्यक्त्व सहित(जीव) का तिर्यंचों में जन्मका अभाव होनेसे
= उस क्षपणप्रारम्भक वेदक सम्यक्त्व सहित जीव देवों में ही उपजता है
= इसलिये मिथ्यात्ववाला तीन पल्यप्रमाण आयुसहित
= भोगभूमियों में जन्म धारण करता है और (= च) वहां उपजने वाले
= तिर्यंच और मनुष्यों की कुछ अधिक अठ-
= चालीस दिवस में सम्यग्दर्शन प्राप्तिकी योग्यता वा सामर्थ्य
= होती है क्योंकि नियमसे इतने दिनों में मिथ्यात्व-
= छोड़देता है और सम्यग्दर्शनको ग्रहण करता है । तीन पल्य प्रमाण
= आयु के कुछ शेष रहने पर फिर मिथ्यात्वको ग्रहण करता है इस प्रकार
= गर्भ (के रहने के) कालमें, कुछ अधिक अड़तालीस दिनसहित (काल में,
= अर्थात् जब भोगभूमिका मनुष्य तिर्यंच बाल अवस्था से तरुणाई को पहुंच के
सम्यक्त्व के प्राप्त करने के योग्य होजाता है वह समय

सासादनसम्यग्दृष्ट्यादीनां चतुर्णां सामान्योक्तमन्तरम् ॥

सासादन सम्यग्दृष्टि-आदिनाम् ॥ चतुर्णाम् ॥	=सासादन सम्यग्दृष्टि आदिक चार (दूसरेसे पांचवां गुणस्थान वाले) निका
सामान्य-उक्तम् ॥ अन्तरम् ॥	=संक्षेप से कथित (गुणस्थानवत्) विरहकाल है, अर्थात् सासादन गुणस्थान वाले तिर्यंचनिका (विरहकाल) अनेक जीवों की अपेक्षा से जघन्यकरि एक
च • अवसानकाले ॥ शेषेण ॥	=और [=च] अंतिम [मरण] काल में [आयुका] बचाहुआ काल अर्थात् भोगभूमि के मनुष्य तिर्यंच के मरने से पहिले आयु के बचे हुए काल में सम्यक्त्व नहीं रहता
हीनत्वात् ॥ देशोनानि ॥ ज्ञातव्यानि ॥	=[उक्त तीन प्रकारके कालोंको उत्कृष्ट आयु तीनपल्य में से] घटाने से कुछ हीन [तीनपल्य उत्कृष्ट अन्तरकाल मिथ्यात्व छोड़कर सम्यक्त्वको प्राप्तकर फिर मिथ्यात्व में आनेका] जानना चाहिये अथवा जानो

इस टिप्पणीका भावार्थ लिखनेके प्रथम इस बातका लिखदेना उचित समझते हैं कि मिथ्यादृष्टी तिर्यंचोंका वही अन्तर है जो मिथ्यादृष्टी मनुष्यों का "मनुष्य गतौ मनुष्याणां मिथ्यादृष्टिस्तिर्यगवत्" पृष्ठ २२९ के अनुकूल अब प्रश्न इसरूपमें होगया कि मिथ्यादृष्टि तिर्यंच वा मिथ्यादृष्टि मनुष्यके मिथ्यात्वका अन्तर क्या है अर्थात् पहिलेमनुष्य वा तिर्यंच मिथ्यात्व सहित था पश्चात् मिथ्यात्व छोड़कर सम्यक्त्व ग्रहण किया और पुनः मिथ्यात्व में आगया तो पहिलीवार मिथ्यात्वसे दूसरीवार मिथ्यात्व ग्रहण करने में कितना काल व्यतीत हुआ वही अन्तर वा विछोह काल मिथ्यात्व का है। उत्तरमें कहते हैं कुछ न्यून तीन पल्य प्रमाण है सो कैसे ? (उत्तर दर्शन मोहनीयकर्म की तीन मिथ्यात्व, सम्यक्त्वमिथ्यात्व, सम्यक् प्रकृति मिथ्यात्व के क्षयका प्रारम्भक वेदकसम्यक्त्वसहित जीवका जन्म देवों में ही होता है अतः मिथ्यात्ववाले जीवका जन्म भोगभूमिके तिर्यंच वा मनुष्य में हो सक्ता है। भोगभूमि में उत्कृष्ट आयु तीन पल्यकी हो सक्ती है जिसमें मिथ्यात्वका अंतर होता है अर्थात् तीन पल्यतक सम्यक्त्व रहता परन्तु उन तीन पल्यों में से (१) गर्भमें रहने का काल (२) भोगभूमिके मनुष्य वा तिर्यंचमें जन्म होने से अड़तालीस दिनसे कुछ अधिक समय तक जिसमें उक्त मनुष्य वा तिर्यंचमें सम्यक्त्व ग्रहण करने की योग्यता नहीं होती है (३) मरणसे पहिले कुछ कालतक सम्यक्त्व नहीं रहता ऐसे ये तीन प्रकारका समय तीन पल्यसे घटाकर अन्तरकाल तीन पल्यसे कुछ घाटि ही रहता है इस लिये उक्त अन्तरकाल तीन पल्यसे कुछ न्यून ही कहा ॥

मनुष्यगतौ मनुष्याणां मिथ्यादृष्टेस्तिर्यग्वत् ॥ सासादनसम्यग्दृष्टिसम्यग्मिथ्यादृष्ट्योर्नानाजीवापेक्षया सामान्यवत् ॥

समय है ॥ उत्कृष्टकरि पल्य के असंख्यातवां भाग है। एक जीवके लिये जघन्यकरि पल्यका असंख्यातवां भाग है उत्कृष्टकरि कुछ न्यून अर्द्ध पुद्गल परावर्तन है। मिश्र तीसरे गुणस्थान वर्तीय तिर्यंचनिका विरहकाल अनेक जीवकी अपेक्षा से जघन्य एक समय है। उत्कर्ष पल्यके असंख्यातवां भाग है। एक जीव के लिये जघन्यकरि अन्तर्मुहूर्त है उत्कृष्टकरि कुछ घाटि आधे पुद्गल परावर्तन है। असंयमी सम्यग्दर्शन वाले तिर्यंचों का और संयमा संयमी पांचवें गुणस्थानवर्ती तिर्यंचोंका अनेक जीवकी विवक्षा से वियोगकाल (कुछ) नहीं है। एक जीव के लिये जघन्यकरि अन्तर्मुहूर्त है। उत्कृष्टकरि कुछ न्यून आधे पुद्गल परावर्तन (अंतर) है (तिर्यंचों में पांच ही गुणस्थान होते हैं)

मनुष्यगतौ॥ मनुष्याणां॥ मिथ्यादृष्टेः॥ तिर्यग्वत्॥ =मनुष्यगति में मनुष्य मिथ्यादृष्टियोंका तिर्यंच सदृश (अन्तर) है अर्थात मिथ्यादृष्टि मनुष्योंका नाना जीवकी अपेक्षा से कुछ भी अन्तर नहीं है एक जीवके लिये जघन्यकरि अन्तर्मुहूर्त है। उत्कृष्टकरि कुछ हीन तीन पल्य है

(मनुष्य भोग भूमि में वैसे ही उत्पन्न होते हैं जैसे तिर्यंच टिप्पणी २२७-२२८)

सासादन-सम्यग्दृष्टि-सम्यग्मिथ्यादृष्ट्योः॥ =सासादन गुणस्थानवर्ती (मनुष्य) निका मिश्र गुणस्थानवर्ती (मनुष्य) निका

नानाजीव-अपेक्षया॥ सामान्यवत्॥ =अनेक जीवकी अपेक्षा से (अन्तर) संक्षेप (प्रकरण) में कथित (गुणस्थानवत्) है अर्थात दूसरे गुणस्थान वालोंका जघन्य एक समय है उत्कृष्ट पल्य का असंख्यातवां भाग है॥ मिश्रका भी (सासादनवत्) जघन्य एक समय उत्कर्ष पल्यके असंख्यातवां भाग है॥ (पृष्ठ २२३, २२४ देखो)

एकजीवं प्रति जघन्येन पल्योपमासंख्येयभागोऽन्तर्मुहूर्तश्च । उत्कर्षेण त्रीणि पल्योपमानि पूर्वकोटीपृथक्त्वैरभ्यधिकानि ॥ असंयतसम्यग्दृष्टेर्नानाजीवापेक्षया नास्त्यन्तरम् । एकजीवापेक्षया जघन्येनान्तर्मुहूर्तः । उत्कर्षेण त्रीणि पल्योपमानि पूर्वकोटीपृथक्त्वैरभ्यधिकानि ॥ संयतासंयतप्रमत्ताप्रमत्तानां नानाजीवापेक्षया नास्त्यन्तरम् । एकजीवं प्रति जघन्येनान्तर्मुहूर्तः । उत्कर्षेण पूर्वकोटीपृथक्त्वानि ॥ चतुर्णामुपशमकानां नानाजीवापेक्षया सामान्यवत् । एकजीवं प्रति जघन्येनान्तर्मुहूर्तः ।

एक-जीवं ।। प्रति*	=(सासादन और मिश्र तीसरे गुणस्थानवर्ती मनुष्यनिका) एकजीवके लिये
जघन्येन ।।। पल्योपम-असंख्येयभागः अन्तर्मुहूर्तः ।। च	=जघन्यकरि पल्योपम के असंख्यातवांभाग और अन्तर्मुहूर्त है ॥
उत्कर्षेण ।। त्रीणि ।।। पल्योपमानि ।। पूर्वकोटिपृथक्त्वैः ।।।	=उत्कृष्टकरि तीन पल्य प्रमाण पृथक्त्व (तीनसे ऊंचे नौसे नीचे) करोड़ पूर्वकरि
अभ्यधिकानि ।।। असंयतसम्यग्दृष्टेः ।। नानाजीव-	=अधिक है असंयमी सम्यग्दर्शनवाले (मनुष्य) निका अनेक जीवकी
अपेक्षया ।।। न* अस्ति अन्तरम् ।।। एक-जीव-अपेक्षया ।।।	=अपेक्षा से विरह काल नहीं है एक जीव के कथनानुसार से
जघन्येन ।।। अन्तर्मुहूर्तः ।। उत्कर्षेण ।। त्रीणि ।।। पल्यो	=जघन्यकरि अन्तर्मुहूर्त है । उत्कृष्टकरि तीन पल्य
पमानि ।।। पूर्वकोटीपृथक्त्वैः ।।। अभ्यधिकानि ।।।	=प्रमाण और पृथक्त्व (तीन से ऊपर नौ से नीचे) करोड पूर्वकरि अधिक है ॥
संयतासंयत-प्रमत्त-अप्रमत्तानां ।। नानाजीव-	=संयमासंयमी, प्रमत्तसंयमी, अप्रमत्तसंयमी (मनुष्य) निका नानाजीव
अपेक्षया ।।। न अस्ति अन्तरम् ।।। एक-जीवं ।। प्रति*	=अपेक्षा से अन्तर नहीं है । एक आत्मा के लिये
जघन्येन ।।। अन्तर्मुहूर्तः ।। उत्कर्षेण ।। पूर्वकोटी-	=जघन्यकरि अन्तर्मुहूर्त है । उत्कृष्टकरि तीन करोड़ पूर्व के
पृथक्त्वानि ।।। चतुर्णाम् ।।	=ऊपर नव के नीचे (= पृथक्त्वानि) है । चार (आठ से ग्यारह गुणस्थानवर्ती तक)
उपशमकानां ।। नाना-जीव-अपेक्षया ।।।	=उपशम श्रेणी चढ़ने वालेनिका नाना जीवों के कथनानुसारकरि
सामान्यवत्*	=संक्षेप (प्रकरण में पूर्व कथित गुणस्थान) वत (विरह काल) है अर्थात नाना जीव अपेक्षा से जघन्य एक समय है । उत्कृष्ट तीन और नव वर्ष के मध्य है
एकजीवं ।। प्रति* जघन्येन ।।। अन्तर्मुहूर्तः ।।	=(चार उपशम श्रेणी वालेनिका) एक जीव के लिये जघन्यकरि अन्तर्मुहूर्त है

उत्कर्षेण पूर्वकोटी पृथक्त्वानि । शेषाणां सामान्यवत् ॥ देवगतौ देवानां मिथ्यादृष्टयसंयतसम्यग्दृष्टयो नानाजीवापेक्षया नास्त्यन्तरम् । एकजीवं प्रति जघन्येनान्तर्मुहूर्तः । उत्कर्षेण एकत्रिंशत्सागरोपमाणि देशोनानि ॥ सासादनसम्यग्दृष्टिसम्यग्मिथ्यादृष्ट्योर्नानाजीवापेक्षया सामान्यवत् । एकजीवं प्रति जघन्येन पल्योपमासंख्येय भागोऽन्तर्मुहूर्तश्च । उत्कर्षेण

उत्कर्षेण ;। पूर्वकोटी पृथक्त्वानि ;॥–शेषाणां ;। = उत्कृष्टकरि तीन से ऊपर नवसे नीचे (=पृथक्त्व) करोड पूर्व है अवशेष (चार अपूर्वकरण आठवां-अनिवृत्तिकरण नववां-सूक्ष्मसांपरायदशवां क्षीणकषाय बारहवें गुणस्थानवर्ती सयोग केवली और अयोग केवली) निका

सामान्यवत्* (विरह काल) संक्षेप [प्रकरण में पूर्व कथित गुणस्थान] सदृश है अर्थात् चार क्षपकश्रेणीवाले और अयोगकेवलियों का (अन्तर) नाना जीव की अपेक्षासे जघन्य एक समय है उत्कृष्टकरि छह मास है । एकजीव की अपेक्षा से अन्तर नहीं है । सयोगकेवलियों का नाना जीव अपेक्षा से और एक जीव अपेक्षा से अन्तर नहीं है [देखो पृष्ट २२५]

देवगतौ ;॥ देवानां ;। मिथ्यादृष्टि-असंयत सम्यग्दृष्टयोः ;। = देवगति में सुर मिथ्यादृष्टि और असंयमी सम्यग्दर्शनवाले (देव) निका

नानाजीव-अपेक्षया ;॥ न अस्ति अंतरं ;॥। एकजीवं ;। = नानाजीव की अपेक्षा से विरह काल नहीं है । एक जीवके लिये

प्रति जघन्येन ;॥अन्तर्मुहूर्तः ;। उत्कर्षेण ;। = जघन्यकरि अन्तर्मुहूर्त है । उत्कृष्टकरि

एकत्रिंशत् ;॥ सागरोपमाणि ;॥ देशोनानि ;॥ = कुछ हीन इकतीस सागर प्रमाण है

सासादन सम्यग्दृष्टि सम्यग्मिथ्यादृष्ट्योः ;। नाना-जीव अपेक्षया ;॥ सामान्यवत्* = सासादन [द्वितीय] गुणस्थानवर्ती [देव] मिश्र [तीसरे] गुणस्थानवाले [देव] निका = (विरह काल) नानाजीव की अपेक्षा से संक्षेप[विषय में पूर्वकथित गुणस्थान] = सदृश है अर्थात् जघन्यकरि एक समय है । उत्कृष्टकरि पल्यके असंख्यातवां भाग है [देखो पृष्ठ २२३,२२४

एकजीवं ;। प्रति*जघन्येन ;॥। पल्योपम-असंख्येय-भागः ;। अन्तर्मुहूर्तः ;। च–उत्कर्षेण ;। = [सासादन-मिश्रवर्तीदेवोंका] एकजीव की अपेक्षा से जघन्यकरि पल्योपम के = असंख्यातवां भाग है और अन्तर्मुहूर्त है उत्कृष्टकरि

एकत्रिंशत्सागरोपमाणि देशोनानि ॥ (२) इन्द्रियानुवादेनएकेन्द्रियाणां नानाजीवापेक्षया नास्त्यन्तरम् । एकजीवापेक्षया जघन्येन क्षुद्रभवग्रहणम् । उत्कर्षेण द्वे सागरोपमसहस्रे पूर्वकोटीपृथक्त्वैरभ्यधिके ॥ विकलेन्द्रियाणां नानाजीवापेक्षया नास्त्यन्तरम् । एकजीवापेक्षया जघन्येन क्षुद्रभवग्रहणम् । उत्कर्षेणानन्तः कालोऽसंख्येयाः पुद्गलपरिवर्ताः एवमिन्द्रियं प्रत्यन्तरमुक्तम् ।

देशोनानि ;॥ एकत्रिंशत् ;॥ सागरोपमाणि ;॥॥
(२ इन्द्रिय–अनुवादेन ;। एक–इन्द्रियाणां ;। नानाजीव-अपेक्षया ;। न अस्ति अन्तरम् ;॥॥ एक-जीव-अपेक्षया ;॥ जघन्येन ;॥॥ क्षुद्रभव-ग्रहणम् ;॥॥
उत्कर्षेण ;। द्वे ;॥ सागरोपमसहस्रे ;॥॥ पृथक्त्वैः ;॥॥ पूर्व कोटी, अभ्यधिके ;॥

=कुछ हीन इकतीस सागर प्रमाण (अन्तर वा विरह काल) है
=(२ इन्द्रियों के कथनानुसारकरि एकेन्द्रियों के अनेक जीवकी
=अपेक्षा से अन्तर नहीं है। एक आत्माकी अपेक्षा से
=जघन्यकरि सूक्ष्मभव (का काल-श्वासके अठारहवां भागके बराबर) लिया गया है
=उत्कृष्टकरि दो हजार सागर प्रमाण और पृथक्त्व (तीन से ऊपर नौ से नीचे)
=करोड पूर्व अधिक है (जैसे एकजीव एकेन्द्रिय था, एकेन्द्रिय की अवस्था को छोड़ कर अन्य इन्द्रिय धारण की तो शीघ्र से शीघ्र वही जीव फिर एकेन्द्रिय हो तो श्वांस के अठारहवां भाग काल के पश्चात् एकेन्द्रिय होजावेगा और यदि देरी से देरी करे तो वही जीव दो हजार सागर, तीनसे ऊपर और नौसे नीचे करोड़ पूर्व काल तक अन्य इन्द्रियों वाला होकर पश्चात् फिर एकेन्द्रियही हो जावेगा)

विकल-इन्द्रियाणां ;। नाना-जीव-अपेक्षया ;॥ अन्तरं ;॥॥
न अस्ति एक-जीव-अपेक्षया ;॥ जघन्येन ;॥ क्षुद्रभव-ग्रहणम् ;॥॥ उत्कर्षेण ;। अनन्तः ;। कालः ;।
असंख्येयाः ;। पुद्गलपरिवर्ताः ;॥॥ एवम्* इन्द्रियं प्रति* अन्तरम् ;॥॥ उक्तम् ;॥॥

=विकलत्रय (द्वीन्द्रिय-त्रीन्द्रिय-चतुरिन्द्रिय) निका नाना जीव अपेक्षा से अंतर
=नहीं है। एक जीव की अपेक्षा से जघन्यकरि सूक्ष्मभव (।_ श्वांसवत्काल)
=लिया गया है। उत्कृष्टकरि अनन्तकाल है
=[सो असंख्याते पुद्गलपरावर्तन [काल के तुल्य] है ऐसे इन्द्रियों की
=[अर्थात् एकेन्द्रिय और विकलत्रय की] अपेक्षा से विरहकाल कहा गया है

गुणं प्रत्युभयतोऽपि नास्त्यन्तरम् ॥

गुणं ।। प्रति* उभयत*	=गुणस्थान की (=गुणं) अपेक्षा से (=प्रति) दोनों (एकेन्द्रिय-विकलत्रय) का
अपि* न* अस्ति T अन्तरम् ।।।	=भी अंतर नहीं है (क्योंकि दोनों के मिथ्यात्व ही गुणस्थान होता है)

(१) एकेन्द्रियविकलेन्द्रियतोऽपीत्यर्थः। यतस्ते एकेन्द्रियविकलेन्द्रिया मिथ्यादृष्टय एव। एकेन्द्रियविकलेन्द्रियाणां चतुर्णां गुणस्थानान्तरासम्भवात्। पञ्चेन्द्रियाणां तु तत्सम्भवात्। मिथ्यात्वादेः सम्यक्त्वादिना अन्तरं द्रष्टव्यम् ॥

एकेन्द्रिय-विकलेन्द्रियतः* अपि* इति*	=(वृत्ति में "उभयतोऽपि" वाक्य का) एकेन्द्रिय और विकलेन्द्रियकरि भी ऐसा
अर्थः ।। यतः* ते ।। एकेन्द्रिय विकल-	=अर्थ है। क्योंकि (=यतः) वे एकेन्द्रिय जीव और विकल (दो-तीन-चार)
इन्द्रियाः ।। मिथ्यादृष्टयः ।। एतत् चतुर्णां ।। एकेन्द्रिय-	=इन्द्रिय धारक जीव मिथ्यादृष्टी ही हैं। क्योंकि चार एकेन्द्रिय जीव के और
विकलेन्द्रियाणां ।। गुणस्थानान्तर-	=दो इन्द्रिय जीव त्रीन्द्रिय जीव-चतुरिन्द्रिय जीवों के अन्य गुणस्थान
असम्भवात् ।। तु-पंचेन्द्रियाणां ।।	=नहीं हो सकता है। परंतु (=तु) पंचेन्द्रिय जीवों के
तत्-सम्भवात् ।। मिथ्यात्व-आदेः ।।	=वे (द्वितीयादि गुणस्थानान्तर) संभव होने से मिथ्यात्व आदि (गुणस्थानों) का
सम्यक्त्व-आदिना ।। अन्तरम् ।।। द्रष्टव्यम् ।।।	=सम्यक्त्व आदि (शेष गुणस्थानों) से (अग्रिम पृष्ठों में) अन्तर देखना चाहिये। सारांश यह है कि इन्द्रियों को गुणस्थानों से संबंधित करने पर अन्तर वा विरह काल ऐसे हैं कि एकेन्द्रिय वाले जीवों से चार इन्द्रिय धारक जीवों तक के सदीव मिथ्यात्व

गुणस्थान ही रहता है अतः उन के नाना जीव के अपेक्षा से कभी विरह काल नहीं होता है। सदा उक्त चारों इन्द्रिय वाले जीव मिथ्यात्व गुणस्थान में बने ही रहते हैं। पंचेन्द्रिय जीवों में मिथ्यात्व गुणस्थान भी होता है और सासादन आदि अयोगकेवली तक शेष तेरह गुणस्थान भी होते हैं। इन पंचेन्द्रिय जीवों में मिथ्यात्व गुणस्थान वर्ती जीवों के नाना जीव की अपेक्षा से कुछ विरह काल (= अन्तर) नहीं है क्योंकि पंचेन्द्रिय जीव भी सदा प्रथम मिथ्यात्व गुणस्थान में बने ही रहते हैं। पंचेन्द्रिय मिथ्यात्व वाले एक जीव की अपेक्षा से जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है उत्कृष्ट कुछ घाटि एकसौ बत्तीस सागर है। सासादन आदि शेष तेरह गुणस्थानों का अन्तर आगे कहते हैं ॥

सर्वार्थ-सिद्धि

पञ्चेन्द्रियेषु मिथ्यादृष्टेः सामान्यवत् । सासादनसम्यग्दृष्टिसम्यग्मिथ्यादृष्ट्योर्नानाजीवापेक्षया सामान्यवत एकजीवं प्रति जघन्येन पल्योपमासंख्येयभागोऽन्तर्मुहूर्तश्च । उत्कर्षेण सागरोपमसहस्रं पूर्वकोटीपृथक्त्वैरभ्यधिकम् ॥ असंयतसम्यग्दृष्ट्यादीनामप्रमत्तान्तानां नानाजीवापेक्षया नास्त्यन्तरम् । एकजीवं प्रति जघन्येनान्तर्मुहूर्तः । उत्कर्षेण सागरोपमसहस्रं पूर्वकोटीपृथक्त्वैरभ्यधिकम् ॥ चतुर्णामुपशमकानां नानाजीवापेक्षया सामान्यवत् ।

पञ्चेन्द्रियेषु॥ मिथ्यादृष्टेः॥ सामान्यवत्*

=पंचेन्द्रिय जीवों में मिथ्यादृष्टिका संक्षेप (विषय में कथित गुणस्थान सम है अर्थात् मिथ्यादृष्टिका नाना जीव अपेक्षासे कुछ अन्तर नहीं है एक जीव की अपेक्षासे जघन्य अन्तर्मुहूर्त है उत्कृष्ट एकसौबत्तीस सागर से कुछ हीन है

सासादन-सम्यग्दृष्टि-सम्यग्मिथ्यादृष्ट्योः॥ नाना-जीव-अपेक्षया॥ सामान्यवत्*

=सासादन सम्यग्दृष्टिवाले और मिश्र तीसरे गुणस्थानवर्तीनिका अनेक =जीवों की अपेक्षा से संक्षेप (प्रकरणमें पहिले कहा हुआ गुणस्थान सम है अर्थात् जघन्यकरि एक समय है उत्कृष्टकरि पल्यका असंख्यातवां भाग है

एक जीवं॥ प्रति* जघन्येन॥॥ पल्योपम-असंख्येय-भागः॥ च अन्तर्मुहूर्तः॥ उत्कर्षेण॥ सागरोपमसहस्रं पूर्वकोटि पृथक्त्वैः॥॥ अभ्यधिकम्॥॥ असंयत-सम्यग्दृष्टि-आदि अप्रमत्त-अन्तानां॥ नानाजीव-अपेक्षया॥॥ न अस्ति॥ अन्तरम्॥॥ एकजीवं॥ प्रति जघन्येन॥॥ अन्तर्मुहूर्तः॥ उत्कर्षेण॥ सागरोपम-सहस्रं॥॥पूर्व कोटी पृथक्त्वैः॥॥अभ्यधिकं॥॥चतुर्णां॥ उपशमकानां॥ नाना-जीव-अपेक्षया॥ सामान्यवत्*

=एक जीवकी अपेक्षासे जघन्यकरि पल्योपमके असंख्यातवां =भाग और अन्तर्मुहूर्त है। उत्कृष्टकरि एक सहस्र सागर प्रमाण (और) =पृथक्त्व (तीनसे ऊपर नवसे नीचे) करोड़ पूर्वकरि अधिक है ॥ असंयमी =सम्यग्दर्शनवालेसे अप्रमत्त गुणस्थानवालेतिनतक अनेक जीवकी =अपेक्षासे अन्तर नहीं है। एक जीवकी अपेक्षासे =जघन्यकरि अन्तर्मुहूर्त है। उत्कृष्टकरि सागरोपम =हज़ार और पृथक्त्व करोड़ पूर्व अधिक है। चार [अपूर्वकरणसे उपशांतकषाय तक] =उपशम श्रेणीवालेनिका [अन्तर] नाना जीवकी अपेक्षासे संक्षेप [कथन] वत् है अर्थात् जघन्य एक समय है उत्कृष्ट तीनसे ऊपर नव वर्षसे नीचे है

एकजीवं प्रति जघन्येनान्तर्मुहूर्तः। उत्कर्षेण सागरोपमसहस्रं पूर्वकोटिपृथक्त्वैरभ्यधिकम् ॥ शेषाणां सामान्योक्तम् ॥ (३) कायानुवादेन-पृथिव्यप्तेजोवायुकायिकानां नानाजीवापेक्षया नास्त्यन्तरम्। एकजीवं प्रति जघन्येन क्षुद्रभवग्रहणम् ॥ उत्कर्षेणानन्तः कालोऽसंख्येयाः पुद्गलपरिवर्तः ॥ वनस्पतिकायिकानां नानाजीवापेक्षया नास्त्यन्तरम्। एकजीवापेक्षया

एक जीवं ; प्रति* जघन्येन ;;;; अन्तर्मुहूर्तः ;। उत्कर्षेण ;। सागरोपम-सहस्रं ;;;; पूर्वकोटी-पृथक्त्वैः ;;;; अभ्यधिकम् ;;;; शेषाणाम् ;।

सामान्य-उक्तम् ;;;;

[३] काय-अनुवादेन ;। पृथिवी-अप्-तेजः-वायुकायिकानां ;। नानाजीव-अपेक्षया ;। अन्तरं ;;;; न-अस्ति T। एकजीवं ;। प्रति * जघन्येन ;;;; क्षुद्रभव-ग्रहणं ;;;; उत्कर्षेण ;। अनन्तकालः ;। असंख्येयाः ;। पुद्गलपरिवर्ताः ;। वनस्पतिकायिकानां ;। नानाजीव-अपेक्षया ;। अन्तरं ;;;; न अस्ति एकजीवं ;। अपेक्षया ;॥

=[चार उपशमश्रेणी वालोंका] एक जीवकी अपेक्षासे जघन्यकरि अन्तर्मुहूर्त है
=उत्कर्षकरि हजार सागर प्रमाण और तीनकरोड़ पूर्व से ऊपर
=नौकरोड़ [पूर्वसे] नीचे अधिक है। [पंचेन्द्रियों में] बचेहुये निका अर्थात अपूर्वकरण क्षपक अनिवृत्तिकरण क्षपक, सूक्ष्मसांपरायक्षपक, क्षीणकसायक्षपक अयोगकेवली और सयोगकेवलिनिका [विरहकाल]
=सामान्य [प्रकरणमें पहिले] कहा हुआ [गुणस्थान सदृश] है अर्थात चार क्षपक श्रेणीवालोंका और अयोगकेवलियों का नाना जीवकी अपेक्षा से जघन्यकरि एक समय है, उत्कृष्टकरि छह महीने हैं। एक जीवकी अपेक्षा से अंतर नहीं है। सयोग केवलियोंका नानाजीव की अपेक्षा से और एक जीवकी अपेक्षा से विरहकाल नहीं है ॥ [पृष्ठ २२५]
=(३) कायके कथनानुसारकरि भूमिकायिकके जलकायिकके, अग्निकायिकके
=वायुकायिकके नानाजीवोंकी अपेक्षा से अन्तर
=नहीं है। एक जीवकी अपेक्षा से जघन्यकरि सूक्ष्मभव ; श्वासका काल
=ग्रहण कियागया है। उत्कृष्टकरि अनंतकाल है सो असंख्यात
=पुद्गल परिवर्तन है। वनस्पति कायिकोंके नानाजीवकी
=अपेक्षा से अन्तर नहीं है। एकजीवकी अपेक्षा से

जघन्येन क्षुद्रभवग्रहणम्। उत्कर्षेणासंख्येया लोकाः ॥ एवं कायं प्रत्यन्तरमुक्तम्। गुणं प्रत्युभयतोऽपि नास्त्यन्तरम् ॥ त्रसकायिकेषु मिथ्यादृष्टेः सामान्यवत् ॥

जघन्येन ¦॥ क्षुद्रभव-ग्रहणम् ¦॥
उत्कर्षेण ¦। असंख्येयाः ¦। लोकाः ¦।

=जघन्यकरि सूक्ष्मभव ($\frac{1}{18}$ श्वासकेकाल के बराबर अन्तर) लिया गया है।
=उत्कृष्टकरि असंख्यात लोक हैं अर्थात् "इहां असंख्यात लोक के प्रदेश हैं तेते कालके समय ग्रहण हैं" सर्वार्थ सिद्धि वचनिका मुद्रित पृष्ठ १०१

एवं* कायं¦। प्रति* अन्तरम्¦* उक्तम्¦* गुणं¦*
प्रति * उभयतः * अपि *
न * अस्ति T अन्तरम् ¦॥
त्रस-कायिकेषु ¦। मिथ्यादृष्टेः ¦।
सामान्यवत् *

=इस प्रकार कायकी अपेक्षा से अन्तर कहा गया। गुणस्थान की
=अपेक्षा से दोनों (पृथिवी-जल-अग्नि-पवन कायिकों में और वनस्पतिकायिकानि) में भी
=अन्तर नहीं है (क्योंकि उनके मिथ्यात्व गुणस्थान ही है)
=त्रस (द्वीन्द्रिय-त्रीन्द्रिय-चतुरिन्द्रिय-पंचेन्द्रिय) कायिकों में मिथ्यादृष्टी का संक्षेप (प्रकरण में कथित गुणस्थान) सदृश्य (अन्तर) है (नाना जीवकी अपेक्षा) अन्तर नहीं है एक जीवके लिये जघन्य अन्तर मुहूर्त है उत्कृष्ट कुछ हीन १३२सागर है ॥

---

(१) गुण शब्द यद्यपि में पुल्लिङ्ग है परन्तु यहाँ पर गुणस्थानके लिये वृत्तिकार लाये हैं अतः गुणस्थान के सदृश हमने नपुंसक माना है

(२) पृथिव्यादि चतुर्णां वनस्पतिकायिकानां चास्ति नास्ति वा पृथिव्यप्तेजोवायुकायिकास्तथा वनस्पतिकायिका उभयेऽपि मिथ्यादृष्टयो वर्तन्ते ॥

पृथिवी आदि-चतुर्णां ¦। वनस्पति कायिकानां ¦। च* = पृथिवी-जल-अग्नि-पवन (कायिकनि) चारोंका तथा वनस्पतिकायिकोंका
अन्तरं ¦॥ न अस्ति ततः * पृथिवी-अप् तेजः वायु = विरुद्धकाल नहीं है क्योंकि भूमि (कायिक) जल (कायिक) अनल (कायिक) पवन
कायिकाः । तथा* वनस्पतिकायिकाः¦। उभये ¦। अपि =कायिक और =तथा) वनस्पति कायिक दोनों (पृथिव्यादि चार और वनस्पति) में ही
मिथ्या दृष्टयः वर्तन्ते T मिथ्यादर्शनवाले जीव होते हैं अर्थात् पृथिवीकायिक,जलकायिक,अग्नि कायिक, पवन कायिक और वनस्पतिकायिकों में गुणस्थानकी अपेक्षासे कुछ अन्तर नहीं है क्योंकि सदैव इनके मिथ्यात्व गुणस्थान ही वर्तता है अथवा होता है ॥

सामादनसम्यग्दृष्टिसम्यङ्मिथ्यादृष्टयोर्नानाजीवापेक्षया सामान्यवत् । एकजीवं प्रति जघन्येन पल्योपमासंख्येयभागोऽन्तर्मुहूर्तश्च । उत्कर्षेण द्वे सागरोपमसहस्रे पूर्वकोटीपृथक्त्वैरभ्यधिके ॥ असंयतसम्यग्दृष्ट्याद्यप्रमत्तान्तानां नानाजीवापेक्षया नास्त्यन्तरम् एकजीवं प्रति जघन्येनान्तरमुहूर्तः । उत्कर्षेण द्वे सागरोपमसहस्रे पूर्वकोटीपृथक्त्वैरभ्यधिके ॥ चतुर्णामुपशमकानां नानाजीवापेक्षया सामान्यवत् । एकजीवं प्रति जघन्येनान्तर्मुहूर्तः । उत्कर्षेण द्वे सागरोपमसहस्रे पूर्वकोटीपृथक्त्वैरभ्यधिके ॥

सामादनसम्यग्दृष्टि-सम्यङ्मिथ्यादृष्टयोः। = (उस कायि की अपेक्षा से) सासादन सम्यग्दृष्टि का और मिश्र गुणस्थान वालोंका
नानाजीव-अपेक्षया :। सामान्यवत्* = अनेक जीवों की अपेक्षा से संक्षेप में (कथित गुणस्थान) सम (अन्तर) है दोनों गुणस्थानोंका नानाजीव प्रति जघन्य एक समय उत्कृष्ट पल्यका असंख्यातवांभाग है)

एकजीवं ;। प्रति* जघन्येन ;।। पल्योपम-असंख्येय- = एक जीवकी अपेक्षा से जघन्यकरि पल्योपम के असंख्यातवें
भागः ;। च अन्तर्मुहूर्तः ;। उत्कर्षेण ;। द्वे ;।। सागरो- = भाग और (=च) अन्तर्मुहूर्त है उत्कृष्टकरि दो हजार सागर
पमसहस्रे ;। पूर्व कोटी-पृथक्त्वैः ;।। अभि-अधिके ;।। = प्रमाण (और) तीन से ऊपर नव से नीचे (=पृथक्त्व) करोड पूर्वकरि अधिक है ।
असंयत-सम्यग्दृष्टि-आदि-अप्रमत्त-अंतानां ;। = असंयमी सम्यग्दर्शनवालों से लेकर अप्रमत्तसंयमी तकनिका
नानाजीव-अपेक्षया ;। न अस्ति अन्तरं ;।। एकजीवं ;। = अनेक जीव की अपेक्षा से (कुछ) अंतर नहीं है एक जीव के
प्रति जघन्येन ;।। अन्तर्मुहूर्तः उत्कर्षेण ;। द्वे ;।। = लिये जघन्यकरि अंतर्मुहूर्त है । उत्कृष्टकरि दो
सागरोपमसहस्रे ;।। पूर्वकोटी-पृथक्त्वैः ;।। अभि-अधिके ;। हजार सागर प्रमाण (और) तीन नौ के बीच (=पृथक्त्व) करोड पूर्व करि अधिक है
चतुर्णां ;। = चार (अपूर्वकरण-अनिवृत्तिकरण-सूक्ष्मसांपराय-उपशांतकषाय)
उपशमकानां ;। नाना-जीव-अपेक्षया ;। सामान्यवत्* = उपशमश्रेणीवालों का नाना जीव की अपेक्षा से संक्षेप (से कथित अंतर) (वत्) है
जघन्य एक समय नाना जीव प्रति है उत्कृष्ट तीन से ऊपर नौ वर्ष से नीचे है

एकजीवं ;। प्रति* जघन्येन ;।। अन्तर्मुहूर्तः ;। = एक जीव की अपेक्षा से जघन्यकरि अन्तर्मुहूर्त है
उत्कर्षेण ;। द्वे ;।। सागरोपमसहस्रे ;।। = उत्कृष्टकरि दो हजार सागर प्रमाण (और)
पूर्व-कोटी-पृथक्त्वैः ;।। अभि-अधिके ;।। = पृथक्त्व (तीन से ऊपर नव से नीचे) करोड़ पूर्व अधिक है ।।

शेषाणां पञ्चेन्द्रियवत् ॥ (४) योगानुवादेन-काययोगवाङ्मनसयोगिनां मिथ्यादृष्ट्यसंयतसम्यग्दृष्टि-संयतासंयतप्रमत्ताप्रमत्तसयोगकेवलिनां नानाजीवापेक्षया एकजीवापेक्षया च नास्त्यन्तरम् ॥ सासादन-सम्यग्दृष्टिसम्यग्मिथ्यादृष्टयोर्नानाजीवापेक्षया सामान्यवत् ।

शेषाणां। पञ्चेन्द्रियवत्*

=[त्रसकायों में] बचे हुये [गुणस्थानवर्ती] निका अर्थात् चार क्षपक श्रेणीवालोंका, सयोगकेवलियोंका और अयोगकेवलियोंका [अन्तर] [पहिले कहा हुआ] पञ्चेन्द्रिय सदृश है अर्थात् पंचेन्द्रियोंका अंतर पृष्ट २३५ के अनुसार संक्षेप में कथित गुणस्थान सदृश है इसलिये शेष उपर्युक्त त्रसकायोंका अन्तर गुणस्थान सदृश है सो अंतर पृष्ट २२५ के अनुकूल चार क्षपक श्रेणीवालोंका और अयोगकेवलियोंका नानाजीवकी अपेक्षासे एक समय है उत्कृष्ट करि छः मास है । एकजीवकी अपेक्षासे अंतर नहीं है सयोग केवलियोंका नानाजीवकी अपेक्षासे और एक जीवकी अपेक्षा से अन्तर नहीं है ॥

[४] योग-अनुवादेन। काय-वाङ्-मानस योगिनां ॥ मिथ्यादृष्टि-असंयत-सम्यग्दृष्टि संयतासंयत-प्रमत्त अप्रमत्त-सयोगकेवलिनां। नानाजीव-। अपेक्षया॥ एकजीव अपेक्षया। च अंतरम् ।॥ न अस्ति। सासादन-सम्यग्दृष्टि-सम्यङ्मिथ्यादृष्टयोः नानाजीव-अपेक्षया। सामान्यवत्*

[४]योगकी अपेक्षा से काय-वचन-मनो योगी मिथ्यादर्शनवाले, असंयमी सम्यग्दर्शनवाले, देशसंयमी, प्रमत्तसंयमी, अप्रमत्तसंयमी, सयोगकेवलियोंका नानाजीवकी अपेक्षासे और [=च] एकजीवकी अपेक्षासे अंतर नहीं है । सासादन सम्यग्दृष्टि और मिश्रगुणस्थानवर्तीनिका अनेकजीवकी विवक्षासे संक्षेप (विषयमें कथित गुणस्थान) वत् है अर्थात् जघन्य अन्तर एक समय है उत्कृष्ट पल्यके असंख्यातवां भाग है (पृ० २२३)

=(आहारकों में) सासादनसम्यग्दृष्टि और मिश्रगुणस्थानवालोंका =नाना जीवकी अपेक्षासे संक्षेप (प्रसंगमें पूर्व-उक्त गुणस्थान) वत् (अन्तर) है अर्थात् जघन्य एक समय है उत्कृष्ट पल्यका असंख्यातवांभागहै (पृष्ठ २२३)

एकजीवम् ;। प्रति॰जघन्येन;। पल्योपम-असंख्येयभागः ;। च अन्तर्मुहूर्तः ;।

=एक जीव के लिये जघन्यकरि पल्योपमके =असंख्यातवांभाग और(=च) अन्तरमुहूर्त है ॥

---

(१) आहारक जीव मिथ्यात्व से सयोगकेवली गुणस्थान तक १३ स्थानों में होते हैं अनाहारक जीव, मिथ्यात्व सासादन, असंयत सम्यग्दृष्टि, सयोगकेवली और अयोगकेवली इन पांच स्थानों में (और सर्वसिद्ध) होते हैं अर्थात् विग्रहगतिको प्राप्तहोनेवाले चारों गति संबंधी जीव, प्रतर और लोक पूर्ण समुद्घात करनेवाले सयोगकेवली, अयोगकेवली, सर्वसिद्ध (भगवान), इतने जीवतो अनाहारक होतेहैं। अन्य शेष जीव आहारक होते हैं॥ गोम्मटसार जीव कांड गाथा ६६६ ॥

उत्कर्षेणांगुलासंख्येयभाग असंख्येयासंख्येया उत्सर्पिण्यवसर्पिण्यः । असंयतसम्यग्दृष्ट्याद्यप्रमतान्तानां नानाजीवापेक्षया नास्त्यन्तरम् । एकजीवं प्रति जघन्येनान्तर्मुहूर्तः ॥

उत्कर्षेण ।। अंगुल-असंख्येयभागः ।।	=उत्कृष्टकरि (सूचीरूप) अंगुल के असंख्यातवां भाग है अर्थात् सूच्यंगुल के असंख्यातवां भाग के बराबर आकाश में वा आकाश के जितने प्रदेश गणना में हैं उतने समयों के बराबर विरह काल वा अंतरकाल है
असंख्येयासंख्येयाः ।।। उत्सर्पिणि-अवसर्पिण्यः ।।।	=(वे पूर्वोक्त समय) असंख्यातासंख्यात उत्सर्पिणी अवसर्पिणी काल हैं अर्थात् सूच्यंगुल के असंख्यातवां भाग में जितने अकाशके प्रदेश संख्या में हैं उतनी ही (गणना अन्तर काल) के समयों की है और ये समय गिनती में उन समयों के बराबर हैं जितने कि समय असंख्यातासंख्यात उत्सर्पिणी अवसर्पिणी कालों (असंख्यातासंख्यात कल्प कालों) में है
असंयत-सम्यग्दृष्टि-आदि-अप्रमत्त-अन्तानां ।।	=असंयतसम्यग्दृष्टी से अप्रमत्तसंयमी (सातवां गुणस्थान वर्ति) नि तक
नानाजीव-अपेक्षया ।।। न-अस्ति-अन्तरम् ।।।।	=अनेक प्राणियों की अपेक्षा से अन्तर नहीं है
एकजीवं ।। प्रति* जघन्येन ।। अन्तर्मुहूर्तः ।।	=एक जीव की अपेक्षा से जघन्य अन्तर्मुहूर्त है ॥

(१) "असंख्येया" पृष्ठ ८६ (द्वितीय संस्करण के पृष्ठ ४९) में दो बार आया है ॥ यह छापे की अशुद्धि है । पृष्ठ ८७ (पृष्ठ ४९) में असंख्येयासंख्येयाः आया है वह शुद्ध है क्योंकि जयचन्दजी की वचनिका मुद्रित पृष्ठ १११ और हस्तलिखित वचनिका में भी तीनों स्थानों में असंख्यातासंख्यात वाक्य है और अर्थ भी यही है कि सूच्यंगुलके असंख्यातवां भागके आकाश प्रदेशोंकी गणना असंख्यातासंख्यात उत्सर्पिणी अवसर्पिणी (न कि असंख्याते उत्सर्पिणी अवसर्पिणी) कालों के समयों के बराबर है ॥

(२) पृष्ठ ८६, ८७ (द्वितीय संस्करण के पृष्ठ ४९) में तीनों स्थानोंमें "असंख्येयभागः" (= असंख्यातवाँभाग) के स्थान में 'असंख्येभागाः' असंख्यातेभाग अशुद्ध छप गया है क्योंकि सूच्यंगुल के असंख्यातवां भाग (न कि असंख्याते भाग) के आकाश के प्रदेशों की संख्या असंख्यातासंख्यात उत्सर्पिणी अवसर्पिणी कालोंके समयोंके बराबर गणनामें हैं । क्योंकि "अंगुल असंखभागो" इत्यादि गाथा तथा टिप्पणी (२) पृष्ठ२२१में देखो ॥ "सूच्यंगुलासंख्यतैकभागः

(३) "अंगुल" पृष्ठ ८६, ८७ व ६८ में जहाँ जहाँ पर अंगुल शब्द लाये हैं वहां वहां सूच्यंगुलसे प्रयोजन है न कि प्रतर (वर्ग) अंगुलसे वा घनअंगुल से अर्थात् एक प्रमाण अंगुल (न कि उत्सेध अंगुल वा आत्मांगुल) लंबे और एकप्रदेश चौड़े और ऊंचे आकाशमें जितने प्रदेश होते हैं उसे सूच्यंगुल कहते हैं सूच्यंगुल के कथन में सूची, जघन्ययुक्ता संख्यात प्रमाण इत्यादि शब्द आये हैं अतः अलौकिक गणित के (१) संख्यामान और उपमामान दोनों भेद जो तत्वार्थ सूत्र के अगले अध्यायों के सूत्रों से भी सम्बन्ध रखते हैं नीचे के पृष्ठ २७० से २७६ तक लिखे जाते हैं ॥ अलौकिक गणित के मुख्य दो भेद हैं एक संख्यामान और दूसरा उपमामान । संख्यामान के मूल ३ भेद हैं; अर्थात् १ संख्यात-

(टिप्पणी) २ असंख्यात और ३ अनंत। असंख्यातके तीन भेद हैं १ परीतासंख्यात २ युक्तासंख्यात और ३ असंख्यातासंख्यात। अनंतके भी ३ भेद हैं —१ परीतानंत २ युक्तानंत ३ अनंतानंत। संख्यात का एक भेद ही है। ऐसे संख्यात का एक भेद, असंख्यात और अनंत के तीन तीन भेद सब मिल कर संख्यामान के ७ भेद हुए। इन सातों में से प्रत्येक के जघन्य (सब से छोटा मध्यम बीच के) और उत्कृष्ट (सबसे बड़ा) की अपेक्षा से तीन तीन भेद हैं इस प्रकार संख्यामान के २१ भेद हुए अर्थात् (1) जघन्य संख्यात, मध्यम संख्यात, उत्कृष्ट संख्यात

(2) जघन्य परीतासंख्यात, मध्यम परीतासंख्यात, उत्कृष्ट परीतासंख्यात, जघन्य युक्तासंख्यात, मध्यम युक्तासंख्यात, उत्कृष्ट युक्तासंख्यात; जघन्य असंख्यातासंख्यात, मध्यम असंख्यातासंख्यात, उत्कृष्ट असंख्यातासंख्यात,

(3) जघन्य परीतानन्त, मध्यम परीतानन्त, उत्कृष्ट परीतानन्त; जघन्य युक्तानन्त, मध्यम युक्तानन्त, उत्कृष्ट युक्तानन्त; जघन्य अनन्तानन्त, मध्यम अनन्तानन्त, उत्कृष्ट अनन्तानन्त॥

एकमें एकका भाग देने से अथवा एकको एकसे गुणाकार करने से कुछभी हानि वृद्धि नहीं होती। अतः संख्याका आरंभ दो के अङ्क से ग्रहण किया है। और एक को गणना (गिनती) शब्द का वाच्य (कहने वाला) माना है, इस लिये जघन्य संख्या का प्रमाण दो (२) है। तीन चार पांच इत्यादि एक हीन उत्कृष्ट संख्यात पर्यंत मध्यम संख्यात के भेद हैं। एक न्यून जघन्य परीतासंख्यात को उत्कृष्ट संख्यात कहते हैं

अब आगे जघन्य परीतासंख्यात का प्रमाण कितना है सो लिखते हैं। अलौकिक गणित का स्वरूप लौकिक गणित से कुछ विलक्षण है लौकिक गणित से स्थूल और स्वल्प (थोड़े) पदार्थों का परिमाण किया जाता है, किन्तु अलौकिक गणित से सूक्ष्म और अनन्त पदार्थों की हीनाधिकता का बोध कराया जाता है। जघन्य परीतासंख्यात का स्वरूप समझाने के लिये जो उपाय लिखा जाता है वह किसी से किया नहीं था किन्तु बड़े गणित का परिमाण समझाने के लिये एक कल्पित उपाय मात्र है॥

कल्पना कीजिये कि अनवस्था, शलाका, प्रति शलाका, और महा शलाका, नाम के चार गोल कुंड हैं। जिन में से प्रत्येक का व्यास (=गोल पदार्थ की एकतट से दूसरे तट तक की चौड़ाई) एक लक्ष योजन (योजन का प्रमाण यहां दो सहस्र कोस का समझना) और गहराई (ओंडाई) का प्रमाण एक सहस्र योजन है। इनमें से अनवस्था कुंडको गोल सरसों से शिखाऊ (पृथ्वी पर अन्नकी राशिके भांति) भरना। इस अनवस्था कुंड में १९९७११२९ ३८ ४५ १३१६ ३६ ३६ ३६ ३६ ३६ ३६ ३६ ३६ ३६ ३६ ३६ ३६ ३६ ३६ ३६ ,, सरसों छियालीस अंक प्रमाण गणित शास्त्रके अनुसार समाई। यहां अपूर्णांक का ग्रहण नहीं करना।

इस अनवस्था कुंडके भरनेपर दूसरी एक सरसों अनवस्था कुंडोंकी गिनती करने के लिये शलाका कुंडमें डालनी। मध्य लोक में असंख्यात द्वीप समुद्र हैं। जिनमें सबके बीचमें जम्बूद्वीप है। इसका व्यास एक लक्षयोजन है उसके चारों ओर लवण समुद्र है। उसको चारों ओरसे घेरकर धातकीखंड है। इस प्रकार द्वीपके आगे समुद्र समुद्र; के आगे द्वीप क्रमसे असंख्यात द्वीप समुद्र हैं। चौड़ाई दूनी दूनी होती गई है। किसी द्वीप वा समुद्र की परिधि (गोलाई) के एक तट से दूसरे तट तक की चौड़ाई को सूची कहते हैं। जैसे लवण समुद्रकी सूची ५ लाख योजन है।

अब अनवस्था कुंड में से समस्त सरसोंको निकालकर किसी देव के द्वारा एक सरसों द्वीपमें एक सरसों समुद्रमें अनुक्रम से डालते चलिये जिस द्वीप वा समुद्रमें सब सरसों पूर्ण कर अंतकी सरसों डालो उसी द्वीप वा समुद्रकी सूची के समान सूची वाला और एक सहस्रयोजन गहराईवाला दूसरा अनवस्थाकुंड बनाइये और उसको भी सरसों से शिखाऊ भर एक दूसरी सरसों शलाका कुंडमें डालिये इस दूसरे अनवस्था कुंडकी सरसों को भी निकालकर जिस द्वीप वा समुद्र में पहिले समाप्ति हुई थी उसके आगे एक सरसों द्वीपमें और एक (सरसों) समुद्र में डालते चलिये जहां ये सरसों भी समाप्त हो जायें वहां उसी द्वीप वा समुद्र की सूची प्रमाण चौड़ी और एक सहस्र योजन गहरा तीसरा अनवस्था कुंड बनवाकर उसे सरसों से शिखाऊ भरिये और शलाका कुंड में तीसरी सरसों डालिये इस तीसरे कुंड की भी सरसों निकालकर आगेके द्वीप समुद्रों में एक एक सरसों डालते डालते जब सरसों समाप्त हो जाय तब पूर्वोक्तानुसार चौथा अनवस्था कुंड भरकर चौथी सरसों शलाका कुंडमें डालिये इसी प्रकार एक एक अनवस्था कुंड की एक एक सरसों शलाका कुंड में डालते डालते जब शलाका कुंड भी शिखाऊं भरजाय तब एक सरसों प्रति शलाका कुंड में डालिये इसी प्रकार एक एक अनवस्था कुंड की एक एक सरसों शलाका कुंड में डालते डालते जब दूसरी बार भी शलाका कुंड (शिखाऊ) भर जाय तो दूसरी सरसों प्रतिशलाकाकुण्ड में डालिये, एक एक अनवस्था कुण्ड की एक एक सरसों शलाकाकुंड में और एक एक शलाकाकुंडकी एक एक सरसों प्रतिशलाकाकुंडमें डालते डालते जब प्रतिशलाकाकुण्डभी भर जाय तब एक सरसों महाशलाकाकुण्डमें डालिये, जिस क्रमसे एक बार प्रति शलाकाकुंड भरा है उसी क्रमसे दूसरी बार भरने पर दूसरी सरसों महाशलाका कुण्डमें डालिये। इसी प्रकार एक एक प्रतिशलाका कुंडकी सरसों महाशलाका कुंडमें डालते डालते जब महाशलाका कुंड भी भरजाय उस समय

सबसे बड़े अंतके अनवस्थाकुंडमें जितनी सरसों समाई उतनाही जघन्य परीतासंख्यातका प्रमाण है ।

संख्यामान के मूलभेद सात कहेथे इन सातोंके जघन्य मध्यम उत्कृष्टकी अपेक्षासे इक्कीस भेद कहे । यहांपर आगेके मूलभेद के जघन्य भेदमें से एक घटाने से पिछले मूल भेदका उत्कृष्ट भेद होता है, जैसे जघन्य परीतासंख्यात में से एक घटाने से उत्कृष्ट संख्यात तथा जघन्य युक्तासंख्यात में से एक घटाने से उत्कृष्ट परीतासंख्यात होता है । इसी प्रकार अन्य स्थानोंमें भी जानना । जघन्य और उत्कृष्ट भेदों के बीचके सब भेद मध्यम भेद कहलाते हैं । इस प्रकार मध्यम और उत्कृष्ट केस्वरूप जघन्य के स्वरूप को जानने से ही ज्ञात होसके हैं इसलिये अब आगे जघन्य भेदोंका ही स्वरूप लिखाजाता है । जघन्यसंख्यात और जघन्य परीतासंख्यात का स्वरूप ऊपर लिखा जाचुका है अब आगे जघन्य युक्तासंख्यात का प्रमाण लिखते हैं ।

जघन्य परीतासंख्यात प्रमाण दो राशि लिखना, एक विरलनराशि और दूसरी देयराशि, विरलनराशिका विरलन करना अर्थात् विरलनराशिका जितना प्रमाण है उतने एके लिखना और प्रत्येक एकेके ऊपर एक एक देयराशि रखकर समस्त देयराशियोंका परस्पर गुणन करने से जो गुणन फल हो उतना ही जघन्य युक्तासंख्यातका प्रमाण है भावार्थ यदि जघन्य परीतासंख्यातका प्रमाण चार मानाजाय तो चार का विरलनकर १,१,१,१, प्रत्येक एकके ऊपर देयराशि चार चार रखकर ४ ४ ४ ४ चारौ चौकोंका परस्पर गुणन करनेसे गुणनफल २५६ जघन्य युक्तासंख्यातका प्रमाण होगा । इसही जघन्य युक्तासंख्यातको आवलीभी कहते हैं क्योंकि एक आवली में जघन्य युक्तासंख्यातका प्रमाण समय होते हैं । जघन्य युक्तासंख्यातके वर्ग (एक राशिको उसी से गुणा कार करने से जो गुणनफल होता है उसको वर्ग कहते हैं जैसे ५ का वर्ग २५) को जघन्य असंख्यातासंख्यात कहते हैं । अब आगे जघन्य परीतानंतका प्रमाण कहते हैं–

जघन्य असंख्यातासंख्यातप्रमाण तीनि राशि अर्थात् १ विरलनराशि २ देयराशि ३ शलाका लिखना । विरलनराशिका विरलनकर प्रत्येक एकके ऊपर देयराशि रखकर समस्त देयराशियोंका परस्पर गुणाकार करना, और शलाकाराशि में से एक घटाना, इस गये हुये गुणनफल प्रमाण

एक विरलन और एक देय इस प्रकार दो राशिकरना । विरलनराशिका विरलनकर प्रत्येक एकके ऊपर देयराशि रखकर समस्त देयराशियोंका परस्पर गुणाकार करना और शलाकाराशिमेंसे एक और घटाना । इस दूसरीवार पाये हुये गुणनफल प्रमाण पुनः विरलन और देयराशि करना और पूर्वोक्तानुसार समस्त देयराशियोंका परस्पर गुणाकार करना तथा शलाकाराशियों में से एक और घटाना इसही अनुक्रमसे नवीन नवीन गुणनफल प्रमाण विरलन और देयके क्रमसे एक एक बार देयराशियों का गुणाकार होने पर शलाकाराशि में से एक एक घटाते घटाते जब शलाकाराशि समाप्त होजाय उस समय जो अन्तिम गुणनफलरूप महाराशि होय उस प्रमाण फिर विरलन-देय-शलाका ये तीनि राशि लिखनी । विरल राशिका विरलनकर प्रत्येक एकके ऊपर देयराशि रख देयराशिका परस्पर गुणाकार करते करते पूर्वोक्त-क्रमानुसार एक बार देयराशियोंका गुणाकार होनेपर शलाकाराशिमें से एक एक घटाते घटाते जब यह द्वितीयवार स्थापनकी हुई शलाकाराशिभी समाप्त होजाय उस समय इस अन्तकी गुणनफलरूप महाराशि प्रमाण पुनः विरलन-देय-शलाका, ये तीनिराशि लिखनी । पूर्वोक्त क्रमानुसार जब यह तीसरीवार स्थापना की हुई शलाकाराशि भी समाप्त होजाय उस समय यह अन्तिम गुणनफलरूप जो महाराशि हुई वह असंख्यातासंख्यातका एक मध्यम भेद है ।

कथित क्रमानुसार तीनिवार तीनितीनि राशियों के गुणन विधानको शलाकात्रयनिष्ठापन कहते हैं आगे भी जहां "शलाकात्रयनिष्ठापन" ऐसा पद आवे वहां ऐसाही विधान समझ लेना । इस महा राशि में लोक प्रमाण (जिसका कथन उपमामान के कथन में कहा जायगा) लोकप्रमाण धर्मद्रव्यके प्रदेश, लोकके प्रमाण अधर्मद्रव्यके प्रदेश, लोक प्रमाण एक जीव के प्रदेश, लोक प्रमाणलोकाकाशके प्रदेश, लोकसे असंख्यात गुणा अप्रतिष्ठित प्रत्येक वनस्पतिकायिक जीवों का प्रमाण और उसके भी असंख्यात लोक गुणा तथापि सामान्यपनेसे असंख्यात लोक प्रमाण प्रतिष्ठित प्रत्येक वनस्पतिकायिक जीवोंका प्रमाण-ये छह राशि मिलाना । इस योगफलप्रमाण विरलन-देय-शलाका ये तीनि राशि स्थापनकर पूर्वोक्तानुसार शलाकात्रय निष्ठापन करना । इसप्रकार करने से जो महाराशि उत्पन्न हो उस में बीसकोड़ाकोड़ी सागर प्रमाण कल्पकालके समय, असंख्यात लोक प्रमाण स्थितिबन्धाध्यवसायस्थान (स्थितिबंधको कारण भूतआत्मा के परिणाम) इनसे भी असंख्यात गुणे तथापि असंख्यात लोक प्रमाण अनुभागबंधाध्यवसाय स्थान और इनसे भी असंख्यात गुणे तथापि असंख्यात लोक प्रमाण मन वचन काय योगों के अविभाग प्रतिच्छेद (गुणोंके अंश) ये चार राशि मिलाना । इस दूसरे योगफल प्रमाण फिर -

विरलन-देय-शलाका ये तीनिराशि स्थापन करना और पूर्वोक्त क्रमानुसार शलाकात्रय निष्ठापन करना । इस प्रकार शलाकात्रय-निष्ठापन करनेसे जो राशि उत्पन्न हो उसको जघन्य परीतानंत कहते हैं । जघन्य परीतानंतका विरलनकर प्रत्येक एकके ऊपर जघन्य परीतानंतरूप सब जघन्य परीतानंतोंका परस्पर गुणकार करनेसे जो राशि उत्पन्न हो उसको जघन्य युक्तानंत कहते हैं । अभव्य जीवोंका प्रमाण जघन्य युक्तानंत समान है । जघन्य युक्तानंतके वर्गको जघन्य अनंतानंत कहते हैं ।

अब आगे केवल ज्ञानके अविभाग प्रतिच्छेदोंके प्रमाण स्वरूप उत्कृष्ट अनंतानंतका स्वरूप कहते हैं— जघन्य अनंतानंत प्रमाण विरलन-देय शलाका ये तीनि राशि स्थापनकर शलाकात्रय निष्ठापन करना । इस प्रकार शलाकात्रय निष्ठापन करनेसे जो महाराशि उत्पन्न हो वह अनंतानंतका एक मध्यम भेद है । अनंतके दूसरे दो भेद हैं, एक संख्य अनंत और दूसरा असंख्यअनंत । यहां तक जो संख्या हुई वह संख्यअनंत है इससे आगे असंख्यअनंतके भेद हैं । क्योंकि, इस महाराशिमें आगे छह राशि असंख्य अनंत मिलाई जाती हैं । नवीन वृद्धि न होने पर भी व्यय करते करते जिस राशिका अंत नहीं आवै उसको असंख्यअनंत कहते हैं । इस महाराशिमें जीवराशिके अनंतवें भाग सिद्धराशि, सिद्धराशिसे अनंतगुणी निगोदराशि, वनस्पतिकायिकराशि, जीवराशिसे अनंतगुणी पुद्गलराशि, पुद्गलसे भी अनंतगुणे तीनिकालके समय और अलोका काशके प्रदेश ये छह राशि मिलानेसे जो योगफल हो उस प्रमाण विरलन-देय शलाका ये तीनिराशि स्थापनकर शलाकात्रयनिष्ठापन करना । इस प्रकार शलाकात्रयनिष्ठापन करनेसे जो राशि उत्पन्न हो उसमें धर्मद्रव्य और अधर्मद्रव्यके अगुरुलघु गुणके अनंतानंत अविभागप्रतिच्छेद मिलाकर योगफल प्रमाण विरलन-देय-शलाका स्थापनकर फिर शलाकात्रयनिष्ठापन करना । इस प्रकार शलाकात्रयनिष्ठापन करनेसे मध्यम अनंतानंतका भेदरूप जो महाराशि उत्पन्न हुई उसको केवल ज्ञानके अविभागप्रतिच्छेदोंके समूहरूप राशिमेंसे घटाना और जो शेषबचे उसमें पुनः वही महाराशि मिलानेसे केवलज्ञानके अविभागप्रतिच्छेदोंका प्रमाणस्वरूप उत्कृष्ट अनंतानंत होता है । उक्त महाराशिको केवलज्ञानमेंसे घटाकर फिर मिलानेका अभिप्राय यह है कि, केवलज्ञानके अविभागप्रतिच्छेदोंका प्रमाण उक्त महाराशिसे बहुत बड़ा है । उस महाराशिको किसी दूसरी राशिसे गुणाकार करने पर भी केवल ज्ञानके प्रमाणसे बहुत न्यून रहता है इसलिये केवल ज्ञानके अविभागप्रतिच्छेदोंके प्रमाणका महत्व दिखलानेके लिये उपर्युक्त विधान किया है । इस प्रकार संख्या मानके छब्बीस भेदोंका कथन समाप्त हुआ ।

अब आगे उपमामानके आठ भेदोंका स्वरूप लिखते हैं। जो प्रमाण किसी पदार्थको उपमा देकर कहा जाता है उसे उपमामान कहते हैं। उपमामानके ८ भेद हैं, १ पल्य (अर्थात् नाज भरनेको जो खत्ती उसकी उपमा है) २ सागर (यहां लवण समुद्रकी उपमा है) ३ सूच्यंगुल ४ प्रतरांगुल ५ घनांगुल ६ जगच्छ्रेणी ७ जगत्प्रतर और ८ लोक। इनमेंसे पल्यके तीनि भेद हैं, १ व्यवहारपल्य, २ उद्धारपल्य और ३ अद्धा पल्य। व्यवहारपल्यका स्वरूप पूर्वाचार्योंने इसप्रकार कहा है कि पुद्गलद्रव्यके सबसे छोटे खंडको (टुकड़ेको) परमाणु कहते हैं। अनंतानंत परमाणुओंके स्कंधको (समूहरूप पिंडको) अवसन्नासन्न कहते हैं, ८ अवसन्नासन्नका एक सन्नासन्न, ८ सन्नासन्नका एक तृटरेणु ८ तृटरेणुका एक त्रसरेणु, ८ त्रसरेणुका एक रथरेणु, ८ रथरेणुका एक उत्तम भोग भूमिवालोंका बालाग्रभाग, ८ उत्तम भोग भूमिवालोंके बालाग्रका एक मध्यमभोग भूमिवालोंका बालाग्र, ८ मध्यमभोग भूमिवालोंके बालाग्रका एक जघन्यभोगभूमिवालोंका बालाग्र, ८ जघन्यभोगभूमिवालोंके बालाग्रका एक कर्मभूमिवालोंका बालाग्र, ८ कर्मभूमिवालोंके बालाग्रकी एक लीख, ८ लीखोंका एक सरसों ८ सरसोंका एक जौ, और ८ जौका एक अंगुल होता है। इस अंगुलको 'उत्सेधांगुल' कहते हैं। चारों गतियोंके जीवोंके शरीर और देवोंके नगर तथा मन्दिरादिकका परिमाण इसी अंगुलसे वर्णन किया जाता है इस उत्सेधांगुलसे पांचसौ गुणा प्रमाणांगुल (भरत क्षेत्रके अवसर्पिणीकालके प्रथम चक्रवर्तिका अंगुल) है। इस प्रमाणांगुलसे महापर्वत, नदी, द्वीप, समुद्र इत्यादिकका परिमाण कहा जाता है। भरत ऐरावत क्षेत्रके मनुष्योंका अपने अपने कालमें जो अंगुल है उसे आत्मांगुल कहते हैं इससे झारी, कलस, धनुष, ढोल, हल, मूसल, छत्र, चमर इत्यादिकका प्रमाण वर्णन किया जाता है। छह अंगुलका एक पाद, दो पादका एक बिलस्त, दो बिलस्तका एक हाथ, चार हाथका एक धनुष, दो सहस्र धनुषका एक कोस, चार कोसका एक योजन होता है। प्रमाणांगुलसे निष्पन्न एक योजन प्रमाण गहरा और एक योजन प्रमाण व्यासवाला एक गोलगर्त (गढ़ा) बनाना उस गर्तका उत्तम भोगभूमिवाले मेढेके बालोंके अग्रभागोंसे भरना। गणित करनेसे उसगर्तके रोमकी संख्या ४१३४५२६३०३०८२०३१७७३४९५१२१९२००००००००००००००००० हुई (अध्याय ३ सूत्र ८की टिप्पणी गणितके लिये देखो) इसगर्तके एक एक रोमको सौ सौ बरस पीछे निकालते निकालते जितने कालमें वे सब रोम समाप्त होजाय उतने काल को व्यवहार पल्यका काल कहते हैं। उपर्युक्त रोम संख्या को सौबरस के समयसमूह से गुणा करने पर व्यवहार पल्यके समयोंका प्रमाण होता है।

[१ वर्षके २ अयन, १ अयनकी तीन ऋतु, १ ऋतुके २ मास, १ मासके ३० अहोरात्रि, १ अहोरात्रिके ३० मुहूर्त, १ मुहूर्तकी संख्यात आवली और १ आवली के जघन्य युक्तासंख्यात प्रमाण समय होते हैं]। व्यवहार पल्यके एक एक रोम खंडके असंख्यात कोटि वर्षके समय समूह प्रमाण खंड करने से उद्धार पल्यके रोम खंडोंका प्रमाण होता है जितने उद्धारपल्यके रोम खंड हैं उतने ही उद्धार पल्य के समय जानने। एक कोटीके वर्गको कोडाकोडी कहते हैं। द्वीप समुद्रों की संख्या उद्धारपल्य से है अर्थात् उद्धार पल्यके समयोंको पच्चीस कोड़ाकोडीसे गुणा करने से जो गुणनफल होता है उतनेही सब द्वीप समुद्र हैं। उद्धार पल्यके प्रत्येक रोमखंडके असंख्यात वर्षके समय समूह प्रमाण खंड करने से अद्धापल्यके रोम खंड होते हैं। जितने अद्धापल्यके रोमखंड हैं उतने ही अद्धापल्यके समय हैं।

उत्कर्षेणांगुलासंख्येयभागः असंख्येयासंख्येया उत्सर्पिण्यवसर्पिण्यः ॥ चतुर्णामुपशमकानां नानाजीवापेक्षया सामान्यवत् एकजीवं प्रति जघन्येनान्तर्मुहूर्तः । उत्कर्षेणांगुलासंख्येयभागः असंख्येयासंख्येया उत्सर्पिण्यवसर्पिण्यः ॥

उत्कर्षेण ;। अंगुल-असंख्येय-भागः ;। =उत्कृष्टकरि सूच्यंगुलका असंख्यातवां भाग है (इस भागके प्रदेशों के तुल्य है)

असंख्येयासंख्येयाः ;॥ उत्सर्पिण्यवसर्पिण्यः ;। =(ये प्रदेश संख्यामें) असंख्यातासंख्यात उत्सर्पिणी अवसर्पिणीके समयोंके तुल्य है

चतुर्णाम् ;। उपशमकानाम् ;। =चार उपशमश्रेणी (आठवेंसे ग्यारहवां गुणस्थान) वालेनिका (अन्तर)

नाना-जीव-अपेक्षया ;॥ सामान्यवत्* =अनेक जीव की विवक्षासे सामान्य (प्रकरण में कथित गुणस्थान) सम है अर्थात् जघन्यकरि एक समय है उत्कृष्टकरि पृथक्त्व (तीनसे ऊपर नौसे नीचे) वर्ष है (पृष्ठ २२४)

एकजीवं ;। प्रति* जघन्येन ;। अन्तर्मुहूर्तः ;। =(चार उपशम श्रेणी वालों का) एक जीव की अपेक्षा से जघन्य अन्तर्मुहूर्त है

उत्कर्षेण ;। अंगुल-असंख्येयभागः ;। =उत्कृष्टकरि सूच्यंगुल के असंख्यातवां भाग (के आकाश प्रदेशों के तुल्य) है

असंख्येयासंख्येयाः ;॥ उत्सर्पिण्यवसर्पिण्यः ;॥ =(ये प्रदेश गिनतीमें) असंख्यातासंख्यात उत्सर्पिणी अवसर्पिणीके समयोंके तुल्य हैं

कर्मोंकी स्थिति अद्धापल्यसे वर्णन की गई है पल्यको दश कोड़ाकोड़ी से गुणा करनेपर सागर होता है अर्थात् दशकोड़ाकोड़ी व्यवहार पल्यका एक व्यवहार सागर दशकोड़ाकोड़ी उद्धारपल्यका एक उद्धार सागर और दशकोड़ाकोड़ी अद्धापल्यका एक अद्धा सागर होता है किसी राशिको जितनी बार आधा आधा करने से एक शेष रहे उसको अर्धच्छेद कहते हैं जैसे ४ को दोबार आधा आधा करनेसे एक होता है अतः चार के अर्धच्छेद २ हैं। आठ के तीन हैं। सोलह के अर्धच्छेद चार हैं इसही प्रकार सर्वत्र लगा लेना अद्धापल्यको अर्द्धच्छेदराशिका विरलनकर प्रत्येक एकके ऊपर अद्धापल्य रखकर सब अद्धा पल्योंका परस्पर गुणाकार करनेसे जो राशि उत्पन्न हो उसको सूच्यंगुल कहते हैं अर्थात् एक प्रमाणांगुल लंबे और एक प्रदेश चौड़े और ऊंचे आकाशमें इतने प्रदेश हैं। सूच्यंगुलके वर्ग को प्रतरांगुल और घन (एक राशि का तीनबार परस्पर गुणाकरने से जो गुणनफल हो उसे घन कहते हैं। जैसे दोका घन आठ और तीन का घन सत्ताइस है) का घनांगुल होते हैं पल्यकी अर्द्धच्छेद राशिके असंख्यातवां भागका विरलनकर प्रत्येक एक एकके ऊपर घनांगुल रख समस्त घनांगुलोंका परस्पर गुणाकार करनेसे जो गुणनफल हो उसको जगच्छ्रेणी कहते हैं जगच्छ्रेणीका सातवां भाग राजू कहा गया है अर्थात् सात राजूकी एक जगच्छ्रेणी होती है। जगच्छ्रेणीके वर्गको जगत्प्रतर और जगच्छ्रेणीके घनको लोक कहते हैं। यही तीनों लोकके आकाश प्रदेशोंकी संख्या है।

इस उपमामानके भेदोंसे द्रव्य क्षेत्र काल और भावका परिमाण दिया जाता है भावार्थ जहां द्रव्य का परिमाण कहाजाय वहां उतने पृथक २ पदार्थ जानना जहां क्षेत्रका परिमाण कहा जाय वहां उतने प्रदेश जानने, जहां कालका परिमाण कहा जाय वहां उतने समय जानने और जहां भावका परिमाण कहाजाय वहां अविभाग प्रतिच्छेद जानने ॥

चतुर्णां क्षपकाणां सयोगकेवलिनां च सामान्यवत्। अनाहारकेषु मिथ्यादृष्टेर्नानाजीवापेक्षया एकजीवापेक्षया च नास्त्यन्तरम् ॥ सासादनसम्यग्दृष्टेर्नानाजीवापेक्षया जघन्येनैकः समयः। उत्कर्षेण पल्योपमासंख्येयभागः। एकजीवं प्रति नास्त्यन्तरम् ॥ असंयतसम्यग्दृष्टेर्नानाजीवापेक्षया जघन्यनैकः समयः उत्कर्षेण मासपृथक्त्वम्। एकजीवं प्रति नास्त्यन्तरम् ॥ सयोगकेवलिनां

चतुर्णाम् ;। क्षपकाणाम् ;। च※ सयोगकेवलीनाम् ;। सामान्यवत※ अनाहारकेषु ;। मिथ्यादृष्टेः ;। नाना-जीव-अपेक्षया ;॥ च※एक-जीव-अपेक्षया ;॥ न※अस्ति अन्तरम् ;॥॥ सासादनसम्यग्दृष्टेः ;। नाना-जीव-अपेक्षया ;॥ जघन्येन ;। एकः ;। समयः ;। उत्कर्षेण ;। पल्य-उपम-असंख्येयभागः ;। एकजीवं ;। प्रति※ न अस्ति अन्तरम् ;॥॥ असंयतसम्यग्दृष्टेः ;। नानाजीव-अपेक्षया ;॥ जघन्येन ;। एकः ;। समयः ;। उत्कर्षेण ;। मास-पृथक्त्वं ;॥॥ एकजीवं ;। प्रति※न अस्ति अन्तरम् ;॥॥ सयोगकेवलीनाम् ;।

=(आहारकों में) चार (अपूर्वकरण-अनिवृत्तिकरण-सूक्ष्मलोभ-क्षीणकषाय)
=क्षपकश्रेणीवाले और सयोगकेवलियोंका (विरहकाल)
=संक्षेप (प्रकरणमें पहिले कहाहुआ गुणस्थान) सदृश है अर्थात् अहारकोंमें चार क्षपकश्रेणीवालोंका अन्तरकाल अनेक जीवकी अपेक्षासे जघन्य एक समय है उत्कृष्ट छह मास है। एक जीवके लिये अन्तर नहीं है आहारकोंमें सयोग-केवलियोंका नानाजीव और एक जीवके प्रति अन्तर नहीं है
=(अनाहारकोंमें) मिथ्यादर्शनवालेका अनेक जीवकी अपेक्षासे और एक जीवकी विवक्षासे अन्तर (काल) नहीं है
=(अनाहारकोंमें) सासादनसम्यग्दर्शनवालेका अनेक जीवकी अपेक्षासे
=जघन्यकरि एक समय है। उत्कृष्टकरि पल्यके
=असंख्यातवां भाग प्रमाण (=उपम) है। एक जीवकी अपेक्षासे
=अन्तर नहीं है ॥ (अनाहारकोंमें) असंयमी सम्यग्दृष्टीका (विरहकाल)
=अनेक जीवकी अपेक्षासे जघन्यकरि एक समय है
उत्कृष्टकरि तीन से ऊपर नौ से नीचे (=पृथक्त्व) मास है एक जीवकी
=अपेक्षासे (=प्रति) अन्तर नहीं है ॥ (अनाहारक अवस्थामें) सयोगकेवलियोंका

नानाजीवापेक्षया जघन्येनैकः समयः । उत्कर्षेण वर्षपृथक्त्वम् । एकजीवं प्रति नास्त्यन्तरम् ॥ अयोगकेवलिनां नानाजीवापेक्षया जघन्येनैकः समयः । उत्कर्षेण षण्मासाः । एकजीवं प्रति नास्त्यन्तरम् ॥ अन्तरमवगतम् ॥ भावो विभाव्यते ॥ स द्विविधः । सामान्येन विशेषेण च ॥ सामान्येन तावत्- मिथ्यादृष्टिरित्यौदयिको भावः । सासादनसम्यग्दृष्टिरिति पारिणामिको भावः ॥ सम्यङ्मिथ्यादृष्टिरिति क्षायोपशमिको भावः ॥

नानाजीव-अपेक्षया ;। जघन्येन ;। एकः ;। समयः ;। =(अन्तर काल) अनेक जीव की अपेक्षासे जघन्यकरि एक समय है

उत्कर्षेण ;। वर्ष पृथक्त्वम् ;॥। एकजीवम् ;। =उत्कृष्टकरि तीनसे ऊपर नौसे न्यून (=पृथक्त्व) बरस है ॥ एक जीव के

प्रति* न अस्ति अन्तम् ;॥। अयोगकेवलिनाम् ;। =लिये विरह काल नहीं है । (अनाहारकों में) अयोगकेवलियों का

नानाजीव अपेक्षया ;॥ जघन्येन ;। एकः ;। समयः ;। =(अन्तरकाल) अनेक जीव की अपेक्षा से जघन्यकरि एक समय है

उत्कर्षेण ;। षण्मासाः ;। एकजीवम् ;। प्रति अन्तरम्;॥। =उत्कृष्टकरि छह मास है । एक जीवकी अपेक्षा से अन्तर

न* अस्ति T अन्तरम् ;॥। अवगतम् ;॥। =नहीं है ॥ अन्तर (का कथन) जाना अथवा ज्ञान हुआ ॥

भावः;। विभाव्यतेT सः ;। द्विविधः;। सामान्येन ;॥। =भाव (प्ररूपणा) प्रारंभ की जाती है । सो भाव दो प्रकार संक्षेप से

विशेषेण ;। च सामान्येन ;॥। तावत्* =और (=च) विस्तारकरि है । संक्षेपसे प्रथम (तावत)

मिथ्यादृष्टिः ;। इति* औदयिकः ;। भावः ;। =" मिथ्यादृष्टि यौ औदयिक भाव है " क्योंकि यहां मिथ्यात्व का उदय है

सासादनसम्यग्दृष्टिः ;। इति* पारिणामिकः ;। भावः ;। =सासादन सम्यग्दृष्टी पारिणामिक भाव है अर्थात् सासादन दूसरे गुणस्थान में दर्शनमोहका उदय, उपशम, क्षय, क्षयोपशम नहीं होती है

सम्यङ्मिथ्यादृष्टिः ;। इति* क्षायोपशमिकः ;। भावः ;। =सम्यग्मिथ्यादृष्टि यह क्षायोपशमिक भाव है (क्योंकि यहां दर्शनमोहकी सर्वघाती मिथ्यात्व प्रकृति का उदयाभावीक्षय और उपशम तथा सम्यक्त्व मिथ्यात्व का उदय रहता है ॥ देखो जी. कां. गाथा ११ की म. प्र. सं० टीका

---

(१) मिथ्यात्व गुणस्थान से अविरत सम्यक्त्व गुणस्थान तक दर्शन मोह की अपेक्षा से भावों का कथन जानना चाहिये ॥

(२) द्रव्यक्षेत्र काल भावके निमित्त से कर्म जब अपना रस (फल) देता है वो उदय है कर्मोंके उदय से जो आत्माके भाव होते हैं वे औदयिक भाव है

असंयतसम्यग्दृष्टिरिति औपशमिको वा क्षायिको वा क्षायोपशमिको वा भावः ॥ उक्तं च मिच्छे खलु आदइओ विदिए पुण परिणामिओ भावो । मिस्से खओवसमिओ अविरदसम्मम्मि तिण्णेव ॥१॥

असंयत-सम्यग्दृष्टिः ;। इति * औपशमिकः ;। वा *	=अविरत सम्यग्दृष्टी यह औपशमिकभाव सहित है अर्थात् दर्शनमोहके उपशम होनेसे (=उदयनहोनेसे) आत्माके दर्शन गुणकी विशुद्धता है
क्षायिकः ;। वा*	=अथवा क्षायिक भाव सहित है क्योंकि दर्शन मोहका सर्वथा नाश होने से आत्मा के दर्शनगुणकी अत्यन्त विशुद्धि होजाती है
क्षायोपशमिकः ;। वा भावः ;।	=वा क्षायोपशमिकभाव सहित है अर्थात् मिथ्यात्व सम्यक्त्वमिथ्यात्व और सर्वघाती प्रकृतियोंके उदयाभावी क्षय (=उदयमें आकर-फलनदेकर-खिरजाना)और उपशम होने से तथा देशघाति सम्यक्त्व के उदय होने से दर्शन मोह का क्षायोपशम है
उक्तम् ;॥। च*	=(जैसा कि निम्न लिखित गाथा में) कहा भी है
मिच्छे खलु (=मिच्छे;॥।खलु* =मिथ्यात्वे;॥।खलु*)	=मिथ्यात्व (=प्रथम गुणस्थान) में नियमसे (=खलु) वा "प्रकटपने" (=खलु)
ओदइओ (=ओदइओ ;। =औदायिकः ;।)	=औदयिक (=कर्मके उदयसे आत्माके जो परिणाम हों सो भाव) होता है
विदिए पुण (=विदिए;॥।पुण* =द्वितीये;॥। पुनः*)	=और (=पुण) दूसरे (सासादन गुणस्थान) में
पारिणामिओ (=परिणामिओ;। =परिमाणिकः ;।)	=पारिणामिक (=जिसमें कर्म के उदय उपशमादिक की कुछ भी अपेक्षा न हो सो।
भावो ॥ मिस्से (=भावो ;।मिस्से;॥। =भावः ;।मिश्रे;॥।	=भाव वा परिणाम होता है ॥ मिश्र अथवा सम्यग्मिथ्यात्व (तीसरे गुणस्थान) में
खओवसमिओ (=खओवसमियो;। =क्षायोपशमिकः ;)	=क्षायोपशमिक (सर्वघाति स्पर्धकों के वर्तमान निषेकों के बिना फल दियेही निर्जरा होनेपर और उनही सर्वघाति स्पर्धकों के अगामि निषेकोंके सदवस्था रूप उपशम होनेपर और देश घाति स्पर्धकोंके उदय पर आत्मा का) भाव होता है ॥
अविरद— (=अविरद— =अविरत—)	=अविरत अथवा असंयत
सम्मम्मि . (=सम्मम्मि;॥। =सम्यक्त्वे;॥।)	=सम्यग्दर्शन (चतुर्थ गुणस्थान) में
तिण्णेव (=तिण्ण+एव* =त्रयः ;। एव*)	=तीनों (औपशमिक भाव, क्षायिक भाव, क्षायोपशमिक भाव) ही होते हैं

(१) जैसे मलिन जल में निर्मली वा फिटकड़ी डालने से कीचड़ नीचे बैठ जाती है और ऊपर से जल निर्मलहो जाता है उसही प्रकार कर्मोंके उपशम होने से (उदय न होने से) जीव के परिणाम जो विशुद्ध हो जाते हैं उनको औपशमिक भाव कहते हैं ॥

असंयतः पुनरौदयिकेन भावेन ॥ संयतासंयतः प्रमत्तसंयतोऽप्रमत्तसंयत इति च क्षायोपशमिको भावः ॥ चतुर्णामुपशमकानामित्यौपशमिको भावः ॥ चतुर्षु क्षपकेषु सयोगायोगकेवलिनोश्च क्षायिको भावः ॥ विशेषेण (१) गत्यनुवादेननरकगतौ प्रथमायां पृथिव्यां नारकाणां मिथ्यादृष्ट्यादयसंयतसम्यग्दृष्टयन्तानां

असंयतः ;। पुनः*औदयिकेन ;। भावेन ;। =और (यहां चौथे गुणस्थानमें) असंयतपना है सो औदयिक भावसे है

संयतासंयतः ;। प्रमत्तसंयतः ;। च अप्रमत्त- =देश संयतगुणस्थान प्रमत्तसंयत गुणस्थान और अप्रमत्त-

संयतः ;। इति* क्षायोपशमिकः ;। भावः ;। =संयत गुणस्थान "वालोंके क्षायोपशमिक भाव है" चारित्र मोह विशेष का क्षयोपशम (होने से)

चतुर्णाम ;। =चार (अपूर्वकरण-अनिवृत्तिकरण-सूक्ष्मसांपराय-उपशांतकषाय)

उपशमकानाम ;। इति * औपशमिकः ;। भावः ;।=उपशमवालोंके औपशमिकभाव है (चारित्रमोहका उपशम होने से)

चतुर्षु ;। क्षपकेषु ;। =चार (अपूर्वकरण से क्षीणकषाय तक) क्षपक श्रेणी में (चरित्र मोह क्षयसे)

च सयोग-अयोगकेवलिनोः ;। क्षायिकः ;। भावः ;। =और (=च) सयोग-अयोगकेवलियों में (भी) क्षायिक भाव है

विशेषेण ;। (१) गति-अनुवादेन ;। नरकगतौ ;। =विशेषकरि (१) गतिके कथनानुसार से नरक गति में

प्रथमायाम् ;। पृथिव्याम् ;। नारकाणाम् ;। मिथ्या =पहिली भूमि (नरक) में नारकियोंके मिथ्या-

दृष्टि-आदि-असंयतसम्यग्दृष्टि-अन्तानाम् ;। =दर्शनवाले से असंयमी सम्यग्दर्शन वाले पर्यंतोंका

---

(१) असंयतसम्यग्दृष्टौ सम्भवतो ऽसंयतत्वस्यौदयिकत्वं प्राहुः असंयतत्वस्य चारित्र मोहोदय हेतुत्वात् ॥

असंयत सम्यग्दृष्टौ ? असंयतत्वस्य ;।।। सम्भवतः * = असंयमी सम्यग्दर्शनवाले में असंयमपना के (सम्भव) होने से

औदयिकत्वम ;।।। प्र-आहुः ? असंयतत्वस्य ;।।। = औदयिकभावको (कारण) बतलाते हैं (क्योंकि) असंयम का होना

चारित्र-मोह-उदय हेतुत्वात ;।।। = चारित्र मोहनीयकर्मके उदय होने (के हेतु) से है भावार्थ यह है कि चौथे गुणस्थान में औदयिक भावके कारण असंयम होता है क्योंकि वहां चारित्र मोहनीयकर्म अप्रत्याख्यानावरण का उदय है (२) यहां असंयतः असंयतत्व के अर्थ में है ॥

(३) पांचवां संयत गुणस्थानसे क्षीण कषाय बारहवां गुणस्थान तक चारित्र मोहनीयकर्म की अपेक्षा से यह कथन किया है ॥

सामान्यवत् ॥ द्वितीयादिष्वा सप्तम्या मिथ्यादृष्टिसासादनसम्यग्दृष्टिसम्यङ्मिथ्यादृष्टीनां सामान्यवत् ॥ असंयतसम्यग्दृष्टेरौपशमिको वा क्षायोपशमिको वा भावः । असंयतः पुनरौदयिकेन भावेन ॥

सामान्यवत्*

=संक्षेप (विषयमें पहिले कहेहुये गुणस्थान) सदृश (भाव) हैं अर्थात् मिथ्यादृष्टि नारकियोंके औदयिक भाव है । सासादनसम्यग्दृष्टि नारकियोंके पारिणामिक भाव है । मिश्रगुणस्थानवर्ती नारकियोंके क्षायोपशमिक भाव है और असंयत सम्यग्दृष्टि चतुर्थ गुणस्थानवर्ती नारकियोंके औपशमिक वा क्षायिक अथवा क्षायोपशमिक भाव है

द्वितीय-आदिषु ;। आ-सप्तम्याः ;। मिथ्यादृष्टि-सासादनसम्यग्दृष्टि-सम्यग्मिथ्यादृष्टीनाम् ;। सामान्यवत्*

दूसरी (भूमि) आदिमें सातवीं (भूमि) तक (=आ) (छहनरकोंमें) मिथ्यादर्शनवाले
=सासादनसम्यग्दर्शनवाले और मिश्रगुणस्थानवर्ती (नारकि) निके
=संक्षेप (विषयमें पहिले कहेहुये गुणस्थान) सदृश (भाव) हैं अर्थात् दूसरे नरकसेलेकर सातवें नरक तकके मिथ्यादर्शनवाले नारकियोंके औदयिक भाव है उक्त छहों नरकोंमें सासादनसम्यग्दर्शनवाले नारकियोंके पारिणामिक भाव है और इनही छह नरकोंके मिश्रतीसरे गुणस्थानवर्ती नारकियोंके क्षायोपशमिक भाव है (देखो पृष्ठ २७८)

असंयतसम्यग्दृष्टेः ;। औपशमिकः ;। वा=क्षायोपशमिकः ;। वा भावः ;। पुनः

=(दूसरे नरकसे सातवां नरक तकके) असंयमी सम्यग्दृष्टि (नारकी) के
=औपशमिक वा क्षायोपशमिक भाव है। (नारकियोंके प्रथमसे चौथेतक गुणस्थान है)
=और (इन दूसरे नरकसे सातवां नरक तकके असंयमी सम्यग्दृष्टी चौथे गुणस्थानवर्तीनारकियोंके)

असंयतः ;। औदयिकेन ;। भावेन ;।

=असंयतपना औदयिक भावकरि है ॥

तिर्यग्गतौ तिरश्चां मिथ्यादृष्ट्यादिसँयतासंयतान्तानां सामान्यवत् ॥ मनुष्यगतौ मनुष्याणां मिथ्यादृष्ट्या-द्ययोगकेवल्यन्तानां सामान्यवत् ॥

तिर्यग्गतौ ¦॥ तिरश्याम् ¦। मिथ्यादृष्टि-आदि-संयता-संयत-अन्तानाम् ¦। सामान्यवत्*

=तिर्यंचगतिमें तिर्यंचों के मिथ्यादृष्टी से संयमा-
=संयमी तकनिके (भाव) संक्षेप (विषय में पूर्वोक्त गुणस्थान) सदृश है अर्थात् मिथ्यात्व गुणस्थानवाले तिर्यंचों के औदायिक भाव है ॥ सासादन गुणस्थान-वर्ती तिर्यंचों के पारिणामिक भाव है। मिश्रगुणस्थानवर्ती तिर्यंचोंकेक्षायोपशमिक भाव है। असंयत सम्यग्दृष्टि चतुर्थ गुणस्थानवर्ती तिर्यंचों के औपशमिक वा क्षायिक वा क्षायोपशमिक भाव है। संयमासंयमी तिर्यंचों के क्षायोपशमिक भाव है (देखो पृष्ठ २७८ से २८०) तिर्यंच गतिमें मिथ्यात्व सेसंयतासंयत तक पांच ही गुणस्थान होते हैं

मनुष्यगतौ ¦॥ मनुष्याणाम् ¦। मिथ्यादृष्टि-आदि-अयोगकेवलि-अन्तानाम् ¦। सामान्यवत्*

=मनुष्यगति में मनुष्यों के (भाव) मिथ्यादृष्टीसे लेकर (=आदि)
=अयोगकेवलितकनिके संक्षेप (विषय में पूर्वोक्त गुणस्थान) सदृश (भाव) हैं अर्थात् मिथ्यादृष्टी मनुष्यों के औदयिक भाव है। सासादन सम्यग्दर्शनवाले मनुष्यों के पारिणामिक भाव है। मिश्र गुणस्थानवर्ती मनुष्यों के क्षायोपशमिक भाव है। असंयमी सम्यग्दृष्टी मनुष्योंके औपशमिक वा क्षायिक वा क्षायोपशमिक भाव है। संयमासंयमी से अप्रमत्त संयमी तक क्षायोपशमिक भाव है। चार उपशम श्रेणी वालों के औपशामिक भाव है। चार क्षपक श्रेणियों के और सयोग और अयोग-केवलियों के क्षायिक भाव है (देखो पृष्ठ २७८, २७९, २८०) ॥
मनुष्यों के सर्व चौदह गुणस्थान होते हैं ॥

देवगतौ देवानां मिथ्यादृष्ट्याद्यसंयतसम्यग्दृष्ट्यन्तानां सामान्यवत् ॥ (२) इन्द्रियानुवादेन-एकेन्द्रियविकलेन्द्रियाणामौदयिको भावः । पञ्चेन्द्रियेषु मिथ्यादृष्ट्याद्ययोगकेवल्यन्तानां सामान्यवत् ॥

देवगतौ ;। देवानाम् ;- मिथ्यादृष्टि-आदि— असंयत-सम्यग्दृष्टि-अन्तानाम् ;। सामान्यवत्*

=देवगतिमें देवोंके मिथ्यादृष्टिसे असंयमी
= सम्यग्दर्शनवालेतकनिके संक्षेप (विषयमें पूर्वोक्त गुणस्थान) सम (भाव) हैं अर्थात मिथ्यादृष्टि देवोंके औदयिक भाव है । सासादन दूसरे गुणस्थानवर्ती देवोंके पारिणामिक भाव है । मिश्रगुणस्थानवर्ती देवोंके क्षायोपशमिक भाव है । असंयत सम्यग्दृष्टी देवोंके औपशमिक वा क्षायिक वा क्षायोपशमिक भाव हैं ॥ देवों के प्रथम से चौथे तक चारही गुणस्थान हैं ॥

इन्द्रिय-अनुवादेन ;। एकेन्द्रिय-विकल-इन्द्रियाणाम्;। औदयिक-भावः ;।

=(२) इन्द्रियके कथनानुसारकरि एकेन्द्रियवालेजीव और
=विकल (दो-तीन-चार) इन्द्रियधारक जीवोंके औदयिक भाव है

पञ्चेन्द्रियेषु ;। मिथ्यादृष्टि-आदि— अयोगकेवलि-अन्तानाम ;। सामान्य-वत्*...

=पांचइन्द्रियवाले जीवोंमें मिथ्यादृष्टिसे अयोगकेवली
=पर्यंतोंका संक्षेप (प्रकरणमें पूर्वोक्त गुणस्थान) सदृश (भाव) हैं अर्थात् मिथ्यादृष्टि पंचेंद्रिय जीवोंके औदयिक भाव हैं ॥ (सासादनसे अयोगीतक के पांचों इन्द्री होती हैं अतः इन्द्रिय शब्द लिखनेकी आवश्यकता नहीं है) सासादन सम्यग्दृष्टिके पारिणामिक भाव होताहै । मिश्रगुणस्थानवर्तीके क्षायोपशमिक भावहै । असंयत सम्यग्दृष्टीके औपशमिक वा क्षायिक वा क्षायोपशमिक भावहै । देशसंयतसे अप्रमत्तसंयततक क्षायोपशमिक भावहै । चार उपशमश्रेणीवालोंके औपशमिक भावहै । चार क्षपकश्रेणीवालोंमें और सयोगकेवली- अयोगकेवलियोंके क्षायिक भाव है। (देखो पृष्ठ २७८से २८० तक)

[३] कायानुवादेन–स्थावरकायिकानामौदयिको भावः। त्रसकायिकानां सामान्यमेव ॥ [४] योगानुवादेन–कायवाङ्मानसयोगिनां मिथ्यादृष्ट्यादिसयोगकेवल्यन्तानामयोगकेवलिनां च सामान्यमेव ॥

---

[३] काय-अनुवादेन ।। स्थावर-कायिकानाम् ।। औदयिकः ।। भावः ।। त्रस—कायिकानाम् ।। सामान्यम् ।।। एव*

=(३) कायके कथनानुसारकरि स्थावर (पृथिवी-अप्-तेजो-वायु-वनस्पति) =कायिकोंके औदयिक भाव है। त्रस (अर्थात् चलने फिरने वाले) =कायधारी (जीव निके संक्षेप (विषय में पूर्वोक्त गुणस्थान) सदृश (=एव) है अर्थात् मिथ्यादृष्टी जीव स्थावर भी हैं और त्रस भी हैं उन दोनोंके औदयिक भाव है। दूसरे से चौदहवां गुणस्थान तक त्रस पञ्चेन्द्रिय जीव हैं॥ उन में सासादन सम्यग्दृष्टीके पारिणामिक भाव है। मिश्रगुणस्थानवर्तीके क्षायोपशमिक भाव है। असंयत सम्यग्दृष्टीके औपशमिक क्षायिक वा क्षायोपशमिक भाव है॥ संयतासंयत से अप्रमत्त संयत तक क्षायोपशमिक भाव है। चार उपशमश्रेणी वालोंके औपशमिक भाव है। चार क्षपकश्रेणी वालों के, सयोगकेवलियोंके और अयोगकेवलियों के क्षायिक भाव है (देखो पृष्ठ २७८ से २८० तक)

[४] योग-अनुवादेन ।। काय-वाङ्-मानस-योगिनाम् ।। मिथ्यादृष्टि-आदि— सयोगकेवलि-अन्तानाम् ।। च अयोग-केवलिनाम् ।। सामान्यम् ।।। एव*

=योग की अपेक्षा से काय-वचन-मनोयोगीनिके =मिथ्यादर्शन वाले से सयोगकेवली पर्यंतों का और (=च) =अयोगकेवलियोंका संक्षेप (प्रकरण में पूर्वोक्त गुणस्थान) सदृश (एव) है अर्थात् मिथ्यात्वमें औदयिक भाव है। सासादनमें परिणामिक है। मिश्रमें क्षायोपशमिक है। असंयतमें औपशमिक, वा क्षायिक वा क्षायोपशमिक है॥ देशव्रतीसे अप्रमत्त-तक क्षायोपशमिक है। चार उपशमकके औपशमिक है। चार क्षपकोंके, सयोग-अयोग केवलियोंके क्षायिक भाव है (पृष्ठ २७८–२८० तक देखो)

(५) वेदानुवादेन- स्त्रीपुन्नपुंसकवेदानामवेदानां च सामान्यवत् ॥ (६) कषायानुवादेन-क्रोधमानमायालोभकषायाणामकषायाणां च सामान्यवत् (७) ज्ञानानुवादेन- मत्यज्ञानिश्रुताज्ञानिविभङ्गज्ञानिनां मतिश्रुतावधिमनःपर्ययकेवलज्ञानिनां च सामान्यवत् ॥

---

(५) वेद-अनुवादेन ;। स्त्री-पुम्-नपुंसक-वेदानाम् ;।
च*अवेदानाम् ;।
सामान्यवत्*

=(५) वेदके कथनानुसारसे स्त्री पुरुष नपुंसक वेद वाले (जीव) निके
=और वेदरहित जीव (सूक्ष्मसांपरायसे अयोगकेवली गुणस्थान वर्ती) निके
=संक्षेप (प्रकरणमें कहाहुआ गुणस्थान) सदृश (भाव) है अर्थात् मिथ्यात्वमें औदयिक भावहै। सासादनमें पारिणामिक। मिश्रमें क्षायोपशमिक। असंयतमें औपशमिक वा क्षायिक वा क्षायोपशमिक है। संयतासंयतसे अप्रमत्ततक क्षायोपशमिक भाव है। चार उपशमक के औपशमिक भाव और चार क्षपकके, सयोगकेवलि-अयोगकेवलियोंके क्षायिक भाव है। (२७८से२८०)

(६) कषाय-अनुवादेन ;। क्रोध-मान-माया-लोभ-कषायाणाम् ;। च*अकषायाणाम् ;।
सामान्यवत्*

=(६) कषायकी विवक्षा से क्रोध-मान-कपट (=माया) लोभ कषाय
=वालोंके और (=च) कषायवर्जित (उपशांतकशायसे अयोगकेवली तक) निका
=संक्षेप (प्रकरणमें पहिले कहाहुआ गुणस्थान) सदृशहै (पृष्ठ २७८ से २८०)

[७] ज्ञान-अनुवादेन- ;। मतिअज्ञानि-श्रुतअज्ञानि-विभङ्गज्ञानिनां ;।

=ज्ञानके कथनानुसारकरि कुमतिज्ञान कुश्रुतज्ञान
=कुअवधिज्ञान [ये तीन कुज्ञान मिथ्यात्व, सासादन गुणस्थान वाले और तीन कुज्ञान तीन मति-श्रुत-अवधिज्ञान-मिश्रसम्यग्मिथ्यात्व वाले] निके

च*मति-श्रुत-अवधि-मनःपर्यय-केवलज्ञानिनाम् ;।
सामान्य-वत्*

=और [=च] मति-श्रुत-अवधि [असंयतसे क्षीण कषाय वर्ती]
=मनः पर्यय [प्रमत्त संयमीसे क्षीणकषाय वाले] और केवल ज्ञानि निके
=संक्षेप [प्रकरणमें पूर्वकथित गुणस्थान] सदृश भाव हैं [देखो२८५ पंक्ति ७से१३]

(८) सँयमानुवादेन—सर्वेषां सँयतानां सँयतासँयतानामसँयतानां च सामान्यवत् (९) दर्शनानुवादेन—चक्षुर्दर्शनाचक्षुर्दर्शनावधिदर्शनकेवलदर्शिनां सामान्यवत् ॥

---

[८] संयम-अनुवादेन ।। सर्वेषाम् ।। संयतानाम् ।।
संयतासंयतानाम् ।। च* असंयतानाम् ।।
सामान्यवत्*

= (८) संयमके कथनानुसारकरि सब संयमी (प्रमत्तसे अयोग केवली) निका
= देशसंयमियोंका और असंयमी (मिथ्यात्वसे अविरत गुणस्थान तक) निका
= (भाव) संक्षेप (प्रसंगमें पहिले कहाहुआ गुणस्थान) सदृश है अर्थात् मिथ्यात्व गुणस्थानमें औदयिकभाव है । सासादनमें पारिणामिक भाव है । मिश्रमें क्षायोपशमिक है । असंयतमें औपशमिक वा क्षायिक वा क्षायोपशमिक है । संयतासंयतसे अप्रमत्तनक क्षायोपशमिक, चार उपशमकके औपशमिक, चार क्षपकके, सयोगकेवलि, अयोगकेवलियोंके क्षायिक भाव है ॥

[९] दर्शन-अनुवादेन ।। चक्षुर्दर्शन-अचक्षुर्दर्शन-
अवधिदर्शन-
केवलदर्शिनाम् ।।
सामान्य-वत्*

= (९) दर्शनकी अपेक्षासे चक्षुर्दर्शन और अचक्षुर्दर्शन वालोंके (ये दोनों मिथ्यात्व-प्रथम गुणस्थानसे क्षीणकषाय गुणस्थान तक १२ गुणठाणे हैं)
= अवधिदर्शन (असंयतसे क्षीणकषाय गुणस्थान तक) निके (भाव)
= केवलदर्शनवाले (सयोगकेवली और अयोगकेवली) निके (भाव)
= संक्षेप (प्रकरणमें पहिले कहेहुये गुणस्थान) सदृश हैं अर्थात् शब्दशः वही भाव प्रत्येक गुणस्थानमें घटलो जो इस पृष्ठकी पंक्ति सातसे दशतक दिया है ।

---

(१) सामायिक-छेदोपस्थापना दो संयम प्रमत्त, अप्रमत्त, अपूर्वकरण, अनिवृत्तिकरण गुणस्थानोंमें होते हैं । परिहार विशुद्धि संयम प्रमत्त, अप्रमत्त गुणस्थानोंमें होता है । सूक्ष्मसाम्पराय संयम सूक्ष्म साम्पराय गुणस्थानमें होता है । यथाख्यात संयम उपशांतकषाय, क्षीणकषाय, सयोगकेवली, अयोगकेवली गुणस्थानोंमें होता है । संयमासंयम देशविरत गुणस्थानमें होता है और असंयम मिथ्यात्व, सासादन, मिश्र और असंयत गुणस्थानोंमें होता है ॥

(१०) लेश्यानुवादेन-पद्मलेश्यानामलेश्यानां च सामान्यवत् ॥ (११) भव्यानुवादेन--भव्याना मिथ्यादृष्ट्या-द्ययोगकेवल्यन्तानां सामान्यवत् । अभव्यानां पारिणामिको भावः॥

(१०) लेश्या-अनुवादेन ;। पद्म-लेश्यानाम् ;। च* अलेश्यानाम्;। सामान्य-वत्*

=(१०) लेश्याके कथनानुसारकरि छै (कृष्ण-नील-कपोत-पीत-पद्म-शुक्ल)
=लेश्यावालोंके और लेश्यारहित (अयोगकेवलि)निके (भाव)
=संक्षेप (प्रकरणमें पहिले कहेहुये गुणस्थान) समान हैं अर्थात् छहोलेश्या मिथ्यात्व-सासादन-मिश्र-असंयत गुणस्थानोंमें हैं वहां क्रमसे औदयिक-पारिणामिक-क्षायोपशमिक और औपशमिक-क्षायिक-क्षायोपशमिक भाव हैं। पीत-पद्म-शुक्ल लेश्यायें देशविरतसे अप्रमत्त तक हैं वहां क्षायोपशमिक भाव है। शुक्ललेश्या चार उपशमक में हैं वहां औपशमिक भावहै। शुक्ललेश्या चार क्षपक के और सयोगकेवली-अयोगकेवलीके हैं वहां क्षायिक भाव है ॥

(११)भव्य-अनुवादेन ;। भव्यानाम् ;। मिथ्यादृष्टि-आदि-अयोगकेवलि-अन्तानाम् ;। सामान्यवत*

=(११)भव्य जीवोंकी अपेक्षासे भव्योंके मिथ्यादृष्टिसे
=अयोगकेवलीतकनिका संक्षेप (प्रसंगमें पूर्वोक्त गुणस्थान) सम भावहै अर्थात् मिथ्यात्व गुणस्थानमें औदयिक भाव है। सासादनमें पारिणामिक है। मिश्र-में क्षायोपशमिक है असंयतमें औपशमिक, वा क्षायिक वा क्षायोपशमिक है संयतासंयतसे अप्रमत्ततक क्षायोपशमिक है चार उपशमकके औपशमिक है। चार क्षपक के और सयोगकेवली-अयोगकेवलियों के क्षायिक भाव है।

अभव्यानाम् ;। पारिणामिकः ;। भावः ;।

=अभव्योंके पारिणामिक भाव है (जो भाव जिसमें कर्मकी कुछभी अपेक्षा नहीं है) भावार्थ अभव्यत्व धर्मकी मुख्यतासे पारिणामिक है पर मिथ्यात्वकी मुख्यतासे औदयिकही है ॥

(१२) सम्यक्त्वानुवादेन—क्षायिकसम्यग्दृष्टिषु असँयतसम्यग्दृष्टेः क्षायिको भावः । क्षायिकं सम्यक्त्वम् । असंयतत्वमौदयिकेन भावेन ॥ संयतासंयतप्रमत्ताप्रमत्तसंयतानां क्षायोपशमिको भावः । क्षायिकं सम्यक्त्वं च ॥ चतुर्णामुपशमकानामौपशमिको भावः । क्षायिकं सम्यक्त्वम् ॥ शेषाणां सामान्यवत् ॥ क्षायोपशमिकसम्यग्दृष्टिषु असंयतसम्यग्दृष्टेः

---

[१२] सम्यक्त्व-अनुवादेन ;। क्षायिकसम्यग्दृष्टिषु ;। असंयतसम्यग्दृष्टेः ;। क्षायिकः ;। भावः ;। क्षायिकम् ;॥। सम्यक्त्वम् ;॥। असंयतत्वम् ;॥। औदयिकेन ;। भावेन ;।

=(१२) सम्यग्दर्शन के अनुवादकरि क्षायिक सम्यग्दर्शनवालों में =" असंयत सम्यग्दृष्टी के क्षायिक भाव तौ =क्षायिक सम्यक्त्व है अर असंयतपणां है सो =औदयिक भाव करि है " जयचंदजीकृत वचनिका मुद्रित पृष्ठ ११४)

संयतासंयत-प्रमत्त-अप्रमत्त-संयतानाम् ;। क्षायोपशमिकः ;। भावः ;। च*

=(क्षायिक सम्यग्दर्शन वालों में) देशसंयमी, प्रमत्तसंयमी, अप्रमत्त- =संयमियोंके क्षायोपशमिक भाव हैं और (=च)

क्षायिकम् ;॥। सम्यक्त्वम् ;॥।

=" सम्यक्त्व क्षायिक है (सो क्षायिक भावकरिहै" जयचंदजी व चनिका ११४

चतुर्णाम् ;। उपशमकानाम् ;।

=(क्षायिक सम्यग्दृष्टियोंमें) चार उपशम श्रेणी (अपूर्वकरण-अनिवृत्तिकरण-सूक्ष्मसाम्पराय-उपशांतकषाय) वालोंके

औपशमिकः ;। भावः ;। क्षायिकम् ;॥। सम्यक्त्वम् ;॥। =औपशमिकभाव है । क्षायिक सम्यक्त्व (यहां) है (सो क्षायिक भाव करि है)।

शेषाणाम् ;। =(क्षायिक सम्यग्दृष्टीयोंमें) अवशेष (चार क्षपक श्रेणीवाले-सयोगी-अयोगी)निका

सामान्य-वत्* =संक्षेप (विषयमें पूर्वोक्त गुणस्थान समान भाव) हैं (इन सबके क्षायिक भावहै)

क्षायोपशमिक-सम्यग्दृष्टिषु ;। असंयतसम्यग्दृष्टेः ;। =वेदकसम्यग्दर्शनवालोंमें असंयमी सम्यग्दर्शनवाले (चौथे गुणस्थानवर्ती) के

---

(१) क्षायिक सम्यक्त्व असंयत चौथे गुणस्थानसे अयोगकेवली चौदहवें गुणस्थान तक है । क्षायोपशमिक (वेदक) सम्यक्त्व असंयत चौथे गुणस्थान से अप्रमत्त संयत सातवें तक है । उपशमसम्यक्त्व असंयत चौथे गुणस्थान से उपशांतकषाय ग्यारहवां तक है ॥

(२) क्षायिक सम्यक्त्वी जीव भी उपशम श्रेणी मांड सकता है

क्षायोपशमिको भावः । क्षायोपशमिकं सम्यक्त्वम् । असंयतः पुनरौदयिकेन भावेन ॥ संयतासंयतप्रमत्ताप्रमत्तसंयतानां क्षायोपशमिको भावः । क्षायोपशमिकं सम्यक्त्वम् ॥ औपशमिकसम्यग्दृष्टिषु असंयतसम्यग्दृष्टेरौपशमिको भावः औपशमिकं सम्यक्त्वम् । असंयतः पुनरौदयिकेन भावेन ॥ संयतासंयतप्रमत्ताप्रमत्तसंयतानां क्षायोपशमिको भावः । औपशमिकं सम्यक्त्वम् ॥

क्षायोपशमिकः ;। भावः ;। क्षायोपशमिकम् ;॥। सम्यक्त्वम् ;॥। असंयतः ;। पुनः* औदयिकेन ;। भावेन ;। संयत-असंयत-प्रमत्त-अप्रमत्त-संयतानाम् ;। क्षायोपशमिकः ;। भावः ;। क्षायोपशमिकम् ;॥। सम्यक्त्वम् ;॥। औपशमिक-सम्यग्दृष्टिषु ;। असंयत-सम्यग्दृष्टेः ;। औपशमिकभावः ;। औपशमिकम् ;॥। सम्यक्त्वम् ;॥। पुनः* असंयतः ;। औदयिकेन ;। भावेन ;। संयत-असंयत-प्रमत्त-अप्रमत्त-संयतानाम् ;। क्षायोपशमिकः ;। भावः ;। क्षायोपशमिकम् ;॥। सम्यक्त्वम् ;॥। औपशमिकम् ;॥।

=क्षायोपशमिक भाव है (सो तो) क्षायोपशमिक
=सम्यग्दर्शन है । और (=पुनः) असंयतपना (=असंयतः=असंयतत्वम्) है
=(सो) औदयिक भावकरि है । (वेदक सम्यग्दर्शनवालों में) देशसंयमी,
=प्रमत्त और अप्रमत्त विरतियोंके क्षायोपशमिक
=भाव है सो वेदक सम्यग्दर्शन है ॥
=उपशमसम्यग्दर्शनवालों में
=असंयमी सम्यग्दर्शनवाले कें औपशमिक भाव है
=(सो) उपशम सम्यक्त्व है और असंयमपना है
=(सो) औदयिक भावकरि है ॥ (असंयतः=असंयमपना)
=(उपशमसम्यग्दर्शनवालों में) देशसंयमी, प्रमत्त-अप्रमत्त संयमियों के
क्षायोपशमिकः;। भावः;। सम्यक्त्वम्;॥। औपशमिकम्;॥। =क्षायोपशमिक भाव है । सम्यक्त्व औपशमिक है ॥

---

(१) अत्र औदयिको भावः इत्येकः पाठः । औपशमिको भावः इत्येकः पाठः ॥

अत्र*औदयिकः ;। भावः ;। इति*एकः ;। पाठः ;। =यहां औदयिक भाव है ऐसा एक पाठ है अर्थात् किसी किसी पुस्तक के पाठानुसार देश-संयमी, प्रमत्तसंयमी, और अप्रमत्तसंयमीनिकें औदयिक भाव है।

औपशमिकः ;। भावः ;। इति*एकः ;। पाठः ;। =औपशमिक भाव है ऐसा और (=एक-यशचन्द्र कोश पृष्ठ ५७) पाठ है अर्थात् इस पाठानुकूल औपशमिक भाव है भावार्थ ऐसा है कि भिन्न भिन्न पाठानुकूल संयमासंयमियों के, प्रमत्तसंयमियों के, अप्रमत्तसंयमियों के औदयिक, औपशमिक और क्षायोपशमिक तीनों ही भाव संभव हैं ॥

चतुर्णामुपशमकानामौपशमिको भावः औपशमिकं सम्यक्त्वम् ॥ सासादनसम्यग्दृष्टेः पारिणामिको भावः ॥ सम्यङ्मिथ्यादृष्टेः क्षायोपशमिको भावः ॥ मिथ्यादृष्टेरौदयिको भावः । (१३) संज्ञानुवादेनसंज्ञिनां सामान्यवत् । असंज्ञिनामौदयिको भावः ॥ तदुभयव्यपदेशरहितानां

चतुर्णाम् ६। उपशमकानाम् ६।	=(उपशम सम्यग्दृष्टियोंमें) चार उपशमश्रेणीवाले (अपूर्वकरण-अनिवृत्तिकरण-सूक्ष्मसाम्पराय-उपशांतकषाय) निकें
औपशमिकः १। भावः १। औपशमिकम् १।।। सम्यक्त्वम् १।।।	=औपशमिक भाव है । (सो) उपशम सम्यग्दर्शन है॥
सासादन-सम्यग्दृष्टेः ६। पारिणामिकः १। भावः १।	=सासादन सम्यग्दर्शनवालेके पारिणामिक भाव है ।
सम्यङ्मिथ्यादृष्टेः ६। क्षायोपशमिकः १। भावः १।	=मिश्र (तीसरे गुणस्थान) वर्तीके क्षायोपशमिक भाव है ।
मिथ्यादृष्टेः ६। औदयिकः १। भावः १। [१३] सज्ञा-अनुवादेन संज्ञिनाम् ६। सामान्य-वत्*	=मिथ्यादृष्टि (प्रथम) गुणस्थानवर्तीके औदयिक भाव है (१३) सैनीकी अपेक्षासे =सैनी (=मनसहितजीव) निकें संक्षेप (विषयमें पूर्वोक्त गुणस्थान) सम है अर्थात् मिथ्यादृष्टी संज्ञियोंकें औदयिक भाव है । सासादनसम्यग्दृष्टी संज्ञियोंके पारिणामिक भाव है । मिश्र गुणस्थनवर्तीसंज्ञियोंकें क्षायोपशमिक भाव है । असंयतसम्यग्दृष्टी संज्ञियोंके औपशमिक वा क्षायिक वा क्षायोपशमिक भाव है । संयतासंयतसे अप्रमत्तवर्ती संज्ञियोंकें क्षायोपशमिक भाव है । चार उपशमक संज्ञीयोंकें औपशमिक भाव है । चार क्षपक श्रेणीवाले संज्ञियोंके क्षायिक भाव है ।
असंज्ञिनाम् ६। औदयिकः १। भावः १।	=असंज्ञियोंके (जो मिथ्यात्व प्रथम गुणस्थानमें ही हैं) औदयिक भाव है ।
तद्-उभय-व्यपदेशरहितानाम् ६।	=उन (सैनी-असैनी) दोनों नामोंसे वर्जित (सयोगकेवली-अयोगकेवली) निका

(१) संज्ञीजीव मिथ्यात्व प्रथम गुणस्थानसे क्षीणकषाय बारहवें तक हैं । असंज्ञी मिथ्यात्वमें है । संज्ञी असंज्ञीसे रहित सयोग अयोग केवली हैं ॥

सामान्यवत् ॥ (१४) आहारानुवादेन-आहारकाणामनाहारकाणां च सामान्यवत् ॥ भावः परिसमाप्तः ॥ अल्पबहुत्वमुपवर्ण्यते ॥

सामान्य-वत्*
(१४) आहार-अनुवादेन ;। आहारकाणाम् ;।
च*अन्-आहारकाणाम् ;। सामान्य-वत्*

=संक्षेप (प्रसंगमें पूर्वोक्तगुणस्थान) सम है अर्थात् क्षायिक भाव केवलियोंके हैं
=(१४) आहारकोंकी विवक्षासे आहारक (जीव) निके(जो मिथ्यात्वसे सयोगी तकहैं)
=और अनाहारकोंके (भाव) संक्षेप (प्रसंगमें पूर्वोक्त गुणस्थान) समहै अर्थात् मिथ्यात्व गुणस्थानवर्ती आहारक जीवोंके औदयिक भाव है सासादनसम्यग्दर्शन-वाले आहारक जीवोंके पारिणामिक भाव है । मिश्र गुणस्थान— वाले आहारक जीवोंके क्षायोपशमिक भाव है। असंयत सम्यग्दृष्टि आहारकोंके औपशमिक, वा क्षायिक वा क्षायोपशमिक भावहै। संयतासंयतसे अप्रमत्त-गुणस्थानवर्त्ती आहारकों के क्षायोपशमिक भाव है ॥
चार उपशमश्रेणी वाले आहारकोंके औपशमिक भाव है। चार क्षपक श्रेणी-वाले आहारकोंके क्षायिक भाव है ॥ अनाहारक जीवोंमें जो पहिले दूसरे, चौथे, चौदवें गुणस्थानमें और सयोगकेवलीजो प्रतरसमुद्घात और लोक पूर्णसमुद्घातमें अनाहारक, होते हैं, मिथ्यात्व में औदयिक भाव, सासादन में पारिणामिक, असंयतमें औपशमिक, क्षायिक वा क्षायोपशमिकभाव और सयोगी अयोगी के क्षायिक भाव होते हैं ॥

भावः ;। परि-समाप्तः ;।
=भाव (प्ररूपणा) परिपूर्ण कीगई अर्थात् भावका निरूपण मोह कर्मकी अपेक्षा से उदाहरणरूप समाप्त कियागया

अल्प-बहुत्वम् ;॥। उपवर्ण्यते T
=एक वस्तुको अन्य की अपेक्षासे थोड़े-बहुतके कथनका वर्णन किया जाताहै ।

तत् द्विविधं सामान्येन विशेषेण च ॥ सामान्येन तावत्-त्रय उपशमकाः सर्वतः स्तोकाः स्वगुणस्थान-कालेषु प्रवेशेन तुल्यसंख्याः ॥ उपशान्तकषायास्तावन्त एव ॥

तत् ।॥। द्वि-विधम् ।॥। सामान्येन ।॥। विशेषेण ।। च
सामान्येन ।॥। तावत्* त्रयः ।।
उपशमकाः ।। सर्वतः* स्तोकाः ।। स्व-
गुणस्थान-कालेषु ।। प्रवेशेन ।। तुल्यसंख्याः ।।

=वह (अल्प-बहुत्व प्ररूपणा) दो प्रकार संक्षेपकरि और विस्तारकरि है ।
=प्रथम (=तावत्) संक्षेपकरि तीन (अपूर्वकरण-अनिवृत्तिकरण-सूक्ष्मलोभ)
=उपशमश्रेणीवाले सबसे थोड़े हैं । (वे तीन उपशम श्रेणी वाले) अपने २
=गुणस्थान कालों में प्रवेशकरि समान वा बराबर संख्यावाले होते हैं अर्थात् प्रत्येक उक्त तीन गुणस्थान में कोई आचार्य तीनसौ (३००) कहते हैं । कोई तीन सौ चार (३०४) कहते हैं । कोई दो सौ निन्यानवे (२९९) कहते हैं ॥ (देखो गोम्मटसारगाथा ६२६ तिसयं भणंतिकेई इत्यादि)

उपशान्तकषायाः ।। तावन्तः ।। एव*

=उपशान्तकषाय ग्यारहवां गुणस्थानवर्ती उपशमश्रेणीवाले उतने ही हैं अर्थात् उक्त गाथा के अनुकूल २९९, वा ३०० अथवा ३०४ उत्कृष्ट हैं

(१) अष्टसु समयेषु प्रवेशेन एको वा द्वौ वा त्रयो वा इत्यादि जघन्याः ॥ उत्कृष्टास्तु १६ । २४ । ३० । ३६ । ४२ । ४८ । ५४ । ५४ । स्वगुणस्थान कालेषु प्रवेशेन तुल्यसंख्याः ॥ संख्याकथनावसरे प्रोक्ताः ' तत्र द्रष्टव्यम् ॥ पृष्ठानि ९३, ९४, ९५, अयमनुवादस्य ॥

अष्टसु ।। समयेषु ।। प्रवेशेन ।। एकः ।। वा* द्वौ ।।
वा त्रयः ।। वा इत्यादि* जघन्याः ।॥ उत्कृष्टाः ।॥ तु
१६ । २४ । ३० । ३६ ।
४२ । ४८ । ५४ । ५४ । स्व-गुणस्थान-
कालेषु ।। प्रवेशेन ।।
तुल्यसंख्याः ।।

संख्या-कथन-अवसरे ।। प्रोक्ताः ।।
तत्र* पृष्ठानि ।॥। ९३, ९४, ९५ द्रष्टव्यम् ।॥।

=आठ समय में प्रवेश होकर एक अथवा दो
=अथवा तीन इत्यादि जघन्य (=न्यून से न्यून) संख्या है । और (=तु) उत्कृष्ट (संख्या)
=(प्रथम समय से आठ समय तक यथा संख्य) सोलह-चौबीस-तीस-छत्तीस-
=बयालीस-अड़तालीस-चौवन-चौवन अपने अपने गुणस्थान
=समयों में प्रवेश होनेरि (आठ से ग्यारह गुणस्थान उपशमश्रेणी) के
=समान संख्यावाले (प्रत्येक गुणस्थान में) हैं अर्थात् ३०४ सबके प्रत्येक प्रत्येक उपशम श्रेणी वाले गुणस्थान में उत्कृष्टकरि हैं । (देखो पृष्ठ ९३, ९४)
=संख्या (प्ररूपणा) का कथन (जो पहले कर चुके हैं उस के) प्रसंग में कह चुके हैं
=तहाँ पृष्ठ ९३, ९४, ९५ (इस अनुवादके देखना चाहिये)

त्रयः क्षपकाः संख्येयगुणाः ॥ क्षीणकषायवीतरागच्छद्मस्थास्तावन्त एव ॥ सयोगकेवलिनोऽयोगकेवलिनश्च प्रवेशेन तुल्यसंख्याः ॥

त्रयः ।।
=तीन (अपूर्वकरण-अनिवृत्तिकरण-सूक्ष्मसाम्पराय-)

क्षपकाः ।। संख्येयगुणाः ।।
=क्षपकश्रेणीवाले (उक्त तीन उपशमश्रेणीवालोंसे) संख्याते गुणेहैं अर्थात् प्रत्येक गुणस्थानवर्ती क्षपकश्रेणी प्रत्येक गुणस्थानवर्ती उपशमश्रेणीवालोंसे दूने हैं (गोम्मटसार जीव कांड गाथा ६२६) ॥ प्रत्येक उपशमश्रेणी गुणस्थानमें कई आचार्योंके मतानुसार २९९ हैं केईके ३०० हैं केईके ३०४ हैं अतः प्रत्येक क्षपकश्रेणी गुणस्थानमें कई आचार्योंके मतानुसार ५९८ हुये, केईके ६०० हुये केईके ६०८ मुनिहुये ॥

क्षीणकषाय-वीतरागच्छद्मस्थाः ।। तावन्तः ।।
=क्षीणकषाय वीतरागच्छद्मस्थ बारहवांगुणस्थानवर्ती उतने

एव*
=ही (=एव) हैं अर्थात् ५९८ हैं अथवा ६०० अथवा ६०८ मुनिहैं

सयोगकेवलिनः ।। च अयोग-केवलिनः ।।
=सयोगकेवली और (=च) अयोगकेवली (=चौदहवें गुणस्थानवर्ती)

प्रवेशेन ।। तुल्यसंख्याः ।।
=प्रवेशको (नेकी अपेक्षा) करि समानगणनावाले हैं अर्थात् सयोगकेवली, अयोग-केवली गुणस्थानोंमें जघन्यपनासे जीव प्रवेश करैं तौ एक समयमें एक वा दो वा तीन इत्यादि जीव (पृथक् पृथक् गुणस्थान) में प्रवेश करैं और उत्कर्षकरि एकसौ आठ जीव तक एक समयमें प्रवेश होसक्ते हैं(देखो इसके पृष्ठ९४, ९५)। स्मरण रहै कि यह तुल्य संख्या केवल तेरहवें गुणस्थानमें प्रवेश होनेवाले जीवों की, चौदहवें गुणस्थान में प्रवेश होनेवाले जीवोंके तुल्य प्रवेश होनेकी अपेक्षासे ही तुल्य है । तेरहवें गुणस्थानमें रहने वाले जीवोंकी संख्या चौदहवें गुणस्थान में रहने वाले जीवोंकी संख्याके कदापि तुल्य नहीं है क्योंकि

सयोगकेवलिनः स्वकालेन समुदिताः संख्येयगुणाः । ८९८५०२ ॥ अप्रमत्तसंयताः संख्येयगुणाः । २९६९९१०३ । प्रमत्तसँयताः संख्येयगुणाः । ५९३९८२०६ ॥ सँयतासंयता असंख्येयगुणाः ॥

तेरहवें गुणस्थानमें ८९८५०२ जीव उत्कृष्टकरि होसकते हैं और चौदहवें गुणस्थानमें उत्कृष्टकरि ५९८ अथवा ६०० वा ६०८ जीव हो सकते हैं ॥
देखो अवश्य इस अनुवादके पृष्ठ ३०८ की टिप्पणी संख्या (२)

सयोगकेवलिनः ;। स्वकालेन ;। समुदिताः ;। संख्येयगुणाः ;। ८९८५०२

=सयोगकेवली अपनेकालकरि समुदाय अथवा इकट्ठे हों
=(तब अयोगकेवलियोंसे) संख्यातगुणे हैं । (सयोगकेवली) ८९८५०२ हैं

अयोगकेवली ५९८ अथवा ६०० वा ६०८ तक भिन्न २ आचार्योंके मतानुसार उत्कृष्टकरि होसकते हैं (इसके पृष्ठ ३०८ की टिप्पणी (२) देखो)

अप्रमत्तसंयताः ;। संख्येयगुणाः ;। २९६९९१०३ प्रमत्त संयताः ;। संख्येयगुणाः ;। ५९३९८२०६ संयतासंयताः असंख्येयगुणाः ;।

=अप्रमत्तसंयमी (सातवें गुणस्थानवर्ती-इन सयोगकेवलियोंसे)
=संख्यातगुणे हैं । दो करोड़ छियानवैलाख निन्यानवै सहस्र एकसौ तीन हैं
=प्रमत्त संयमी (छठवांगुणस्थानवर्ती-इन अप्रमत्त संयमियोंसे)
=संख्यातगुणे हैं । "पांच करोड़ तिरानवै लाख हज़ार अठानवै दोसौ छ जानो"
=संयमासंयमी (प्रमत्तसंयमियोंसे) असंख्यातगुणे हैं " तेरह करोड़ मनुष्य हैं ॥ और पल्यके असंख्यातवें भाग तिर्यंच हैं ।

---

(१) संयतासंयताः संख्येयगुणाः । संयतासंयतानां नास्त्यल्पबहुत्वम् । एक गुणस्थानवर्तित्वात् । संयतासंयतानामिवगुणस्थानभेदात् ।३०००००० ॥

संयतासंयताः ;। संख्येयगुणाः ;। एकगुणस्थानवर्तित्वात् ;॥। संयतासंयतानाम् ;। अल्प-बहुत्वम् ;॥।

न • अस्ति T

=देशसंयमी वा संयमासंयमी संख्यात गुणे हैं । एक गुणस्थान
=वर्ती होने (के हेतु) से संयमासंयमियों के अल्प बहुत्व (का मिलान वा उपमा)
=नहीं (हो सकी) है क्योंकि जब एक प्रकार की वस्तुये दो स्थानों में विद्यमान हैं

सासादनसम्यग्दृष्टयोऽसंख्येयगुणाः ॥ सम्यग्मिथ्यादृष्टयः संख्येयगुणाः । असँयतसम्यग्दृष्टयोऽसंख्येयगुणाः ॥

सासादनसम्यग्दृष्टयः ;। असंख्येयगुणाः ;।	=सासादनसम्यग्दृष्टि (देशसंयमियोंसे) असंख्यात गुणेहैं ।
सम्यग्मिथ्यादृष्टयः ;। संख्येयगुणाः ;।	=मिश्रगुणस्थानवर्त्ती (सासादन सम्यग्दृष्टियोंसे) संख्यात गुणेहैं ।
असंयत - सम्यग्दृष्टयः ;। असंख्येयगुणाः ;।	=अविरतसम्यग्दृष्टी (सम्यग्मिथ्यादृष्टियोंसे) असंख्यात गुणे हैं ।

तब कहते हैं कि अमुक प्रकारकी वस्तुयें अमुक जात की वस्तुओंसे थोड़ी वा घनी हैं। संयमासंयमी एक ही गुणस्थानमें होते हैं। इससे अल्प बहुत्व नहीं है ॥ असंयमियोंमें अल्प बहुत्व है क्योंकि वे मिथ्यात्व सासादन-मिश्र और असंयत गुणस्थानोंमें हैं सोसेही संयमियोंमें अल्प बहुत्व है क्योंकि वे छठेसे १४ गुणस्थान तक हैं

संयतासंयतानाम् ;। गुणस्थान-भेदात् ;। इव॰ =संयमासंयमीकी (गणना) गुणस्थानभेदसे बराबर (=इव)
१३०००००० । इति॰श्रुतसागरः ;। =तेरह करोड़के हैं । ऐसे (श्री) श्रुतसागरसरि (श्रुतसागरीटीकामें) कहते हैं
(१) सासादनसम्यग्दृष्टयः ;। संख्येयगुणाः ;। =सासादनसम्यग्दर्शनवाले (देशसंयमियोंसे) संख्यातगुणे हैं (अर्थात्)
५२०००००० ॥ (२) सम्यग्मिथ्यादृष्टयः ;। =बावनकरोड़ हैं ॥ मिश्रतीसरेगुणस्थानवर्ती (सासादनसम्यग्दृष्टियोंसे)
संख्येयगुणाः ;। १०५०००००० =संख्यातगुणे हैं (अर्थात्) एकसौपांचकरोड़ है ॥ चार
(३) असंयतसम्यग्दृष्टयः ;। संख्येयगुणाः ;। = अविरतसम्यग्दृष्टि (सम्यग्मिथ्यादृष्टि तीसरे गुणस्थानवालों से) संख्यातगुणे वे
७००००००००० । इति॰श्रुतसागरः ;। =सातअरब हैं ॥ ऐसे श्रुतसागरसरि (का वचन श्रुतसागरीटीकामें है)

टिप्पणी १ पृष्ठ २९४ और टिप्पणी १,२ पृष्ठ २९५में श्रुतसागर सरिने चार गुणस्थानोंमें जो गणना लिखी है वह केवल मनुष्योंकी समझना क्योंकि गोम्मटसार जीवकांड गाथा ६२३ (टोडरमल ६२४) में मिथ्यात्व गुणस्थानसे संयतासंयतकी सर्व संख्या ऐसे लिखी है कि

न* अपेक्षा-मात्रत्वात् ;॥॥

= (मनः पर्यय ज्ञानके) मतिज्ञानका संयोग वा मेल होता है ऐसे संदेहपर (= चेत्)
=(उत्तर है कि) नहीं क्योंकि (मनः पर्यय ज्ञानमें मन) अपेक्षामात्र है कार्य कारण भाव नहीं है अर्थात् मनः पर्यय ज्ञानकी उत्पत्ति का कारण मन नहीं है जैसाकि मतिज्ञान के उत्पन्न होने का कारण मन है ।

क्षयोपशम-शक्ति-मात्र–
विजृम्भितम् ;॥॥ । तत् ;॥॥ केवलम् ;॥॥

=(मनः पर्यय ज्ञानावरणीय कर्मके) क्षयोपशमकी शक्ति मात्रसे
=विकसित वा प्रकाशित (=विजृम्भितम्) हुआ है ॥ वह (मनः पर्यय ज्ञान) केवल

पश्यन्ति T उपरि* स्तोकम् ;। अल्पन्ति T
निजविमान-ध्वज-दण्ड-पर्यन्तम् ;॥॥ इति* अर्थः ;।
अवच्छिन्न-विषयत्वात् ;॥॥ अवधिः ;। कः ;। अर्थः ;।
रूपित-लक्षण विषयत्वात् ;॥॥ अवधिः ;।

= देखते हैं । ऊपर अल्प वा थोड़ा देखते हैं ।
= अपना विमान ध्वजा दंड पर्यंत (देखते हैं) ऐसा अभिप्राय है ।
= अवच्छिन्न विषयत्व सहित अवधि ज्ञान है (इस वाक्यका) क्या अर्थ है ।
= रूपी लक्षणवाला (पदार्थ) है विषय जिसका सो अवधि ज्ञान है ॥

(१) विजृम्भित, (त्रि०) वि+जृभि+क्त । विकसित । खिला हुआ । भावेक्त ॥ प्रकाश । चमक । पद्मचन्द्र कोश पृष्ठ ३५१ देखो ॥

स्वपरमनोभिर्व्यपदिश्यते । यथा अभ्रे चन्द्रमसं पश्येति ॥ बाह्येनाभ्यन्तरेण च तपसा यदर्थमर्थिनो मार्गं केवन्ते सेवन्ते तत्केवलम् । असहायमिति वा ॥

स्व-पर-मनोभिः ;॥॥ व्यपदिश्यते T =अपने और परके मनों (की अपेक्षा) करि निर्देश किया गया है । अर्थात इसकी मनःपर्यायज्ञान संज्ञा इस हेतुसे रक्खी है कि इसमें अपने और परके मनकी अपेक्षा मात्र है नकि मतिज्ञानकी भांति इसमें (इन्द्रिय और) मनके द्वारा रूपीपदार्थका ज्ञान होता है ॥

यथा* अभ्रे ;। चन्द्रमसम् ;। पश्यति T इति* =जैसे बादलमें चंद्रमाको देख अर्थात् जैसे इस वाक्यमें बादल शब्द केवल अपेक्षामात्र लाये हैं चंद्रमा बादलसे उत्पन्न नहीं हुआ है तैसे मनः पर्यय वाक्यमें मन शुब्द अपेक्षामात्र है मनः पर्ययज्ञान मनद्वारा उत्पन्न नहीं हुआ है ॥

बाह्येन ;॥॥ अभ्यन्तरेण ;॥॥ च* तपसा ;॥॥ यद्-अर्थम् ;। =बाह्य और (=च) अंतरंग तपकरि जिस वस्तुको (=यद् अर्थम्)

मार्गम् ;। अर्थिनः ;। केवन्ते T सेवन्ते T =जिस पथको तपस्वी उपासना करते हैं (केवन्ते=सेवन्ते) सेवन करते हैं

तत् ;॥॥ केवलम् ;॥ वा* असहायम् ;॥ इति* =सो (तत्) केवल (ज्ञान) है अथवा (यह केवल ज्ञान) असहाय ऐसा है बाह्य किसीका सहाय नहीं चाहता है अर्थात् जैसे मतिज्ञान और श्रुतज्ञान इन्द्रियों और प्रकाशादिककी सहायतासे पदार्थको जानते हैं वैसे यह ज्ञान नहीं है तथा अवधि ज्ञान और मनः पर्यय ज्ञान अपनी अपनी उत्पत्तिमें यथासंख्य अवधिज्ञानावरण और मनः पर्यय ज्ञानावरण कर्मकी अपेक्षा रखते हैं वैसे भी केवल ज्ञान नहीं है यह ज्ञान एकमात्र आत्मासे ही प्रवर्तता है इसीसे इसको केवल (ज्ञान) कहते हैं ॥

व्यपदिश्यते—यह शब्द दिश् तुदादि छठेगणके उभय परस्मैपद और आत्मनेपद सकर्मक अनिट् धातुसे वि और अप उपसर्गोंके जोड़नेसे वि+अप+दिश् रूप बना यत् कर्मणि प्रत्यय जोड़कर और ते अन्यपुरुष, एकवचन, वर्तमानकाल, आत्मनेपदी प्रत्ययको जोड़नेसे व्यपदिश्यते बनालिया ॥ केवृ धातु जिसका अर्थ सेवा करना है "केवल" शब्द निकला है ॥

तदन्ते प्राप्यते इति अन्ते क्रियते । तस्य प्रत्यासन्नत्वात्तत्समीपे मनः पर्ययग्रहणम् । कुतः प्रत्यासत्तिः ? । संयमैकाधिकरणत्वात् । तस्य अवधिर्विप्रकृष्टः । कुतः ! विप्रकृष्टतरत्वात् ॥

तत् १।।। अन्ते ७।। प्राप्यते T इति* अन्ते ७।। क्रियते T	=वो (केवलज्ञान) अन्तमें प्राप्त किया जाता है सो इस (सूत्रके) अन्तमें लाया गया है
तस्य ६।।। प्रत्यासन्नत्वात् ५।।। तत्-समीपे ७	=तिस (केवलज्ञान) के निकट उत्पन्न होनेसे उस (केवलज्ञान) के पास में
मनः पर्यय-ग्रहणम् १।।। कुतः*	=मनः पर्यय (ज्ञान) का ग्रहण है । (प्रश्न) कहांसे (=कुतः) वा क्योंकर (कुतः)
प्रत्यासत्तिः १।। एक -	=(मनः पर्यय ज्ञान केवल ज्ञानके) अति निकट है । केवल (=एक)
संयम-अधिकरणत्वात् ५।।।	=संयमके आश्रयपना से (मनः पर्ययज्ञान केवल ज्ञानके अति निकट) है अर्थात् मनः पर्ययज्ञान और केवलज्ञान ये दोनों संयमी मुनिके होते हैं अतः मनः पर्ययज्ञानको संयमकी अपेक्षा से केवल ज्ञानकी निकटता प्राप्त है
तस्य ६।।। अवधिः १।। विप्रकृष्टः १।।	=तिस (केवलज्ञान) के अवधिज्ञान दूर है (अतः इसको मनः पर्ययज्ञानके समीप कहा)
कुतः *	=(प्रश्न केवलज्ञान से अवधिज्ञान) क्योंकर (=कुतः) (दूर है – उत्तर)
विप्रकृष्टतरत्वात् ५।।।	=क्योंकि (केवलज्ञानकी अपेक्षासे) दूरवर्ती (तीनज्ञानों)मेंसे (यह अवधिज्ञान) एक है

(१) केवलज्ञानापेक्षया विप्रकृष्टेषु मतिश्रुतावधिष्वन्यतमत्वात् ॥

केवलज्ञान-अपेक्षया ३।। विप्रकृष्टेषु ७।। मति-श्रुत-	=क्योंकि केवलज्ञानकी अपेक्षा से दूरवर्ती मतिज्ञान श्रुतज्ञान
अवधिषु ७।। अन्यतमत्वात् ५।।।	=अवधिज्ञानों में से (यह अवधिज्ञान एक है)

(२) 'तस्य' = 'केवलज्ञानस्य' के लिये आया है क्योंकि यदि मनः पर्ययज्ञानके लिये आता तौ वृत्तिकर्ता प्रत्यासत्ति वा इसी अर्थ का कोई शब्द देते

(३) "समीपे" त्रिलिंगी शब्द है यहां पर इसको सप्तमी एक वचन पुल्लिंग में वा सप्तमी एकवचन नपुंसक लिंग में मान सकते हैं ॥

प्रत्यक्षात्परोक्षं पूर्वमुक्तं सुगमत्वात् । श्रुतपरिचितानुभूता हि मतिश्रुतपद्धतिः सर्वेण प्राणिगणेन प्रायः प्राप्यते यतः ॥ एवमेतत्पञ्चविधं ज्ञानम् ॥ तद्भेदादयश्च पुरस्ताद्वक्ष्यन्ते ॥ प्रमाणनयैरधिगम इत्युक्तम् । प्रमाणं च केषाञ्चित् ज्ञानमभितम् । केषाञ्चित् सन्निकर्षः ।

प्रत्यक्षात् ;॥। परोक्षम् ;॥।	=प्रत्यक्ष (अवधि-मनःपर्यय-केवलज्ञानों)से परोक्ष (मति-श्रुतज्ञान)
सुगमत्वात् ;॥। पूर्वम् ;॥। उक्तम् ;॥।	=स्पष्ट वा सुगमहोने (के हेतु) से (इस नवमें सूत्रमें) प्रथम कहेगये हैं
यतः श्रुत-परिचिता-अनुभूता ;॥ हि*	=क्योंकि (=यतः) श्रुतकरि जानागया (=परिचिता) और अनुभवकियागया ही।
मति-श्रुतपद्धतिः ;॥ सर्वेण ;। प्राणि-गणेन ;। प्रायस्* प्राप्यते T	=मतिज्ञान और श्रुतज्ञानका मार्ग (=पद्धति) सबजीवोंके समूहद्वारा बहुधा =प्राप्त किया जाता है। भावार्थ मति-श्रुतज्ञान परिचय किये जाते हैं, अनुभवमें आते हैं इसकी पद्धति सुनी जाती है समस्त प्राणियोंके बाहुल्यपनेकरि वा बहुतायतकरि पायेजाते हैं और (मतिज्ञान-श्रुतज्ञान) सुगम है अतः ये दोनों परोक्षज्ञान तीन प्रत्यक्ष ज्ञानोंसे पहिले कहे हैं।
एवम् एतत् ;॥। पञ्च-विधम् ;॥। ज्ञानम् ;॥। च तद्-भेद आदयः ;। पुरस्तात्*वक्ष्यन्ते T	=इस प्रकार यह पांच भांति ज्ञान है। और उस (=तद्-ज्ञान) के =भेद आदिक आगे कहे जायंगे ॥
प्रमाण-नयैः ;।	=(सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्र और जीव-अजीवादि सात तत्वों का) प्रमाण-नयोंसे
अधिगमः ;। इति*उक्तम् ;॥।	=ज्ञान होताहै ऐसा (सूत्र ६ में) कहागया है
प्रमाणम् ;॥। च*केषाञ्चित्*ज्ञानम् ;॥। अभिमतम् ;॥।	=और(=च) कितैककरि प्रमाण ज्ञान माना गया है (अभिमतम्)
केषाञ्चित्*सन्निकर्षः ;।	=कितेकके (प्रमाण) सन्निकर्ष (मानागया है) अर्थात् कितेक मताचार्य विषय और इन्द्रियका सम्बन्ध वा व्यापार को प्रमाण मानते हैं

(१) श्रुतपरिचितानुभूता =श्रुतेन परिचिता सा चानुभूता च = श्रुतेन परिचिता सा च अनुभूता च

श्रुतेन ;॥। परिचिता ;॥। सा ;॥। च*अनुभूता ;॥। च*	=जो श्रुतकरि जानाजाता है,और अनुभव कियाजाता है सो श्रुतपरिचितानुभूत है
(२) सौगतानाम्	=सुगत बुद्धदेवके मानने वालोंके (३) यौगानाम् = योगमतवालोंके

केषांञ्चिदिन्द्रियमिति । अतेऽधिकृतानामेव मत्यादीनां प्रमाणत्वख्यापनार्थमाह-

॥ तत्प्रमाणे ॥१०॥

तद्वचनं किमर्थं ? प्रमाणान्तरपरिकल्पनानिवृत्त्यर्थम् । सन्निकर्षः प्रमाणमिन्द्रियं प्रमाणमिति केचित्कल्पयन्ति

केषांञ्चित्* इन्द्रियम् ;॥ इति*

=केतेकके इन्द्रिय ऐसे (प्रमाण माना गया) हैं—इस सबका भावार्थ है कि सुगत (बुद्धदेव) के माननेवाले ज्ञानको प्रमाण मानते हैं और योग मत वाले इन्द्रिय और पदार्थका जोड़रूप संनिकर्षको प्रमाण मानते हैं और सांख्य मत वाले इन्द्रियोंको प्रमाण मानते हैं । इत्यादि ज्ञानके संबन्धमें भिन्न भिन्न मतावलम्बियोंकी भिन्न भिन्न अनेक कल्पनायें हैं

अतः* अधिकृतानाम् ;।

=इस हेतुसे (=अतः) अधिकार कियेगये वा प्रकरणमें लायेगये

मति-आदीनाम् ;। एव*

=मति-श्रुत-अवधि-मनः पर्यय-केवलज्ञानोंके ही (=एव)

प्रमाणत्व-ख्यापन-अर्थम् ;॥ आह T

=प्रमाणताकीप्रसिद्धिके लिये कहते हैं कि

॥ तत्प्रमाणे ॥१०॥

तत्-

=वे (मतिज्ञान श्रुतज्ञान-अवधिज्ञान-मनः पर्ययज्ञान और केवलज्ञान)

प्रमाणे ;॥

=दो (परोक्ष और प्रत्यक्ष) प्रमाण हैं । उन ज्ञानोंको ही प्रमाण संज्ञा है । अर्थात् उपर्युक्त पांच ज्ञान ही दो प्रत्यक्ष और परोक्ष प्रमाण हैं । अन्य प्रकार नहीं है ॥

पदच्छेद और विभक्त्यर्थसहित इस सूत्रपर सर्वार्थसिद्धि वृत्तिका शब्दशः हिंदी अनुवाद ॥

तद्-वचनम् ;॥ किमर्थम् ;॥

=तद् पद (इस दशमें सूत्रमें) किस लिये है ? ॥

प्रमाणान्तर-परिकल्पना-निवृत्ति-अर्थम् ;॥

=(इस सूत्रमें तद् पद) दूसरे दूसरे प्रमाणोंकी अनेक कल्पनाओंके निषेध करनेके लिये है

सन्निकर्षः ;। प्रमाणम् ;॥ इन्द्रियम् ;॥ प्रमाणम् ;॥ इति* केचित्* कल्पयन्ति T

=सन्निकर्ष प्रमाण (अर्थात् इन्द्रिय और पदार्थोंका संबन्ध) और इन्द्रिय प्रमाण =ऐसे कितेक (मतधारी) कल्पना करते हैं

(१) दोनों श्वेताम्बर और दिगम्बर आम्नायोंमें इस सूत्रका पाठ और अर्थ एकसा है॥ (२) सांख्यानाम् = सांख्यमतवालोंके ॥

तान्निवृत्त्यर्थं तदित्युच्यते। तदेव मत्यादि प्रमाणं नान्यदिति ॥ अथ सन्निकर्षप्रमाणे सति इन्द्रिये वा को दोषः? यदि सन्निकर्षः प्रमाणं, सूक्ष्मव्यवहितविप्रकृष्टानामर्थानामग्रहणप्रसंगः। नहि ते इन्द्रियैः सन्निकृष्यन्ते। अतःसर्वज्ञत्वाभावः स्यात ॥ इन्द्रियमपि यदि प्रमाणं, स एव दोषः। अल्पविषयत्वात् चक्षुरादीनां। ज्ञेयस्य चापरिमाणत्वात्। सर्वेन्द्रियसन्निकर्षाभावश्च चक्षुर्मनसोः प्राप्यकारित्वाभावात्।

तद्-निवृत्ति-अर्थम् ;॥॥ तद्-इति* =उन (सन्निकर्ष प्रमाण और इन्द्रिय प्रमाणादि) के निषेध के लिये तद् ऐसा शब्द
उच्यते ; तद् ;॥॥ एव मति-आदि ;॥॥ प्रमाणम् ;॥॥ =कहागया है। वोही (=एव) मतिज्ञान आदिक ज्ञान प्रमाण है।
न*अन्यत्*इति अथ*सन्निकर्ष-प्रमाणे ;॥॥ सति ;॥॥ =इसरा कोई प्रमाण नहीं है। अथ (=अथ) सन्निकर्ष के प्रमाण होने पर
वा*इन्द्रिये ;॥॥ कः ;। दोषः ;।? यदि*सन्निकर्षे ;। =अथवा इन्द्रिय (प्रमाण) मानने में क्या दूषण है? जो (=यदि) सन्निकर्ष
प्रमाणम् ;॥॥ सूक्ष्म- =प्रमाण हो तो सूक्ष्मपदार्थ (परमाणु आदिक) निका
व्यवहित- =अन्तरित वा पहिले (=व्यवहित) पदार्थ (राम-रावणादिकों का)
विप्रकृष्टानाम् ;। अर्थानाम् ;। =दूरवर्ती पदार्थ (मेरु-पर्वतादिक) निके (सन्निकर्षको प्रमाण माननेमें)
अग्रहण-प्रसङ्गः ;। =ग्रहण का अवसर नहीं आता है। क्योंकि
ते ;। इन्द्रियैः ;॥॥ न*हि* =वे (सूक्ष्म पदार्थ-अन्तरितपदार्थ-दूरवर्ती पदार्थ) इन्द्रियों द्वारा नहीं
सन्निकृष्यन्ते T अतः सर्वज्ञत्व-अभावः ;। स्यात T =सन्निकर्ष वा स्पर्श किये जासकते हैं ॥ इसलिये सर्वज्ञपना का अभाव होगा
(क्योंकि सन्निकर्ष जब प्रमाण होगा, वही प्रमाण सर्वज्ञके मानना पड़ेगा, सन्निकर्ष सूक्ष्म
अन्तरित-दूरीवर्ती पदार्थों को जानता नहीं अतः सर्वज्ञभी न जान सकेगा अतः असर्वज्ञत्व हुआ)
इन्द्रियम् ;॥॥ अपि* प्रमाणम् ;॥॥ =इन्द्रिय प्रमाण होनो भी (वही असर्वज्ञताका दूषण आता है)
चक्षुष्-आदीनां ;। अल्प-विषयत्वात् ;॥॥ च ज्ञेयस्य ;॥॥ =क्योंकि नेत्र आदिका थोड़ा विषय होने (के हेतु)से व-ज्ञानके ग्रहण करने योग्य पदार्थोंका
अपरिमाणत्वात् ;॥॥ सः ;। एव*दोषः ;। =अपरिमित होनेसे (वा अनन्त होनेसे) वो (=स) एव (=ही) दोष (असर्वज्ञत्वका)
आता है (असर्वज्ञताका दोष होनेके अतिरिक्त यह बात भी कि)
चक्षुष्-मनसोः ;॥॥ प्राप्यकारित्व-अभावात् ;। =नेत्र मनके पदार्थोंको प्राप्त होनेके अभावसे(=वस्तुओंके साथ भिड़न न होनेपरभी ग्रहण)
सर्व-इन्द्रिय-सन्निकर्ष-अभावः ;। च* =समस्त (ही) इन्द्रियों के पदार्थसे स्पर्शन वा सन्निकर्ष भी (=च) नहीं है।

अप्राप्यकारित्वं च उत्तरत्र वक्ष्यते ॥ यदि ज्ञानं प्रमाणं, फलाभावः । अधिगमो हि फलमिष्टं न भावान्तरम् । स चेत्प्रमाणं, न तस्यान्यत्फले भवितुमर्हति । फलवता च प्रमाणेन भवितव्यम् ॥

सारांशः—इन्द्रियको प्रमाण माने तो (१) इंद्रियोंका विषय अल्प और परिमित है । ज्ञेय पदार्थ अनंत और अपरिमित हैं अतः असर्वज्ञता दोष आता है (२) सन्निकर्षको प्रमाण मानें तो अंतरित-सूक्ष्म-दूरवर्ती पदार्थोंका इन्द्रियद्वारा सन्निकर्ष न होनेसे असर्वज्ञता दोष आता है (३) नेत्र और मन (पदार्थके साथ) भिड़न न होने से नेत्र और मनके साथ सन्निकर्ष नहीं बनता ॥

अप्राप्यकारित्वं ¦॥। च*	=और(नेत्र तथा मनको) अप्राप्यकारित्व (वस्तुओंके साथ भिड़न न होनेमें भी ग्रहण)
उत्तरत्र* वक्ष्यते T	=आगे (उन्नीसवां सूत्र " न चक्षुरनिन्द्रियाभ्याम्" में) कहा जायगा
यदि* ज्ञानं ¦॥। प्रमाणं ¦॥। फल-अभावः ¦। हि*	=(प्रश्न) जो ज्ञान प्रमाण होगा तो फलका अस्तित्व नहीं होगा क्योंकि =हि)
अधिगमः ¦। फलम् ¦॥ इष्टं ¦॥ न*	=ज्ञान या अधिगम ही प्रमाणका फल है नकि
भावान्तरम् ¦॥। सः ¦। चेत्* प्रमाणं ¦॥।	=अन्यवस्तु भावान्तर (वांछित फल) है यदि (=चेत्) अधिगम (=सः) प्रमाण हो तो
तस्य ¦। अन्यत्* फलम् ¦॥। भवितुम्-न अर्हति T	=तिस (अधिगम) का दूसरा फल होनेको (=भवितुम्) समर्थ नहीं है
फलवता ¦॥। च* प्रमाणेन ¦॥। भवितव्यम् ¦॥।	=(अधिगमका अन्यफल नहीं हो सक्ता है) और प्रमाण फलसहित होना चाहिये

(१) न चक्षुर निन्द्रियाभ्यामिति सूत्र व्याख्यानावसरे ॥ =(व्यञ्जनस्य-अवग्रहः) न चक्षुस्-अनिन्द्रियाभ्याम् इति सूत्र-व्याख्यान-अवसरे

(व्यञ्जनस्य ¦॥। अवग्रहः ¦।) चक्षुस्—	=(अप्रगटरूप शब्दादिक पदार्थोंका अवग्रहरूप ज्ञान) नेत्र और
अनिन्द्रियाभ्याम् ¦॥। न*	=मनसे नहीं होता है । इसलिये उनका ईहा आवाय धारणारूप ज्ञान भी नहीं हो सक्ता है क्योंकि जिस पदार्थका अवग्रह नहीं होता है उसके ईहादि भी नहीं होते हैं

अन्य (चार स्पर्शन-रसन-घ्राण-श्रोत्र) इन्द्रियोंसे व्यंजन (अप्रगटरूप वस्तुओं) का केवल मात्र अवग्रहरूप ज्ञान ही होता है । ईहा आवाय-धारणनहीं होता है ।

इति* सूत्र-व्याख्यान-अवसरे ¦।	=इस प्रकार (उपर्युक्त) सूत्रके अवसर पर " अप्राप्यकारित्वे " कहा है ॥

सन्निकर्षे इन्द्रिये वा प्रमाणे सति, अधिगमः फलमर्थान्तरभूतं युज्यते इति तदयुक्तम् ॥ यदि सन्निकर्षः प्रमाणं, अर्थाधिगमः फलं, तस्य द्विष्ठत्वात्तत्फलेनाधिगमेनापि द्विष्ठेन भवितव्यमिति अर्थादीनामप्यधिगमः प्राप्नोति ।

भावार्थ यदि ज्ञानको प्रमाण मानोगे तो उस प्रमाणका कुछ फल नहीं होगा क्योंकि यदि अधिगम फल कहोगे तो ज्ञान-प्रमाण-अधिगम सब एकार्थवाची होनेसे कुछ फल वा लाभ नहीं है और प्रमाणका फल अवश्य होना ही चाहिये

सन्निकर्षे ;। इन्द्रिये ;॥। वा प्रमाणे ;॥। सति ;॥। अधिगमः ;। =सन्निकर्ष वा इन्द्रिय के प्रमाण होते संते अर्थका ज्ञान-वस्तु का ज्ञान
फलम् ;॥। अर्थान्तर- =(=अधिगम) (उस प्रमाण का फल है। जो (फल) पदार्थ वा द्रव्यसे भिन्नरूप (=अर्थान्तर)
भूतम् ;॥। युज्यते T इति तद् ;॥। अयुक्तम् ;॥ =हुआ (=भूतम्) ऐसा युक्त-उचित वा ठीक है। वो युक्त नहीं है ॥
यदि* सन्निकर्षः ;। प्रमाणम् ;॥। अर्थ-अधिगमः ;। =क्योंकि जो सन्निकर्ष प्रमाण हो (और) पदार्थ का ज्ञान (=अधिगम)-
फलम् ;॥। तस्य ;। =(उस सन्निकर्ष का वा ऐसे प्रमाण का) फल हो तो उस (सन्निकर्ष) के
द्विष्ठत्वात् ;॥। =द्विष्ठपना से अर्थात् इन्द्रिय और स्पर्श हुये पदार्थ दोनों में तिष्ठने से
तत्-फलेन ;॥। अधिगमेन ;। अपि* =उस (सन्निकर्ष) का फल पदार्थ का ज्ञान भी
द्विष्ठेन ;। भवितव्यम् ;॥। =प्रमाता और प्रमेय (पदार्थ) दोनों को होना चाहिये (अर्थात् सन्निकर्ष द्विष्ठ होने के कारण प्रमेय को भी पदार्थ का ज्ञान होना चाहिये)
इति* अर्थादीनाम् ;। अपि* अधिगमः ;। =ऐसे पदार्थ आदिकों को भी (जो अचेतन हैं) अधिगम वा वस्तु का ज्ञान
प्राप्नोति T =प्राप्त होता है। भावार्थ यह है कि सन्निकर्ष से पदार्थ का ज्ञान होता है और सन्निकर्ष इन्द्रिय और पदार्थ के जोड़ रूप है। तब उक्तपदार्थ का ज्ञान इस इन्द्रिय और पदार्थके जोड़रूपसे हुआ, इस प्रकार सन्निकर्ष वाले पदार्थ को भी अन्य पदार्थ का ज्ञान होना, यह दोषरूप है ॥ क्योंकि जड़ रूप पदार्थ को दूसरे पदार्थ का ज्ञान मानना दोषरूप है अतः सन्निकर्ष प्रमाण नहीं हो सक्ता।

आत्मनश्चेतनत्वात्तत्रैव समवाय इति चेन्न । ज्ञस्वभावाभावे सर्वेषामचेतनत्वात् । ज्ञस्वभावाभ्युपगमे वा आत्मनः । स्वमतविरोधः स्यात् ॥

(ऊपर यह सिद्धकिया है कि सन्निकर्षको प्रमाण माननेमें अन्य अचेतन पदार्थ के भी अर्थ का ज्ञान आता है इसके प्रत्युत्तरमें अन्यवादी कहता है कि)

आत्मनः १। चेतनत्वात् १। तत्र* एव* समवायः १।
=आत्माको चेतन होनेसे वहां (आत्मामें) ही ज्ञानका) नित्यसम्बन्ध (=समवाय) है (अन्य जड़ पदार्थ के वस्तुका ज्ञान नहीं होता है)

इति* चेत्१ त.
=ऐसी युक्ति देने पर (=चेत्) (उत्तरमें कहते हैं कि यह तुम्हारी युक्ति ठीक) नहीं

ज्ञ-स्वभाव-अभावे ७। सर्वेषाम् ६।
=क्योंकि (आत्माके) ज्ञानस्वरूपताका अभाव होनेमें सब (आत्मा और अन्य पदार्थों) को

अचेतनत्वात् १॥ वा* आत्मनः १। ज्ञस्वभाव-
=जड़ता (समानरूपसे आजाती) है । और (=वा) आत्माके ज्ञानस्वरूपत्व

अभ्युपगमे ७। स्व-
=मानने पर आप के (अर्थात् नैयायिकोंके)

मतविरोधः १। स्यात् T
=सिद्धान्तका (कि गुण गुणीसे भिन्न है) विरोध हो जावेगा ॥

(१) नैयायिक लोग कहते हैं कि आत्मा चेतन होनेसे उसमें ज्ञानका नित्य संबंध वा समवाय रहता है इसलिये आत्माके अतिरिक्त जड़ पदार्थके ज्ञानका प्रसंग नहीं आसक्ता परंतु यह कथन उनका ठीक नहीं है क्योंकि उनके सिद्धान्त (मत)में किसी पदार्थको स्वयं ज्ञानरूपता नहीं मानी है ऐसी अवस्थामें सर्व पदार्थ अचेतन ही ठहरते हैं तब आत्मामेंही ज्ञानका समवाय किस प्रकार कहा जा सक्ता है । यदि नैयायिक लोग आत्माको ज्ञानस्वरूप मानेंगे तो स्वयं उनके सिद्धान्त का (कि गुण सर्वथा गुणीसे भिन्न रहते हैं) व्याघात (नाश) हो जावेगा । क्योंकि आत्माको यहांपर उन्होंने स्वयं ज्ञान गुणसे अभिन्न अङ्गीकार कर लिया है ॥ योग=सांख्य अर्थात् सांख्यमतवाले ॥ यौग=नैयायिक (मतवाले) ॥

ननु, चोक्तं, ज्ञाने प्रमाणे सति फलाभावः इति । नैष दोषः । अर्थाधिगमे प्रीतिदर्शनात् । ज्ञस्वभावस्यात्मनः कर्ममलीमसस्य करणालम्बनादर्थनिश्चये प्रीतिरुपजायते । सा फलमित्युच्यते । उपेक्षा अज्ञाननाशो वा फलम् ॥ रागद्वेषयोरप्रणिधानमुपेक्षा । अन्धकारकल्पाज्ञानाभावः अज्ञाननाशो वा फलमित्युच्यते ॥ प्रमिणोति प्रमीयतेऽनेन

ननु॰ च॰ उक्तम् ;॥ =पुनः प्रश्न कहा जाचुका है कि (अर्थात् शंकाकार कहता है कि मैं कहचुकाहूंकि)

ज्ञाने ;॥ प्रमाणे ;॥ सति ;॥ फल-अभावः ;। इति॰ =ज्ञानको प्रमाण होने पर फलका अभाव होगा अर्थात् शंकाकार कहता है कि मैं पहले कह चुका हूं कि ज्ञान को प्रमाण मानने में उसका कुछ भी फल न होगा (उत्तर)

एषः ;। दोषः ;। न॰ अर्थ-अधिगमे ;। प्रीति-दर्शनात् ;॥ =यह दूषण नहीं है क्योंकि पदार्थ के ज्ञानमें प्रीति उपजती है । (अर्थात्) पदार्थ का यथार्थ ज्ञान होने पर आनन्द (=प्रीति) और सन्तोष (=प्रीति) होता है यह आनन्द, संतोषही फलहै ।

ज्ञ-स्वभावस्य ;। कर्ममलीमसस्य ;। आत्मनः ;। करण- =ज्ञान स्वभाववाले कर्मकरि मलीन चेतनके इन्द्रियों के

आलम्बनात् ;। अर्थनि॰ ये ;। प्रीतिः ;॥ उपजायते T =अवलम्बन वा आश्रयसे वस्तुके ज्ञानमें प्रीति उपजती है ॥

सा ;॥ फलम् ;॥ इति॰ उच्यते T । उपेक्षा ;॥ =सो (यह प्रीति उस प्रमाणका) फल है ऐसा कहा गया है । मध्यस्थ भाव (=उपेक्षा)

अज्ञान-नाशः ;। वा * =और (=वा) अज्ञानका लोप, अज्ञान का नाश (उस प्रमाणका क्रमसे दूसरा तीसरा)

फलम् ;॥ =फल वा परिणाम है । (उपेक्षा और अज्ञाननाशका विवरण नीचेकी पंक्तियों में ऐसेहै)

राग-द्वेषयोः ;। अप्रणिधानम् ;॥ उपेक्षा ;॥ =रागद्वेष में प्रयत्न रहित मध्यस्थ स्वभावका वा उदासीन होना सो उपेक्षा है ।

अन्धकार-कल्पा ;॥ =अन्धकार की प्रलय (=कल्पा अर्थात् अज्ञानका विलाना) अज्ञानका न होना

अज्ञान-अभावः ;। अज्ञान नाशः ;। वा* =अज्ञानका ध्वंस, अज्ञानका मिटजाना वा अज्ञानकी शून्यता

फलम् ;॥ इति॰ उच्यते T =(प्रमाण का तीसरा) फल ऐसे कहागया है ।

सारांश इस सबका यह है कि प्रीति-उपेक्षा-अज्ञानका नाश ये तीन प्रमाण के फल हैं ।

प्रमिणोति T प्रमाणम् ;॥ =(पदार्थ का) सच्चा ज्ञान करता है सो प्रमाण है (कर्तरि प्रयोग वा कर्तृ साधन है)

प्रमीयते T अनेन ;॥ प्रमाण ;॥ =जिससे सच्चाज्ञान (वस्तुओं का) किया जाता है सो प्रमाण है ।

(यहां पर कर्मणि प्रयोग वा करण साधन हुआ)

प्रमितिमात्रं वा प्रमाणम् ॥ किमनेन प्रमीयते ? जीवादिरर्थः ॥ यदि जीवादेरधिगमे प्रमाणं, प्रमाणाधिगमे अन्यत्प्रमाणं परिकल्पयितव्यम् । तथा सत्यनवस्था । नानवस्था । प्रदीपवत् ॥ यथा घटादीना प्रकाशने प्रदीपो हेतुः, तत्स्वरूपप्रकाशनेऽपि स एव, न प्रकाशान्तरमस्य मृग्यं, तथा प्रमाणमपीति अवश्यं चैतदभ्युपगन्तव्यम् ॥ प्रमेयवत्प्रमाणस्य प्रमाणान्तरपरिकल्पनायां स्वाधिगमाभावात् स्मृत्यभावः ।

वा* प्रमितिमात्रम् ;॥॥ प्रमाणम् ;॥॥ =अथवा (पदार्थका) सच्चा ज्ञान मात्र ही प्रमाण है
(यहां भावेप्रयोग वा भावसाधन वा क्रिया साधन हुआ)

किम् ;॥॥ अनेन ;॥॥ प्रमीयते T जीव-आदिः ;। अर्थः ;। =इस (प्रमाण) करि क्या ज्ञान कराया जाता है। (उत्तर) जीवादि पदार्थ (जाने जाते हैं)

यदि* जीव-आदेः ;। अधिगमे ;। प्रमाणम् ;॥॥ प्रमाण- =यदि जीवादिक (पदार्थ) के ज्ञान (कराने) में प्रमाण (हेतु) है तो प्रमाणके
अधिगमे ;। अन्यत् ;॥॥ प्रमाणम् ;॥॥ परिकल्पयितव्यम् ;॥॥ =ज्ञान (कराने) में भिन्न प्रमाण कल्पना करना चाहिये

तथा• सति ;। अनवस्था ;॥ =तिस प्रकार (=तथा) होने पर अवस्थाका अभाव होगा (अर्थात् अनवस्था दोष आवेगा)
=(अथवा पूर्वोक्त तर्कका अन्त न होगा) (उत्तर) अनवस्था (दोष) न होगा

न* अनवस्था ;॥ =(क्योंकि) दीपक (के प्रकाश) के समान (अवस्था) है (अर्थात) जैसे घटादिकके

प्रदीपवत्• यथा* घट-आदीनाम् ;। =प्रकाश करने में दीपक (=प्रदीप) कारण है उस (दीपक) के रूप प्रकाशने में

प्रकाशने ;। प्रदीपः ;। हेतुः ;। तत्-स्वरूप-प्रकाशने ;। =भी वह (दीपक) ही (कारण) है। इस (दीपक) के (=अस्य) (प्रकाशके लिये)

अपि* सः ;। एव* अस्य ;। =अन्य प्रकाश (=प्रकाशान्तर) नहीं अन्वेषण किया जाता है (=न मृग्यम्)

प्रकाशान्तरम् ;॥॥ न* मृग्यम् ;॥॥ =और (=च) वैसेही (=तथा) यह (=एतद्) प्रमाण भी अवश्य

च• तथा* एतद् ;॥॥ प्रमाणम् ;॥॥ अपि अवश्यम् ;॥॥ =(स्व परस्वरूपका प्रकाशक) मानना योग्य है। यदि प्रमेय(=सामान्य विशेषात्मकवस्तु)

अभ्युपगन्तव्यम् ;॥॥ इति प्रमेय- =सदृश प्रमाण को अन्य प्रमाणकी (=प्रमाणान्तर) कल्पना करने पर

वत्* प्रमाणस्य ;॥॥ प्रमाणान्तर-परिकल्पनायाम् ;॥ =(प्रमाणकें) अपना (स्वरूपके) जाननेके अभावसे स्मरणका अभाव होजावेगा॥२३५

स्व-अधिगम-अभावात् ;। स्मृति-अभावः ;।

तदभावाद्व्यवहारलोपः स्यात् ॥ वक्ष्यमाणभेदापेक्षया द्विवचननिर्देशः । वक्ष्यते हि "आद्ये परोक्षं प्रत्यक्षमन्यदिति" स च द्विवचननिर्देशः प्रमाणान्तरसंख्यानिवृत्यर्थः ॥

तद्-अभावात् ; व्यवहारलोपः ;।
स्यात् T
वक्ष्यमाण-भेद-अपेक्षया ;॥ द्वि-वचन-
निर्देशः ;। द्वि* वक्ष्यते T
आद्ये ;॥। परोक्षम् ;॥। अन्यत् ;॥। इति
प्रत्यक्षम् ;॥।
सः ;। च* द्वि-वचन-
निर्देशः ;। प्रमाणान्तर-
संख्या-
निवृत्ति-अर्थः ;।

=उस (स्मृति) की शून्यतासे व्यवहार वा लोक की प्रवृत्ति वा लोकाचार का अभाव
=होगा (अतः प्रमाणको अपना प्रकाशक और अन्यका प्रकाशक मानना योग्य है)
=आगे कहेजाने वाले (प्रमाणके) भेदोंकी विवक्षासे ("प्रमाणे" ऐसा) दो वचनका
=उच्चारण वा उपदेश है । क्योंकि (=हि) (अग्रिमसूत्र दशवें ग्यारहवेंमें) कहेंगे
=कि पहिले दो =आद्ये-(मतिज्ञान श्रुतज्ञान) परोक्ष (प्रमाण) है । अन्य वा बचेहुये
=प्रत्यक्ष प्रमाण (तीन अवधिज्ञान-मनः पर्ययज्ञान-केवलज्ञान) है ॥
=और (=च) वो (प्रमाणे शब्दका नवमें सूत्रमें प्रथमा विभक्ति) दो वचनमें
=उपदेश वा उच्चारण ज्ञानकी भिन्न (भिन्न) (=प्रमाणान्तर)
=गणना (एक-दो तीन-चार-छह आदि अन्य मतावलम्बियों स्वीकृत प्रमाणोंकि)
=निषेधके लिये भी है अर्थात् इस नवमें सूत्रमें "प्रमाणे" शब्द दोवचनमें
(१) दशवांसूत्र आद्ये परोक्षमूके आद्ये (शब्द जो दो वचनमें है उस)के लिये है
(२)अन्यवादियोंके कल्पेहुये वा मानेहुये एक दो तीन, चार, छह इत्यादिक प्रमाणों
की संख्याके निराकरणके लिये है

(१) "चार्वाक तौ एक प्रत्यक्ष प्रमाण ही माने है। बहुरि बौद्ध और वैशेषिक प्रत्यक्ष अनुमान ये दोय प्रमाण माने है सांख्य प्रत्यक्ष, अनुमान, आगम तीन मानते है बहुरि नैयायिक प्रत्यक्ष, अनुमान, आगम, उपमान ऐसैं च्यारि प्रमाण माने है। बहुरि मीमांसक चारि तौप अरु अर्थापत्ति अभाव, ऐसै छह प्रमाण माने है। सो प्रत्यक्ष परोक्ष ए दोय संख्या कहने तैं सर्व प्रमाण इनिमें गर्भित होय है" पं० जयचंदजी वचनिका मुद्रित पृष्ठ १२८

यहां निवासी जगरूपसहाय वकीलकृत पदच्छेद और विशेषार्थ सहित सर्वार्थसिद्धिका शब्दशः हिंदी अनुवाद । अध्याय १ सूत्र १०

उपमानार्थापत्त्यादीनामत्रैवान्तर्भावादुक्तस्य पञ्चविधस्य ज्ञानस्य प्रमाणद्वयान्तःपातित्वे प्रतिपादिते प्रत्यक्षानुमानादिप्रमाणद्वयकल्पनानिवृत्त्यर्थमाह—

उपमान-अर्थापत्ति-	=क्योंकि उपमान (=सादृश्यज्ञान) अर्थापत्ति अर्थात् न कहे गये अर्थको समझना (जैसे देवदत्त जीता है पर घरमें नहीं, तो समझ सक्ते हैं बाहर अवश्य है)
आदीनाम् ६।१ अत्र * एव * अन्तरभावात् ५।१	=आदिका यहां (अर्थात् तत्प्रमाणे—आद्येपरोक्षं प्रत्यक्षमन्यत्में) ही गर्भित हैं
उक्तस्य ६।१।। पञ्च-विधस्य ६।१।। ज्ञानस्य ६।१।। प्रमाणद्वय-	=कहे हुए पांच प्रकारके ज्ञानका दो प्रमाणमें
अन्तःपातित्वे ७।१।। प्रतिपादिते ७।१।। प्रत्यक्ष-अनुमानादि-	=गर्भित (=अन्तःपातित्वे) कहनेमें (=प्रतिपादिते) प्रत्यक्ष और अनुमानादि
प्रमाणद्वय-कल्पना-निवृत्ति-अर्थम् २।१।।	=(अन्य प्रकारके) दो प्रमाणोंकी कल्पनाके निषेधके लिये

प्रत्यक्षं चानुमानं च शाब्दं चोपमया सह । अर्थापत्तिरभावश्च षट् प्रमाणानि जैमिनेः ॥ जैमिनेः षट् प्रमाणानि चत्वारि न्यायवादिनः । सांख्यस्य त्रीणि वाच्यानि द्वे वैशेषिक बौद्धयोः ॥ २ ॥ इत्यप्यधिकः पाठः तालपत्रपुस्तके वर्तते ॥ (=च

प्रत्यक्षम् १।१ ॥ च अनुमानम् १।१।। च शाब्दम् १।१।। च	=प्रत्यक्षप्रमाण और (=च) अनुमानप्रमाण और (=च)आगम वा शाब्दप्रमाण और
उपमया ६।१।। सह * अर्थापत्तिः १।१।।	=उपमान प्रमाण सहित, (और) अर्थापत्ति प्रमाण (=न कहे गये अर्थका समझने वाला)
च * अभावः १।१ षट् १।१।। प्रमाणानि १।१।। जैमिनेः ६।१	=और (=च) अभाव प्रमाण छह प्रमाण जैमिनी मुनि (पूर्वमीमांसा के रचक) के हैं
जैमिनेः ६।१ षट् १।१।।	=जैमिनीमुनि के छह (प्रत्यक्ष-अनुमान-आगम-उपमान-अर्थापत्ति-अभाव ।
प्रमाणानि १।१।। चत्वारि १।१।।	=प्रमाण हैं । चार (प्रत्यक्ष-अनुमान-आगम-उपमान) प्रमाण
न्यायवादिनः ६।१ सांख्यस्य ६।१	=न्यायवादी (गौतममुनि के न्याय शास्त्रके मानने वाले) के हैं । सांख्य अर्थात्
त्रीणि १।१।।	-(कपिलमुनि के दर्शनशास्त्रके मानने वालेके) तीन (प्रत्यक्ष-अनुमान-आगम)
वाच्यानि १।१।। द्वे १।१।।	कहे हैं । दो (प्रत्यक्ष और अनुमान) दो (प्रत्यक्ष और अनुमान)
वैशेषिक-बौद्धयोः ६।१	=वैशेषिक (कणादमुनि के बनाये हुये शास्त्रके मानने वाले) के और बौद्ध के हैं ॥

इति* अपि* अधिकः १।१ पाठ १।१ तालपत्रपुस्तके ७।१ वर्तते = ऐसा भी अधिक पाठ ताड वृक्ष के पृष्ठों की (से बनी हुई) पुस्तक में वर्तता है ॥

आह

॥ आद्ये परोक्षम् ॥ ११ ॥

आदिशब्दः प्राथम्य (प्रथम) वचनः । आदौ भवमाद्यम् ॥ कथं द्वयोः प्रथमत्वं ?

(अर्थात बौद्ध और वैशेषिक प्रत्यक्ष तथा अनुमान ऐसे दो प्रमाण मानते हैं उनके निषेधार्थ तथा अपने माने हुये दो प्रमाण समर्थन करने के लिये)

आह T =कहते हैं कि

आद्ये परोक्षम् ॥ ११ ॥

आद्यम् च आद्यम् च आद्ये मतिश्रुते ज्ञाने परोक्षम् प्रमाणम् भवतः

आद्यम् ;॥। च* आद्यम् ;॥। च* =(पांच ज्ञानों में) आदि में जो हो तथा प्रारम्भ में जो हों वे

आद्ये ;॥। मति-श्रुते ;॥। ज्ञाने ;॥। =दो आदि वाले (=आद्ये) अथवा पहिले दो (=आद्ये) मतिज्ञान श्रुतज्ञान

परोक्षम् ;॥। प्रमाणम् ;॥। भवतः T =परोक्ष (इन्द्रिय मन तथा परका उपदेश प्रकाशआदि जन्य) प्रमाण हैं अर्थात् वह मतिज्ञान नेत्र आदि इन्द्रिय और अनिन्द्रिय मन इनसे उत्पन्न होता है। वह आत्मा से भिन्न निमित्त की अपेक्षा रखता है अतः परोक्ष है और मति पूर्वक होनेसे तथा परोपदेश जन्य होनेसे श्रुतज्ञान भी परोक्ष ही है

पदच्छेद और विभक्त्यर्थ सहित इस सूत्र पर सर्वार्थसिद्धि वृत्तिका शब्दशः हिंदी अनुवाद

आदिशब्दः ;। प्राथम्य-वचनः ;। आदौ ;। =(इस सूत्र में) आदिशब्द पहिलेका (=प्राथम्य) वाचक है। आरम्भ में (=आदौ)

भवम् ;॥। आद्यम् ;॥। कथम्* द्वयोः ;॥। प्रथमत्वम् =हुआ है सो आद्य है। दोके आदिपना (=प्रथमत्व) कैसे है अर्थात् आदि प्रथम वा पहिला ये शब्द आरम्भ को प्रगट करते हैं और एकही वस्तु को (बहुतों में से) प्रथम वा पहिली कह सक्ते हैं यहां आद्ये दो वचन में लाये हैं तो दो वस्तुओं के प्रथमपना कैसे आसक्ता है। सारांश—पांच ज्ञान नवमें सूत्रमें कहे हैं आद्य वचन में मतिज्ञान आसक्ता है श्रुतज्ञान भी कैसे आगया ॥

---

(१) इस सूत्रका दिगम्बर और श्वेताम्बर सम्प्रदाय दोनों में पाठ और अर्थ एक सा है ॥

मुख्योपचारपरिकल्पनया । मतिज्ञानं तावन्मुख्यकल्पनया प्रथमम् । श्रुतमपि तस्य प्रत्यासत्त्या प्रथममित्युपचर्यते । द्विवचननिर्देशसामर्थ्यादगौणस्यापि ग्रहणम् । आद्यं च आद्यं च आद्ये मतिश्रुते इत्यर्थः । तदुभयमपि परोक्षं प्रमाणमित्यभिसम्बध्यते ॥ कुतोऽस्य परोक्षत्वं ? परायत्तत्वात् ॥

मुख्य-उपचार-परिकल्पनया ;॥ = मुख्य उपचार वा व्यवहारके मानलेनेसे (दोनों के आदिपना कहा है क्योंकि)

मतिज्ञानम् ;॥ तावत्*मुख्य-कल्पनया ;॥ प्रथमम् ;॥ = मतिज्ञान तो (=तावत) प्रधान माने जानेसे आदिमें व प्रथम है

श्रुतम् ;॥ अपि*तस्य ;॥ प्रत्यासत्त्या ;॥ प्रथमम् इति उपचर्यते T = श्रुतज्ञान भी उस (मति ज्ञान) के अतिनिकट होनेसे प्रथम ऐसा = मानलियागया है । उपचार कियागया है अर्थात् उपचारसे प्रथम कहा है

द्वि-वचन-निर्देश-सामार्थ्यात् ;॥ गौणस्य ;॥ अपि ग्रहणम् ;॥ = दो वचनके निरूपण वा उच्चारणकी शक्तिसे अप्रधान (श्रुतज्ञान) का भी = ग्रहण है । (सूत्रमें आद्ये वाक्यका समास यह है कि)

आद्यश्च ;॥ च* आद्यम् ;॥ च* आद्ये ;॥ = आदि में जो हो और (=च) आरम्भ में जोहो सो दो आदिमें आनेवाले (=आद्ये)

मति-श्रुत ;॥ इति* अर्थः ;। = मतिज्ञान-श्रुतज्ञान हैं ऐसा अभिप्राय है । (आद्यं च आद्यं च वाक्यमें पहिला च संस्कृतकी बोलचाल के लिये आया है । अतः इस च का अनुवाद नहीं हो सक्ता)

तद्-उभयम् ;॥ अपि*परोक्षम् ;॥ प्रमाणम् ;॥ = वे (मति-श्रुत) दोनों ही परोक्ष प्रमाण हैं

इति अभिसम्बध्यते T = ऐसा सम्बन्ध कियागया है (तत्र सूत्र मतिज्ञानं परोक्षं श्रुतज्ञानं परोक्षं च है)

कुतः*अस्य ;॥ परोक्षत्वम् ;॥ = (प्रश्न) इस मतिज्ञान वा श्रुतज्ञान) के परोक्षपना क्योंकर (=कुतः) है

पर-आयत्तत्वात् ;॥ = अन्यके आधीनपना वा वशीभूतपना से (मति श्रुतज्ञानों के परोक्षपना है)

---

(१) कैयट का मत है कि उभय का द्विवचन नहीं होता है किन्तु पं० हरदत्त और पूज्यपाद स्वामी के मत में दो वचन होता है ।

(२) पर-अपेक्षत्वात् ;॥ इति*अपि*पाठ-अन्तरम् ;॥ = पर अपेक्षत्वात् (= अन्यकी आवश्यकता से) ऐसा भी अन्य वा भिन्न पाठ है

मति ज्ञानमिन्द्रियानिन्द्रियनिमित्तमिति वक्ष्यते श्रुतमनिन्द्रियस्येति च । अतः पराणीन्द्रियाणि मनश्च प्रकाशोपदेशादि च बाह्यनिमित्तं प्रतीत्य तदावरणकर्मक्षयोपशमापेक्षस्यात्मन उत्पद्यमानं मतिश्रुतं परोक्षमित्याख्यायते । अत उपमानागमादीनामत्रैवान्तर्भावः ॥

मतिज्ञानम् १।१।। इन्द्रिय-अनिन्द्रिय-निमित्तम् १।१।।	= मतिज्ञान (बाह्यमें पांच) इन्द्रिय (और) मन जन्य, निमित्तक वा कारणक है अर्थात मतिज्ञान पांच इन्द्रिय और अंतःकरण छह बाह्य निमितोंसे उत्पन्न होता है
इति* वक्ष्यते T च* श्रुतम् १।१।।	= ऐसा (तदिन्द्रियानिन्द्रिय निमित्तम् । चौदहवां सूत्रमें) कहैंगे । और श्रुतज्ञान
अनिन्द्रियस्य ६।१।। (अर्थः १।१)	= मनका विषय वा अर्थ है अर्थात श्रुतज्ञान मनसे उत्पन्न होता है
इति*	= ऐसा (दूसरे अध्यायके इक्कीसवांसूत्र "श्रुतमनिन्द्रियस्य" में कहैंगे)
अतः* पराणि १।१।। इन्द्रियाणि १।१।। च* मनस् १।१।।	= इस हेतुसे (=अतः) पर (जे पांचों) इन्द्रियें और (=च) मन (=अंतःकरण)
च* प्रकाश-उपदेशादि १।१।। बाह्यनिमित्तम् १।१।।	= और (=च) प्रकाश उपदेशादिक बाहिरके कारणको
प्रतीत्य ÷ तद्-आवरण-कर्म-	= सहाय लेकर (=प्रतीत्य) उन (मतिज्ञान और श्रुतज्ञान) के ढकने वाले कर्मके
क्षयोपशम-अपेक्षस्य ६।१। आत्मनः ६।१। उत्पद्यमानम् १।१।।	= क्षयोपशम संयुक्त (=अपेक्षस्य) जीवके उत्पन्न हुये
मतिश्रुतम् १।१।। परोक्षम् १।१।। इति* आख्यायते T	= मतिश्रुतज्ञान परोक्ष हैं ऐसा कहा गया है अर्थात् जीवके मतिज्ञान और श्रुतज्ञान उत्पन्न होनेकेलिये बहिरंग कारण इन्द्रियें-मन-प्रकाश और पर उपदेशादिक हैं इससे इन दोनों ज्ञानोंको परोक्ष कहते हैं और अंतरंग कारण इनदोनों ज्ञानोंके उत्पन्न होनेका आत्माके मतिज्ञानावरणीय और श्रुतज्ञानावरणीय कर्मोंका क्षयोपशम ही है ॥ (प्रतीत्य=सम्बन्ध सूचक भूतकृदन्त है) ।
अतः* उपमान-आगम-आदीनाम् १।१।। अन्तर्भावः १।१।	= इसलिये उपमानप्रमाण, आगम (=शाब्द) प्रमाण आदिका गर्भित होना
अत्र* एव*	= इस(परोक्षज्ञान) में ही (=एव) है (अन्योंके मानेहुये प्रमाण इनमें गर्भित हैं) ॥

अभिहितलक्षणात्परोक्षादितरस्य सर्वस्य प्रत्यक्षत्वप्रतिपादनार्थमाह-

॥ प्रत्यक्षमन्यत् ॥ १२ ॥

अक्ष्णोति व्याप्नोति जानातीत्यक्ष आत्मा । तमेव प्राप्तक्षयोपशमं प्रक्षीणावरणं वा प्रतिनियतं प्रत्यक्षम् ॥

अभिहित-लक्षणात् ;॥ परोक्षात् ;॥ इतरस्य ;॥ सर्वस्य ;॥ प्रत्यक्षत्व-प्रतिपादन-अर्थम् ;॥ आह T

=कथित वा कहे हुये (=अभिहित) लक्षण सहित परोक्ष (ज्ञान) से अन्य
=सब (ज्ञान) के प्रत्यक्षपना के कहने के लिये (आचार्य) कहते हैं कि

प्रत्यक्षमन्यत् ॥१२॥

पदच्छेद और सूत्रार्थः-अन्यत् ;॥ प्रत्यक्षम् ;॥

=(मतिज्ञान और श्रुतज्ञान से) भिन्न अथवा अवशेष (=अन्यत्)
=(अवधिज्ञान मनः पर्ययज्ञान और केवलज्ञान) प्रत्यक्ष प्रमाण है अर्थात्
आत्मा के ही आश्रय से बिन (=बिना) मन और किसी इन्द्रिय की सहायता से उत्पन्न होते हैं । अतः ये तीनों ज्ञान अतीन्द्रिय हैं । उक्त तीनों ज्ञानोंमें से अवधिज्ञान और मनः पर्ययज्ञान तो परिमित वस्तु विषय करने से विकल (=सीमाबद्ध) प्रत्यक्ष है और केवलज्ञान समस्त द्रव्य व पर्यायको ग्रहण करने से सकल (=सम्पूर्ण) प्रत्यक्ष प्रमाण है ॥

पदच्छेद और विभक्त्यर्थ सहित इस सूत्र पर सर्वार्थसिद्धि वृत्तिका शब्दशः हिन्दी अनुवाद ॥

अक्ष्णोति T व्याप्नोति T जानाति T

इति*अक्षः ;। आत्मा ;। प्राप्त-क्षयोपशमम् ;। वा प्रक्षीण-आवरणम् ;। तम् ;। एव* प्रतिनियतम् ;। प्रत्यक्षम् ;॥

=पहचानता है वा बोध करता है (अक्ष्णोति) व्याप्त होता है जानता है ।
=ऐसा अक्ष (अर्थात्) आत्मा है वा चेतन है । कर्मका क्षयोपशम प्राप्त अथवा
=कर्मके आवरण के नाश प्राप्त तिस (आत्मा) के ही (=एव)
=आश्रय से (बिना किसी अन्य की सहायता लिये हुये) उत्पन्न हो सो प्रत्यक्ष है अर्थात् कर्मके क्षयोपशम और क्षय के अनुसार बिना किसी इन्द्रिय, मन, प्रकाश, पर उपदेशादिक की सहायता लिये हुये आत्मा के आश्रय से ही उत्पन्न हो और विशेष रूप से पदार्थों को जाने वे प्रत्यक्ष (अवधि-मनः पर्यय-केवलज्ञान) हैं। उनमें

अवधिदर्शनं केवलदर्शनमपि अक्षमेव प्रतिनियतमतस्तस्यापि ग्रहणं प्राप्नोति। नैष दोषः। ज्ञानमित्यनुवर्तते, तेन दर्शनस्य व्युदासः। एवमपि विभंगज्ञानमपि प्रतिनियतमतोऽस्यापि ग्रहणं प्राप्नोति। सम्यगित्यधिकारात्। ततस्तन्निवृत्तिः॥ सम्यगित्यनुवर्तते, तेन ज्ञानं विशिष्यते,

---

अवधिज्ञान और मनः पर्यय ज्ञान तो विकल (=अधूरा-अपूरा) प्रत्यक्ष हैं और केवल ज्ञान सकल (सम्पूर्ण) प्रत्यक्ष है॥

अवधिदर्शनम् ;॥। केवलदर्शनम् ;॥। अपि अक्षम् ;॥।
एव* प्रतिनियतम् ;॥। अतः *
तस्य ;॥। अपि* ग्रहणम् ;॥। प्राप्नोति T

=(प्रश्न) अवधिदर्शन (और) केवलदर्शन भी (=अपि) आत्मा (=अक्षम्)
=ही जनित वा आश्रित (=प्रतिनियत) वा व्यवस्थित (=प्रतिनियत) है इसलिये
=तिस (अवधिदर्शन-केवलदर्शन) का भी ग्रहण प्राप्त होता है
(अर्थात् अवधिदर्शन और केवलदर्शन भी प्रमाण ठहरेंगे ऐसा प्रश्न है)

न* प ;। दोषः ;। ज्ञानम् ;॥। इति अनुवर्तते T
तेन ;॥। दर्शनस्य ;॥। व्युदासः ;।

=(उत्तर) यह दोष नहीं है। (क्योंकि इस सूत्र में) ज्ञान ऐसा अधिकार-प्रकरण है
=तिस (ज्ञानके अनुवर्तनसे) दर्शन का निराकरण वा निवारण है अर्थात् यहां ज्ञान
का प्रकरण होनेके हेतुसे ज्ञानका ग्रहण किया है दर्शन का निषेध है

एवम्* अपि विभङ्ग ज्ञानम् ;॥। अपि प्रतिनियतम् ;॥।
अतः* अस्य ;॥। अपि* ग्रहणम् ;॥। प्राप्नोति T

=(प्रश्न) ऐसाही (=अपि) कुअवधिज्ञान भी (=अपि) व्यवस्थित वा (आत्माके) आश्रित है
=इस लिये इस (कुअवधिज्ञान) का भी प्रसंग वा ग्रहण प्राप्त होता है अर्थात् प्रश्न
का आशय यह है कि यदि ज्ञान का प्रकरण है तो तो कुअवधिज्ञान को भी यहां
ग्रहण करके प्रत्यक्ष प्रमाण कहना चाहिये क्योंकि कुअवधिज्ञान भी आत्मासे
विना किसी इन्द्रिय-मन-प्रकाश और पर उपदेशादिक द्वारा उत्पन्न होता है

सम्यक् ;॥। इति* आधिकारात् ;॥। ततम्* तत्-
निवृत्तिः ;॥। सम्यक् ;॥। इति* अनुवर्तते T
तेन ;॥। ज्ञानम् ;॥। विशिष्यते T

=(उत्तर) सम्यक् (प्रशस्त) ऐसा प्रकरण होनेसे वहां (=ततः) उस (विभंगज्ञान) का
=निषेध है॥ सम्यक् ऐसा (पद) अनुवर्तता है उपस्थित है
=तिस (सम्यक् पदकी अनुवृत्ति) से ज्ञान विशेषित किया गया है

ततो विभङ्गज्ञानस्य निवृत्तिः कृता। तद्धि मिथ्यादर्शनोदयाद्विपरीतार्थविषयमिति न सम्यक्॥ स्यान्मतमिन्द्रियव्यापारजनितं ज्ञानं प्रत्यक्षं, व्यतीतेन्द्रियविषयव्यापारं परोक्षमित्यतदविसंवादिलक्षणमभ्युपगन्तव्यमिति। तदयुक्तम्। आप्तस्य प्रत्यक्षज्ञानाभावप्रसङ्गात्॥ यदिइन्द्रियनिमित्तमेव ज्ञानं प्रत्यक्षमिष्यते, एवं प्रसक्त्या आप्तस्य प्रत्यक्षज्ञानं न स्यात्। नहि तस्येन्द्रियपूर्वोऽर्थाधिगमः॥ अथ तस्यापि करणपूर्वकेएवज्ञानं कल्पते तस्या सर्वज्ञत्वंस्यात्॥ तस्य मानस प्रत्यक्षमिति चेत् मनः प्रणिधान पूर्वकत्वात्

ततः* विभङ्ग-ज्ञानस्य ;॥॥ निवृत्तिः ;॥ कृता ;॥
तद् ;॥॥ हि* मिथ्यादर्शन-उदयात् ;। विपरीत-अर्थ विषयम् ;॥ इति* न* सम्यक् ;॥॥
स्यात्T मतम् ;॥ इन्द्रिय-व्यापार-जनितम् ;॥ ज्ञानम् ;॥॥ प्रत्यक्षम् ;॥॥
व्यतीत-इन्द्रिय विषय-व्यापारम् ;॥॥ परोक्षम् ;॥॥ इति एतद् ;॥॥ अविसंवादि-लक्षणं ;॥ अभ्युपगन्तव्यं ;॥ इति
आप्तस्य ; प्रत्यक्ष-ज्ञान-अभाव-प्रसङ्गात् ;।
तद् ;॥॥ अयुक्तं ;॥। यदि इन्द्रिय-निमित्तम् ;॥ एव* ज्ञानं ;॥ प्रत्यक्षम् ;॥ इष्यतेT एवं प्रसक्त्या ;॥
आप्तस्य ;। प्रत्यक्ष-ज्ञानं ;॥ न स्यात् T
नहि* तस्य ;। इन्द्रिय-पूर्वः ;। अर्थ अधिगमः ;।
अथ* तस्य ;। अपि* करण-पूर्वकम् ;॥ एव* ज्ञानं कल्प्यते T तस्य ;। असर्वज्ञत्वम् ;॥॥ स्यात् T
तस्य ;। मानसम् ;॥॥ प्रत्यक्षम् ;॥॥
इति* चेत्* मनस्-प्रणिधान-पूर्वकत्वात् ;॥॥

= तिससे कुअवधिज्ञानका (प्रत्यक्ष ज्ञानमें ग्रहण करनेका) निषेध किया गया।
= क्योंकि (= हि) वह (= तद्) मिथ्यादर्शनके उदयसे प्रतिकूल
= पदार्थका ग्रहण करता है। ऐसे (कुअवधिज्ञान) प्रशस्त (= ज्ञान) नहीं है
= (वैशेषिकके मतानुसार-प्रश्न) मत है (= स्यात्) कि इन्द्रियोंके व्यवसायसे-उद्योगसे
= उत्पन्न हुआ ज्ञान प्रत्यक्ष है
= इन्द्रियोंके विषयके उद्योग (=व्यापार) वर्जित (ज्ञान) परोक्ष है ऐसा
= यह बाधारहित स्वरूप मानना योग्य है
= (उत्तर) आप्तके प्रत्यक्ष ज्ञानके लोपका प्रसंग आने (के हेतु) से
= वह (=इन्द्रियजनित ज्ञानको प्रत्यक्ष मानना) ठीक नहीं है। जो इन्द्रिय जनित ही
= ज्ञान प्रत्यक्ष (प्रमाण) माना जाय तो ऐसे प्रसंगसे
= आप्तके प्रत्यक्षज्ञान नहीं होता (=होगा)।
= क्योंकि नहीं है तिस (आप्त) के इन्द्रिय पूर्वक वा इंद्रिय जनित वस्तुका ज्ञान
= यदि (=अथ) तिस (आप्त)के भी इन्द्रिय पूर्वक वा इन्द्रिय निमित्तक ही
= ज्ञान माना जाय तो तिस (आप्त)के असर्वज्ञता होगी॥
= तिस (आप्त) के मानसिक वा मनसा (=मानसम्) ज्ञान प्रत्यक्ष मानाजाय 'कल्प्यते'
= ऐसी शंका होनेपर (उत्तर है कि) मनके चिंतवन वा उद्योग जनित होनेसे

ज्ञानस्य सर्वज्ञत्वाभावएव

ज्ञानस्य ६।।। सर्वज्ञत्व-अभावः १।। एव *	=ज्ञानके सर्वज्ञपनाका लोप ही [=एव] आता है अर्थात् यदि मनजन्य ज्ञान प्रत्यक्ष माना जाय तौ भी सर्वज्ञपना नहीं बनता है [निम्नटिप्पणीमें विशेष है]

(१) युगपत् ज्ञानानुत्पत्तिर्मनसो लिङ्गमिति परैरभ्युपगमात्सर्ववस्तुषु युगपन्मनः प्रणिधानं न घटते । ततः सर्वज्ञत्वाभावः । एकं ज्ञानमनेकार्थं न जानातीति । प्रतिज्ञासद्भावाच्च क्रमेण सर्ववस्तुज्ञानं च न घटते । वस्तूनामानन्त्यादेकवस्तु परिज्ञानावसरे अन्यवस्तुपरिज्ञानाभावाच्च सर्वज्ञत्वाभावः सुघटः ॥

युगपत् * ज्ञान-अनुत्पत्तिः १।।	=एक बार ही व एक साथ (=युगपत्) ज्ञानका सम्बन्ध वा सङ्गत न होना
मनस् ६।। लिङ्गम् १।।। इति परैः ३।। अभि-उपगमात् ५।।	=मनका लक्षण ऐसा है । दूसरों करि मानने से
सर्व-वस्तुषु ७।।। युगपत् * मनस्-प्रणिधानम् १।।।	=समस्त पदार्थों में एक साथ मनका चिंतवन वा उद्योग वा व्यापार
न घटते T	=नहीं बनता है अर्थात् अन्यमतके सिद्धान्त अनुसार भी मन सर्व पदार्थों को एक साथ ग्रहण नहीं कर सकता है ।
ततः सर्वज्ञत्व-अभावः १।। एकम् १।।। ज्ञानम् १।।। अनेक-	=तिससे सर्वज्ञपने का अभाव है । (और) एक ज्ञान अनेक वा नाना
अर्थम् ३।। न जानाति T इति प्रतिज्ञा-सद्भावात् ५।।	=पदार्थों को नहीं जानता है । ऐसी प्रतिज्ञा की विद्यमानता से अर्थात्
क्रमेण ३।। सर्ववस्तुज्ञानम् १।। च न * घटते T	=अनुक्रमसे सब पदार्थों का ज्ञान होना भी नहीं बनता है
वस्तूनाम् ६।। आनन्त्यात् एक वस्तु-परिज्ञान-अवसरे ७।।	=पदार्थों के अनन्त होने (के हेतु) से एक पदार्थ के ज्ञानके प्रसंग में
च * अन्य वस्तु परिज्ञान-अभावात् ५।।	=और भिन्न पदार्थ के परिज्ञान की शून्यतासे सर्वज्ञता का अभाव
सर्वज्ञत्व-अभावः १।। सुघटः १।।	=भले प्रकार घटता है वा बनता है भावार्थ यह है कि

आगमतस्तत्सिद्धिरिति चेन्न । तस्य आगमस्य प्रत्यक्षज्ञानपूर्वकत्वात् ॥ योगिप्रत्यक्षमन्यज्ज्ञानं दिव्यमप्यस्तीति चेत्,न तस्य प्रत्यक्षत्वं, इन्द्रियनिमित्ताभावात् । अक्षमक्षं प्रति यद्वर्तते तत्प्रत्यक्षमित्यभ्युपगमात् ॥

आगमनः* तत्सिद्धिः ;॥ इति* चेत्* न*
तस्य ; आगमस्य ; प्रत्यक्षज्ञानपूर्वकत्वात् ;॥

=शास्त्रसे उस (सर्वज्ञपना) की सिद्धि है ऐसी शंका (=चेत्) है। (उत्तर) यह ठीक नहीं है।
=क्योंकि उस शास्त्र को प्रत्यक्ष ज्ञान निमित्त वा कारण है अर्थात वही आगम माना जाता है जो प्रत्यक्षप्रमाण जन्य है भावार्थ यह है कि प्रत्यक्ष ज्ञानी ही प्रमाणभूत आगम कह सकता है परंतु इन्द्रिय जनित प्रत्यक्ष ज्ञान सब पदार्थोंको ग्रहण नहीं करसक्ता, नहीं जानसक्ता तब उससे बनाहुआ आगम भी सर्व पदार्थों का ज्ञान कैसे करा सक्ता है जिस (आगम) से आपके ज्ञानको सर्वज्ञता मानीजाय ॥

योगिन्-प्रत्यक्षम् ;॥ अन्यत् ;॥ ज्ञानम् ;॥
दिव्यम् ;॥ अपि* अस्ति T इति* चेत्*
तस्य ;॥ प्रत्यक्षत्वम् ;॥ न*
इन्द्रिय-निमित्त-अभावात् ;। अक्षम् ;॥ अक्षम् ;॥
प्रति* यद् ;॥ वर्तते T तत् ;॥ प्रत्यक्षम् ;॥
इति अभ्युपगमात् ;।

=(बौद्धमतवाले) योगियोंका प्रत्यक्ष एक जुदा ज्ञान (=अन्यत् ज्ञान)
=अलौकिक (=दिव्य) ही (=अपि) है यदि (=चेत्) ऐसा है ?
(उत्तर) =(तो) तिस (अलौकिक) ज्ञान को साक्षात्पना नहीं हो सकैगा
=क्योंकि वह इन्द्रियोंके निमित्तसे नहीं होता है। (और आपने) इन्द्रिय इन्द्रिय
=प्रति जो प्रवर्तता है वो (ही) प्रत्यक्ष अथवा साक्षात् है
=ऐसा माना है (अतः) अलौकिक ज्ञान प्रत्यक्ष नहीं हो सकता) भावार्थ अलौकिक ज्ञान वही है जिसका इन्द्रियों से कुछ किसी प्रकारका संबंध नहीं है और प्रत्यक्ष प्रमाण वही माना गया है जो इन्द्रिय जन्य है अतःदिव्यज्ञान प्रत्यक्ष ज्ञान नहीं है ॥

मन एक साथ सर्व पदार्थों का ग्रहण नहीं कर सक्ता है और क्रमकरि सर्व पदार्थोंका ज्ञान बनता नहीं। क्योंकि पदार्थ अनन्त है युगपत् जबतक अनन्त पदार्थों को न जाने तबतक सर्वज्ञ नहीं इसलिये मनद्वारा युगपत् सर्व पदार्थों के जाननेवाला प्रत्यक्ष ज्ञान नहीं हो सक्ता इसलिये सर्वज्ञता का अभावही हुआ

(१) तस्य और आगमस्य शब्दों के पुल्लिङ्ग और नपुंसक लिंग दोनों हो सके हैं ॥

किञ्च सर्वज्ञत्वाभावः प्रतिज्ञाहानिर्वा । तस्य योगिनो यज्ज्ञानं तन्नात्यर्थवशवर्ति स्यात् ? अनेकार्थग्राहि वा ? यदि प्रत्यर्थवशवर्ति, सर्वज्ञत्वमस्य नास्ति योगिनः, ज्ञेयस्यानन्त्यात् ॥ अथानेकार्थग्राहि,या प्रतिज्ञा "विजानाति न विज्ञानमेकमर्थद्वयम् यथा । एकमर्थं विजानाति न विज्ञानद्वयं तथा" इति सा हीयते ॥ अथवा क्षणिकाः सर्वसंस्कारा इति प्रतिज्ञा हीयते । अनेकक्षणवर्त्येकविज्ञानाभ्युपगमात् ॥

सर्वज्ञत्व-अभावः ;। किञ्च*
वा* प्रतिज्ञाहानिः ;॥ तस्य ;। योगिनः ;। यत् ;॥
ज्ञानम् ;॥ तत् ;॥ प्रति-अर्थ- वशवर्ति ;॥ स्यात् T

वा*अनेक-अर्थग्राहि ;। यदि *
प्रति-अर्थ-वशवर्ति ;। सर्वज्ञत्वम् ;॥ अस्य ;।
योगिनः ;। न अस्ति T ज्ञेयस्य ;।
अनन्त्यात् ;॥
अथ*अनेक-अर्थ-ग्राहि ;।
या ;॥ प्रतिज्ञा ;॥
विजानाति T न * विज्ञानमेकमर्थद्वयम् ;॥ यथा*
एकमर्थम् ;॥ विजानाति T न विज्ञानद्वयं ;॥ तथा*
इति* सा ;॥ हीयते T अथवा*सर्वसंस्काराः ;।
क्षणिकाः ;। इति*प्रतिज्ञा ;॥ हीयते T अनेक-
क्षणवर्ति-एक-विज्ञान अभ्युपगमात् ;।

=(अलौकिक ज्ञानको प्रत्यक्ष स्वीकार करनेमें) सर्वज्ञताका अभाव, भी(=किञ्च) है
*अथवा प्रतिज्ञा भंग वा प्रणकी क्षति हो जावेगी क्योंकि जिस योगीके जो (=यत्)
=ज्ञान है सो एक पदार्थ के (=प्रत्यर्थ) वशीभूत है । अर्थात् योगीश्वर का यह
ज्ञान एक एक पदार्थ अथवा एक एक वस्तुको क्रमानुसार ग्रहण करैगा
=अथवा बहुत पदार्थोंका ग्रहण करने वाला होगा । जो (योगीश्वर का ज्ञान)
=एक वस्तु का ग्रहण करने वाला हो तो सर्वज्ञपना इस
=योगीके नहीं (होसक्ता) है। क्योंकि ज्ञानमें ग्रहण होने योग्य पदार्थके (=ज्ञेयस्य)
=अनंतता है (और सर्वज्ञ तबहीं हो जब सब पदार्थों को एक कालमें जान सकै)
=जो (=अथ)(इस योगीश्वरका ज्ञान)अनेक पदार्थका जाननेवाला हो वा ग्राहीहो तो
=(निम्नलिखित श्लोकमें) जो (=या) प्रण अथवा नियम है कि
=जैसे (=यथा) एक विज्ञान दो पदार्थोंको नहीं जानता है (=विजानाति)
=तैसे (=तथा) दो विज्ञान एक अर्थ वा वस्तुको नहीं जनाते हैं
=ऐसी प्रतिज्ञा (=सा) क्षति की जाय है। अथवा सब संस्कार (=ज्ञानक्षण)
=एक समयवर्ती हैं ऐसा प्रण वा नियम क्षता जाय है क्योंकि अनेक
=क्षणवर्ती एक विज्ञान मानागया है वा स्वीकार कियागया है ।

अनेकार्थग्रहणं क्रमेणेति युगपदेवेति ॥ चेत्, योऽस्यजन्मक्षणः स आत्मलाभार्थ एव । लब्धात्मलाभं हि किञ्चित्स्वकार्यं प्रति व्याप्रियते,

अनेक-अर्थ-ग्रहणम् ;॥॥ क्रमेण ;। इति*

=(और) बहुत-पदार्थोंका ग्रहण अनुक्रमसे होता है भावार्थ बौद्धोंका सिद्धान्त है कि पदार्थको पहिले क्षणमें उत्पत्ति होती है उसी पदार्थका दूसरे क्षणमें नाश होजाता है और यह भी कहते हैं कि एक विज्ञान एकवार एकही पदार्थको जानता है तो अनेक पदार्थोंका ज्ञान क्रमसे हो सकनेके कारण एक विज्ञानको अनेक क्षणवर्ती होनेसे सब संस्कारोंके एक क्षणवर्ती होनेमें दूषण आगया ।

युगपत्* एव*

=एकसाथ वा एककालमें (अनेक पदार्थोंका ग्रहण एक क्षणवर्ती विज्ञानके ही है

इति• चेत्* यः ;। अस्य ;॥॥ जन्म-क्षणः ;। सः ;। आत्म-लाभार्थः ;। एव•

=ऐसा यदि (चेत्) हो तो ? (उत्तर) जो (=यः) इस (ज्ञान)के उत्पन्न होनेका क्षण है =वह क्षण (उस ज्ञानके) स्वरूपके उपार्जनके लिये (=अर्थ) ही है

लब्ध-आत्म-लाभम् ;। हि*

=क्योंकि (=हि) स्वरूपके लाभको प्राप्तकरि अर्थात् स्वरूपको प्राप्त करनेके पीछे

किञ्चित्* स्वकार्यम् ;॥॥ व्याप्रियते[1]

=कुछ अपने कार्य (=पदार्थोंके ग्रहण) की ओर प्रवृत्त होता है वा व्यापार करता है अर्थात् यदि बौद्ध कहैं कि नाना पदार्थोंका ग्रहण एक क्षणवर्ती विज्ञानके एक साथ होता है सो असम्भव है क्योंकि जिस क्षणमें विज्ञान उत्पन्न हुआ है वह क्षण उस विज्ञानके होनेमें लगगई । उसके पीछे वह विज्ञान पदार्थके ज्ञान वा ग्रहण करनेमें लगेगा।

(१) व्याप्रियते – यहांपर पृ तुदादि छठवां गणका आत्मनेपदी-अकर्मक अनिट् धातु व्यापार करना वा काम करनेके अर्थमें है । छठवां गणके धातुओं की अंत की ह्रस्व ऋ में रिङ् का आदेश होता है पश्चात् रि को रियू कर देते हैं और अ छठवां गण के विकरणको जोड़कर और वि-आङ् उपसर्ग प्रथम लाकर वि+आङ्+प्रियू =व्याप्रिय बना, पश्चात् से, एक वचन, आत्मने पदी, अन्यपुरुष वर्तमान कालका प्रत्यय लगानेसे 'व्याप्रियते' बनगया ॥

प्रदीपवदिति चेन्न । तस्याप्यनेकक्षणविषयतायां सत्यामेव प्रकाश्यप्रकाशनाभ्युपगमात् ॥ विकल्पातीतत्वात्तस्य शून्यताप्रसङ्गश्च ॥

प्रदीपवत * =दीपक (के प्रकाश) सदृश (विज्ञान) है अर्थात बौद्ध कहते हैं कि विज्ञानकी दीपकके समान उत्पत्ति तथा परपदार्थका प्रकाश वा बोध करा देना दोनों बातें युगपत् एकही समयमें बन जावेगी

इति * चेत * न * =ऐसी (इति) शंका (होने) पर (=चेत) ; (उत्तर है कि उक्तशंका ठीक) नहीं है

तस्य ¦¦ अपि अनेकक्षण-विषयतायां ¦¦ सत्यां ¦¦ एव=क्योंकि उस (दीपक) का भी अनेकक्षणवर्ती होने पर (=सत्याम्) ही (=एव)

प्रकाश्य-प्रकाशन-अभ्युपगमात् ¦¦ =प्रकाश किये जाने योग्य (पदार्थ) का प्रकाशन कर देना माना जाता है ॥ प्रश्नोत्तर का सारांश, दीपकके समान ज्ञानकी एक ही समयमें उत्पत्ति और विषय ग्राहकता मानना ठीक नहीं है दीपक भी स्वयम् अनेक समयवर्ती होकर पदार्थों का प्रकाश करता है अतः पूर्वोक्त नियममें (कि सब संस्कार क्षणिक हैं) भंग (दोष) बना रहता है

च * तस्य ¦¦¦ विकल्प-अतीतत्वात् ¦¦¦ =और (=च) तिस (विज्ञान) के निर्विकल्पता होनेके हेतुसे (=अनिश्चय आत्मक होनेसे)

शून्यता-प्रसङ्गः ¦¦ =अभावका प्रसंग (भी) आता है अर्थात् बौद्ध प्रत्यक्ष ज्ञानको

---

(१) स्वस्मिन्सकलविकल्पाभावात्सकलविकल्पाविषयत्वाच्च योगिप्रत्यक्षस्य शून्यतप्रसंगः ॥ तत्त्वं विशुद्धं सकलैर्विकल्पै- । विश्वाभिलाषास्पदतामतीतम् ॥ न स्वस्य वेद्यं न च तद्विगाद्यं । सुपुत्र्यवस्थं मनदुः सदाह्यम् ॥ १ ॥ इति वचनात् ॥

स्वस्मिन् ¦¦¦ सकल-विकल्प-अभावात् ¦¦ =(क्योंकि बौद्धों के अनुसार-विज्ञान) अपने स्वरूप में संपूर्ण विकल्पों वा भेदों से रहित है

च सकलविकल्प-अविषयत्वात् ¦¦¦ =और (=च) (दूसरे) संपूर्ण विकल्पों द्वारा (वह विज्ञान) विषय वा ग्रहण किये जाने योग्य नहीं है अर्थात् और विकल्प वा भेद उसका ग्रहण और निश्चय नहीं कर सके

योगिप्रत्यक्षस्य ¦¦¦ शून्यता-प्रसङ्गः ¦¦ =(अतएव) योगीके प्रत्यक्ष ज्ञानको शून्यता वा अविद्यमानता का प्रसंग आता है तात्पर्य यह है कि जब योगी का ज्ञान स्वयं अपने स्वरूप में निश्चय रहित है तथा

अभिहितोभयप्रकारस्य प्रमाणस्य आदिप्रकारविशेषप्रतिपत्त्यर्थमाह—

निर्विकल्प (=निश्चयरहित तथा भेद विवक्षारहित) मानते हैं । अतः उसके द्वारा किसी भी पदार्थका निश्चय नहीं होसक्ता तब स्वयम् उसयोगीके ज्ञानका भी निश्चय न होनेसे उस (विज्ञानकी) शून्यताका प्रसंग आता है । क्योंकि किसी भी पदार्थका अस्तित्व निश्चय आत्मक ज्ञानके विना सिद्ध नहीं हो सक्ता है ॥

अभिहित-उभय-प्रकारस्य ।॥। प्रमाणस्य ।॥।	=भाषित वा कहे हुये दोनों (परोक्ष तथा प्रत्यक्ष) प्रकारके प्रमाणके
आदि-प्रकार-विशेष-प्रतिपत्ति-अर्थम् ।॥। आह ।'	=प्रथम (परोक्ष ज्ञान) के भेदों के विशेष ज्ञानके लिये कहते हैं कि

दूसरे विकल्पों (=निश्चयात्मक ज्ञानों) से नहीं जाना जा सक्ता है तब उसका अस्तित्व कैसे माना जा सक्ता है अतः

विज्ञानाद्वैतवादी योगाचार बौद्धोंका मत शून्य ही है ॥ उपर्युक्त श्लोकका अनुवादः—

तत्त्वं ।॥। विशुद्धं ।॥। सकलैः ।' विकल्पैः ।। (अतीतम् ।॥।)=(वह विज्ञान) तत्त्व संपूर्ण कल्पनाओं (भेदों)से रहित (=अतीतम्) विशुद्ध वा विशद है	अर्थात् विज्ञानमें ग्राह्य ग्राहक, वाच्य वाचक, वेद्य वेदक और ज्ञेय ज्ञायक कल्पनायें नहीं होनेसे वह विशुद्ध है निर्मल है ।
विश्व-अभिलाप-आस्पदताम् ।॥। अतीतम् ।॥।	=सब (=विश्व) (वक्ताओंकि बोलनेकी) इच्छाकी (=अभिलाषा) योग्यतासे(=आस्पदतासे) रहित है अर्थात् विज्ञान तत्व संसार में अनिर्वचनीय है वा अवक्तव्य है
नच स्वस्य ।॥। वेद्यम् ।॥।	=(वह विज्ञान तत्व) अपने को नहीं जानता है (=वेद्यम) अर्थात् अपना भी ज्ञेय नहीं है।
नच च तत् ।॥। निगद्यम् ।॥।	=और (=च) वह (=तत्=विज्ञानतत्व) (किसी शब्दद्वारा) कहे जाने योग्य (भी) नहीं है
सुषुप्ति-अवस्थ्यं ।॥।	=शयन (=सुषुप्ति) अवस्थावाला है (=अवस्थ्यम्) अर्थात् स्वप्नदशामें रहनेवाले चैतन्य के सदृश है
भवदुःख-बाह्यम् ।॥।	=संसारके दुःख (और विकल्पोंसे) रहित है (=बाह्यम्) ॥१॥ समस्त श्लोकका भावार्थ यह है कि वह विज्ञानतत्व संपूर्ण कल्पनाओंसे रहित होनेसे विशद है तथा विश्वका कोई भी वचन कथन करने को समर्थ नहीं है (=अनिर्वचनीय है) अपनेको नहीं जानता है अर्थात् स्वरूपमें ज्ञान ज्ञेय भाव रहित है और न वह कथन कियेजाने योग्य है । स्वप्नदशामें रहनेवाले चैतन्यके सदृशहै । संसारसंबंधी सर्व क्लेशोंसे रहितहै वा वर्जितहै
इति वचनात् ।॥।	=ऐसे (वचनसे विज्ञानाद्वैतवादी योगाचार बौद्धोंका विज्ञानतत्व शून्य ही सिद्ध हुआ

मतिः स्मृतिः संज्ञा चिन्ताऽभिनिबोध इत्यनर्थान्तरम् ॥१३॥

मतिः स्मृतिः संज्ञा चिन्ताऽभिनिबोध इत्यनर्थान्तरम् ॥१३॥

=मतिः ;॥ स्मृतिः ;॥ संज्ञा ;॥ चिन्ता ;॥ अभिनिबोधः ;। इति-अव्-अर्थ-अन्तरम् ;॥ ॥१३॥

सूत्रार्थः— मतिः =मति अर्थात् मन और इन्द्रियोंसे वर्तमानकालवर्ती पदार्थको अवग्रहादि रूप साक्षात् जानना सो मति (ज्ञान) है ॥

स्मृतिः ;॥ =स्मृतिज्ञान अर्थात् अनुभवित पदार्थोंका कालान्तरमें वा और समयमें स्मरण होना वा सुधि आना सो स्मृति (ज्ञान) है ॥

संज्ञा ;॥ =संज्ञा ज्ञान अर्थात् वर्तमानमें किसी पदार्थको देखकर यह वही है जो पहिले देखा था इस प्रकार जोड़ रूपका ज्ञान होना सो संज्ञा—ज्ञान है वा प्रत्यभिज्ञान है उसके अनेक भेद हैं उनमेंसे मुख्य चार हैं। अर्थात् (१) एकत्व प्रत्यभिज्ञान (२) सादृश प्रत्यभिज्ञान (३) तद्विलक्षण प्रत्यभिज्ञान (४) तत्प्रतियोगी प्रत्यभिज्ञान ॥ एकत्व प्रत्यभिज्ञान स्मृति और प्रत्यक्षके विषयभूत पदार्थमें एकता दिखाते हुये जोड़रूप ज्ञान जैसे किसी पुरुषको देखकर जानले कि-यह प्रथम देखा था सो ही पुरुष है ॥ सादृश प्रत्यभिज्ञान स्मृति और प्रत्यक्षके विषयभूत पदार्थों में सादृश्य दिखाते हुये जोड़रूपज्ञान जैसे किसीने वनमें गवयनामा तिर्यंच, नीलगाव, रोझ, देखकर जाना सो यह गौको देखा था तैसा है। तद्विलक्षण प्रत्यभिज्ञान-स्मृति और प्रत्यक्षके विषय भूत पदार्थों में विलक्षणता दिखाते हुए जोड़रूपज्ञान—जैसे किसी भैंसेको देखकर जानना कि प्रथम जो बैल देखा था उससे विलक्षण ये भैंसा है ॥ तत्प्रतियोगि प्रत्यभिज्ञान किसी वस्तुको निकट देखकर अन्य किसी वस्तुको ऐसा जानना जो यह इससे दूर है ॥

चिन्ता ;॥ =चिन्तवन ज्ञान अर्थात् किसी चिन्हको देखकर "वहांपर इस चिन्ह वाला अवश्य होगा" ऐसा विचार सो चिंतन ज्ञान है। इसको ऊह, ऊहा, तर्क वा व्याप्ति ज्ञान भी कहते हैं ॥ व्याप्तिके ज्ञानको—

(१) दिगम्बर जैन सम्प्रदाय तथा श्वेताम्बर जैन सम्प्रदाय दोनोंमें इस सूत्रका पाठ और अर्थ एकसा है ॥

(२) ऽजिस शब्दके पीछे ऽ ऐसा चिन्ह आवे उस शब्दके अन्तमेंसे एक अकार ली जाती है। जैसे ऊपर चिन्ता शब्दसे एक अकार ली जावेगी ऽऽऐसे दो चिन्ह हों तो ऐसे चिन्होंके पहिले शब्दके अन्तसे दो अकार ली जावेंगी ॥ जैसे शब्दबन्धसौक्ष्म्यस्थौल्यसंस्थानभेदतमश्छाया ऽऽतपो द्योतवन्तश्च ॥ अध्याय ५ सूत्र २४ यहां आतप शब्द छायाके पश्चात् है ॥

तर्क कहते हैं, और अविनाभाव सम्बन्ध को व्याप्ति कहते हैं ॥ जहां जहां साधन (=हेतु) होय, वहां वहां साध्य (=सिद्ध करने की इच्छा किया गया वा साधने योग्य वस्तु,) का होना, और जहां जहां साध्य नहीं होय, वहां वहां साधन के भी न होने को अविनाभाव सम्बन्ध कहते हैं। जैसे जहां जहां धूम है, वहां वहां अग्नि है और जहां जहां अग्नि नहीं है वहां वहां धूम भी नहीं है ॥ अथवा "व्याप्तिज्ञान को तर्क कहिए है। जहां अन्वय व्यतिरेककरि नियम होय सो व्याप्तिज्ञान है। यह याकूं होतें संतें होई यो तो अन्वय अर नहीं होतें संतें नहीं होय ऐसा व्यतिरेक ऐसें दोऊनितें व्याप्तिज्ञान होय है ॥ जैसें अग्नि कें होतें संतें ही धूम होय अर अग्नि का अभाव होतें धूम नाहीं होय इत्यादि निश्चय करने का नाम तर्क है सो प्रमाण है" ॥ अर्थ प्रकाशिका में इसी सूत्र को देखो

अभिनिबोधः [1]।

=आभिनिबोधिकज्ञान वा "स्वार्थानुमान" (ज्ञान) जय० वचनिका पान १४० वा "अनुमान" (ज्ञान-अर्थप्रकाशिका) अर्थात् सन्मुख लिंगादि (=चिन्हादिक) देखकर उस लिंगी वा चिन्हवाले आदिका निश्चय करना सो अभिनिबोध है ॥ जैसे धूम को देखकर अग्नि का निश्चय करना कांचली देखकर सर्पका बोध करना साधन कहिये लिंग-चिन्ह तातैं साध्य कहिये जानने योग्य वस्तु लिंगी-चिन्हवान् ताका निश्चय करना सो स्वार्थानुमान है। तहां साधन ताकूं कहिये, जाकी जहां साध्य वस्तु न होतहां प्राप्ति न होय "जैसे जहां साध्य वस्तु (अग्नि न हो) तहां धूम (अग्निके साधनकी प्राप्ति न होगी "तथा जहां साधन होय तहां साध्य होयही होय" जैसे जहां जहां धूम (अग्निका साधन) होगा वहां २ अग्नि (धूमका साध्य) अवश्य ही होगा ॥ देखो सर्वार्थसिद्धि वचनिका पृष्ठ १४२-१४३ ॥

(१) आभिनिबोधिक—संज्ञामें प्रत्यय मिलाकर अर्थ बदल देते हैं उसीको तद्धित कहते है) यहां सम्बन्धके अर्थमें अभिनिबोधमें ठक् (=अक) प्रत्यय लाकर और उसे (इक) से बदलकर आदि में वृद्धि कर देते हैं जैसे अभिनिबोध-शब्द =आभिनिबोध+ठक् शब्द+ठक् =अभिनिबोध+इक -शब्द+इक, वृद्धि करने से आभिनिबोधिक और शाब्दिक रूप बनाये।

अनुमानः— "साधनसे साध्यके ज्ञानको अनुमान कहते हैं" जैन सिद्धान्त प्रवेशिका पृष्ठ ८॥ "साधन कहिए हेतु तातैं साध्य कहिए साधने योग्य वस्तु ताका विज्ञान सो अनुमान प्रमाण है" साध्यके तीन विशेषण हैं (१) अबाधित वा शक्य—"तहां प्रमाणकरि अबाधित पणाकरि साधिवेकूं शक्य होय सोही साध्य होय है जामें साधने की योग्यता नहीं सो साध्य नाहीं। जैसे आकाशका फूल साधनेकूं शक्य नाहीं॥" अग्नि का ठंडापन प्रत्यक्ष प्रमाण से बाधित है इस कारण यह ठंडापन साध्य नहीं हो सक्ता है॥ (२) अभिप्रेत वा इष्ट—वादी जिसको सिद्ध करना चाहै अथवा जिसको साधनेवाला पुरुष अभिप्रायमें ले, सो ही साध्य है तिस अभिप्रेत विना जगतमें अनेक वस्तु हैं वे साध्य नहीं हैं॥ (३) असिद्ध—जो प्रतिवादीको दूसरे प्रमाणसे सिद्ध न हो अथवा जिसका निश्चय न हो अर्थात् जो पहिले सिद्ध नहीं हुवा है सो साध्य है जो प्रथमही सिद्ध होचुका है उसको क्या साधेगा? सिद्ध हुए को साधन निष्फल है जिसमें कुछ संदेहादिक हो सो असिद्ध है सो ही साधने योग्य है। इस प्रकार के विशेषण युक्त साध्य के सन्मुख जो पूर्वोक्त साधनकरि नियमरूप ज्ञान होय तातैं याकूं अभिनिबोध कहिये॥ साधनके संक्षेपसे दो भेद हैं (१) उपलब्धि (२) अनुपअब्धि॥ अभावके ग्रहणको अनुपलब्धि कहते हैं॥ इन्द्रियमनकरि वस्तुके सद्भावका ग्रहण हो सो उपलब्धि है उसके तीन प्रभेद हैं कार्योपलब्धि जैसे इस पर्वतमें अग्नि है क्योंकि अग्निका कार्य धूम दीखै है। (२) "कारणोपलब्धि जैसे वर्षा होगी जातैं याका कारण बादल सघन दीखे है"॥ (३) स्वभावोपलब्धि जैसे वस्तु उत्पाद-व्यय-ध्रौव्य स्वरूप सहित है॥ (अर्थात् वस्तु उत्पत्ति-विनाश अस्तित्व वा विद्यमानता स्वभाववाली है अध्याय ५ सूत्र ३०) क्योंकि सत्व स्वरूप है। सत्वका स्वभाव ऐसाही है। इत्यादिक साधनके अनेक भेद श्लोकवार्तिक में कहे हैं॥

=वे (अवग्रह बारह प्रकार और) ये (ईहा, अवाय, धारणा छत्तीस प्रकार में से)

प्रत्येकम्।।।पञ्चभिः।।।इन्द्रियद्वारैः।।।मनसा।।। च*
=प्रत्येक पांच इन्द्रियों द्वाराकरि और (=च) मनसे

प्रादुर्भाव्यन्ते T
=आविर्भाव वा प्रगट वा प्रकाश किये जाते हैं अर्थात् अवग्रह, ईहा, अवाय, धारणा प्रत्येक के बारह बारह भेद हैं सो इन अड़तालीस भेदों को पांच और छठा मन पर लगाने से सब दोसौ अठासी भेद हुये

दृष्टान्त वा उदाहरण को यों भी ले सक्ते हैं कि बहुत गायों में काली-श्वेत-कायरी-खांडी-मुंडी अनेक प्रकार की हैं बहुविध तो इन गायों में से नाना प्रकारकी गायों का ग्राही है और एकविध केवल एक वर्णकी गायका ग्रहण करने वाला है ॥ एक विध और बहुविध में यही भेद वा अन्तर है ॥

तत्र बहुबग्रहादयः मतिज्ञानावरणक्षयोपशमप्रकर्षात् प्रभवन्ति । नेतर इति । तेषामभ्यर्हितत्वादादौ ग्रहणं क्रियते ॥ बहुबहुविधयोः कः प्रतिविशेषः ? । यावता बहुषु बहुविधेष्वपि बहुत्वमस्ति ।

तत्र* बहु-अवग्रह-आदयः ;।
मतिज्ञान-आवरण-क्षयोपशम-प्रकर्षात् ;
प्रभवन्ति T इतरे ;।
न* इति*

=वहाँ (सूत्रमें) बहु अवग्रह आदि (=बहु-विध, क्षिप्र, अनिःसृत, अनुक्त, ध्रुव)
=मतिज्ञानावरणीयकर्मके क्षयोपशमकी अधिकतासे वा उत्कर्षतासे
=उपजें हैं। अन्य वा अवशेष अर्थात् अल्प, एकविध, चिर, निःसृत, उक्त, अध्रुव
=ऐसे नहीं हैं अर्थात् ये मतिज्ञानावरणीय कर्मके क्षयोपशमकी उत्कर्षता से
नहीं होते हैं वरन थोडे क्षयोपशमसे होते हैं अतः ये छै पीछे कहे गये हैं

तेषाम् ; अभ्यर्हितत्वात् ;॥
आदौ ;। ग्रहणम् ;॥ क्रियते T बहु-बहुविधयोः ;।
कः ;। प्रतिविशेषः ;। यावता ;। बहुषु ;।
बहुविधेषु ;। अपि* बहुत्वम् ;॥ अस्ति T

=तिन (बहु, बहुविध, क्षिप्र, अनिस्सृत, अनुक्त, ध्रुव) का प्रधान होनेके हेतुसे
=आदि में वा प्रारम्भ में ग्रहण किया गया है। (प्रश्न) बहु और बहुविध में
=क्या भेद वा अन्तर है (क्योंकि) यथार्थ में (=यावता) बहु में और
=बहुविध में भी (=अपि) बहुतपना है

---

(१) आदि शब्देन बहुविधावग्रहादयो गृह्यन्ते ॥

आदि-शब्देन ;। बहुविध-अवग्रह-आदयः ;। =आदि शब्दसे बहुविध अवग्रह आदि अर्थात् क्षिप्रअवग्रह, अनिःसृतअवग्रह, अनुक्तअवग्रह, ध्रुवअवग्रह
गृह्यन्ते T =ग्रहण किये गये हैं

(२) सूत्रे इतरशब्दगृहीता ऽबहुबग्रहादयः ॥

सूत्रे ;॥ इतरशब्द-गृहीताः ;। अबहु-अवग्रह- =इस सोलहवां सूत्रमें इतर शब्दसे लिये गये हैं अबहु अवग्रह
आदयः ;। =आदिक अर्थात् अल्पअवग्रह (वा अबहुअवग्रह) अनेकविधअवग्रह, अक्षिप्रअवग्रह,
निःसृतअवग्रह, उक्तअवग्रह, अध्रुवअवग्रह ॥

एकप्रकारनानाप्रकारकृतो विशेषः ॥ उक्तनिःसृतयोः कः प्रतिविशेषः ? । यावता सकलनिःसरणान्निःसृतम् । उक्तमप्येवंविधमेव ॥ अयमस्ति विशेषः—अन्योपदेशपूर्वकं ग्रहणमुक्तम् । स्वत एव ग्रहणं निःसृतम् ॥ अपरेषां क्षिप्रनिःसृत इति पाठः ॥ त एवं वर्णयन्ति—श्रोत्रेन्द्रियेण शब्दमवगृह्यमाणं मयूरस्य वा कुररस्येति कश्चित्प्रतिपद्यते । अपरः स्वरूपमेवानिःसृत इति ।

एक प्रकार-नाना प्रकार कृतः ;। विशेषः ;।
उक्त-निःसृतयोः ;। कः ;। प्रतिविशेषः ;।
यावता* सकलनिःसरणात् ;।।। निःसृतम् ;।।।
उक्तम् ;।।। अपि* एवम्* विधम् ;।।। एव*
अयम् ;। अस्ति T विशेषः ;। अन्य-उपदेश-
पूर्वकम् ;।।। ग्रहणम् ;।।। उक्तम् ;।।। स्वतस्* एव*
ग्रहणम् ;।।। निःसृतम् ;।।। अपरेषाम् ;। क्षिप्र-
निःसृतः ;। इति* पाठः ;।

ते ;। एवम्* वर्णयन्ति T श्रोत्र-इन्द्रियेण ;।।।
शब्दम् ;। अवगृह्यमाणं ;। मयूरस्य ;। वा कुररस्य ;। वा*
इति* कश्चित* प्रतिपद्यते T
अपरः ;। स्वरूपम् ;।।। एव* अनिःसृतः ;। इति*

=एक प्रकार अनेक प्रकार से किया हुआ भेद अथवा अंतर है
=उक्त और निःसृत में क्या भिन्नता (=प्रतिविशेष) है
=ज्योंका त्यों समस्त प्रगट होनेसे निःसृत है अर्थात् पूरा व्यक्ति हो सो निःसृत है
=उक्त भी इसी (=एवम्) प्रकार ही है अर्थात् उक्तमें भी समस्त प्रगटता है
=(परंतु अनिःसृत और उक्त में) यह भेद है कि दूसरे के उपदेश
=निमित्तक ग्रहण सो उक्त है । अपनेआप (=स्वतस्) ही
=ग्रहण सो निःसृत है । अन्य वा दूसरे (आचार्य) निका क्षिप्र
=निसृत पाठ है अर्थात् सोलहवां सूत्र बहु बहुविध इत्यादिमें "क्षिप्रानिःसृत" के
स्थानमें क्षिप्रनिःसृत पढते हैं अतः निःसृत शब्द पहले छै शब्दों में आता है
=वे (आचार्य) इस प्रकार कहते हैं कि कर्ण इन्द्रिय से
=अवग्रह किया हुआ शब्द मोरका वा कुरचि (कुरर-कूंज) पक्षीका (शब्द) है
=ऐसा कोई प्रतिपादन करते हैं (=कश्चित प्रतिपद्यते) (सो निःसृत है)
=दूसरा रूपही अनिःसृत है अर्थात् सूत्रमें जब प्रथम छै शब्दोंमें निःसृत माना तब उससे
भिन्न अथवा उलटा शब्द अनिःसृत सोलहवां सूत्र बहुबहुविध इत्यादिमें ग्रहण होवेगा

ध्रुवावग्रहस्य धारणायाश्च कः प्रतिविशेषः ? उच्यते । क्षयोपशमप्राप्तिकाले विशुद्धपरिणामसन्तत्या प्राप्तात्क्षयोपशमात्प्रथमसमये यथावग्रहस्तथैव द्वितीयादिष्वपि समयेषु नोनाभ्याधिक इति ध्रुवावग्रह इत्युच्यते ॥ यदा पुनर्विशुद्धपरिणामस्य संक्लेशपरिणामस्य च मिश्रणात्क्षयोपशमो भवति तत उत्पद्यमानोऽवग्रहः कदाचिद्बहूनां कदाचिदल्पस्य कदाचिद्बहुविधस्य कदाचिदेकविधस्य वेति न्यूनाधिक भावात् ध्रुवावग्रह इत्युच्यते ॥ धारणा पुनर्गृहीतार्थाविस्मरणकारणमिति महदनयोरन्तरम् ॥

ध्रुवअवग्रहस्य ;। च* धारणायाः ;॥ कः ;। =ध्रुव अवग्रहके और (=च) धारणाके क्या
प्रतिविशेषः ;। उच्यते T क्षयोपशम प्राप्तिकाले ;। =भेद अथवा अन्तर कहा गया है । क्षयोपशमके लाभ कालमें
विशुद्धपरिणामसन्तत्या ;॥ क्षयोपशमात् ;। =विशुद्ध स्वभावके विस्तार वा सन्तानकरि क्षयोपशमकी
प्राप्तात् ;। प्रथमसमये ;। यथा* अवग्रहः ;। =लब्धि से पहिले समय में जैसा अवग्रह है
तथा* एव* द्वितीयादिषु ;। समयेषु ;। अपि* =तैसा ही दूसरे आदिक समयों में भी (होय)
न* ऊनः ;। न* अभ्यधिकः ;। इति* =न हीन (होय) न अधिक (होय)
ध्रुव-अवग्रहः ;। इति* उच्यते T यदा* पुनर्* =ध्रुव अवग्रह ऐसा कहा गया है । और (=पुनः) जब
विशुद्धपरिणामस्य ;। च* संक्लेशपरिणामस्य ;। =विशुद्ध परिमाणका और (=च) संक्लेश परिमाणका
मिश्रणात् ;। क्षयोपशमः ;। भवति T ततः* =मिलाप होने से वा संयोग से क्षयोपशम होता है । वहां से
उत्पद्यमानः ;। अवग्रहः ;। कदाचिद्* बहूनाम् ;। =उत्पन्न होनेवाला अवग्रह कभी (=कदाचित) बहुतों का
कदाचिद्* अल्पस्य ;। कदाचिद्* बहुविधस्य ;। =कभी थोडों का कभी बहु प्रकार का
वा* कदाचिद्* एकविधस्य ;। इति* न्यून- =अथवा (=वा) कभी एक प्रकार का ऐसे हीन
अधिकभावात् ;। अध्रुव-अवग्रहः ;। इति* उच्यते T =अधिकपना से (=अधिकभावात्) अध्रुवअवग्रह इस प्रकार कहा गया है
धारणा ;। पुनः * गृहीत-अर्थ-अविस्मरण-कारणम्- =पुनि धारणा ग्रहण किये हुये पदार्थका न भूलनेका हेतु (रूपज्ञान) है
इति* अनयोः ;। महत् ;॥ अन्तरम् ;॥ =इस प्रकार इन दोनों (ध्रु। अवग्रह और धारणा) में बडा भेद है ॥

पश्चवग्रहादयो बह्वादीनां कर्मणामाक्षेप्तारः, बह्वादीनि पुनर्विशेषणानि कस्येत्यत आह--

॥ अर्थस्य ॥ १७ ॥

भावार्थ क्षयोपशमकी प्राप्तिके कालविषैं शुद्ध परिणामके संतानकरि पाया जो क्षयोपशम तातैं पहले समय जैसा अवग्रह भया तैसाही द्वितियादिक समयनिविषैं होय है किछु कम भी नाहीं होय अरु अधिक भी नाहीं होय है ताकूं तौ ध्रुवावग्रह कहिये । बहुरि धारणा है जो जा पदार्थकूं ग्रह्या ताकूं नाहीं भूलनेका कारण रूपज्ञान है।" ऐसे ध्रुवावग्रह और धारणा में बड़ा अन्तर वा भेद है ॥ प० जय० वचनिका मुद्रित पृष्ठ १५१, १५२

यदि* अवग्रह-आदयः ;। बहु-आदीनाम् ;। =जो अवग्रह ईहा-अवाय-धारणा (=आदयः) बहु आदिक (बारह)
कर्मणाम् ;॥ आक्षेप्तारः ;। पुनर्*बहु-आदीनि ;॥ =कर्मोंके ग्रहण करने वाले हैं फिर (=पुनः) बहु आदिक (बारह)
कस्य ;। विशेषणानि ;॥ इति* अतः* आह T =किसके विशेषण हैं । ऐसा (प्रश्न होने पर) इस लिये कहते हैं कि

अर्थस्य ॥ १७ ॥ =अवग्रहादयो मतिज्ञान विकल्पाः अर्थस्य भवन्ति

अवग्रह-आदयः ;। मतिज्ञान- =अवग्रह, ईहा, अवाय, धारणा, (=आदयः) जो (पूर्वोक्त २८८) मतिज्ञान के
विकल्पाः ;। अर्थस्य ;। भवन्ति T =भेद हैं सो अर्थ, पदार्थ, द्रव्य वा वस्तु के होते हैं भावार्थ

ये बहु, अल्प, बहुविध, अल्पविध, क्षिप्र, अक्षिप्र, अनिःसृत, निःसृत, अनुक्त, उक्त, और ध्रुव-अध्रुव बारह हैं ते द्रव्य, वस्तु, अर्थ वा पदार्थके विशेषण हैं और अर्थ (पदार्थ-वस्तु-द्रव्य) इन बहु आदिकका विशेष्य है और अवग्रह, ईहा, अवाय-धारणा बहु आदिक (बारह) कर्मोंके ग्रहण करने वाले हैं जैसे अल्प पदार्थका अवग्रह बहु-वस्तु वा पदार्थका अवग्रह इत्यादि अवग्रहके बारह; अल्प पदार्थ का ईहा, बहु पदार्थका ईहा इत्यादि ईहा के बारह; बहुद्रव्य वा अर्थका अवाय, अल्प अर्थ वा पदार्थका अवाय ऐसे अवायके बारह; इसी प्रकार बहुवस्तुका धारणा अल्प वस्तु वा अर्थ का धारणा इत्यादि बारह, ऐसे ४८ हुये पांच इन्द्रिय और छठे

दोनों सम्प्रदायों में इस सूत्र का पाठ और अर्थ एकसा है

चक्षुरादिविषयोऽर्थः। तस्य बह्वादिविशेषणविशिष्टस्य अवग्रहादयो भवन्तीत्यभिसम्बन्धः क्रियते॥ किमर्थमिदमुच्यते यावता बह्वादिरर्थ एव? सत्यमेव किन्तु प्रधानादिपरिकल्पनानिवृत्यर्थम्।

मनपर प्रत्येक ४८ भेदको लगाने से सर्व २८८ हुये (देखो पृष्ठ ३७०-३७८)

पदच्छेद और विभक्त्यर्थ सहित इस सत्रहवां सत्रपर सर्वार्थसिद्धिका शब्दशः भाषानुवाद

चक्षुः आदि-विषयः ;	= नेत्रादिक इन्द्रियोंका विषय वा नेत्रादिक इन्द्रियोंसे ग्रहण होनेवाला (सो)
अर्थः ;। तस्य ; बहु-आदि-विशेषण-	= अर्थ है। तिस (अर्थ) के बहु आदिक (बारह) विशेषण हैं।
विशिष्टस्य ; अवग्रह-	= (उपर्युक्त अर्थ) विशेष्य के (= विशिष्टस्य) अवग्रह
आदयः ;। भवन्ति। इति॰ अभिसम्बन्धः ;।	= ईहा अवाय-धारणा (= आदयः) होते हैं। ऐसे संबंध (अर्थ और अवग्रह आदि में)
क्रियते।	= किया गया है अर्थात् द्रव्य, वस्तु, अर्थ वा पदार्थ के अवग्रह, ईहा, अवाय, धारणा ज्ञान होते हैं। ऐसा अभिसंबंध 'अर्थ' और अवग्रह आदिका आपसमें है।
यावता ;। बहु-आदिः ;। अर्थः ;।	= (प्रश्न) जब (= यावता) बहुआदि (बारह) अर्थ वा वस्तु
एव॰किम् ;॥। अर्थम ;॥। इदम ;॥। उच्यते। सत्यम्-;।	= ही (= एव) हैं तो किसलिये यह (सूत्र) कहागया है। (उत्तर) सत्य वा ठीक
एव॰किन्तु॰ प्रधानादि-परिकल्पना-निवृत्ति-अर्थम् ;॥।	= ही (तुम्हारा कहना) है परन्तु अन्य वादियोंकी कल्पनाके निषेधके लिये

(१) तस्य बह्वादि विशेषण विशिष्टस्य = तस्य बहु-आदि-विशेषणेन विशिष्टस्य यहां ॥ विशेषण शब्द करण तृतीया विभक्तिमें है समासके कारण करण विभक्तिका लोप है। अतः वाक्य का क्रम ऐसे है कि 'तस्य विशिष्टस्य बहु आदि विशेषणेन अवग्रह आदय भवन्ति।

तस्य ; विशिष्टस्य ;। बहु-आदि विशेषणेन ;॥। अवग्रह-आदयः ;। भवन्ति। = विशेषणकरि वा गुणवाचककरि अवग्रह, ईहा, अवाय, धारणा (ज्ञान) होते हैं।

अर्थस्येत्युच्यते । केचित्प्रवादिनो मन्यन्ते रूपादयो गुणा एव इन्द्रियैः सन्निकृष्यन्ते तेषामेव ग्रहणमिति । तदयुक्तम् । नहि ते रूपादयो गुणा अमूर्ता इन्द्रियैः सन्निकर्षमापद्यन्ते । न तर्हि इदानीमिदं भवति रूपं मया दृष्टं, गन्धो वा घ्रात इति भवति कथम् ।

अर्थस्य ;। इति॰ उच्यते। । केचित॰ प्रवादिनः ;। = 'अर्थस्य' ऐसा (सूत्र) कहा गया है । (क्योंकि) कोई (= केचित्) अन्यवादी
मन्यन्ते। रूप-आदयः ;। गुणाः ;। एव॰ इन्द्रियैः ;॥। = मानते हैं (कि) रूपादिक गुण ही इन्द्रियोंकरि
सन्निकृष्यन्ते। तेषाम् ;। एव॰ = स्पर्श जाते हैं वा ग्रहण किये जाते हैं (= सन्निकृष्यन्ते)। तिन (रूपादिक गुणों)का ही
ग्रहणम् ;॥। = अवग्रह होता है (ग्रहणम्) (नकि द्रव्योंका अवग्रह इन्द्रियों से होय है) ॥
इति॰ तद् ;॥। अयुक्तम् ;॥। = ऐसी (कल्पना) है वह ठीक नहीं है । अर्थात् ऐसा मानना कि इन्द्रियों द्वारा
रूपादिक गुणोंका ही ग्रहण होता है द्रव्यका ग्रहण नहीं होता है ठीक नहीं है ।
उक्त कल्पनाके निषेध के लिये यह सूत्र कहा है ।
रूप-आदयः ;। गुणाः ;। अमूर्ताः ;। = (क्योंकि परमतकी अपेक्षासे) रूपादिक गुण अमूर्तिक (आकार रहित) हैं ।
ते ;।इन्द्रियैः ;॥। सन्निकर्षम्;। न॰ हि॰ आपद्यन्ते। = वे (रूपादिक गुण जैन मतानुसार) इन्द्रियोंकरि सन्निकर्ष वा स्पर्शको नहीं प्राप्त होतेहैं ।
तर्हि॰ इदानीम्॰ = (अन्यवादी फिर प्रश्न करता है कि) तौ (= तर्हि) इस समय
इदम्;॥। न॰ भवति। रूपम् ;॥। मया;। दृष्टम्;॥। = यह (कथन) नहीं बनता है कि रूप मुझसे देखा गया
गन्धः ;। वा॰ घ्रातः ;। इति॰ भवति। कथम्॰ = वा गंध मुझसे सूंघा गया । ऐसा कैसे (प्रतीति) होगा [शब्दशः होता है] अर्थात्
वादी कहता है कि यदि आप रूपादिक गुणका इन्द्रियोंके साथ संबंध न मानेंगे तो
(मैंने रूप देखा और मैंने गंध सूंघा यह प्रतीति न होगी ॥ (उत्तर)

---

(१) परमत-अपेक्षया ;॥। (परमतापेक्षया)

= अन्यमतकी अपेक्षासे । संस्कृतवृत्ति पृष्ठ ११४ की टिप्पणीके आधारपर अनुवाद में 'परमतकी अपेक्षासे' ऐसा वाक्य कोष्ठकमें अधिक लिखदिया है ॥

इयर्तिपर्यायांस्तैर्वार्ष्यंत इत्यर्थो द्रव्यं ।

पर्यायान् ।१। इयर्ति वा ॥ तैः ।३। अर्यते	= जो पर्यायोंको प्राप्त होता है अथवा (=वा) तिन (पर्यायों) करि (=तैः) जो प्राप्त किया जाता है ।
इति ॥ अर्थः ।१। द्रव्यम् ।१॥	= ऐसा अर्थ अर्थात् पदार्थ वा वस्तु है (सो गुण पर्यायोंका समुदाय) द्रव्य है ।

(१) इयर्ति—यह शब्द जुहोत्यादि तीसरे गणके ऋ (=जाना, गमन करना) धातुके प्रथम (अन्य) पुरुष कर्त्तरि प्रधान परस्मैपद एक वचन वर्तमान कालकी क्रियाका रूप है। यह रूप इस प्रकार बना है कि तृतीयगणके धातुओंके अंग बनानेमें धातु कुछ नियमोंके अनुकूल दोहराया जाता है। इस ऋ धातुमें "एकाचो द्वे प्रथमस्य" ६-१-१ अष्टाध्यायी ॥ (धातुके) प्रथम एकाच (अवयव) को द्वित्व हो अर्थात् वे धातु जिनमें एक स्वर हो तो उस स्वरको दुहरा देते हैं (जैसे ऋ धातु का स्वर दोहराने से ऋ ऋ ऐसा रूप बना) यदि धातुके प्रारंभमें व्यंजन हो तो प्रारंभिक व्यंजन सहित स्वरको दोहरा देते हैं (जैसे पुष्=पोषना का पुपुष् रूप हो जाता है) ॥ श्लु (जुहोत्यादि का विकरण) परे हो (पश्चात्में आवे) तो अर्ति और पिपर्ति धातुओंके अभ्यास को इ आदेश हो जाय अर्थात् ऋ ऋ रूपके प्रथम ऋ के स्थानमें इ होवे अतः ऋ ऋ=इ ऋ (७-४-७७ अष्टाध्यायी)=इ य् ऋ (अभ्यासस्यासवर्णे=अभ्यासस्य-असवर्णे (य्वोःइयङ्-उवङौ)=असवर्ण अच् परे हो तो अभ्यासके इवर्ण और उवर्ण को इयङ् (=इय्) उवङ् (=उव्) आदेश हो ॥६-४-७८ टिप्पणी पृष्ठ ५६से इस ऋका गुण होकर इय्अर् ऐसा रूप हुआ इसमें प्रथम पुरुष कर्तरि प्रधान परस्मैपद एक वचन वर्तमान कालकी क्रियाका ति प्रत्यय जोड़नेसे इय्अर ति हुआ=इयर्ति ।

(२) अर्यते—धातु शी (अदादि द्वितीयगण आत्मने पदी)=सोना-शयन करना)के ई स्वरके स्थानमें ङित् संज्ञक प्रत्ययके पहिले जिसके प्रारम्भमें य हो और धातु ऋ (प्रथम और तीसरे गणका धातु परस्मैपदी=प्राप्त करना, जाना) और जागृ (=जगना द्वितीयगण के) गुण होजाते हैं आत्मने पदका ते प्रत्यय कर्मणि प्रधानमें लगाया जाता है अतः शी द्वितीय गण आत्मनेपदी=शय्यते सुलाया जाता है जागृ= द्वितीयगण परस्मैपदी जागर्यते=जगाया जाता है (देखो धातु रूप चंद्रिका पृष्ठ ३६४) ऋ=अर् (गुण संज्ञा करनेसे) य कर्मणि प्रधान प्रत्यय लगानेसे अर्य हुआ पश्चात् ते प्रथम पुरुष कर्मणि प्रधान आत्मनेपदी एक वचन वर्तमान कालकी क्रियाका लगाने से अर्य+ते अर्यते प्राप्तकिया जाता है ॥

तस्मिन्निन्द्रियैः सन्निकृष्यमाणे तदव्यतिरेकाद्रूपादिष्वपि संव्यवहारो युज्यते ॥ किमिमे अवग्रहादयः सर्वस्येन्द्रियानिन्द्रियस्य भवन्ति उत कश्चिद्विषयविशेषोऽस्तीत्यत आह ॥

व्यञ्जनस्यावग्रहः ॥ १८ ॥

तस्मिन् ७।।। इन्द्रियैः ३।।। सन्निकृष्यमाणे ७। रूपादिषु ७।	=तिस (द्रव्य) में इन्द्रियों से संबंध होने पर (= सन्निकृष्यमाणे) रूपादिकों में
अपि* तद्-अव्यतिरेकात् ५। संव्यवहारः १।	=भी उस (द्रव्य) से (उन रूपादिकोंके) अभिन्न होने (के निमित्त) से व्यवहार
युज्यते T	=प्रवर्तता है अर्थात् जब द्रव्य से और इन्द्रियों से संबंध होता है तब (क्योंकि रूपादिक गुण द्रव्य से सदा अभिन्न हैं) उन गुणों में ऐसा व्यवहार प्रवर्तता है कि रूप मैंने देखा वा गंध मैंने सूंघा इत्यादि
किम् १।।। इमे १।। अवग्रह-आदयः १। सर्वस्य १।	=(प्रश्न) क्या ये अवग्रह ईहा अवाय धारणा (=आदय) सब
इन्द्रिय-अनिन्द्रियस्य ६।। भवन्ति T उत* कश्चित्*	=इन्द्रियों (तथा) मनके होते हैं अथवा (=उत) कोई (=कश्चित्)
विषय-विशेषः १। अस्ति T इति* अतः* आह T	=विषयका भेद वा अन्तर है ? ऐसा (पूछने पर) इसलिये (आचार्य) कहते हैं कि

॥ व्यञ्जनस्यावग्रहः ॥ १८ ॥ =व्यञ्जनस्यावग्रहः (एव भवति नेहादयः)

व्यञ्जनस्य ६।। अवग्रहः १।।।	=अव्यक्त वा अप्रगट (जे शब्दादिक) पदार्थ है तिसका अवग्रहरूपज्ञान
एव* भवति T न ईहा-आदयः १।	=ही (=एव) होता है न कि ईहा अवाय और धारणारूप ज्ञान होते हैं अर्थात् इस प्रकार अवग्रह ज्ञान दो प्रकार का होता है एक तो व्यक्त-प्रगट वस्तुओंके संबंध में दूसरा अव्यक्त वा अप्रगट वस्तुओंके संबंधमें परंतु ईहा-अवाय-धारणा ये तीन ज्ञान केवल प्रकट वा व्यक्त पदार्थोंके संयोगमें होते हैं क्योंकि जब पदार्थ अधिक जानने योग्य होजाता है अथवा यों कहिये कि जब पदार्थ व्यक्त होजाता है तब व्यञ्जनावग्रह नहीं रहता है

(१) दोनों आम्नायोंमें इस सूत्रका पाठ और अर्थ एकसा है ॥ (२) व्यञ्जन = (i) चिन्ह (ii) दाढी (iii) चटणी-तेमन (iv) गुह्य अवयव (v. व्यञ्जन नामक वर्ण। देखो अमर कोश २३ वर्ग श्लोक ११६

व्यञ्जनमव्यक्तं शब्दादिजातं तस्यावग्रहो भवति। किमर्थमिदं? नियमार्थं, अवग्रह एव नेहादय इति।

अर्थावग्रह हो जाता है जैसे माटीके डेल अथवा नवीन भोलुआ-मटकना वा और कोई मिट्टीका नवीन भाजन लीजिये और उसमें जलके कण-बूंदें डालिये तहां दो तीन आदि कण तक सींचा हुआ गीला वा आला नहीं होता है तब तक अव्यक्त है तिसको व्यंजन कहिये और वही उक्त भाजन जब धीरे धीरे (मंद मंद) गीला हो जाय तब व्यक्त होता है। तैसे ही कर्ण आदिक इन्द्रियोंके अवग्रह में शब्दादिरूप परिणमें पुद्गलके सकन्ध दो तीन आदि समयोंमें ग्रहण हुये प्रकट ग्रहण नहीं होते हैं व्यक्त ग्रहण में नहीं आते हैं तब तक व्यंजनावग्रह है॥ पुनि पुनि उन पुद्गल स्कन्धोंके ग्रहण होनेपर प्रगट होते हैं तब अर्थावग्रह है इस प्रकार व्यक्त ग्रहणसे पूर्व पूर्व तो व्यंजनावग्रह है व्यक्त ग्रहण होने पर वही अर्थावग्रह है इसलिये अप्रगट वा अव्यक्तके ग्रहणमें अवग्रह ही होता है ईहा अवाय धारणा इन तीनोंमेंसे कोई भी नहीं होता है॥

॥ पदच्छेद और विभक्त्यर्थसहित इस अठारहवां सूत्रपर संस्कृत सर्वार्थसिद्धिका शब्दशः हिंदी अनुवाद ॥

व्यञ्जनम् ।॥। अव्यक्तम् ।॥। शब्द-आदि-जातम् ।॥। = व्यंजन अर्थात् अप्रगट शब्दादिकों का समूह है
तस्य ।॥। अवग्रहः ।। भवति। = तिस (व्यंजन) का अवग्रहरूप (ज्ञान) होता है
किम् ।॥। अर्थम् ।॥। इदम् ।॥। नियम-अर्थम् ।॥। = (प्रश्न) यह (अठारहवां सूत्र) किस लिये (कहागया) है। निश्चय के लिये है
अत्रमह॰ ।। एव॰न॰ ईहा आदयः ।। इति॰ = (अर्थात व्यंजन का) अवग्रह (ज्ञान) ही होता है नकि ईहा अवाय धारणा॥

स तर्हि एवकारः कर्तव्यो न कर्तव्यः ? । सिद्धे विधिरारभ्यमाणो नियमार्थ इति अन्तरेणैवकारं नियमार्थो भविष्यति ॥ ननु अवग्रहग्रहणमुभयत्र तुल्यं तत्र किं कृतोऽयं विशेषः ? ॥

सः १। तर्हि* एवकारः १।	= (प्रश्न-यह सूत्र यदि) नियमार्थ (=सः) है तो (=तर्हि) एवकार
कर्तव्यः १।	= (इस सूत्रमें) लाना चाहिये (कर्तव्यः)
	भावार्थ—जो यह सूत्र निश्चय वाचक है तो इसमें अवग्रह शब्दके पश्चात् "एव" शब्द लाते और सूत्र ऐसा होता "व्यंजनस्यावग्रह एव" ॥
न* कर्तव्यः १।	= (उत्तर—एव इस सूत्रमें) नहीं लाना चाहिये
सिद्धेः ५॥ विधिः १।	= (सत्रहवां सूत्रमें अवग्रह शब्दका) विधान सिद्ध होने (के हेतु) से
आरभ्यमाणः १। नियम-अर्थः १। इति*	= (पुनि इस सूत्र में अवग्रह शब्दका) आरम्भ किया जाना नियमके लिये है
अन्तरेण* एवकारम् २।	= बिना (=अन्तरेण) एवकार (अर्थात् इस सूत्रमें बिना एव शब्द लाये हुये ही)
नियम-अर्थः १। भविष्यति ३। ननु अवग्रह-ग्रहणं १॥	= नियमके लिये (यह सूत्र) होगा । प्रश्न (=ननु) अवग्रहका लाना
उभयत्र* तुल्यम् १॥	= दोनों स्थानोंमें (अर्थात् अर्थमें तथा व्यंजनमें) समान है
तत्र* अयम् १।	= उस स्थानमें (=तत्र-अर्थावग्रह सूत्र १७ में और) यहां (=अयम्)
किं* कृतः १। विशेषः १। ॥	= अर्थात् (व्यंजनावग्रह सूत्र १८में) क्या विशेष, भेद वा अन्तर कियागया है

(१) "इदम् (त्रि०) (अयं-पु०; इयं-स्त्री०; इदं-न०) यह किसी ऐसी चीज़को जतलाता है जो कहने हारेके ढिग हो । यह । यहाँ" पद्म० पृष्ठ ७६ । यहांके अर्थमें लिया है ॥

(२) विशेषाभावे षट् त्रिंशत्त्रिंशत मतिज्ञान संख्या विघटनादित्यभिप्रायः पूर्वपक्षिणः ।

विशेष-अभावे ७। षट्त्रिंशत्त्रिंशत-मतिज्ञान-संख्या-विघटनात् ५॥ इति अभिप्रायः १। पूर्वपक्षिणः १।	=(अर्थावग्रह और व्यंजनावग्रहके भेद न होनेमें तीनसौ छत्तीस मतिज्ञानके =(भेदोंकी) गणनाके न्यून करने (के हेतु) से है—ऐसा अभिप्राय प्रश्नकर्ता का है

अर्थावग्रहव्यञ्जनावग्रहयोर्व्यक्ताव्यक्तकृतो विशेषः । कथम् । अभिनवशरावार्दीकरणवत् । यथा जल कणद्वित्रिसिक्तः शरावोऽभिनवो नार्द्रीभवति, स एव पुनःपुनः सिच्यमानः शनैस्तिम्यते, एवं श्रोत्रादिष्विन्द्रियेषु शब्दादिपरिणताः पुद्गला द्वित्र्यादिषु समयेषु गृह्यमाणा न व्यक्तीभवन्ति, पुनःपुनरवग्रहे सति व्यक्तीभवन्ति ॥ अतो व्यक्तग्रहणात्प्राग्व्यञ्जनावग्रहः । व्यक्तग्रहणमर्थावग्रहः । ततोऽव्यक्तावग्रहणादीहादयो न भवन्ति

अर्थ-अवग्रह-व्यंजन-अवग्रहयोः ७। व्यक्त-अव्यक्त-	=अर्थावग्रह और व्यंजनावग्रहमें प्रगट और अप्रगट
कृतः १। विशेषः १।	=कृत भेद वा अन्तर है अर्थात् प्रगट पदार्थोंका ग्रहण हो सो अर्थावग्रह है और अप्रगट वस्तुओंका ग्रहण हो सो व्यंजनावग्रह है
कथम्* अभिनव-	=(प्रश्न) किस प्रकार है (उत्तरमें कहते हैं कि) नवीन (माटीका)
शराव-आर्दीकरणवत्* यथा* जल-	=कटोरा वा सकोराके भिजोने (गीला करने)के सदृश है । जैसे जलके
कण-द्वि-त्रि-सिक्तः १। शरावः १। अभिनवः १। न*आर्दी-	=दो तीन कणसे सींचा हुआ नवीन माटीका कटोरा गीला नहीं
भवति। सः १। एव*पुनः*पुनः* सिच्यमानः १।	=होता है (तबतक अव्यक्त है) वो (=सः) ही (=एव) फिर फिर सींचा हुआ
शनैः* तिम्यते	=धीरे धीरे (=शनैः) गीला होजाता है (तब व्यक्त है)
एवं* श्रोत्र-आदिषु७।।। इन्द्रियेषु७।।। शब्दादि-परिणताः १।	=ऐसे कर्ण आदिक इन्द्रियों (के अवग्रह)में शब्दादिक रूप परिणम्या
पुद्गलाः १। द्वि-त्रि-आदिषु७। समयेषु७। गृह्यमाणाः १।	=पुद्गलके स्कन्ध (=पुद्गलाः) दो तीन आदिक समयोंमें ग्रहण हुये (=गृह्यमाणाः)
न व्यक्तीभवन्ति पुनः* पुनः*	=प्रकट नहीं होते हैं (तबतक व्यंजनावग्रह है) वार वार
अवग्रहे ७। सति ७। व्यक्तीभवन्ति।	=(उन पुद्गलस्कन्धोंके) ग्रहण (=अवग्रह) होनेपर प्रगट होते हैं (तब अर्थावग्रह होता है)॥
अतः* व्यक्त-ग्रहणात् ५।।। प्राग्-व्यंजन-अवग्रहः १।	=इसलिये प्रगट ग्रहणसे पहिले पहिले व्यंजनावग्रह है
व्यक्त-ग्रहणम् १।।। अर्थ-अवग्रहः १। । ततः अव्यक्त-	=प्रगटका ग्रहण (है सो) अर्थावग्रह है । तिससे अप्रगटके
अवग्रहणात् ५।।। ईहा-आदयः १। न भवन्ति।	=ग्रहणसे ईहा-अवाय-धारणा नहीं होते हैं

(१) आर्दीकरणवत्-आर्दीभवति-व्यक्तीभवति—अनार्दः आर्दः सम्पद्यते = आर्दीकरोति-आर्दीभवति-व्यक्ती भवति = गीला करता है अगीला गीला होजाता है अव्यक्त व्यक्त हो जाता है ऐसे आर्दीकरोति-आर्दीभवति-व्यक्तीभवति हैं अर्थात् जो पहले गीला न हो पश्चात् गीला हो जावे ॥

सर्वेन्द्रियाणामविशेषेण व्यञ्जनावग्रहप्रसंगे यत्रासम्भवस्तदर्थप्रतिषेधमाह –

न चक्षुरनिन्द्रियाभ्याम् ॥ १९ ॥

सर्व–इन्द्रियाणाम् $\frac{६}{ब}^{111}$ अविशेषेण $\frac{३}{त}^{1}$ व्यञ्जनावग्रह–
असंगे $\frac{७}{स}^{1}$ यत्र*
असम्भवः $\frac{१}{प्र}^{1}$ तद्–अर्थम् $\frac{२}{द्वि}^{111}$ प्रतिषेधम् $\frac{२}{द्वि}^{1}$ आह T

सूत्रम्–न [१]चक्षुरनिन्द्रियाभ्याम् ॥ १९ ॥

सूत्रार्थ–चक्षुर्–अनिन्द्रियाभ्याम् $\frac{३}{त}^{111}$

व्यंजन–अवग्रहः $\frac{१}{प्र}^{1}$ न* भवति T

= (पूर्वोक्त कथन में) विशेष न होनेसे समस्त इन्द्रियों के व्यंजनावग्रहका
= संयोग या सम्बन्ध आनेपर जहां (जिस जिस इंद्रियमेंव्यंजनावग्रह)
= असम्भव है। तिस (व्यंजनावग्रह) के लिये निषेध (को) कहते हैं कि
= (व्यंजनस्यावग्रहो) न(भवति) चक्षुरनिन्द्रियाभ्याम्
= नेत्रइन्द्रिय और अनिन्द्रिय (मन,ईषत् इंद्रिय, नो इंद्रिय वा अन्तःकरण) से
= अप्रगट पदार्थों का वा अव्यक्त वस्तुओं का अवग्रहरूप ज्ञान नहीं होता है।
(किंतु स्पर्शन-रसन-घ्राण-श्रोत्र इनचार इन्द्रियों द्वारा व्यंजनावग्रह होता है)

व्याख्या: – उपर्युक्त अर्थ से प्रगट है कि "न चक्षुरनिन्द्रियाभ्याम्" सूत्र में "व्यंजनस्यावग्रह" अठारहवाँ समस्त सूत्र की अनुवृत्ति आती है और उन्नीसवां सूत्र अठारहवां सूत्र का अपवाद है अर्थात् व्यंजनस्यावग्रह सूत्र से यह झलकता है कि पांच इन्द्रिय और छठवां मन इन छहो द्वारा अप्रगट पदार्थों का अवग्रहरूप ज्ञान होता है। यह सूत्र उपर्युक्त सूत्र का केवल इतना विरोधक है कि व्यंजन (अप्रगट) पदार्थों का अवग्रहरूपज्ञान नेत्र और मन को छोड़कर अवशेष स्पर्शन-रसन-घ्राण-श्रोत्र चार इन्द्रियों द्वारा (अवग्रह रूप ज्ञान) होता है। ध्यान रहे कि व्यंजन पदार्थ के द्वारा आवाप धारणा किसी भी इन्द्रिय से

व्यक्त हो जावै उसको आर्द्री भवति और व्यक्ती भवति कहते हैं॥ अष्टाध्यायी ५-४-५० सूत्र से अभूततद्भावे कृभ्वस्तियोगे संपद्यकर्तरिच्विः = अभूततद्भावे कृ-भू-अस्ति-योगे सम्पद्यकर्तरि च्विः = सम्पद्य कर्ता में (वर्तमान प्रातिपदिक से) कृ (=करना) भू (=होना) अस्ति (होना) के योग में च्वि (=इ) प्रत्यय हो जो अवस्था प्रथम न थी उसके हो जाने पर (च्वि प्रत्यय हो) इसलिये आर्द्र+इ भवति, आर्द्र इ करोति, व्यक्त इ भवति क्रम से हुये॥ अस्य च्वौ सूत्र (७–४–३२) द्वारा = अस्य च्वौ (ई)॥ च्विके पहिले अंग के अन्त अ के स्थान में ई हो, अतः आर्द्री भवति आर्द्री करोति, व्यक्ती भवति रूप हुये—(१) दोनों समास में इस सूत्र का पाठ अर्थ यक्त है।

नहीं होवे । क्योंकि व्यंजन पदार्थ का अवग्रहरूप ज्ञान ही होता है ईहा आदाय धारणा कदापि नहीं हो सकते । प्रश्न-नेत्र इन्द्रिय और मन अनिन्द्रिय द्वारा व्यंजन वा अव्यक्त पदार्थ का अवग्रहरूप ज्ञान क्यों नहीं होता है ? उत्तरः— क्योंकि "नेत्र इन्द्रिय और मन ए दोऊ पदार्थनितैं भिडकरि नाहीं जानैं हैं अपने विषय कूं दूरि ही तैं जानैं हैं यातैं ए दोऊ इन्द्रिय अप्राप्यकारी हैं ॥ जैसे नेत्र आपके मध्य तिष्ठता अञ्जनकूं नाहीं जानैं हैं दूरि ही तिष्ठता पदार्थ कूं जानैं हैं ॥ अर मन है सोहू दूरि तिष्ठता पदार्थ कूं विचार में ले है । ऐसैं नेत्र अर मन ए दोऊ अप्राप्यकारी हैं" अर्थ प्रकाशिका पृष्ठ ४९ ॥ अप्राप्यकारी = पदार्थों से भिडकर स्पर्शनकरि नहीं जानते हैं दूरि ही से जानते हैं ॥ इन दोनों सूत्रों का सार यह है कि 'अव्यक्त पदार्थों का अवग्रहरूप ज्ञान भी केवल स्पर्शन, रसन, घ्राण और श्रोत्र द्वारा होता है और इनका फल यह हुआ कि स्पर्शन, रसन, घ्राण, और श्रोत्र इन चार ही इन्द्रियों से व्यंजनावग्रह वा अव्यक्त पदार्थों का अवग्रहरूप ज्ञान होता है और व्यंजन वा अप्रगट पदार्थों के ईहा, अवायरूप, और धारणारूप ज्ञान नहीं होते हैं इसलिये स्पर्शन, रसन, घ्राण, और श्रोत्र इन प्रत्येक इन्द्रियों से प्राप्त हुये व्यंजनावग्रहरूप ज्ञान को बहु एक [अल्प] बहुविध, एकविध, क्षिप्र, अक्षिप्र, अनिःसृत, निःसृत, अनुक्त, उक्त, ध्रुव, अध्रुव, में से पृथक २ पर लगावने से व्यंजनावग्रह [अर्थात् अप्रगट पदार्थ के अवग्रहरूप ज्ञान] के निम्न लिखित अडतालीस भेद होते हैं :—

(१) स्पार्शन बहुव्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान ।
(२) स्पार्शन अल्प व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान ।
(३) स्पार्शन बहुविध व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान ।
(४) स्पार्शन अल्पविध व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान ।
(५) स्पार्शन क्षिप्र व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान ।
(६) स्पार्शन अक्षिप्र व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान ।
(७) स्पार्शन अनिस्सृत व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान ।
(८) स्पार्शन निस्सृत व्यंजन अवग्रहरूप मतिज्ञान ।
(९) स्पार्शन अनुक्त व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान ।
(१०) स्पार्शन उक्त व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान ।
(११) स्पार्शन ध्रुव व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान ।
(१२) स्पार्शन अध्रुव व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान ।

(१३) रासन बहु व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान।
(१४) रासन अल्प व्यंजन का अवग्रह रूप मतिज्ञान।
(१५) रासन बहुविध व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान।
(१६) रासन अल्पविध व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान।
(१७) रासन क्षिप्र व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान
(१८) रासन अक्षिप्र व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान।
(१९) रासन अनिस्सृत व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान
(२०) रासन निस्सृत व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान
(२१) रासन अनुक्त व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान
(२२) रासन उक्त व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान
(२३) रासन ध्रुव व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान
(२४) रासन अध्रुव व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान
(२५) घ्राणज बहु व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान
(२६) घ्राणज अल्प व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान
(२७) घ्राणज बहुविध व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान
(२८) घ्राणज अल्पविध व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान
(२९) घ्राणज क्षिप्र व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान।
(३०) घ्राणज अक्षिप्र व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान।
(३१) घ्राणज अनिस्सृत व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान
(३२) घ्राणज निस्सृत व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान
(३३) घ्राणज अनुक्त व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान
(३४) घ्राणज उक्त व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान
(३५) घ्राणज ध्रुव व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान
(३६) घ्राणज अध्रुव व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान
(३७) श्रावण बहु व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान
(३८) श्रावण अल्प व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान
(३९) श्रावण बहुविध व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान
(४०) श्रावण अल्पविध व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान
(४१) श्रावण क्षिप्र व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान
(४२) श्रावण अक्षिप्र व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान
४३) श्रावण अनिस्सृत व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान
(४४) श्रावण निस्सृत व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान।
(४५) श्रावण अनुक्त व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान
(४६) श्रावण उक्त व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान
(४७) श्रावण ध्रुव व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान
(४८) श्रावण अध्रुव व्यंजन का अवग्रहरूप मतिज्ञान।

मतिज्ञान के २८८ भेद पृष्ठ ३७० से ३७८ तक लिखे ४८ भेद ये हुये ऐसे ३३६ भेद सर्व मिलकर हुये।

पदच्छेद और विभक्तयर्थ सहित इस (उन्नीसवां) सूत्र पर सर्वार्थसिद्धि वृत्तिका शब्दशः भाषानुवाद॥

चक्षुषा अनिन्द्रियेण च व्यंजनावग्रहो न भवति। कुतः ? अप्राप्यकारित्वात् ॥ यतोऽप्राप्तमर्थमविदिकं युक्तसन्निकर्षविशेषेऽवस्थितं बाह्यप्रकाशाभिव्यक्तमुपलभते चक्षुः, मनश्चाप्राप्तमतो नानयोर्व्यंजनावग्रहोऽस्ति ॥ चक्षुषोऽप्राप्यकारित्वं कथमप्यवसीयते ? । आगमतो युक्तितश्च ॥ आगमतस्तावत्–

चक्षुषा $\frac{३}{१}^{III}$ च* अनिन्द्रियेण $\frac{३}{१}^{III}$ व्यंजन-अवग्रह $\frac{१}{१}$ = नेत्र से और (= च) अन्तः करण से अप्रगट वस्तु का अवग्रहरूप ज्ञान (भी)
न* भवति T कुतः* अप्राप्यकारित्वात् $\frac{५}{१}^{III}$ = नहीं होता है। (प्रश्न) क्योंकर ? अस्पर्शक्रियापन से अर्थात् नेत्र और मन
ये दोनों बिना स्पर्श किये हुये वा बिना भिड़े हुये [दूरही से] पदार्थ को ग्रहण करते हैं।

यतः* अप्राप्तम् $\frac{२}{१}$ अर्थम् $\frac{२}{१}$ अविदिकम् $\frac{२}{१}$ = क्योंकि बिना स्पर्शे हुये (वस्तु) को (अप्राप्तम्) सन्मुख आये हुये को (अविदिकं)
युक्त–सन्निकर्ष—विशेषे $\frac{७}{१}$ अवस्थितम् $\frac{२}{१}$ = उचित (= युक्त) निकटता के विशेष में (= सन्निकर्षविशेष) ठहरे हुये (अवस्थितं)
बाह्य-प्रकाश-अभिव्यक्तम् $\frac{२}{१}$ चक्षुः $\frac{१}{१}^{III}$ = [और] बाह्य उजालाकरि प्रगट किये गये को [= अभिव्यक्तं] नेत्र (इंद्रिय)
उपलभते T; च* मनस् $\frac{१}{१}^{III}$ अप्राप्तम् $\frac{२}{१}$ = जाने है (= उपलभते) और अन्तःकरण बिनास्पर्शे हुये को वा दूर तिष्ठ हुये को
(उपलभते) अतः* अनयोः $\frac{७}{२}^{III}$ = (विचार में लेता है) इसलिये इन (नेत्र और मन) दोनों में
व्यंजन–अवग्रहः $\frac{१}{१}$ न* अस्ति T = व्यंजनावग्रह (= अव्यक्त पदार्थ का अवग्रहरूप ज्ञान) नहीं होता है

चक्षुषः $\frac{६}{१}^{III}$ अप्राप्यकारित्वम् $\frac{१}{१}^{III}$ कथम् अध्यवसीयते T = (प्रश्न) नेत्र के अप्राप्यकारीपना कैसे निश्चय किया गया है ('अध्यवसीयते')
आगमतः* युक्तितः* च* आगमतः* ॥ तावत् = (उत्तर) शास्त्रसे और न्याय वा अनुमान से प्रथम (= तावत्) शास्त्रद्वारा ऐसे है कि

---

[१] अप्राप्य कारित्वात्—यह शब्द, अ + नहीं; प्राप्य = गम्य, पहुंचने योग्य; कारि (स्त्रीलिंग) + क्रिया; त्व + पन, ता जो भाववाची प्रत्यय है' बना है अतः पंचमी विभक्ति अपादानका चिन्ह जोड़नेसे अ + प्राप्यकारि + त्व + अत् = अप्राप्यकारित्वात् = अगम्य क्रियापनसे अस्पर्श क्रियापन से

[२] अप्राप्तं—अविदिकं—अवस्थितं—अभिव्यक्तं ये "अर्थम्" शब्दके विशेषण हैं इन सर्व के आगे अर्थम् शब्द का लोप जानना ॥

पुट्ठं सुणोदि सद्दं अपुट्ठं चेव (१)पस्सदे रूवम्। फासं रसं च गन्धं बद्धं पुट्ठं च (२)आणीहि युक्तितश्च—अप्राप्य-कारि चक्षुः स्पृष्टानवग्रहात्। यदि प्राप्यकारि स्यात् त्वगिन्द्रियवत्

पुट्ठ[२]। सुणोदि[१] सद्दं[२]।[=स्पृष्टं। शृणोति। शब्दं]। =स्पर्श हुये शब्द को सुनता है

{अपुट्ठं च[अ] एव[अ] (१)पस्सदे रूवम्[२]।।। / अस्पृष्टं[२]।।। च[अ] एव[अ] पश्यते रूपम्[२]।।।} =और [=च] विना स्पर्श हुए ही [=एव] अर्थात् विना स्पर्शक्रियेहुयेही रूपको देखता है

फासं[२]। रसं[२]। च गन्धं[२]। [=स्पर्शं। रसं। च[अ] गन्धं]। =स्पर्शको रसको और गन्धको

बद्धं[२] पुट्ठं[२] च(न जानाति)[१] [बद्धं। स्पृष्टं। च जानाति] =बन्ध [बन्धन] से और [=च] स्पर्श से जानता है

युक्तितः[अ] च[अ] स्पृष्ट अनु-अवग्रहात्[५]। =और अनुमान से स्पर्श हुये वा भिड़े हुये [पदार्थ] को न जानने के हेतु से

अप्राप्यकरि[१]।।। चक्षुः[१]।।। =नेत्र [इन्द्रिय] अप्राप्यकारी है अर्थात् नेत्र विना स्पर्श किये हुये वा विना भिड़े हुये [दूर ही से] पदार्थ को ग्रहण करता है

यदि[अ] प्राप्यकारि[१]।" स्यात्[१]' त्वक्-इन्द्रियवत्[अ] =जो [नेत्र इन्द्रिय] प्राप्यकारी होती [तो] त्वचा वा स्पर्श इन्द्रिय के सदृश

---

(१) दृश् धातु भ्वादि प्रथम गणका है उसका रूप कर्तरि प्रयोगमें 'पश्य' होजाता है। अ विकरण वा चिन्ह भ्वादिगणका लगानेसे 'पश्य' हो जाता है यह धातु उभय आत्मनेपद और परस्मैपदी है। प्रथमपुरुष वा अन्यपुरुष, एकवचन आत्मनेपदी कर्तरिप्रधान वर्तमान क्रियाका ते प्रत्यय लगानेसे पश्य+ते=पश्यते (=देखता है) बनजाता है॥ इसी प्रकारसे प्रथमपुरुष, एक वचन परस्मैपद, कर्तरि प्रधान, वर्तमानका का ति प्रत्यय लगानेसे पश्य+ति=पश्यति बन जाता है परन्तु ध्यानरहे कि कर्मणि प्रयोगमें दृश् इसी रूपमें यक् (=य) प्रत्यय लगानेसे दृश्य हो जाता है पुनः ते आत्मनेपदी लगाकर दृश्य+ते=दृश्यते=देखाजाता है दिखा गया है बनजाता है। (देखो धातुरूप चन्द्रिका पृष्ठ ५०१ जिसमें 'पश्यति' और पश्यते दोनों रूप दिये हैं)॥

(२) ज्ञानाति—ज्ञा (=जानना) क्र्यादि नवमा गणका धातु है प्रत्ययसे प्रथम इस गणके धातुओंमें ना जोड़ा जाता है। ज्ञा जनोर्ना (शिति ७-३ ७९ अष्टाध्यायी=शित् प्रत्यय परे हो तो ज्ञा और जन् धातुओंको जा आदेश हो (=शिति ज्ञाजनोर्जा)॥ परन्तु ना में जो आ है उसके स्थानमें ई लाते हैं यदि व्यञ्जनादि सार्वधातुक प्रत्यय ना के पश्चात् का हो ज्ञा+ना+ति=जा+नी+ति=जानीति बन गया॥

स्पृष्टमञ्जनं गृह्णीयात्। न तु गृह्णात्यतो मनोवदप्राप्यकारित्यवसेयम्। ततश्चक्षुर्मनसी वर्जयित्वा शेषाणामिन्द्रियाणां व्यञ्जनावग्रहः। सर्वेषामिन्द्रियानिन्द्रियाणामर्थावग्रह इति सिद्धम्॥

आह निर्दिष्टं मतिज्ञानं लक्षणतो विकल्पनश्च, तदनन्तरमुद्दिष्टं यत् श्रुतं तस्येदानीं लक्षणं विकल्पश्च वक्तव्य इत्यत आह॥

स्पृष्टम्[1] अञ्जनम्[2] [१]गृह्णीयात्[3]
= स्पर्शहुये अर्थात् आँख में लगाये हुवे अंजन को ग्रहण करती वा देखती

न* तु* गृह्णाति अतः
= किन्तु [आँख] नहीं ग्रहण करती है अर्थात् नहीं देखती है। इसलिये

मनोवत्* अप्राप्यकारि[4] इति अवसेयम्[5]
= अन्तःकरण सदृश अप्राप्यकारी है इस प्रकार निश्चय वा प्रतीति करना चाहिये

ततः चक्षुर्मनसी[1] वर्जयित्वा शेषाणाम्[2]
= तिससे [= ततः] नेत्र [और] मन को छोड़कर अवशेष वा बची हुई

इन्द्रियाणाम्[3] व्यञ्जन-अवग्रहः[4]
= [चार स्पर्शन-रसन-घ्राण श्रोत्र] इन्द्रियों का व्यंजनरूप अवग्रह होता है

सर्वेषाम्[1] इन्द्रिय-अनिन्द्रियाणाम्[2]
= सब [स्पर्शन-रसन-घ्राण-नेत्र-श्रोत्र] इन्द्रियों का और मन का

अर्थ-अवग्रहः[3] इति सिद्धम्[4]
= अर्थावग्रहरूप ज्ञान होता है ऐसा सिद्ध होगया है

आह[1] मतिज्ञानम्[2] लक्षणतः च विकल्पतः
= [शिष्य] पूछता है कि मतिज्ञान स्वरूपसे और [= च] भेद से

निर्दिष्टम्[3] तद्-अनन्तरम्[4]
= कहा गया है उस मतिज्ञान के निकट [अर्थात् नवमां सूत्र में]

यत्[1] श्रुतम्[2] उद्दिष्टम्[3] तस्य[4] इदानीम्
= जो [= यत्] श्रुतज्ञान उपदेश्या गया है तिस [श्रुतज्ञान] का अब [= इदानीम्]

लक्षणम्[1] विकल्पः[2] च वक्तव्यः[3] इति अतः आह
= स्वरूप और भेद कहना योग्य है। ऐसा [प्रश्न होने पर] इसलिये कहते हैं कि

(१) यह क्र्यादि नवम गणका आत्मनेपदी और परस्मैपदी धातु है॥ अष्टाध्यायी अध्याय ६ पाद १ सू० १६। यहांपर गृ-इच्चिक्ति कृञ्चति कृ-ति भृञ्जतीनां ङिति, च (= ङिति) से अर्थात् ङित् और कित् प्रत्यय परे हों तो यहि-ज्या-व्यय-व्यधि-वृष्टि-वि अति-वृश्चति पृञ्चति और भृञ्जति धातुओंके य् व् र् ऋ अनुक्रमसे इ उ ऋ ल् हो जावें। इसलिये यहां पर ग्रह् का गृह् हो गया क्योंकि यात् प्रथमपुरुष (वा अन्य पुरुष) एक वचन, परस्मैपद, कर्तरि प्रधान विधिलिङ् क्रियाका ङित् प्रत्यय है। अतः गृह्+यात् ऐसा हुआ नवमे गणका ना विकरण लगता है आ,ई में पलटजाता है (देखो पृ३६७) गृह्+ना+यात् (न् ण् में पलटता है-देखो पृ३५४) गृह्णीयात् बना॥

श्रुतं मतिपूर्वं द्व्यनेकद्वादशभेदम् ॥ २० ॥

श्रुतशब्दोऽयं श्रवणमुपादाय व्युत्पादितोऽपि रूढिवशात्

श्रुतं मतिपूर्वं द्व्यनेकद्वादशभेदम् ॥ २० ॥

(१) श्रुतम् १।१। मति-पूर्वम् १।१।	= श्रुतज्ञान मतिज्ञान पूर्वक (मतिज्ञान निमित्तक, मतिज्ञानकारणक, मतिज्ञानजन्य है अर्थात् मतिज्ञान है निमित्त वा कारण अथवा उत्पन्न करनेवाला जिसको सो श्रुतज्ञान है भावार्थ श्रुतज्ञान को मतिज्ञान उत्पन्न करता है और श्रुतज्ञान मतिज्ञान के पश्चात् होता है
द्वि-अनेक-द्वादशभेदम् १।१।	= (वह श्रुतज्ञान) दो (अंग बाह्यरूप और अंगप्रविष्टरूप) है। बहुत और बारह प्रकार है अर्थात् अंगबाह्य और अंगप्रविष्टरूप जो श्रुतज्ञान हैं उनमें से अंगबाह्य अनेक प्रकार हैं। अंगबाह्य चौदह प्रकीर्णक हैं और आचारांग सूत्र कृतांगादि बारह अंग प्रविष्ट हैं
अंग १।१। श्रुतशब्द १।१। श्रवणम् २।१।	= यहां श्रुत शब्द सुनने को
उपादाय ❀ व्युत्पादितः १।१। अपि ❀	= ग्रहण करके उत्पन्न हुआ है तौ भी (= अपि)
रूढि-वशात् ५।१।	= रूढि वा प्रसिद्धि के वशसे अथवा बलसे

(१) दोनों दिगम्बर और श्वेताम्बर सम्प्रदायों में इस सूत्रका पाठ और सामान्य अर्थ भी एकसा है परन्तु अंगबाह्यके जो अनेक भेद हैं उनमें भेद है

श्वे० सं० के अंगबाह्यों के उदाहरण		दि० आ० के अंगबाह्यों के उदाहरण	
(१) सामायिक	प्रकीर्णक	(१) सामायिक	प्रकीर्णक
(२) चतुर्विंशतिस्तव	प्रकीर्णक	(२) सस्तव	प्रकीर्णक
(३) स्तोत्र वन्दन	प्रकीर्णक	(३) वन्दना	प्रकीर्णक
(४) प्रतिक्रमण	प्रकीर्णक	(४) प्रतिक्रमण	प्रकीर्णक

(५) कार्य व्युत्सर्ग प्रकीर्णक अर्थात् ( ) ... ... किये हुये पापकी शुद्धता जहां शरीर के त्याग से वर्णन की गई है

(६) [illegible] प्रकीर्णक (६) दशवैकालिक प्रकीर्णक

जैसे श्वेता० अंग बाह्य के उदाहरण	दिग० अंग बाह्य के उदाहरण
(७) उत्तर अध्याय	(८) उत्तराध्ययन
(८) दशा	
(९) कल्प (१०) व्यवहार	(९) कल्प व्यवहार
(११) निशीथि इत्यादि	(१४) निषिधिका

ऋषियों से भाषित अनेक (विनय प्र०) कृतिकर्म प्र०

[illegible] प्रकारका अंग विधि है देखो कल्पाकल्प प्र० महाकल्प प्र०

सभाष्यतत्त्वार्थाधिगमसूत्रपृष्ठ२० पुंडरीक प्र० महापुंडरीक प्र० कहै

कस्मिंश्चित् ज्ञानविशेषे वर्तते ॥ यथा कुशलवनकर्मप्रतीत्या व्युत्पादितोऽपि कुशलशब्दो रूढिवशात्पर्यवदाते वर्तते ॥ कः पुनरसौ ज्ञानविशेष इति अत आह "श्रुतं मतिपूर्वमिति" श्रुतस्य प्रमाणत्वं पूर्यतेऽनेन पूर्वं निमित्तं कारणमित्यनर्थान्तरम् ॥

कस्मिन्-चित्[१] * ज्ञान-विशेषे[२] वर्तते T

= कोई एक (= कस्मिंश्चित्) ज्ञानके विशेषमें प्रवर्तता है अर्थात् श्रुतशब्द सुननेके अर्थमें व्याकरणकी रीतिसे आता है तौभी रूढिवशसे एक ज्ञानका नाम है

यथा[३] कुशल-वन-कर्म-प्रतीत्या[४] व्युत्पादितः[५] अपि कुशल-शब्दः[६] रूढि-वशात्[७] पर्यवदाते[८] वर्तते T

= जैसे कुशल दाभ वा कोश(= कुश) काटनेकी क्रियामें निश्चय कर व्युत्पन्न हुआहै = तौभी (= अपि) कुशलशब्द रूढिके वलसे बहुत प्रवीण वा चतुर पुरुषकेअर्थ में = प्रवर्तता है भावार्थ जैसे कुशलशब्द व्याकरण की रीतिसे दाभके काटनेके अर्थमें आता है तौभी रूढिके वलसे बहुत चतुर पुरुषके अर्थमें प्रयोग किया जाता है तैसे श्रुत शब्द यद्यपि सुनने के अर्थ व्याकरणानुकूल[९] आता है तौभी रूढिकी सामर्थ्यसे एक ज्ञानका नाम है

पुनः[१०] * कः[११] असौ[१२] ज्ञान-विशेषः[१३] इति अतः आह T
श्रुतम्[१४] ॥ मति-पूर्वम्[१५] ॥ इति श्रुतस्य[१६] ॥ प्रमाणत्वम्[१७] ॥

= और यह श्रुत कौनसा (= कः) ज्ञानविशेष है ऐसा(प्रश्नहोने पर)अतः कहते हैं = श्रुत है सो मतिपूर्वक है ऐसे श्रुतके प्रमाणरूप ज्ञानपना है ॥

पूरयति T इति पूर्वं[१८] ॥ निमित्तम्[१९] ॥ कारणम्[२०] ॥
इति[२१] अनर्थ-अन्तरम्[२२] ॥

= जो पूरेहै उत्पत्ति करे है ऐसा पूर्व होता है निमित्तवै कारणक है
= इसप्रकार (इन तीनों पूर्व-निमित्त-कारण शब्दोंमें) अर्थभेद नहीं है

(१ कस्मिंश्चित्— अन्तका न् जब उसके पश्चात् च्, छ्, त्, थ्, और ट्, ठ्, आवे तो (यह न्) अनुस्वार और विसर्ग (:में) पलट जाता है इसलिये 'कस्मिन्+ चित्' = कस्मिः चित यह विसर्ग वर्तमान दशामें व्याकरणके निम्नलिखित नियमानुसार 'श्' में परिवर्तित हो जाता है:— विसर्गके पश्चात् यदि च् छ् हो तो विसर्ग 'श्' में यदि त्, थ् हो तो 'स्' में और यदि ट्, ठ् हो तो 'ष्' में पलट जाता है जैसे हरिः चरति = हरिश्चरति (= हरि जाता है)। रामः तरति = रामस्तरति (राम तरता है पार होता है)। रामः टीकते = रामष्टीकते (राम टिकता है।) इस लिये "कस्मिंश्चित्" वाक्यका "कस्मिं श्चित्" हो गया ॥

(२) श्रुत, आप्तवचन, आगम, उपदेश, ऐतिह्य, आम्नाय, प्रवचन और जिनवचन, ये शब्द एकार्थवाची हैं (समाप्य तत्त्वा० सू० पृष्ठ २६)

मतिर्निर्दिष्टा । मतिः पूर्वमस्य मतिपूर्वं मतिकारणमित्यर्थः ॥ यदि मतिपूर्वं श्रुतं तदपि मत्यात्मकं प्राप्नोति कारणसदृशं हि लोके कार्यं दृष्टमिति । नैतदैकान्तिकम् । दण्डादिकारणोऽयं घटो न दण्डाद्यात्मकः । अपि च सति तस्मिन् तदभावात् सत्यपि मतिज्ञाने बाह्यश्रुतज्ञाननिमित्तसन्निधानेऽपि प्रबलश्रुतावरणोदयस्य श्रुताभावः

मतिः १।।। निर्दिष्टा १।।। मतिपूर्वम् १।।। अस्य ६। मतिपूर्वम् १।।। मतिकारणम् १।।। इति ※ अर्थः १।	= मतिज्ञान [पहिले] कहा गया है । मति है कारण जिसका [= अस्य] सो मति = पूर्व है । मतिकारणक वा मतिनिमित्तक है ऐसा अर्थ वा अभिप्राय है ।
यदि ※ मतिपूर्वम् १।।। श्रुतम् १।।। तद् १।।। अपि ※ मति-आत्मकम् १।।। प्राप्नोति T हि ※ लोके १। कारण-सदृशम् १।।। कार्यम् १।।। दृष्टम् १।।। इति ※	= [प्रश्न] जो [= यदि] मतिज्ञान निमित्तक वा जन्य श्रुतज्ञान है [तो] वह [श्रुतज्ञान] भी = मतिस्वरूप को प्राप्त होता है । क्योंकि [= हि] जगत में कारण के = समान कार्य ऐसा देखा जाता है ।
एतद् १।।। एकान्तिकम् १।।। न ※	= [उत्तर] यह एकान्त वा अवश्य होनेवाला नियम नहीं है ॥ यह भावार्थ है कि यह नियम कि कारण के समान ही कार्य होता है सर्वत्र ठीक नहीं है कहीं कहीं पर कार्य कारण के सदृश नहीं भी होता है जैसे
अयम् १।। घटः १।। दण्ड आदि कारणः १। दण्ड-आदि-आत्मकः १। न ※	= यह घट दण्ड [चाक] आदि निमित्तक है [परन्तु] दंड चाक आदिके = स्वरूप [पूर्वोक्त घट] नहीं है अर्थात् घड़ाके बनानेके लिये दंड चाक आदिक कारण हैं परन्तु यह उत्पन्न हुआ घट दंड चाक आदिके समान नहीं है भिन्नस्वरूप है
च ※ तस्मिन् १।।। सति १।।। अपि ※ तद्-अभावात् १। सति १।।। अपि ※ मतिज्ञाने १।।। बाह्य-श्रुतज्ञान-निमित्त-सन्निधाने १। अपि ※ प्रबल-श्रुतावरण-उदयस्य ६। श्रुत-अभावः १।।	= और क्योंकि उस [मतिज्ञान] के अस्तित्वमें वा विद्यमानता में भी उस श्रुतज्ञानका अभाव [रहता] है [अर्थात्] मतिज्ञान होने पर भी बाह्यमें श्रुतज्ञानके [अन्य अन्य] निमित्त निकट होने पर भी [जैसे गुरुउपदेशादि] = श्रुतज्ञानावरण कर्मका प्रबल उदय वाले [जीव] के श्रुतज्ञान नहीं होता है

※ सन्तुष्टवृत्ति प्रथम संस्करणमें 'तदभावात्' के स्थानमें 'तद्भावात्' अशुद्ध छप गया है ॥

श्रुतावरणक्षयोपशमप्रकर्षे तु सति श्रुतज्ञानमुत्पद्यत इति मतिज्ञानं निमित्तमात्रं ज्ञेयम्॥ आह श्रुतमनादिनिधनमिष्यते। तस्य मतिपूर्वकत्वे तदभावः। आदिमतोऽन्तवत्त्वात्। ततश्च पुरुषकृतत्वादप्रामाण्यमिति, नैष दोषः॥

श्रुत- आवरण- क्षयोपशम- प्रकर्षे ३। तु ॐ सति ३।	= परन्तु श्रुतज्ञानावरणीय कर्मके क्षयोपशम के प्रकर्ष होनेपर [= सति]
श्रुतज्ञानम् १॥। उत्पद्यते T इति॰ मतिज्ञानम् १॥।	= श्रुतज्ञान उत्पन्न होता है। इस प्रकार मतिज्ञान
निमित्तमात्रम् १॥। ज्ञेयम् १॥।	= निमित्तमात्र (सहायक निमित्त) जानो॥ भावार्थ ऐसा है कि संभव है कि श्रुतज्ञानके उत्पन्न होने के लिये बाहिरी कारण मतिज्ञानादि वर्तमान भी हों तो भी श्रुतज्ञानावर्णीय कर्मका जीव के ऐसा प्रबल उदय हो कि श्रुतज्ञान न होने दे। जब श्रुतज्ञानावर्णीय कर्म का क्षयोपशम अन्तरंग कारण विद्यमान हो तबही जीव के श्रुतज्ञान होता है इसलिये मतिज्ञान केवल नाममात्र बाह्य कारण श्रुतज्ञान के उत्पन्न होने को हुआ॥ मुख्य और अंतरंग कारण श्रुतज्ञान के उत्पन्न होने के लिये श्रुतज्ञानावरणीय कर्म का क्षयोपशम ही है॥
आह T श्रुतम् १॥। अनादि + अनिधनम् १॥। इष्यते T	= पूंछता है [आह] कि श्रुत आदिरहित अन्तरहित [= अनिधन] माना गया है
तस्य १॥। मतिपूर्वकत्वे ७॥। तद्- अभावः १।	= तिस [श्रुतज्ञान] के मतिज्ञान कारण होने में नित्यपने का वा अनादि निधनताका [= तद्] अभाव आता है प्रश्न का सारांश यह है कि श्रुतज्ञान को अनादि निधन माना है और यदि श्रुतज्ञानको मतिज्ञान उत्पन्न करता है तो श्रुतज्ञान नित्यपने का अभाव प्राप्त हुआ [क्यों कि)
आदिमतः १ अन्तवत्वात् ५॥।	= आदि वाले का अंन्त होने से अर्थात् जिसका आदि है उसका अंत भी है
अप्रामाण्यम् १॥। इति ॐ न ॐ एषः १। दोषः १।	= [पुरुषकृत होने से] अप्रमाण है ऐसा [प्रश्न होने पर उत्तर] है कि यह दोष नहीं है

अनादिनिधन = अनादि (= आदिरहित) + अनिधन = अन्तरहित॥ निधन = नाश अन्त (देखो पद्मचन्द्र कोश पृ० २१६)

द्रव्यादिसामान्यार्पणात् श्रुतमनादिनिधनमिष्यते ॥ नहि केनचित्पुरुषेण क्वचित्कदाचित्कथञ्चिदुत्प्रेक्षितमिति। तेषामेव विशेषापेक्षया आदिरन्तश्च सम्भवतीति मतिपूर्वमित्युच्यते ॥ यथांकुरो बीजपूर्वकः स च सन्तानापेक्षया अनादिनिधन इति ॥ न च पौरुषेयत्वं प्रामाण्यकारणम्। चौर्याद्युपदेशस्यास्मर्यमाणकर्तृकस्य प्रामाण्यप्रसंगात् ॥ अनित्यस्य च प्रत्यक्षादेः प्रामाण्ये को विरोधः

द्रव्यादि-सामान्य-अर्पणात् ; श्रुतम् अनादि निधनम् ॥ = द्रव्यादिक सामान्य की अपेक्षा से श्रुत आदि अंत रहित (= अनादिनिधन)
इष्यते । हि ❀ केनचित् ❀ पुरुषेण ; क्वचित् ❀ = माना गया है। क्योंकि (यह श्रुतज्ञान) किसी मनुष्य करि कहीं वा किसी क्षेत्र में
कदाचित् ❀ कथञ्चित् ❀ = कभी वा किसी समय में (= कदाचित्) किसी प्रकार से (= कथञ्चित्)
न ❀ उत्प्रेक्षितम् ॥ इति। तेषाम् ; एव विशेष-अपेक्षया ;॥ = नवीन नहीं किया है उन (द्रव्य) क्षेत्र, काल, भाव, की ही भेद विवक्षा से
आदिः ॥ अन्तः ॥ च ❀ सम्भवति । इति ❀ मतिपूर्वम् = आदि अंत भी (= च) सम्भव है ॥ इस प्रकार मतिज्ञान जनित वा जन्य (श्रुतज्ञान है)
इति ❀ उच्यते । यथा ❀ अंकुरः ॥ बीजपूर्वकः ॥ = ऐसा कहा गया है। जैसे अंकुरा बीज जनित है
सः ॥ च ❀ सन्तान-अपेक्षया ॥॥ अनादिनिधनः ॥ इति* = सो [अंकुरा] ही [= च] सन्तान की अपेक्षा करि आदि अंतरहित ऐसे [चला आवे है]
न ❀ च ❀ अपौरुषेयत्वम् ॥॥ प्रामाण्यकारणम् ॥॥ = और [= च] अपौरुषेयपना प्रमाणता [सत्यता] होने को हेतु नहीं है अर्थात्
प्रमाणता होने के लिये इस बात की आवश्यकता नहीं है कि वह
पुरुषकृत न हो-कोई वस्तु मनुष्य कृत न होने से ही प्रमाण रूप नहीं कही जा सक्ती है

चौर्य-आदि-उपदेशस्य ;। अस्मर्यमाण-कर्तृकस्य ;। = क्यों कि स्तेय वा चोरी आदिक के उपदेशों के जिनके करनेवाले को स्मरण नहीं
[कि कब ऐसे उपदेश करतेवाला हुआ और कब ऐसे उपदेश दिये और
किसने ऐसे उपदेश दिये]

प्रामाण्य-प्रसङ्गात् ;। अनित्यस्य ;॥॥ च ❀ = प्रमाण होने का [= प्रामाण्य] प्रसंग वा सम्बन्ध आता है॥ अनित्य के और [= च]
प्रत्यक्ष-आदेः ; ॥प्रमाण्ये ;॥॥कः ॥ विरोधः ॥ = प्रत्यक्ष आदि के प्रमाणता होने में क्या विरोध [आता] है अर्थात्
संसार में अनित्य प्रत्यक्षादि प्रमाण हैं ही कुछ विरोध नहीं है

---

(१) अर्पणात्—पञ्चमी विभक्ति एक वचन पुल्लिंग और नपुंसक लिङ्ग है ॥ (२) द्रव्य, आदि (= क्षेत्र, काल, भाव) = द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव

सर्वार्थ सिद्धि

आह, प्रथमसम्यक्त्वोत्पत्तौ युगपज्ज्ञानपरिणामान्मतिपूर्वकत्वं श्रुतस्य नोपपद्यत इति । तदयुक्तं सम्यक्त्वस्य तदपेक्षत्वात् । आत्मलाभस्तु क्रमवानिति मतिपूर्वकत्वव्याघाताभावः ॥ आह मतिपूर्वं श्रुतमित्येतल्लक्षणमव्यापि श्रुतपूर्वमपि श्रुतमिष्यते । तद्यथा

४०४

आह ⊤ प्रथमसम्यक्त्व-उत्पत्तौ ॥ युगपद् ❀ ज्ञान- परिणामात् ; । श्रुतस्य ;॥ मतिपूर्वकत्वम् ;॥। न ❀ उपपद्यते ⊤ इति ❀ तद् ;॥ अयुक्तम् ;॥। सम्यक्त्वस्य ॥ तद्-अपेक्षत्वात् ; ।॥

= पूंछता है कि प्रथमसम्यग्दर्शन की उत्पत्ति में एकवार वा एक काल [= युगपत्] = [मतिश्रुत] ज्ञानके उत्पन्न होने से [= परिणामात्] श्रुतज्ञान के मतिनिमित्तपना = उत्पन्न नहीं होता है । [उत्तर] सो [= तद्] [तुम्हारा कथन] ठीक नहीं है = क्योंकि [ज्ञान के] सम्यक्पना उस [सम्यग्दर्शन] के प्रसंग से है अर्थात् सम्यक्त्व के उत्पन्न होते ही कुमतिज्ञान और कुश्रुतज्ञान का परिवर्तन मतिज्ञान और श्रुतज्ञान में हो जाता है ।

तु ⊤ आत्मलाभः ;। क्रमवान् ;।

= परन्तु [पूर्वोक्त परिवर्तन होने पर भी] ज्ञान के स्वरूप की लब्धि क्रमवाली है अर्थात् प्रथम मतिज्ञान होता है उसके पश्चात् श्रुतज्ञान होता है

इति ❀ मति- पूर्वकत्व-व्याघात-अभावः ;।

= इस प्रकार मति निमित्तपने में विरोध नहीं है भावार्थ यह है कि मतिज्ञान प्रथम होता है पश्चात् श्रुतज्ञान होता है । यद्यपि इन मतिज्ञान और श्रुतज्ञान के सम्यक्पना सम्यक्त्व ही उत्पत्ति होते ही एक साथ वा एक काल में ही होता है मतिज्ञान और श्रुतज्ञान के सम्यक्पना एक साथ होने के कारण से उन मतिज्ञान और श्रुतज्ञान की क्रमानुसार[एक दूसरे के पश्चात्]उत्पत्ति में कुछ अड़चन नहीं है ।

आह ⊤ मतिपूर्वम् ;॥। श्रुतम् ;॥इति ❀ एतद् ;॥। लक्षणम् ;॥। अव्यापि ;॥

= पूंछता है कि "मतिज्ञान जनित श्रुतज्ञान" ऐसा यह = लक्षण अव्यापक वा असर्वगत है अर्थात् सब श्रुतज्ञान में लागू नहीं है

श्रुतपूर्वम् ;॥। अपि ❀ श्रुतम् ;॥। इष्यते ⊤ तद्यथा ❀

= क्योंकि श्रुतज्ञान निमित्तक भी श्रुतज्ञान माना गया है । जैसे [= तद्यथा]

(१) प्रत्येक जीवके प्रारम्भ में उपशम सम्यक्त्व ही होताहै और प्रथम उपशम सम्यक्त्व होता है । द्वितीय उपशम सातवें गुण स्थानमें होताहै

शब्दपरिणतपुद्गलस्कन्धादाहितवर्णपदवाक्यादिभावाच्चक्षुरादिविषयाच्च आद्यश्रुतविषयभावमापन्ना—व्यभिचारिणःकृतसंगीतिर्जनो घटाज्जलधारणादिकार्यसम्बन्धन्तरं प्रतिपद्यते धूमादेर्वाग्न्यादिद्रव्य, तदा श्रुतात् श्रुतप्रतिपत्तिरिति । नैष दोषः । तस्यापि मतिपूर्वत्वमुपचारतः ॥ श्रुतमपि क्वचिन्मतिपूर्वकत्वान्मतिरित्युपचर्यत इति ॥

शब्दपरिणत- पुद्गलस्कन्धात् ५। आहित- = क्योंकि शब्दरूप परिणये वा शब्दरूप अवस्थाको पहुँचे पुद्गलों के स्कंध स्थापित निर्मित
वर्णपदवाक्यादि* भावात् ५। चक्षुः आदि- विषयात् ५।च = अक्षर पद वचनादिक (रूप) होते हैं और (=च)नेत्रादिक इन्द्रियों के विषय होते हैं
आद्यश्रुतविषयभावम् २। आपन्नात् ५। = (उन अक्षर पदवाक्यों को) प्रथम वा पहिला श्रुतज्ञानके विषय भावको प्राप्तहोनेमें
अव्यभिचारिणः ५। कृतसंगीतिर्जनः १। = (कुछ) व्यभचार वा दोष नहीं है । उन (अक्षर पद वाक्यों) से संकेतित पुरुष
घटात् ५। जल-धारणादि— = (घट शब्द से गोचर होनेवाला) घट (नामा पदार्थ) में पानी रखने आदिक
कार्यसम्बन्धअन्तरम् २।। प्रतिपद्यते T तथा ❀ धूमात् ५। = कार्य रूप अन्यसंयोग को प्राप्त होता है । वैसे ही (तथा) धुवाँ (पदार्थ) से
एव अग्नि- आदि- द्रव्यम् २।। श्रुतात् ५।। श्रुत्— = ही अनल आदिक वस्तुको (प्राप्त होता है जानता है)।। श्रुत ज्ञानसे श्रुतज्ञानकी
प्रतिपत्ति १।। इति ❀ न ❀ एषः १। दोषः १। = प्राप्ति (मति पत्ति) इस प्रकार है । (उत्तर) यह दूषण नहीं है
तस्य १।। अपि ❀ मति- पूर्वकत्वम् १।।उपचारतः * = तिस (श्रुतज्ञान) का भी मतिज्ञान पूर्वक होना उपचार से है वा मानलेने से है
अर्थात् श्रुतज्ञान से जो श्रुतज्ञान उत्पन्न हुआ है उस श्रुत ज्ञान के उत्पन्न
होने को भी उपचार से मतिज्ञान ही कारण है
श्रुतम् १।। अपि * क्वचित् * मतिः १।। इति * = श्रुतज्ञान के भी कहीं वा किसी स्थान में (=क्वचित्) मति ही का
उच्यतेT इति * । मति पूर्वकत्वात् ५।। = उपचार कीजिये क्योंकि मति पूर्वक है सोही पूर्वोक्त श्रुतज्ञान भया है सरांशहै कि

श्रुतज्ञान को मति निमित्तक कहा है उसपर प्रश्न है कि जब श्रुतज्ञान से भी श्रुतज्ञान होता है तब मतिजन्य श्रुतज्ञान कैसे रहा जैसे पहिले घट शब्द को श्रोत्र इन्द्रिय जनित मतिज्ञान से सुनकर अथवा उसके रूप को नेत्र इन्द्रिय जनित मतिज्ञान से देख कर घट को जानता है यह प्रथम श्रुतज्ञान है फिर उस ही नियत संबंधवाले घट से दूसरे संबंधी जल धारण आदि का ज्ञान होता है सो श्रुतज्ञान पूर्वक ही श्रुतज्ञान हुआ—फिर मतिपूर्वक श्रुतज्ञान कैसे ? (उत्तर) उपयुक्त उदाहरण में प्रथम

भेदशब्दः प्रत्येकं परिसमाप्यते द्विभेदमनेकभेदं द्वादशभेदमिति॥ द्विभेदं तावत्—अङ्गबाह्यमङ्गप्रविष्टमिति। अङ्गबाह्यमनेकविधं दशवैकालिकोत्तराध्ययनादि॥

श्रुतज्ञान मतिज्ञानजन्य है दूसरा श्रुतज्ञान प्रथम श्रुतज्ञान से हुआ है तौ भी मतिज्ञान पूर्वक उपचार से श्रुतज्ञान हुआ है ऐसा कहने में दोष नहीं क्योंकि श्रुतज्ञान कहीं साक्षात् मतिपूर्वक है कहीं परंपरा मतिपूर्वक है अतः "श्रुतं मति पूर्वं" ऐसा कहा है॥

भेदशब्दः । प्रत्येकम् । परिसमाप्यते । द्वि-भेदम् । = (इस सूत्र में) भेदशब्द प्रत्येक पर लगाया गया है। (श्रुतज्ञानके) दो भेद हैं
अनेक-भेदं । द्वादश-भेदं । इति । तावत् । = अनेक भेद हैं। बारह भेद हैं। प्रथम
द्वि-भेदं । अङ्ग-बाह्यम् । अङ्गप्रविष्टम् । इति । = दो भेद अङ्गबाह्य (और) अङ्ग प्रविष्ट इस प्रकार हैं
अङ्ग-बाह्यं । अनेक-विधम् । दशवैकालिक- = अङ्गबाह्य अनेक प्रकार वा बहुतभेद रूप है। दशवैकालिक (सातवां प्रकीर्णक)
उत्तरा-ध्ययन-आदि । = उत्तराध्ययन (आठवां प्रकीर्णक) (१) आदिक (बारह प्रकीर्णक और हैं)
अर्थात् अक्षरात्मक श्रुतज्ञान में बारहअङ्ग और चौदह प्रकीर्णक-संमिलित हैं।

§§"आदि" शब्द से (१) सामायिक प्रकीर्णक (२) चतुर्विंशतिस्तव प्र० (३) वन्दना प्र० (४) प्रतिक्रमण प्र० (५) विनय प्र० (६) कृतिकर्म प्र० (७) दशवैकालिक प्र० (८) उत्तराध्ययन प्र० (९) कल्पव्यवहार प्र० (१०) कल्पाकल्प प्र० (११) महाकल्प प्र० (१२) पुण्डरीक प्र० (१३) महापुण्डरीक प्र० (१४) निषिद्धिका प्रकीर्णक निवेशित हैं अर्थात् (क) सामायिक प्रकीर्णक=जिसमें नाम स्थापना द्रव्य, क्षेत्र, काल, भावकरि षट् प्रकार सामायिक का वर्णन हो।

(ख) चतुर्विंशतिस्तवनाम प्रकीर्णक वो है जिसमें तीर्थंकरों के पंचकल्याण चौंतिस अतिशय अष्ट प्रातिहार्य परमौदारिक दिव्यदेह समवसरण धर्मोपदेशादिक और तीर्थंकरों के महात्म्य का प्रकट करनेवाला स्तवन का वर्णन हो॥

(ग) वंदनानाम प्रकीर्णक वह है जिसमें एक ही तीर्थंकरके आश्रय के अर्थ प्रतिमा चैत्यालयादिके स्तवन का व्याख्यान हो॥

(घ) प्रतिक्रमणनाम प्रकीर्णक वह है जिसमें एक दिन सम्बन्धी दोष के निराकरण के लिये दैवसिक प्रतिक्रमण तैसे ही रात्रिक पाक्षिक चतुर्मासिक सांवत्सरिक ऐर्यापथिक और सन्यास मरण के अवसर में संपूर्ण पर्यायों में उपजे दोषों के निराकरण के लिये प्रतिक्रमणका कथन हो

(ङ) विनयनाम प्रकीर्णक वह है जिसमें दर्शन ज्ञान चारित्र तप उपचार इन पञ्चप्रकार की विनय का कथन हो॥

(च) कृतिकर्मनाम प्रकीर्णक वो है जिसमें जिन पूजनादिक क्रिया के करने के विधान का वर्णन वा पञ्चपरमेष्ठी, जिनधर्म, जिनप्रतिमा, जिन वचन, जिनमंदिर के वन्दना के लिये तीन प्रदक्षिणा, तीन अवनति, चार शिरोनति बारह आवर्त इत्यादि और नित्यनैमित्तिक क्रिया का प्ररूपण हो

(छ) दशवैकालिकनाम प्रकीर्णक वो है जिस में साधुओंके आचारके गोचर आहार की शुद्धि का व्याख्यान हो

(ज) उत्तराध्ययन प्रकीर्णक वह है जिसमें चार प्रकार के उपसर्ग और द्वाविंशति परिषह सहने के विधान तथा इनके फलका वर्णन हो ॥

(झ) कल्पव्यवहारनाम प्रकीर्णक वोहै जिसमें साधुओं के योग्य आचरण का विधान और अयोग्य सेवन होते प्रायश्चित्तका वर्णन हो

(ञ) कल्पाकल्पनाम प्रकीर्णक वो है जिसमें द्रव्य, क्षेत्र, काल,भाव को आश्रयकरि साधु के यह योग्य है यह अयोग्य हैऐसे द्रव्य, क्षेत्र, काल भाव के अनुकूल कथन हो ॥

(ट) महाकल्पसंज्ञक प्रकीर्णक वह है जिसमें उत्कृष्ट संहननादि सहित जिन कल्पी साधुओं के द्रव्य क्षेत्र काल भाव के योग्य त्रिकाल योगादिकनि का आचरण का वर्णन और स्थाविर कल्पी साधुओं का दीक्षा शिक्षा गणपोषण आत्मसंस्कार सल्लेखना उत्तमार्थस्थानगत उत्कृष्ट आराधना का वर्णन हो ॥

(ठ) पुंडरीकनाम प्र० = जिसमें चार प्रकार के देवों के उपजने का कारण दान, पूजा, तपश्चरण अकाम निर्जरा सम्यक्त्व संजमादिक का, देवों के उपपादस्थान के विभवका कथन हो ॥

(ड) महा पुंडरीक संज्ञक प्रकीर्णक वह है जिसमें इन्द्र प्रतिइन्द्रादिकों में उत्पत्ति का कारण तपश्चरणादिक का वर्णन हो ॥

(ढ) निषिधि का नाम प्रकीर्णक वो है जिसमें प्रमाद जनितदोष दूर करने के लिये बहुत प्रकार प्रायश्चित्तादिक का कथन हो

इनकी उत्पत्तिका का विशेष कथन ऐसे है कि संस्कृत वर्णमाला में नीचे के ६३ वर्ण हैं परन्तु प्राकृति भाषा में और देशांतर भाषा में ए, ऐ ओ औ ह्रस्व भी होते हैं और एक दीर्घ लृकार संस्कृत में नहीं है अनुकरण विषै देशांतर की भाषा में दीर्घ लृकार होता है ॐ ह्रस्व ॐ दीर्घ ॐ अनुनासिक चिन्ह, ल् यह अक्षर ये चार यम नहीं है

ह्रस्व	दीर्घ	ओरप्लुत स्वर हैं	व्यञ्जन	अयोगवाह रूप ये ६३ संस्कृत में हैं		ह्रस्व स्वर	दीर्घ स्वर	प्लुत स्वर	व्यञ्जन ६४ मूल अक्षर हैं	सूचना
अ	आ	अ ३	कवर्ग-क् ख् ग् घ् ङ्	: विसर्जनीय	ॐ ह्रस्व	अ	आ	अ ३	कवर्ग-क् ख् ग् घ् ङ्	
इ	ई	इ ३	चवर्ग च् छ् ज् झ् ञ्	ᳵ जिह्वामूलीय	ᳶ दीर्घ	इ	ई	इ ३	चवर्ग-च् छ् ज् झ् ञ्	
उ	ऊ	उ ३	टवर्ग-ट् ठ् ड् ढ् ण्	᳷ उपध्मानीय	᳸ अनुनासिक चिन्ह	उ	ऊ	उ ३	टवर्ग ट् ठ् ड् ढ् ण्	
ऋ	ॠ	ऋ ३	तवर्ग-त् थ् द् ध् न्	• अनुस्वार		ऋ	ॠ	ऋ ३	तवर्ग त् थ् द् ध् न्	
ऌ	०	ऌ ३	पवर्ग-प् फ् ब् भ् म्		और ॡ यह	ऌ	ॡ	ऌ ३	पवर्ग-प् फ् ब् भ् म्	
०	ए	ए ३	अन्तस्थ य् र् ल् व्		अक्षर इनको	ए १	ए २	ए ३	य् र् ल् व्	
०	ऐ	ऐ ३	उष्म-श् ष् स् ह्		चार यम भी	ऐ १	ऐ २	ऐ ३	श् ष् स् ह्	
०	ओ	ओ ३			कहते हैं।	ओ १	ओ २	ओ ३	योगवाह अं अः ᳵ क ᳶ प अनुस्वार, विसर्ग	
०	औ	औ ३				औ १	औ २	औ ३	जिह्वामूलीयउपध्मानीय चार हैं ।	

टिप्पणी—ये चौंसठि मूल अक्षर अनादि निधन परमागम में "सिद्धोवर्णः समाम्नायः" सूत्र से प्रसिद्ध हैं । आधा मात्रा जिसके बोलने के कालविषैं होय तिसको व्यंजन कहे हैं । जिसको एक मात्रा हो उसको ह्रस्व दो मात्राहो उसको दीर्घ तीनमात्रा हो उसको प्लुत कहते हैं ह्रस्व- दीर्घ-प्लुत स्वरही होते हैं । श्रुतज्ञान के दो भेद हैं (१) अक्षरात्मक वा शब्दज अथवा शब्दजन्य श्रुतज्ञान (२) अनक्षरात्मक, लिङ्गज वा लिंगजन्य श्रुतज्ञान ।

(ख) अनन्तभागवृद्धि,असंख्यातभागवृद्धि संख्यातभागवृद्धि, संख्यातगुणवृद्धि असंख्यातगुणवृद्धि, अनन्तगुणवृद्धि इन षट्स्थानपतित वृद्धिकी अपेक्षा से अनक्षरात्मक श्रुतज्ञान के सब सेजघन्य स्थान से लेकर उत्कृष्ट स्थान पर्यंत असंख्यात लोक प्रमाण भेद होते हैं । अनक्षरात्मक श्रुतज्ञान के असंख्यात भेद हैं । "लिंग जो चिन्ह तातैं उत्पन्न भया ऐसा अनक्षरात्मक श्रुतज्ञान सो एकेंद्रियतैं लगाइ पंचेन्द्रिय पर्यंत सर्व जीवनिके है तथापि याते किछू व्यवहार प्रवृत्ति नाहीं" तातैंप्रधान नाहीं गोम्मटसार मुद्रित पृष्ठ ६७५"जैसैं शीतल पवन का स्पर्श भया तहां शीतल पवन का जानना तो मतिज्ञान है बहुरि तिसका ज्ञानकरि वायु की प्रकृति वाले को यह शीतल पवन अनिष्ट है ऐसा जानना सो श्रुतज्ञान है सो यह अनक्षरात्मक श्रुतज्ञान है । अक्षर के निमित्ततैं भया नाहीं । ऐसैं ही सर्व अनक्षरात्मक श्रुतज्ञान का स्वरूप जानना" गोम्मटसार मुद्रित पृष्ठ ६७५ ॥

(क) "शब्दज कहिए अक्षररूप छंदादिरूप शब्दतैं उत्पन्न भया जो अक्षरात्मक श्रुतज्ञान सो प्रमुख कहिए मुख्य है प्रधान है जातैं देना लेना शास्त्र पढना इत्यादिक सर्व व्यवहारनिका मूल अक्षरात्मक श्रुतज्ञान है" पृष्ठ ६७४ ॥

"तहां 'जीवः अस्ति' ऐसा शब्द कहा तहां कर्णरूप इन्द्रिय मतिज्ञानकरि जीवः अस्ति ऐसे शब्दकौं ग्रहा । बहुरि तीहि ज्ञानकरि 'जीवनामा पदार्थ है' ऐसा जो ज्ञान भया सो श्रुतज्ञान है । शब्द और अर्थ के वाच्य वाचक संबंध है । अर्थ वाच्य है शब्द वाचक है अर्थ है सो उस शब्दकरि कहने योग्य है शब्द उस अर्थ का कहन हारा है ऐसा जो ज्ञान भया सो श्रुतज्ञान है । सो इहां जीवः अस्ति' ऐसे शब्दका जानना तो मतिज्ञान है अर उसके निमित्ततैं जीवनामा पदार्थ का अस्तित्व जानना सो श्रुतज्ञान है । ऐसे ही सर्व अक्षरात्मक श्रुतज्ञान का स्वरूप जानना । अक्षरात्मक जो शब्द तातैं उत्पन्न भया जो ज्ञान ताकौं भी अक्षरात्मक कहा । इहां कार्यविषैं कारण का उच्चार किया है परमार्थतैं ज्ञान कोई अक्षर रूप है नाहीं ॥ पृष्ठ ६७५ ॥ अक्षरात्मक श्रुतज्ञान का एक और अच्छा उदाहरण जैसे जब कोई मनुष्य 'नौका' और

आत्मा शब्दों को कानों द्वारा सुनता है तो इस प्रकार का सुनना मतिज्ञान है। सुनने के पश्चात् नौका औ. आत्मा के गुणों का हृदय में आना श्रुतज्ञान है इसको अक्षरात्मक इसलिये कहते हैं कि हमको इस का ज्ञान शब्द द्वारा होता है जो शब्द अक्षरों से बने अथवा रचे गये हैं॥ दूसरा भांति से अनक्षरात्मक श्रुतज्ञान के दो भेद पर्यायज्ञान और पर्याय समास ज्ञान हैं। सूक्ष्म निगोदिया लब्ध्य पर्याप्तक = लब्धि अपर्याप्तक) जीवके उत्पन्न होने के प्रथम समय में सबसे जघन्य श्रुतज्ञान होता है उसको पर्यायज्ञान कहते हैं। इतना ज्ञान जीव के सदैव निरावरण तथा प्रकाशमान रहता है इसमें विशेषता केवल यही है कि इस के आवरन करने वाले कर्म के उदय का फल इस पर्याय ज्ञान में नहीं होता किन्तु इसके अनन्तर ज्ञान (पर्याय समास) के प्रथम भेद में होता है। भावार्थ आदि पर्यायावरण कर्म के उदयका फल पर्यायज्ञान में होजाय तो ज्ञानोपयोग का अभाव होने से जीवका भी अभाव होजाय इसलिये पर्यायवरण कर्मका फल उसके आगे के ज्ञानके प्रथम भेद में ही होता है। इसीलिये न्यून से न्यून पर्यायरूप ज्ञान जीवके अवश्य पाया जाता है॥ "असंख्यात लोक प्रमाण पर्याय समास ज्ञानके भेद हैं" पृष्ठ ७२६

दूसरे प्रकार से अक्षरात्मक-श्रुतज्ञान के अठारह भेद अर्थाक्षर, पद, संघात, प्रतिपत्तिक, अनुयोग प्राभृतप्राभृत, प्राभृत, वस्तु पूर्व ये नव भेद और क्रमसे एक एक अक्षर की वृद्धि के द्वारा उत्पन्न होनेवाले अक्षर समास आदि नव ऐसे सर्व मिल अठारह भेद अर्थाक्षर, अर्थाक्षरसमास, पद, पदसमास, संघात, संघात समास, प्रतिपत्तिक, प्रतिपत्तिकसमास, अनुयोग, अनुयोग समास, प्राभृतप्राभृत प्राभृतप्राभृत समास, प्राभृत, प्राभृत समास, वस्तु, वस्तु समास, पूर्व, पूर्वसमास। अक्षरात्मक द्रव्यश्रुत के हैं। और ज्ञानकी अपेक्षा इनही द्रव्यश्रुतनिके सुनने से जो ज्ञान भया सो उस ज्ञानके भी अठारह भेद (भाव श्रुतज्ञान) कहिये। यदि ग्रन्थ (शास्त्र) रूपकी विवक्षा कीजाय तो "गंथे बारराय चोद्दसयं (—ग्रन्थे द्वादश च चतुर्दशकं) (मोम्मट जी० का० गाथा ३४६ के अनुसार आचारांगादि द्वादशअङ्ग और उत्पाद पूर्व आदि चौदह पूर्व और चकार [illegible] यिकादि चतुर्दश प्रकीर्णकतिनि स्वरूप द्रव्यश्रुतज्ञान जानना तिनके सुनने से जो ज्ञान हुआ सो भाव श्रुतज्ञान [illegible] पुद्गल [illegible] अक्षर पदादिक मय जो द्रव्यश्रुत है तिसके सुनने से जो श्रुतज्ञान का पर्यायरूप ज्ञान हुआ सो भाव श्रुत [illegible] कर ज्ञान होगा कि चौदह पूर्व दृष्टिवाद बारहवे अङ्ग में गर्भित हैं ऐसे द्वादश अङ्गको अंगप्रविष्ट कहते हैं और चौदह प्रकीर्णको अंगबाह्य कहते हैं। आगे इस बातको दिखलाते हैं कि यह अंगबाह्य और अंग प्रविष्टरूप द्रव्य श्रुतज्ञानको

उत्पत्ति कैसे है और जिनवाणी कितने अक्षर प्रमाण है और क्योंकर इतने ही अक्षर होते हैं न्यूनाधिक क्यों नहीं होते और किस प्रकार होते हैं।

उक्त अनादिनिधन ये चौंसठि मूल अक्षर एक संयोगी द्विसंयोगी त्रिसंयोगी चतुःसंयोगी पंचसंयोगी आदि चौंसठि संयोगी पर्यन्त जानना इन संयोगियों वा संघातों की उत्पत्ति का अनुक्रम मूलवर्ण चौंसठि अक्षरों के सम्बन्ध में निम्नलिखित चित्रमें दिखाते हैं—

क	ख	ग	घ	ङ	च	छ	ज	झ	ञ	६४ अक्षर पर्यन्त
१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	प्रत्येक भङ्ग ॥
१ जोड़	१	२	३	४	५	६	७	८	९	द्विसंयोगी भङ्ग
	२ जोड़	१	३	६	१०	१५	२१	२८	३६	त्रि ,, ,,
		४ जोड़	१	४	१०	२०	३५	५६	८४	चतुः ,, ,,
			८ जोड़	१	५	१५	३५	७०	१२६	पंच ,, ,,
				१६ जोड़	१	६	२१	५६	१२६	षट् ,, ,,
					३२ जोड़	१	७	२८	८४	सप्त ,, ,,
						६४ योग	१	८	३६	अष्ट ,, ,,
							१२८ योग	१	९	नव ,, ,,
								२५६ योग	१	दश ,, ,,
									५१२ योग	... ...

यहां केवल क वर्णमें तो एक प्रत्येक भंग (क) ही है इस क वर्णमें द्विसंयोगी, त्रिसंयोगी आदिक भङ्ग नहीं है। ख वर्ण सहित विषैं अर्थात् क् ख् की अपेक्षा से प्रत्येक भङ्ग ख् एक और द्विसंयोगी भंग क् ख् एक ऐसे दो भङ्ग हैं। और ग वर्ण सहित विषैं अर्थात् क्ख्ग्की अपेक्षा से प्रत्येक भङ्ग ग् एक, द्विसंयोगी भङ्ग क्ग्-ख्ग् दो त्रिसंयोगी भङ्ग क् ख् ग एक ऐसे चार भङ्ग हैं। घ वर्ण सहित विषैं अर्थात् क्ख्ग्घ की विवक्षा से प्रत्येक भंग घ् एक है, द्विसंयोगी भङ्ग कघ्-ख्घ्-ग्घ् ये तीन त्रिसंयोगी तंग क्ख्ग्-क्ग्घ्-ख्ग्घ् ये तीन हैं, चतुःसंयोगी भङ्ग क् ख् ग् घ् एक है ऐसे आठ हैं और ङ वर्ण सहित विषैं अर्थात् क ख ग् घ् ङ् की अपेक्षा से पूर्वोक्त रीति से भंग निकालने पर प्रत्येक भंग ङ् एक होगा. द्विसंयोगी

भंग चार त्रिसंयोगी भंग छह, चतुःसंयोगी भंग चार पञ्चसंयोगी भंग (क् ख् ग् घ् ङ्) एक ऐसे सोलह भंग हैं। च वर्ण सहित विर्ये अर्थात् क वर्ण से च वर्ण को अपेक्षा से प्रत्येक भंग (च्) एक है द्विसंयोगी पांच भंग हैं त्रिसंयोगी दश भंग हैं, चतुःसंयोगी दश भंग हैं पंच संयोगी भंग पांच और षटसंयोगी भंग (क् ख् ग् घ् ङ् च्) एक है। ऐसे भंग बत्तीस हैं। छ वर्ण सहित विर्ये अर्थात् क वर्ग से छ वर्ण तक इन सात अक्षरों की अपेक्षा से प्रत्येक भंग (छ) एक है द्विसंयोगी भंग छह हैं। त्रिसंयोगी भंग पन्द्रह हैं चतुःसंयोगी भंग बीस हैं पञ्चसंयोगी भंग पन्द्रह हैं षट् सयोगी भंग छह हैं और सप्त संयोगी भग (क् ख् ग् घ् ङ् च् छ्) एक है इस प्रकार चौंसठि हैं। ज् वर्ण सहित विर्ये अर्थात् कवर्ण से जवर्ण तक इन आठ अक्षरों की अपेक्षा से प्रत्येक भंग (ज्) एक है द्विसंयोगी भंग सात हैं त्रिसंयोगी भंग इक्कीस हैं चतुःसंयोगी भंग पैंतीस हैं; पंचसंयोगी भंग पैंतीस हैं षट् संयोगी भंग इक्कीस हैं, सप्तसंयोगी भंग सात हैं अष्ट संयोगी भंग (क् ख् ग् घ् ङ् च् छ् ज्) एक है ऐसे एकसौ अट्ठाईस हैं। झ् वर्ण सहित विर्ये अर्थात् कवर्ण से झ वर्ण तक में प्रत्येक भंग एक (झ्) है, द्विसंयोगी भंग आठ हैं त्रिसंयोगी भंग २८ अट्ठाईस हैं। चतुःसंयोगी भंग छप्पन हैं, पंच संयोगी भंग सत्तर हैं। षट्संयोगी सत्र छप्पन हैं। सप्त संयोगी भग अट्ठाईस हैं। अष्टसंयोगी भंग आठ हैं नवसंयोगी भंग (क् ख् ग् घ् ङ् च् छ् ज् झ्) एक है ऐसे कवर्ण से झ तक दोसौछप्पन भंग हैं। और कवर्ण से ञ वर्ण पर्यन्त इन दश अक्षरों की अपेक्षा से प्रत्येक भंग (ञ्) एक है। द्विसंयोगी भंग नौ हैं। त्रिसंयोगी भंग छत्तीस हैं, चतुःसंयोगी भंग चौरासी हैं पँचसंयोगी एकसौछब्बीस हैं। षट्संयोगी भंग भी एकसौ छब्बीस हैं। सप्तसंयोगी भंग चौरासी हैं अष्टसंयोगी भंग छत्तीस हैं नव संयोगी भग नव हैं दश संयोगी भंग (क् ख् ग् घ् ङ् च् छ् ज् झ् ञ्) एक है ऐसे ये ५१२ भग हैं। ये सर्व भग एक सहस्र नैईस जोड़ने पर होते हैं ये सब पृथक् पृथक् लिखे जासकते हैं विस्तार भय से नहीं लिखे लिखने की रीति ऊपर बता चुके हैं। स्मरण रहे कि ये भंग अपुनरुक्त अक्षरों द्वारा बने हुये हैं अर्थात् एक भंग में उलटफेर कर वही अक्षर नहीं आसकते हैं जैसे क्खग् और ख्गक् वा गक्ख् यह तीनों अपुनरुक्त भंग की अपेक्षा से एक ही भंग हैं। इस ही क्रम से चौंसठि स्थानों में प्रत्येक भंग, द्विसंयोगी भंग, त्रिसंयोगी भंग, चतुः संयोगी भंग इत्यादिक भंग पूर्व पूर्व स्थानों के भंगों से उत्तर उत्तर अर्थात् अगले अगले स्थानों से दूने दूने होते जाते हैं। जैसे—

एटानिवासी जगरूपसहाय वकीलकृत पदच्छेद और विभक्त्यर्थ सहित सर्वार्थसिद्धिका शब्दशः हिंदी अनुवाद । अध्याय १ सूत्र २०

स्थान	सर्वप्रकार के भंगोंका योग	स्थान	सब भांतिके भंगोंका जोड़	स्थान	सबरीतिके भंगोंका जोड़	स्थान	सब भांति के भंगोंका जोड़
पहिला	१	सत्रहवां	६५५३६	तेतीसवां	४२९४९६७२९६	उनचासवां	२८१४७४९७६७१०६५६
दूसरा	२	अठारहवां	१३१०७२	चौंतीसवां	८५८९९३४५९२	पचासवां	५६२९४९९५३४२१३१२
तीसरा	४	उन्नीसवां	२६२१४४	पैंतीसवां	१७१७९८६९१८४	इक्यावनवां	११२५८९९९०६८४२६२४
चौथा	८	बीसवां	५२४२८८	छत्तीसवां	३४३५९७३८३६८	बावनवां	२२५१७९९८१३६८५२४८
पांचवां	१६	इक्कीसवां	१०४८५७६	सैंतीसवां	६८७१९४७६७३६	त्रेपनवां	४५०३५९९६२७३७०४९६
छठवां	३२	बाईसवां	२०९७१५२	अढतीसवां	१३७४३८९५३४७२	चौयनवां	९००७१९९२५४७४०९९२
सातवां	६४	तेईसवां	४१९४३०४	उनतालीसवां	२७४८७७९०६९४४	पचपनवां	१८०१४३९८५०९४८१९८४
आठवां	१२८	चौबीसवां	८३८८६०८	चालीसवां	५४९७५५८१३८८८	छप्पनवां	३६०२८७९७०१८९६३९६८
नवमां	२५६	पच्चीसवां	१६७७७२१६	इकतालीसवां	१०९९५११६२७७७६	सतावनवां	७२०५७५९४०३७९२७९३६
दशवां	५१२	छब्बीसवां	३३५५४४३२	बियालीसवां	२१९९०२३२५५५५२	अट्ठावनवां	१४४११५१८८०७५८५५८७२
ग्यारवां	१०२४	सत्ताईसवां	६७१०८८६४	तेतालीसवां	४३९८०४६५१११०४	उनसठवां	२८८२३०३७६१५१७११७४४
बारहवां	२०४८	अट्ठाईसवां	१३४२१७७२८	चवालीसवां	८७९६०९३०२२२०८	साठवां	५७६४६०७५२३०३४२३४८८
तेरहवां	४०९६	उन्तीसवां	२६८४३५४५६	पैंतालीसवां	१७५९२१८६०४४४१६	इकसठवां	११५२९०१५०४६०६८४६९७६
चौदहवां	८१९२	तीसवां	५३६८७०९१२	छयालीसवां	३५१८४३७२०८८८३२	बासठवां	२३०५८४३००९२१३६९३९५२
पन्द्रहवां	१६३८४	इकतीसवां	१०७३७४१८२४	सैंतालीसवां	७०३६८७४४१७७६६४	त्रेसठवां	४६११६८६०१८४२७३८७९०४
सोलहवां	३२७६८	बत्तीसवां	२१४७४८३६४८	अड़तालीसवां	१४०७३७४८८३५५३२८	चौंसठवां	९२२३३७२०३६८५४७७५८०८

इन सब प्रत्येक भंगों को, द्विसंयोगी भंगों को, त्रिसंयोगी इत्यादि चौंसठि मूलवर्ण के भंगों का योग १८४४६७४४०७३७०९५५१६१५ है येही सर्वद्रव्य श्रुतज्ञान के एक वाटि एकट्ठी प्रमाण अपुनरुक्त अक्षर हैं अर्थात् एक नौ चौरासी शंख छयालासपदम, चौहत्तरि नील चालीस खरब तेहत्तरि अरब सतरि करोड पचानवे लाख इक्यावन सहस्र छसौ पन्द्रह इतने अक्षर भिन्न भिन्न अर्थात् अपुनरुक्तअक्षर द्रव्य श्रुतज्ञान के हुये "जातैं जो वस्तु का अर्थ को प्रतीति के निमित उनही कहे अक्षरनिकों वारंवार कहे तो उनका किछू संख्या का नियम है नाहीं" गोम्मटसार पृष्ठ ७५१

( ) दूसरे प्रकार से उक्त षोस अक्षर प्रमाण द्रव्यश्रुतज्ञान ऐसे निकालते हैं कि उक्त चौंसठ अक्षरों को विरलन करके अर्थात् बराबरि पंक्तिरूप एक एक को पृथक् पृथक् चौंसठि स्थानों में मांडिए। प्रत्येक चौंसठ अक्षरों के ऊपर दो दो का अङ्क देकर परस्पर सम्पूर्ण दो के अङ्कों को निम्नरीति से गुणा करके जो लब्ध राशि आवे उसमें से एक घटा देने से जो प्रमाण रहता है उतने ही श्रुतज्ञान के अपुनरुक्त अक्षर रहने हैं क^{१} – ख^{१} – ग^{१} – घ^{१} – ङ^{१} इत्यादि चौंसठ स्थानों पर्यन्त रखिये चूंकि ज्ञेय ज्ञेय के अङ्कों का ही परस्पर गुणन करते हैं । दो के नीचले मूल चौंसठ अक्षर विकार को प्राप्त नहीं होते हैं, अतः प्रत्येक चौंसठ मूल अक्षर के स्थान में एक का अङ्क लिखकर अथवा □ ऐसे चिन्ह चौंसठ लिखकर उन प्रत्येक के ऊपर दो दो का अङ्क लिखें पुन सब दो दो के अङ्कों को परस्पर गुणा करदें तो भी वही (परिमाण) होगा जैसे $\square^{१}$

$\square^{१}$

$= २\times२\times२\times२

६५५३६
६५५३६
६५५३६
३९३२१६
१९६६०८
३२७६८०
३२७६८०
३९३२१६
४२९४९६७२९६ अब ४२९४९६७२९६ का मा रूप में गुणा करने पर जो लब्ध राशि आवे उसमें से एक घटाने पर शेष इष्ट राशि है

अर्थात्
४२९४९६७२९६
४२९४९६७२९६
२५७६९८०३७७६
३८६५३७०५६६४
८५८९९३४२९२
३००६५७३७०३२
२५७६९८०३७७६
३८६५३७०५६६४
८५८९९३२५४९२
१७१७९८६९१८४
१
१८४४६७४४०७३७०९५५१६१५ से एकादि एक ही प्रमाण द्रव्यश्रुतज्ञानके अपुनरुक्त अक्षर हैं

इस भेद को इस रूप [२^६४ − १] में भी रख सकते हैं अर्थात् दो को चौंसठ ठौरों में गुणा करके एक घटादो ॥

( ) इसी भेद को तीसरे प्रकार से ऐसे भी प्रकाश करसकते हैं कि द्विरूपवर्गधारा (अथवा दोके वर्ग धारा में) छठवां वर्गस्थान जिस की गणना एकट्ठी संख्याके बराबर है । इस एकट्ठी प्रमाण संख्यामें से एक घटादेने से जो शेष रहे उतने ही आदिसे अंत पर्यन्त अपुनरुक्त अक्षर रूप अंकस्थानके हैं अर्थात् दोके ऊपरें २ वर्ग रखकर जब छठवां वर्गका स्थान आवे (२) इस गुणनफलमें से एक घटादेने पर जो शेष रहे उतने अपुनरुक्त अक्षरहैं

जैसे दो का एक वर्गस्थान $२^{२} = ४$ दोका दूसरा वर्गस्थान $\boxed{२^{२}}^{२} = \boxed{४}^{२} = १६$

दोका तीसरा वर्ग स्थान $\boxed{\boxed{२^{२}}^{२}}^{२} = \boxed{\boxed{४}^{२}}^{२} = \boxed{१६}^{२} = २५६$ दोका चौथावर्ग स्थान $= \boxed{\boxed{\boxed{२^{२}}^{२}}^{२}}^{२} = \boxed{\boxed{४}^{२}}^{२} = \boxed{१६}^{२} = \boxed{२५६}^{२} = ६५५३६$

दोका पांचवां वर्गस्थान $\boxed{\boxed{\boxed{\boxed{२^{२}}^{२}}^{२}}^{२}}^{२} = \boxed{\boxed{\boxed{४}^{२}}^{२}}^{२} = \boxed{\boxed{१६}^{२}}^{२} = \boxed{२५६}^{२} = \boxed{६५५३६}^{२} = ४२९४९६७२९६$

दोका छटा वर्गस्थान $\boxed{\boxed{\boxed{\boxed{\boxed{२^{२}}^{२}}^{२}}^{२}}^{२}}^{२} = \boxed{\boxed{\boxed{\boxed{४}^{२}}^{२}}^{२}}^{२} = \boxed{\boxed{\boxed{१६}^{२}}^{२}}^{२} = \boxed{\boxed{२५६}^{२}}^{२} = \boxed{\boxed{६५५३६}^{२}}^{२} = \boxed{४२९४९६७२९६}^{२}$

$= ४२९४९६७२९६ \times ४२९४९६७२९६$

$= १८४४६७४४०७३७०९५५१६१६$ इससे एक घटादेने पर १८४४६७४४०७३७०९५५१६१५ शेष रहे येही अपुनरुक्त अङ्क द्रव्य श्रुतज्ञान के हैं

आ अंगप्रविष्ट और अंगबाह्य का ऊपर लिखते हैं। एक अक्षर से ज्ञान हुआ जो ज्ञान तिसके ऊपर क्रमसे एक एक अक्षर की वृद्धि होते हो। जब संख्यात अक्षरों की वृद्धि होजाय तब पदनामक श्रुतज्ञान होता है। अक्षरज्ञान के ऊपर और पदज्ञान के पूर्व तक जितने ज्ञान के भेद हैं (वे ज्ञान के भेद संख्या में पद के अक्षरों से दो न्यून होते हैं) वे सब अक्षर समासज्ञान के भेद हैं। (जी० को० गो० ३३५ गाथा) स्मरण रहै कि यहाँ पद पद से अभिप्राय मध्यमपद से है क्योंकि पद तीन प्रकार के हैं (१) अर्थपद (फ) प्रमाण पद (ब) मध्यम पद। तहाँ जितने अक्षरों के समूहद्वारा वांछित अर्थ जाना जाता है उसको 'अर्थपद' कहते हैं अर्थात् विवक्षित अर्थ के कर्ता, एक दो आदि अक्षरनिका समूह ताको अर्थपद कहिये" जैसे 'गामभ्याज शुक्लां दंडेन' वाक्य में गाम अभ्याज शुक्लां दंडेन (= श्वेत गाय को दंडेके बल) से बन्द करदो। गाम्-अभ्याज शुक्ला-दंडेन चार अर्थ पद हुये। वैसे ही 'अग्निमानय' वाक्य में अग्निम्-आनय (= अग्नि को ला) दो अर्थ पद हुये। और दंडेन शालिभ्यो गां निवारय' वाक्य में दंडेन – शालिभ्यः – गां – निवारय (= दंडेसे धान्यों में से गाय को निकाल दो) ये चार अर्थ पद हुये। इन उदाहरणों से प्रकट है कि अर्थ पद में प्रत्येक पद के अक्षर बराबर नहीं होते न्यून हों अधिक हों कमी बेशी बराबर भी हों प्रमाणेन अष्टाक्षरादि संख्या निष्पन्नः अक्षरसमूहः प्रमाण पदं ॥ तद्यथा नमः श्रीवर्द्धमानाय। नियमित संख्या को लिये हुये आठ अक्षर आदि गणना करि उत्पन्न हुआ अक्षरोंका समूह सो प्रमाण पद है जैसे श्री वर्द्धमान (भगवान्) को नमस्कार हो अन्य उदाहरण प्रमाणपदके भक्तामरप्रणतमौलि माणि प्रभाणाम् त्रैकाल्यं द्रव्यषट्क नव पद सहितं जीव षट्कायलेश्याः। इत्यादि इन तीन प्रमाणपद के उदाहरणों से प्रगट है इनके अक्षरों की संख्या हीन अधिक है परन्तु प्रत्येक छन्द अवशेष तीन प्रमाणपदों के अक्षरों का प्रमाण बराबर होगा। उक्त सब उदाहरणों के मिलाने से यह फल निकलता है कि अर्थपद और प्रमाणपद के अक्षरों की कोई गणना नियत नहीं है ॥

आठ और सोलासै चौंतीस कोडि तियासी लाख सात हजार आठसै अठ्यासी (१६३४८३०७८८८) गाथा विषै (= परमागम) कहैं अपुनरुक्त अक्षर तिनिका समूह सो मध्यमपद कहिये। इन विषै अर्थपद अर प्रमाणपद तौ हीन अधिक अक्षरनिका प्रमाणकौं लिए लोकव्यवहार करिग्रहण प्रमाणपद का काम है तातैं लोकोत्तर परमागमविषै गाथाविष कही जो संख्या तोहू विषै वर्तमान जो मध्यम पद ताही का ग्रहण जानना" सारांश, अर्थपद और प्र अक्षरों न्यूनाधिकप्र माण होने से लोकव्यवहार में ग्रहण है तिससे लोकोत्तर गाथा विषै [= परमागम में] कहे हुये पदके अक्षरों का प्रमाण १६३४८३०७८८८ सर्वदा के लिये निश्चित है। इस ही को मध्यम पद कहते हैं ॥

४१६

एटा निवासी जगरूपसहाय वकीलकृत पदच्छेद और विभक्त्यर्थ सहित सर्वार्थसिद्धिका शब्दशः हिंदी अनुवाद । अध्याय १ सूत्र २०

अंगप्रविष्टं द्वादशविधम् ॥ तद्यथा—

अङ्गप्रविष्टम् ॥ द्वादशविधम् ॥ तद्यथा ॐ = अंगप्रविष्ट बारह प्रकार है जैसे (सो = तद्. ज्यों हैं = यथा ऐसा शब्दार्थ है)

हमको ज्ञात है कि समस्त जिनवाणी (अर्थात् द्रव्यश्रुतज्ञान) बीस १८४४६७४४०७३७०९५५१६१५ अपुनरुक्त अक्षर प्रमाण है इन बीस अंकों में १६३४८३०७८८८ अंकों का भाग देने से द्रव्यश्रुतज्ञान के मध्यम पदों की संख्या इसभांति निकलती है कि

१६३४८३०७८८८) १८४४६७४४०७३७०९५५१६१५ (११२८३५८००५ ।

१६३४८३०७८८८
२०९८४३६१८५७
१६३४८३०७८८८
४६३६०५३९६९०
३२६०६६१५७७६
१३६६३९२३९१४९
१३०७८६४६३१०४
५८५२७७६०४५५
४९०४४९२३६६४
९४८२८३६७९१५
८१७४१५३९४४०
१३०८६८२८४७५१
१३०७८६४६३१०४
८१८२१६४७६१५
८१७४१५३९४४०
८०१०८१७५

इतने अंगप्रविष्ट श्रुतज्ञान के मध्यम पद हुये इतने पदों का तो द्वादशांग रूप द्रव्यश्रुत है और शेष अक्षर आठ करोड़ एक लाख अष्ट सहस्र एकसौ पचहत्तर ८०१०८१७५) रहे इनका पूराएक मध्यम पद नहीं होसक्ता है इनसे अंगबाह्यकी उत्पत्ति है अर्थात् इन अक्षरों से चौदह पूर्वोक्त प्रकीर्णकों की उत्पत्ति हुई है।

आचारः ;। =आचारांग अर्थात् वह है जिसमें साधुओं के समस्त आचरणका वर्णन हो । अठारह सहस्र जिसके पद हैं ।

सूत्रकृतम् ;॥। =सूत्रकृतांग अर्थात् वह है । जिसमें ज्ञानका विनयादिक तथा क्रियामें स्वमत परमतकी क्रियाका और निर्विघ्न अध्ययन क्रियाका विशेष निरूपण हो इस में छतीस सहस्र ३६००० पद हैं ।

स्थानम् ;॥॥ =स्थानाङ्ग अर्थात् जिसमें सम्पूर्ण द्रव्योंके एकसे लेकर कितने विकल्प होसकते हैं और उन विकल्पों का वर्णन किया है जैसे समान्यकी अपेक्षासे जीवद्रव्यका एक ही विकल्प वा भेद है, संसारी और मुक्त की अपेक्षा से दो भेद हैं, उत्पाद व्यय ध्रौव्यकी अपेक्षा से तीन भेद हैं । चार गतियों की अपेक्षासे चार भेद हैं, इत्यादि । इसी प्रकार पुद्गल आदिक द्रव्यों के भी भेद समझना । इस में बियालीस सहस्र ४२००० पद हैं ।

समवायः ;। =समवायाङ्ग अर्थात् वह अङ्ग है जिसमें द्रव्य, क्षेत्र, काल भाव की अपेक्षासे सामान्यताका वर्णन है । सारांश सम्पूर्ण द्रव्यों में परस्पर किस किस धर्म की अपेक्षा से सादृश्य है यह बताया है । जैसे द्रव्यकरि धर्मास्तिकाय अधर्मास्तिकाय समान है । क्षेत्रकरि मनुष्यक्षेत्र और प्रथम नरकका प्रथम इन्द्रकबिल, अर प्रथम स्वर्गका प्रथम इन्द्रक विमान समान है । कालकरि उत्सर्पिणी अवसर्पिणी समान हैं । भावकरि केवल ज्ञान केवल दर्शन समान हैं । इसके एक लाख चौंसठ सहस्र १६४००० पद हैं ।

व्याख्याप्रज्ञप्तिः ;॥ =व्याख्याप्रज्ञप्ति अङ्ग वह है जिसमें जीव के अस्तिनास्ति, वक्तव्य अवक्तव्य, नित्य अनित्य एक अनेक इत्यादि साठ सहस्र प्रश्न गणधर देवने तीर्थंकर भगवान के निकट किये सो कथन है । दोलाखअट्ठाईस सहस्र पद हैं ।

ज्ञातृधर्मकथ;॥ =ज्ञातृ धर्म कथांग वह है जिसमें जीवादि वस्तुओं का स्वभाव तीर्थंकरोंका महात्मय, तीर्थंकरोंकी दिव्यध्वनिका समय तथा महात्म्य, उत्तम क्षमा आदि दशधर्म सम्यक्दर्शनादि रत्नत्रयका स्वरूप तथा गणधर इन्द्र चक्रवर्ती आदिकी कथा उपकथाओं का वर्णन है पांचलाख छप्पनसहस्र पद हैं ।

उपासकाध्ययनम् ;॥। =उपासकाध्ययनाङ्ग वह है जिसमें उपासकोंकी (श्रावकोंकी) सम्यक्दर्शनादि ग्यारह प्रतिमा संबंधी व्रत गुण शील आचार तथा दूसरे क्रिया कांड और उनके मंत्रादिकों का विस्तार वर्णन है । ग्यारहलाख सत्तर सहस्र पद हैं,

अन्तकृद्दशम् । अनुत्तरोपपादिकदशम् । प्रश्नव्याकरणम् । विपाकसूत्रम् । दृष्टिवाद इति ॥ दृष्टिवादः पञ्चविधः—

अन्तकृद्दशम् ;॥॥ = अन्तकृद्दशांग जिसमें प्रत्येक तीर्थंकरके तीर्थमें (= एक तीर्थके पीछे जबतक दूसरा तीर्थंकर हो वो काल) जो दश दश मुनि घोर प्रकार का तीव्र उपसर्ग सहन करके संसारके अन्त को प्राप्त हुए उनका वर्णन है इसके तेईस लाख अट्ठाईस सहस्र २३२८००० पद हैं

अनुत्तरोपपादिकदशम् ;॥॥ = अनुत्तरोपपादिक दशांग वह है जिसमें एक एक तीर्थंकरके तीर्थमें दश दश महामुनि घोर उपसर्ग सहकर अन्तमें समाधि के द्वारा अपने प्राणों को त्याग करके विजय आदिक पांच प्रकारके अनुत्तर विमानोंमें उत्पन्न हुए। इसमें बानवें लाख चवालीस सहस्र ९२४४००० पद हैं ।

प्रश्न व्याकरणम् ;॥॥ = प्रश्न व्याकरणांग वो है जिसमें अतीत अनागत काल सम्बन्धी लाभ अलाभ सुख दुःख जीवित मरणादि शुभाशुभका कोई प्रश्न करै तिसके उत्तर यथार्थ कहनेका उपाय वर्णन है और आक्षेपिणी, विक्षेपिणी संवेजिनी निर्वेजनी इन चार प्रकारकी कथाओं का वर्णन है इसमें तिरानवें लाख सोलह सहस्र ९३१६००० पद हैं ।

विपाकसूत्रम् ; ॥ = विपाकसूत्राङ्ग वह अङ्ग है जिसमें द्रव्य, क्षेत्र, काल, भावके अनुसार शुभाशुभ कर्मों की तीव्र मन्द मध्यम आदि अनेक प्रकारकी अनुभाग-शक्तिके फल देने रूप विपाकका वर्णन है इसमें एककरोड़ चौरासीलाख पद हैं

दृष्टिवादः ;। = दृष्टिवादाङ्ग वह अङ्ग है जिसमें तीनसौ तिरेसठ मिथ्या मतों का वर्णन और उनका निराकरण है इसमें एकसौ आठ करोड अडसठलाख छप्पन सहस्र पांच १०८६८५६००५ पद हैं

दृष्टिवादः ;। पञ्चविधः ;। = दृष्टिवादः (बारहवां अङ्ग) पांच प्रकार का है (इसी पुस्तक का पृष्ठ ४२० देखो)

परिकर्म । सूत्रम् । प्रथमानुयोगः ।

(१) परिकर्म ३॥। = (प्रथम भेद दृष्टिवाद अंग का) परिकर्म१ वह है जिसमें गणित के करण सूत्रों का वर्णन है

सूत्रम् ३॥। = (द्वितीय भेद दृष्टिवाद अंगका) सूत्र वह है जिसमें तीनसौत्रेसठ मिथ्यादृष्टियों का पूर्वपक्षपूर्वक निराकरण है अर्थात् जिसमें मिथ्यादर्शन सम्बन्धी तीनसौत्रेसठ कुवाद हैं तिनका पूर्वपक्ष लेकर जीवादिक पदार्थों ऊपर लगावनेका वर्णन है। तिन मिथ्यादृष्टियों के ग्रन्थों में जीव अबंधकही है, अकर्ता ही है निर्गुण ही है। अभोक्ता ही है। स्वप्रकाशक ही है। पर प्रकाशक हो है। अस्तिरूप ही है। नास्तिरूप हो है इत्यादि एकांत पक्षपात को दूर कर यथार्थस्वरूप का वर्णन है। इसमें अठासीलाख पद हैं।

प्रथमानुयोगः ३। (तृतीय भेद दृष्टिवाद अंगका) प्रथमानुयोग वह है जिसमें चतुर्विंशति तीर्थंकर, द्वादश चक्रवर्ती नव नारायण नव प्रतिनारायण और नव बलभद्र इन त्रेसठ शलाका (=उत्तम) पुरुषोंका वर्णन है। इसमें पांच सहस्र पद हैं।

---

(१) इस (परिकर्म) के पांच भेद (क) चन्द्र प्रज्ञप्ति (ख) सूर्य प्रज्ञप्ति (ग) जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति (घ) द्वीपसागर प्रज्ञप्ति (ङ) व्याख्या प्रज्ञप्ति

(क) चन्द्रप्रज्ञप्ति में चन्द्रमा सम्बन्धी विमान आयु परिवार वृद्धि गमन हानि वृद्धि पूर्ण ग्रहण अर्धग्रहण चतुर्थांशग्रहण आदिका वर्णन है इसमें छत्तीसलाख पांच सहस्र ३६०५०००) पद है

(ख) सूर्यप्रज्ञप्ति में सूर्य संबंधी आयु परिवार गमन ग्रहण ऋद्धि विषयका वर्णन है इसमें पांचलाख तीन सहस्र पद है। (५०३०००)

(ग) जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति में जम्बूद्वीप संबंधी मेरु कुलाचल ह्रद (सरोवर) क्षेत्र कुंड वेदिका व व्यन्तरों के आवास महानदी आदिका वर्णन है इसमें तीन लाख पचीस सहस्र ३२५००० पद हैं

(घ) द्वीपसागर प्रज्ञप्ति में असंख्यात द्वीप और समुद्रों का स्वरूप तथा वहां मिलने वाले भवन वासी व्यन्तर ज्योतिष्कनि के आवासका वर्णन और वहा पर होने वाले अकृत्रिम चैत्यालयों का वर्णन है इसमें बावन लाख छत्तीस सहस्र (५२३६००० पद) हैं

(ङ) व्याख्याप्रज्ञप्ति में भव्य अभव्य- भेद प्रमाण लक्षण रूपी अरूपी अजीव द्रव्यों का और अनन्तरसिद्ध परंपरा सिद्धोंका तथा दूसरा वस्तुओं का भी वर्णन है। इसमें चौरासी लाख छत्तीस सहस्र (८४३६०००) पद हैं

पूर्वगतम्। चूलिका चेति ॥ तत्र पूर्वगतं चतुर्दशविधम्—उत्पादपूर्वम्। अग्रायणीयम्।

पूर्वगतम् ॥॥ = [चतुर्थ भेद दृष्टिवाद अङ्ग का] वह है जिसके चौदह प्रभेद हैं। जिसमें पचानवे करोड़ उनंचास लाख निन्यानवें सहस्र नौ सौ निन्यानवें [९५४९९९९९९] पद हैं। (इनके विशेष के लिये देखो पृष्ठ ४२१, ४२२)

च* (१) चूलिका ॥॥ इति ∞ = और (१) च) चूलिका (पञ्चम भेद दृष्टिवाद अंग का) है। (जिसके पांच प्रभेद हैं जिनका वर्णन निम्न टिप्पणी में है)

तत्र • पूर्वगतम् ॥॥ = तहां (= तत्र) पूर्वगत (दृष्टिवाद अंग का चौथा भेद)

चतुर्दशविधम् ॥॥ = चौदह प्रकार है अर्थात् दृष्टिवाद अङ्ग के चौथे भेद पूर्वगत में निम्नलिखित चौदह पूर्वगर्भित है

उत्पादपूर्वम् ॥॥ = वह है जिसमें प्रत्येक द्रव्य के उत्पाद व्यय ध्रौव्य और उनके संयोगी धर्मों का वर्णन है। इसके एक करोड़ पद हैं

अग्रायणीयम् ॥॥ = वह पूर्व है जिसमें द्वादशांग के प्रधानभूत सातसौ सुनय और दुर्नय पञ्चास्तिकाय षड्द्रव्य सप्ततत्त्व नव पदार्थ आदिका वर्णन है इसमें छियानवें लाख ९६००००० पद हैं

(१) [क] जलगता चूलिका [ख] स्थलगता चूलिका [ग] मायागता चूलिका [घ] रूपगता चूलिका [ङ] आकाशगता चूलिका ये पांच भेद हैं

[क] जलगता चूलिका वह है जिसमें जलगमन के, जलस्तम्भन के, अग्नि के आसन के, अग्नि के भक्षण के, अग्नि के प्रवेश के, अग्नि के स्तम्भन आदि के मंत्र तंत्र तपश्चर्यादिक का कथन है। इन प्रत्येक के दो करोड़ नौ लाख नवासी सहस्र दो सौ पद हैं।

[ख] स्थलगता चूलिका वह है जिसमें मेरुकुलाचल भूमि पर्वत आदि में प्रवेश करना शीघ्र गमन करना इत्यादिक क्रिया के कारणभूत मंत्र तंत्रादिक का परूपण है। इसके भी दो करोड़ नौ लाख नवासी सहस्र दो सौ पद हैं।

[ग] मायागता चूलिका वह है जिसमें मायामयी इन्द्रजालादि विक्रिया के कारण मन्त्र तंत्र आचरणादि का कथन है २०९८९२०० पद हैं।

[घ] रूपगता चूलिका वह है जिसमें सिंह हाथी घोड़ा बैल हिरण इत्यादिक रूपके पलटने के कारण मंत्र तंत्र तपश्चरणादिक का प्रकपण है तथा चित्राय काष्ठलेपादिक का वर्णन है। तथा धातु रस रसायन का निरूपण है २०९८९२०० पद हैं

[ङ] आकाशगता चूलिका वह है जिसमें आकाश में गमनादिक के कारणभूत मंत्र तंत्र तपश्चरणादिक का वर्णन है। इसके भी दो करोड़ नव लाख नवासी सहस्र दो शत् (२०९८९२००) पद हैं।

वीर्यानुप्रवादम्। अस्तिनास्तिप्रवादम्॥ ज्ञानप्रवादम्। सत्यप्रवादम्। आत्मप्रवादम्। कर्मप्रवादम् प्रत्याख्याननामधेयम्।

वीर्यानुवादम् ॥॥ = (३) वीर्यानुवाद पूर्व वह है जिसमें आत्मवीर्य परवीर्य उभयवीर्य कालवीर्य गुणवीर्य तपोवीर्य द्रव्यवीर्य पर्यायवीर्य क्षेत्रवीर्य भाववीर्य आदि अनेक प्रकार के वीर्य (सामर्थ्य) का वर्णन है। इसमें सत्तरलाख ७००००००पद हैं।

अस्तिनास्तिप्रवादम् ॥॥॥ = (४) अस्तिनास्तिप्रवाद पूर्व वो है जिसमें जीवादिक वस्तुओंके स्व पर द्रव्य क्षेत्र काल भाव की अपेक्षाकरि स्यादस्ति स्यान्नास्ति आदि अनेक धर्मों में विधि निषेधकरि सप्तभंगकरि मुख्य गौणकरि वर्णन है। इसमें साठ लाख (६००००००) पद हैं।

ज्ञानप्रवादम् ॥॥ = (५) ज्ञानप्रवाद पूर्व वह है जिसमें मतिज्ञान श्रुतज्ञान अवधिज्ञान मनः पर्ययज्ञान केवलज्ञान और कुमतिज्ञान कुश्रुतज्ञान कुअवधिज्ञान इन विभंगज्ञानों का स्वरूप संख्या विषय फलादिको का वर्णन है इसमें एक घाटि करोड़ (९९९९९९९) पद हैं ।

सत्यप्रवादम् ॥॥ = (६) सत्यप्रवाद वह पूर्व है जिसमें आठ प्रकारके शब्दोच्चारण के स्थान, पांच प्रयत्न, वाक्यसंस्कारके कारण, शिष्ट दुष्ट शब्दों के प्रयोग, लक्षण, वचनके भेद बारह प्रकारकी भाषा अनेक प्रकार के असत्य वचन वाग्गुप्ति मौन आदि का वर्णन है। इसमें एक करोड़ छह (१००००००६) पद हैं।

आत्मप्रवादम् ॥॥॥ = (७) आत्मप्रवाद पूर्व वह है जिसमें आत्मा के कर्ता भोक्ता आदि अनेक धर्मों का निश्चयनय और व्यवहार नयकी अपेक्षा से विशेषरूपमें वर्णन है । इसमें छब्बीस करोड़ (२६००००००० पद हैं। ४२२

कर्मप्रवादम् ॥॥॥ = (८) कर्मप्रवाद पूर्व वह है जिसमें ज्ञानावर्णादि कर्मों की मूल प्रकृति उत्तरप्रकृति उत्तरोत्तर प्रकृतियों के भेदलिये बंध सत्ता उदय उदीरणा उत्कर्षण अपकर्षण संक्रमण उपशम निधत्ति निःकांक्षित आदि अवस्थाओं का वर्णन है। इसमें एक करोड़ अस्सीलाख (१८००००० पद हैं।

प्रत्याख्याननामधेयम् ॥॥ = (९) प्रत्याख्याननामधेय पूर्व वह है जिसमें नाम स्थापना द्रव्य क्षेत्रकाल भावको आश्रयकरि पुरुषों के

विद्यानुप्रवादम् । कल्याणनामधेयम् । प्राणावायम् । क्रियाविशालम् । लोकबिन्दुसारमिति ॥

संहनन बलादिक के अनुसारकरि प्रमाणीक काल पर्यन्त वा अप्रमाणीक कालकरि त्यागकरना तथा सावद्य वस्तुओं का त्याग और उपवास विधि और इनकी भावना और पञ्चसमिति और तीनि गुप्ति आदिका वर्णन है । इसमें चौरासी लाख (८४०००००) पद हैं ।

विद्यानुप्रवादम् ॥१०॥ = (१०) विद्यानुप्रवाद पूर्व वह है जिसमें अंगुष्ठप्रसेना आदि सातसौ अल्पविद्या तथा रोहिणी आदि पांचसौ महा विद्याओंका स्वरूप सामर्थ्य मंत्र तंत्र पूजा-विधानआदिका तथा सिद्ध भई विद्याओं का फल और अन्तरिक्ष भौम अङ्ग स्वर स्वप्न लक्षण व्यञ्जन छिन्न इन अष्टांग निमित्तों के ज्ञान का वर्णन है ॥ ११००००००० पद हैं।

कल्याणनामधेयम् ॥११॥ = (११) कल्याणनामधेय पूर्व वह है जिसमें तीर्थंकर चक्रधर बलदेव वासुदेवादिकों के गर्भावतारण आदि कल्याणकोंके महोत्सव तथा उनके कारण (तीर्थंकरत्वादि पुन्य विशेषका हेतु) षोडशकारण भावनादि तपश्चरणादिकों का तथा चन्द्र सूर्यादि ग्रह नक्षत्रादिकों के गमन ग्रहण शकुनादिकों के फल वर्णन हैं इसके छब्बीस करोड २६००००००० पद हैं ।

प्राणावायम् ॥१२॥ = (१२) प्राणावाद पूर्व वह है जिसमें काय चिकित्सा आदि आठ प्रकार के आयुर्वेद का, इडा (= पृथिवी) पिङ्गला (= अग्नि) आदिका दशप्राणोंके उपकारक अपकारक द्रव्योंका गतियों के अनुसार वर्णन है ।
इस में तेरह करोड १३००००००० पद हैं ।

क्रियाविशालम् ॥१३॥ = (१३) क्रियाविशाल वह पूर्व है जिसमें संगीत छन्द अलङ्कार पुरुषोंकी बहत्तर कला स्त्रीके चौंसठ गुण तथा गर्भाधानादिकचौरासी क्रिया, शिल्पादि विज्ञान सम्यग्दर्शनादि एकसौ आठ क्रिया, देववन्दनादिक पच्चीस क्रिया और नित्य नैमित्तिक क्रियाओं का वर्णन है । इसमें नौ करोड़ पद हैं ।

लोकबिन्दुसारम्-इति ॥१४॥ = (१४) लोकबिन्दुसार पूर्व वह है जिसमें तीन लोकका स्वरूप छत्तीस परिकर्म आठ व्यवहार, चार बीजगणितादिक मोक्ष का स्वरूप, उसके गमन का कारण, क्रिया, मोक्षसुख के स्वरूप का वर्णन है । इसमें साढ़े बारह करोड़ पद हैं ।

तदेतत् श्रुतं द्विभेदमनेकभेदं द्वादशभेदमिति ॥

तद् ;॥। एतद् ;॥। श्रुतम् ;॥। द्वि-भेदम् ; ॥।	=पूर्वोक्त (=तद्) यह (=एतद्) (श्रुतज्ञान अङ्गबाह्य और अङ्गप्रविष्ट) दो भेदरूप
अनेक भेदम् ;॥। द्वादशभेदम् ;॥। इति*	=(इनमें से अङ्गबाह्य) अनेक भेदरूप (अङ्गप्रविष्ट) बारह भेदरूप ऐसे हुआ

(१ मतिज्ञान-श्रुतज्ञानयोः ;। कः ;। प्रतिविशेषः ;। इति* = मतिज्ञान और श्रुतज्ञान में क्या भेद(=प्रति विशेष)है ऐसा (प्रश्न होने पर)

अत्र उच्यते T उत्पन्न-अविनष्ट-अर्थ- = यहां कहा जाता है कि उत्पन्न होकर जो नष्ट नहीं हुवा है ऐसे पदार्थ (=अर्थ) के

साम्प्रतकाल-विषयं ;॥। ग्राहकं ;॥। मतिज्ञानम् ;॥। = वर्तमान (=साम्प्रतम्) काल के विषय को ग्रहण करने वाला मतिज्ञान है

श्रुतज्ञानं ;॥। तु ❀ त्रिकाल-विषयं ;॥। उत्पन्न- = और (=तु) त्रिकाल विषयक श्रुतज्ञान है (अर्थात्) उत्पन्न पदार्थ का (और)

विनिष्ट-अनुत्पन्न- =(उत्पन्न होकर) नष्ट भये पदार्थ का (और) अनुत्पन्न (जो भविष्यमें उत्पन्न होगा उस)

अर्थ-ग्राहकम् ;॥। =पदार्थ का (श्रुतज्ञान) ग्रहण करने वाला है (देखो सभाष्यतत्त्वार्थाधिगम सूत्र पृष्ठ २०)

च * विशुद्धतरं ;॥। इति * =और(=च) अधिक विशुद्ध (मतिज्ञान से श्रुतज्ञान) है

किं ;॥। च * अन्यत् * मतिज्ञानम् ;॥। इन्द्रिय- = कुछ और भी (मतिज्ञान से श्रुतज्ञान में विशेष) है। मतिज्ञान है सो इन्द्रिय और

अनिन्द्रिय-निमित्तम् ;॥। आत्मनः ;। ह-स्वभावात् ;। = अनिन्द्रय जो मन (लिङ्ग) निमित्तक आत्माके ह-स्वभाव (=जाननेके स्वभाव)से होताहै

पारिणामिकम् ;॥। श्रुतज्ञानं ;॥। तु* तत्- = (अक्षर)पारिणामिक है। परन्तु (=तु) श्रुतज्ञान उस (मतिज्ञान)

पूर्वकम् ;॥। श्रुत-उपदेशात् ;। भवति T इति * = जन्य(=पूर्वक) श्रुतके उपदेशसे (उत्पन्न) होता है। ऐसा (प्रतिविशेष भी)है सभाष्य०२०

(२) श्रुतज्ञान और केवल ज्ञान में अंतर या भेद यह है कि श्रुतज्ञान परोक्ष है केवल ज्ञान प्रत्यक्ष है यद्यपि ज्ञान की अपेक्षा से श्रुतज्ञान तथा केवल ज्ञान दोनों ही सदृश हैं भावार्थ- जिस प्रकार श्रुतज्ञान सम्पूर्ण द्रव्य और उनकी पर्यायों को जानता है उस ही प्रकार केवल ज्ञान भी सम्पूर्ण द्रव्य और पर्यायों को जानता है। विशेषता इतनी ही है कि श्रुतज्ञान इन्द्रिय और मनकी सहायता से होता है इसलिये इसकी अमूर्त पदार्थों में और उनकी अर्थ पर्याय तथा दूसरे सूक्ष्म अंशों में स्पष्टरूप से प्रवृत्ति नहीं होता। किन्तु केवल ज्ञान निरावरण होने के कारण समस्त पदार्थोंको स्पष्ट रूप से विषय करता है ॥

टिप्पणी—अंगप्रविष्ट श्रुतज्ञानके पदों की संख्या—

(१) आचारांग	अठारहसहस्र	१८०००
(२) सूत्रकृतांग	छत्तीससहस्र	३६०००
(३) स्थानांग	बियालीससहस्र	४२०००
(४) समवायांग		१६४०००
(५) व्याख्या प्रज्ञप्तिअंग		२२८०००
(६) ज्ञातृधर्मकथांग		५५६०००
(७) उपासकाध्ययनांग		११७००००८
(८) अन्तकृद्दशांग		२३२८०००
(९) अनुत्तरोपपादिकदशांग		९२४४०००
(१०) प्रश्नव्याकरणांग		९३१६०००
(११) विपाक सूत्रांग		१८४०००००
(१२) दृष्टिवादांग		१०८६८५६००५
द्वादशांग के सर्वपदोंका योग		११२८३५८००५

दृष्टिवाद अंग के पांच भेद हैं उनमें से प्रथम भेद परिकर्म के पांच प्रभेद हैं और चतुर्थभेद पूर्वगत के चौदह प्रभेद हैं और पांचवां भेद चूलिकाके भी पांच प्रभेद हैं "सूत्र" दूसरे भेद और 'प्रथमानुयोग' तीसरे भेद का कोई प्रभेद नहीं हैं इन सबके १०८६८५६००५ मध्यम पद हैं। इन प्रभेदों की पृथक २ संख्या और प्रत्येक प्रभेद के पदों की भी संख्या इस पृष्ठ के तीसरे स्तम्भ या धारा में लिखते हैं।

१-चन्द्रप्रज्ञप्ति (परिकर्म)	३६०५००	(ठ) प्राणावाद पूर्व १३०००००००
२-सूर्यप्रज्ञप्ति ,,	५०३०००	(ड) क्रियाविशालपूर्व ९०००००००
३-जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति ,,	३२५०००	
४-द्वीपसागरप्रज्ञप्ति ,,	५२३६०००	(ढ) लोकबिंदुसारपूर्व १२५०००००
५-व्याख्याप्रज्ञप्ति ,,	८४३६०००	(१) जलगताचूलिका २०९८९२००
६-सूत्र (दूसरा भेद)	८८०००००	
७) प्रथमानुयोग (तीसरा भेद)	५०००	(२) स्थलगताचूलिका २०९८९२००
(क) उत्पादपूर्व (चौथा भेद)	१०००००००	(३) रूपगताचूलिका २०९८९२००
(ख) अग्रायणीयपूर्व	९६०००००	
(ग) वीर्यानुवादपूर्व	७०००००	(४) मायागताचूलिका २०९८९२००
(घ) अस्तिनास्तिप्रवादपू.	६०००००	(५) आकाशगता ,, २०९८९२००
(ङ) ज्ञानप्रवादपूर्व	९९९९९९९	
(च) सत्यप्रवादपूर्व	१००००००६	१०८६८५६००५
(छ) आत्मप्रवादपूर्व	२६०००००००	
(ज) कर्मप्रवादपूर्व	१८०००००	
(झ) प्रत्याख्यान नाम धेय पूर्व	८४०००००	
(ञ) विद्यानुप्रवादपूर्व	११०००००	
(ट) कल्याणनाम-धेय पूर्व	२६०००००००	

दृष्टि वाद अंग के छब्बीस स्थानों के एक सौ आठ करोड़ अडसठ लाख छप्पन सहस्र पांच पद हुये ॥

द्रव्य श्रुतज्ञानका मानचित्र

टिप्पणी :-

अंगप्रविष्ट

(१) आचारांग
(२) सूत्रकृतांग
(३) स्थानांग
(४) समवायांग
(५) व्याख्याप्रज्ञप्तिअंग
(६) ज्ञातृधर्मकथांग
(७) उपासकाध्ययनांग
(८) अन्तकृद्दशांग
(९) अनुत्तरोपपादिकदशांग
(१०) प्रश्नव्याकरणांग
(११) विपाकसूत्रांग

(१२) दृष्टिवादांग

परिकर्म (क)

१-चन्द्रप्रज्ञप्ति
२-सूर्यप्रज्ञप्ति
३-जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति
४-द्वीपसागर प्रज्ञप्ति
५-व्याख्याप्रज्ञप्ति

सूत्र (ख)

प्रथमानुयोग (ग)

पूर्वगत (घ)

१-उत्पादपूर्व
२-अग्रायणीपूर्व
३-वीर्यानुवादपूर्व
४-अस्तिनास्तिप्रवादपूर्व
५-ज्ञानप्रवादपूर्व
६-सत्यप्रवादपूर्व
७-आत्मप्रवादपूर्व
८-कर्मप्रवादपूर्व
९-प्रत्याख्याननामधेयपूर्व
१०-विद्यानुप्रवादपूर्व
११-कल्याणनामधेयपूर्व
१२-प्राणवायु वा प्राणवादपूर्व
१३-क्रियाविशालपूर्व
१४-लोकबिंदुसारपूर्व

चूलिका (३)

१-जलगता चूलिका
२-स्थलगता चूलिका
३-मायागता चूलिका
४-आकाशगता चूलिका
५-रूपगता चूलिका

अंगबाह्य (ये चौदह प्रकीर्णक हैं)

(१) सामायिकप्रकीर्णक
(२) चतुर्विंशतिस्तवप्रकीर्णक
(३) वंदनाप्रकीर्णक
(४) प्रतिक्रमण प्रकीर्णक
(५) वैनयिक प्रकीर्णक
(६) कृतिकर्म प्रकीर्णक
(७) दशवैकालिक प्रकीर्णक
(८) उत्तराध्ययन प्रकीर्णक
(९) कल्पव्यवहार प्रकीर्णक
(१०) कल्पाकल्प प्रकीर्णक
(११) महाकल्प प्रकीर्णक
(१२) पुण्डरीक प्रकीर्णक
(१३) महापुण्डरीक प्रकीर्णक
(१४) निषिधिका प्रकीर्णक

किंकृतोऽयं विशेषः ? । वक्तृविशेषकृतः ॥ त्रयो वक्तारः । सर्वज्ञतीर्थकरः । इतरो वा श्रुतकेवली ॥

किम्* कृतः १/१ अयम् १/१ विशेषः १/१ ?	= यह प्रभेद (= विशेष) क्योंकर किया गया है ? अर्थात् यह श्रुत ज्ञान दो भेदरूप, अनेक भेदरूप और बारह भेदरूप हैं सो क्योंकर हैं ।
वक्तृविशेष-कृतः १/१	= (यह विशेष) वक्ता के विशेष वा भेद [होने के कारण] से किया गया है ।
त्रयः १/३ वक्तारः १/३	= तीन [प्रकार के] वक्ता हैं अर्थात् शास्त्र वा आगम के कहने वालों के तीन भेद हैं ।
सर्वज्ञ-तीर्थकरः १/१	= सर्वज्ञतीर्थंकर अर्थात् तीर्थंकर होकर पश्चात् सर्वज्ञता को प्राप्त करनेवाला
इतरः १/१ वा*	= अथवा (= वा) दूसरे [प्रकारके सर्वज्ञ] अर्थात् तीर्थंकर केवलीके अतिरिक्त भिन्न
	= श्रेष्ठ मनुष्य जिसने तपश्चरणके द्वारा सर्वज्ञता प्राप्त की है
श्रुतकेवली १/१	= श्रुतकेवली अर्थात् वह श्रेष्ठ पुरुष जो द्वादशांग और चौदह प्रकीर्णकों के ज्ञाता हैं ।

१—(क) ग्यारह अङ्ग चौदह पूर्व के पाठी (ख) "द्वादशांगके पाठी" (ग) श्रुत केवली (घ) "पूर्वविदः" इन चारों वाक्यों के भावार्थ लिखते हैं

(क) मानचित्र पृष्ठ ४२६ से ज्ञात है कि दृष्टिवाद बारहवां अङ्ग का चौथा भेद 'पूर्वगत' है और जिस क्रम से हमने मान चित्रमें दृष्टिवाद अङ्ग के भेद दिये हैं उसही क्रमसे जीवकांड गोम्मटसारगाथा ३६१, अर्थप्रकाशिका पृष्ठ ५४, सर्वार्थसिद्धि वचनिका पृष्ठ १६० में इसी दृष्टिवाद अंग के भेद दिये गये हैं इससे यह बात झलकती है वह जो ग्यारह अंग और पूर्वगत के भेद तक का पाठी हो अर्थात् ग्यारह अङ्ग पांचपरिकर्म, सूत्र, प्रथमानुयोग और चौदह पूर्वोंका ज्ञाता हो उसको ग्यारहअंग चौदह पूर्वका पाठी कहेंगे नकि उसको जो केवल ग्यारहअङ्ग और चौदह पूर्वका पाठी परिकर्म-सूत्र प्रथमानुयोग को छोड़कर हो । बारह अङ्गोंके पठनमें से केवल चूलिका पांच रहजाती हैं ।

(ख) "द्वादशांग के पाठी" उनको कहेंगे जो बारह अङ्ग के पाठी हों अर्थात् चौदह प्रकीर्णकों को छोड़कर शेष सब श्रुतज्ञान के पाठी हों ॥

(ग) श्रुतकेवली वो है जो द्वादशांग और चौदह प्रकीर्णकों के ज्ञाता हों । अर्थात् समस्त द्रव्य श्रुत ज्ञात को जानते हों ॥

(घ) "पूर्वविदः" यह वाक्य नवमें अध्याय के सैंतीसवां सूत्र "शुक्लेचाद्ये पूर्वविदः" में आया है और इसका अर्थ सर्वार्थसिद्धि संस्कृतवृत्ति (पृष्ठ ४५२) तत्त्वार्थराजवार्तिक (पृष्ठ ३५४) और तत्त्वार्थ श्लोकवार्तिक (पृष्ठ ५८४) और जहांतक हमने अवलोकन किया है सब भाषा टीकाकारों ने जैसे पं० जयचन्द्रजी, सदासुखजी, पन्नालालजी, नाथूरामजी इत्यादिकों ने "श्रुतकेवली" किया है अब प्रश्न यह है कि "पूर्वविदः" वाक्य का अर्थ श्रुतकेवली कैसे हुआ क्योंकि प्रत्यक्ष में "पूर्वविदः" का अर्थ पूर्व के जानने वाले ऐसा ही होता है अर्थात् पूर्व तक जानने वाले भावार्थ उक्त "ग्यारहअङ्ग चौदह पूर्व तक के पाठी हों ॥

आरातीयश्चेति ॥ तत्र सर्वज्ञेनपरमर्षिणा परमाचिन्त्यकेवलज्ञानविभूतिविशेषेण अर्थत आगम उद्दिष्टः ॥ तस्य

च* आरातीयः $\frac{१}{१}$ इति*	= इस दूसरी गणना में गणधर जो चार ज्ञान के धारक होते हैं सम्मिलित हैं और (= च) आरातीय अर्थात् केवलज्ञानियों, गणधरों और श्रुतकेवलियों को छोड़कर अन्य आचार्य, सूत्रकार टीकाकार और भाष्यकार ऐसे हैं।
तत्र* सर्वज्ञेन $\frac{३}{१}$ परमर्षिणा $\frac{३}{१}$ परम-अचिन्त्य-केवलज्ञान-विभूति-विशेषेण $\frac{३}{१}$।	= तहाँ सर्वज्ञकरि (जो) उत्कृष्ट ऋषि है (और) जो उत्कर्ष वा प्रधान अचिन्त्य = केवलज्ञान ऐश्वर्य के विशेष सहित है।
अर्थतः * आगमः $\frac{१}{१}$ उद्दिष्टः $\frac{१}{१}$	= अर्थतैं, आगम वा शास्त्र उपदेशागया है अर्थात् अर्थको आश्रयकरि अभिप्राय को प्रगट करते हुए वा तात्पर्य को लिये हुये उक्तसर्वज्ञने आगम को कहा है
तस्य $\frac{६}{१}$ प्रामाण्यम् $\frac{१}{१}$	= तिस (आगम) का प्रमाणपना वा विश्वसनीयता (= प्रामाण्यम्) विश्वास्यता

(उत्तर) टिप्पणी पृष्ठ ४०६ से विदित है कि अक्षरात्मक श्रुतज्ञानके अठारह भेद अर्थाक्षर, पद, संघात, प्रतिपत्तिक, अनुयोग, प्राभृतप्राभृत प्राभृत, वस्तु, पूर्व ये नव भेद और क्रम से एक एक अक्षर की वृद्धि के द्वारा उत्पन्न होनेवाले अक्षर समास आदि नव ऐसे सर्व मिलि अठारह भेद हुए अर्थात् सत्रहवाँ भेद "पूर्व" है और अठारहवां भेद "पूर्वसमास" है॥ "पूर्व" अन्तका भेद नौ भेदों में से उत्कृष्ट है। मेरी समझ में "पूर्वविदः" वाक्यसे "पूर्वसमासविदः" प्रयोजन है अर्थात् श्रुतज्ञान का यह सर्व से उत्कृष्ट भेद है कि जिसके ऊपर अब किसी अक्षर की क्रम से वृद्धि नहीं हो सकती है॥ द्रव्य श्रुतज्ञान के सबसे उत्कृष्ट भेद तक के जानने वाले सो पूर्वसमासविदः हैं बोलते बोलते व्यवहार में समास शब्दको छोड़ दिया और पूर्व समासविदः के स्थान में पूर्वविदः कहने लगे। जब श्रुतज्ञानके सबसे उत्कृष्ट भेद के ज्ञाता हुये और श्रुतज्ञान का इस भेद से ऊपर कोई भेद है ही नहीं पूर्वसमास श्रुतज्ञान के ऊपर कोई अक्षर श्रुतज्ञान का अवशेष रहता ही नहीं कि कोई अन्य भेद किया जाय और श्रुतकेवली वही है जो समस्त द्रव्य श्रुतज्ञान को जानता है— इसलिये पूर्वविदः (= पूर्वसमासविदः) का अर्थ सर्व द्रव्य श्रुतज्ञानयुक्त बीस अक्षर के प्रमाण ज्ञाता हुआ अर्थात श्रुतकेवली हुआ। यह अर्थ समझ के अनुकूल लिखा, विशेष अर्थ पाठकगण विचार लें॥

(१) प्रामाण्य शब्द के दो अर्थ एक प्रमाणपना दूसरा विश्वसनीयता वा विश्वस्यता है (देखो वैद्य कोश पृष्ठ ४६० और आप्तेकोश पृष्ठ ७६)

प्रत्यक्षदर्शित्वात्प्रक्षीणदोषत्वाच्च प्रामाण्यम् । तस्य साक्षाच्छिष्यैर्बुद्ध्यतिशयर्द्धियुक्तैर्गणधरैः श्रुतकेवलिभिरनुस्मृतग्रन्थरचनमङ्गपूर्वलक्षणं तत्प्रमाणं तत्प्रामाण्यात् ॥ आरातीयैःपुनराचार्यैः कालदोषात्संक्षिप्तायुर्मतिबलशिष्यानुग्रहार्थं दशवैकालिकाद्युपनिबद्धं,तत्प्रमाणमर्थतस्तदेवेदमिति॥क्षीरार्णवजलंघटगृहीतमिव।

प्रत्यक्षदर्शित्वात् ५ ॥ प्रक्षीण—दोषत्वात् ५ ॥ च* = (सर्वज्ञ के) प्रत्यक्ष देखने से और = च) उत्कृष्ट निर्दोषपना से है
तस्य ६ । साक्षात् * शिष्यैः ३ । बुद्धि—अतिशय— = तिस (सर्वज्ञ) के निकटवर्ती (= साक्षात्) शिष्य बुद्धि के अतिशय और
ऋद्धियुक्तैः ३ । गणधरैः ३ । श्रुतकेवलिभिः ३ । = ऋद्धि करि सहित जे गणधरद्वारा और श्रुतकेवलियों करि
अनुस्मृत—ग्रन्थरचनम् १ ॥ = (उन गणधरों और श्रुतकेवलियों के) स्मरण के अनुसार ग्रन्थ रचना है
अङ्ग — पूर्व लक्षणम् १ ॥ = जो अंगों और पुर्वों का हेतु वा अवसर (= लक्षण—देखो वैद्यजी रचित कोष पृष्ठ ३१७)

तत्प्रमाणं १ ॥ तत्—प्रामाण्यात् ५ ॥ = उन [गणधर के वचन] का प्रमाण उन (सर्वज्ञ के वचन) के प्रमाण होने से है,
आरातीयैः ३ । पुनर् * आचार्यैः ३ । = और आरातियों करि [अर्थात्] पिछले आचार्यों करि भावार्थ केवल ज्ञानियों, गणधरों और श्रुतकेवलियों के अतिरिक्त जे पिछले आचार्यों करि

कालदोषात् ५ । संक्षिप्त—आयुस्-मति-बल-शिष्यअनुग्रह- = कालके दोष से थोड़ी अथवा अल्प आयु बुद्धि सामर्थ्य के(धारक) शिष्यों के उपकारके
अर्थम् १ ॥ दशवैकालिक—आदि - उपनिबद्धम् १ ॥ = लिये दशवैकालिक आदिक (प्रकीर्णक) रचे गये हैं
तत् प्रमाणम्—१ ॥ अर्थतः * = उन (दशवैकालिक आदि प्रकीर्णकों) का प्रमाण अर्थ से, तात्पर्य से अथवा अभिप्राय से (जो सर्वज्ञ और गणधरों ने कहा) है।

तत् १ ॥ [तद् १ ॥] एव * इदम् १ ॥ इति * = सो (तद्) ही (एव) यह (= इदम्, ऐसे है (इति)
घट-गृहीतम् १ ॥ क्षीर-अर्णव-जलम् १ ॥ इव * = मानो (= इव) घड़ामें ग्रहण किया गया वा भराभया क्षीर समुद्र का जलहै अर्थात् जैसे क्षीर समुद्र का थोड़ा सा जल घट में भरा हुआ यह प्रकट करता है कि घड़े का जल क्षीर समुद्र का जल ही है अन्य नहीं है तैसेहा ये दशवैकालिक सर्वज्ञ की परम्परायसे उसी अर्थ को लेकर आचार्यों ने अपनी अपनी बुद्धि अनुकूल कहे हैं वोही हैं वास्तव में सर्वज्ञकथितपदार्थ ही इनमें कहा गया है अतः यह प्रमाणभूत है।

व्याख्यातं परोक्षम् । प्रत्यक्षमिदानीं वक्तव्यम् । तत् द्वेधा-देशप्रत्यक्षं सकलप्रत्यक्षं च ॥ देशप्रत्यक्षमवधिमनःपर्ययज्ञाने। सर्वप्रत्यक्षं केवलम् ॥ यद्येवमिदमेव तावदवधिज्ञानं त्रिप्रकारस्य प्रत्यक्षस्याद्यं व्याक्रियतामित्यलोच्यते ॥ द्विविधोऽवधिः । भवप्रत्ययः क्षयोपशमनिमित्तश्चेति ॥ तत्र भवप्रत्यय उच्यते-

परोक्षम् ।॥ व्याख्यातम् ।॥ प्रत्यक्षम् ।॥ = परोक्ष (प्रमाण मति-श्रुत) कहेगये हैं प्रत्यक्ष(प्रमाण अवधि, मनः पर्यय केवल ज्ञान
इदानीम् * वक्तव्यम् ।॥। तत् ।॥। द्वेधा । देश-प्रत्यक्षम् ।॥। = अब(= इदानीम्) कहने योग्य हैं । वह (प्रत्यक्ष ज्ञान) दो प्रकारहैं । देश प्रत्यक्ष
च * सकल- प्रत्यक्षम् ।॥। देश-प्रत्यक्षम् ।॥। = और (= च) सकल प्रत्यक्ष । देश प्रत्यक्ष
अवधि-मनः पर्ययज्ञाने ।॥। सर्व-प्रत्यक्षम् ।॥। केवलम् ।॥। = अवधि मनः पर्यय ज्ञान हैं । सकल प्रत्यक्ष केवल ज्ञान है
यदि * एवम् । तावत् * इदम् ।॥। एव * = जो (= यदि) इस प्रकार (= एवम्) है तो (= तावत्) यहही
अवधिज्ञानम् ।॥। त्रिप्रकारस्य ।॥। प्रत्यक्षस्य ।॥। आद्यम् ।॥। = अवधि ज्ञान जो तीन प्रकार के प्रत्यक्ष (ज्ञानों) के पहिले है
व्याक्रियताम् । इति * अत्र * उच्यते । = (वह अवधि ज्ञान) वर्णन किया जाय । ऐसा (पूंछने पर) यहां कहा जाय है
द्वि-विधः ।॥। अवधिः ।॥। भवप्रत्ययः ।॥। = अवधि (ज्ञान) दो प्रकार है । भवप्रत्यय (जो पर्यायरूप कारण से उत्पन्न हो)
च * क्षयोपशम निमित्तः ।॥। इति * = और (= च) क्षयोपशम निमित्तक वा क्षयोपशम जन्य वा गुण प्रत्यय अर्थात् अवधिज्ञानावरणीय कर्म के क्षयोपशम से उत्पन्न होने वाला
तत्र * भवप्रत्ययः ।॥। उच्यते । = वहां भवप्रत्यय (अवधि ज्ञान निम्न लिखित इक्कीसवां सूत्र में] कहा जाता है

(१) "त्रिः प्रकारस्य" इस वाक्य में त्रि और प्रकार इन शब्दों के बीच में त्रिशूल (:) भूत से मुद्रित होगये हैं क्योंकि त्रि शब्द के प्रथमा विभक्ति एक वचन पुल्लिंग-स्त्रीलिंग-नपुंसकलिंग यथासंख्य त्रयः त्रिस्रः त्रीणि हैं और क्योंकि त्रिः का अर्थ तीनवार का है जैसे त्रिःसप्तकृत्वः परशुरामः पृथिवीम् अक्षत्रियाम् अकरोत्=तीनवार (=त्रिः) गुणित सातवार (अर्थात् इक्कीसवार) परशुराम ने पृथिवी को क्षत्रियरहित किया यहां पर तीन वार का अर्थ लगता नहीं है (२) व्याक्रियताम् :-यह वाक्य "कृ"(=करना वर्णन करना अर्थ में) धातुमें वि और आ' उपसर्गों के लगाने से कर्मणि प्रधान में लोट् वा आज्ञार्थ क्रिया का प्रथम पुरुष ताम् प्रत्यय लगाने से निम्नलिखित नियमों से बना है। (क) धातु में 'य'लगा कर आत्मनेपद प्रत्यय जोड़ने से कर्मणि प्रधान प्रयोग बनजाता है। (ख) यदि धातुके अन्तमें जो ऋ हो और उसके पूर्व कोई संयोग अक्षर न हो तो कर्मणि प्रयोगके य के पहिले ऋ के स्थानमें रि कर देते हैं जैसे कृ का कि होगया। (ग) कर्मणि प्रयोगों में धातुओं के गणों के भेदों का विचार नहीं किया जाता है सर्व प्रकार के धातुओं से वे एक ही प्रकार से बनाये जाते हैं ॥ धातुओं के रूप में क्वचित् कहीं परिवर्तन होजाता है। यहांपर वि+आ+कि+य=व्याकिय हुआ ताम् प्रत्यय लगाने से व्याकियताम् होगया।

॥ भवप्रत्ययोऽवधिर्देवनारकाणाम् ॥ २१ ॥

भव इत्युच्यते । को भवः ? । आयुर्नामकर्मोदयनिमित्त आत्मनः पर्यायो भवः । प्रत्ययः कारणं निमित्तमित्यनर्थांतरम् ॥ भवःप्रत्ययोऽस्य भवप्रत्ययोऽवधिः। देवनारकाणां वेदितव्यः ॥ यद्येवं

सूत्रम् [1]भवप्रत्ययोऽवधिर्देवनारकाणाम् ॥ २१ ॥

सूत्रार्थः—भव प्रत्ययः[1]। अवधिः[1]। देवनारकाणाम्[6]। = देव और नारकी (जीव) नि के अवधिज्ञान जन्म निमित्तक है

अर्थात् नारकी जीव और देवों के अवधि ज्ञान होने में नरक योनि तथा देव योनि में उत्पत्ति होना एक मुख्य कारण है । भावार्थ जैसे पक्षियों में जन्म होना ही आकाश में गमन करने का निमित्त है न कि शिक्षा, जप, तप, आदिक वैसे ही नारकी और देवों की पर्यायों में उत्पत्ति मात्र से ही अवधिज्ञान प्राप्त होता है ॥

तीर्थंकरों के भी भवप्रत्ययः अवधिज्ञान होता है ॥

पदच्छेद और विभक्त्यर्थ सहित इस इक्कीसवां सूत्र पर संस्कृत सर्वार्थसिद्धि वृत्ति का शब्दशः हिन्दी अनुवाद

भवः[1]। इति* उच्यते । कः[1]। भवः[1]। आयुर्नाम- = भव ऐसा (इस सूत्र में) कहा गया है (सो) भव क्या है ? आयुष्नामा

कर्म-उदय-निमित्तः[1]। आत्मनः[1]। पर्यायः[1]। भवः[1]। = कर्म का उदय है कारण जिसको ऐसा आत्मा का पर्याय सा भव है ।

प्रत्ययः[1]। कारणम्[1]॥। निमित्तम्[1]॥इति अनर्थान्तरम्[1]॥। = प्रत्यय कारण निमित्त ऐसे (ये तीन शब्द) सामान्य अर्थ वाचक हैं

भवः[1]। प्रत्ययः[1]। अस्य[1]। भवप्रत्ययः[1]। अवधिः[1]। = भव पर्याय वा जन्म है कारण जिसका (सो) भवप्रत्ययअवधिज्ञान

देवनारकाणाम्[1]। वेदितव्यः[1]। यदि*एवम्* = देव और नारकी जीवों के जानना योग्य है । (प्रश्न) जो इस प्रकार है (तो)

१) इस सूत्र का पाठ दिगम्बर आम्नायमें एक है। श्वेताम्बर आम्नाय में इस सूत्र के प्रथम २१ वां सूत्र "द्विविधोऽवधिः" = दो प्रकार (भवप्रत्यय और क्षयोपशम निमित्त) अवधि (ज्ञान) है। द्विविधोऽवधिः "के पीछे "भवप्रत्ययो नारक देवानाम्" बाईसवां सूत्र है जिसमें अवधि शब्द की अनुवृत्ति "द्विविधोऽवधिः" से ली है तब बाईसवां सूत्र- भवप्रत्ययोऽवधि नारक देवानाम् ऐसा बन जाता है। अब हमारे यहांके इक्कीसवांसूत्र का पाठ यदि सभाष्य०के बाईसवांसूत्र की अनुवृत्ति सहितमिलाया जायतो दोनों एक होजाते । केवल इतना रहताहै किहमारेयहां केपाठमें देवशब्द प्रथम हैं उनके यहां नारकशब्द प्रथमहै. अर्थपैप्रभाव नहीं पडता

तत्र क्षयोपशम निमित्तत्वं प्राप्नोति। नैष दोषः। तदाश्रयात्तत्सिद्धेः॥ भवं प्रतीत्य क्षयोपशमः सञ्जायत इति कृत्वा भवः प्रधानकारणमित्युपदिश्यते॥

तत्र ※ क्षयोपशम-निमित्तत्वम् ६।१॥ (१)प्राप्नोति; न एषः दोषः = वहां क्षयोपशम का निमित्तपना नहीं प्राप्त होता है (उत्तर) यह दूषण नहीं है
तद्—आश्रयात् ५।१। ( ) = क्योंकि उस(देव-नारकियों के भव)के आश्रय से उस (क्षयोपशम निमित्त पना) की
तत्—सिद्धेः ५।१॥ ; भवम् २।१। प्रतीत्य ÷ = सिद्धि होती है। भव को समर्थन करि वा प्रतिपादनकरि वा निर्णीतकरि (= प्रतीत्य)
क्षयोपशमः १।१। सञ्जायते(३) ।' इति ※ कृत्वा ※ = क्षयोपशम साथ साथ अवधिज्ञान के उत्पन्न होता है। ऐसा करके
भवः १।१। प्रधान-कारणम् १।१॥ = (देव नारकियों का) (भव) उक्त अवधिज्ञान का मुख्य निमित्त है
(और अवधि ज्ञानावरणकर्म का क्षयोपशम तौ भव के हेतु से होता ही है)
इति ※ उपदिश्यते । = ऐसा उपदेश किया गया है। इस प्रश्न और उत्तर का स्पष्ट सारांश यह है कि सिद्धान्त के अनुकूल किसी प्रकार का अवधिज्ञान कहीं और कभी भी अवधिज्ञानावरण कर्म के क्षयोपशम के बिना नहीं होता है इसी आगम के सिद्धान्त को शिष्य ने चित्त में रखकर प्रश्न कर दिया कि यदि देव और नारकियों की पर्यायवा भव ही अवधि ज्ञान को उत्पन्न करता है तो यह अवधिज्ञानावरणीय कर्म के क्षयोपशम की कुछ भी अपेक्षा न ठहरी (उत्तर) अवधिज्ञानावरण क्षयोपशम तौ अंतरंग कारण है ही। सो दोऊ प्रकार की अवधि में पाईये है या बिना तो अवधिज्ञान उपजै नाहीं। तातै यहां बाह्य निमित्त की अपेक्षासे कथन है। तब भव प्रत्ययअवधि कू तौ प्रधान कारण भव ही है॥

(१) "प्राप्नोति" के लिये देखो पृष्ठ २६१ (२) प्रतीत्य और कृत्वा दोनों संबंधसूचकभूत कृदन्त हैं।
(३) सम् + जायते = सञ् + जायते॥ किसी शब्द अथवा प्रत्यय के अन्त में 'म्' हो, और इस म् के पश्चात् कोई व्यञ्जन आवै तो म् प्रायः लेखक की इच्छानुसार अनुस्वार में परवर्तित हो जाता है और उक्त म् अवश्य ही अनुस्वार में पलट जाता है यदि म् के पीछे श्-ष्-स्-र् अथवा ह् आवै। यदि हम पहिले नियम में अनुस्वार में म् को न पलटें तौ वह म् उस वर्ग के पांचवे अक्षर में परवर्तित हो जाता है जिस वर्ग को अक्षर उक्त म् के पीछे आवै अतः यहां सम् का सञ् होकर सञ्जायते होगया॥

यथा पतत्त्रिणो गमनमाकाशे भवनिमित्तं न शिक्षागुणविशेषः, तथा देवनारकाणां व्रतनियमाद्यभावेऽपि जायत इति भवप्रत्यय इत्युच्यते । इतरथा हि भवः साधारण इति कृत्वा सर्वेषामविशेषः स्यात् इष्यते च तत्रावधेः प्रकर्षाप्रकर्षवृत्तिः ।

सर्वार्थ

यथा* पतत्त्रिणः[1] गमनम्[1]॥ आकाशे[1] भवनिमित्तम्[1]॥ न* शिक्षागुणविशेषः[1] तथा* देव-नारकाणाम्[1] व्रत-नियमादि-अभावे[1] अपि* जायते T इति* भव-प्रत्ययः[1] इति* उच्यते T इतरथा* हि*

भवः[1] साधारणः[1] इति* कृत्वा* सर्वेषाम्[1] अविशेषः[1] स्यात् T च* तत्र* अवधेः[1] प्रकर्ष-अप्रकर्ष-वृत्तिः[1]॥ इष्यते T

= जैसे पक्षी का आकाश में गमन [करने को] भव का पर्याय
= कारण है न कि शिक्षा का गुण विशेष तैसे
= देव और नारकियों के व्रत नियम आदि के न होने पर भी
= (अवधिज्ञान) उत्पन्न होता है इस प्रकार भव निमित्तक है ऐसे कहा गया है
= अन्यथा (= इतरथा) तो (= हि) अर्थात्
यदि भवप्रत्यय अवधिज्ञान के होनेका कारण देव और नारकियोंका केवल भवही होतो
= भव (सब देवनारकियों के) समान है ऐसा मानकर समस्त (देवनारकियों) के
= (भव प्रत्यय अवधिज्ञान) विशेष रहित वा एकसा होना चाहिये
= और वहां (देवनारकियोंमें) अवधि कीप्रवृत्ति वा स्थिति (= वृत्तिः) हीनाधिक
= मानी गई है अंगीकार कीगई है वहां क्षयोपशम का विशेष है । यहां सार यह है कि सर्व प्रकार के अवधिज्ञानों में अवधिज्ञानावरणीय कर्म का क्षयोपशम तो अन्तरङ्गकारण जीवके अवश्य ही है बिना इस अंतरङ्ग कारण के अवधिज्ञान कभी किसी भी जीव के नहीं होसकता है देवनारकियोंमें भी अवधिज्ञान घाटि वाढि है सो हीनाधिक क्षयोपशमके हेतुसेहै परन्तु क्षयोपशमका अस्तित्व सबकेहै।

४२३

(१) आकाश शब्द पुल्लिंग और नपुंसकलिंग दोनों है (२) जन् (= उत्पन्नहोना) दिवादि चतुर्गण का आत्मनेपदी अकर्मक धातु है। प्रयोग अथवा व्यवहार में जन् का जा आदेश होजाता है। य चतुर्गण का विकरण है। ते अन्यपुरुष (= प्रथमपुरुष) एक वचन वर्तमान कालका आत्मनेपदी प्रत्ययहै ॥ अतः जन् + य + ते = जा + य + ते = जायते, उत्पन्न होता है ॥

देवनारकाणामित्यविशेषाभिधानेऽपि सम्यग्दृष्टीनामेव ग्रहणंकुतः ? अवधि ग्रहणात् मिथ्यादृष्टीनां च विभंग इत्युच्यते ॥ प्रकर्षाप्रकर्षवृत्तेश्च आगमतो विज्ञेया

देवनारकाणाम् ६। इति ##	= (भव प्रत्यय अवधिज्ञान का होना) " देवनारकाणाम् " ऐसा (इस सूत्र में)
अविशेष-अभिधाने ७। अपि ##	= विशेष रहित वा भेद रहित (= अविशेष) कहने पर भी (= अभिधाने अपि)
सम्यग्दृष्टीनाम् ६। एव ## ग्रहणम् १।॥ कुतः ? *	= केवल (= एव)सम्यग्दर्शनधारकनि(देव नारकियों) का ग्रहण कैसे(कुतः) हुआ ? प्रश्न का तात्पर्य यह है कि अवधिज्ञान सदैव सम्यग्दृष्टियों के होताहै और चौथे गुणस्थान से बारह गुणस्थान तक इसका अस्तित्व है आपने 'देवनारकियों के' अभेदरूप से सूत्र में भवप्रत्ययअवधिज्ञान का होना कैसे कह दिया क्योंकि सब देवनारकी सम्यग्दृष्टी नहीं हैं इस सूत्र से अवधिज्ञान का होना केवल सम्यग्दृष्टी देवनारकियों के कैसे निकलता है सो कहिये
अवधि-ग्रहणात् ५।॥	= (उत्तर) (सूत्र में) अवधि(शब्द)के लाने से (स्पष्ट है कि सम्यग्दृष्टी देवनारकियों से प्रयोजन है)
च ## मिथ्यादृष्टीनाम् ६। विभङ्गः १।	= और(= च) मिथ्यादृष्टी (देव-नारकी-मनुष्य-तिर्यंच) निकेविभंग अवधिज्ञान है
इति ## उच्यते T	= ऐसा(इस अध्याय का इकतीसवां सूत्र) कहा गया है मतिश्रुतावधयो विपर्ययश्च = [मतिश्रुतअवधि- येतीन ज्ञान-विपर्य भी होतेहै अर्थात् मिथ्याज्ञान भीहैं]
च ## प्रकर्ष-अप्रकर्ष-वृत्तिः १।॥	= और (देव नारकियोंके) हीनाधिक अवधिकी स्थिति (वृत्तिः)वा विद्यमानता (= वृत्तिः)
आगमतः ## विज्ञेया १।॥	= (अन्य) शास्त्रसे जानो वा जाननायोग्य है। [इस पृष्ठ, की पृष्ठ ४३५की टिप्पणी देखो]

(१) द्रव्य क्षेत्र काल भावकी अपेक्षा से जिसके विषय की सीमा हो उसको अवधिज्ञान अथवा सीमाज्ञान कहते हैं। देवके नारक के, और तीर्थंकरके भवों की अपेक्षा से अवधिज्ञानावरण कर्म का क्षयोपशम होकर जो अवधिज्ञान हो उसको भवप्रत्यय अवधि कहते हैं।

यदि भवप्रत्ययोऽवधिर्देवनारकाणाम् ।

सर्वार्थ

यदि* भव-प्रत्ययः‡। अवधिः‡। देवनारकाणाम्‡। = जो भवनिमित्तक अवधिज्ञान देव और नारकियों के होता है तो

भवप्रत्यय अवधिज्ञान देव नारकी तथा तीर्थंकरों के होता है और यह (भवप्रत्यय अवधिज्ञान) संपूर्ण अंग से उत्पन्न होता है अर्थात् समस्त आत्मप्रदेशों से उत्पन्न होता है। और गुणप्रत्यय वा क्षयोपशम निमित्तक अवधिज्ञान नाभि के ऊपर शंख पद्म वज्र स्वस्तिक कलश सांथिया, मछली आदिक शुभ चिन्हों से होता है। उक्त जगह के आत्म प्रदेशों में होने वाले, अवधिज्ञानावरण कर्म के क्षयोपशम से उक्त क्षयोपशम ज्ञान होता है।

भवप्रत्यय अवधिज्ञान नियम से देशावधि ही होता है। (गोम्मट०गाथा ३७०,३७१.३७३ निरूपणमें अवधि के विषय भूत क्षेत्र का प्रमाण यह है कि सातवीं भूमि में अवधिज्ञान के विषयभूत क्षेत्रका प्रमाण एक कोस है। छठवीं भूमिमें डेढ़कोस, पाँचवीं में दो कोस, चौथी में अढ़ाई कोस; तीसरी में तीन कोस; दूसरी में साढ़े तीन कोस, प्रथम पृथिवी में चार कोस (अवधि के विषय भूत क्षेत्र का प्रमाण) है॥

भवनवासी और व्यन्तरों को अवधि के क्षेत्र का जघन्य प्रमाण पच्चीस योजन और जघन्य काल कुछ हीन एक दिन है। और ज्योतिषी देवों को अवधि का (जघन्य क्षेत्र इस (पचीस योजन) से संख्यात गुणाहै और (जघन्य) काल इस (कुछ हीन एक दिन) से बहुत अधिक है

असुरकुमारोंको अवधिका उत्कृष्ट विषयक्षेत्र असंख्यात कोटि योजन है (=असुराणमसंखेज्जा कोडीओ=असुराणाम् असंख्येयाःकोट्यः) गोम्मटसार जीवकांड गाथा ४२७ मुद्रित पृष्ठ ८५०॥ इसी पर जीवतत्व प्रदीपिका टीका "असुराणां उत्कृष्ट विषय क्षेत्रं असंख्यात कोटि योजन मात्रं=असुरों का उत्कृष्ट (अवधिज्ञानका) विषय भूतक्षेत्र असंख्यात करोड़ योजन मात्र है परंतु तत्त्वार्थराजवार्तिक के कर्ता के मतानुसार अवधि "उत्कृष्ट अधोभागमें तो असुरकुमार निमें असंख्यात योजन कोटा कोटि पर्यंत है"(="उत्कृष्टोऽसुराणामसंख्याता योजन कोटि कोट्योधः" पन्नालाल जी दूनी अनुवादित राजवार्तिक सूत्र २१ और संस्कृत तत्त्वार्थराजवार्तिक मुद्रित पृष्ठ ८५॥ शेष नौ प्रकारके भवनवासी देव तथा व्यंतर और ज्योतिषी देवोंकी अवधिका उत्कृष्ट विषय क्षेत्र 'असंख्यात सहस्र योजन है। देखो जी०का गोम्मट०गाथा४२७॥ ज्योतिषियों देवों की अवधि "ऊर्ध्वभाग में अपने विमान के उपरि भाग पर्यंत है अर तिर्यग् असंख्यात कोटा कोटीयोजन प्रमाण है' पन्नालाल जी दूनी का अनुवाद सूत्र२१ "ज्योतिषां.....ऊर्ध्वम् आत्मीय विमानस्य-उपरि पर्यंतः-तिर्यग्-असंख्याता योजन कोटी कोट्यः")

असुरकुमारों की अवधि के उत्कृष्ट काल का प्रमाण असंख्यात वर्ष है और शेष नौ प्रकार के भवनवासी व्यंतर ज्योतिषीयों की अवधिके उत्कृष्ट काल का प्रमाण असुरों की अवधि के उत्कृष्ट काल के प्रमाण से नियम से संख्यात में भागमात्र है॥

विशुद्धि-क्षेत्र- =विशुद्धता उज्ज्वलता वा निर्मलता, जहां तकके विद्यमान पदार्थोंके ज्ञानका होना

स्वामिन्-विषयेभ्यः ५। =स्वामी वा ज्ञानोंका प्रयोग करने वाला और ज्ञेय वस्तुओंके हेतुसे अर्थात इन चारोंकी अपेक्षासे वा विलक्षणतासे

अवधिमनपर्याययोः ७। =अवधिज्ञान और मनः पर्यय ज्ञानोंमें

विशेषः १। भवति T =विशेष, भेद वा अंतर होता है भावार्थ अवधिज्ञानकी अपेक्षासे मनः पर्यय ज्ञान अधिकतर विशुद्ध है (जितने रूपी पदार्थोंको अवधिज्ञान वाला जानता है उनको मनः पर्ययज्ञानी मनोगत होने पर भी अधिकतर शुद्धता से जान लेता है अवधिज्ञानीसे मनः पर्ययज्ञानीके परिणामोंमें अधिकतर विशुद्धता है) ॥

( ) अवधिज्ञानसे मनः पर्ययज्ञान थोडे क्षेत्रवाला है । अवधिज्ञानके उत्पत्तिका क्षेत्र त्रसनाली पर्यंत है और विषयका क्षेत्र सर्व लोक है । मनः पर्ययज्ञान मनुष्य लोकमेंही उत्पन्न होता है और मनुष्य लोकका विष्कम्भ पैंतालीस लाख योजन चौडा और पैंतालीस लाख योजन लंबा समान चौकोर घनरूप प्रतर क्षेत्र (यहां ऊंचाई थोडी है इससे घन प्रतर कहा है) इसका विषय है क्योंकि मानषोत्तर पर्वतके बाहिर चारों कोनों में तिष्ठते देव और तिर्यंच द्वारा चिंतित और स्थित पदार्थोंको भी विपुल मति मनः पर्यय ज्ञान जानता है ॥

( ) अवधिज्ञानसे मनः पर्ययज्ञानके स्वामी वा ज्ञानोंके प्रयोग करने वाले थोडे हैं संख्यामें न्यून हैं क्योंकि अवधिज्ञान चारों गतिके सैनी पंचेंद्रिय जीवोंके होता है और मनः पर्ययज्ञान गर्भज मनुष्य कर्मभूमिके पर्याप्तनिकेही प्रमत्त छठवें गुणस्थानसे क्षीणकषाय बारहवां गुणस्थान तक उपजे है इत्यादि देखो पृष्ठ ४६४ से ४६६ तक ॥

(१) इस सूत्रका हमारे यहां सर्वत्र एक पाठ है ॥ श्वेताम्बर आम्नायमें 'मनः पर्यय' शब्दके स्थानमें 'मनःपर्याय' है शेष पाठ दोनों संप्रदायोंमें एक है । मनः पर्यय और मनःपर्याय दोनों एकार्थवाची है । हमारी समझमें मनःपर्यय लिखना ठीक है क्योंकि सूत्रका पाठ लघु होजाता है ॥ दोनों सम्प्रदायमें इस सूत्रका अर्थ भी एकसा है ॥ श्वेताम्बर आम्नायमें "द्विविधोऽवधिः" २१ सूत्रके अधिक होनेसे इस सूत्रकी गणना २६वां है हमारे यहां पचीसवां है ॥

विशुद्धिः प्रसादः । क्षेत्रं यत्रस्थान्भावान्प्रतिपद्यते । स्वामी प्रयोक्ता । विषयो ज्ञेयः ॥ तत्रावधेः

(१) अवधिज्ञानसे मनः पर्यय ज्ञानका विषय सूक्ष्म है । कार्माण द्रव्य के जिस अंतिम अनंतवें भागको सर्वावधि ज्ञानने विषय कर रक्खा है उस अनंतवें भागका भी अनंतवां भाग ऋजुमतिमनः पर्यय ज्ञानका विषय है और जिस अनंतवें भागको ऋजुमतिमनः पर्ययज्ञानने विषय किया है उसका भी अनंतवां भाग जोकि दूर व्यवहित और सूक्ष्म है वह विपुलमतिमनः पर्ययज्ञानका विषय है (देखो सूत्र२७,२८) क्योंकि अनंतके अनंतभेद माने हैं ॥

पदच्छेद और विभक्त्यर्थ सहित पच्चीसवां सूत्रपर संस्कृत सर्वार्थसिद्धि वृत्तिका शब्दशः अनुवाद

विशुद्धिः १।॥ प्रसादः १।। क्षेत्रम् १।॥ यत्र * =उज्ज्वलता, निर्मलता है वह विशुद्धि वा प्रसाद है ।। क्षेत्र वह है जहां तकके
स्थान् २।। भावान् २।। प्रतिपद्यते T =तिष्ठहुये भावनिकों वा रूपी पदार्थों को प्राप्त होता है अथवा जानता है
प्रयोक्ता १।। स्वामी १।। विषयः १।। ज्ञेयः १।। तत्र अवधेः ६।=(ज्ञानोंके) प्रयोग करनेवाला स्वामी है ।। ज्ञेयवस्तु सो विषय है । तहां अवधि ज्ञानसे

[१] प्रश्नः—शास्त्रों में मनः पर्यय ज्ञान की अपेक्षा अवधिज्ञान का विषय अधिक द्रव्य बतलाया गया है और मनः पर्यय ज्ञानका विषय अल्प द्रव्य कहाहै क्योंकि सर्वावधिके विषयभूत रूपीद्रव्य का अनंतवां भाग मनः पर्यय ज्ञानका द्रव्य वा विषय है (सूत्र२८) और यह बात प्रसिद्ध है कि जिसका विषय अधिक द्रव्य होता है वह अधिक विशुद्ध और जिसका विषय न्यून वा अल्प द्रव्य होता है वह अल्प विशुद्ध कहा जाता है अतः अधिक द्रव्यको विषय करने के हेतु मनः पर्यय ज्ञान की अपेक्षासे अवधिज्ञान अधिक विशुद्ध है और अल्प द्रव्यको विषय करनेके कारण मनः पर्यय ज्ञान अल्प विशुद्ध है ॥ (उत्तर) संसारमें एक मनुष्य तो ऐसा है जो समस्त शास्त्रोंका व्याख्यान तो कररहा है परन्तु उनका एक देश रूपसेही व्याख्यान करता है, कहां क्या लिखा है, किस रूपसे लिखा है इस प्रकार समस्त रूपसे उनके अर्थका व्याख्यान नहीं करसकता-वैसा करनेमें असमर्थ है । दूसरा मनुष्य ऐसा है कि केवल एकही शास्त्रका व्याख्यान कररहा है परन्तु प्रत्येक अर्थ को भिन्न भिन्न दर्शा कर समस्त रूपसे अर्थ के कहनेमें समर्थ है । इन दोनों प्रकारके मनुष्योंमें पीछे का मनुष्य विशेष विशुद्ध ज्ञान का धारक समझा जाता है उसी प्रकार यद्यपि मनः पर्यय ज्ञानकी अपेक्षा अवधिज्ञान का विषय अधिक द्रव्य है परन्तु वह उसे एक देश स्थूल रूपसे जानता है और मनः पर्यय ज्ञानका विषय अवधिज्ञान के विषय का अनंतवां भाग है तौ भी वह बहुत से रूप आदि पर्यायों के साथ समस्त रूपसे जानता है इसलिये अवधिज्ञान की अपेक्षा मनः पर्ययज्ञान ही अधिक विशुद्ध है ॥

मनःपर्ययो विशुद्धतरः । कुतः । सूक्ष्मविषयत्वात् ॥ क्षेत्रमुक्तं विशेषो वक्ष्यते ॥ स्वामित्वं प्रत्युच्यते ।

मनः पर्ययः ;। विशुद्धतरः ;। कुतः*
सूक्ष्म-विषयत्वात् ;॥
क्षेत्रम्-;।। उक्तम् ;।।

=मनः पर्ययज्ञान अतिशय वा अधिकतर विशुद्ध है । क्योंकर (विशुद्धतर है)
=क्योंकि (मनः पर्ययज्ञानका अवधिज्ञानसे) विषय वा जानपना सूक्ष्म है
=क्षेत्र (अवधिज्ञान और मनः पर्ययज्ञानका) (पहिले) कहा गया है अर्थात् ऋजुमतिमनः पर्ययज्ञानका विषय क्षेत्रकी अपेक्षासे जघन्यकरि तीनसे ऊपर नौ से नीचे कोश है । उत्कृष्टकरि तीनसे ऊपर नौसे नीचे (=पृथक्त्व) योजनके भीतर है न कि बाहिर । (विपुलमतिमनः पर्यय ज्ञानका विषय) क्षेत्र (की अपेक्षा) से जघन्यकरि तीनसे ऊपर नवसे न्यून (=पृथक्त्व) योजन प्रमाण है । उत्कृष्टकरि (विपुलमति मनः पर्यय ज्ञानका विषय क्षेत्रकी अपेक्षासे) मानषोत्तर पर्वतके भीतर भीतर है नकि बाहिर (देखो पृष्ठ ४५४–४५५–टिप्पणी (१) पृष्ठ ४५५की अवश्य देखो) बहुरि "अवधिज्ञानके उत्पत्तिका क्षेत्र त्रसनाली पर्यंत है अर विषयका क्षेत्र सर्वलोक है" अर्थप्रकाशिका सूत्र २५ चारों गतियोंकी अपेक्षासे अवधिज्ञानके क्षेत्रके संबन्धमें (पृष्ठ ४३५, ४३६, ४३७ अवश्य देखो)

विषयः ;।
वक्ष्यतेT

=विषय (अर्थात् अवधि मनः पर्ययज्ञानके जानपने का भेद सूत्र २७, २८)में
=कहा जायगा भावार्थ अवधिज्ञान और मनः पर्ययज्ञान रूपी पदार्थों को विषय करते हैं सर्वावधि ज्ञानके विषयसे अनंतवां भाग सूक्ष्म मनःपर्यय ज्ञानका विषय होता है (तदनन्तभागे मनःपर्ययस्य सूत्र २८) ॥

स्वामित्वम् ;०।
प्रत्युच्यतेT

=(अवधिज्ञान और मनःपर्यंयज्ञानमें) स्वामीपन वा अधिपतिपन (का भेद)
=कहा जाता है ।

प्रकृष्टचारित्रगुणोपेतेषु वर्ततेऽप्रमत्तादिक्षीणकषायान्तेषु । तत्र चोत्पद्यमानः प्रवर्द्धमानचारित्रेषु न हीयमानचारित्रेषु ।

प्रकृष्ट-चारित्रगुण-उपेतेषु ‡। प्रमत्त-आदि-क्षीणकषाय-अन्तेषु ‡। वर्तते T

तत्र* च* उत्पद्यमानः ;।
प्रवर्द्धमान-चारित्रेषु‡। न* हीयमान-चारित्रेषु‡।

=उत्तम चारित्र गुणको प्राप्त होने पर प्रमत्त (छठे गुणस्थान) से
=क्षीणकषाय (बारहवां गुणस्थान) पर्यन्तमें (मनः पर्ययज्ञान) होता है अर्थात् प्रमत्तसंयमी मुनिसे लेकर क्षीणकषाय संयमी मुनियों तकके उक्त ज्ञान होता है
=तहां (छठे गुणस्थान से बारहवें तक) भी (=च) उपजने वाला वा उपजाऊ (मनः पर्यय)
=बढते हुये वा वृद्धिशील चारित्रों वालोंमें है न कि घटते हुये चारित्रों वालोंमें भावार्थ छठे गुणस्थान वर्तीनि से बारहवां गुणस्थान वर्तीनि में भी सब के मनः पर्ययज्ञान नहीं होता है वरन कषायोंकी दिनोंदिन मंदतासे बढते हुये चारित्र के ही धारक मुनियोंकेही होता है और कषायोंकी उत्कटतासे घटते हुये चारित्रवाले मुनियोंके कदापि उक्तज्ञान नहीं होता है

(१) अवधिज्ञान और मनः पर्ययज्ञानके स्वामित्वके अंतर दिखानेमें यह भेद लिख देना भी उचित है कि अवधिज्ञानका स्वामी अपर्याप्त अवस्था वाला जीव होसक्ता है परंतु अपर्याप्त अवस्था वाला जीव मनः पर्ययज्ञानका स्वामी नहीं होसक्ता अर्थात् जीवके अवधिज्ञान अपर्याप्त अवस्थामें हो सक्ता है मनःपर्ययज्ञान नहीं होसक्ता है (सामान्यसे अवधिज्ञानके देशावधि, परमावधि, सर्वावधि तीन भेद होते हैं। भवप्रत्ययअवधि नियमसे देशावधि ही होता है। और दर्शनविशुद्धि आदि गुणोंके निमित्तसे होने वाला गुणप्रत्यय अवधिज्ञान देशावधि परमावधि सर्वावधि ऐसे तीनों प्रकारका होता है। जघन्य देशावधिज्ञान संयत तथा असंयत दोनोंही प्रकारके मनुष्य तथा तिर्यंचोंके होता है। उत्कृष्ट देशावधिज्ञान संयत जीवोंके ही होताहै किन्तु परमावधि और सर्वावधि चरमशरीरी और महाव्रतीकेही होता है। देशावधिज्ञान प्रतिपाती होता है (=सम्यक्त्व और चारित्रसे च्युत होकर मिथ्यात्व और असंयमकी प्राप्ति) और परमावधि तथा सर्वावधि अप्रतिपाती होते हैं। देशावधि परमावधिके जघन्य मध्यम उत्कृष्ट भेद संभवे हैं किन्तु सर्वावधिज्ञानमें जघन्य मध्यम उत्कृष्ट भेद नहीं है – वह निर्विकल्प है ॥

"भवानुगामी अवधिज्ञान अपर्याप्त अवस्थामें व्यक्तिरूपसे रहता है जैसेकि तीर्थंकरोंके पूर्ण श्रुतज्ञान जन्म समयमें भी होता है। किन्तु द्रव्य क्षेत्रकी सामग्रीके न मिलनेसे अपर्याप्त अवस्थामें स्फूर्ति अल्प होती है अविभाग प्रतिच्छेद भी श्रुतकेवलीके श्रुतज्ञानसे कम होते हैं तद्वत् सम्यग्दृष्टि देव नारकियों के अपर्याप्त अवस्थामें भी अवधिज्ञान होता है और वह व्यक्त है" विद्वद्वर्य पं० माणिकचंद सोरना से प्राप्त ॥

प्रवर्द्धमानचारित्रेषु चोत्पद्यमानः सप्तविधान्यतमर्द्धिप्राप्तेष्वुपजायते नेतरेषु । ऋद्धिप्राप्तेषु केषुचिन्न सर्वेष्विति ॥

प्रवर्द्धमानचारित्रेषु ३। च* उत्पद्यमानः १।	=बढ़ते हुये चारित्र (वाले) मिमें भी उपजने वाला वा उपजाऊ (मनः पर्ययज्ञान)
सप्तविध-अन्यतम-ऋद्धि-	=सात प्रकारकी (=विध) ऋद्धियोंमें से कोई एक (=अन्यतम ऋद्धि)
प्राप्तेषु ३। उपजायते[1] न* इतरेषु ३।	=प्राप्त होने (वालों) में उपजता है नकि अन्योंमें (=बिना ऋद्धि प्राप्त वालोंमें)
ऋद्धि-प्राप्तेषु ३। केषुचित* न* सर्वेषु ३। इति*	=ऋद्धप्राप्त वालोंमें केईकनि में (मनः पर्ययज्ञान) होय नकि सबमें ॥

(२) अन्यतमर्द्धि = अन्यतम + ऋद्धि [देखो टिप्पणी (२) पृष्ठ ७४] (३) उपजायते:— इस शब्दमें 'जन्' धातु दिवादि गणका, आत्मने पदी धातुहै चतुर्थगणका 'य' विकरण (अर्थात यह अक्षर है जो रूप बनाने से प्रथम धातुमें जोड़ा जाता) है। 'जन्' का बिना किसी विभक्तिके रूपोंके बनानेमें 'जा' होजाता है इस जा में य लगानेसे 'जाय' होजाता है। पश्चात एक वचन अन्यपुरुष आत्मनेपदी वर्तमान कालका द्योतक 'ते' प्रत्यय लगानेसे जायते बनजाता है अर्थ "होता है" ऐसाहै (वृहद संस्कृत कोश पृष्ठ २८३) 'उप' उपसर्गके जोड़ने से 'उपजायते' (=उपजताहै) बनता है ॥ स्मरण रहे कि 'जन' धातुके जन्यते, जायते दो रूप कर्मणि प्रयोगमें बनते हैं ॥ ऐसेकि जन-जा में कर्मणि प्रयोगका 'य' जोड़ने से और पश्चात उक्त, 'ते' आत्मनेपदी एक वचन वर्तमानकाल अन्य पुरुषका प्रत्यय लगाकर 'जा + य + ते' जायते जन् + य + ते = जन्यते बनजाते हैं ॥ अर्थ उत्पन्न किया जाता है ऐसा है ॥

(१) जहाँ पर विशिष्ट वा प्रवर्द्धमान संयम होगा वहीं मनःपर्ययज्ञान होगा अन्यत्र नहीं। इसकी विशेष व्याख्या इस प्रकार है कि मनः पर्यय ज्ञानकी उत्पत्ति मनुष्योंके ही होती है देव नारकी और तिर्यंचोंमें नहीं होती। मनुष्योंमें भी गर्भज मनुष्योंमें ही होती है संमूर्छनज मनुष्यों में नहीं होती। (राजवार्तिक पृष्ठ ५९)

गर्भज मनुष्योंमें भी कर्म भूमिके मनुष्योंके ही होती है भोगभूमिके मनुष्योंमें नहीं हो सकती। कर्म भूमिके मनुष्योंमें भी छहों पर्याप्ति पूर्ण होने से जो पर्याप्तक हैं उन्हींके होती है अपर्याप्तकों के नहीं। पर्याप्तकोंमें भी सम्यग्दृष्टियोंके ही वह उत्पन्न होताहै, मिथ्यादृष्टि सासादनसम्यग्दृष्टि सम्यग्मिथ्यादृष्टि गुणस्थानवर्तियों के नहीं। सम्यग्दृष्टियों में भी जो मनुष्य संयमी हैं उन्हीं के होता है असंयत सम्यग्दृष्टि चतुर्थ गुणस्थानवर्तियों और संयतासंयत पांचवें गुणस्थानवर्तियोंके नहीं। संयमियों में भी छठे गुणस्थान प्रमत्तसे बारहवें क्षीणकषाय गुणस्थान पर्यंत संयमियोंके ही होता है। बारहवें गुणस्थानके आगेके गुणस्थानोंमें रहने वाले संयमियों के नहीं। छठे गुणस्थान से बारहवें गुणस्थानतक होनेपरभी जिनका चारित्र कषायोंकी दिनों दिन मंदतासे दिनोंदिन वर्धमान है उन्हींके होता है किन्तु कषायोंकी उत्कटतासे जिनका चारित्र हीयमान है मंद होता चला जाता है।

अस्य स्वामिविशेषविशिष्टसंयमग्रहणं वाक्ये कृतम् ॥

अस्य ॥ स्वामिविशेष-विशिष्टसंयम-	=इस (मनः पर्यय) के (अवधि से) स्वामीके भेदमें विशिष्ट संयम (=विलक्षण चारित्र) का
ग्रहणं ॥ वाक्ये ॥ कृतम् ॥	=ग्रहण वाक्य ('प्रकृष्टचारित्रगुणोपेतेषु वर्तते' इस वाक्य) में किया है (नकि सूत्रमें)
	भावार्थ मनः पर्ययज्ञान की उत्पत्तिमें विशिष्ट संयमका ग्रहण प्रधान हेतु है

उनके नहीं होता। प्रवर्धमान चारित्रवालोंमें भी सात प्रकारकी (बुद्धि-तप-वैक्रियिक-औषध-रस-बल-अक्षीण) की ऋद्धियोंमें जिनके कोई एक ऋद्धि होगी उन्हींके होता है किंतु जिनके कोई प्रकारकी ऋद्धि नहीं है उनके नहीं होता है। तथा ऋद्धि धारक पुरुषोंमें भी किन्हीं किन्हींके होता है सबोंके नहीं होता। इस प्रकार मनः पर्यय ज्ञानकी उत्पत्तिमें विशिष्ट संयमका ग्रहण प्रधान कारण बतलाया है। परंतु अवधिज्ञान देव मनुष्य तिर्यंच और नारकी चारों गतियोंके जीवोंके होता है इस रूपसे अवधि और मनः पर्ययके स्वामियोंका भेद होनेसे भी दोनों ज्ञानोंमें भेद है॥

(१) अस्त्यायं स्वामिविशेषः विशिष्टं संयमग्रहणं वा प्राक्कृतम् ॥ इत्येकः पाठः ॥ अस्त्यायं स्वामिविशेषः विशिष्ट संयतग्रहणं वा कृतं न सूत्रे ॥ इत्यप्यन्यः पाठः पुस्तकान्तरे विद्यते ॥

अस्य ॥ अयम् ॥ स्वामी विशेषः ॥ विशिष्ट ॥ वा संयम	=इस (मनः पर्ययज्ञान) के यह स्वामीका विशेष अथवा विशिष्ट संयमका
ग्रहणं ॥ प्राक्-कृतम् ॥	=ग्रहण पहिले (अर्थात् सर्वार्थ सिद्धिकी वृत्ति"प्रकृष्ट चारित्र गुणोपेतेषु"में) किया है
इति॰ एकः ॥ पाठः ॥ अस्य ॥ अयम् ॥ स्वामिविशेषः ॥	=ऐसा एक पाठ है। इस मनः पर्ययज्ञानके यह स्वामीका विशेष वा भेद
वा॰ विशिष्ट-संयतग्रहणं ॥ कृतम् ॥ न॰ सूत्रे ॥	=वा विशिष्ट संयमका ग्रहण(तत्त्वार्थ)सूत्रमें नहीं किया है (वाक्य वा वृत्तिमें किया है)
इति॰ अपि॰ अन्यः ॥ पाठः ॥ पुस्तक-अन्तरे विद्यते ॥	=ऐसे भी दूसरा पाठ अन्य पुस्तक (सर्वार्थसिद्धिकी दूसरी प्रति) में विद्यमान है

इन तीनों वाक्योंके हिंदी अनुवादसे प्रगट है कि संस्कृतके ऊपरके वाक्य और टिप्पणीके दो वाक्योंका आशय एकसा है॥ तत्त्वार्थराजवार्तिकमें इस १५वां सू-की "विशिष्टसंयमगुणैकार्थसमवायी मनः पर्ययः दूसरी वार्तिक है॥ अर्थ—विशेष रूप संयम गुणकरि एकार्थ समवायी मनः पर्यय ज्ञान है अर्थात् मनःपर्ययज्ञानका अविनाभाव विशिष्ट संयम गुणके साथ है। इसकी वृत्ति 'विशिष्टः संयम गुणो यत्रविद्यते तत्रैव वर्तते मनः पर्ययः' है अर्थात् विशुद्ध संयम हो तहां ही मनः पर्ययज्ञान प्रवर्तें है (अन्यत्र नहीं)॥ इसी वृत्तिमें 'विशिष्टसंयमग्रहणं वाक्ये कृतम्' का अर्थ पन्नालाल बूजी ने "यातें विशिष्ट संयम पदका ग्रहण वाक्यमें है" यहां वाक्यका अर्थ 'वार्तिकमें है' अथवा 'वृत्तिमें है' होना क्योंकि विशिष्टसंयम पद वृत्ति वार्तिक दोनोंमें आया है विशिष्टसंयम, प्रकृष्ट चारित्र, विशुद्धसंयम वा विशुद्ध चारित्र एकार्थवाची है॥ हमारी समझमें जैसा अर्थ आया वही लिखा

अवधिः पुनश्चातुर्गतिकेष्विति स्वामिभेदादप्यनयोर्विशेषः ॥ इदानीं केवलज्ञानलक्षणाभिधानं प्राप्तकालं तदुल्लंघ्य ज्ञानानां विषयनिबन्धः परीक्ष्यते ॥ कुतः । तस्य मोहक्षयात् ज्ञानदर्शनावरणान्तरायक्षयाच्च केवलमित्यत्र वक्ष्यमाणत्वात् ॥ यद्येवमाद्ययोरेव तावन्मतिश्रुतयोर्विषयनिबन्ध उच्यतामित्यत आह-

---

पुनः* अवधिः ;। चातुर्गतिकेषु ;। इति*
स्वामिभेदात् ;। अपि* अनयोः ;॥। विशेषः ;।

=परंतु (=पुनः) अवधिज्ञान चारों गतिवालोंमें है इस प्रकार
=स्वामी विशेषसे भी दोनों (अवधिज्ञान तथा मनः पर्ययज्ञान) में भेद है अर्थात् मनः पर्ययज्ञान तो केवल विशिष्ट संयम धारक मुनियों के ही होता है परंतु अवधिज्ञान देव मनुष्य तिर्यंच और नारकी चारों गतियों के जीवों के होता है इस प्रकार अवधि और मनः पर्ययके स्वामियोंका भेद होनेसे भी दोनों ज्ञानोंमें भेद है

इदानीं* केवलज्ञान-लक्षण-अभिधानं ;॥। प्राप्तकालं ;॥।
तद्-उल्लंघ्य ÷ ज्ञानानां ;॥। विषयनिबन्धः ;। परीक्ष्यते T
कुतः *
तस्य ;॥ मोह-
क्षयात् ;। च* ज्ञानदर्शन-आवरण-
अन्तराय-क्षयात् ;। केवलम् ;॥ इति*
अत्र* वक्ष्यमाणत्वात् ;॥।
"यदि* एवम्* आद्ययोः ;॥। एव* तावत*
मतिश्रुतयोः ;॥। विषय-निबन्धः ;। उच्यताम् T इति
अतः* आह T

=अब (=इदानीम्) केवलज्ञानके स्वरूपके कथनका अवसर प्राप्त है
=उसको छोड़कर (=उल्लंघ्य) ज्ञानोंके विषयोंकी सीमा या नियम परखा जाय है
=(केवल ज्ञानके स्वरूपके कथनको छोड़कर ज्ञानोंके विषय नियम) क्यों (कहते हैं)
=(उत्तर) क्योंकि तिस (केवलज्ञान) के (लक्षण अभिधानको) मोहनीय कर्मके
=नाश होने (के हेतु) से और (=च) उसके पश्चात् ज्ञानावरणीय दर्शनावरणीय
=अन्तराय कर्मोंके क्षय होने (के निमित्त) से केवलज्ञान होता है इस प्रकार
=यहां (अर्थात् दशवां अध्यायके प्रथम सूत्रमें) कहा जायगा
=जो ऐसे है तो (=तावत्) आदिके दोही (=एव)
=मतिज्ञान, श्रुतज्ञानके विषयका नियम (=निबन्ध) कहा जाना चाहिये
=इस लिये (आचार्य) कहते हैं कि

---

(१) पुनः = परंतु – किंतु (" पुनरप्रथमे भेदे तथा पक्षांतरेऽपिचं " इत्यमरः सारः । पुनर् अप्रथमे भेदे पक्षांतरे अपि च ॥

मतिश्रुतयोर्निबन्धो द्रव्येष्वसर्वपर्यायेषु ॥ २६ ॥

सूत्रम्— मतिश्रुतयोर्निबन्धो द्रव्येष्वसर्वपर्यायेषु	=मतिश्रुतयोः विषयस्यनिबन्धः द्रव्येषु असर्व-पर्यायेषु भवति
सूत्रार्थः मतिश्रुतयोः॥ विषयस्य॥ निबन्धः॥	=मतिज्ञान और श्रुतज्ञानके विषयका सम्बन्ध वा नियम (=निबन्ध)
द्रव्येषु ॥॥	=द्रव्य (जीव-अजीव-धर्म-अधर्म-आकाश-काल) निकेविषैं
असर्व-पर्यायेषु ॥॥ भवति T	=कुछ एक, कतिपय, कितनेक, (न कि सब) पर्यायोंमें होता है अर्थात मतिज्ञान और श्रुत ज्ञानके जानने (=विषय) का संबन्ध सब (छहो) द्रव्योंके कुछ पर्यायों में होता है—छहो द्रव्यों को तो जानते हैं परंतु उनकी थोडी सी पर्यायोंको ही जान सकते हैं ॥

(१) श्वेताम्बर आम्नायके सभाष्य तत्त्वार्थाधिगमसूत्रमें 'द्रव्येष्व' के स्थानमें 'सर्वद्रव्येष्व' है । शेष पाठ एक है अर्थ भी एकसा है क्योंकि हमारे यहां 'द्रव्येषु' का अर्थ सर्वद्रव्येषु लिया है ॥ उक्त सभाष्य०में इस सूत्रकी संख्या सत्ताईसवीं है क्योंकि हमारे यहांके इक्कीसवां सूत्रके सभाष्य०में दो सूत्र कर दिये हैं ॥

(२) हमारे यहांकी बहुधा पुस्तकोंमें 'निबन्ध' शब्दका उल्लेख है किसी किसी प्रतिमें 'निबंध' है । अष्टाध्यायीके निम्न सूत्रोंसे निबंध भी ठीक है ॥ पद्मचन्द्रकोश पृष्ठ२१४में "निबन्ध, (पु०) नि+बन्ध्+घञ्" ऐसा उल्लेख है अब प्रश्न यह है कि इस अपदान्त 'न्'का अनुस्वारमें कैसे परिवर्तन हुआ ॥

अपदान्त म्-न् ॥ "नश्चापदान्तस्य झलि" यह अष्टाध्यायीके आठवां अध्यायका तीसरे पादका चौबीसवां सूत्र है । इस सूत्रसे पहिलेका सूत्र "मोऽनुस्वारः" तेईसवां है । इससे अनुस्वारकी अनुवृत्ति चौबीसवां सूत्रमें आती है । तब चौबीसवां सूत्रका रूप इसप्रकार होजाता है कि "नः च अपादन्तस्य झलि (अनुस्वारः) । च से तेईसवां सूत्रके मो (=मः) का आकर्षण होता है । इसलिये ऐसा रूप हुआ कि "नः, मः ; अपादन्तस्य ; झलि, अनुस्वारः) झलि प्रत्याहार है और उसमें झल्के मध्यके अक्षर झ सहित सब आजाते हैं । अर्थात् क् ख् ग् घ् । च् छ् ज् झ् । ट् ठ् ड् ढ् । त् थ् द् ध् । प् फ् ब् भ् । श् ष् स् ह्—झलिका अर्थ है इन चौबीस अक्षरोंके पहिले आने वाला । अपादन्त=विभक्ति वा कारक जिसके अंतमें नहो । सूत्रका अर्थ यह हुआ कि अपदान्त न् अथवा अपदान्त म् के स्थानमें अनुस्वार होवे यदि म अथवा न पूर्वोक्त चौबीस अक्षरोंमेंसे किसी अक्षरके पहिले हो । इसलिये निबन्धके न् का अनुस्वार होकर 'निबंध' होगया क्योंकि न् के पीछे ध् है ॥ अन्य उदाहरण, जैसे यशांसि+इ यशांसि, यह यशांसि, यश नपुंसक लिंगीका बहुवचन है यहां अपदान्त न् का अनुस्वार होगया, यशांसि का अर्थ है बहुत यश ॥ आ+क्रम्+स्यते, क्रम धातुके म् का अनुस्वार होकर आक्रंस्यते (=वह पकड़ेगा विजय, करेगा, जीतेगा) होगया ॥ देखो टिप्पणी पृष्ठ ५ और ६, पृष्ठ ५४०, ५४१)

निबन्धनं निबन्धः। कस्य विषयस्य। तद्विषयग्रहणं कर्तव्यम्। न कर्तव्यम्॥ प्रकृतं विषयग्रहणं। क प्रकृतं? विशुद्धिक्षेत्रस्वामिविषयेभ्य इत्यतस्तस्यार्थवशाद्विभक्तिपरिणामो भवतीति विषयस्येत्यभिसम्बध्यते॥ द्रव्येष्विति बहुवचननिर्देशः सर्वेषां जीवधर्माधर्माकाशपुद्गलानां संग्रहार्थः। तद्विशेषणार्थमसर्वपर्याय—

पदच्छेद और विभक्त्यर्थ सहित छब्बीसवा सूत्रपर सर्वार्थसिद्धि वृत्तिका शब्दशः अनुवाद

निबन्धनम् ;॥ निबन्धः ;।	=लगाव (=निबन्धन, जो) है सो निबन्ध है अर्थात् विषयभूत सम्बन्ध है भावार्थ सूत्रमें निबन्ध शब्द है उसका अर्थ संबन्ध है और 'निबन्धनं निबन्ध' उस निबन्ध शब्दकी व्युतपत्ति वा व्याकरण की रीति से उत्पत्ति है वा निकास है।
कस्य ;। विषयस्य ;।	=(प्रश्न) किसका (निबन्ध) (उत्तर) विषयका (निबन्ध)॥ (प्रश्न) उस
विषय-ग्रहणं ;॥ कर्तव्यम् ;॥ तद्- न* कर्तव्यम् ;॥	=विषय (शब्द) का ग्रहण (इस सूत्रमें) करना योग्य था। (उत्तर) नहीं करना योग्य था
विषय-ग्रहणं ;॥ प्रकृतं ;॥	=विषय (शब्द) का ग्रहण (इस सूत्रमें) प्रकरण प्राप्त (=प्रकृतं) है
प्रकृतं ;॥ क ? विशुद्धिक्षेत्रस्वामिविषयेभ्यः ;।	=(प्रश्न) प्रकरण प्राप्त कहां है। (उत्तर) 'विशुद्धिक्षेत्रस्वामिविषयेभ्यः'
इति* अतः* तस्य ;।	=ऐसा (वाक्य पचीसवां सूत्रमें) है। इस लिये तिस (विषय शब्द) के
अर्थ-वशात् ;।	=आशय वा तात्पर्य के आश्रय से (अर्थात् जहां जैसा अर्थ लिया जाता है वहां वैसाही)
विभक्तिपरिणामः ;। भवति T इति*	=विभक्तिका परिवर्तन वा विपरिणाम वा परिणमन होजाता है। ऐसे
विषयस्य ;।	=(इस सूत्रके मतिश्रुतयोः और निबन्ध शब्दोंके बीचमें) विषयस्य
इति* अभिसम्बध्यते T द्रव्येषु ;॥ इति*	=ऐसा (पद) लगाया गया है वा जोड़ा गया है। द्रव्येषु (=द्रव्योंके विषै) ऐसा
बहुवचन-निर्देशः ;। सर्वेषाम् ;।	=बहुवचनका जतलाने वाला वा बहुवचनका निर्देशक (वाक्य) सब
जीव-धर्म-अधर्म-आकाश-काल-पुद्गलानाम् ;। संग्रह-	=जीवद्रव्य, धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य, आकाशद्रव्य, कालद्रव्य पुद्गलोंके समुच्चयके
अर्थः ;। तद्- विशेषण-अर्थम् ;॥ असर्वपर्याय—	=अर्थ है। उन (द्रव्यों) के विशेषणके लिये असर्वपर्याय (वाक्य) का

ग्रहणम् ॥ तानि द्रव्याणि मतिश्रुतयोर्विषयभावमापद्यमानानि कतिपयैरेव पर्यायैर्विषयभावमास्कन्दन्ति न सर्वपर्यायैरनन्तैरपीति ॥ अत्राह-धर्मास्तिकायादीन्यतीन्द्रियाणि तेषु मतिज्ञानं न प्रवर्तते। अतः सर्वद्रव्येषु मतिज्ञानं वर्तत इत्युक्तम् ॥ नैष दोषः। अनिन्द्रियाख्यं करणमस्ति तदालम्बनो नोइन्द्रियावरणक्षयोपशमलब्धि-पूर्वक उपयोगोऽवग्रहादिरूपः प्रागेव-

---

ग्रहणम् ;0।
=ग्रहण है अर्थात् द्रव्येषु शब्द विशेष्य है और असर्वपर्यायेषु विशेषण है

तानि;॥ द्रव्याणि;॥ मतिश्रुतयोः;॥ विषयभावम्;।
=ते द्रव्य मति श्रुतज्ञानके विषय भावको

आपद्यमानानि ;॥ कतिपयैः ;। एव* पर्यायैः ;।
=प्राप्त हुये (अपने अपने) कितनेकही पर्यायोंकरि

विषयभावम् ;। आस्कन्दन्ति T न*
=विषयभावकों प्राप्त होते हैं न कि

सर्वपर्यायैः ;। अनन्तैः ;। अपि* इति*
=अनन्त सब पर्यायों सहित ही (=अपि) (मतिश्रुतज्ञानके विषय भावको प्राप्त होते हैं)

सारांश—मतिज्ञान श्रुतज्ञान सब द्रव्यों की कुछ ही पर्यायोंको विषय करते हैं सर्व वा अनंत पर्यायोंको विषय नहीं करते हैं ॥

अत्र* आह T धर्मास्तिकायादीनि ;0।
=यहां प्रश्न करता है (=आह) कि धर्मास्तिकाय आदिक (अधर्म आकाश काल मोक्षजीव)

अतीन्द्रियाणि ;॥।
=अतीन्द्रिय (पदार्थ) हैं अर्थात् इन पदार्थोंको इन्द्रियें ग्रहण नहीं कर सकती हैं

तेषु ;॥ मतिज्ञानम् ;0। न* प्रवर्तते T
=तिन (धर्मास्तिकायादिक) में मतिज्ञान (जो इन्द्रियों द्वारा होता है) नहीं प्रवर्तता है

अतः* सर्वद्रव्येषु ;॥ मतिज्ञानम् ;॥ वर्तते T
=इसलिये सब (छहो) द्रव्योंमें मतिज्ञान प्रवर्तता है

इति* अयुक्तम् ;॥ न* एषः ;। दोषः ;। अनिन्द्रिय-
=ऐसा (कथन) ठीक नहीं है। (उत्तर) यह दूषण नहीं है। (क्योंकि) मन (अनिन्द्रिय)

आख्यम् ;।। करणम् ;॥ अस्ति T तद्-
=नामा (=आख्यं) (अंतरंग) करण वा इन्द्रिय है (द्रव्यमन है) उस (मन) के

आलम्बनः ;।
=निमित्तक वा कारणक (तद्-आलम्बन अर्थात् मन है निमित्त वा हेतु जिसको ऐसा)

नो-इन्द्रिय-आवरण-क्षयोपशम-लब्धि-पूर्वकः ;।
=श्रुत(नोइन्द्रिय)ज्ञानावरणकर्मके क्षयोपशमकी प्राप्तिपूर्वक(लब्धिहै निमित्त जिसको ऐसा)

उपयोगः ;। अवग्रह-आदिरूपः ;। प्राक्* एव*
=उपयोग (है सो) अवग्रह-ईहा-आवाय-धारणा (चतुष्टय) स्वरूप पहिले ही

उपजायते ततस्तत्पूर्वं श्रुतज्ञानं तद्विषयेषु स्वयोग्येषु व्याप्रियते ॥ अथ मतिश्रुतयोरनन्तरनिर्देशार्हस्यावधेः को विषयनिबन्ध इत्यत आह--

उपजायते T ततस* तत्- =उपजता है। पश्चात् (ततःदेखो वैद्य कोश पृष्ठ ३००) उस (अवग्रह आदिरूप उपयोग) के

पूर्वम् ;॥॥ =निमित्तक (अर्थात् अवग्रह-ईहा-अवाय-धारणारूप उपयोग है कारण जिसको ऐसा)

श्रुतज्ञानम् ;॥॥ स्वयोग्येषु ;। तद्- =श्रुतज्ञान अपने योग्य उन धर्मास्तिकाय अतीन्द्रिय पदार्थों) के

विषयेषु ;। व्याप्रियते T =विषयोंमें (अर्थात ग्रहण करनेमें) प्रवर्तता है ॥ सारांश यहहै :— प्रश्न करनेपर कि धर्मास्तिकाय पदार्थ इन्द्रिय गोचर नहीं है इन्द्रयोंकी अपेक्षा रखने वाले मतिज्ञानको उनके जानने में प्रवृत्ति नहीं हो सकती इसलिये सब द्रव्यों को मतिज्ञान जानता है, यह कहना ठीक नहीं है उत्तरमें कहतेहैं कि धर्मास्तिकाय आदि पदार्थोंके ज्ञानमें मन कारण है श्रुतज्ञानावरण (=नोइन्द्रियज्ञानावरण) कर्मकी क्षयोपशम लब्धिरूप विशुद्धिके रहनेपर उससे धर्मास्तिकाय आदि अतीन्द्रिय पदार्थों का अवग्रह ईहा अवाय धारणा स्वरूप उपयोग प्रथम ही होलेता है उसके पीछे श्रुतज्ञान की अपने योग्य धर्मास्तिकाय अतीन्द्रिय विषयोंमें प्रवृत्ति होती है इसलिये धर्मास्तिकाय आदि अतीन्द्रिय पदार्थोंका ज्ञान जब मनसे होता है तब यह मतिज्ञान नहीं है क्योंकि मनसे भी मतिज्ञान होता है ॥

अथ* मतिश्रुतयोः ;॥॥ अनन्तर- =अब मतिज्ञान और श्रुतज्ञानके निकट अथवा लगताहीं

निर्देश-अर्हस्य ;। अवधेः ;। कः ;। =निरूपण वा कथन करने (=निर्देश) योग्य (=अर्हस्य) अवधिज्ञानके क्या

विषयनिबन्धः ;। इति* अतः* आह T =विषयका नियम है ऐसा (प्रश्न) है ॥ इसलिये कहते हैं कि

---

(१) "तत्पूर्वं" वाक्यमें 'पूर्व'शब्दका प्रयोग उसही भांति है जैसेकि 'श्रुतमति पूर्वं द्व्यनेक द्वादश भेदम्' सूत्रमें अर्थात् पूर्वम् =पूर्वकम्

(२) व्याप्रियते– पृ तुदादि छठे गणका यहां पर अकर्मक आत्मने पदी धातु है इसके साथ वहुधा वि, आ (अर्थात् व्या) उपसर्ग आते हैं पृ का प्रिय् हो जाता है व्या और छठे गणका 'अ' विकरण जोड़नेसे 'व्याप्रिय' होजाता है पश्चात् एकवचन अन्य पुरुष आत्मने पदी वर्तमान कालका 'ते' प्रत्यय लगाकर कर्तरिप्रयोगमें "व्याप्रियते" बनता है। कर्मणिप्रयोग में 'पृ' का 'प्रि' होजाता है 'य' कर्मणिप्रयोगका प्रत्यय जोड़ो, व्या+प्रिय, पीछे उक्त 'ते' जोड़ो, व्याप्रियते हो जाता है ॥ यहां वृत्ति में कर्तरि प्रयोग में इस शब्द को लाये हैं।

रूपिष्ववधेः ॥ २७ ॥

विषयनिबन्ध इत्यनुवर्तते ।

रूपिष्ववधेः

रूपिषु ः। असर्व-पर्यायेषु ः।
अवधेः ः। विषय-निबन्धः ः। भवति T

=रूपिषु (असर्व-पर्यायेषु) अवधेः (विषय-निबन्ध भवति)

=मूर्तीक (पदार्थ) निके (विषै) कितनेक वा थोड़े (नकि सब) पर्यायों में

=अवधि ज्ञानके विषयका सम्बन्ध होता है - सारांश यहहै कि पुद्गल द्रव्यके अनंते पर्याय अवधिज्ञानके विषयभूत नहींहैं किन्तु उसके कतिपय पर्यायोंको और जीवके औदयिक औपशमिक क्षायोपशमिक परिणामोंको ही (अवधिज्ञान) विषय करताहै क्योंकि रूप रस गंध स्पर्श विशिष्टही पदार्थ अवधिज्ञानके विषय होते हैं अतः जीवके क्षायिक और पारिणामिक भाव तथा धर्म द्रव्य, अधर्म द्रव्य, आकाशद्रव्य, कालद्रव्य अरूपीपदार्थ होनेके निमित्त अवधिज्ञान के विषयभूत नहीं होसकते

पदच्छेद और विभक्त्यर्थ सहित सत्ताईसवां सूत्र पर सर्वार्थसिद्धि वृत्तिका शब्दशः हिंन्दी अनुवाद

विषयनिबन्धः ः। इति* अनुवर्तते T

=विषयका निबन्ध ऐसी अनुवृत्ति (इस सूत्रमें) पच्चीसवां और छबीसवां सूत्रसे यथासंख्य आतीहै तबसूत्र "रूपिष्ववधेः विषयनिबन्धेः" ऐसा हुआ

(१) रूपमें रूप रस गंध स्पर्शका ग्रहण समझना चारोंही अविनाभावी हैं । अतः एकके ग्रहणसे चारोंका ग्रहण होताहै। तत-वितत के भांति शब्दहैं ।
(२) इस सूत्रका का पाठ हमारे यहां सर्वत्र और श्वेताम्बर आम्नायके समाप्य तत्त्वार्थअधिगमसूत्रमें एकहैं और अर्थभी दोनों सम्प्रदायमें एकसा है।
(३) "रूपिष्ववधे": सूत्रमें रूपशब्द उपलक्षण है । इसलिये रूप शब्दके कहनेसे उसके अविनाभावी (=छुटे न रह सकने वाले) रस गंध स्पर्शका भी ग्रहण है ॥ "अजहत्स्वार्थलक्षणयाऽन्यग्राहकम्", उपलक्षणम् । अजहत्स्वार्थलक्षणया (=अपने अर्थको न छोड़कर) जो दूसरे पदार्थों का ग्रहण करनाहै उसका नाम उपलक्षणहै जिस प्रकार 'काकेभ्यो दधि रक्ष्यतां' कौओंसे दहीकी रक्षा करो । यहां पर काक शब्द उपलक्षण है इसलिये जितने भी जीव दहीके विघातक हैं उन सबका काक शब्दसे ग्रहण है उसी प्रकार प्रकृतमें रूप शब्दको उपलक्षण माननेसे जितने उस रूपके अविनाभावी रस गंध स्पर्श गुणहैं उन सबका रूप शब्दसे ग्रहण है ॥

रूपिष्वित्यनेन पुद्गलाः पुद्गलद्रव्यसम्बन्धाश्च जीवाः परिगृह्यन्ते । रूपिष्वेवावधेर्विषयनिबन्धो नारूपेष्विति नियमः क्रियते । रूपिष्वपि भवन्न सर्वपर्यायेषु स्वयोग्येष्वेवेत्यवधारणार्थमसर्वपर्यायेष्वित्यभिसम्बध्यते ॥

अथ तदनन्तरनिर्देशभाजो मनःपर्ययस्य को विषयनिबन्ध इत्यत आह—

रूपिषु ;। इति* अनेन ;। पुद्गलाः ;। च* पुद्गलद्रव्य-
सम्बन्धाः ;। जीवाः ;। परिगृह्यन्ते T रूपिषु ;। एव*
अवधेः ;। विषयनिबन्धः ;। न* अरूपिषु ;।
इति* नियमः ;। क्रियते T रूपिषु ;। अपि* भवत्;।
न* सर्वपर्यायेषु ;। स्वयोग्येषु ;। एव*

=रूपी (पदार्थ) निमें ऐसे इस (शब्द) करि पुद्गल और पुद्गल द्रव्यके
=संयोगी जीव लिये गये हैं वा ग्रहण किये गये हैं । रूपी (पदार्थ) निमें ही
=अवधिज्ञानके विषयका (सम्बन्ध) है न कि अमूर्तियों में
=ऐसा नियम कियागया है। रूपी (पदार्थ) निमेंभी (अवधिज्ञानका विषय) होता हुआ
=असमस्त (कितनेक) पर्यायोंमें अपने योग्यही है अर्थात् पुद्गल द्रव्यके कतेकपर्यायों
में और पुद्गल संयोगी जीवके औदयिक औपशमिक क्षायोपशमिक परिणामों को
ही अवधिज्ञान को विषय करनेकी योग्यता है (देखो सूत्रार्थ पृष्ठ ४७१)

इति* अवधारण-अर्थम् ;।। असर्वपर्यायेषु ;।
इति* अभिसम्बन्ध्यते T

=ऐसा निश्चय करने के लिये (=अवधारण-अर्थम्) असर्वपर्यायेषु
=ऐसा (वाक्य सूत्रमें) लगाया गया है अर्थात् विषय शब्दकी अनुवृत्ति पचीसवां
और 'निबन्ध' शब्दकी और 'असर्वपर्यायेषु' वाक्यकी अनुवृत्ति छब्बीसवां सूत्रसे
लीगई तब सूत्र ऐसा हुआ कि 'असर्वपर्यायेषुरूपिष्ववधेः विषयस्यनिबन्धः'

अथ* तद्-अनन्तर निर्देशभाजः ;।
मनः पर्ययस्य ;। विषयनिबन्धः ;। कः ;। इति अतः आह

=अब उस (अवधिज्ञान) के लगता ही (=अनन्तर) कहने योग्य (=निर्देशभाजः)
=मनः पर्यय (ज्ञान) के विषयका नियम क्या है इसलिये कहते हैं कि

(१) 'भवत्'-'भू' धातुका वर्तमान कृदन्त है। बहुधा वर्तमान कृदन्त ऐसे बनाये जाते हैं कि धातुका वह रूप लेलो जो अन्यपुरुष बहुवचन वर्तमान कालके प्रत्यय लगाने से पहिले बन जाता है । इसके पश्चात् वर्तमान कृदन्तका अत् यदि धातु परस्मैपदमें हो और (वर्तमान कृदन्तका) मान प्रत्यय यदि धातु आत्मने पदमें हो, जोड़ा जाय । अब भू को गुणसंज्ञा भो हुआ, भव्…हुआ प्रथम गणका अ विकरण लगाने से भव हुआ, अत् जोड़ने से भव + अत् हुआ, यदि प्रत्यय के आरम्भमें अ हो तो उससे पहला 'अ' गिरा देते हैं अतः भवत् हुआ ॥

तदनन्तभागे मनः पर्ययस्य ॥ २८ ॥

* यदेतद्रूपिद्रव्यं सर्वावधिज्ञानविषयत्वेन समर्थितं तस्यानन्तभागीकृतस्यैकस्मिन्भागे मनः पर्ययः प्रवर्तते ॥ *

अथान्ते यन्निर्दिष्टं केवलज्ञानं तस्य को विषयनिबन्ध इत्यत आह—

सूत्रम्—तदनन्तभागे मनः पर्ययस्य =तदनन्तभागे मनः पर्ययस्य (विषयस्य निबन्धः भवति)

तद्-अनन्तभागे ;। मनःपर्ययस्य ;। =उस (सर्वावधिज्ञेय) के अनंतवां अंश (सूक्ष्मतर) में मनः पर्यय ज्ञानके
विषयस्य ;। निबन्धः ;। भवति T =विषयका सम्बन्ध है भावार्थ जो परमावधि ज्ञानके विषयभूत पुद्गल स्कन्धमें अनन्तका भाग दीजिये तो एक परमाणु मात्र सर्वावधिका विषय होय है बहुरि तिसमें अनन्तका भाग दीजिये तब ऋजुमति मनः पर्ययज्ञानका विषय होताहै तिसमेंभी अनन्तका भाग दें तब विपुलमतिमनःपर्ययज्ञानका विषय होता है (पं० जयचंद जी)

पदच्छेद और विभक्त्यर्थ सहित अट्ठाईसवा सूत्र पर सर्वार्थसिद्धिवृत्तिका शब्दशः अनुवाद

(२)यद्;॥। एतद्;॥। रूपि द्रव्यम् सर्वावधिज्ञानविषयत्वेन;॥। =जो यह रूपी पदार्थ सर्वावधिज्ञानका विषय होने से
समर्थितम् ;॥। तस्य ;॥। =समर्थन किया है वा सिद्ध किया है । तिस (सर्वावधिके विषयभूतरूपी पदार्थ) के
अनन्तभागीकृतस्य ;॥। एकस्मिन् ;। भागे ;। =अनन्त भाग किये जावें तो उसके एक अंश में
मनः पर्ययः ;। प्रवर्तते T ॥ अथ* अन्ते ;। =मनः पर्यय (ज्ञान) प्रवर्तता है । अब अन्त में
यत् ;॥। निर्दिष्टम् ;॥। केवलज्ञानम् ;॥। तस्य ;॥। =कथित (=निर्दिष्ट) जो (=यत्) केवलज्ञान है तिस (केवलज्ञान) के
विषय-निबन्धः ;। कः ;। इति* अतः* आह T =विषयका नियम क्या है । इस लिये (आचार्य) कहते हैं कि

(१) श्वेताम्बर आम्नायके समाधन्थमें 'मनःपर्यवस्य'के स्थानमें 'मनःपर्यायस्य' है । शेष पाठ और अर्थभी दोनों आम्नायोंमें एकसा है ॥ मनःपर्ययस्य ;।

(२) अवधेर्मनः पर्ययस्य सूक्ष्मविषयत्वदर्शनार्थं सूत्रमिदं न तु विषयनिबन्धनार्थम् । यतो मनः पर्ययस्यावधिविषयानन्तभागेऽन्यत्रापि दर्शितावृत्तिः प्रवर्तते इति पाठान्तरस्य ॥ सर्वार्थसिद्धिकी द्वितीयावृत्तिमें "इति पाठान्तरम्" के स्थानमें "इत्यप्यधिकः पाठः" ऐसा वाक्य है ॥ ऐसा अधिक पाठ भी है ॥

अवधेः ;। मनः पर्ययस्य ;। सूक्ष्मविषयत्व-दर्शन- =अवधि (ज्ञान) से मनः पर्यय (ज्ञान) का सूक्ष्म विषयताके समझानेके वा बताने के
अर्थम्;॥। सूत्रम् ॥। इदम्;॥। न* तु* विषयनिबन्ध-अर्थम्;॥। =लिये (अर्थम्) यह सूत्र है किन्तु (=तु) विषयकी इयत्ता वा सीमाके लिये नहीं है

सर्वद्रव्यपर्यायेषु केवलस्य॥ २९॥

द्रव्याणि च पर्यायाश्च द्रव्यपर्याया इति इतरेतरयोगलक्षणो द्वन्द्वः॥ तद्विशेषणं सर्वग्रहणं प्रत्येकमभिसम्बध्यते

सूत्रम्-सर्वद्रव्यपर्यायेषुकेवलस्य

सर्वद्रव्यपर्यायेषु ‡। केवलस्य ‡॥। विषयस्य ‡।
निबन्धः ‡। भवति T

=सर्वद्रव्यपर्यायेषु केवलस्य (विषयस्य निबन्धः भवति)

=सम्पूर्ण द्रव्योंकी सम्पूर्ण पर्यायोंमें केवलज्ञानके विषयका
=नियम है भावार्थ एक एक द्रव्यकी त्रिकालवर्ती अनन्तानंत पर्यायें हैं सो छहों द्रव्योंकी समस्त अवस्थाओंको केवलज्ञान युगपत् एक साथ जानता है

पदच्छेद और विभक्त्यर्थ सहित उनतीसवां सूत्र पर सर्वार्थसिद्धिवृत्तिका शब्दशः अनुवाद

द्रव्याणि‡॥ च* पर्यायाः‡। च* द्रव्यपर्यायाः‡। इति* इतरेतरयोगलक्षणः‡। द्वन्द्वः ‡।
तद्-विशेषणम् ‡॥। सर्वग्रहणम् ‡॥।
प्रत्येकम्* अभिसम्बध्यते T

=द्रव्यें और पर्यायें (मिलकर) 'द्रव्य पर्यायाः' ऐसा वाक्य
=परस्पर (इतरेतर) योगलक्षणवाला वा अन्योन्ययोग नामका द्वन्द्व समास है
=उस (द्रव्यपर्याया द्वन्द्व समास) का विशेषण "सर्व" (ऐसे शब्द) का ग्रहण
=प्रत्येक (द्रव्य शब्द और पर्याय शब्द) पर लगाया गया है (=अभिसम्बध्यते)

यतः* मनः पर्ययस्य‡। अवधि-विषय-अनन्त-भागे‡। अन्यत्र* अपि* दर्शिता‡॥ वृत्ति‡॥ प्रवर्तते T इति* पाठ-अन्तरम्‡॥॥इत्यप्यधिकः पाठः

=क्योंकि (=यतः) मनः पर्यय ज्ञानका (विषय) अवधिके विषयसे अनन्तवां
=भागमें है। दूसरे स्थानमें भी (इस संस्कृत सर्वार्थसिद्धिकी) प्रकाशित वृत्ति में
=प्रवर्तता है वा विद्यमान है (देखो पृष्ठ४५८में वृत्तिसूत्र२४की) ऐसा अन्य पाठ है॥
(अन्य अर्थ) क्योंकि मनः पर्ययज्ञानकी प्रवृत्ति (=वृत्ति) अवधिज्ञानके ज्ञेयके अनंतवां भागमें तथा (=अपि) अवधिज्ञानके ज्ञेयसे भिन्न वस्तुओंमें भी (अन्यत्र) (आगम में) बताई गई है (=दर्शिता)। ऐसा अन्य पाठ है। ऐसा अधिक पाठ भी है

(१) इस सूत्रका पाठ और अर्थ दोनों सम्प्रदायोंमें एक है॥ (२) द्रव्यके अवस्था विशेष धर्मोंका नाम पर्याय है द्रव्यकी व्यवस्था विशेष जो हैं सो पर्याय है। स्वपर्यायान् द्रवति गूयते वा तैः इति द्रव्यम्=(जो) अपनी पर्यायोंको प्राप्त हो वा तिन (पर्यायों)करि (=तैः) प्राप्ति की जाय ऐसा द्रव्य है॥ द्रु धातुसे यत् प्रत्यय करनेपर (द्रु=द्रो=द्रव्) द्रव्य शब्दकी सिद्धि हुई है। (३) दो तीन आदि पद अपनी अपनी विभक्ति त्यागकर जो शब्द बनावें उस शब्दको समास कहते हैं। "और" से जो पहले हो वह समुच्चित तथा पीछेका शब्द समुच्चय कहाता है जो समुच्चित तथा समुच्चेय मिलकर बना हो उसको द्वन्द्व समास कहते हैं॥

सर्वेषु द्रव्येषु सर्वेषु पर्यायेष्विति ॥ जीवद्रव्याणि तावदनन्तानन्तानि, पुद्गलद्रव्याणि च ततोऽप्यनन्तानन्तानि अणुस्कन्धभेदेन भिन्नानि, धर्माधर्माकाशानि त्रीणि, कालश्चासंख्येयः

इति* सर्वेषु ;॥। द्रव्येषु;॥। सर्वेषु ;। पर्यायेषु ;। =इस प्रकार समस्त द्रव्यों की [illegible] पर्यायोंमें (केवलज्ञानके विषयका नियम) है
तावत* जीव द्रव्याणि ;॥। अनन्तानन्तानि ;* च* =प्रथम (=तावत्) जीवद्रव्य [illegible] अनन्तानन्त हैं और (=च)
पुद्गलद्रव्याणि ;॥। ततः * अपि * अनन्तानन्तानि;॥। =पुद्गलद्रव्य उन (जीवों) से भी (=ततः अपि) अनन्तानन्तगुणे
अणुस्कन्धभेदेन ;। भिन्नानि ;॥। धर्म-अधर्म- =अणु स्कन्धके भेदकरि जुदे जुदे वा पृथक् पृथक् हैं। धर्म द्रव्य, अधर्मद्रव्य
आकाशानि;॥। त्रीणि;॥। च* कालः;। असंख्येयः;। =और आकाशद्रव्य तीन हैं अर्थात् ये तीन एक एक द्रव्य हैं और काल असंख्यात हैं
अर्थात् "कालद्रव्यके कालाणु असंख्यात द्रव्य हैं" वे गिने जाने योग्य नहीं हैं

(१) लोगागासपदेसे एक्केके जे ट्ठिया हु एक्केका ॥ रयणाणं रासी इव ते कालाणू मुणेयव्वा ॥१॥ इति गाथोक्त प्रकारेण कालद्रव्यस्याणुरूपत्वान्नानात्वं धर्माधर्माकाशानामनेकप्रदेशत्वेऽपिखण्डात्मकत्वाभावादेकैकत्वमवबोद्धव्यम्

लोगागास-पदेसे ;। एक्केके ;। जे ;। (=लोकाकाश-प्रदेशे;। एकैकस्मिन्;। ये;।) =लोकाकाशके एक एक प्रदेशमें जे
ट्ठिया ;। हु* एक्केका ;। रयणाणं ;॥। (स्थिताः ;। हि* एकैकाः ;। रत्नानाम् ;॥।) =एक एक ही (हु=खलु) स्थित हैं। रत्नोंकी
रासी ;। इव* (राशिः ;। इव*) =राशि वा समूहके सदृश (परस्पर भिन्न भिन्न)
ते कालाणू मुणेयव्वा (ते ;। काल-अणवः ;। मन्तव्याः ;।) =वे कालके अणू समझना चाहिये ॥ वे असंख्यद्रव्य हैं
इति* गाथा–उक्त-प्रकारेण ;। कालद्रव्यस्य ;॥। अणुरूपत्वात् ;॥। =ऐसें गाथा में कहे हुऐ भेद करि कालद्रव्य के अणुरूप होने से
नानात्वम् ;॥। धर्म-अधर्म-आकाशानाम् ;। अनेक-प्रदेशत्वे ;॥। =अनेकता है। (परन्तु धर्म अधर्म आकाशद्रव्यों के बहुत प्रदेश होने पर
अपि खण्डात्मक-अभावात् ;। एकैकत्वम् ;॥। अवबोद्धव्यम् ;॥ =भी खंडरूप नहोने (के हेतु) से पृथक् पृथक् एक जानना चाहिये।

भावार्थः—जिस प्रकार रत्नोंका ढेर एकत्र होनेपर भी उसमें प्रत्येक रत्न जुदाहै वैसेही कालके अणु जुदे जुदे एकके पश्चात् एक लोकाकाशके के प्रत्येक प्रदेश पर एक एक कर क्रमसे तिष्ठे हुये परन्तु धर्मद्रव्य अधर्मद्रव्य और आकाशद्रव्य के असंख्यात असंख्यात प्रदेशहैं ये प्रदेश ऐसें मिले हुये हैं कि कभी जुदे जुदे नहीं होसकते हैं इससे ये तीनों एक एक द्रव्य ही हैं। धर्म द्रव्य अधर्म द्रव्य सम्पूर्ण लोकमें तिलमें तेल की भांति व्याप्तहै और आकाशके जिन प्रदेशोंमें स्थित हैं उनहीं प्रदेशोमें स्थितरहते हैं इनके प्रदेश अकम्प हैं॥ देखो सर्वार्थसिद्धि वृत्तिः अध्याय ५ सूत्र ३९ पर

तेषां पर्यायाश्च त्रिकालभुवः प्रत्येकमनन्तानन्तास्तेषु द्रव्यं पर्यायजातं वा न किञ्चित्केवलज्ञानस्य विषयभावमतिक्रान्तमस्ति ॥ अपरिमितमाहात्म्यं हि तदिति ज्ञापनार्थं सर्वद्रव्यपर्यायेष्वित्युच्यते ॥

आह विषयनिबन्धोऽवधृतो मत्यादीनां, इदं तु न निर्ज्ञातमेकस्मिन्नात्मनि स्वनिमित्तसन्निधानोपजनितवृत्तीनि ज्ञानानि यौगपद्येन कति भवन्तीत्यत उच्यते-

---

च* तेषाम् ;॥। त्रिकालभुवः ;। =और तिन (सर्वद्रव्यनि) के (अतीत अनागत वर्तमान) तीन कालमें होने वाले

प्रत्येकम्[१]* अनन्तानन्ताः ;। पर्यायाः ;। तेषु ;॥ =प्रत्येकके अनन्तानन्त पर्याय हैं। उन (द्रव्यों) में

वा द्रव्यं पर्यायजातं ;॥। केवल ज्ञानस्य ;॥ विषय-भावम् ;। =वा द्रव्य पर्यायों का समूह केवल ज्ञान के विषय भाव को

अतिक्रान्तम् ;। न* किञ्चित्* अस्ति T हि* तद् ;॥। =उल्लंघन करनेको किंचित भी समर्थ नहीं है क्योंकि (=हि) पूर्वोक्त (=तद्) केवलज्ञान

अपरिमित-माहात्म्यं ;॥। इति* ज्ञापन-अर्थम् ;॥। =अपरिच्छिन्न वा असीम महत्वरूप है। ऐसा (=इति) जनावने के लिये

सर्वद्रव्यपर्यायेषु ;। इति* उच्यते T =समस्तद्रव्योंकी समस्तपर्यायों में (केवल ज्ञानके विषयका नियम) है ऐसा कहागया है

आह T विषयनिबंधः[२];। अवधृतः[२];। मतिआदीनाम्[३] ;॥। =शिष्य-अब) पूछता है कि मति (ज्ञान) आदिकनिके विषयोंके नियम कहेगये

इदम् ;॥। तु* न* निर्ज्ञातम् ;॥। एकस्मिन् ;। =परंतु यह (=इदम्) ज्ञात नहीं हुआ (कि) एक

आत्मनि ;। स्व-निमित्तसन्निधान-उपजनितवृत्तीनि ;॥। =जीवमें अपने अपने कारणों के निकट होते (=उपजनित) प्रवर्तनेवाले

ज्ञानानि ;॥। यौगपद्येन[४] ;॥। कति[५] ;। भवन्ति T इति* =ज्ञान एक काल अथवा एक वार करि कितने होते हैं ऐसे (प्रश्न पर)

अतः* उच्यते T =इसलिये (आचार्य उत्तर सूत्रमें) कहतेहैं कि

---

१ प्रत्येकम् - यह वैद्य संस्कृत-अङ्गलभाषा कोष पृष्ट ४६२ में अव्यय लिखा है। इसलिये हमने भी इसको अव्यय लिखा है॥

२ अवधृतः :— विवृतः ;। इति* अपि* पाठान्तरम् ;॥। = विवृतः (=व्याख्यात) ऐसा भी अन्य पाठ है

३ मति + आदीनाम् = मत्यादीनाम्-आदि समासोंके अंतिम अवयववत् 'इस सदृश' 'और अन्य' 'और अन्य वैसे ही' इन अर्थोंमें आता है। भ्वादयः धातवः यहां पर आद्यः शब्द बहुवचन पुल्लिंगमें है ऐसे ही मत्यादीनाम् को षष्ठी विभक्ति बहुवचन पुल्लिंगमें लिखा है (देखो उक्त कोश पृष्ट ९९)

४ यौगपद्य वा यौगपद-नपुंसक लिंग है (वैद्य कोश पृष्ठ ६०१) दोनों समकालता, एककालता अर्थमें है अतः हमने नपुंसक लिखा है।

५ कति-सर्वनाम सदा बहुवचनमें आता है और पुल्लिंगमें इसका यहां प्रयोग हुआ है॥

एकादीनि भाज्यानि युगपदेकस्मिन्नाचतुर्भ्यः ॥३०॥

एकादीनि भाज्यानि युगपदेकस्मिन्नाचतुर्भ्यः =एकादीनि (ज्ञानानि) भाज्यानि युगपदेकस्मिन् (जीवे) आ चतुर्भ्य (ज्ञानेभ्यः) सम्भवन्ति

एकादीनि ;॥॥ ज्ञानानि ;॥॥ भाज्यानि ;॥॥
युगपद्* एकस्मिन् ;। जीवे ;। आ* चतुर्भ्यः ;॥॥ ज्ञानेभ्यः
सम्भवन्ति T

=एक ज्ञानको आदि लेकर (=एकादीनि)भाज्यरूप वा विभाग किये (=भाज्यानि)
=एक साथ (=युगपद्) एक जीवमें चारज्ञान तक (=आ)
=सम्भवहैं, अर्थात् यदि एक ज्ञान होगा तो केवलज्ञान, दो होंगे तो मतिज्ञान श्रुतज्ञान, तीन होंगे तो मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान वा मतिज्ञान श्रुतज्ञान मनः पर्ययज्ञान होंगे यदि चार होंगे तो मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, मनःपर्ययज्ञान होंगे

---

१ इस सूत्रका पाठ दोनों सम्प्रदायों में एक है और अर्थ भी दोनों आम्नायोंमें एक है जैसाकि अगली टिप्पणियोंसे प्रगट होगा।

२ वार्तिकः—संख्या वचनोवैकशब्दः =(वृत्ति) अथवा संख्या वचनोऽयमेकशब्दः = अथवा(सूत्रमें)यह एक शब्द संख्यावाचीहै ॥ एक =एकत्वसंख्या।

एकम आदिः यस्य् तानि इमानि एकादीनि कथम् ?* =एक है आदि जिनके ने ये एकादि हैं। (प्रश्न) कैसे ?
एकस्मिन् ;। आत्मनि ;। मतिज्ञानम् ;॥॥ एकम् ;॥॥ =(उत्तर) एक आत्मामें एक (ज्ञान) मतिज्ञान होय है
(श्रुतज्ञान दो प्रकार है एक अक्षरात्मक श्रुतज्ञान दूसरा अनक्षरात्मक श्रुतज्ञान)
यद् अक्षर श्रुतम् ;॥॥ द्वि+अनेक+द्वादशभेदम् ;॥॥ =जो अक्षरात्मक श्रुतज्ञान है सो दो अनेक द्वादश भेदरूप है
उपदेशपूर्वकम् ;॥॥ =(वह अक्षरात्मक श्रुतज्ञान) उपदेश द्वारा होता है (जैसाकि इस अध्यायका बीसवां सूत्र है)
तद् भजनीयम् ;॥॥ स्यात् T वा =वह (अक्षरात्मक श्रुतज्ञान) भजनीय है या भाज्य रूप है किन्हीं जीवोंके होता है
न * वा * इति ** =किन्हींके नहीं(अक्षरात्मक श्रुतज्ञानकी अपेक्षा एक आत्मामें अकेला मतिज्ञान भी हो सक्ता है)
इतरत् ;॥॥ पूर्ववत् * =अन्य पूर्व (पहिले) सदृश होय है अर्थात् दो ज्ञान हों तो मतिज्ञान श्रुतज्ञान हों तीन ज्ञान हों तो मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान हों अथवा मतिज्ञान, श्रुतज्ञान मनः पर्ययज्ञान हों, चार हों तो मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, मनः पर्ययज्ञान हों

परः ।। आह T असंख्यासहाय- = दूसरा कहता है (अर्थात् अन्य अन्य आचार्योंका मत है) कि असंख्या असहाय

प्रधान्यवचने ।। एकशब्देन ।। सति ।। एकादीनि ।।।। = प्रधान अर्थका वाचक (इस सूत्रमें आये हुये) 'एक' शब्दके होते 'एकादीनि' है

केवलादीनि ।।।। इति ※ अर्थः एकस्मिन् आत्मनि क्षायिकत्वात् = सो केवल (ज्ञान) आदीनि ऐसे अर्थमें है कि एक आत्मामें क्षायिकपनासे

एकम् ।।।। केवलज्ञानम् ।।।। मतिश्रुते ।।।। = एक केवल ज्ञान होता है। (दो होय हैं तहां) मतिज्ञान श्रुतज्ञान होते हैं

इत्यादिपूर्ववत् ※ = इत्यादि पहिले (कथित) सदृश है भावार्थ ऐसा है कि और और आचार्य कहते हैं कि

इस सूत्रमें 'एक' शब्दका असंख्या असहाय और प्रधान अर्थमें प्रयोग कियागया है अतः इस (एक शब्द) का अर्थ केवल ज्ञान है क्योंकि अन्य चार ज्ञान असहाय और प्रधान नहीं होसकते हैं ये चारों क्षायोपशमिक ज्ञान हैं इस रीतिसे एक जीवके एक साथ केवलज्ञानको आदि लेकर चार ज्ञान तक होना संभवहै यदि एक ज्ञान होगा तो केवलज्ञान होगा (अथवा अक्षरात्मक श्रुतज्ञानकी अपेक्षासे एक आत्मामें अकेला मतिज्ञान भी हो सकता है)। यदि दो एक साथ होंगे तो मतिज्ञान और श्रुतज्ञान होंगे, यदि तीन एक कालमें होंगे तो मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान वा मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, मनः पर्ययज्ञान होंगे, यदि चार ज्ञान होंगे तो मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान और मनः पर्ययज्ञान होंगे ॥ (देखो तत्त्वार्थ-राजवार्तिक पृष्ठ ६३) ॥ श्वेताम्बर आम्नायमें भी यही है कि मतिज्ञान भी अकेला होसक्ता है और केवलज्ञान भी अकेला होसक्ता है जैसा कि निम्न लिखितसे प्रगट है (देखो सभाष्य तत्वार्थाधिगम सूत्र पृष्ठ २८)

श्रुतज्ञानस्य ।।।। तु ※ मतिज्ञानेन ।।।। नियतः ।। सहभावः ।। = किन्तु (यह अवश्य जानना उचित है) श्रुतज्ञानका मतिज्ञानसे सहभाव अवश्य है
(अर्थात् जहां जहां श्रुतज्ञान है वहां वहां मतिज्ञानका अस्तित्व अवश्य ही है)

तद् पूर्वकत्वात् ।।।। = क्योंकि उस (मतिज्ञान) द्वारा (श्रुतज्ञान) होता है श्रुतज्ञानके होनेको मतिज्ञान कारण है ॥

यस्य ।। तु मतिज्ञानं तस्य श्रुतज्ञानं स्यात् T वा न वा इति = परंतु जिसके मतिज्ञान है तिसके अक्षरात्मक श्रुतज्ञान हो अथवा (=वा) न हो ऐसा है

अत्र ※ आह T केवलज्ञानस्य ।।।। पूर्वैः ।।।। मतिज्ञानादिभिः = यहां प्रश्न करता है कि केवलज्ञानके पहिले होने वाले मतिज्ञान आदिकसे

किम् ।।।। सहभावः ।। भवति T न इति ※ उच्यते T = क्या सहभाव होता है ? (उत्तर) नहीं ऐसा कहागया है अर्थात् जहां केवलज्ञान है वहां पर मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, मनः पर्ययज्ञानका अस्तित्व नहीं है

एकशब्दः संख्यावाची, आदिशब्दोऽवयववचनः

पदच्छेद और विभक्त्यर्थसहित तीसवां सूत्र पर सर्वार्थसिद्धि वृत्तिका शब्दशः हिंदी अनुवाद

एकशब्दः। संख्यावाची। आदिशब्दः। अवयववचनः। =(सूत्रमें) 'एक' शब्द गणनाका वाचक है आदि शब्द टुकड़ा (=टूंक) के अर्थमें है

(१) पृष्ठ ४७७ की दूसरी टिप्पणीमें हम दिखाचुके हैं कि तत्वार्थराजवार्तिक के कर्ता के मतानुसार एक शब्द संख्यावाचक भी है और अन्य आचार्योंके मतमें यहीं 'एक' शब्दअसंख्या असहाय प्रधान अर्थ का वाचक है अब इसार्थ राजवार्तिकके अनुकूल अनेक अर्थ संभव होने पर (भी) वक्ताकी इच्छासे (=विवक्षातः) प्रथमकावाची 'एक' शब्दहै (=अनेकार्थ सम्भवे विवक्षातः प्राथम्यवचनः एकशब्दः) अनेकार्थ ये हैं कि कहीं संख्या (अर्थ) में प्रवर्तता है जैसे 'एको द्वौ बहवः' एक दो बहुत ॥ कहीं अन्य (अर्थ) में जैसे 'एके आचार्याः = अन्ये आचार्याः = दूसरे आचार्याः कहीं असहाय (अर्थ) में जैसे 'एकाकिनस्ते विचरन्ति वीराः' ते शूरवीर अकेले विचरतेहैं। कहीं प्रधान अर्थ में जैसे एकहतां सेनां करोमि = प्रधानहतां सेनां करोमि इति अर्थः =प्रधान द्वारा सैनाको नष्ट करता हूं ऐसा अर्थ है और कहीं पर प्रथम अर्थ में जैसेः—एकमागमनं = प्रथमागमनम् इति = पहिला आना हुआ ॥ सूत्रमें 'प्रथम वा पहिले' के अर्थमें 'एक' शब्द लाये हैं और नवमां सूत्र 'मतिश्रुतावधिमनः पर्ययकेवलानिज्ञानम् " है तब एकादीनि" वाक्य का अर्थ 'प्रथम वा पहिले ज्ञानकों आदि लेकर" हुआ अर्थात् मतिज्ञान आदि लेकर विकल्परूपसे वा भाज्यरूप से एक आत्मा में एक साथ चार ज्ञान तक विवक्षित हैं ॥

[२] तत्वार्थराजवार्तिक के रचयिताने "आदि" शब्दके अनेक अर्थ होने पर भी 'अवयव' और सामीप अर्थ में लियाहै "आदि शब्दश्चावयववचनः" "सामीप्यवचनो वा" = आदि शब्द (इस सूत्रमें) टुकड़े का वाची है अथवा निकटता का वाचक है ॥ कहीं पर व्यवस्था (अर्थ) में (आदि शब्द) वर्तता है जैसे ब्राह्मणादयश्चत्वारो वर्णाः (=ब्राह्मणादिक चार वर्ण हैं) ब्राह्मणव्यवस्थाः (=कि ब्राह्मणकी व्यवस्था है) ब्राह्मणक्षत्रियविट्शूद्राः इत्यर्थः कि ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य शूद्र है ऐसा अर्थ है) अर्थात् ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य और शूद्र इन चारों वर्णोंकी ब्राह्मण वर्णके आधीन व्यवस्था वा रचना है। कहीं पर (आदि शब्द) प्रकार (अर्थ) में प्रवर्तता है जैसे भुजंगादयः परिहर्तव्या (भुजंगादिक परिहार करने योग्य हैं) भुजंगप्रकाराः विषवंत इत्यर्थः (=भुजंगका प्रकार कहिये भुजंग सदृश विषवान सर्वजीव त्यागने योग्य हैं) ऐसा अर्थ है भावार्थ सर्पआदि विषवाले (सर्व) जीवोंको दूरसे ही छोड़ देना चाहिये ॥ कहींपर (आदि शब्द) अवयव, टुकड़ा, टूंक, वा भाग अर्थ में वर्तताहै जैसेकि ऋगादिमधीते ऋगवयव-मधीते इति अर्थ =ऋग्वेदके (=ऋग्) कुछ भाग को (=अवयवम्) पढ़ता है (=अधीते) ऐसा अर्थ है ॥

एकआदिर्येषां तानि इमान्येकादीनि भाज्यानि विभक्तव्यानि यौगपद्येनैकस्मिन्नात्मनि ॥ आ कुतः ? आ चतुर्भ्यः ॥ तद्यथाएकं तावत्केवलज्ञानं न तेन सहान्यानि क्षायोपशमिकानि

एकः। आदिः। येषाम्। तानि। इमानि। एकादीनि भाज्यानि। विभक्तव्यानि।

=एक है आदि जिनके (=येषाम्) ते (=तानि) इतने (=इमानि) एकादीनि हैं =सो भाज्यानि (कहिये) है भेदरूप करने पर वा विकल्परूप करने पर(=विभक्तव्यानि) अर्थात् एक ज्ञानको आदिलेकर(=एकादीनि)भाज्यरूप वा विकल्परूप(=विभक्तव्यानि)

यौगपद्येन। एकस्मिन्। आत्मनि। आ* चतुर्भ्यः। आ* कुतः ? *

=एक कालविषैं एक (=एकस्मिन्) आत्मामें चार (ज्ञान) तक हो (सक) ते हैं =(प्रश्न) (सूत्रमें) आ (अव्यय) क्योंकर (=कुतः) है (उत्तर-सीमा वा अभिविधिके लिये है कि एक साथ एक आत्मामें चार पर्यंत ही ज्ञान होसक्ते हैं सब पांचो नहीं होते)

तद्यथा* एकं। तावत्* केवलज्ञानं। न तेन। सह* अन्यानि। क्षायोपशमिकानि।

=जैसे (=तद्यथा) एक हो तो (=तावत) केवलज्ञान हो । नहीं तिस (केवलज्ञान) करि =सहित (=सह) अन्य (चार) क्षायोपशमिकज्ञान

अब 'एक' शब्दका प्रथम अर्थ और 'आदि' शब्दका अवयव अर्थ लेकर "प्रथमका अवयव" यह अर्थ "एकादि" वाक्यका हुआ ॥ (प्रश्न) किस (प्रथम) का (अवयव वा भाग) । (उत्तर) परोक्षज्ञानका (प्रथम अवयव) अर्थात् मतिज्ञान ॥ अतः एकादिका अर्थ मतिज्ञान हुआ यहां पर स्मरण रहै कि सूत्रमें 'एकादीनि' वाक्य है सो"एकादिरादीनि" (=एकादिको आदि लेकर जो ज्ञान हैं वे एकादीनि कहेजाते हैं) इस अर्थमें है क्योंकि:- वार्तिक–"ततोन्यपदार्थे वृत्तावेकस्यादिशब्दस्य निवृत्तिरुष्ट्रमुखवत्=ततः अन्यपदार्थे वृत्तौ एकस्यादिशब्दस्य निवृत्तिःउष्ट्रमुखवत्" =अन्यपदार्थ वृत्तिमें (=समासमें) एक"आदि"शब्दकी निवृत्ति वा निषेध "उष्ट्रमुख" (बहुव्रीहि समासरूप वाक्यके) सदृश है अर्थात् जैसे जिसका मुख ऊंट सरीखा हो वह उष्ट्रमुख (पुरुष) कहा जाता है और जिसका मुख ऊंटके मुख सदृश पुरुष सरीखा हो वहभी उष्ट्रमुखही कहा जाता है यहांपर जैसे उष्ट्रमुख शब्दका बहुव्रीहि समास करते समय दो मुखशब्दोंका उल्लेख रहताहै और समासमें एकही मुखशब्द रह जाताहै एक मुखशब्दकी निवृत्ति होजातीहै अर्थात् एक मुखशब्द न्यून हो जाता है वैसेही एकादीनि यहां परभी दो "आदि" शब्दोंमें एकही "आदि" शब्द रह जाता है एक 'आदि' शब्दका लोप होजाता है ॥ आदि शब्दका अर्थ समीप भी है मतिज्ञानके समीप श्रुतज्ञान है अतः 'एक' शब्द जो सूत्रमें है उससे मतिज्ञान और आदि शब्दके उल्लेखसे श्रुतज्ञानका ग्रहण हुआ ॥ मतिज्ञान श्रुतज्ञानको आदि लेकर यसा अर्थ "एकादीनि" वाक्यका हुआ ॥ एक+आदि+आदि=एकादि+आदीनि=एकादीनि

युगपदवतिष्ठन्ते । द्वे मतिश्रुते । त्रीणि मतिश्रुतावधिज्ञानानि, मतिश्रुतमनःपर्ययज्ञानानि वा । चत्वारि मतिश्रुतावधिमनःपर्ययज्ञानानि । न पञ्च सन्ति केवलस्यासहायत्वात् ॥

युगपद्* अवतिष्ठन्ते T द्वे ;॥॥ मतिश्रुते ;॥॥ त्रीणि;॥॥ मतिश्रुत-अवधिज्ञानानि;॥॥ वा* मति-श्रुत-मनःपर्ययज्ञानानि;॥॥ चत्वारि ;॥॥ मति-श्रुत-अवधि-मनःपर्ययज्ञानानि ;॥॥ न* पञ्च ;॥॥ सन्ति T केवलस्य ;॥॥ असहायत्वात् ;॥॥

=एक काल में तिष्ठते हैं । दो हों तो मतिज्ञान श्रुतज्ञान हों ।
=तीन हों तो मतिज्ञान श्रुतज्ञान अवधिज्ञान हों । अथवा (=वा) मतिज्ञान श्रुतज्ञान
=मनःपर्ययज्ञान हों । चार हों तो मतिज्ञान-श्रुतज्ञान-अवधिज्ञान
=मनःपर्ययज्ञान हो ॥ नहीं होते हैं (एक काल में) पांच ज्ञान
=क्योंकि केवल ज्ञान असहाय रूप है अर्थात् अन्य चार ज्ञान तो ज्ञानावरणीयकर्मके क्षयोपशम से होते हैं केवल ज्ञान उक्त कर्म के क्षय से ही होता है

(१) मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, मनःपर्ययज्ञान क्षायोपशमिक ज्ञान है अर्थात् ये चारों ज्ञान ज्ञानावरणीय कर्मकी प्रकृतियों के क्षयोपशम से होते है । (प्रश्न) ये "क्षायोपशमिकज्ञान तौ एक काल एकही प्रवर्तता कहा है । इहाँ च्यारी कैसे कहे ? ताका उत्तर जो ज्ञानावरण कर्मका क्षयोपशम होते च्यारी ज्ञानकी जानन शक्तिरूप लब्धि एक काल होय है । बहुरि उपयोग इनिका एक काल एकही होय है । ताकी एक ज्ञेयतैं उपयुक्त होनेकी अपेक्षा स्थितिभी अन्तर्मुहूर्तकी कही है । पीछे ज्ञेयांतर उपयुक्त होयजाय है क्षयोपशम जिनिका होय है ते लब्धिरूप एककालही है । इहां कोई कहे उपयोग अपेक्षाभी सांकलीके (=बड़ीपुरी) भक्षण करतैं रूपादिक पांचका ज्ञान एककालही दीखे है वर्णसांकलीका दीखे है स्वाद लेही है । गंध नाका आवै ही है ॥ स्पर्श भी सचीकणा आदि जानैं ही है । भक्षण करतैं शब्द होय है ऐसें पांचका ज्ञान एक काल भी देखिये है । ताकूं कहिये, जो इहां उपयोगका फिरण की शीघ्रता होतैं काल भेद न जान्या जाय है । जैसे कमलका पत्र दोय च्यारि में सुईका प्रवेश होते काल भेद जान्या न जाय अरु काल भेद है ही । तैसे इहां भी जानना ॥ पं० जयचंदजी की वचनिका मुद्रित पृष्ठ १८५, १८६ ॥

(२) उक्त पांचों ज्ञानोंमेंसे केवलज्ञान असहायज्ञान है वह कर्मोंके क्षयोपशमकी अपेक्षा नहीं रखता है मतिज्ञान श्रुतज्ञान अवधिज्ञान और मनःपर्यय ज्ञानों को कर्मोंके क्षयोपशमकी अपेक्षा रहती है इस लिये ये चार ज्ञान असहाय नहीं हैं ॥ इस भांति उक्त चार ज्ञानोंमें और केवलज्ञान में विरोध रहनेके हेतुसे पांचों ज्ञानोंका एक साथ होना असम्भव है ॥ (प्रश्न) जैसे जिस काल सूर्यका प्रकाश पृथ्वी मंडल पर पड़ता है उस समय नक्षत्रों का प्रकाश दब जाताहै । वहांपर यह नहीं कहा जासकता कि नक्षत्रोंकी विद्यमानताही नहींहै वैसेही जिस समय आत्मामें अत्यन्त जाज्वल्यमान केवलज्ञानका प्रकाश होगा उस समय मति-श्रुत-अवधि-मनःपर्ययज्ञानका प्रभाव दब जायगा नकि उक्त चार ज्ञानोंका अस्तित्वही नष्ट होजायेगा फिर यह कहना कि

केवलज्ञान क्षायिकज्ञान है और असहायज्ञान है इसमें पांचों ज्ञान नहीं होते हैं ठीक नहीं है ? ॥(उत्तर)जैसे जब कोई स्थान सर्वथा और सर्व प्रकारसे शुद्ध होचुका है कोई भागभी उस स्थानका अशुद्ध नहीं कहा जासकता है वैसेही अब सर्व ज्ञानावरणीयकर्मकी प्रकृतियोंका सर्व प्रकार नाश होचुका है तब उन कर्मकी प्रकृतियोंका क्षयोपशम कहना और अत्यन्त नाश होनाभी कहना ये एक दूसरेके विरुद्ध हैं और नहीं कहे जासकते हैं इसलिये एक साथ आत्मामें मतिज्ञानको आदि लेकर चार तक ज्ञानोंका जो नियम है वह निर्बाध और निर्दोष है ॥

इस विषयमें अब हम श्वेताम्बर आम्नायका मत लिखते हैं ॥ (प्रश्न) केवलज्ञानका मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान और मनःपर्ययज्ञानके साथ सहभाव है कि नहीं है ? (उत्तर) "केवलज्ञानके साथ मतिज्ञानादिका सहभाव नहीं है । परंतु कोई कोई आचार्य कहते हैं कि केवलज्ञानकी सत्ता दशामें मतिज्ञानादि ज्ञानोंका अभाव नहीं है किन्तु केवलज्ञानसे वे मत्यादिज्ञान अभिभूत (पराजित) होनेसे ऐसे अकिंचित्कर हैं जैसेकि नेत्रादि इन्द्रियां। केवलज्ञानकी दशामें मतिश्रुतादि अन्यज्ञान अभिभूत होकर ऐसे अकिंचित्कर हैं जैसे मेघरहित आकाशमें सूर्यके उदित होनेपर अधिक तेजके कारण सूर्यसे अभिभूत अग्नि मणि चन्द्रमा तथा नक्षत्रादिके तेज, प्रकाश करनेमें अकिंचित्कर हैं। और कोई ऐसा कहते हैं कि अपाय सद्द्रव्यता अर्थात् श्रोत्रादि इन्द्रियोंसे उपलब्ध पदार्थके निश्चयार्थ मतिज्ञानकी प्रवृत्ति होती है ।, श्रुतज्ञान मतिज्ञान पूर्वक है । अवधिज्ञान तथा मनःपर्ययज्ञान भी रूपी द्रव्यके विषयमें अपाय सद्द्रव्यतासेही प्रवृत्त होता है अतः उनकी सत्ता में मतिज्ञान रह सकता है और केवलज्ञानी को इन्द्री द्वारा पदार्थोपलब्धि नहीं होती, इस कारणसे केवलज्ञानीको मतिज्ञानादि ज्ञान नहीं है ॥ किं चान्यत् । औरभी यह बात है कि मतिज्ञानादि चारों ज्ञानोंमें पर्याय वा क्रमसे उपयोग होता है न कि एक ही कालमें और मिलित है ज्ञानदर्शन जिसका ऐसे भगवान केवली को तो एकही कालमें सर्वभावके ज्ञापक वा ग्राहक और अन्य ज्ञाननिरपेक्ष केवलज्ञान तथा केवलदर्शन होते हैं और प्रतिक्षण वा प्रति समय ज्ञानोपयोग तथा दर्शनोपयोग होता है । और यहभी है कि पूर्व मतिज्ञानादि चार ज्ञान तो ज्ञानावरणके क्षयोपशमसे उत्पन्न होते हैं । और केवलज्ञान क्षयसेही उत्पन्न होता है । इसलिये भी केवलज्ञानीको मतिज्ञानादि शेष चार ज्ञान नहीं होते ॥" समाधा० पृष्ठ २८, २९ ॥ हमारा हृदय भी इस बातको स्वीकार नहीं करता कि केवलज्ञान की विद्यमानतामें

यथोक्तानि मत्यादीनि ज्ञानव्यपदेशमेव लभन्ते, उतान्यथापीत्यत आह—

यथोक्तानि॥॥ मत्यादीनि॥॥ ज्ञानव्यपदेशम्॥॥ एव*	=कथनानुसार (=यथोक्त) मति आदिक ज्ञान ज्ञान नामही
लभन्ते T उत* अन्यथा* अपि*	=पाते हैं। अथवा (=उत) अन्यथा भी हैं अर्थात् मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, मनः पर्ययज्ञान ये ज्ञान संज्ञा से ही जाने जाते हैं कि ये किसी और
इति* अतः* आह T	=नाम से भी कहे जाते हैं॥ ऐसा (प्रश्न होने पर) इस लिये कहते हैं कि

अन्य चार ज्ञानका अकिंचित्कर रूपमें भी अस्तित्व रहता है क्योंकि यदि हम ऐसा मानें तो इस सूत्रका "आद्ये परोक्षम्" वाक्य व्यर्थ हुआ जाता है। और पांचों ज्ञानका अस्तित्व युगपद् हुआ जाता है॥

(प्रश्न) असंज्ञी पंचेंद्रियसे लेकर अयोगकेवली पर्यंत सब जीव पंचेन्द्रिय हैं। जिनके केवलज्ञान है वे भी जीव जब पंचेन्द्रिय हैं और पांचों इन्द्रियें उनके विद्यमान हैं तब इन्द्रियोंके कार्य मतिज्ञान आदि क्षायोपशमिकज्ञान होने चाहिये क्योंकि समर्थकारण इन्द्रियोंके रहते कार्य ज्ञान अवश्यभावी है। अतः यह कहना कि केवलज्ञानके अस्तित्व समयमें मतिज्ञान आदि नहीं होसकते यह कथन निर्मूल है (उत्तर) सयोगकेवली और अयोगकेवली को जो पंचेन्द्रिय बतलाया है वह द्रव्येन्द्रियकी अपेक्षासे है भावेंद्रियकी अपेक्षासे नहीं है क्योंकि भावेन्द्रियकी विद्यमानता में समस्त ज्ञानावरणीय-कर्मका क्षय नहीं होसक्ता है और ज्ञानावरणकर्मके निर्मूल क्षयके विना सर्वज्ञपना भी नहीं होसक्ता है यदि सयोगकेवली और अयोगकेवलीके भावेंद्रियकी सत्ता मानी जायगी तो उनके ज्ञानावरणकर्मका क्षय निर्मूल न होसकेगा अतः वे सर्वज्ञ नहीं कहे जासकेंगे॥ जहां पर भावेन्द्रिय है वहीं पर मतिज्ञानादिक क्षायोपशमिकज्ञानोंका आविर्भाव होता है केवल द्रव्येन्द्रियके अस्तित्व कालमें नहीं क्योंकि द्रव्येन्द्रियकी सत्ताको निःशंकिक माना है वह ज्ञानोंकी उत्पत्तिमें कारण नहीं है। इस लिये जब केवलज्ञानके उदय रहने पर भावेन्द्रियका अस्तित्व नहीं रहता तब केवलज्ञानके साथ, कारण भावेन्द्रियके अभावमें कार्य मतिज्ञानादि नहीं हो सकते। अतः एक आत्मामें भाज्य रूप मतिज्ञान से लेकर चार ज्ञान तक एक साथ हो सकते हैं यह बात निर्बाध है किन्तु पांचों ज्ञान एक साथ नहीं हो सकते हैं॥

॥ मतिश्रुतावधयो विपर्ययश्च ॥३१॥

विपर्ययो मिथ्येत्यर्थः । कुतः ? । सम्यगधिकारात् ॥ चशब्दः समुच्चयार्थः । विपर्ययश्च सम्यक्चेति ॥

सूत्रम्-मतिश्रुतावधयो विपर्ययश्च =मतिश्रुतावधयो विपर्ययश्च (भवति ज्ञानम्)

मति-श्रुत-अवधयः ;। विपर्ययः ;। च भवतिT ज्ञानम् =मति-श्रुत-अवधि विपर्यय, उलटे या मिथ्याज्ञान भी (=च) होते हैं ॥
अर्थात् मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान ये तीन ज्ञान विपरीत भी होते हैं
मति आदि पांचों ज्ञानोंको जिनको सम्यग् ज्ञान कह आये हैं उनमें आदि के तीन ज्ञान मिथ्या, वा विपरीत ज्ञान भी होते हैं और सम्यग् ज्ञान भी होते हैं ।

पदच्छेद और विभक्त्यर्थ सहित इकतीसवां सूत्र पर सर्वार्थसिद्धिवृत्तिका शब्दशः हिंदी अनुवाद

विपर्ययः ;। मिथ्या* इति* अर्थः ;। =(इस सूत्रमें) विपर्यय (शब्द) अयथार्थ अन्यथा वा मिथ्या ऐसा अर्थ (में) है

कुतः ?* सम्यग्-अधिकारात् ;। =(प्रश्न) क्योंकर (विपर्यय शब्द मिथ्या अर्थ में है) (उत्तर) सम्यक् अधिकारसे
अर्थात् इस सूत्र में सम्यक् शब्दकी अनुवृत्ति "सम्यग्दर्शन ज्ञानचारित्राणिसे आरही है"

चशब्दः ;। समुच्चय-अर्थः ;। =(सूत्र में) चशद वा अव्य समुच्चय के लिये अथवा समुदाय के लिये है

विपर्ययः ;। च* सम्यक्* च* इति* =अयथार्थ अन्यथा (विपर्यय) भी (=च) है यथार्थ (=सम्यक्) भी (=च) है

(१) इस सूत्रका श्वेताम्बर और दिगम्बर दोनों आम्नायोंमें पाठ और अर्थ एक है । ज्ञान शब्दकी अनुवृत्ति नवम सूत्रसे आतीहै ॥ (२)च अव्ययके बहुतसे अर्थ हैं उनमें से यह समुच्चयके लिये ग्रहण किया है इसलिये मतिज्ञान, श्रुतज्ञान और अवधिज्ञान सम्यग् ज्ञान भी होते हैं और मिथ्याज्ञान भी होते हैं ऐसा अर्थ है। तत्त्वार्थ श्लोक वार्तिकमें 'चशब्द समुच्चयार्थः'से यह अभिप्राय लिया है कि उससे सूत्रमें मुख्य और व्यवहार दोनों प्रकार के सम्यक्त्वोंका ग्रहण है यदि सूत्रमें चअव्यय न होता तो 'मतिश्रुतावधयो विपर्ययः' ऐसा सूत्र होता और उसका अर्थ यह होता कि मति-श्रुत-अवधि मिथ्या (ज्ञान) होते हैं ॥ (प्रश्न) 'मतिश्रुत अवधि मिथ्या ज्ञान होते हैं' इससे यह बात नहीं निकलती कि 'मतिश्रुतावधि' सम्यग्ज्ञान नहीं हो सकते हैं फिर चशब्द सूत्रमें व्यर्थ है । (उत्तर) श्लोक वार्तिक के रचयिता कहते हैं कि यदि सूत्रका अर्थ बिना च अव्यके यह मानलें कि उससे मिथ्याज्ञान और सम्यग्ज्ञान दोनों प्रगट होते हैं तब सूत्रमें विपर्ययका अर्थ मिथ्याज्ञान है चशब्दसे संशय और अनध्यवसायका ग्रहण है अर्थात्

एटानिवासी जगरूपसहाय वकीलकृत पदच्छेद और विभक्त्यर्थ सहित सर्वार्थसिद्धिका शब्दशः हिंदी अनुवाद। अध्याय १ सूत्र ३१,

कुतः पुनरेषांविपर्ययः ?

कुतः * पुनः * एषाम् ॥ विपर्ययः ॥ ?	अर्थात् मतिज्ञान श्रुतज्ञान अवधिज्ञान मिथ्याज्ञान भी हैं और सम्यग्ज्ञान भी हैं =(प्रश्न) बहुरि इन (ज्ञानों) के विपरीतता (=विपर्यय) क्योंकर है ?

मतिज्ञानादि संशय अनध्यवसाय स्वरूप भी हैं इस अर्थके करनेमें 'च शब्द' का सूत्रमें लाना व्यर्थ नहीं है ॥ श्लोक वा० पृष्ठ २५५ श्लोक ९, १०, ११ देखो ॥ यहां पर स्मरण रहे कि मतिज्ञान इन्द्रिय और मनसे होता है अतः उसके विपरिणाम संशय विपर्यय और अनध्यवसाय तीनों मिथ्याज्ञान हैं और श्रुतज्ञान मनकी सहायतासे होता है इसलिये उसके भी विपरिणाम संशय विपर्यय और अनध्यवसाय तीनों मिथ्याज्ञान हैं किन्तु अवधिज्ञानके विपरिणाम विपर्यय और अनध्यवसाय ही हैं संशय नहीं क्योंकि यह 'स्थाणु है वा पुरुष है ?' ऐसे अनेक कोटियोंको स्पर्श करनेवाले ज्ञान का नाम संशय है और जहां पर अंधकार रहनेसे दूरमें स्थित पदार्थ स्थाणु है वा पुरुष है ऐसा स्पष्ट ज्ञान न होनेसे उन दोनोंमें रहने वाले ऊर्ध्वता सामान्यका प्रत्यक्ष है वक्र कोटर आदि स्थाणुके विशेष एवं शिर हाथ आदि पुरुषके विशेषों का प्रत्यक्ष नहीं किन्तु पहले उनका ज्ञान हो चुका है इसलिये मनके द्वारा उनका स्मरण है इस रीतिसे सामान्यप्रत्यक्ष विशेषाप्रत्यक्ष और विशेष स्मरण है वहीं पर संशयज्ञान होनेके कारण इन्द्रियों के आधीन इसकी उत्पत्ति मानी है परंतु अवधिज्ञानमें इन्द्रियोंके व्यापारकी कोई अपेक्षा नहीं न मनके व्यापारकी कोई अपेक्षा है क्योंकि अवधिज्ञानको इन्द्रिय और मनसे अजन्य माना है किन्तु अवधिज्ञानावरणके क्षयोपशमकी विशुद्धता रहने पर वह सामान्य विशेष स्वरूप अपने विषयभूत पदार्थोंको जानता है इसलिये अवधिज्ञानका विपरिणमन संशय स्वरूप नहीं होसकता लेकिन हां ! मिथ्यात्व नाम कर्मके विपरीत श्रद्धान स्वरूप मिथ्यादर्शनके साथ अवधिज्ञान रहता है इसलिये वह विपरीत स्वरूप है तथा जिस पदार्थकी ओर अवधिज्ञानका उपयोग लगा हुआ है कारण वश उसका पूरा ज्ञान नहोनेके पहिले ही दूसरे किसी ज्ञानके विषयभूत दूसरेही पदार्थकी ओर उपयोग लग जाय उस समय मार्गमें जाते हुये पुरुष को तृण स्पर्शके ज्ञानके समान अनिश्चयात्मक अवधिज्ञान होजाता है इसलिये अवधिज्ञानका विपरिणमन अनध्यवसाय स्वरूप भी है किंतु जिस समय जिस पदार्थ को अवधिज्ञान विषय कर रहा है उस समय यदि वह उपयोग दृढ़ होगा तो अवधि ज्ञानका अनध्यवसाय स्वरूप विपरिणमन नहीं हो सकता ॥ (देखो श्लोक वार्तिक श्लोक १२, और १३ पृष्ठ २५६)

(१) सामान्यरूपसे विपर्ययका अर्थ मिथ्याज्ञान है तो भी संशय विपर्यय और अनध्यवसाय इन तीनों प्रकारके ज्ञानोंका यहां ग्रहण है परंतु स्मरण रहे कि मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, और अवधिज्ञान येही तीनों ज्ञान विपरीत वा मिथ्याज्ञान होसक्ते हैं न कि मनःपर्यय और केवलज्ञान (प्रश्न) क्यों ?

एटानिवासी जगरूपसहाय वकीलकृत पदच्छेद और विभक्त्यर्थ सहित सर्वार्थसिद्धिका शब्दशः हिंदी अनुवाद । अध्याय १ सूत्र ३१

मिथ्यादर्शनेन सहैकार्थसमवायात सरजस्ककटुकालाबुगतदुग्धवत् ॥

मिथ्यादर्शनेन३।।। सह* =(उत्तर) मिथ्यात्व (के उदयकरि) सहित (=सह) (आत्मा और मतिज्ञानादिक का)

एकार्थ-समवायात् ५। =एकमेकतारूप (=एकार्थ) संबंध, सम्मेलन, वा संश्लेष (के हेतु) से (=समवायात)

(मतिज्ञान, श्रुतज्ञान और अवधिज्ञान के विपरीतता होजाती है)

सरजस्क-कटुक-आलाबु-गत-दुग्धवत्* =जैसेकि गिरी वा रज सहित कडुवी (=कटुक) तुम्बीमें (=अलाबु) क्षेपा हुआ (=गत) दूध अर्थात् जैसे गिरी सहित वा रज सहित (=सरजस्क) कडुवी तुम्बीमें दूध रखनेसे कडवा होजाता है तैसेही दर्शन मोहनीय कर्म के उदयसे आत्माका जो मिथ्यादर्शन परिणाम होता है उसके साथ मति आदि ज्ञान भी एक स्थानमें रहते हैं — दोनों (मिथ्यादर्शन परिणाम और मति आदि ज्ञान) एक साथ आत्मामें रहते हैं इस लिये मिथ्यात्व के संबंधसे मति आदि ज्ञान मिथ्या ज्ञान कहे जाते हैं ॥

(उत्तर) क्योंकि दर्शन मोहनीय कर्मके उदयसे जो आत्माका मिथ्यादर्शन परिणाम होता है उसके साथ मतिज्ञान , श्रुतज्ञान , अवधिज्ञान भी एक स्थानमें रहते हैं । उक्त मतादिज्ञान और आत्माका मिथ्यादर्शन परिणाम दोनों एकसाथ आत्मामें रहते हैं इसलिये मिथ्यात्वके संबंधसे मतिज्ञान आदि मिथ्याज्ञान कहे जाते हैं । परंतु मनःपर्ययज्ञान और केवलज्ञानका आत्मामें मिथ्यादर्शनके कारणोंके सर्वथा नष्ट होजाने पर सम्यक्त्व गुणकी प्रगटता से जिस समय आत्मा विशुद्ध होजाता है उस समय उदय होता है । विना सम्यक्त्वगुणके उदय नहीं होसकता इस लिये मिथ्यात्वके संबंधसे सर्वथा दूर रहनेके कारण मनःपर्ययज्ञान और केवलज्ञान कभी मिथ्या नहीं होसकते । उन दोनों ज्ञानोंमें जिस समय दर्शन मोहनीय कर्मका सर्वथा क्षय हो जाता है और चारित्र मोहनीय कर्मका उपशम (अर्थात् मनःपर्ययज्ञान छठे गुणस्थानमें भी होजाता है अतः यह प्रत्याख्यानादिके उपशमकी अपेक्षा कथन है होजाता है उस समय आत्मामें मनःपर्ययज्ञानका उदय होता है इसलिये मिथ्यात्वके साथ संबंध न रहनेके कारण वह मिथ्याज्ञान नहीं होसक्ता तथा ज्ञानावरणीय दर्शनावरणीय मोहनीय और अन्तराय इन चार घातिया कर्मों के सर्वथा नष्ट होजाने पर आत्मामें केवलज्ञान का उदय होता है । उस समय परिपूर्ण विशुद्धता केवलज्ञानमें प्रगट होजाती है इसलिये वह भी मिथ्याज्ञान नहीं कहा जा सकता ॥

ननु च तत्राधारदोषात् दुग्धस्य रसविपर्ययो भवति; न च तथा मत्यज्ञानादीनां विषयग्रहणे विपर्ययः ॥ तथाहि, सम्यग्दृष्टिर्यथा चक्षुरादिभिः रूपादीनुपलभते, तथा मिथ्यादृष्टिरपि मत्यज्ञानेन ॥ यथा च सम्यग्दृष्टिः श्रुतेन रूपादीनि जानाति निरूपयति च तथा मिथ्यादृष्टिरपि श्रुताज्ञानेन ॥ यथा चावधिज्ञानेन सम्यग्दृष्टिः रूपिणोऽर्थानवगच्छति तथा मिथ्यादृष्टिर्विभङ्गज्ञानेनेति ॥ अत्रोच्यते—

ननु* च* तत्र* आधार-दोषात् ;। दुग्धस्य ;॥।
रस-विपर्ययः ;। भवति। न* च* तथा*
मति-अज्ञान-आदीनां ;॥। विषय-ग्रहणे ;॥। विपर्ययः ;।

=फिर (=च) प्रश्न (=ननु) वहां (तुर्वामें) आधारके दूषणसे दूधका
=स्वाद उलटा हो जाता है (अर्थात् कडुआ होजाता है) बहुरि (=च) नहीं है तैसे
=मतिअज्ञानादिकोंके विषय ग्रहण (करने) में विपरीतिता अर्थात् ज्ञानमें तो विषय
का ग्रहण सम्यक्त्वमें और मिथ्यात्वमें समान होता है

तथाहि* सम्यग्दृष्टिः ;। यथा* चक्षुरादिभिः ;॥।
रूपादीन्;। उपलभते T तथा* मिथ्यादृष्टिः;। अपि*
मति-अज्ञानेन;॥। ; यथा* च* सम्यग्दृष्टिः;। श्रुतेन;॥।
रूपादीनि ;। जानाति T निरूपयति T च* तथा*
मिथ्यादृष्टिः ;। अपि* श्रुत-अज्ञानेन ;॥। यथा* च*
अवधिज्ञानेन;॥। सम्यग्दृष्टिः;। रूपिणः;। अर्थान्;।
अवगच्छति T तथा* मिथ्यादृष्टिः;। विभंगज्ञानेन;॥।
इति* अत्र* उच्यते T

=उदाहरण (=तथाहि) सम्यग्दर्शनवाला जैसे नेत्र आदिक इन्द्रियोंसे
=रूपादिकों को जानता है (=उपलभते) तैसे मिथ्यादर्शनवाला भी
=कुमतिज्ञानकरि (जानता है) और (=च) जैसे सम्यग्दर्शनवाला श्रुतज्ञानकरि
=रूपादिकों को जानता है तथा (=च) कथन करता है तैसे
=मिथ्यादृष्टि भी कुश्रुतज्ञान द्वारा (जानता है और व्याख्यान करता है) और जैसे
=अवधिज्ञानकरि सम्यग्दर्शनवाला रूपी वा मूर्तीक वस्तुओं को
=जानता है (=अवगच्छति) तैसे मिथ्यादर्शनवाला कुअवधिज्ञानकरि (जानता है)
=ऐसा (प्रश्न होने पर) यहां कहते हैं कि

(१) जानाति T निरूपयति T इति* अपि* पाठान्तरम् ;॥। =जानता है कथन करता है ऐसा भी अन्य पाठ है

एटानिवासी जगरूपसहाय वकीलकृत पदच्छेद और विभक्त्यर्थ सहित सर्वार्थसिद्धिका शब्दशः हिंदी अनुवाद । अध्याय १ सूत्र ३२,

सदसतोरविशेषाद्यदृच्छोपलब्धेरुन्मत्तवत् ॥ ३२ ॥

सद्विद्यमानमसदविद्यमानमित्यर्थः । तयोरविशेषेण यदृच्छया उपलब्धेर्विपर्ययो भवति ॥

सदसतोरविशेषाद्यदृच्छोपलब्धेरुन्मत्तवत् =सदसतोरविशेषाद्यदृच्छोपलब्धेरुन्मत्तवत् (विपर्ययो भवति ज्ञानम्)

सत-असतोः ;। =विद्यमान और अविद्यमान (पदार्थों) का या प्रशस्त (भले) अप्रशस्त (बुरे) का
अविशेषात् ;। =विशेषरूप वा प्रभेदरूप ज्ञान वा ज्योंका त्यों विवेक न होने (के हेतु) से
यदृच्छ-उपलब्धेः ;॥ उन्मत्तवत्* =अपनी यद्वातद्वाइच्छा द्वारा ग्रहण करने से उन्मत्त (पुरुष) के समान
विपर्ययः ;। भवति[1] ज्ञानम् ;॥॥ =विपरीत वा मिथ्याज्ञान होता है भावार्थ जिस प्रकार मदमाता वा उन्मत्त पुरुष भार्याको माता और माता को भार्या समझता है यह उसका ज्ञान मिथ्याज्ञान है परंतु किसी समय वह भार्याको भार्या और माताको माता कहता है तो भी उसका यह जानना सम्यग्ज्ञान नहीं कहलाता क्योंकि उसको भार्या और माताके भेदका यथार्थ विवेक वा ज्योंका त्यों ज्ञान और विचार नहीं उसी प्रकार मिथ्यात्वके उदयसे सत् और असत् पदार्थोंका यथार्थ ज्ञान न होनेके हेतु से कुमतिज्ञान कुश्रुतज्ञान कुअवधिज्ञान (विभङ्ग अवधिज्ञान) भी मिथ्या ज्ञान है ॥

पदच्छेद और विभक्त्यर्थ सहित बत्तीसवां सूत्र पर सर्वार्थसिद्धिवृत्तिका शब्दशः हिन्दी अनुवाद ॥

सत्[2] ;॥॥ विद्यमानम्[3] ;॥॥ असत्[2] ;॥॥ अविद्यमानम्[3] ;॥॥ =सत् विद्यमान वा वर्तमान (वस्तु) है असत् अविद्यमान वा अनछती (वस्तु) है
इति* अर्थः ;। तयोः[2] ;॥॥ अविशेषेण ;। =ऐसा तात्पर्य है इन दोनों (सत् असत्) का यथार्थ विवेक न होने से
यदृच्छया ;॥ उपलब्धेः ;॥ विपर्ययः ;। भवति T =अपनी मनमानी इच्छाकरि (=यदृच्छया) ग्रहण करनेसे विपरीत वा मिथ्या (ज्ञान) है

(१) इस सूत्रका दोनों श्वेताम्बर और दिगम्बर सम्प्रदायोंमें पाठ और अर्थ एक है ॥ ज्ञान शब्दकी नींवां और विपर्ययकी ३१वां सूत्रसे अनुवृत्ति लीग. है
(२) तयोः शब्द सत् और असत् शब्दके लिये है और सत् असत् विद्यमान अविद्यमानके कारण नपुंसकलिंगी हैं अतः तयोः नपुंसकलिंगी है ॥
(३) सत्=प्रशंसा=प्रशस्त तत्वज्ञान (ख) विद्यमान । असत्=अप्रशस्त अर्थात् अप्रशस्त तत्वज्ञान (ख) अविद्यमान (देखो तत्त्वार्थ राज वार्तिक पृष्ठ६४)

कदाचिद्रूपादि सदप्यसदिति प्रतिपद्यते, असदपि सदिति, कदाचित्सत्सदेव, असदप्यसदेवेति मिथ्यादर्शनोदयाद्व्यवस्यति ॥ यथा पित्तोदयाकुलितबुद्धिर्मातरं भार्येति, भार्यामपि मातेति मन्यते । यदृच्छया मातरं मातैवेति भार्यामपि भार्यैवेति च ॥ तदपि न तत्सम्यग्ज्ञानम् ॥ एवं मत्यादीनामपि रूपादिषु विपर्ययो वेदितव्यः ॥ तथा हि कश्चिन्मिथ्यादर्शनपरिणाम आत्मन्यवस्थितः रूपाद्युपलब्धौ सत्यामपि कारणविपर्यासं भेदाभेदविपर्यासं स्वरूपविपर्यासं च जनयति ।

कदाचित्* रूपादि ;॥ सत् ;॥ अपि* असत् ;॥ =क ी (=कदाचित्) रूपादिक छती वा विद्यमान (वस्तु) को भी अविद्यमान है
इति* प्रतिपद्यते T असत् ;॥ =ऐसा कहता है(=प्रतिपद्यते)वा अंगीकार करता है(=प्रतिपद्यते)अविद्यमान(वस्तु) को
अपि* सत्;॥ इति* कदाचित्* सत्;॥ सत्;॥ एव* =भी विद्यमान है ऐसा (कहता है) कभी विद्यमान को विद्यमानही
असत्;॥ अपि* असत्;॥ एव* इति* मिथ्या- =अविद्यमान को भी अविद्यमान ही ऐसा मिथ्या-
दर्शन-उदयात् ;। अध्यवसाति T यथा* पित्त-उदय- =दर्शनके उद्रेकसे वा उदयसे निश्चय करता है (=अध्यवस्यति) जैसे पित्तके उदयसे
आकुलितबुद्धिः ;। मातरम् ;। भार्या ;॥ इति* भार्याम् ;॥ =बबराई हुई है बुद्धि जिसकी (ऐसा पुरुष) जननीको भार्या वा पत्नी ऐसा पत्नीको
अपि* माता ;॥ इति* मन्यते T यदृच्छया ;॥ =भी जननी ऐसा मानता वा जानता है अपनी मनमानी इच्छा से
मातरम् ;॥ माता ;॥ एव* इति च भार्याम् ;॥ अपि* =माताको माता ही ऐसा और (=च) भार्या को भी
भार्या ;॥ एव*इति*तदपि*न* तत्सम्यग्ज्ञानं ;॥॥ एवं* =भार्याही (मानता है) वहभी (=तदपि) उसके (=तद्) सम्यग्ज्ञान नहीं है इस प्रकार
मति-आदीनां ;॥॥ अपि*रूपादिषु ;॥॥ विपर्ययः ;। वेदितव्यः ;। =मतिज्ञान आदिकोंका भी रूपादिकमें विपरीतता जानना योग्य है (सो ही कहते हैं कि)
तथाहि*कश्चित्*मिथ्यादर्शन-परिणामः ;। आत्मनि ;। अवस्थितः=जैसे (=तथा हि) किसी आत्मामें ठहरा हुआ मिथ्यात्वपरिणाम
रूपादि-उपलब्धौ ;॥ =(नेत्रादि करि) रूपादिकों के जानने में (सम्यग्दृष्टि मिथ्यादृष्टि के)
सत्याम् ;॥ अपि* =जैसाका तैसा(=सत्याम्)यथार्थ वा समान(=सत्याम्)(ज्ञान)होने परभी(=अपि)
कारणविपर्यासम् ;। भेदाभेदविपर्यासम् ;। =कारण विपर्यास को भेदाभेद विपर्यासको
च* स्वरूप-विपर्यासम् ;। जनयति T =और (=च) स्वरूप विपर्यास को उपजाता है ।

---

(१) आकुलितबुद्धिः (=घबराई हुई है बुद्धि जिस की) बहुव्रीहि समास होने के कारण पुल्लिंग में यह वाक्य लिखा गया है ॥

कारणविपर्यासस्तावत्- रूपादीनामेकं कारणममूर्त्तं नित्यमिति केचित्कल्पयन्ति ॥ अपरे पृथिव्यादिजातिभिन्नाः परमाणवश्चतुस्त्रिद्व्येकगुणास्तुल्यजातीयानां कार्याणामारम्भका इति ॥

तावत* कारणविपर्यासः ;। रूपादीनाम् ;। एकम् ;॥ कारणम्;॥ अमूर्त्तम्;॥ नित्यम्;॥ इति केचित* कल्पयन्ति। =प्रथम कारण विपर्यास (कहा जाता) है । रूपादिकों का एक (ही) =कारण अमूर्तीक नित्य है ऐसी कितनेक (वादी) कल्पना करते हैं अर्थात् ब्रह्माद्वैतवादी मानते हैं कि रूपादिकोंका कारण एक अमूर्तीक नित्य ब्रह्मही है ब्रह्महीसे हुये हैं । सांख्यमती कहते हैं कि रूपादिकों का कारण अमूर्तीक नित्य प्रकृति है प्रकृतिसे ही ये रूपादिक उपजे हैं ॥ (यद्यपि नेत्रोंको ये जैसे हैं तैसे ही दीखे हैं)

अपरे ;। पृथिवी-आदि-जातिभिन्नाः ;। परमाणवः ;। चतुर्-त्रि-द्वि-एक-गुणाः;। तुल्य-जातीयानां;। कार्याणाम् ;॥ आरम्भकाः;। इति* =दूसरे अर्थात नैयायिक और वैशेषिक मानते हैं कि पृथिवी जलअग्निवायुकी (=आदि) =जातिरूप जुदी जुदी (=भिन्नाः) परमाणुं (यथाक्रम वा क्रमसे) गंधरसरूपस्पर्श चार =रस रूप स्पर्श तीन (गुणवाली) रूप स्पर्श (दो गुणवाली) स्पर्श एक गुणवाली हैं =(सो अपने अपने)समान जातियोंके (स्कंधरूप) कार्योंको आरम्भ करनेवाली हैं अर्थात् पृथवी आदि चारों अपनी अपनी जातिके भिन्न भिन्न स्कंधरूप कार्योंको उपजाते हैं

(१) पार्थिवपरमाणुषु गन्धरसरूपस्पर्शाः । आप्येषु रसरूपस्पर्शाः । तैजसेषु रूपस्पर्शौ । वायवीयेषु स्पर्शः ॥

पार्थिवपरमाणुषु ;। गन्धरसरूपस्पर्शाः ;। =पृथिवी से होने वाले परमाणुओं में गन्ध-रस-वर्ण-स्पर्श (ये चार गुण) हैं
आप्येषु ;। रस-रूप-स्पर्शाः ;। =जल से होने वाले (परमाणुं) नि में रस, वर्ण और स्पर्श (ये तीन गुण) होते हैं ॥
तैजसेषु ;॥ रूप-स्पर्शाः ;। =अग्नि से होने वाले (परमाणुं) नि में रूप और स्पर्श (ये दो गुण) होते हैं (और)
वायुवीयेषु ;। स्पर्शः ;। =पवन से होने वाले (परमाणुं) नि में स्पर्श (एक गुण) होता है ॥
आप्येषु और वायुवीयेषु पुंलिंगी नपुंसकलिंगी दोनों हैं ॥

अन्ये वर्णयन्ति-- पृथिव्यादीनि चत्वारि भूतानि, भौतिकधर्मा वर्णगन्धरसस्पर्शाः, एतेषां समुदायो रूपपरमाणुरष्टक इत्यादि ॥ इतरे वर्णयन्ति--पृथिव्यप्तेजोवायवः काठिन्यादिद्रवत्वोष्णत्वेरणत्वादिगुणा जातिभिन्नाः परमाणवः कार्यस्यारंभकाः ॥ भेदाभेदविपर्यासः कारणात्कार्यमर्थान्तरभूतमेवेति

अन्ये ;। वर्णयन्ति T पृथिवी-आदीनि ;॥॥
चत्वारि ;॥ भूतानि ;॥॥ भौतिकधर्माः ;।
वर्णगन्धरसस्पर्शाः ;। एतेषाम् ;।
समुदायः ;। रूपपरमाणुः ;। अष्टकः ;। इत्यादि ;॥॥
इतरे ;। वर्णयन्तिT पृथिवी-अप्-तेजस्-वायवः ;।
काठिन्यादि-द्रवत्वादि-उष्णत्वादि-ईरणत्वादि-
गुणाः ;। जातिभिन्नाः ;। परमाणवः ;।
कार्यस्य ;॥॥ आरम्भकाः ;।

=दूसरे (अर्थात् बौद्धमती) वर्णन करते हैं कि पृथिवी जल-तेज-वायु (=आदि)
=चार विशेष गुणवाले द्रव्य हैं (=भूतानि) इन विशेष द्रव्योंके स्वभाव और धर्म
=रूप, गंध, रस, स्पर्श हैं इन (पृथिवी, जल, तेज, वायु, वर्ण, गंध, रस, स्पर्श) का
=समूह रूप परमाणु अष्टक है ऐसे और (बातें भी मानते) हैं
=अन्य (अर्थात् चार्वाक मती) कहते हैं कि भूमि, जल, अग्नि, पवन, (क्रमसे)
=कठोरतादि, बहनापनादि, तप्तादि, प्रेरणत्वादि (=ईरणत्वादि)
=गुण वाले भिन्न भिन्न जातिवाले परमाणु हैं ।
=(ते भिन्न भिन्न जाति वाले परमाणु पृथिवी आदिक स्कंध रूप) कार्य के
=आरम्भ करने वाले हैं । (इस सबका भावार्थ यह है कि) भूमि के परमाणु के काठिन्यादिगुण और जलके परमाणुओंके द्रवत्वादिगुण और अग्निके परमाणुओंके ऊष्णत्वादिगुण और पवनके परमाणुओं के ईरणत्वादिगुण हैं ते भिन्न भिन्न परमाणु पृथिवी आदिक भिन्न भिन्न स्कन्ध अपनी अपनी जातिरूप उत्पन्न करते हैं। (इस प्रकार तो पृथिवी आदिक पदार्थों के कारण में विपर्यय मानते हैं)

भेदाभेदविपर्यासः ;। कारणात् ;॥ कार्यम्;॥॥
अर्थान्तरभूतम् ;॥॥ एवꣳ इतिꣳ

=भेदाभेद विपर्यासः जैसे कारणसे कार्य
=भिन्न पदार्थ (=अर्थान्तर) ही होता है अर्थात् पृथिवी आदिक परमाणु नित्य हैं तिन से स्कन्धरूप जो कार्य उत्पन्न होते हैं वे उन परमाणुओंसे भिन्न हैं वा गुणसे गुणी भिन्न ही है वा द्रव्यसे गुण पृथक् ही है

अनर्थान्तरभूतमेवेति च परिकल्पना ॥ स्वरूपविपर्यासः रूपादयो निर्विकल्पाः सन्ति न सन्त्येव वा । तदाकारपरिणतं विज्ञानमेव । न तदालम्बनं वस्तु बाह्यमिति ॥ एवमन्यानपि परिकल्पनाभेदान् दृष्टेष्टविरुद्धान्मिथ्यादर्शनोदयात्कल्पयन्ति तत्र च श्रद्धानमुत्पादयन्ति । ततस्तन्मत्यज्ञानं श्रुताज्ञानं अवध्यज्ञानं च भवति ॥ सम्यग्दर्शनं पुनस्तत्त्वार्थाधिगमे श्रद्धानमुत्पादयति । ततस्तन्मतिज्ञानं श्रुतज्ञानमवधिज्ञानं भवति आह प्रमाणं

अनर्थान्तरम्‌ । भूतम्‌ ॥ एव* इति* च* परिकल्पना ॥ =और (=च)(कारणसे कार्ये) अभिन्न पदार्थ ही होताहै इस प्रकार (किसी किसीकी) कल्पना वा मानना है । जैसे घट पटादिक और ग्राम वन पर्वतादिक ब्रह्मसे उत्पन्न हुये हैं वा ब्रह्मही हैं जुदे नहीं हैं ॥ (इत्यादि भेदाभेद विपर्यास है जहां भेद होय तहां अभेदही कल्पना जहां अभेद होय तहां भेदही कल्पना, ऐसे विपर्यय यौगियोंकी है)

स्वरूपविपर्यासः । रूपादयः । निर्विकल्पाः । सन्तिT =स्वरूप विपर्यास जैसे रूपादिक निर्विकल्प हैं अर्थात इनकी कल्पना नहीं होसक्तीहै (ऐसी वैभाष्यक मतवालों की कल्पना है)

न* सन्ति T एव* वा* =अथवा रूपादिक कोई पदार्थ नहीं हैं

तद्-आकार-परिणतम् ॥ विज्ञानम् ॥ एव* =उन (रूपादिक) के आकारपरिणया विज्ञान ही है

न* तद्-आलम्बनम् ॥ वस्तु ॥ बाह्यम् ॥ इति* =तिस (विज्ञान) के आश्रयभूत वा अवलम्बनरूप बाह्यद्रव्य (रूपादिक) नहीं हैं (विज्ञान अद्वैतवादियोंका जो बौद्धमतका एक भेद है ऐसी ऊपर कही हुई कल्पना है)

एवम्* अन्यान् । अपि* परिकल्पनाभेदान् । =इस प्रकार भिन्न भिन्न बहुत (=परि) कल्पना के भेदों को भी

दृष्टेष्टविरुद्धान् । मिथ्यादर्शनउदयात् । =जो प्रत्यक्ष अनुमान प्रमाण से विरुद्ध हैं मिथ्यात्व के उदय से

कल्पयन्तिT तत्र* च* श्रद्धानम् ॥ उत्पादयन्तिT =मानते हैं । और (=च) तहां प्रतीति वा रुचि (=श्रद्धान) को उत्पन्न करते हैं

ततः* तत् ॥ मतिअज्ञानम् ॥ श्रुत्-अज्ञानम् ॥ =तिससे वह (=तद्) कुमतिज्ञान (वह) कुश्रुतज्ञान

च* अवधिअज्ञानम् ॥ भवतिT पुनः* सम्यग्दर्शनम् ॥ =और (वह) कुअवधिज्ञान वा विभंग अवधिज्ञान होता है ॥ और सम्यक्त्व

तत्त्व-अर्थ-अधिगमे । श्रद्धानम् ॥ उत्पादयतिT =यथार्थ वा यथावस्थित(=तत्त्व)वस्तु वा पदार्थके(=अर्थ)जाननेपर प्रतीति उपजाता है

ततः* तद् ॥ मतिज्ञानम् ॥ श्रुतज्ञानम् ॥ =तिससे वो मतिज्ञान (वह) श्रुतज्ञान

अवधिज्ञानम् ॥ भवतिT आहT प्रमाणम् ॥ =(वह) अवधिज्ञान होता है । पूंछता है कि प्रमाण (प्रत्यक्ष और परोक्ष)

द्विप्रकारं वर्णितम्। प्रमाणैकदेशाश्च नयास्तदनन्तरोद्देशभाजो निर्देष्टव्या इत्यतआह ॥

नैगमसंग्रहव्यवहारर्जुसूत्र शब्दसमभिरूढैवम्भूता नयाः ॥३३॥

द्विप्रकारम्+॥॥वर्णितम्+॥॥प्रमाण-एक-देशाः+च नयाः+।	=दो प्रकार वर्णन किया गया है और (=च) प्रमाणके एकदेश (जे) नय (ते)
तद्-अनन्तर-	=(प्रमाणनयैरधिगमः इस सूत्र में) उस (प्रमाण) के अत्यन्तसमीप (=अनन्तर)
उद्देश-भाजः+। निर्देष्टव्याः+। इति* अतः* आह T	=नाममात्र कहे (=उद्देशभाज) (अब) कथन किये जाने योग्यहैं। इसलिये कहतेहैं कि

नैगमसंग्रहव्यवहारर्जुसूत्रशब्द समभिरूढैवम्भूता नयाः ॥३३॥

=नैगमसंग्रहव्यवहारर्जुसूत्रशब्दसमभिरूढैवम्भूता (:सप्त) नया) : (भवन्ति) ॥३३॥

नैगम-संग्रह-व्यवहार-ऋजुसूत्र-शब्द-	=नैगम संग्रह (=सङ्ग्रह), व्यवहार, ऋजुसूत्र, शब्द,
समभिरूढ-एवम्भूताः+। सप्त+। नयाः+। भवन्ति T	=समभिरूढ, और एवम्भूत सात नय विद्यमान हैं (=भवन्ति) अर्थात

(१) व्यवहारर्जुसूत्र = व्यवहार + ऋजुसूत्र (दोनों वाक्य ठीक हैं देखो टिप्पणी पृष्ठ ७४)॥ (२) एवम्भूत = एवंभूत (देखो टिप्पणी पृष्ठ ५ और नीचे की टि०)। म पदान्त हो वा किसी प्रत्यय के अंतमें हो और इस म के पश्चात् कोई व्यंजन आवे तो म का विकल्पकरि अनुस्वारमें परिवर्तन होजाता है यदि इस म के पश्चात् श्-ष्-स्-ह् आवे तो म अवश्य ही अनुस्वार में पलट जावैगा। यदि हम इस म को अनुस्वार में न पलटें तो उस अनुनासिक ङ्-ञ्-ण्-न्-म् में परिवर्तन होगा जिस वर्ग का व्यंजन इस म के पीछे आवे और यदि इस म के पश्चात् य्-व्-ल् में से कोई आवे तो म अनुनासिक य्-व्-ल् में क्रमानुसार वा यथायोग्य पलट जावैगा। अतः एवम्+भूतानयाः शब्द का म अनुस्वार में पलटकर एवं भूतानयाः ऐसा शब्द बना। इसलिये एवम्भूतानया और एवंभूतानया दोनों वाक्य ठीक हैं॥ (भाण्डारकर मार्गोपदेशिका पृष्ठ १३) (३) श्वेताम्बर आम्नायके सभाष्य में हमारे यहां के तेतीसवां सूत्रके स्थान में "नैगमसंग्रहव्यवहारर्जुसूत्रशब्दा नयाः" चौंतीसवां सूत्र है। इस चौंतीसवां सूत्रके लगता ही "आद्यशब्दौ द्वित्रिभेदौ" (=आदिकी नैगमनय) के दो (भेद। शब्द (नय) के तीन भेद हैं) ऐसा सभाष्य० में पैंतीसवां सूत्र है॥ (देखो पृष्ठ ४९४) ॥

नय (देखो प० जयचंद की वचनिका मुद्रित पृष्ठ १९५) दोनों आम्नायों की ये वंशावली मिलतीसी है।



नय (देखो सभाष्यतत्वार्थाधिगमसूत्रम् पृष्ठ ३१)



वस्तुमें अनेक धर्म (=स्वभाव) होते हैं उनमेंसे किसी एक धर्मकी मुख्यता लेकर



पदार्थका व्यवहार भेद और उपचार दोनोंका ग्रहण करने वाली उपनय या उपचारनय है अर्थात् यह व्यवहार नय है जहां नयके 'निश्चय नय और व्यवहार नय' दो भेद किये हैं सूत्र (३३)में वर्णित व्यवहारनय वह है जो संग्रह नयके द्वारा ग्रहणकिये हुये पदार्थके भेद प्रभेद करती है॥

अविरोधरूप साध्य पदार्थ को जानै सो नय है । उसके उपर्युक्त सातभेद हैं ॥

(१) नय=वस्तुके एक देश को जानने वाले ज्ञान को नय कहते हैं ॥ (२) वस्तु के किसी सत्य वा यथार्थ अंशके ग्रहण करने वाले ज्ञानको निश्चय नय कहते हैं । जैसे मिट्टीके घटको मिट्टीका घट कहना ॥ (३) किसी निमित्तके वशसे एक पदार्थको दूसरे पदार्थरूप जाननेवाले ज्ञानको व्यवहारनय कहते हैं । जैसे मिट्टी के घड़े को घीके रहने के निमित्तसे घी का घड़ा कहना ॥ (४) "भाव क्रोध आदिक रागादिक नय अशुद्ध निहचै परवान" बानतरायजी अनुवादित द्रव्य संग्रह ॥ "तहां जीवकूं मतिज्ञानादिक का कर्त्ता कहिए सो अशुद्ध निश्चयनय है" अर्थ प्रकाशिका ॥ जीवको क्षयोपशमरूप मतिज्ञान श्रुतज्ञान अवधिज्ञान मनः पर्ययज्ञान चार ज्ञानों का कर्त्ता कहना सो तो अशुद्धनिश्चय नय है और (५) शुद्ध दर्शन ज्ञानका अर्थात् केवल दर्शन और केवलज्ञानका कर्ता कहना सो शुद्ध निश्चय नय है ॥ "निहचै (नयसे) शुद्ध बुद्ध निजगुनमें केवल दर्शन ज्ञान सरूप" ॥ द्रव्य संग्रह ॥ (६) जो द्रव्य अर्थात् सामान्य को ग्रहण करै सो द्रव्यार्थिक नयहै (७) जो विशेष अथात् गुण अथवा पर्याय को विषय करै सो पर्यायार्थिक नयहै(८) नैगम, संग्रह, व्यवहार, द्रव्यार्थिक नयहैं और ऋजुसूत्र, शब्द, समभिरूढ, एवंभूत ये पर्यायार्थिक नयहैं इनकी पारभाषा हमने सूत्रार्थ में दी हैं यहां पर केवल इतना दिखाना है कि व्यवहार शब्द जो इनसात नयके प्रसंगमें हैउसका अर्थ "संग्रहनयसे ग्रहण किये हुये पदार्थोंको विधि पूर्वक भेद प्रभेद जहांतक करै" "फिर किसी प्रकारका विभाग न हो सकै" "सो जहां ऋजुसूत्रका विषयहै ताकू पहलें तहां संग्रह व्यवहार दोऊ नय चले जाय है" ऐसा है अर्थ० पृष्ठ २०१ परन्तु नयचंक्राबलीमें (पृष्ठ ४२४) निश्चयनयके निकट जो व्यवहार नय दीई जिसको उपनय और उपचार नय भी कहतेहैं और जिसके आठ भेद कहे हैं वह "किसी निमित्तके वशसे एक पदार्थको दूसरे पदार्थ रूप जाननेवाले ज्ञानका नामहै" जैसाकि इस पृष्ठकी संख्या (३)में कहाहै इसका विशेष ऐसेहै कि "जहां अन्य पदार्थके भावकों अन्य पदार्थविषैं आरोपण करै तथा परनिमित्ततैं भए जे नैमेत्तिक भाव ताकूं ही वस्तु का निजभाव कहैं । तथा आधार आधेयभाव आदि प्रयोजनके वशतैं आरोपण कीजिए तथा एक देशमें सर्वदेश का उपचार करै तथा कारणविषैं कार्यका उपचार करै इत्यादि सर्वही व्यवहार (नय) कहावै है, अर्थ प्रकाशिका पृष्ठ ८६ । हमारी समझमें व्यवहारनय जो सातनयोंमें गर्भित है और उपचारनय, उपनय वा व्यवहारनय जो निश्चय नयके निकट वंशावलीमें दी है इन दोनोंमें यही उपर्युक्त दिया हुआ अंतर है यदि हम विचारलें कि संग्रहनयसे ग्रहण किये हुये पदार्थ का भेद प्रभेद व्यवहारनयसे न करैं तो व्यवहार नहीं चल सकताहै और उपचार नय उपनय (वा निश्चयनयके निकटस्थ वाली व्यवहारनय) से भी व्यवहार चलता है तो इस अवस्था में दोनों नय व्यवहार की चलाने वाली सामान्यरूप से कहीं कही जा सकती हैं॥

(१) जितने द्रव्य हैं—वे अपनी भूत, भविष्यत, वर्त्तमान काल की समस्त पर्यायों से

( ) एक अखंडद्रव्यको भेदरूप विषय करनेवाले ज्ञानको सद्भूत व्यवहार नय कहतेहैं। जैसे-जीवके केवलज्ञानादिक वा मतिज्ञानादिक गुण हैं॥ (जैन सिद्धान्त प्रवेशिका पृष्ठ २३) उसनयके शुद्धसद्भूत व्यवहार और अशुद्धसद्भूत व्यवहार ये दो भेद हैं॥

( ) शुद्धगुण और शुद्धगुणीका भेद कहना जिस प्रकार जीवके केवलज्ञानादि गुण हैं अथवा शुद्ध पर्याय और शुद्ध पर्यायीका भेद कहना जिस प्रकार सिद्ध जीवकी सिद्ध पर्याय है यह शुद्ध सद्भूत व्यवहार है॥ ( ) अशुद्धगुण और अशुद्ध गुणीका भेद कहना जैसे जीवके मतिज्ञानादिक गुण हैं अथवा अशुद्ध पर्याय और अशुद्ध पर्यायीका भेद कहना जैसे संसारी जीवकी देव आदि पर्याय है यह अशुद्ध सद्भूत व्यवहारनय है॥

( ) "अन्य स्वतुका गुण अन्यके कहै सो असद्भूत व्यवहार है" जय० पृष्ठ २१४ जिसके द्वारा स्वजाति संबंधी असत् व्यवहार होता हो वह स्वजात्य सद्भूतव्यवहारनय है जैसे परमाणु बहु प्रदेशी हैं। यहां पर बहुप्रदेशी पुद्गल द्रव्य परमाणुका सजातीय है परंतु परमाणु बहु प्रदेशी नहीं वह एक प्रदेशीही है इसलिये एक प्रदेशीके स्थानमें बहु प्रदेशी कहनेसे "परमाणुको बहु प्रदेशी कहना" समान जातीय असद्भूत व्यवहारनयका विषय है। ( ) जिस नयके द्वारा विजाति संबंधी असत् व्यवहार होता हो वह विजात्यसद्भूत व्यवहार है जैसे जहां पंचेंद्रियादिक देह सो पुद्गल स्कंध हैं तिनको जीव कहना सो असमान जातीय असद्भूत व्यवहारनयका विषय है॥

( ) जिस नयके द्वारा स्वजाति विजाति संबंधी असत् व्यवहार हो वह स्वजाति विजात्यसद्भूत व्यवहारनय है जैसे जहां मतिज्ञानको मूर्तीक कहना क्योंकि मूर्तीकसे उपजे है तथा रूके है। यहां मतिज्ञान तो अमूर्तीक जीवका धर्म है और मूर्तीकपना पुद्गलका धर्म है यह मिश्र असद्भूत व्यवहार हुआ॥ (अन्य उदाहरण) जैसे ज्ञान ज्ञेयमें वर्तता है यहां पर ज्ञेयमें जीव अजीव दोनों प्रकारके ज्ञेय पदार्थोंका ग्रहण है उनमें जीव पदार्थ ज्ञानका सजातीय है और अजीव पदार्थ ज्ञानका विजातीय है दोनोंको ज्ञानका आधार कहना स्वजातिविजात्यसद्भूत व्यवहारनयका विषय है॥

( ) अत्यन्त भिन्न पदार्थोंको जो अभेदरूप ग्रहण करे उसको उपचरित व्यवहारनय अथवा उपचरित असद्भूत व्यवहारनय कहते हैं। जैसे हाथी घोड़ा, गृह मेरे हैं इत्यादि। इसके भी तीन भेद (१) स्वजात्युपचरितासद्भूत व्यवहार वा समान जातीय उपचारका उपचार (२) विजात्युपचरितासद्भूत व्यवहार वा विजातीय उपचारका उपचार (३) स्वजाति विजात्युपचरितासद्भूत व्यवहार वा मिश्र उपचारका उपचार है॥ जिस नयके द्वारा स्वजाति संबंधी आरोपित असत् व्यवहार है जैसे स्त्री, पुत्र, पुत्री, माता, पिता आदि मेरे हैं यहां पर स्त्री पुत्र, पुत्री, माता, पिता आत्मा की

अन्वयरूप (=जोड़रूप) है अपनी किसी भी पर्याय से कोई द्रव्य भिन्न नहीं है । सो

अपेक्षा से स्वजातीय हैं । उनको मेरा कहना स्वजातीय आरोपित असत् है इसलिये वह स्वजात्युपचरितासद्भूत व्यवहार नयका विषय है अथवा समान जातीय उपचारका उपचारहै ॥ ( ) जिसके द्वारा विजाति संबंधी आरोपित असत् व्यवहार हो वह विजात्युपचरितासद्भूत व्यवहार नयहै । जैसे वस्त्र आभरण आदि मेरेहैं । यहांपर वस्त्र आभरण आदि अचेतन पदार्थ आत्माके विजातीयहैं । उनको मेरा कहना विजातीय आरोपित असत् है इसलिये वह विजात्युपचरितासद्भूत् व्यवहार नय का विषय है अथवा विजातीय उपचारका उपचार है ( ) जिस नयके द्वारा स्वजाति विजाति दोनों संबंधीआरोपति असत् व्यवहार हो वह स्वजाति विजात्युपचरितासद्भूत व्यवहार नयहै जैसे देश, राज्य, गढ आदि मेरे हैं यहां पर देश आदिके कहनेसे उनमें रहने वाले मनुष्य तिर्यंच आदि जीव और ग्रह, कूप आदि अजीव दोनों प्रकारके पदार्थों का ग्रहण है । उनमें मनुष्य आदि आत्माके स्वजातीय, और ग्रह, कूप आदि विजातीय हैं अतः राज्य, पुर, देश, गढ़ आदि मेरे हैं इस स्थान पर स्वजातीय विजातीय दोनों प्रकार के पदार्थों को मेरा कहना स्वजाति विजात्युपचरितासद्भूत व्यवहारनय का विषय है अथवा मिश्र उपचार का उपचार है । ऐसे व्यवहार नय अनेक प्रकार प्रवर्तें है ॥

"या नैगमके भेद तीन है । द्रव्यनैगम, पर्यायनैगम, द्रव्यपर्यायनैगम । तहां द्रव्य नैगमके दोय भेद हैं । शुद्धद्रव्यनैगम, अशुद्धद्रव्यनैगम । बहुरि पर्यायनैगमके तीन भेद अर्थपर्यायनैगम, व्यंजनपर्यायनैगम, अर्थव्यंजनपर्यायनैगम । बहुरि द्रव्यपर्यायनैगमके च्यारि भेद शुद्धद्रव्यार्थपर्याय नैगम, अशुद्धद्रव्यार्थपर्यायनैगम, शुद्धद्रव्यव्यंजनपर्यायनैगम, अशुद्धद्रव्यव्यंजनपर्यायनैगम ऐसे नैगमनयके नवभेद भये । तहां उदाहरण- जो, संग्रह नय का विषय सन्मात्र (= सत् मात्र) शुद्धद्रव्य है ताका यहु नैगमनय संकल्प करै है जो सन्मात्र द्रव्य समस्तवस्तु है, ऐसे कहै तहां सत् तौ विशेषण भया तातैं गौणहै । बहुरि द्रव्य विशेष्य भया तातैं मुख्य है यहु शुद्धद्रव्यनैगम है । बहुरि जो पर्यायवान् है सो द्रव्य है, तथा गुणवान् है सो द्रव्य है ऐसा व्यवहारनय भेद करि कहै है । ताका यहु नैगमनय संकल्प करै है : तहां पर्यायवान् तथा गुणवान् यहतौ विशेषण भया तातैं गौण है बहुरि द्रव्य विशेष्य भया तातैं मुख्य है । ऐसैं अशुद्ध द्रव्य नैगमनय भया" ॥

( ) बहुरि प्राणीके सुखसंवेदन है सो क्षण ध्वंसी है ऐसे क्षणध्वंसी ऐसा तौ सत्ताका अर्थ पर्याय है सो विशेषण है बहुरि सुख है सो संवेदनका अर्थपर्यायहै सो विशेष्य भया तातैं मुख्य है । तातैं यहु अर्थपर्याय नैगम भया ॥

अतीत पर्यायोंको को, भविष्यत पर्यायोंको तथा वर्तमान पर्यायों को वर्तमानकालमें संकल्प करै ऐसे ज्ञानको तथा वचनको नैगमनय कहते हैं। उसके तीनभेद हैं (१) भूत नैगमनय (२) भावी वा भविष्यत नैगमनय (३) वर्तमान नैगमनय। जहांपर अतीतकालमें वर्तमानका आरोपण किया जाता है उसको भूत नैगमनय कहते हैं। जैसे "अद्य दीपोत्सव दिने श्री वर्द्धमान स्वामी मोक्षं गतः"

( ) बहुरि पुरुषविषैं चैतन्य है सो सत् है इहां सत् नामा व्यंजन पर्याय है सो विशेषणहै बहुरि चैतन्य नामा व्यंजन पर्याय है सो विशेष्यहै तातैं मुख्य है। यहु व्यंजन पर्याय नैगमहै ॥ ( ) बहुरि धर्मात्मविषै सुख जीवपणां है। इहां सुख तौ अर्थपर्याय है सो विशेषणहै। बहुरि जीवित व्यंजन पर्याय है सो विशेष्य है तातैं मुख्य है। यहु अर्थव्यंजनपर्याय नैगम है ॥

( ) बहुरि संसार विषैं सत् विद्यमान सुख है सो क्षणमात्रहै। इहां सत् शुद्ध द्रव्य है सो विशेषण है। सुखहै सो अर्थ पर्याय है सो विशेष्य है, तातैं मुख्य है। यह शुद्धद्रव्य अर्थ पर्याय नैगम भया ॥ ( ) बहुरि विषयी जीव है सो एक क्षण सुखीहै इहां जीव है सो अशुद्ध द्रव्य है सो विशेष्य है। सुख है सो अर्थ पर्याय है सो विशेषण है तातैं गौण है यहु अशुद्धद्रव्य अर्थपर्यायनैगम भया ॥ ( ) बहुरि चित् सामान्य है सो सत् है इहां सत् ऐसा शुद्धद्रव्य है सोतो विशेषण है तातैं गौण है। चित् है सो व्यंजन पर्याय है सो विशेष्य है तातैं मुख्य है। ताका यहु शुद्धद्रव्य व्यंजन पर्याय नैगम भया ( ) बहुरि जीव है सो गुणी है इहां जीव है सो अशुद्धद्रव्य है, सो विशेष्य है सो मुख्य है। बहुरि गुण है सो व्यंजन पर्याय है सो विशेषण तातैं गौण है। यह अशुद्धद्रव्य व्यंजन पर्याय नैगम भया ॥ " उक्त सात नयोंके चित्र मान चित्र भी हैं



आज दिवालीके दिन श्री वर्द्धमान भगवान् मोक्षको गये। यहां पर यद्यपि भगवान् को मोक्ष गये सहस्रों वर्ष बीत गये परंतु संसारमें ऐसा व्यवहार होता है अर्थात् उस सहस्रों वर्ष पहलेके दिनका संकल्प आजके दिनमें किया जाता है। भूत नैगम नयकी अपेक्षासे ही ऊपरका वाक्य ठीक समझा जाता है (२) जहां पर होने वाले पदार्थमें होचुकनेके समान संकल्प किया जाता है वा कथन किया जाता है उसको भावी वा भविष्यत् नैगम कहते हैं। जैसे अर्हन् सिद्ध एव अर्थात् अरहंत भगवान सिद्धही हैं। यद्यपि अरहंत आगे सिद्ध होंगे अभी सिद्ध हुये नहीं हैं होने वाले हैं तथापि होचुकनेके समान कथन किया गया है इसलिये इसको भावि नैगम कहते हैं॥ (३) जहांपर कोई काम करना आरंभ कर दिया हो चाहे वह थोडा बना हो चाहे थोडा भी न बना हो तथापि उसको बने हुयेके समान कहना यह वर्तमान नैगमनय है। जैसे कोई पुरुष रोटी बनानेकी सामग्री इकट्ठी कर रहा है और उसे किसीने पूछा क्या करते हो? वह उत्तर देता है कि रोटी बनाता हूं किन्तु यहां रोटी बनानेरूप पर्याय अभीतक प्रगट नहीं हुई केवलमात्र लकडियें जल और अन्य सामान रख रहा है तथापि वर्तमान नैगम नयसे ऐसा वचन कह सकता है कि 'रोटी बना रहा हूं'।

(२) जो एक वस्तुकी समस्त जातिको और उसकी सब पर्यायोंको संग्रहरूप करके एक स्वरूप कहे, उसको संग्रहनय कहते हैं जैसे 'घट' कहनेसे सब घटोंको समझना अथवा द्रव्य कहनेसे जीव अजीवादि तथा उनके भेद प्रभेदादि सबका समझना सो है॥

(३) जो संग्रहनयसे ग्रहण किये पदार्थोंका विधि पूर्वक (व्यवहारके अनुकूल) व्यवहरण अर्थात् भेद प्रभेद कर सो व्यवहारनय है। जैसे संग्रहनयसे 'द्रव्य' कहनेसे समस्त भेद प्रभेदरूप द्रव्योंका सामान्यतासे ग्रहण होता है। परन्तु द्रव्य दो प्रकारके हैं जीव और अजीव। जीव देव नारकी मनुष्य तिर्यंच चार प्रकारके हैं। अजीव पुद्गल, धर्म, अधर्म, काल, आकाश ये पांच प्रकारके हैं। इस प्रकार व्यवहारके साधक जितने भेद प्रभेद होसकें उनको जाने सो व्यवहारनय है। सारांश—संग्रहनयसे ग्रहण किये हुये पदार्थोंका लोकव्यवहारके अनुसार वा शास्त्रसे भेद प्रभेद जहांतक करेंकि फिर किसी प्रकारका विभाग न होसके। सो जहां ऋजु सूत्रका विषय है तिसके पहलेतक संग्रह और व्यवहार दोनों नय चले जाय हैं॥

(४) अतीत अनागत दोनों पर्यायोंको छोड़कर वर्तमान पर्याय मात्रको ग्रहण कर सो ऋजुसूत्रनय है॥ अर्थात् द्रव्यकी पर्याय समय समय (=कालका सबसे छोटे भाग) में पारणमती (पलटती) रहती है। सो एक समयवर्ती पर्याय को अर्थ पर्याय कहते हैं। अर्थ पर्याय ही ऋजुसूत्रनयका विषय है। ऋजुसूत्रनय वर्तमान एक समय मात्रकी पर्यायको कहता वा ग्रहण करता है। अतीत अनागत समयकी पर्यायको ग्रहण नहीं करता। जैसे कोई पुरुष कहींसे आकर बैठा है किसी दूसरे ने पूछा कहां भाई कहांसे आरहे हो? उस समय उसका यह कहना कि कहींसे नहीं आरहा हूं क्योंकि उस समय गमन क्रियाका सर्वथा अभाव है अतः शुद्ध वर्तमानकी अपेक्षा 'इस समय कहींसे नहीं आरहा हूं' यह ऋजुसूत्रनय का विषय है और ठीक है।

(५) जो व्याकरण संबंधी लिंग, संख्या (वचन), साधन (पुरुष), काल, पुरुष, उपसर्ग, उपग्रह (=परस्मैपद, आत्मनेपद) आदिक के व्यभिचारोंको (=दोषोंको) दूर करके जाने वा कहे उसे शब्दनय कहते हैं (इसके उदाहरण वृत्तिके अनुवादमें बहुत दिये हैं)

(६) अनेक अर्थोंको छोडकर प्रधानतासे जो एकही अर्थमें रूढ (=प्रसिद्ध) हो उसी अर्थको विषय करने वाला हो अर्थात् उसी अर्थको जाने वा कहे सो समभिरूढनय है। जैसे—गो शब्दके वाणी पृथिवी गमन आदि अनेक अर्थ होते हैं तथापि मुख्यता से गो नाम गाय नामा पशुका ही ग्रहण किया जाता है। यहां पर यह अवश्य समझ लेना चाहिये कि सोती, उठती, बैठती, चलती, फिरती, किसी भी अवस्था में वह क्यों न हो सब लोग उसको गायही कहते हैं। सो यह समभिरूढनय है।

(७) जिस कालमें जो क्रिया करता हो उसको उस कालमें उसही नामसे जाने वा कहे उसको एवं भूत नय कहते हैं॥ जैसे देवों के पतिको परम ऐश्वर्य सहित हो, उसी अवस्थामें इंद्र कहना पूजन, अभिषेकादि करते हुये इन्द्र नहीं कहना तथा जिस कालमें वह शक्तिरूप क्रियाको करे उसी समय 'शक्र' कहना अन्य समयमें शक्र नहीं कहना॥ यहां पर "एवंभूयत"=ऐसा होना इस एवंभूत नय के अर्थ की प्रतीति (=निश्चय) शब्द से होती है इस लिये शब्द ही एवंभूत नय माना है कारणमें कार्य का उपचार है अर्थात् एवंभूत नय के अर्थकी प्रतीति में कारण शब्द है और कार्य एवंभूतनय है॥

---

(१) समभिरूढ और एवंभूत नयोंमें यह भेद वा अंतर है कि व्युत्पत्ति सिद्ध अर्थ क्या है (अर्थात् व्याकरणकी रीतिसे शब्दके साधनमें क्या अर्थ होता है) इस बातका कुछ भी विचार न कर प्रसिद्ध अर्थका ज्ञान लेना समभिरूढनयका विषय है 'गो' शब्दका व्युत्पत्तिसिद्ध अर्थ 'जो गमन करे सो गाय है यह है इसका तो विचार न करना किंतु उसके स्वर्ग, किरण, वज्र, जल, मयंक, वायु, सूर्य्य, दृष्टि, वाणी, दिशा, माता, वाणी, भूमि इत्यादि अनेक अर्थोंमें प्रसिद्ध अर्थ 'गाय' लेना और सब अर्थोंको छोड़ कर उस गायको सोती उठती, बैठती, चलती सब अवस्थाओंमें गाय कहना यह समभिरूढ नयका विषय है। ऐसेही इन्द्र शब्दका व्युत्पत्तिसिद्ध अर्थ परमैश्वर्यका भोगना है इसका तो विचार न करना किंतु शक्तिमान होना पुरोंका विदारण करना इत्यादि अनेक अर्थोंको छोडकर प्रसिद्ध अर्थ परमैश्वर्यका भोगनाही लेना, एवं उस इन्द्रको परमैश्वर्यका भोग कर रहा हो, वा न कर रहा हो पूजा करते समय, अभिषेक करते समय इत्यादि सब अवस्थाओंमें इन्द्र कहना यह समभिरूढनयका विषय है। परंतु जहांपर केवल व्युत्पत्ति सिद्ध ही अर्थ विषय हो वा ग्रहण हो वह एवंभूत नय है जैसे गमन करने वालीको ही गाय कहना खडी रहने वाली या सोने वालीको गाय न कहना वा जिस समय इन्द्र परमैश्वर्यका भोग कर रहा हो उसी समय इन्द्र कहना अन्य समय इन्द्र न कहना यह एवंभूत नयका विषय है॥

एतेषां सामान्यविशेषलक्षणं वक्तव्यम्। सामान्यलक्षणं तावद्वस्तुन्यनेकान्तात्मन्यविरोधेन हेत्वर्पणात्साध्यविशेषस्य याथात्म्यप्रापणप्रवणप्रयोगो नयः। स द्वेधा द्रव्यार्थिकः पर्यायार्थिकश्चेति

पदच्छेद और विभक्त्यर्थ सहित तेतीसवां सूत्र पर सर्वार्थसिद्धिवृत्तिका शब्दशः हिंदी अनुवाद ॥

एतेषाम् ६। सामान्य-विशेष-लक्षणम् १।१। वक्तव्यम् १।१।	=इन (नयों) का संक्षेपस्वरूप और ब्यौरा वार (=विशेष) स्वरूप कहने योग्य है
तावत्* सामान्य-लक्षणम् १।१। अनेकान्त-आत्मनि ७।	=प्रथम (=तावत्) सामान्य स्वरूप (यह है कि) अनेक धर्म स्वरूप वा स्वभाव वाला
वस्तुनि ७। अविरोधेन ३। हेतु-अर्पणात् ५।१।	=वस्तुमें अविरोधकरि (=निर्दोषतासे) अविरुद्धतासे हेतुरूप समर्पण करनेसे
साध्य-	=साध्य (पदार्थ) के (जिन पदार्थ को सिद्ध करना चाहते हैं उसका वा साधनीय वस्तुके)
विशेषस्य ६। याथात्म्य-प्रापण-	=विशेषका वा ब्यौरेवारका यथार्थ स्वरूप (=याथात्म्य) प्राप्त करने को
प्रवण-प्रयोगः १। नयः १।	=व्यापाररूप प्रयोग सो नय है भावार्थ वस्तुमें अनेक धर्म वा स्वभाव होते हैं उनमेंसे किसी एक धर्मकी मुख्यताकरि अविरोधरूप (=बिना किसी दोषके) जिसकरि साध्य (साधनीय वा सिद्ध किये जाने योग्य पदार्थ) जाना जाय सो नय है
सः १। द्वेधा* द्रव्यार्थिकः १। च पर्यायार्थिकः १। इति*	=वह (नय) दो प्रकार द्रव्यार्थिक और (=च) पर्यायार्थिक ऐसे हैं

(१) नयकी परिभाषा भले प्रकार समझ में आवें अतः तत्त्वार्थ राज वार्तिक से लेते हैं "प्रमाण प्रकाशितार्थ विशेष प्ररूपको नयः" प्रमाणकरि प्रकाश रूप किये पदार्थका विशेष प्ररूपण करने वाला (=निर्दोष ब्यौरावार कथन करने वाला) जो ज्ञान है सो नय है भावार्थ प्रमाण के द्वारा प्रकाशित अस्तित्व, नास्तित्व, नित्यत्व, अनित्यत्व आदि अनंत धर्म स्वरूप वा अनंत स्वभाव वाले जीव अजीव आदि पदार्थों को एक देश रूप से निरूपण करने वाला है उसको नय कहते हैं ॥ व्याख्या ॥ प्रकृष्टमान वा प्रकृष्ट ज्ञानको प्रमाण कहते हैं। वह एक धर्म द्वारा पदार्थके सब धर्मोंको जान लेता है इसलिये सकलको जाननेके हेतुसे उसका अर्थ सकलादेश है ॥ "प्रमाण प्रकाशितार्थेत्यादि" नयके लक्षणमें जो 'प्रमाण प्रकाशित' पदका उल्लेख है उसका यह तात्पर्य है कि जो पदार्थ प्रमाण के द्वारा प्रकाशित है उसीके एकदेश को भेद प्रभेद रूपसे निर्दोष कथन करने वाला नय है किन्तु जिन पदार्थों का प्रकाश प्रमाणाभास से है (=सदोष ज्ञान द्वारा है) उनका प्रकाशक नय नहीं है मिथ्यानय (प्रकाशक) है तथा उक्त नयके लक्षण में रूपक शब्दके स्थान में जो प्ररूपक शब्दका उल्लेख किया है उसका तात्पर्य यह है कि प्रमाण प्रकाशित अनंत धर्मस्वरूप

द्रव्यं सामान्यमुत्सर्गः अनुवृत्तिरित्यर्थः। तद्विषयो द्रव्यार्थिकः ॥ पर्यायो विशेषोऽपवादो व्यावृत्तिरित्यर्थः। तद्विषयः पर्यायार्थिकः।

द्रव्यम् ;॥ सामान्यम्;॥ उत्सर्गः ;। अनुवृत्तिः ;॥ इति*अर्थः ;। =द्रव्य, सामान्य, उत्सर्ग, और अनुवृत्ति ये एकार्थ हैं (=अर्थ)
तद्विषयः ;। द्रव्यार्थिकः ;। =द्रव्य है विषय जिसका सो द्रव्यार्थिक है अर्थात् यह द्रव्यार्थिकनय केवल द्रव्यका ही विषय करती है। पदार्थोंके विकार (=पर्याय) और अभाव को विषय नहीं करती क्योंकि द्रव्य से अन्य पर्याय और अभाव कोई पदार्थ नहीं

पर्यायः ;। विशेषः ;। अपवादः ;। व्यावृत्तिः ;॥ इति* अर्थः ;। =पर्याय, विशेष, अपवाद और व्यावृत्ति ये एकार्थ हैं
तद्विषयः ;। पर्यायार्थिकः ;। =पर्याय है विषय जिसका सो पर्यायार्थिक है अर्थात् यह नय केवल जन्म मरण आदि पर्यायों को ही विषय करती है द्रव्यको विषय नहीं करती है क्योंकि पर्यायों से भिन्न कोई द्रव्य पदार्थ नहीं ॥

पदार्थके एक देश का भेद प्रभेदरूप कथन है यह संशय आदि सब प्रकार के दोषों से रहित है ॥ इसरूप से नयका यह सामान्य लक्षण निर्दोष है ॥ (१) यह नयका प्रकरण बहुत महत्वका और कार्यकारी है, अतः उचित है कि तत्त्वार्थ राजवार्तिक से इनकी निरुक्ति भाषा अनुवाद सहित दी जावे ॥

द्रव्यम् अस्ति इति मतिः अस्य सः द्रव्यास्तिकः द्रव्य-भवनम्=द्रव्यहै ऐसी है बुद्धि(=मति) जाकी सो द्रव्यास्तिक है (अर्थात्)द्रव्यका होना
एव* न* अतः * अन्ये;। भावविकाराः;। अपि* अभावः;। =ही है इस (द्रव्य) से अन्य पदार्थके विकार (=भावविकार) कहिये पर्याय नहीं है और अभाव भी (कोई पदार्थ)
नञ्तद् व्यतिरेकेण ;। अनुपलब्धेः ;॥ इति* द्रव्यास्तिकः ;। =नहीं है क्योंकि द्रव्य विना (=तद्-व्यतिरेकेण) पर्यायकी प्राप्ति नहीं है ऐसे द्रव्यास्तिकहै
पर्यायः एव अस्ति इति मतिः;॥ अस्य सः पर्यास्तिकः;। जन्मादि- =पर्याय ही है ऐसी है मति जिसकी सो पर्यास्तिक है। जन्म मरण आदि
भावविकारमात्रम् ;॥ एव भवनं;॥ न ततः अन्य द्रव्यम्;॥ =पर्यायमात्र (=भावविकारमात्र) ही होना (भवनं) है तिस (पर्यायमात्र) से अन्यद्रव्य नहीं
अस्ति।तद्-व्यतिरेकेण;। अनुपलब्धेः;॥ इति पर्यायास्तिकः;। =है। क्योंकि उस (पर्याय) विना (=व्यतिरेकेण)(द्रव्यकी) अनुपलब्धिहै ऐसे पर्यायास्तिकहै

तयोर्भेदा नैगमादयः ।

तयोः ।। भेदाः ।। नैगम-
आदयः ।।

=उन दोनों (द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक नयों) के भेद नैगम
=संग्रह, व्यवहार, ऋजुसूत्र, शब्द, समभिरूढ, एवंभूत हैं अर्थात्

अथवा* द्रव्यम् ।।॥ एव* अर्थः ।। अस्य ।। न गुणकर्मणी ।।॥ तद् अवस्थारूपात् ।।॥ इति* द्रव्यार्थिकः ।।
=वा द्रव्यही है प्रयोजन जिसका गुण कर्म जो हैं ते (प्रयोजन रूप) नहीं है
=क्योंकि वे (=तद्=गुण और कर्म) (द्रव्य की) अवस्थारूप हैं ऐसा द्रव्यार्थिक है

पर्यायः ।। एव* अर्थः ।। अस्य ।। (सः पर्यायार्थिकः) रूपादि-उत्क्षेपण-आदि-लक्षणः ।।
=पर्याय ही है प्रयोजन (=अर्थ) जिसका सो पर्यायार्थिक है क्योंकि रूपादिगुण
=और उत्क्षेपण वा ऊपर को फेंकना आदि कर्मरूप (पर्याय ही हैं)

न* ततः* अन्यत्* द्रव्यम् ।।॥ इति* पर्यायार्थिकः ।।
=तिन (पर्यायों) से (भिन्न) अन्य द्रव्य (कोई पदार्थ) नहीं है ऐसा पर्यायार्थिक है

अथवा* अर्यते T गम्यते T निष्पद्यते T इति* अर्थः ।।॥ कार्यं ।।॥ द्रवति T गच्छति T इति द्रव्यम् कारणम् ।।॥ द्रव्यम् एव अर्थः अस्य ।। कारणम् एव कार्यम् न अर्थान्तरम् न च कार्य कारणयोः ।।॥ कश्चित् रूप भेदः
=अथवा प्राप्त किया जाय (=अर्यते) जाना जाय (=गम्यते) बनाया जाय (निष्पद्यते)
=ऐसा अर्थ है ॥ कार्य को प्राप्त करै (=द्रवति), कार्यरूप परिणमै (=गच्छति)
=ऐसा द्रव्यही वही कारण है । द्रव्य ही है अर्थ जिसका (अर्थात्) कारण ही
=कार्यहै । कोई दूसरी वस्तु नहीं है । और कार्य कारणमें कुछ स्वरूपभेद नहीं है
अर्थात् कार्य और कारण दोनों एक ही स्वरूप हैं भिन्न नहीं है

तद्-उभयम् ।।॥ एकाकारम् ।।॥ एव*पर्वांगुलि-द्रव्यवत्* इति* द्रव्यार्थिकः ।। परि-समंतात्* आयः ।। पर्यायः ।। पर्यायः ।। एव* अर्थः ।। कार्यम् ।।॥ अस्य ।। न * द्रव्यम् ।।॥ अतीतानागतयोः ।। विनष्टानुत्पन्नत्वेन ।।॥ व्यवहार-अभावात् ।। सः ।। एव* एकः ।। कार्यकारणव्यपदेशभाक् ।।
=वे दोनों (कार्य और कारण) एक आकार होहैं जैसे अंगुली और उसकी गांठैं (=पर्व)
=एकद्रव्य (=द्रव्य) है । ऐसा द्रव्यार्थिक (नय) है ।(जिसका) चारो ओर से (=परि)
=सब ओर से (=समंतात् =पार) उत्पाद हो सो पर्याय है ॥ पर्याय ही है
=प्रयोजन (=अर्थ) कहिये कार्य जिसका न कि द्रव्य है (अर्थात् द्रव्य प्रयोजन नहीं है)
=क्योंकि अतीतकालका द्रव्यांशनष्ट हो चुका आगामी कालका द्रव्यांश अभी उत्पन्न नहीं
=(अतः) उसका व्यवहार नहीं होसकता ॥ सो ही एक (वर्तमानकाल वर्ती पर्याय)
=कार्यकारण (दोनों नामको) धारण करने वाली है अर्थात् कारण और कार्य दोनों नामोंको धारण करने वाली उस वर्तमान कालीन पर्याय हीको पर्यायार्थिकनय विषय करसकता है द्रव्यको नहीं ॥

तेषां विशेषलक्षणमुच्यते

नैगम, संग्रह, व्यवहार ये द्रव्यार्थिक नयके भेद हैं और ऋजुसूत्र शब्द समभिरूढ, एवंभूत ये पर्यायार्थिक नयके भेद हैं ॥ नीचे की टिप्पणी देखो ॥

तेषाम् ¦ विशेष-लक्षणम् ¦॥ उच्यते T =उन (नैगमादि सातों नयों) का विस्तारसे (=विशेषण) लक्षण कहा जाता है

इति॰ पर्यायार्थिकः ¦ । अथवा॰ अर्थनय॰ ¦॥ अर्थः ¦। प्रयोजनम्¦॥ द्रव्यम्¦॥ एव॰ अर्थः¦ अस्य¦ इति॰ द्रव्यार्थिकः¦। प्रत्यय अभिधान-अनुप्रवृत्ति-लिंग-दर्शनस्य-निह्नोतुम्-अशक्यत्वात् ¦॥

=ऐसा पर्यायार्थिक है। अथवा अर्थ शब्दका (=अर्थनय) अभिप्राय (=अर्थ) =प्रयोजन है। द्रव्य ही है प्रयोजन जिस (नय) का यह द्रव्यार्थिक है =क्योंकि (द्रव्यकी) प्रतीति (=प्रत्यय=विश्वास, निश्चय ज्ञान,) नाम (=अभिधान) =(द्रव्य के अनुकूल) प्रवर्तन रूप (इन) चिन्होंसे (=लिंग) देखे जाने वाले (द्रव्य) के =छिपाने को अशक्यमर्थ है अर्थात् संसार में जो द्रव्यकी प्रतीति होती है, जो संज्ञा है। एवं द्रव्यके अनुकूल प्रवृत्ति रूप चिन्ह हैं उनका लोप नहीं हो सकता-सारांश-द्रव्यका ज्ञान, द्रव्यका नाम, और द्रव्योंमें प्रवृत्ति इन चिन्होंसे देखे जाने वाले द्रव्य का अपलाप वा अभाव नहीं कहा जा सका है॥

पर्यायः¦। अर्थः¦। प्रयोजनम्¦॥ अस्य¦ इति॰पर्यायार्थिकः¦। वाक्+विज्ञान-व्यावृत्ति-निबन्धव्यवहारप्रसिद्धेः ¦॥

=पर्याय है अर्थ कहिये प्रयोजन जिस (नय) का ऐसी पर्यायार्थिक है =क्योंकि (यह नय केवल पर्याय को विषय करती है इस कारण से) शब्द (=वाक्) =और जानत भाव (=विज्ञान) का ज्ञानकी निवृत्ति और प्रवृत्ति (=व्यावृत्ति) के =आधीन (=निबन्ध) वा कारणभूत (=निबन्ध) जो व्यवहार है उसकी प्रसिद्धि है

अर्थात् मृद् पिंडसे घट पर्यायकी उत्पत्ति होती है तहां मृद् शब्दकी और मृद्ज्ञान की निवृत्ति है और घट शब्दके और उसके ज्ञानकी प्रवृत्तिरूप जो व्यवहार है वह होता है। यदि पर्यायको विषय करने वाला पर्यायार्थिक नय न होता तो संसारसे घट, पट, मठ, पुत्र पिता आदि व्यवहारों का लोप ही होजाय ॥

(१) अथवा अर्थनय और शब्दनय ऐसे भी दो भेद होते हैं अर्थात् नैगम, संग्रह, व्यवहार, ऋजुसूत्र ये चार अर्थ वा प्रयोजनको प्रधानकरि प्रवर्तती हैं इससे इनका अर्थनय कहते हैं और शब्द, समभिरूढ, एवंभूत शब्दको प्रधान करि प्रवर्तती हैं अतः इनको शब्दनय कहते हैं ॥

अनभिनिवृत्तार्थसङ्कल्पमात्रग्राही नैगमः ॥

अन्-अभिनिर्वृत्त-अर्थ-संकल्पमात्र ग्राही नैगमः ॥। =अनिष्पन्न वा अपूर्ण (=अन्-अभिनिर्वृत्त) पदार्थ को संकल्पमात्र ग्रहण करने वाली =नैगमनय है अर्थात संसार में जितने द्रव्यहैं वे अपनी भूतभविष्यत्

(१) गम् (भ्वादि प्रथमगणके) धातुमें 'नि' उपसर्ग और अच् (=अ) प्रत्यय लगाने पर निगम (शब्द) बनजाता है। यहां निगम (शब्द) का अर्थ संकल्प है जैसे–" संकल्पो निगमस्तत्र भवोऽयं तत्प्रयोजनः" श्लोक वार्तिक श्लोक १८ पृष्ठ २६९, तत्र संकल्प मात्रस्य ग्राहको नैगमो नयः (=तहां पदार्थ का संकल्पमात्र का ग्रहण करने वाला नैगम नय है) तत्त्वार्थ श्लोक वार्तिक श्लोक १७ ॥ निगम शब्दसे कुशल अर्थमें अण् प्रत्यय करने पर अथवा निगम शब्द से भवअर्थ में अण् प्रत्यय करने पर नैगम शब्द की सिद्धि हुई है। "निगच्छन्त्यस्मिन्निति निगमनमात्रं वा निगमः" =निगच्छन्ति अस्मिन् इति वा निगमन मात्रं निगमः=(पदार्थ) जिसमें प्राप्त हों सो निगम है अथवा जो प्राप्त होना मात्र है सो निगम है ॥ "निगमे कुशलो भवो वा नैगमः" (राज० वा०) निगमे कुशलो नैगम वा निगमे भवो नैगमः =निगम (संकल्प) में (जो) कुशल हो सो नैगम है वा निगम में होय सो नैगम है अतः संकल्पमें जो कुशल हो अथवा जो संकल्प में होने वाला हो वह नैगम है ॥ ऐसा नैगम शब्द का अर्थ है ॥

"अर्थ संकल्प मात्रग्राहो नैगमः" (=पदार्थ को संकल्पमात्र ग्रहण करने वाला वा विषय करने वाला है सो नैगम नय है) तत्त्वार्थ राज वार्तिकपृष्ठ ६५। " नैकं गच्छतीति निगमो विकल्पस्तत्र भवो नैगमः " =अनेक (=नैकं=न-एकं) (पदार्थ जिसमें) प्राप्त हों सो निगम अर्थात् विकल्प है तहां (विकल्प वा निगम में) प्राप्ति (=भव) सो नैगम है ॥ (नयचक्र संग्रह में गर्भित आलाप पद्धति पृष्ठ १४६)। विकल्प =संकल्प के अर्थ में भी यहां हो सका है। विकल्प =विविधकल्पना ॥ देखो वैद्य कोष पृष्ठ ६६८, ७४५ ॥ उपर्युक्त नैगम की परिभाषायें जो राज वार्तिक श्लोक वार्तिक, आलापपद्धतिसे की हैं वे एकार्थ वाचीहैं। पूज्यपाद स्वामीकी परिभाषामें "अनभिनिर्वृत्त" शब्द अधिक है शेष भाग, उक्त तीनों परिभाषाओं से लगभग मिलता हुआ है अब प्रश्न यह है कि 'अनभिनिर्वृत्त' का परिभाषा पर क्या प्रभाव है ॥ (उत्तर) सीमा बद्ध होने से नैगमनयके वर्तमानकालनैगम और भविष्यत्कालनैगम दो भेदों को गर्भित करती है भूतकालनैगम का भेद छूटजाता है क्योंकि अर्थ प्रकाशिका और हिंदीअनुवाद तत्त्वार्थ राजवार्तिक और आलापपद्धति इत्यादि ग्रन्थोंमें नैगमनयके भूतकाल नैगम, वर्तमानकाल नैगम और भावीकाल नैगम तीन भेद कहे हैं अब इन तीनों भेदोंकी परिभाषा और उदाहरण देकर हमको यह दिखलाना है कि सर्वार्थसिद्धि में दीहुई परिभाषा नैगमनयकी औरों की अपेक्षा सीमाबद्ध है।

वर्तमान काल की समस्त पर्यायों से अन्वय रूप (=जोड़रूप) है अपनी किसी भी

( ) जो अतीत पर्यायोंमें वर्तमानवत् आरोपण करै वा संकल्प करै सो भूतनैगमनय है जैसे "अद्य दीपोत्सवदिने श्रीवर्द्धमानस्वामी मोक्षं गतः" आज दिवाळीके दिन पर श्री महावीर स्वामी मोक्ष पधारे हैं यहां पर यद्यपि भगवानको मोक्ष गये हुये सहस्रों वर्ष व्यतीत होगये अर्थात् २४५२ साल बीत गये परंतु संसारमें ऐसा व्यवहार होता है अतः नैगमनय की अपेक्षा ऐसा वचन बाधित नहीं वरन ठीकही समझा जाता है ॥ ( ) जो आगामी पर्यायों को वर्तमानवत् संकल्प करै सो भविष्यत् नैगमनय है जैसे एक मनुष्य काठसे इन्द्रकी प्रतिमा बनाना चाहता है अभी वह केवल इन्द्रकी प्रतिमा बनानेकी योजना कर रहा है यदि उससे पूंछा जाता है भाई क्या कर रहे हो ? तो उत्तर मिलता है कि मै इन्द्र बना रहा हूं यद्यपि अभी इन्द्रकी प्रतिमा उपस्थित नहीं है किंतु इन्द्रकी मूर्ति बनानेका संकल्पहै तौभी मैं इन्द्र बनारहा हूं यह वचन नैगमनयकी अपेक्षा ठीकहै ॥ ( ) " कर्तुमारब्धमीषन्निष्पन्नमनिष्पन्नं वा वस्तु निष्पन्नवत् कथ्यते " = कर्तुम् आरब्धम् ईषत् निष्पन्नं वा अनिष्पन्नं वस्तु निष्पन्नवत् कथ्यते = (वर्तमानमें पर्याय वा) वस्तु आरम्भ करने पर कुछ पूर्ण भया कुछ पूर्ण नहीं हुआ (लगभग परिपूर्ण होने परही है) उसको परिपूर्ण कहा जाय सो वर्तमान नैगमनय है (" जैसे ओदनः पच्यते " =भात पक गया है) देखो आलाप पद्धति ॥ अर्थात् वर्तमान में जो कार्य करने के लिये हाथमें लिया है सो पूर्ण भया तथा परिपूर्ण नहीं हुआ अत्यन्त निकट समयमें परिसमाप्त होगा उसको परिपूर्ण रूप संकल्प कर लेना वर्तमान नैगमनय का विषय है अथवा यों भी कह सकते हैं कि जो कार्य वर्तमान कालमें हाथमें लेलिया है वह होते होते ऐसी अवस्था में पहुंच गया है कि उसको व्यवहारमें कहते हैं कि वह पूर्ण है यद्यपि उसकी परिपूर्णतामें अत्यन्त न्यूनता अवशेष है जैसे एक समाज यात्राको गई हुई है सबकी संमिलित रसोई में दाल भात हो रहा है दाल भात ऐसे पक्के हैं कि केवल एक दो पलमें वह अग्निसे नीचे उतारे जाने को ही है रसोईया पुकारता है कि चलो भाइयो खालो दाल भात निष्पन्न है अब कुछ भी देरी वा विलम्ब नहीं है (वास्तविकमें केवल सड़सी वा कपड़ा द्वारा आग से पृथिवी पर उतारने की देरी है योंहीं कि रसोईया ने सड़सी लगा कर दाल वा भातको अग्निसे उचका दिया) बस इतनेही में दाल भात पूर्णतया परिपक्व होगये और नैगमनयका विषय जाता रहा ॥ हमारी समझमें वर्तमान नैगमनय भी सूक्ष्म दृष्टिसे भविष्यत नैगमनय में ही गर्भित हो जाती है यह दोनों भेद उक्त वृत्ति की परिभाषा में अन्तर्गत होजाते हैं केवल भूतनैगमनय अन्तर्गत नहीं होती अतः वृत्तिकार की परिभाषा सीमाबद्ध है जैसा हमारी समझ में आया है सो लिखा ।

कञ्चित्पुरुषं परिगृहीतपरशुं गच्छन्तमवलोक्य कश्चित्पृच्छति किमर्थं भवान्गच्छतीति। स आह प्रस्थमानेतुमिति। नासौ तदा प्रस्थपर्यायः सन्निहितः। तदभिनिर्वृत्तये संकल्पमात्रे प्रस्थव्यवहारः॥ तथा एधोदकाद्याहरणे व्याप्रियमाणं कञ्चित्पृच्छति किं करोति भवानिति। स आह ओदनं पचामीति। न तदौदनपर्यायः सन्निहितः। तदर्थे व्यापारे स प्रयुज्यते॥ एवम्प्रकारो लोकसंव्यवहारः अनभिनिर्वृत्तार्थ

पर्याय से कोई द्रव्य भिन्न नहीं है सो भविष्यत् पर्यायोंका, उन पर्यायों का जो अभी परिपूर्ण नहीं हुई हैं वर्तमानकालमें संकल्प करै ऐसा ज्ञान तथा वचन नैगमनयहै॥ इसमें भूतनैगम अन्तर्गत नहीं हुई। देखो टिप्पणी ५०६, ४९९। पृष्ठ

कञ्चित् * पुरुषम् ;। परिगृहीत परशुम् ;। =किसी मनुष्य को कुल्हाड़ा लिये हुये
गच्छन्तम् ;। अवलोक्य ÷ कश्चित्* पृच्छतिT किम् ;॥=जाते हुए देख कर कोई पूछता है किस-
अर्थम् ;॥ भवान् ;। गच्छतिT इति*सः आह प्रस्थम् ;। =लिये आप जाते हो। वह कहताहै धान्यमापनेका लकड़ीका परिमाण (=अस्थ)
आनेतुम् इति * ; असौ ;। तदा * प्रस्थपर्यायः ;। =लेनेको (जावाहूं)। उस समय वह (=तदा) प्रस्थ पर्याय
सन्निहितः ;। न * ; तद्-अभि- =निकटस्थ नहीं है। उस (प्रस्थ) को आगे वा भविष्यत् में (=अभि)
निर्वृत्तये ;॥ सङ्कल्पमात्रे ;॥॥ =निष्पन्न करनेके लिये अर्थात् लकड़ी काटकर बनानेके लिये केवलमनकी इच्छामें
प्रस्थव्यवहारः ;। तथा एधस्-उदक-आदि- =प्रस्थका उद्योग वा व्यवहार है। वैसे ही (=तथा) लकड़ी जल आदिक
आहरणे ;॥॥ व्याप्रियमाणम् ;॥॥ कञ्चित्*पृच्छति T =लाने में (=आहरण) लगेहुयेको कोई पूछता है
किम्;॥॥ करोतिT भवान्;। इति*सः;। आहT ओदनम्;*=आप क्या करते हो। वह कहताहै भातको
पचामि T इति तदा* ओदन पर्यायः;। सन्निहितः;। न*=पकाताहूं। उस समय भातका पर्याय निकटस्थ नहीं है
तद्-अर्थे ;। व्यापारे ;। सः ;। प्रयुज्यते T एवम् * =उस (भात) के लिये व्यवहार वा उद्योगमें वह (पुरुष) लगा हुआहै इसी (=एवम्)
प्रकारः ;। लोक संव्यवहारः ;। अभिनिवृत्त-अर्थ- =प्रकार संसारका व्यवहार है। अनुपस्थित (=अनभिनिर्वृत्त) पदार्थ को

---

(१) अवलोक्य। सम्बन्ध सूचक भूतकृदन्त है (देखो पृष्ठ १६) (२) 'आनेतुम्' हेत्वर्थ भूतकृदन्त है।
(३) प्रयुज्यते-युज् यहां दिवादि चौथे गणका अकर्मक आत्मनेपदी धातु है। इसमें य विकरण और प्र उपसर्ग लगाने से प्रयुज्य हुआ, ते जोड़कर प्रयुज्यते बना लिया।

संकल्पमात्रविषयो नैगमस्य गोचरः ॥१॥ स्वजात्यविरोधेनैकध्यमुपनीय पर्यायानाक्रान्तभेदानविशेषेण समस्तग्रहणात्संग्रहः ॥

संकल्पमात्रविषयः १। नैगमस्य १। गोचरः १।
स्वजाति-अविरोधेन ३। एकध्यम् १॥ उपनीय÷
पर्यायान् २। आक्रान्तभेदान् २। अविशेषेण ३।
समस्तग्रहणात् ५॥
संग्रहः १।

=संकल्पमात्र ग्रहण करने वाला नैगम (नय) का विषय है
=अपनी जातिके वस्तुओं को अविरोधकरि एक प्रकारपनाको प्राप्तकर
=पर्यायोंको वा प्राप्त होने वाले भेदोंको सामान्य रूपसे (=अविशेषेण)
=समस्तको ग्रहण करनेके हेतुसे वा समस्तको विषय करनेके कारणसे
=संग्रह (नय कही जाती) है अर्थात् अपनी जातिके सब पदार्थोंको बिना किसी विरोधताके (एक जातिके कितने ही पदार्थोंमें भी विरोध नहीं होता परंतु उसका भिन्न जातिके पदार्थों से विरोध होता है)

(१) बुद्धि, नाम,अनुकूल प्रवृत्ति इन चिन्होंकी समानता रखने वाला जो सादृश्य है वही जाति है अर्थात् जिन पदार्थोंकी प्रतीति समान होगी, नाम भी समान होगा, अनुकूल प्रवृत्ति भी समान होगी ऐसे पदार्थोंके समूहका नाम जाति है अथवा जहां स्वरूपका अनुगम है (=ग्रहण) है जिस प्रकार गोत्व स्वरूप समस्त संसारकी गौओंमें रहता है इस लिये वह जाति है वह जाति चेतन अचेतन आदि पदार्थ स्वरूप है चेतन आदि पदार्थों से भिन्न नहीं। तथा उसकी प्रवृत्तिमें कारण गोत्व, घटत्व, द्रव्यत्व,सत्व आदि अनेक शब्द है इस लिये जहां जो शब्द होगा उसीके अनुसार उसका नाम भी भिन्न होगा तथा प्रवृत्ति भी उसी नियत शब्द के अनुसार होगी।

(२) उक्त संस्कृत वृत्तिमें जो अविरोध शब्दहै उसका अर्थ स्वरूपसे नचिगना है वा स्वरूपसे न प्रच्यवन होना है॥ अपनी जाति है सो स्वजाति है। नहीं चिगना है वा नहीं डिगना है सो अविरोध है, अपनी जातिसे नही चिगना (जो) है सो स्वजात्यविरोध है। अपनी जातिसे नहीं चिगने द्वारा एक प्रकारपनाको प्राप्त होना है सो "स्वजात्यविरोधेनैकध्यमुपनीय" है। ऐसे सर्वार्थसिद्धिवृत्तिमें आये हुये "स्वजात्यविरोधेनैकध्यमुपनीय" वाक्यकी निरुक्ति है। (=प्रकृति धातु प्रत्यय आदि अवयवोंके अर्थ को कह कर समास के अर्थ को जतलाना) सो निरुक्ति है।

(३) तत्त्वार्थ राजवार्तिकमें संग्रहनयका लक्षण पर्से कहा है "स्वजात्यविरोधेनैकत्वोपनयात्समस्त ग्रहण संग्रहः" उपर्युक्त वृत्तिमें दी हुई संग्रह नयकी परिभाषा से जब इस परिभाषा की तुलना करते है तो "पर्यायान् आक्रान्तभेदान् अविशेषेण" वाक्य राजवार्तिक से अधिक पाते है शेष पाठ दोनोंका लगभग एकसा है परंतु तात्पर्य दोनों परिभाषाओं का एकसा है क्योंकि अधिक वाक्यका अर्थ "पर्यायोंको अविशेषकरि" ऐसा है॥

सत् द्रव्यं घट इत्यादि। सदित्युक्ते सदिति वाग्विज्ञानानुप्रवृत्तिलिङ्गानुमितसत्ताधारभूतानामविशेषेण सर्वेषां संग्रहः। द्रव्यमित्युक्तेऽपि द्रवति गच्छति तांस्तान्पर्यायानित्युपलक्षितानां जीवाजीवतद्भेदप्रभेदानां संग्रहः। तथा घट इत्युक्तेऽपि घटबुध्य-

---

एक रूपसे पर्यायोंके भेदोंको व्यक्तनकर समस्त भेदोंका ग्रहण करने वाला ऐसा संग्रहनय है। सारांश यह है कि अपनी जाति को प्रगट करके पर्यायका भेद न करके समस्तका समुदाय रूप ग्रहण करने वाला संग्रहनय है॥

सत् ;॥॥ द्रव्यम ;॥॥ घटः ;। इत्यादि ;॥॥ =सत, द्रव्य, घट इत्यादिक (संग्रहनयके उदाहरण) हैं॥

सत् ;॥॥ इति* उक्ते ;॥। सत् ;॥॥ इति* वाग्-विज्ञान- =सत् ऐसा कहने में सत् ऐसा वचनकरि तथा ज्ञानकरि

अनुप्रवृत्तिलिङ्ग- =अन्वयरूप चिन्हसे (=अनुप्रवृत्तिलिंग) वा जोड़रूप चिन्हसे (=अनुप्रवृत्तिलिंग)

अनुमित-सत्ता-आधारभूतानाम् ;। सर्वेषाम् ;। =अनुमान किये हुये (=अनुमित) सत्ताको आश्रयभूत सब (वस्तु) निका

अविशेषेण ;। संग्रहः ;। =सामान्य रूपसे (=अविशेषेण) संग्रह है अर्थात् ऐसे सब वस्तुयें सत्ता रूप हैं

तात्पर्यः—सत् ऐसा उच्चारण करने पर द्रव्य, पर्याय और उसके भेद प्रभेद सब सत्तासे अभिन्न हैं अतः एक सत्व धर्मसे उन सबका ग्रहण होजाता है

द्रव्यम्;। इति उक्ते;॥॥ अपि तान्;। तान् पर्यायान्;। द्रवति T =द्रव्य ऐसा कहनेमें भी (जो) जिन जिन पर्यायोंको प्राप्त होता है (=द्रवति)

गच्छति T इति उपलक्षितानां ;। जीव-अजीव- =अथवा (जिन जिन पर्यायोंको) पाता है ऐसे उपलक्षित जीव और जड़

तद्-भेद-प्रभेदानाम् ;। संग्रहः ;। =तथा उन (जीव अजीव) के भेद और प्रभेदोंका संग्रह है अर्थात् द्रव्य कहने में गुण पर्यायों सहित जीव अजीव उनके भेद प्रभेद सबको समझ लेना चाहिये

तथा* घटः ;। इति* उक्ते ;॥॥ अपि* घटबुद्धि- =वैसेही (=तथा) घट (=घड़ा) ऐसा उच्चारण करने में भी घड़ाका ज्ञान तथा

---

(१) द्रव्य ऐसा उच्चारण करने पर जीव अजीव और उनके भेद प्रभेद जितने भी द्रव्य कहे जाने वाले हैं उन सबमें द्रव्यत्व अभेदरूपसे रहता है—जीव आदि कोई भी द्रव्यत्वसे भिन्न नहीं अतः एक द्रव्यत्व धर्मसे सबका ग्रहण होजाता है॥

भिधानानुगमलिंगानुमितसकलार्थसंग्रहः । एवम्प्रकारोऽन्योऽपि संग्रहनयः ॥२॥ संग्रहनयाक्षिप्तानामर्थानां विधिपूर्वकमवहरणं व्यवहारः ॥ को विधिः ?। यः संग्रहगृहीतोऽर्थस्तदानुपूर्व्येणैव व्यवहारः प्रवर्तत इत्ययं विधिः।

अभिधान-अनुगमलिंग-
अनुमित-सकल-अर्थ-संग्रहः ¦।
एवम्* प्रकारः ¦। अन्यः ¦। अपि *

=नामके अन्वयरूपचिन्हकरि (=अनुगमलिंग) वा जोड़रूप चिन्ह करि (=अनुप्रवृत्तिलिंग)
=अनुमान कियेहुये (=अनुमित) सब घटरूप पदार्थका (=अर्थ) संग्रह होता है
=इसप्रकार अन्य भी (अर्थात् उपर्युक्त कहे हुये उदाहरणोंके अतिरिक्त) और भी
(जैसे मठ, पट, गृह, इत्यादि एक जातिकी सब वस्तुओं का कथन करने वाला)

संग्रहनयः ¦।
=संग्रह नय है ॥ (संग्रह नयके सामान्यसंग्रह-विशेषसंग्रह दो भेद हैं (देखो निम्नटिप्पणी)

(२) संग्रहनय-आक्षिप्तानाम् ¦। अर्थानाम् ¦।
=संग्रहनय से विषय कियेगये वा ग्रहण किये गये (=आक्षिप्तानाम) पदार्थों का

विधिपूर्वकम् ¦॥। अवहरणम्¦॥। व्यवहारः ¦।
=क्रमानुसार वा अनुक्रमसे वा विधिपूर्वक भेद करना सो व्यवहार (नय) है

कः ¦। विधिः¦। यः¦। संग्रह-गृहीतः¦। अर्थः ¦। तद्-
=विधि क्या है ? जो संग्रह (नय) द्वारा ग्रहण किया हुआ पदार्थ है उसका (=तद्)

आनुपूर्व्येण ¦॥। एव * व्यवहारः ¦। प्रवर्तते T
=मूलसे लेकर क्रम पूर्वक (=आनुपूर्व्येण) ही व्यवहरण होता है वा भेद किया जाता है

इति* अयम् ¦। विधिः ¦।
=ऐसी यह विधि (=संग्रहनयसे ग्रहे पदार्थको आदिसे लेकर भेद करै सो) है ॥

---

(१) संग्रहो द्विविधः ¦। सामान्य संग्रहो यथा सर्वाणि ¦॥। द्रव्याणि =संग्रह (नय) दो प्रकार है। सामान्यसंग्रह जैसे सब द्रव्यं
परस्परमविरोधीनि। विशेष संग्रहो यथा =आपसमें (स्वरूपसे) विरुद्ध होने वाले नहींहैं (=अविरोधीनि)। (और) विशेष संग्रह जैसे
सर्वेजीवाः परस्परमविरोधिनः" आलाप पद्धतिसे लिया है। =समस्त जीव परस्पर अविरोधीहैं अर्थात् (अपने स्वरूपसे) प्रच्यवन होनेवाले नहींहै

(२) "अतो विधिपूर्वकमवहरणं व्यवहारः" इस (संग्रहनय) से (ग्रहण किये हुये पदार्थका) अनुक्रमसे (=विधिपूर्वक) भेद करना (=अवहरण)
सो व्यवहार है यह परिभाषा व्यवहारनयका तत्त्वार्थ राजवार्तिकमें से लियाहै और "उपर्युक्त संग्रहनयाक्षिप्तानामर्थानां"का वही तात्पर्यहै जो इसकाहै
(३) विधिपूर्वक=आनुपूर्वीकरि, आनुपूर्व्यकरि, आनुपूर्वकरि अर्थात् क्रमानुसार, क्रमानुकूल, अनुक्रमसे क्रमपूर्वक ॥ मूलसे लेकर क्रमपूर्वक
=आनुपूर्व्येण) देखो पद्मचन्द्र कोश पृष्ठ५७) (४) अवहरण =व्यवहरण=भेद किया जाना, देखो पं०जयचंदजी कृत सर्वार्थसिद्धि वचनिका पृष्ठ१०१

तद्यथा—सर्वसंग्रहेण यत्संगृहीतं तच्चानपेक्षितविशेषं नालं संव्यवहारायेति व्यवहारनय आश्रीयते । यत्सत्तत् द्रव्यं गुणो वेति । द्रव्येणापि संग्रहाक्षिप्तेन जीवाजीवविशेषानपेक्षेण न शक्यः संव्यवहार इति जीवद्रव्यमजीवद्रव्यमिति वा व्यवहार आश्रीयते ।

तद्यथा* सर्वसंग्रहेण ;। सत्संगृहीतम् ;॥। = सो (=तद्) ऐसें हैं (=यथा) कि सर्वका संग्रहकरि सत् ग्रहण किया गया है

च* तत् ;॥। अन्-अपेक्षितविशेषम् ;॥। = और (=च) वह (=तद्) अर्थात् सत् विशेषकी विवक्षा रहित है

संव्यवहाराय ;। न* अलम्* = सो योग्य व्यवहार (प्रवर्तावने)के लिये समर्थ (=अलं) वा योग्य (=अलं) नहीं है

इति* व्यवहारनयः ;। आश्रीयते T = ऐसें व्यवहारनय अवलंबन कीगई है वा आश्रय कीजाती है (तब कहें हैं कि)

यत्;॥। सत्;॥। तत्;॥। द्रव्यम्;॥। वा* गुणः;। इति* = जो सार (=सत्) है सो द्रव्य है और गुण है भावार्थ यह है कि जैसे (=तद्यथा) संग्रहनयका विषय सत् पदार्थ है किंतु सत शब्दसे संसारका व्यवहार हो नहीं सकता अतः जो सत् है वह द्रव्य और गुण है यह व्यवहार नयसे मानना पड़ता है ऐसे सत् विषैं भेद करैं तब संसार का व्यवहार चलता है ॥

द्रव्येण ;॥। अपि* संग्रह-आक्षिप्तेन ;॥। जीव-अजीव- = (और यहां) द्रव्य (शब्द) करि भी संग्रहनयसे ग्रहण किये हुये जीव अजीव के

विशेष-अन्-अपेक्षेण ;॥। संव्यवहारः ;। न* शक्यः ;। = भेदकी (=विशेष) अपेक्षा न होने से योग्य व्यवहार नहीं होसकता है

इति* जीवद्रव्यम्;॥। वा* अजीवद्रव्यम्;॥। इति* = ऐसें जीव द्रव्य है और (=वा) अजीव द्रव्य है ऐसे

व्यवहारः ;। आश्रीयते T = व्यवहारनय आश्रय कीगई है अर्थात् जब हमने सत्के दो भेद किये तो यहां पर भी संग्रहनयका विषय द्रव्य हुआ उसके जीव और अजीव भेद माने विना संसारका व्यवहार नहीं होसकता है इसलिये वह द्रव्य जीव और अजीव है यह व्यवहारसे कहना पडता है

---

(१) सर्वार्थसिद्धि की दोनों आवृत्तियोंमें 'यत्संग्रहीतम्' है अर्थ यह होगा कि सर्वका संग्रहकरि जो (सत्) ग्रहण किया गया है परंतु सत् तत्त्वार्थ राजवार्तिक में है तथा जयचंद रायजीने और अन्य भाषा अनुवादकों ने 'यत्' के स्थानमें सत् मानकरि अनुवाद किया है इस लिये हमने 'सत्संग्रहीतम्' पाठ दिया है यद्यपि 'यत्' से भी वही अर्थ निकल सकता है जो सत् से परंतु हमने वृत्तिमें 'यत्संग्रहीतं' ही पाठ रक्खा है ॥

जीवाजीवावपि संग्रहाक्षिप्तौ नालं संव्यवहारायेति प्रत्येकं देवनारकादिर्घटादिश्च व्यवहारेणाश्रीयते । एवमयं नयस्तावद्वर्तते यावत्पुनर्नास्ति विभागः

जीव-अजीवौ ;। अपि*
संग्रह-आक्षिप्तौ ;।
संव्यवहाराय ;। अलम्* न* इति* प्रत्येकम् ;॥
देवनारकादिः ;। च* घटादिः ;। व्यवहारेण ;।
आश्रीयते T

=(और इस अवस्था में) जीव और अजीव भी
=जो संग्रहनयके विषयभूत हैं संग्रहनय गोचर हैं वा ग्रहण संग्रहनयसे कियेगये हैं
=व्यवहार (प्रवर्तावने) के लिये समर्थ नहीं है । प्रत्येक (जीव और अजीव)
=(यथा संख्य वा क्रमसे) देवनारकादिक तथा घट आदिक व्यवहारनय करि
=आश्रय किये गये हैं अर्थात् यहां संग्रहनय का विषय जीव और अजीव माने गयेहैं परंतु जीवके देव, नारक, मनुष्य, तिर्यंच, सिद्ध भेद माने विना संसारका व्यवहार नहीं चल सकता इसलिये लोक व्यवहारकी सिद्धि के लिये जीव द्रव्यके देव नारक आदि भेद व्यवहार से मानने पड़ते हैं । और अजीव के घट, पट, मठ, गृह इत्यादि भेद मानें विनाभी संसार का व्यवहार नहीं हो सक्ता है इसलिये अजीव के घट, पट, मठ, गृह आदि भेद व्यवहार नय से मानते हैं

एवम्* अयम् ;। नयः ;। तावत् * वर्तते T
यावत् * पुनः * न * अस्ति T विभागः ;। ॥३॥

=इसप्रकार यह व्यवहार नय तबतक चला जाता है
=जबतक फिर विभाग नहीं हो (सक) ता है अर्थात् ऋजुसूत्र नय के विषयके

(१) "व्यवहारोऽपि द्वेधा । सामान्यसंग्रह भेदको व्यवहारो यथा-द्रव्याणि जीवाजीवाः । विशेषसंग्रह भेदको व्यवहारो यथा-जीवः संसारिणो मुक्ताश्च "

=व्यवहारनय भी दो प्रकार है - सामान्य संग्रहभेदक व्यवहार अर्थात् सामान्य संग्रह नय की भेद करने वाली व्यवहारनय
=जैसे द्रव्यहैं सो जीवरूप और अजीवरूप हैं । विशेषसंग्रहभेदकव्यवहार अर्थात् विशेषरूप संग्रहनयके भेद करने वाली व्यवहारनय
=जैसे जीव हैं सो संसारी और मुक्तरूप हैं ॥ (आलापपद्धति से उद्धृत)

(२) नाम स्थापना द्रव्य ये तीन निक्षेप संग्रहात्मकहैं उनसे संग्रहआत्मक वस्तुका ग्रहण होताहै उनसे भिन्न भिन्न व्यवहार नहीं होसक्ता क्योंकि वे तीनोंही जाति वाचक हैं व्यक्तिवाचक नहीं है । इसलिये व्यवहारके लिये वर्तमान पर्याय भाव निक्षेप ही समर्थ है उसीका यहां ग्रहण है । इस रीतिसे इस व्यवहार नयका वहींतक विषय समझना जहांतक फिर किसी प्रकार का भी विभाग नहोसकै ॥

सर्वार्थ-

५१३

॥३॥ ऋजुं प्रगुणं सूत्रयति तन्त्रयत इति ऋजुसूत्रः । पूर्वान्परांस्त्रिकालविषयानतिशय्य वर्तमानकालविषयानादत्ते अतीतानागतयोर्विनष्टानुत्पन्नत्वेन व्यवहाराभावात् । तच्च वर्तमानं समयमात्रं तद्विषयपर्यायमात्रग्राह्योऽयमृजुसूत्रः ॥

सिद्धि

पहिले पहिले संग्रहनय और व्यवहारनय दोनों चले जाते हैं

ऋजुम् ; प्रगुणम् ; सूत्रयति T =सीधे (=ऋजु) और सरल (=प्रगुण) (विषय वा वस्तु) को सूचित करता है (सूत्रयति)
तन्त्रयते T इति* ऋजुसूत्रः ;। =फैलाता है (तन्त्रयते) ऐसा ऋजुसूत्रनयहै (तंत्रयति भी आता है, देखो राजवा० पृ० ६६)
त्रिकालविषयान् ;। पूर्वान् ;। परान् ;। =तीन कालके विषय (अर्थात् पर्याय वा भाव) निमें से अतीत–अनागत (विषयों) को
अतिशय्य-वर्तमान-काल-विषयान् ;। आदत्ते T =उल्लंघकरि वा छोड़का विद्यमानकालके विषयों को (ऋजुसूत्रनय) ग्रहण करता है
अतीत-अनागतयोः ;। विनिष्ट– =क्योंकि भूत और भविष्यत (विषयों) को (यथासंख्य) विनाश होनेसे और
अनुत्पन्नत्वेन ;॥ व्यवहार-अभावात् ;। तच्च* =न उत्पन्न होनेसे व्यवहार नहीं होता है । तात्कालिक (=तच्च-वैद्यकोश पृ० ३०१)
वर्तमानम् ;॥ समयमात्रम् ;। तद्-विषय- =विद्यमान केवल एक समयवर्ती उस (ऋजुसूत्रनय) का विषय
पर्यायमात्र-ग्राह्यः ;। अयम् ;। ऋजुसूत्रः ;। =पर्यायमात्रका ग्रहण करनेवाला है सो यह ऋजुसूत्रनय है अर्थात् द्रव्यकी पर्याय समय समय में परिणमती (पलटती) रहती है

सो एक समयवर्ती पर्यायको अर्थपर्याय कहते हैं । अर्थपर्याय ही ऋजुसूत्रनयका विषय है । ऋजुसूत्रनय वर्तमान एक समयमात्र की पर्याय को कहता है वा ग्रहण करता है अतीत अनागत समयकी पर्यायको ग्रहण नहीं करता है ॥

(१) ऋजुम् ; —यह ऋजुशब्द त्रिलिंगी है (ऋज् + कु) स्त्र लिंग में विकल्प से ङीप् होता है जैसे ऋज्वी ;। ऋजुः ;। ॥ त्रिलिंग, पुल्लिंग नपुंसक लिंग में यहां आया है

(२) प्रगुणम्–यह त्रिलिंगी है ॥ प्रगुणा ;॥ स्त्रीलिंगमें है ॥ यहांपर त्रिलिंग पुल्लिंग अथवा नपुंसकलिंगमें ऋजु शब्दवत् जानना चाहिये

५१३

ननु संव्यवहारलोपप्रसंग इति चेन्नास्य नयस्य विषयमात्रप्रदर्शनं क्रियते । सर्वनयसमूहसाध्यो हि लोक-संव्यवहारः सर्वनयसमूहसाध्यः

ननु* संव्यवहारलोप-प्रसंगः ;।
=प्रश्न (=ननु) लोकव्यवहार के अभावका प्रसंग आता है अर्थात् लोकमें अतीत अनागत का व्यौपार भी प्रवर्तता है सो किस प्रकार चलेगा जो ऋजु सूत्रनय केवल वर्तमान पर्याय मात्र को ही ग्रहण करेगी

इति* चेत्* न*
=ऐसी शंका (=चेत्-होने पर उत्तर में कहते हैं कि) (यह बात) नहीं है

अस्य नयस्य विषयमात्र-प्रदर्शनम् क्रियते।
=इस (ऋजुसूत्रनय) का केवल विषय (=विषयमात्र) दिखाया गया है

हि* लोकसंव्यवहारः ;। सर्वनयसमूहसाध्यः ;।
=क्योंकि (=हि) लोकका व्यवहार वा कार्य सबनयोंके समूह द्वारा साधने योग्य है अर्थात् लोक व्यवहार में जिस नयका जो कार्य है उसी नयको काममें लाना चाहिये

---

(१) ऋजुसूत्रो द्विविधः सूक्ष्मर्जुसूत्रो यथा एक समय-अवस्थायी पर्यायः स्थूलर्जुसूत्रो यथा मनुष्यादि पर्यायास्तदायुः प्रमाणकालं तिष्ठन्ति
=ऋजुसूत्र (नय) दो प्रकार है सूक्ष्म ऋजुसूत्रनय जैसे एक समय तक-ठहरने वाली पर्याय और स्थूलऋजुसूत्रनय जैसे
=मनुष्य आदि पर्याय हैं वे (=तद्) आयुपरिमाणकाल तक रहती हैं ॥
आलाप पद्धतिसे उद्धृत

( ) जिस प्रकार सूतका गिरना सरल होता है उसी प्रकार जो सरल विषयको सूचित करता है उसका नाम ऋजुसूत्रनय है ॥ यह नय त्रिकाल संबंधी विषयोंमें से वर्तमान कालीन विषयोंको ग्रहण करता है क्योंकि जो पर्याय बीत चुकी अथवा जो पर्याय अभी उपस्थित नहीं हुई आगे जाकर उपस्थित होगी इन दोनों पर्यायोंसे व्यवहार नहीं चल सकता है इसलिये शुद्ध एक समय मात्र ही ऋजुसूत्र नयका विषय माना गया है ॥ ऋजुसूत्र नयके कुछ अच्छे अच्छे उदाहरण देते हैं कि (क) 'कषायो मैषज्यं' काढा औषध है यहां पर जिन पदार्थोंका काढा है उन पदार्थोंका रस निकाल कर जिस समय साक्षात् औषध स्वरूप काढा बन जाता है वही शुद्ध वर्तमान कालीन एक समयवर्ती ऋजुसूत्रनयका विषय है किन्तु पहिले ही पहिले जिसका रस अभी तक प्रगट नहीं हुआ आगे जाकर प्रगट होने वाला है अतः जो साक्षात् औषध नहीं है वह ऋजुसूत्रनयका विषय नहीं है क्योंकि वह वर्तमान एक समयवर्ती नहीं-भविष्यत् कालकी अपेक्षा रखता है ॥

(ख) ऋजुसूत्र नय का विषय प्रस्थ भी है परंतु जिस समय अन्न आदि पदार्थ सेर माप द्वारा तुल रहा है उसी समय प्रस्थ ऋजुसूत्र नय का विषय हो सकता है परन्तु जिस से धान्य तुलचुका अथवा आगे जाकर तुलैगा वह ऋजुसूत्र नय का विषय नहीं हो सकता क्योंकि जो तुल चुका वह भूतकाल का विषय है जो आगे तुलैगा वह भविष्यत् कालका विषय है भूतकाल की पर्याय और भविष्यत् कालकी पर्याय ऋजुसूत्र नयका विषय है नहीं किन्तु वर्तमानकाल की एक समय वर्ती पर्याय ही उसका विषय है इसलिये भूतकाल वा भविष्यत् काल की अपेक्षा होनेवाला प्रस्थरूप ऋजुसूत्र नयका विषय होना असंभव है ॥

(ग) कुंभकारका अभाव ऋजुसूत्र नयका विषय है क्योंकि कुंभको करने वाला कुंभकार कहा जाता है जिस समय कुंभकार पुरुष कुंभ-घड़ा न बनाकर उसकी शिविक छत्रक आदि पर्याय बना रहा है उस समय वह ऋजुसूत्र नयकी अपेक्षा घड़ेका बनाने वाला नहीं कहा जा सक्ता क्योंकि शिविक छत्रक आदि पर्यायोंके आगे जाकर घट पर्याय बनने वाली है इसीलिये भविष्यत् कालका विषय है वर्तमान काल का नहीं एवं जिस समय वह घड़ा बना रहा है उस समय घट की उत्पत्ति उसके विशेष अवयवोंसे हो रही है और वही शुद्ध वर्तमान काल ऋजुसूत्र नयका विषय है किन्तु उस समय कुंभकार कुछ नहीं कर रहा है इसलिये ऋजुसूत्र नयका विषय कुंभकार नहीं हो सक्ता किन्तु कुंभकार का अभाव उसका विषय है। तथा —

(घ) कोई पुरुष कहीं से आकर बैठा है किसी दूसरे ने पूछा — कहो भाई कहां से आ रहे हो ? उस समय उसका यह कहना कि कहींसे नहीं आरहा हूं क्योंकि उस समय सर्वथा गमन क्रिया का अभाव है इसलिये शुद्धवर्तमान की अपेक्षा 'इस समय कहींसे नहीं आ रहाहूं' यह ऋजुसूत्र नयका विषय है ॥

(ङ) किसी बैठे आदमी को देखकर यह पूछना कि भाई ! इस समय तुम किस स्थान पर हो ? उस समय वर्तमान में वह जितने जितने आकाशके प्रदेशों में विद्यमान है उतने ही प्रदेशोंका नाम लेकर कहै कि मैं यहां पर हूं, किसी पुरी, ग्राम, घर आदिका नाम नहीं ले, वह शुद्ध वर्तमान कालकी अपेक्षा कथन होनेसे ऋजुसूत्रनय का विषय है। अथवा उस समय जितने आत्मप्रदेशोंके आकारमें उसका रहना हो उतने ही प्रमाण आत्म प्रदेशों का उल्लेख कर वह यह कहे कि मैं यहां पर हूं वह ऋजुसूत्र नयका विषय है क्योंकि उसकी स्थिति का शुद्ध वर्तमान समयमें वही आकार है, अन्य नहीं ॥

(च) पच्यमान— जो रंध रहा है और पक्व— जो रंधचुका है यह ऋजुसूत्र नय का विषयहै। यहां पच्यमान और पक्वका अर्थ कथंचित् पच्यमान और कथंचित् पक्व यह समझ लेना चाहिये। (प्रश्न) पच्यमान यह वर्तमान पर्याय और पक्व यह अतीत पर्याय है, इन दोनों का एक स्थान में कैसे समावेश होगा ? (उत्तर) पहिले ही पहिले जब समयका कोई विभाग नहीं है उस समय भातका कुछ अंश रंधाहै सीझा है, वा नहीं रंधा है नहीं सीझा है यदि नहीं सीझा है तब द्वितीयादि समयोंमें भी वह नहीं सीझ सकता इसलिये पाकका अभाव ही कहना होगा। परन्तु प्रति क्षण वह सीझता अवश्य है इसलिये बटलोई में रक्खे हुये चांवलोंमें सीझे और वे सीझे की अपेक्षा ऋजुसूत्र नयका कथंचित् पच्यमान और कथंचित् पक्व यह विषय बाधित नहीं यदि यहांपर यह अपेक्षा न मानी जायगी और पच्यमान अवस्था और पक्व अवस्था का सर्वथा विरोध माना जायगा तो पच्यमान (मिश्रित) कथंचित् पच्यमान और पक्व इस प्रकारसे विषयोंके तीन भेद होजानेसे समय भी तीन प्रकार का मानना होगा परन्तु तीन भेदों को सर्वथा विरुद्ध मानने से एक समय में वे तीनों भेद नहीं रहसक्ते हैं इसलिये कथंचित् पच्यमान और कथंचित् पक्वमें सर्वथा विरोध नहीं माना जासक्ता। इसलिये यहां यह बात समझलेनी चाहिये किसी रसोईयाका यह अभिप्राय हो कि जो चांवल भली प्रकार से सीझ गये हैं कोई भी कच्चा शेष नहीं रहा है उस (रसोईया) की अपेक्षा तो भलेप्रकार रंधे हुये चांवल ही पक्व हैं। और जिस रांधने वाले का यह अभिप्राय हो कि वह कुछ सीझे और कुछ वे सीझे कथंचित् पच्यमान और कथंचित् पक्व ऐसे पच्यमान चावलों को ही पक्व कहना चाहता है उसकी अपेक्षा पच्यमान ही पक्व है। क्योंकि वह पच्यमानों को ही पक्व मानना सुखप्रद समझता है इसलिये यह बात निश्चित हो चुकी कि ऋजुसूत्र नयका पच्यमान अर्थात् कथंचित् पच्यमान कथंचित् पक्व उदाहरण निर्दोष है तथा पक्व रंध चुकने के पश्चात् एक समय वर्ती पदार्थ भी ऋजुसूत्र नयका विषय है। ऐसेही क्रियमाण कृत (कथंचित् क्रियमाण कथंचित् कृत), भुज्यमान भुक्त (कथंचित् भुज्यमान कथंचित् भुक्त) बध्यमान बद्ध (कथंचित् बध्यमान कथंचित् बद्ध) और सिध्यत् सिद्ध (कथंचित् सिध्यत् कथंचित् सिद्ध) आदि भी ऋजुसूत्र नयके उदाहरण समझलेने चाहियें। अर्थात् जो किया जारहा है और जो किया जा चुका है और जो भोगा जारहा है और जो भोगा जाचुका है जो सिद्ध किया जारहा है और जो सिद्ध किया जाचुका है ये सब ही ऋजुसूत्र नयके विषय पड़ते हैं, क्योंकि इन सबों में भी कुछ अंशोंमें वर्तमान पर्यायका ग्रहण होता है, जितने अंशों में वर्तमान पर्यायका ग्रहण है उतने ही अंशों में ऋजुसूत्र नयकी विषयता है इसलिये कथंचित पदसे कहागया है। यहां पर विरोधादि बातों का विस्तार और समानधाव पच्यमान पक्वके समान है तत्त्वार्थराजवार्तिक मुद्रित पृष्ठ ६७ से अनुवादित ॥

॥ ४ ॥ लिङ्गसंख्यासाधनादिव्यभिचारनिवृत्तिपरः शब्दनयः ॥ तत्र लिङ्गव्यभिचारः — पुष्यस्तारका नक्षत्रमिति ॥ संख्याव्यभिचारः — जलमापो वर्षा ऋतु

लिङ्ग-संख्या-साधन-आदि-व्यभिचार-निवृत्ति-परः १। शब्दनयः १। =लिङ्ग, वचन (=संख्या) साधनादि अन्याय वा दोषोंके (=व्यभिचार) दूर करनेमें (=निवृत्ति) =लगा हुआ (=परः) वा तत्पर (=परः) है सो शब्दनय है अर्थात् लिंग, वचन, साधन, कारक काल, उपग्रह 'आदि व्यवहारनयसे माना हुआ दोष है उसके दूर करनेको यह शब्दनय है'। पुल्लिंग स्त्रीलिंग और नपुंसक लिंगके भेदसे लिंग तीन प्रकार है। एकवचन, द्विवचन और बहुवचनसे संख्या तीन प्रकार है ॥ साधनका अर्थ (पद्म चन्द्र कोश पृष्ठ ४१९ और वैद्य संस्कृतांगल कोष पृष्ठ ७७१ के अनुसार) करण तृतीया विभक्ति का है परंतु यहां पर (तत्त्वार्थ राजवार्तिक पृष्ठ ६७ और श्लोक वार्तिक पृष्ठ २७३ और सर्वार्थसिद्धि वृत्तिके अनुसार) प्रथम पुरुष, मध्यम पुरुष और उत्तम पुरुष अथवा युष्मद् और अस्मद् शब्द साधन माने गये हैं। साधन व्यभिचार को पुरुष व्यभिचार भी कहते हैं वा मानते हैं जैसा कि आगे जाकर (टिप्पणी संख्या दो पृष्ठ ५१८ से ५२१ तक में) सिद्ध करेंगे कारक संस्कृतमें कर्त्ता, कर्म, करण, संप्रदान, अपादान, अधिकरण माने हैं संबंधको कारक नहीं माना है क्योंकि संज्ञा और क्रियामें परस्पर यह किसी प्रकारके संबंधका प्रादुर्भाव नहीं करता है। भूतकाल, भविष्यत्काल, वर्तमानकाल ये तीन काल हैं "उपग्रह का अर्थ परस्मैपद वा आत्मनेपद है परस्मैपदके स्थानमें आत्मनेपद कह देना और आत्मनेपदके स्थानमें परस्मैपद कह देना उपग्रह व्यभिचार है "उपग्रह" व्यभिचार "कहिये उपसर्ग व्यभिचार है" पं० पन्नालालजी दूनी० अनुवादित तत्त्वार्थ राजवार्तिक पृष्ठ २६४ और पं० गजाधर लालजी अनुवादित तत्त्वार्थ राजवार्तिक मुद्रित पृष्ठ ४८० की टिप्पणी देखो।

तत्र* लिंग व्यभिचारः १। पुष्यः १। तारका १॥ =तहां लिंगदूषणः—(जैसे) पुष्य पुल्लिंग है उसको तारका स्त्रीलिंग

नक्षत्रम् १॥ इति*; संख्याव्यभिचारः १। =(वा) नक्षत्र नपुंसकलिंग ऐसा कहना। वचन दूषणः—(जैसे)

जलम् १॥ आपस् १॥ वर्षाः १॥ ऋतुः १। =जलम् एकवचन को आप् बहुवचन वर्षा बहुवचन को ऋतु एकवचन

(१) "स च लिंगसंख्यासाधनादि व्यभिचार निवृत्ति परः" तत्त्वार्थराजवार्तिक पृष्ठ ६७ ॥ सः = शब्दनय। सर्वार्थसिद्धि की परिभाषा से यह परिभाषा शब्दशः मिलती है (२) वर्षाः' स्त्रीलिंग, नित्य बहुवचन है (३) आपस् – 'आपस्' शब्द प्रथमा बहुवचन स्त्रीलिंग अप् शब्दका है। 'अप्' शब्द भी सदा बहुवचन और स्त्रीलिंग होता है (वैद्य संस्कृतांगल कोष पृष्ठ ३५, पद्मचन्द्रकोश पृष्ठ ३०) ॥ 'आपः स्त्री' इत्यमरः ॥ 'तत्र आपः'

आम्रा वनं वरणा नगरमिति ॥ कारकव्यभिचारः सेना पर्वतमधिवसति ॥ साधनव्यभिचारः पुरुषव्यभिचारः

आम्राः ;। वनम् ;॥॥ =आम्रा (=आमके वृक्ष) बहुवचनको वनम् एकवचन (कहना और)
वरणाः ;। नगरम् ;॥॥ इति* =वरणा (प्राकार वा कोट) बहुवचनको नगर एकवचन ऐसे (कहना)
कारकव्यभिचारः ;। सेना ;। पर्वतम् ;। अधिवसतिT =कारक व्यभिचारः—जैसे सेना पर्वतको (=पर्वतमें वा पर्वत पर) बसे है
साधनव्यभिचारः ;। पुरुषव्यभिचारः ;। ="साधनव्यभिचार ताकूं पुरुषव्यभिचार भी कहिये" पं० जय० वचनिका पृष्ठ २०२

(=आप्स्) "स्त्रियाम् बहुत्वे च नित्यम्" नहीं 'आप्स्' शब्द स्त्रीलिंगमें और बहुवचन में सदैव आता है ॥ इस अप् शब्द का एकवचन और द्विवचन नहीं होते हैं इसकी सर्व विभक्तियां बहुवचन में ऐसे है कि आपः (=आप्स् प्रथमा विभक्ति); अपः (द्वितिया विभक्ति); अद्भिः (तृ०वि०); अद्भ्यः (च०वि०), अद्भ्यः (पं०वि०); अपाम् (ष०वि०); अप्सु (स०वि०) ॥

(१) कारक व्यभिचारका अन्य उदाहरण तत्वार्थ श्लोक वार्तिक पृष्ठ १७३ में इस प्रकार दिया है "तथा करोति क्रियते इति कारकयोः कर्तृकर्मणोर्भेदेऽप्यभिन्नमर्थत एवाद्रियते । स एव करोति किंचित् स एव क्रियते केनचिदिति प्रतीतेरिति तदपि न श्रेयः परीक्षायां । देवदत्तः कटं करोतीत्यत्रापि कर्तृकर्मणोर्देवदत्त कटयोरभेद प्रसंगात् ॥"

तथा* करोतिT क्रियतेT इति* कारकयोः ;॥। कर्तृकर्मणोः ;॥। भेदे"। अपि* अभिन्नम् ;॥॥ अर्थतः* एव* आद्रियतेT =और करोति (=करताहै) क्रियते (=किया जाताहै) ऐसे कर्ता और कर्म कारकोंमें =भेद होनेपर भी अभिन्न अर्थमें ही (व्याकरणों द्वारा) आदर किये जाते हैं
अर्थात् करोति कर्तामें प्रत्यय है और क्रियते यह कर्ममें प्रत्यय है इन कर्ता और कर्म कारकोंमें भेद है तौ भी व्याकरण वाले उनको एक मानकर कहतेहैं कि
सः ;।* एव* करोतिT किंचित्* सः एव* क्रियतेT केनचित्* इति =वो ही कुछ करता है और वो ही किसीसे (=केनचित्) किया जाता है ऐसी ॥
प्रतीतेः ;॥ इति* =क्योंकि (संसारमें) ऐसी प्रतीति है ॥ (इसलिये कर्ता कर्म दोनों एक ही हैं।
परस्पर एक दूसरेकी पर्याय हो सकते हैं ऐसे कारक दोष आता रहता है)

तत् ;॥॥ अपि* न* श्रेयम् ;॥॥ परीक्षायाम् ;॥ =तौ भी परीक्षा करने पर (यह) श्रेयु नहींहै । (यदि कर्त्ता कर्मका अभेद माने तो)
देवदत्तः ;। कटं ;। करोतिT इति* अत्र* अपि* ='देवदत्तः कटं करोति' देवदत्त चटाई बनाता है ऐसे यहाँ पर भी
कर्तृ-कर्मणोः ;॥॥ देवदत्त कटयोः ;। अभेद-प्रसंगात् ;। =कर्ता देवदत्त और कर्म चटाई में अभेदता वा एकत्वका संयोग आता है
(अतः कर्ता कर्मको एक मानकर कारक दोषको दूर करना बाधित और अयुक्त है)

(१) इस टिप्पणीसे हमको यह बात सिद्ध करनी है कि साधन व्यभिचारको और पुरुष व्यभिचारको एक ही माना है और तत्वार्थ राजवार्तिक

तथा तत्त्वार्थ श्लोक वार्तिक के कर्त्ताओं का मत पूज्यपाद स्वामीसे मिलता है न कि साधन व्यभिचार को कारक व्यभिचार माना है जैसाकि औरोंका भ्रम है ॥ इस सर्वार्थसिद्धिवृत्तिके दो संस्करण मुद्रित हुये हैं प्रथम आवृत्तिमें छापे की इतनी अशुद्धियां हैं कि दो बार शुद्धाशुद्धि पत्र देने पर भी बहुतसी अशुद्धियां रह गई हैं जिनको हमने शुद्ध करके अनुवाद शब्दशः किया है और स्थान स्थान पर उनका उल्लेख भी किया है ॥ दोनों आवृत्तियों का क्रमसे पाठ ऐसे हैं कि "संख्याव्यभिचारः—जलमापो वर्षा ऋतुराम्रा वनमिति ॥ वरणा नगरं साधन व्यभिचारः ॥ कारक व्यभिचारः—सेना पर्वतमधिवसति ॥ पुरुष व्यभिचारः—एहि·····" इत्यादि पृष्ठ १३८ ॥ "संख्याव्यभिचारः—जलमापो वर्षा ऋतुराम्रा वन वरणा नगरमिति ॥ साधन व्यभिचारः— (कारक व्यभिचारः) सेना पर्वतमधिवसति ॥ पुरुष व्यभिचारः—एहि मन्ये रथेन यास्यसि, न हि यास्यसि, यातस्ते पितेति" ॥ उपर्युक्त दोनों पाठों की तुलना करने से ज्ञात होताहै कि प्रथम संस्करणमें "वनमिति ॥ वरणा नगरं" अशुद्ध था उसको द्वितीय संस्करणमें "वनं वरणा नगरमिति" करके इतना पाठ शुद्ध कर दिया। परंतु पश्चात् 'साधन व्यभिचार' वाक्य लिख कर "(कारक व्यभिचारः)" उसके निकट कोष्टकमें कर दिया, यह ठीक नहीं किया, 'सेना पर्वतमधिवसति' वचनके पश्चात् और "पुरुष व्यभिचारः" के प्रथम "साधन व्यभिचारः" लिखना ठीक होता जैसा कि हमने वृत्तिका पाठ पृष्ठ ५१८में लिखा है। क्योंकि ( ) पं० जयचंद्रजीने वचनिका पृष्ठ २०३ में यह उल्लेख किया है "बहुरि साधन व्यभिचार ताकूं पुरुष व्यभिचार भी कहिये—एहि मन्ये रथेन यास्यसि। नहि यास्यसि न यातस्ते पिता" ऐसा ही लेख हस्त लिखित वचनिका में है ॥ दूसरा हेतु यहहै कि 'साधन'का अर्थ तत्त्वार्थ राजवार्तिकके तथा तत्त्वार्थ श्लोकवार्तिक के कर्त्ताओंने अस्मद्-युष्मद्, प्रथम पुरुष, मध्यम पुरुष और उत्तम पुरुष ऐसा लिया है और 'अन्य' वैयाकरणों ने 'साधन" का अर्थ करण कारक या तृतीया विभक्ति लिया है (देखो वैद्यकोश पृष्ठ ७७१ पद्म० कोश पृष्ठ ४१९) और कारक छह (कर्ता-कर्म-करण-संप्रदान-अपादान-अधिकरण) है इसलिये साधन कारक व्यभिचार, करण कारक व्यभिचार हो सकते हैं। परंतु 'सेना पर्वतमधिवसति" (=सेना पर्वत को बसती है) इस उदाहरण में साधन कारक व्यभिचार नहीं है वरन अधिकरण कारक के स्थानमें कर्म कारक है ऐसा व्यभिचार है अर्थात् जहां छठा कारक (अधिकरण कारक) का प्रयोग होना था वहां द्वितीय कारक वा कर्मकारक का प्रयोग किया है सायार्थ ऐसा है कि "सेना पर्वतेऽधिवसति" (=सेना पर्वतमें बसती है के स्थान में "सेना पर्वतमधिवसति" ऐसा है ॥ यदि करण कारक व्यभिचार वा साधन कारक व्यभिचार का उपर्युक्त उदाहरण होता तो हम एक प्रकार से इस बात को मान लेते कि "साधन व्यभिचारः—(कारक व्यभिचारः)" एक है क्योंकि साधन व्यभिचार कारक व्यभिचारोंमें से एक है इस अवस्था में

और मध्यम पुरुष के स्थान में उत्तम पुरुष लाना, अस्मद् (=मैं) के स्थान में युष्मद् लाना और युष्मद् (=तू) के स्थानमें अस्मद् लाना (जैसा कि नीचे के दृष्टान्तसे ज्ञात हैं ।

साधनकारकव्यभिचारः—(साधनकारकव्यभिचार) ये दोनों वाक्य, वाक्यशेष पूरा कर देने से अर्थात् साधन व्यभिचारमें कारक शब्द जोड़ने से और कारक व्यभिचारमें साधन शब्द लगानेसे एक होजाते हैं ॥ परंतु उक्त उदाहरण (सेनापर्वत मधिवसति)में तो साधनकारक व्यभिचारका कुछ भी अंश नहीं है ॥ हमारी समझमें साधनकारक व्यभिचारके दो अर्थ हैं ( ) साधन (तृतीया करण) कारक द्वारा जो दोष उत्पन्न हो सो साधन व्यभिचार है अर्थात् अन्य कारकका प्रयोग होना ठीक होता उसके स्थानमें करण कारक (=तृतीया विभक्तिका) प्रयोग पाया जाना । ( ) साधन कारकमें (क) दोष अर्थात् करण कारक (=तृतीया विभक्ति) के स्थानमें अन्य कारकका प्रयोग पाया जाना सो साधनकारक व्यभिचार या करण कारक व्यभिचार हो सकता है ॥ इसलिए हमारी समझमें संस्था द्वारा प्रकाशित तत्त्वार्थराजवार्तिकके अनुवाद पृष्ठ ६७८ के नीचे जो निम्न टिप्पणी दी है वह असावधानीसे लिखी है "१ सर्वार्थसिद्धिमें साधनव्यभिचारः (कारकव्यभिचारः) सेनापर्वतमधिवसति । पुरुषव्यभिचारः एहि मन्ये रथेन यास्यसि नहि यास्यसि यातस्ते पिता, अर्थात् साधनका अर्थ कारक माना है और साधन व्यभिचार सेना पर्वत में रहती है यह उदाहरण दिया है । पुरुषव्यभिचार एक भिन्न व्यभिचार माना है और उसका एहि 'मन्ये रथेनेत्यादि उदाहरण दिया है" ॥

सर्वार्थसिद्धिवृत्ति, तत्त्वार्थ राजवार्तिक, तत्त्वार्थ श्लोकवार्तिक, जयचंदजी कृत वचनिका और अर्थ प्रकाशिका में जिस क्रमसे उक्त व्यभिचारोंके नाम दिये हैं उसी क्रमसे उनकी भिन्न भिन्न व्याख्या की है और क्रमानुसार ही उदाहरण दिये हैं इससे यह बात झलकती है कि "कारकव्यभिचारः सेनापर्वतमधिवसति ॥" इस वाक्यका स्थान "एहि मन्ये रथेन यास्यसि न हि यास्यसि यातस्ते पितेति" के पश्चात् होना चाहिये और "कालव्यभिचारः" इत्यादि वाक्यके पहिले होना चाहिये अर्थात् "कारक व्यभिचारः—सेना पर्वतमधिवसति । साधनव्यभिचारः, पुरुषव्यभिचारः—एहि मन्ये रथेन यास्यसि न हि यास्यसि यातस्ते पितेति ॥ कालव्यभिचारः" इतने लेखके स्थानमें "कारकव्यभिचारः— सेना पर्वतमधिवसति" इस इतने लेखके स्थानको परिवर्तन करते हुये ऐसा पाठ होना चाहिये "साधन व्यभिचारः पुरुषव्यभिचार—एहि मन्ये रथेन यास्यसि न हि यास्यसि यातस्ते पितेति ॥ कारकव्यभिचारः— सेना पर्वतमधिवसति ॥ कालव्यभिचारः इत्यादि" क्योंकि सर्वार्थसिद्धिमें "लिङ्गसंख्यासाधनादिव्यभिचार निवृत्तिपरः" ऐसी परिभाषा 'शब्दनय' की दी है । इसके 'आदि' शब्दमें कारकव्यभिचार कालव्यभिचार और उपग्रह व्यभिचार गर्भित हैं ।

उक्त शब्दनय की परिभाषा के क्रमानुकूल प्रथम लिंगव्यभिचार को उदाहरण सहित कहा, पश्चात् संख्याव्यभिचार को दृष्टान्त सहित कहा तत्पश्चात् साधनव्यभिचार क्रमानुकूल अवश्य ही कहना चाहिये। यह बात कितनी क्रम विरुद्ध है कि लिंगव्यभिचार और संख्याव्यभिचार को कहकर और साधनव्यभिचार को छोड़ कर "आदि" शब्द में अन्तर्गत व्यभिचारोंमेंसे कारकव्यभिचार को ग्रहण करना, पश्चात् "आदि" शब्द में अन्तर्गत कालव्यभिचार और उपग्रहव्यभिचार को भी छोड़ कर फिर साधनव्यभिचार का कथन आरम्भ कर देना। "आदि" शब्द में अन्तर्गत व्यभिचारों को स्पष्ट कहे हुये व्यभिचारों से पीछे ही कहना पड़ता है क्योंकि संभव है कि आदि शब्द में कारक व्यभिचार कालव्यभिचार और उपग्रहव्यभिचार के अतिरिक्त अन्य अन्य व्यभिचार भी संमिलित हों जैसा कि तत्त्वार्थ राजवार्तिक पृष्ठ ६७, ६८ में "आदि" शब्द करि कालव्यभिचार और उपग्रहव्यभिचार को लेते हुए "एवमादयोः व्यभिचारा अयुक्ताः" (=ऐसे काल उपग्रह आदिक व्यभिचार अयुक्त हैं) कथन किया है। ( ) उपर्युक्त वार्तिक के पृष्ठ ६७, ६८ में लिंगसंख्या साधनादि" वाक्य के पीछे क्रमसे लिंगव्यभिचार, संख्याव्यभिचार, साधनव्यभिचार का कथन दृष्टान्तों सहित किया है और "आदि" शब्द में कालव्यभिचार और उपग्रहव्यभिचार को उदाहरणों सहित निर्देश कर प्रकट किया है कि ऐसे 'आदि' शब्द में और और व्यभिचार भी हैं वे सर्व अयुक्त हैं। तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक पृष्ठ २७२, २७३ में "कालकारक लिंगसंख्यासाधनोपग्रहभेदाद्भिन्नमर्थं शपतीति शब्दो नयः" यह वाक्य देकर इसही क्रम से शब्द नय की अपेक्षा से इन सबका कथन उदाहरणों और तर्क वितर्क सहित दिया है। यही क्रम तत्त्वार्थराजवार्तिक के दोनों अनुवादकों ने ग्रहण किया है॥ पं० गजाधरजी ने २७२, २७३ उक्त पृष्ठों का अनुवाद दिया है उसमें भी यही क्रम रक्खा है (देखो पृष्ठ ४८३ से ४८८ तक)॥ पं० जयचन्द जी ने वचनिका पृष्ठ २०२ से २०५ तक में लिंगव्यभिचार, संख्याव्यभिचार, "साधनव्यभिचार जाकूं पुरुष व्यभिचार भी कहिये "कालव्यभिचार, उपग्रहव्यभिचार कारक व्यभिचार इस क्रम से उक्त व्यभिचार देकर उनकी व्याख्या उदाहरणों सहित अनुक्रम से की है॥ पं० सदासुख जी ने अर्थ प्रकाशिका पृष्ठ ८४, ८५ में पं० जयचन्द जी के सदृश उक्त व्यभिचारों का उदाहरण सहित उल्लेख किया है परन्तु उनने कारकव्यभिचारका कथन छोड़दिया है। पृष्ठ ४८० से पं० पन्नालाल न्यायदिवाकर लिंग संख्या के व्यभिचारों के पीछे 'साधनव्यभिचार जाकूं पुरुषव्यभिचार भी कहिये इसका कथन करते हैं फिर कालव्यभिचार इत्यादिका। हमने पाठ तो सर्वार्थसिद्धिवृत्तिका शुद्ध कर दिया है परन्तु कारकव्यभिचार को संख्याव्यभिचार और साधनव्यभिचार के (=पुरुष व्यभिचार के) मध्य में ही रक्खा है क्योंकि हमारे निकट कोई ऐसी प्राचीन प्रति नहीं है जिसके आधार पर हम 'कारकव्यभिचार' को 'साधन व्यभिचार (=पुरुष व्यभिचार) के पश्चात् रक्खें॥ विचार में आया वही लिखा आगे पाठक महोदय भूल चूक सम्हार लेवें॥

[२]एहि मन्ये रथेन यास्यसि, न हि यास्यसि, यातस्ते पितेति[१] ॥

एहि T मन्ये T रथेन ‖ यास्यसि T = (तू) आउ, (मैं) मानता हूं वा समझता हूं, (तू) रथ (चढ़) करि जायगा, (सो)
न*हि * यास्यसि T यातः ‖ ते ‖ पिता ‖ इति = (तू) नहीं जायगा, इस प्रकार (=इति) तेरा पिता (चला) गया ॥

(सभ्य शब्दों में उक्त वाक्य का अनुवाद ऐसे होगा कि) तुम आओ मैं मानता हूं वा समझता हूं तुम रथ चढ़ करि जावोगे सो नहीं जावोगे, इस प्रकार (तो) तुम्हारे पिता चले गये ॥ उपर्युक्त संस्कृतवाक्य में और तदानुसार शब्दार्थ हिंदी अनुवाद में भी 'एमि' उत्तम पुरुष एक वचन के स्थान में "एहि" मध्यम पुरुष एकवचन लाया गया है। "मन्यसे" मध्यम पुरुष एक वचन के स्थान में "मन्ये" उत्तम पुरुष एकवचन लाया गया है और "यास्यामि" उत्तम पुरुष एकवचन के स्थान में "यास्यसि" मध्यम पुरुष एकवचन लाया गया है ॥ (मैं) के स्थान में "तू" और "तू" के स्थान में "मैं" फिर 'मैं' के स्थान में 'तू' लाया गया है हिन्दी अनुवाद में इन तीनों को मिलाके ऐसे साधन वा पुरुष व्यभिचार हुआ।

(१) इस वाक्य का पाठ सर्वार्थसिद्धि की दोनों आवृत्तियों में, तत्त्वार्थराजवार्तिक तथा राजवार्तिक दोनों अनुवादों में एकसा है ॥ श्लो क-वार्तिक में एक 'स' अधिक है और 'पितेति' वाक्य की संधि नहीं की 'पिता इति' ऐसे रूप में है अर्थात् "एहि मन्ये रथेन यास्यसि न हि यास्यसि स यातस्ते पिता इति" ऐसा पाठ है ॥ पं० जयचन्द जी की वचनिकामें "न" अधिक है और 'इति' नहीं है, अर्थात् "एहि मन्ये रथेन यास्यसि, नहि यास्यसि, न यातस्ते पिता" है ॥

(२) "एहि" अदादि द्वितीय गण के इ धा ई गमन अर्थवाली धातु से लोट लकार वा आज्ञाद्योतक क्रिया के मध्यम पुरुषका एकवचन रूप है इसका अर्थ "एहि कहिये तू आउ" (=तू आउ) पद्मा० दूनीवाले पृष्ठ २६५ "एहि त्वमागच्छ" (=तू आउ) सर्वार्थ प्र० स्वकरण पृ० १३८ टिप्पणी, द्वितीय आवृत्ति पृ० ८० टिप्पणी ॥ "एहि मन्ये रथेन यास्यसि न हि यास्यसि यातस्ते पिता । अर्थात् आओ मैं ऐसा समझता हूं कि तुम रथसे आओगे परन्तु अब न जाओगे तुम्हारा पिता चलागया। इस वाक्य के शब्दोंका अर्थ तो यह होता है। पं०गजाधरलालजी अनूदित तत्त्वार्थराजवार्तिक पृ० ४७८ ॥अब हमको यह बात निश्चय करनाहै कि "एहि"वाक्य का अर्थ कौनसा ठीक है अर्थात् 'तू आउ' अथवा तू 'जाओ'॥

( ) इ भ्वादि प्रथम गण परस्मैपद और आत्मने पद का धातु 'जाना' अर्थ में आता है ॥ इ की गुणसंज्ञा अ है अ विकरण जोड़कर = अय् + अ बनता है पश्चात् ति-ते अन्य पुरुष, एकवचन, वर्तमान कालके परस्मैपद वा आत्मनेपदका प्रत्यय क्रमसे लगाकर अयति, अयते = जाता है वह ।

( ) इ और ई भ्वादि प्रथम, अदादि द्वितीय, दिवादि चतुर्थ गणों में भिन्न भिन्न अर्थ लिये हुये आते हैं उन सबों को छोड़ कर यहां पर इ-ई अदादिगण के जाना वा गमन अर्थ में आये हैं (वैद्यकोश १५,१७ पृ०)अङ्ग के अन्त का स्वर और अङ्ग के उपांतकहस्व स्वरके पितलंबक्

हिंदी अनुवाद में यदि उक्त पुरुष दूषण हम दूर करदें तो भी हंसीका प्रसंग बना रहैगा जैसे मैं जाताहूं तू समझता है "मैंरथ चढ़ करि जाऊंगा" तू रथ चढ़ करि नहीं जावेगा, तेरा बाप (दादा भी कभी) ऐसे गया है ? भावार्थ जो महत्व का कार्य तेरे बाप दादा से नहीं हुआ है तुझ से कैसे हो सकता है कदापि नहीं हो सक्ता है ॥ परन्तु संस्कृत में यदि इस शब्द नयके अनुकूल पुरुष दूषण दूर कर के "एमि मन्यसे रथेन यास्यामि नहि यास्यसि यातस्ते पितेति" करदें तो मज़ास जाता रहेगा और सीधा साधारण संस्कृत वाक्य का यह अर्थ हो जावेगा ॥ जैसे किसी बहुत बूढ़े मनुष्य को कोई बच्चा मिला और दोनों को किसी बरात में जाना है तो उक्त वृद्ध पुरुष कहता है। (बच्चे तू मेरे साथ चलता है तो चल) 'मैं (तो) जाता हूं तू समझता है 'मैं रथ चढ़ करि जाऊंगा' (सो अब) तू (रथ चढ़ करि) नहीं जावेगा। (क्योंकि तू तो अभी ग्राम से आया है, घर भी नहीं पहुंचा है इससे तुझको जानकारी नहीं है कि जो रथ वस्तुतः तेरे घरमें था उस पर तो) तेरा पिता (चढ़ कर बरात को)

(मि-सि ति। अम्-स्-त्। आनि-आव-आम-तु परस्मैपदी और ऐ-आवहै-आम है। आत्मनेपदी) प्रत्यय के पहिले गुण संज्ञक आदेश हो जाता है परन्तु शेष ङित् संज्ञक प्रत्यय वस्-वस्-तस्.....हि-तम्-ताम्-त-अन्तु इत्यादि के पहिले गुण संज्ञा नहीं होती (धातुचन्द्रिका पृष्ठ७२)इसलिये इ—ई धातुओं का मि,पित् संज्ञक प्रत्यय के पहिले गुण संज्ञा होकर ए—ऐ ऐसा रूप बना। अदादि द्वितीय गण के धातु के साथ कोई विकरण नहीं लगता है इसलिये पुरुषगत प्रत्यय धातुओं के साथ तत्क्षण लगाये जाते हैं॥ एमि—इ धातु का और एमि (ही) ई धातु का उत्तम पुरुष एक वचन, परस्मैपद, वर्तमान काल का क्रिया का रूप हुआ, जिस 'एमि' का अर्थ है (मैं) जाता हूं क्योंकि जब हम एहि के स्थान में एमि करेंगे तब यह अर्थ काम देगा ॥ हि प्रत्यय ङित् संज्ञक है और वह मध्यम पुरुष एक वचन परस्मैपद, लोट वा आज्ञा द्योतक क्रिया का है इसके पहिले अङ्ग के अंत के स्वर और अङ्ग के उपान्तक ह्रस्व स्वर का गुण संज्ञक आदेश नहीं होता है इसलिये इ+हि, ई+हि=इहि=तू आउ, ई+हि=तू आउ रूप बने और अर्थ हुआ ॥ (देखो धातु चन्द्रिका पृष्ठ ७६) ॥ अब प्रश्न यह है कि इन इहि-ईहि रूपों का एहि कैसे बना और क्या अर्थ होगा ॥ आङ् उपसर्ग के कई अर्थ होते हुये जब आङ् (=आ) उन क्रियाओं के पहिले आता है जो हलन-चलन-ग्रहण करने इत्यादि अर्थों की द्योतक होती हैं तो उनका अर्थ विपरीति हो जाता है जैसे गम्=जाना, आगम्=आना ॥ इसी प्रकार आ+इ, आ+ई का आद्गुणः सू० (६-१-८७) से ए-ए रूप बने क्योंकि इ-ई की गुण संज्ञा ए है इसमें उपर्युक्त ही प्रत्यय लगाने से एहि-एहि रूप बने। इसलिये 'तू आउ' यह अर्थ हुआ। इससे हमने अनुवाद में तू जाओ अर्थ न लिखकर एहि का अर्थ तू आउ अथवा तुम आओ ऐसा किया है ॥

चला गया है ॥ श्रीयुत श्रीचन्द्र अनुवादित अष्टाध्यायी पृष्ठ २११ देखो ॥ "एहि मन्ये (१) रथेन यास्यसि, न हि यास्यसि, यातस्ते पितेति" ॥ यह संस्कृत वाक्य हंसी में कहा गया है ॥ वह व्याकरण और व्यवहार नय दोनों के अनुकूल शुद्ध है और लोक व्यवहार में ऐसा प्रयोग होता है और वह ठीक समझा जाता है परन्तु शब्द नय की प्रधानता से उक्त संस्कृत वाक्य का प्रयोग ठीक नहीं है, अयुक्त है दूषित है व्यवहारनय और व्याकरण से वह भले ही ठीक हो। यहां पर तो शब्द नय का प्रकरण है इस से हम उसको दूषित मानते हैं।

(१) हमको इस टिप्पणी में इस बात को सिद्ध करना है कि पाणिनीयकृत अष्टाध्यायी और जैनेन्द्र व्याकरण के भी अनुसार और व्यवहार नय से भी "एहि मन्ये रथेन यास्यसि, न हि यास्यसि, यातस्ते पितेति" यह वाक्य ठीक है और यदि शब्द नय के अनुकूल "मन्ये" उत्तम पुरुष के स्थान में 'मन्यसे' मध्यम पुरुष कर दिया जावै और 'यास्यसि' मध्यम पुरुष के स्थान में 'यास्यामि' उत्तम पुरुष करदिया जावै तो उक्त वाक्य का सीधा सादा साधारण अर्थ होजावैगा और उपहास वा परिहास का प्रसंग जाता रहैगा, परन्तु शब्द नय से जिसको हम यहां पर प्रधान मानते हैं उक्त वाक्य ठीक नहीं है व्याकरण और व्यवहार नय कुछ भी सिद्ध क्यों न करता हो॥ प्रथम हम अष्टाध्यायी के सूत्र का उल्लेख करते हैं। "प्रहासे च मन्योपपदे मन्यते रुत्तमः एकवच्च" ३।४।१०६ ॥ =प्रहासे ३। च*मन्य--उपपदे ३॥ धातोः ५। (सूत्र ८० से लिया है) मध्यमः १। (१०५ वां सूत्र से लिया है) (मन्यसि की) मन्यतेः ५ उत्तमः १। एकवत्* च* ॥

प्रहासे ३। च *	= और (= च) प्रहास वा हंसी (अर्थ) में अर्थात् जब किसी क्रिया के सम्बन्ध में किसी से प्रहास करने का अभिप्राय हो।
मन्योपपदे ३। धातो ५। मध्यमः १।	= मन्य--उपपद (मन्य धातु जिसके साथ हो ऐसे) धातु से (= धातोः = ऐसी धातु के पीछे) मध्यम पुरुष हो अर्थात् जिस धातु के साथ में मन्य (धातु) उपपद रूप में आई हो तो वह प्रकृतिभूत वा विषयभूत धातु अथवा वह क्रियाद्योतक धातु मध्यम पुरुष में लाई जाती है।
मन्यतेः ५ उत्तमः १	= और मन्य धातु से (=मन्यतेः--यह मन्यति की पंचमी अपादान विभक्ति एकवचन है) उत्तम पुरुष हो।
एकवत्* च*	= वह एकवचन भी (=च) हो ॥ सारांश यह है कि जब किसी प्राणी से किसी क्रिया जैसे खाना जाना चले जानादत्यादि के सम्बन्धमें हंसी करना हो और मन्य धातु उक्त विषयभूत क्रियाके पास आवै, वा पहिले आवै अथवा प्रथम बोला जाय तो इस क्रिया के पीछे मध्यम पुरुष का प्रत्यय लाया जायगा, और उक्तमन्य

धातु के पश्चात् प्रथम पुरुष का प्रत्यय लाया जायगा, वह प्रत्यय एक वचन भी (=च) होगा ॥ जैसेः— "एवं मन्ये ओदनं भोक्ष्यसे इति, नहि भोक्ष्यसे, भुक्तः सोऽतिथिभिः" इस वाक्यमें 'भुज्' धातु है जिसका अर्थ 'भक्षण करना' है इस 'खाना' क्रिया के संबन्ध में किसी प्राणीसे परिहास वा हंसी करना है और उक्त वाक्य में मन्य (मन्=समझना, दिवादिगणका य विकरण है) धातु विषयभूत वा प्रकरणमें लाई गई 'भुज्' धातुसे पहिले आई है, प्रथम बोली गई है, इसलिये इस 'भुज्' धातु के पश्चात् स्यसे (=भुज्+स्यसे=भोक्+स्यसे=भोक्+ष्यसे=भोक्ष्यसे) मध्यम पुरुषका प्रत्यय लाया गया है और 'मन्य' धातु जो वाक्यका उपपद (=अप्रधान, गौण, अनुषङ्गी) है उसके पीछे इ (=मन्+य, विकरण+इ=मन्ये) उत्तम पुरुष एक वचन प्रत्यय लाया गया है। बस यही इस सूत्रका ज्योंका त्यों अर्थ और आशय है ॥ अब इसमें प्रहास यह हुआ मान लीजिये कि एक वृद्ध पुरुष के यहां भात अल्प भी नहीं बना है और एक न्यून व्यवस्क की भात खाने की बहुतही इच्छा है परस्पर उनमें उपहास भी होता रहता है तो वह बुड्ढा पुरुष हंसी में कहता है तू ऐसा समझता है "मैं भात खाऊंगा" तू नहीं खायगा, वह भात तो महमानों द्वारा खा लिया गया" यहां भात खीर इत्यादि कुछ भी विद्यमान नहीं है न था केवल प्रहास और उपहास ही है ॥ ध्यान रहै कि यह हंसीरूप अर्थ जब तक ही संस्कृत वाक्य का रहैगा तब तक हम शब्दनयके प्रतिकूल 'मन्ये' धातुमें मध्यम पुरुष के स्थानमें जो उत्तम पुरुष है और भोक्ष्यसे उत्तम पुरुषके स्थान में मध्यम पुरुष है बना रहने दें यदि शब्दनयके अनुसार हम उक्त उदाहरण को ऐसा करदें एवं मन्यसे ओदनं भोक्ष्ये इति, नहि भोक्ष्यसे, भुक्तः सोऽतिथिभिः अर्थात् मन्ये उत्तम पुरुषके स्थान में मन्यसे मध्यम पुरुष करदें और भोक्ष्यसे मध्यम पुरुष के स्थान में भोक्ष्ये उत्तम पुरुष करदें तो हंसीका विषय जाता रहैगा और उक्त वाक्यका साधा साधा साधारण अर्थ होजावैगा वह अर्थ यह होजावेगा कि उक्त उदाहरणमें जब उस पुरुषके यहां भात यथार्थमें हुआ था और महमान उस भातको सबका सब वास्तविकमें खागये तौ यह सच्ची बात बिना किसी हंसीके कह सक्ता है कि ऐसा तू मानता है 'मैं भात खाऊंगा; नहीं खायगा, वह (भात तौ) महमान खागये ॥ उक्त सूत्र अन्य प्रकारसे ऐसे भी है "प्रहासे मन्य वाचि युष्मन्मन्यतेरस्मदेकवच्च" अर्थात् प्रहास (अर्थ) में मन्यवाच (मन्य धातु जिसके वाचन वा पठनमें हो ऐसे) धातुसे युष्मद् (मध्यम पुरुष) हो और मन्य धातुसे अस्मद् (उत्तम पुरुष) हो और वह (अस्मद्) एक वचन भी हो ॥

कालव्यभिचारः—विश्वदृश्वाऽस्य पुत्रो जनिता । भाविकृत्यमासीदिति ॥

कालव्यभिचारः ;। विश्वदृश्वा ;।	=कालव्यभिचार (जैसे) समस्त लोक को जिसने देखलिया है वा जान लिया है ऐसा
पुत्रः ;। अस्य ;। जनिताT	=पुत्र इसके उत्पन्न होगा (=जनिता) अर्थात यहां समस्त ब्रह्मांडका देख लैना भविष्यत् कालका कार्य है उसका भूतकालमें होना मान लिया गया है अतः यहां भविष्यत्काल में होनेवाले कार्यके स्थानमें भूतकालमें हुआ कार्य कहदैना कालव्यभिचार है ॥
भावि-कृत्यम् ;।।। आसीतT इति*	=होनहार (=भाविन्) कार्य (कृत्यम्) हुआ ऐसे यहां होनहार कार्य इतनावाक्य आगामी कालका वाचक है और आसीत (=हुआ) यह वाक्य अतीतकालका वाचक है इसलिये यहां अनागत कालमें वा आगे होनेवाले कालमें भूतकालकी (प्रकाशक) विभक्ति वा क्रियाका प्रत्यय लगाया है (=भविष्यत्कालेऽतीतकालविभक्तिः) ॥

क्योंकि संसारमें हम उक्त प्रहासका वाक्यों द्वारा प्रचार वा व्यवहार देखते हैं इसलिये व्यवहारनयसे भी 'एहि मन्ये रथेन' इत्यादि वाक्य ठीक है। अब हम शब्दनयकी प्रधानता मानकर और व्यवहारको गौण करके यह दिखाना चाहते हैं कि यदि युष्मद् मध्यम पुरुषके स्थानमें अस्मद् उत्तम पुरुष करदिया जावै और अस्मद् उत्तम पुरुषके स्थानमें युष्मद् मध्यम पुरुष करदिया जावै तौ वह शब्दनयसे ठीक न होगा क्योंकि साधनका भेद रहते भी पदार्थोंको एक माना जावेगा तो 'अहं पचामि त्वं पचसि' (मैं रांधता हूं, तू रांधता है) यहांपर भी युष्मद् अस्मद् रूप साधनोंका भेद है इसलिये यहांपर भी एक मानना पड़ैगा फिर भिन्न भिन्न रूपसे जो दो प्रयोग होते हैं वे न हो सकैंगे अतः साधन व्यभिचारके दूर करनेके लिये जो वैयाकरणोंने समाधान दिया है वह अयुक्त है ॥ (देखो तत्त्वार्थ श्लोक वार्तिक पृष्ठ ७३)

(१) इस वाक्यमें विश्वदृश्वा जो पुत्रका विशेषण है इसके द्वारा भूतकाल प्रगट किया है और द्वितीय वाक्यमें आसीत्, अनद्यतनभूत क्रिया द्वारा अतीतकाल प्रगट किया है ॥ दृश्वा शब्द दृश्वन्का प्रथमा विभक्ति एक वचन पुल्लिंग है ॥

(२)जनिता—जन्=उत्पन्न होना, दिवादिगण, आत्मनेपदी, अकर्मक, सेट् धातु है; जन+इ और ता लुट् भविष्यत् काल प्रथम पुरुष, एक वचन आत्मनेपदी क्रियाका प्रत्यय लगानेसे 'जनिता' (=उत्पन्न होगा) यह बना ॥ (३) आसीत्—अस् अदादि द्वितीयगण, अकर्मक, परस्मैपदी, सेट् धातु 'होना' अर्थ में यहां आया है अनद्यतनभूत कालकी क्रियामें 'अ' जोड़ा 'ई' आगम आया, फिर 'त्' प्रथम पुरुष, एक वचन, उक्त भूतकालका परस्मैपद प्रत्यय लगाने से (अ+अस्+ई+त्)=आसीत् (=हुआ) बना ॥

एटानिवासी जगरूपसहाय वकीलकृत पदच्छेद और विभक्त्यर्थ सहित सर्वार्थसिद्धिका शब्दशः हिंदी अनुवाद । अध्याय १ सूत्र ३३

काल व्यभिचारके दोनों उदाहरण व्याकरण और व्यवहारनय से ठीकहैं परंतु शब्दनयसे दूषित हैं जैसाकि तत्त्वार्थ श्लोक

ये ।। हि* वैयाकरणाः व्यवहारनय-अनुरोधेन ।।। = ये व्याकरणवाले व्यवहारनयके अनुसरणमें (पाणिनीय अष्टाध्यायी ३-४-१)

"धातुसंबन्धे ।। प्रत्ययाः ।।" इति सूत्रम् ।।। आरभ्य÷ = ऐसे सूत्रको कि "धात्वर्थ संबन्ध में अयथाकालोक्त भी प्रत्यय हो" आरम्भकरि अर्थात् धात्वर्थ संबन्धी प्रत्यय जिस कालमें कहे गये हैं उनसे भिन्न कालमें भी होते हैं ऐसे अर्थवाले सूत्रका निर्माण कर

विश्वदृश्वाअस्य ।। पुत्रः ।। जनिता T भाविकृत्यम् ।।। आसीत् T = विश्वको जिसने देख लिया है ऐसा इसके पुत्र उत्पन्न होगा; होनहार कार्य हुआ

इति अत्र कालभेदे ।। अपि एकपदार्थम् ।। आदृताः ।। यो ।। विश्वं ।। = इस प्रकार यहां काल भेद (होने) पर भी एक पदार्थ को मानतेहैं । जो विश्व को

दृश्यति T सः ।। अपि पुत्रः ।। जनिता T इति भविष्यत्कालेन = देखेगा सो ही (=अपि) पुत्र उत्पन्न होगा ऐसा अनागत कालकरि

अतीतकालस्य ।। अभेदः ।। अभिमतः ।। तथा* = अतीत कालका अभेद माना गया है और (=तथा)

व्यवहार-दर्शनात् ।।। इति* = लोक व्यवहारमें ऐसा देखना होता है अर्थात् संसारमें ऐसा देखा जाता है भावार्थ धात्वार्थ संबन्धी प्रत्यय जिस कालमें कहे गये हैं उनसे भिन्न कालमें भी होते हैं

ऐसे अर्थवाले सूत्रका निर्माण कर 'विश्वदृश्वास्य पुत्रो जनिता, भाविकृत्यमासीत्' यहां पर जो भविष्यत् कालके कार्य को भूतकालमें मानने से कालका भेद रहने पर भी भविष्यत् और अतीतकाल को वैयाकरण एक मानते है और दोनों कालोंके अभेद मानने में यह हेतु देते हैं कि संसार में वैसा व्यवहार होता है । (परंतु)

तत् ।।। न* श्रेयम् ।।। (तन्न श्रेयः) = वह (व्यवहाराधीन भविष्यत् और अतीतकालोंका अभेदरूप सिद्धांत) अच्छा नहीं है

(पाठान्तरम्-तत्र* यः ।।) = [अन्य पाठ-तहां जो (व्यवहाराधीन भविष्यत् और अतीतकालोंका अभेदरूप सिद्धांतहै सो]

परीक्षायां ।।। मूलक्षतेः ।।। कालभेदे ।। अपि अर्थस्य ।। = परीक्षा (करने)से जड़से जाता रहता है । क्योंकि कालभेद रहने पर भी (भिन्न २) पदार्थका

अभेदे ।। अति प्रसंगात् ।। = एक माननेमें नियमके अतिविरुद्ध होजाता है (=अतिप्रसंगात्-(देखो वैद्यकोश पृ० १०) कि

रावणशंखचक्रवर्तिनोः ।। आपः* = रावण और शंखचक्रवर्तीके भी (जो यथा संख्य और अनुक्रम से ।

अतीत-अनागतकालयोः ।। एकत्व-आपत्तेः ।।। = अतीत और भविष्यत् कालमें (हुआ और होने वाला है दोनोंमें) एकता आपड़ती है अर्थात् दोनोंमें एकता हुई जाती है अथवा दोनों एक हुए जाते हैं

वार्तिक के पृष्ठ २७२, २७३ से सिद्ध है जिसका शब्दशः अनुवाद हम टिप्पणी में देते हैं

आसीत् T रावणः १/१ । राजा १/१ । शंखचक्रवर्ती १/१ । भविष्यति T इति*	=(प्रश्न) रावण राजा हो चुका शंखचक्रवर्ती भविष्यत् कालमें होगा ऐसे
शब्दयोः ६/१ । भिन्नविषयत्वात् ५/१ ॥ एकार्थता १/१ ॥	=दोनों (रावण और शंख) शब्दोंके भिन्न भिन्न विषय होने से एक पदार्थपनासे
न* इति* चेत्*	=रहित (=न) हैं ऐसा ही (=इति) यदि (=चेत्) माने तो अर्थात् रावण और शंखको भिन्न २ मानना चाहिये एक मानना बाधित है ॥
तत् १/१ ॥ एव*	=(उत्तर) तैसेही (=तत् एव)
विश्वदृश्वा १/१ ॥ जनिता T इति*	=विश्वदृश्वा (जो होचुका) और जनिता (जो आगे होगा) ऐसे
अनयोः ६/२	=दोनों (शब्द जो एक दूसरे से भिन्न भिन्न हैं एकार्थतारूप - एक अभिप्राय वाले)
अपि* मा* भूत् T	=भी (=अपि) नहीं (=मा) हो (सके) ते (=भूत्)
विश्वं २/१ ॥ दृष्टवान् १/१ ।	=(विश्वदृश्वा वाक्यका अर्थ) विश्वको आगामी कालमें देखने वाला (=विश्वं दृष्टवान्)
इति* नहि*	=ऐसा (अर्थ) कदापि नहीं होसका है(=नहि)वा किसी प्रकारसे नहीं होसका है(=नहि)॥
विश्वदृशित्व १/१ =इति*शब्दस्य ६/१ । यः १/१ । अर्थः १/१ । अतीतकालस्य ६/१ ।	=विश्वदृशित्व ऐसे शब्दका जो अर्थ है सो अतीतकालका वाचक है
जनिता १/१ ॥ इति* शब्दस्य ६/१ । अनागतकालः १/१ ।	=जनिता ऐसे शब्दका (अर्थ) अनागत काल है (दोनों शब्दोंका भिन्न भिन्न अर्थ है)
पुत्रस्य ६/१ । भाविनः ६/१ । अतीतत्व-विरोधात् ५/१ ।	=अतः भविष्यत्कालका होनेवाला (=भाविनः) पुत्र अतीतकालमें हुआ (यह) विरोध है
अतीतकालस्य ६/१ । अपि* अनागतत्व-आव्यपरोपात् ५/१ ।	=(प्रश्न) भूतकालके भी भविष्यत्कालपना आरोप करनेसे (भविष्यत्कालमें होने वाला पुत्ररूप कार्य अतीतकालमें हुआ दोनोंके)
एकार्थता १/१ ॥ अभिप्रेता १/१ ॥ इति* चेत्*	=एक पदार्थपना है यदि (=चेत्) ऐसा मान लिया जाय (=अभिप्रेता) तो । (उत्तर)
तर्हि* न* परमार्थतः* कालभेदे ७/१ । अपि*	=उस (उपचार की) अवस्था में (=तर्हि) कालभेद रहने पर भी यथार्थतः (=परमार्थतः)
अभिन्न-अर्थ-व्यवस्था १/१ ॥	=एक पदार्थरूप (=अभिन्नार्थ) वा अभेदरूप व्यवस्था नहीं (मानी जा सकती) अर्थात् उपचारसे कालका अभेद मानकर भविष्यत् कालके कार्य को भूत कालका कार्य मान भी लिया जाय तब भी वह पदार्थ रूपसे एक नहीं माना जासका औपचारिक ही रहेगा।

?उपग्रह व्यभिचारः $\frac{1}{1}$	= उपग्रह दूषण अथवा उपसर्ग व्यभिचारः-(जैसे)
सन्तिष्ठते T	= संतिष्ठते (= वह अपनी प्रतिज्ञानुसार चलता है वा प्रतिज्ञा पर दृढ़ रहता है)
प्रतिष्ठते T	= प्रतिष्ठते (= वह चल देता है अथवा वह गमन करता है अर्थात् 'स्था'

(१) हमको इस टिप्पणी में यह दिखलाना है कि यहाँ पर 'उपग्रह' शब्द का अर्थ 'उपसर्ग' कैसे हुआ। उपग्रह शब्द के सात अर्थ हैं (क) कारागार, कारागृह, बन्धनागार, बन्दीगृह, बन्धनालय, (ख) बन्दीगृह में डालना (ग) बन्दीगृह में रहने वाला, बन्धुआ (घ) दया (ङ) धूमकेतुग्रह, राहुकेतुग्रह, (देखो पद्मबन्धकोश ७६, वैद्यकोश १३६ पृ०) (च) सहायता (छ) किसी वस्तु को किसी वस्तुके साथ जोड़ना वा लगाना (वैद्यकोश १३६ पृ०)उपग्रह शब्द इस अन्तके अर्थमें मेरी समझमें लिया गया है अर्थात यहाँ एक वस्तु जो उपसर्ग है उसको दूसरी वस्तु जो 'स्था' धातु है उसके साथ जोड़ना अथवा लगाना। क्योंकि निपातोंमेंसे प्र—परा—अप—सम्—अव—अनु—निस्—निर्—दुस्—दुर्—वि—आङ्—नि—अधि—अपि—अति—सु—उत्—अभि—प्रति—परि—उप बारह निपात उपसर्ग जब ही कहलाते हैं जब किसी क्रिया के साथ आवें नहीं तो इन निपातों को उपसर्ग कदापि नहीं कह सकते इसलिये इस समानता के हेतु से "उपग्रह" का अर्थ 'उपसर्ग' मान लिया है वा ले लिया है, यही अर्थ निम्न उल्लेखित वाक्योंसे निकला है, "सो उपग्रह कहिये उपसर्ग (व्यभिचार) है "पं० पन्नालाल दूनी वाले राजवार्तिक पृ० २६४॥ ऐसे उपसर्ग के चलते आत्मनेपदी धातु का परस्मैपद वचन भया। बहुरि परस्मैपदी का आत्मनेपदी भया। ऐसे उपग्रह व्यभिचार है" 'पं० जयचन्दजि० पृष्ठ २०४ "बहुरि आत्मनेपदीकूं परस्मैपद भया ऐसे ही उपसर्ग व्यभिचारकूं व्यवहारनय न्याय माने हैं तथापि शब्द नय का यही विषय है" अर्थ प्रकाशिका पृ० ८५ (भावार्थ दूसरे तीसरे वाक्य का यह है कि व्यवहार नय उपसर्ग व्यभिचार को न्याय मानती है परंतु शब्द नय उसको अन्याय ठहराता है परन्तु हमारी समझ में यह नहीं आया कि संस्थानुवादित राजवार्तिक पृष्ठ ४७६ में " उपग्रह का अर्थ परस्मैपद वा आत्मने पद है "ऐसा अर्थ उपग्रह शब्द का कहाँ से लिया है और कैसे हो गया॥

(२) ष्ठाः (ष्ठा) गतिनिवृत्तौ इति अत्र परस्मैपदोपग्रहः। समवप्रविभ्यः स्थः अष्टाध्यायी १-३-२२। इति व्यभिचार सूत्रम्॥ संव्यवप्रात् स्थः। जैनेन्द्र व्याकरणम् १ अध्यायः २ पादः २१तम सूत्रम्॥ इति व्यभिचार सूत्रम्॥

ष्ठाः ? गतिनिवृत्तौ इति अत्र परस्मैपद-उपग्रहः=स्था धातु से गमन निवृत्ति(=ठहरना) अर्थ में परस्मैपदका लगाना होता है।
सम्-अव—प्र—विभ्यः ? स्थाः (आत्मने पदम्) =(परन्तु)—सम्—अव—प्र—वि पूर्वक 'स्था' धातु से आत्मनेपद।

धातुभ्वादि प्रथमगण (यहां पर) परस्मैपदका है । इस धातुका रूप बहुधा प्रयोगोंमें प्रथमपुरुष, एकवचन, परस्मैपद, वर्तमानकालकी क्रिया का 'ति' प्रत्यय जोड़कर 'तिष्ठति' बन जाता है ॥

अष्टाध्यायी ३॥ १ - ३—२२ इति' व्यभिचार-सूत्रम् ३॥

=अष्टाध्यायी के अध्याय प्रथम, पादतीन, सूत्र बाईसवें से हो ऐसे (यह) =व्यभिचाररूप सूत्र है अर्थात् एक नियत नियम को उलटने वाला सूत्र है भावार्थ 'स्था' धातु से नियमकरि परस्मैपदका प्रयोग होता है उस नियम को इस सूत्र ने उक्त धातु के प्रथम सम्—अव—प्र—वि उपसर्ग लाकर पलट दिया और आत्मने पद का प्रयोग नियुक्त किया ॥ (इसही प्रकार)

सम्—वि—अव—प्रात् " स्थः ३ (आत्मने पदम्) जैनेन्द्र व्याकरणम् १—२—२१ इति व्यभिचार-सूत्रम् ॥

=सम—वि—अव प्र पूर्वक 'स्था' धातुके परे आत्मने पद =जैनेन्द्र व्याकरण के प्रथम अध्याय, द्वितीय पाद, इक्कीसवां सूत्र से हो =ऐसे यह (भी) नियत नियम को पलटने वाला (=व्यभिचाररूप) सूत्र है

(१) "संतिष्ठते प्रतिष्ठते, विरमत्युपरमत्युपग्रह व्यभिचारः" (राजवार्तिक पृष्ठ ६८)=उपग्रह व्यभिचारः संतिष्ठते प्रतिष्ठते विरमति उपरमति बस यही पाठ सर्वार्थसिद्धिमें है केवल अन्तमें 'इति' अधिक है सो पाद पूरण के लिये है इसका कोई अर्थ विशेष रूप से नहीं है इसका अर्थ (पं० पन्नालाल दूनी के अनुवाद पृष्ठ २६४ में ऐसे हैं कि 'भर संतिष्ठते की स्थान में प्रतिष्ठते कहै तथा विरमति के स्थान में उपरमति कहै सो उपग्रह कहिये उपसर्ग व्यभिचार है ॥ इस अनुवाद से उनका यह अभिप्राय जान पड़ता है कि उपसर्ग जो क्रिया के साथ बोलने में कोई मनुष्य जोड़ता है वा लगाता है सो ठीक नहीं लगाता है अशुद्ध उपसर्ग लाता है अर्थात् जहां सम् उपसर्ग लाना चाहिये वहां प्र उपसर्ग लगाता है और रम् धातु के साथ भी जहां वि उपसर्ग लाना चाहिये वहां उप उपसर्ग लाता है ऐसे एक उपसर्ग के स्थान में दूसरा भिन्नार्थक उपसर्ग लाने के कारण उपसर्ग व्यभिचार हुआ वा उपसर्ग सम्बन्धीय दूषण हुआ, कोई किसी प्रकार का उल्लेख उक्त अनुवादक ने परस्मैपद और आत्मनेपद के सम्बन्ध में नहीं किया । आगे पाठकगण विचारलें ॥

इसी प्रकार 'संतिष्ठते अवतिष्ठते इति' (तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक पृष्ठ २७३) वाक्य का अनुवाद पं० गजाधर जी ने पृष्ठ ४८७ में यह किया है कि "संतिष्ठते की जगह पर अवतिष्ठते कहना उपग्रह व्यभिचार है ॥ 'संतिष्ठेतावतिष्ठेतेत्याद्युपग्रहभेदने' तत्त्वार्थश्लोक वार्तिक २७१

विरमत्युपरमतीति ॥

'स्था धातु के ग्यारहअर्थों में से यहां इस 'तिष्ठति' के अर्थ वह ठहरता है वा वह रहता है केवल दो लेते हैं । सम् और प्र उपसर्गोंके बलसे उस 'तिष्ठति' परस्मैपदका (अष्टाध्यायी १-३-१२ वां सूत्र से) आत्मने पद होकर सम्—तिष्ठते और प्र—तिष्ठते, सन्तिष्ठते और प्रतिष्ठते दोनों रूप क्रम से बन गये । ऐसे सम् और प्र दो उपसर्गों द्वारा परस्मैपद 'स्था' धातु का आत्मने पदी होकर उक्त धातु व्यभिचरित(= नियत नियमसे भ्रष्ट) हो गया । अतः इस को उपसर्ग व्यभिचार कहते हैं । ऐसे ही

विरमति T उपरमति T इति * = वह ठहरता है (वा विश्राम करता है) । वह (इंद्रियों के विषयों से) हटाता है अर्थात् रम् भ्वादि गण का आत्मने पदी धातु है उसमें अ विकरण और ते आत्मनेपदी वर्तमान काल का प्रत्यय लगाने से रमते (= वह रमता है) बनता है परन्तु वि और उप लगाने से परस्मैपद हो जाता है ।

संतिष्ठेत अवतिष्ठेत इत्यादि उपग्रह भेदने ॥ = संतिष्ठेत (=वचन के अनुसार चले) अवतिष्ठेत (=वह दृढ़ रहे) इत्यादिक = उपग्रह (व्यभिचार) के भेद हैं । अतः एक उपसर्ग के स्थान में दूसरा भिन्नार्थक उपसर्ग लाना भी उपसर्ग व्यभिचार है ऐसे' दो अर्थ उपग्रह व्यभिचार के हुए ।

(१) विरमति उपरमति के अनुवाद के सम्बन्ध में और अन्य अन्य बातों के सम्बन्ध में भी हमारी वही समालोचना है जिसको कि हमने संतिष्ठते प्रतिष्ठते के सम्बन्ध में पृष्ठ ५२६, ५३० में दी है ॥ विरमति उपरमति वाक्य श्लोक वार्तिक में हमको कहा पर नहीं मिले अतः "श्लोक वार्तिक कार भी 'प्रतिष्ठते स्थान पर 'अवतिष्ठते कहना और विरमति जगह पर उपरमति, कहना उपग्रह व्यभिचार मानते हैं" संस्था के राज० पृष्ठ ४८० की यह टिप्पणी ठीक नहीं है (देखो श्लोक वा० पृष्ठ २७३) जहां 'तथा संतिष्ठते अवतिष्ठते इति" यह उल्लेख है जिसका अनुवाद-अनुवादक महाशय ने स्वयं पृष्ठ ४८७ पर "तथा संतिष्ठते की जगह पर अवतिष्ठते कहना उपग्रह व्यभिचार है" ऐसा किया है ॥

(२) रमुक्रीडायामित्यात्मनेपदेोपग्रहः. ॥ व्याङ्परिभ्यो रमः । उपाच्च ॥ अष्टाध्यायी प्रथमाध्याये तृतीयापादे ८२ ८४ सूत्रे इति व्यभिचारसूत्रे ॥ व्याङ्परिभ्यो रमः ।१।३।८३॥ उपात् ।१।३।८६ जैनेन्द्र व्याकरणम् इति व्यभिचारसूत्रेऽपि ॥ देवदत्तमुपरमति ॥

रमु-क्रीडायाम् इति अत्र आत्मनेपद-उपग्रहः = रम् (भ्वादि प्रथमगण के) धातु से क्रीड़ा (अर्थ) में यहां आत्मनेपद का जोड़ना होता है

वि—आङ्—परिभ्यः च उपात् रमः = (परन्तु) वि—आङ्—परि और (=च) उप (उपसर्गों) से आगे रम् धातु रहने पर

एवम्प्रकारं व्यवहारनयमन्याय्यं मन्यते। अन्यार्थस्यार्थेन सम्बन्धाभावात्।

एवम्*प्रकारम् $\frac{1}{1}$ = इसप्रकार (शब्द नय वा शब्द नय का अनुयायी वा शब्द नयका मानने वाला,)
व्यवहार नयम् $\frac{2}{1}$ अन्यायम् $\frac{2}{1}$ मन्यते T = व्यवहारनयको अन्याय वा अनुचित वा न्यायबहिर्भूत मानता है
अन्य-अर्थस्य $\frac{6}{1}$ अन्य-अर्थन $\frac{3}{1}$ सम्बंध-अभावात् $\frac{5}{1}$ = क्योंकि भिन्न पदार्थ का भिन्न पदार्थ से संयोग वा मेल नहीं हो सकता है

[यह सिद्धांत सिद्धि बात है] ॥ भावार्थ उक्त छहो व्यभिचार और इस प्रकार के और भी व्यभिचारों को व्यवहारनयतो ठीक समझता है उस नय की अपेक्षा से वैसे प्रयोग किये जा सकते हैं व्याकरण भी उन्हीं प्रयोगों के अनुसार सिद्धि करता है परंतु शब्द नय की प्रधानता से वे प्रयोग ठीक नहीं है शब्द नय उनको अन्याय वा अयुक्तरूप मानता है ॥ क्योंकि यदि अन्य पदार्थ का अन्य पदार्थ के साथ सम्बंध हो जाय तो घट का पट हो जाय पट का गृह हो जाय वा मठ हो जाय इत्यादि।

[परस्मैपदम्] = परस्मैपद हो [८३, ८४ सूत्रों में ७८ वां सूत्र से परस्मैपदम् अनुवर्तता है]
अष्टाध्यायी प्रथम—अध्याये तृतीय पादे ८३।८४ = अष्टाध्यायी के पहिले अध्याय में तीसरे पाद में ८३ वां ८४ वां सूत्र है
इति व्यभिचार सूत्रे = ऐसे दोनों सूत्र [=सूत्रे] व्यभिचार रूप हैं [=नियत नियम के विरोधक हैं]
वि-आङः पस्य रमः। उपात् (रमः परस्मैपदम्) = वि—आङ्—परि (प) उप (उपसर्गों) पूर्वक रम् धातु से परस्मैपद हो
जैनेन्द्र व्याकरण प्रथमाध्याये तृतीय पादे। ६५ = जैनेन्द्रव्याकरण के पहिले अध्यायके तीसरे पाद में ६५ वां
१६। इति व्यभिचार सूत्रेऽपि = ९६ वां (सूत्र) हैं। ऐसे दोनों सूत्र भी (=सूत्रेऽपि) व्यभिचार रूप हैं॥
देवदत्तम् उपरमति = देवदत्त को हटाता है अर्थात् देवदत्त को (विषयों से वा किसी ऐसी ही वस्तु से) रोकता है॥ यहां परस्मैपद क्रिया हेतु अर्थ में है। उपरमति के सदृश अर्थ देती है। यह एक प्रकार का क्रिया का उदाहरण है जिसमें हेतुद्योतक प्रत्ययणिच् (इ का प्रभाव सम्मिलित हो॥

(१) इस "एवम्प्रकारं व्यवहारनयम् अन्याय्यं मन्यते" वाक्य का अर्थ स्पष्ट है परन्तु हमको यह टिप्पणी इस लिये लिखनी पड़ती है कि सर्वार्थसिद्धि के द्वितीय संस्करण के एवम्प्रकारं व्यवहारनयं न्याय्यं मन्यते' पाठ पर समालोचना करें; यद्यपि प्रथमावृत्ति में 'एवम्प्रकारं व्यवहार नयमन्याय्यं मन्यते' ऐसा पाठ वर्तमान है॥ प० जयचन्दजी ने पृष्ठ २०५ में इस वाक्य की यह वचनिका की है कि "या प्रकार व्यवहार नय है तातैं अन्याय माने हैं"=या प्रकार व्यवहारनय है (तिस (व्यवहारनय) को =तातैं) अन्याय माने है (प्रश्न) कौन अन्याय माने है? (उत्तर) शब्दनय वा शब्दनय का अनुयायी प्राणी।

अतः समान लिंग समान वचन समान साधनादि शब्दों का ही आपस में संबंध होता है। इस बातका ज्ञापक शब्दनय है

इस संबंधमें पं० जयचंद जी की वचनिका मुद्रित पृष्ठ २०५, हस्तलिखित पृष्ठ ८५ का पूर्ण लेख शब्दशः ऐसे है "बहुरि कारकव्यभिचार 'सेनापर्वतमधिवसति' इहां सेना पर्वतके समीप बसै है ऐसा आधार है, सो सप्तमी विभक्ति चाहिये, तहां द्वितीया कही। तातैं कारकव्यभिचार भया। या प्रकार व्यवहारनय है ताहि अन्याय माने है। जातैं अन्य अर्थ का अन्य अर्थकरि संबंध होय नाहीं। जो अन्य अर्थका अन्यतै संबंध होय, तो घटका पट होय जाय पटका महल होय जाय। तातैं जैसा लिंग आदि होय तैसाही न्याय है। इहां कोई कहै। लोक विषै तथा शास्त्र विषै विरोध आवैगा। ताकूं कहिये, विरोध आवै तौ आवौ, इहां तो यथार्थस्वरूप विचारये है। औषधी रोगीके इच्छा के अनुसार तौ है नां ही॥

ऊपर के लेख में बाह्यरूपसे 'ताहि' शब्द कारकव्यभिचार को और संकेत करने वाला मानकर कह सकते है कि ताहि अर्थात् तिस कारक व्यभिचार को तब अर्थ हुआ कि या प्रकार व्यवहारनय है तिस (कारकव्यभिचार) को अन्याय माने है" इस अर्थके समर्थनमें हमारे एक मित्र अर्थप्रकाशिका पृष्ठ ८५ के इस वाक्य को कि "ऐसेही उपसर्ग व्यभिचारकूं व्यवहारनय अन्याय माने है" हमारे समक्ष रखते है; और कहते है कि पं० जयचंदजीने कारकव्यभिचार अंतमें कहा है और पं० सदासुखजीने 'उपसर्गव्यभिचारका वर्णन अंतमें किया है इसलिये पं० जयचंद जी ने ताहि (=तिसको) का अर्थ कारकव्यभिचार लिया है और अर्थप्रकाशिका में उपसर्गव्यभिचार लिया है इससे कोई अंतर नहीं पड़ता है॥ और यह भी कहते है कि भाव भी ठीक है इस हेतु से कि 'कारक व्यभिचार को और उपसर्ग व्यभिचार को' अर्थात् "सेना पर्वतमधिवसति' 'सन्तिष्ठते प्रतिष्ठते' विरमति उपरमति इन वाक्यों को दोनरूप कहना, व्यभिचार इनका नाम रखना व्यवहारनयके अनुकूल वा अपेक्षासे अन्याय है अयुक्त है और ऐसे प्रयोग व्यवहार में तो आते ही हैं॥

(उत्तर) अर्थप्रकाशिकाके पृष्ठ ८५ में न्याय शब्दके स्थानमें अन्याय शब्द अशुद्ध मुद्रित होगया है। सदासुखजी का शुद्ध पाठ ऐसे है कि "बहुरि आत्मने पदीकूं परस्मैपद भया ऐसेही उपसर्गव्यभिचारकूं व्यवहार नय न्याय माने है तथापि शब्दनयका एही विषय है।" इसका तात्पर्य यह है कि आत्मने पद धातु में उपसर्ग लग जाने से प्रयोगमें परस्मैपद धातु होजाती है और परस्मैपद धातुमें उपसर्ग लग जाने से आत्मने पदी (धातु) हो जाती है इसको व्याकरण, लोक प्रयोग, व्यवहारनय न्याय मानते है तौ भी शब्दनयका एही विषय है कि इन सब प्रयोगोंको जो व्यवहार में प्रचलित है व्यभिचरित वा दूषित माने॥ अतः आपका कथन ठीक नहीं है॥ उपर्युक्त कारकव्यभिचार और उपसर्गव्यभिचार व्यवहारनय की अपेक्षासे अयुक्त है अन्याय रूप है, आपकी यह धारणा ठीक नहीं है वरन ये व्यभिचार व्याकरणके अनुकूल और व्यवहार नयके अनुकूल हैं इनसे व्यवहार चलता है परन्तु शब्दनय इनको दूषित मानती है॥"

लोकसमयविरोध इति चेत् । विरुध्यताम् । तत्त्वमिह मीमांस्यते न भैषज्यमातुरेच्छानुवर्ति ।

लोक-समय-विरोधः ¦। इति* चेत्*	=जगत् वा संसार और शास्त्रमें यदि (=चेत) ऐसा है तो विरोध आवेगा ? अर्थात जो प्रयोग व्यवहारनय और व्याकरणके अनुकूल हैं परंतु शब्दनयसे वे दूषित हैं उनको यदि दोषरूप मानोगे तो ऐसा मानना संसार और शास्त्रके विरुद्ध होगा। उत्तरमें कहतेहैं कि:-
विरुध्यताम्।T तत्त्वम् ¦।॥ इह* मीमांस्यतेT	=विरोध किया जाउ। इहां तो=यथार्थस्वरूप (तत्त्वम्) विचारा गयाहै परीक्षा किया गयाहै
न* भैषज्यम् ¦।॥ आतुर-इच्छा-अनुवर्ति ¦।॥	=क्योंकि औषधि रोगी की इच्छा के अनुसार नहीं होती है

कई कोशोंमें हमको 'प्रकार' 'व्यवहारनय' 'न्याय' (नकि न्याय्य जो त्रिलिंगी है) पुल्लिंग ही मिले बहुत सी टटोल की परंतु नपुंसक लिंगी नहीं मिले (देखो:—प्रकार: अमर कोष वर्ग २३ श्लोक १६२: आप्टे-आङ्गल संस्कृत कोष पृष्ठ २२८: पद्मचन्द्र कोष पृष्ठ २४८; वैद्यसंस्कृताङ्गल कोष ५५६; नीति=(न्याय) नय: अमरकोष वर्ग ६२ श्लोक ९; इसी सूत्रमें सात आठ स्थानों पर नय शब्द आया; पद्म० पृष्ठ २०८; वैद्य० पृष्ठ ३७०) उक्त वाक्यमें 'प्रकारम्' व्यवहारनयम् (=व्यवहारनयको) दोनों शब्द द्वितीया विभक्ति वा कर्मकारकमें हैं ॥ मन् दिवादि चतुर्थ गणका धातु आत्मने पदी है य् इस गणका विकरण है 'ते' अन्य पुरुष एक वचन आत्मने पदी वर्तमान क्रियाका द्योतक प्रत्यय है अतः मन्यते बना अर्थ मानता है यहां पर कर्तरि प्रयोग है। बस यही तीन विशेष शब्द हैं जिससे वाक्यका अर्थ निकलता है अतः शब्दशः अर्थ हुआ कि "इस प्रकार (वह) व्यवहारनयको अन्याय मानती है ॥ प्रथम इसके कि हम द्वितीय आवृत्ति के पाठ पर कुछ समालोचना करें इस बातको दिखाना चाहते हैं कि सर्वार्थसिद्धि वृत्तिके नीचेके चार वाक्योंके अर्थका कैसा घनिष्ठ संबन्ध वा प्रसंग मिलता है "इस प्रकार (शब्दनय) व्यवहारनयको अन्याय मानता है" इसके लगता ही वाक्यमें इस प्रथम वाक्यका हेतु दिया है कि अन्य पदार्थका अन्य पदार्थकरि संबन्ध नहीं होसक्ता है ॥ तीसरे वाक्य में इस हेतु पर प्रश्न करदिया कि यदि शब्दनय व्यवहारनयको अन्याय मानैगो तो लोक (व्यवहार)के विरोध और शास्त्र (=समय अर्थात व्याकरण) के विरोध होगा क्योंकि उक्तलिंग, संख्या, साधन, कारक, काल और उपसर्गके संबन्धमें जो उदाहरण दिये हैं और उनको शब्दनयकी अपेक्षासे व्यभिचार माना है वे समस्त ही लोक व्यवहारकी अपेक्षासे ठीक हैं उन सबका लोकमें व्यवहार होता है प्रयोग होता है बोलचालमें आते हैं और व्याकरणके नियमोंके अनुकूल हैं ॥ इसके उत्तरमें चौथा वाक्य दिया कि "विरुध्यताम" लोक और शास्त्रके विरुद्ध होने दो कुछ चिंता नहीं। फिर इस कहनेका भी हेतु दिया कि इस स्थानमें तत्त्व (पदार्थके यथार्थ स्वरूप) का निर्णय है लोक विरुद्ध और व्याकरणशास्त्र वा अन्य शास्त्रके विरुद्ध हुआ करो क्योंकि औषधि चाहे खट्टी हो-मीठी हो-कडवी हो-कषैली इत्यादि हो रोग को दूर करने वाली गुण की

दी जावैगी न कि रोगीकी इच्छाके अनुकूल इसके समर्थनमें देखो पं०जयचंदजीका लेख पिछला पृष्ठ५३३, राजवार्तिक मुद्रित पृष्ठ६८, संस्था द्वारा प्रकाशित राजवार्तिक पृष्ठ ४८०,४८१, पं०पन्नालालदूनी वाले अनुवादि राजवार्तिक मुद्रित पृष्ठ २६२, अब यह समझमें नहीं आता कि "एवम्प्रकारं व्यवहारनय न्याय्यं मन्यते" इस वाक्यका ऐसा किस प्रकारका अनुवाद करै कि जो शब्दार्थ हो और विभक्त्यर्थ सहित हो और वृत्तिके उपर्युक्त चार वाक्योंसे संबंध भी कर जाय और साथ ही साथ द्वितीयावृत्तिके संपादक की "जलं पततीति वक्तव्ये आपः पतन्तीति व्यवहारो जायते…इत्यादि" टिप्पणीके भी अनुकूल होजाय यद्यपि यह टिप्पणी सर्वार्थसिद्धिके प्रथम संस्करण में नहीं है और वृत्ति पाठमें भी "न्याय्यं" के स्थानमें प्रथम आवृत्तिमें "अन्याय्यं" है ॥

उपर्युक्त वाक्यका शब्दार्थ और विभक्त्यर्थ अनुवाद यह है कि 'इस प्रकार (यह) व्यवहारनयको न्याय वा उचित मानता है" कौन और किस प्रकार व्यवहारनयको न्याय मानता है । वैयाकरण 'सन्तिष्ठते, प्रतिष्ठते, विरमति उपरमति, ऐसे प्रयोगों को जो लोक व्यवहार में भी आते हैं व्याकरण और व्यवहारनयकी अपेक्षा न्याय मानता है यदि यह अर्थ लिया जावे तो सर्वार्थसिद्धि वृत्तिके नीचेके दो से पांच संख्या तकके वाक्योंका संबंध उपर्युक्त अनुवादसे मेल नहीं खाता है ॥ इस लिये हमारी समझ में प्रथमावृत्तिका पाठ ठीक और शुद्ध है द्वितीय संस्करणमें व्यर्थ 'अन्याय्यम्' शब्दके स्थानमें 'न्याय्यम्' कर दिया है ॥ उपर्युक्त पूर्ण टिप्पणी का अनुवाद यह है कि:—

() जलं पततीति वक्तव्ये आपः पतन्तीति व्यवहारो जायते अत्राप्शब्दोत्तरं बहुत्वाभिधायक प्रत्ययोपनिबन्धनं वस्तुतो निरर्थकमेव, बहुत्वस्य जले अन्वयायोगात् । तथापि शब्दानुशासनं शास्त्रमहिम्ना बहुत्ववाचकप्रत्ययसमभिव्याहारः कर्तव्यएवभवति,

जलम् १/१॥ पततिT इति॥ वक्तव्ये ७/१॥ आपः १/१॥ पतन्तिT इति॥	=पानी गिरता है इस प्रकार कहने पर आपः (बहुत से जल) गिरते हैं ऐसा
व्यवहारः १/१। जायतेT अत्र॥ अप् शब्दोत्तरं बहुत्वाभिधायक-	=व्यवहार होता है । यहां अप् शब्द के आगें बहुततावाचक
प्रत्यय-उपनिबन्धनं १/१॥ वस्तुतः॥ निरर्थकम् १/१॥ एव॥ जले ७/१॥	=प्रत्यय का लगाना यथार्थतः वा यथार्थरूपसे अर्थरहित ही है क्योंकि जलविषैं
बहुत्वस्य ६/१॥। अन्वय-अयोगात् ५/१। तथापि॥ शब्दानुशासनं-	=बहुत्वका संबन्ध वा जोड़ अयुक्त है । तौ भी व्याकरण (=शब्द अनुशासन)
शास्त्रमहिम्ना ३/१। बहुत्ववाचक-प्रत्ययसमभिव्यवहारः १/१।	=शास्त्र के प्रभावसे बहुवचन वाची प्रत्ययका संबन्ध (अर्थात् प्रयोग)
कर्तव्यः १/१। एव॥ भवति T	=करना ही होता है

पटानिवासी जगरूपसहाय वकीलकृत पदच्छेद और विभक्त्यर्थ सहित सर्वार्थसिद्धिका शब्दशः हिंदी अनुवाद। अध्याय १ सूत्र ३३,

नानार्थसमभिरोहणात् समभिरूढः ।

नाना-अर्थ-समभिरोहणात् ;॥॥ समभिरूढः ;।	=बहुत अर्थोंमेंसे एक अर्थको प्राप्त होनेसे (=समभिरोहणात) समभिरूढ है

(१) समभिरूढनयकी उपर्युक्त परिभाषा तथा तत्त्वार्थ राजवार्तिकमें दी हुई परिभाषा दोनोंका पाठ शब्दशः एक है ॥
सम-अभि-रोहणात्-रोहण (पु०एक पर्वत-पहाड़ (न०) चढ़ना, उगना (पद्मचन्द्रकोश पृष्ठ३८६, वैद्यकोश पृष्ठ६१६)में है,यहांपर नपुंसक लिंगमें आया है ॥

(२) अर्थसमभिरोहणात्— "नानार्थसमभिरोहणात्" इस वाक्य का अनुवाद "नानाअर्थान्समतीत्यैकमर्थम् रूढः" ऐसा वाक्य है। (प्रश्न) 'समतीत्य=छोड़कर, उल्लंघकर' ऐसा अनुवाद समभिरोहणात् वाक्यका कैसे हुआ ? (उत्तर) पाणिनीय अष्टाध्यायीके प्रथम अध्याय चतुर्थपादके इकतीसवां सूत्र "भुवः प्रभवः" =भुवः कर्तुः प्रभवः अपादानम्-अपादानकी अनुवृत्ति चौदहवां और कर्तुः की तीसवांसूत्रसे ली है
=भू=होना, धातुके कर्ताका जो प्रभव (=उत्पत्तिस्थान) वह कारक अपादान संज्ञक हो। जैसे हिमवतः गङ्गा प्रभवति=हिमालय (पर्वत,से गंगाजी निकलती है। के नीचे निम्न उल्लेखित वार्तिक दी हुई है उसके निमित्तसे 'उल्लंघकर' ऐसा अनुवाद हुआ ॥ "ल्यब्लोपे कर्मण्यधिकरणे च" =ल्यब्लोपे कर्मणि अधिकरणे च पञ्चमी विभक्तिर्भवति=पांचवीं विभक्ति (का प्रत्यय) कर्म (कारक) और (=च) अधिकरण कारकके सूचित करनेमें वा निर्देश करनेमें आता है जबकि ल्यपन्त (ल्यप्=य, अन्त) संबन्धक सूचक भूतकृदन्त का (देखो पृष्ठ १६) अर्थात् वह संबन्धसूचक भूतकृदन्त का जिसके अन्तमें य हो (जैसे अनुभूय) लोप किया जावे जैसे प्रासादम् आरुह्य प्रेक्षते (राजभवनको (पै) चढ़कर देखता है)=प्रासादात् प्रेक्षते=राजभवनसे देखता है ॥ अधिकरणका उदाहरण, आसने उपविश्य प्रेक्षते (आसनपर प्रवेश होकर देखता है)=आसनात् प्रेक्षते=आसनसे देखता है ॥

(प्रश्न) ऊपरके प्रथम उदाहरणमें 'प्रासादम्' कर्मकारकके सूचित करनेमें उसी शब्द प्रासाद को अपादान कारकमें लाये हैं वैसे "नानार्थान्समतीत्यैकमर्थमभिमुखेन रूढः समभिरूढः" विग्रह वाक्यमें समभिरोहण शब्दको कर्मकारकमें नहीं लाये इसलिये अष्टाध्यायीका वार्तिक लागू नहीं है ॥

(उत्तर) पूज्यपाद स्वामीने 'नानार्थसमभिरोहणात्'का इसके लगता ही वाक्यमें तात्पर्य दे दिया है। उपर्युक्त वार्तिकके अनुकूल विग्रह इस प्रकार हो सक्ता है 'नानार्थसमभिरोहणम् समतीत्य समभिरूढः'=नानार्थसमभिरोहणात् समभिरूढः" अर्थात् नाना अर्थकी प्राप्तिको (=समभिरोहणम्) वा ग्रहणको (=समभिरोहणम्) उल्लंघनकर (=समतीत्य) वा छोड़कर (=समतीत्य) एक ही अर्थमें रूढ हो (=समभिरूढ) एक ही अर्थमें प्रसिद्ध हो (=समभिरूढ) सो नानार्थसमभिरोहणात् समभिरूढ है ॥ इसलिये 'प्रासादम् आरुह्य प्रेक्षते=प्रासादात् प्रेक्षते' हो अर्थात् प्रासादम् आरुह्यके स्थानमें 'प्रासादात्' पंचमी विभक्ति हो गई इसी प्रकार 'नानार्थसमभिरोहणम् समतीत्य समभिरूढः' वाक्यके 'नानार्थसमभिरोहणम् समतीत्य' के स्थानमें 'नानार्थसमभिरोहणात्' पंचमी विभक्ति होगई अतः उक्तवार्तिक और उसका कर्मकारक का उदाहरण सर्व प्रकारसे लागू होगया ॥

यतो नानार्थान्समतीत्यैकमर्थमाभिमुख्येन रूढः समभिरूढः ॥ गौरित्ययं शब्दो वागादिषु अर्थेषु वर्तमानः पशावभिरूढः । अथवा अर्थगत्यर्थः शब्दप्रयोगः । तत्रैकस्यार्थस्यैकेन गतार्थत्वात्पर्यायशब्दप्रयोगोऽनर्थकः॥ शब्दभेदश्चेदस्ति अर्थभेदेनाप्यवश्यं भवितव्यम्

यतः* नानार्थान्[1]। सम्-अतीत्य÷एकम्[1]। अर्थम्[1]। आभिमुख्येन [1]। रूढः [1]। समभिरूढः [1]।
=(अर्थात्) जहां (=यतः) अनेक अर्थों को उल्लंघन करि एक अर्थ को (अर्थ में)
=प्रधानता से (=अभिमुख्येन) रूढ हो - प्रसिद्ध हो सो समभिरूढ है ॥
(इसलिये शब्दके अनेक अर्थोंमेंसे एकही अर्थको जो जाने वा कहे सो समभिरूढनय है)

गौः[1]। इति* अयम्[1]। शब्दः[1]। वाग्-आदिषु[1]। अर्थेषु [1]। वर्तमानः [1]। पशौ [1]। अभिरूढः [1]।
=गो ऐसा यह शब्द वचन (पृथ्वी, वाणी, गमन, तारे, आकाश, हीरा, किरण) आदि
=अर्थोंमें विद्यमान है (तोभी) चोपाये (अर्थ) में अति प्रसिद्ध (=अभि-रूढ) है अर्थात् गो बैलनामा पशुके अर्थ में चलत फिरते सोवते बैठते उठते खाते पीते, अकडते, जगते इत्यादि सब अवस्थाओंमें ग्रहण किया जाता है ॥

अथवा* शब्दप्रयोगः [1]। अर्थगति-
अर्थः [1]। तत्र* एकस्य [1]। अर्थस्य [1]। एकेन [1]। गतार्थत्वात् [1]॥ पर्याय-
शब्दप्रयोगः [1]। अनर्थकः [1]।
=वा शब्दोंका प्रयोग (किया जाता)है सो अर्थज्ञान (=अर्थगति)के वा अर्थप्राप्ति (=अर्थगति)के
=लिये (=अर्थ) है । तहां एक अर्थका एक (शब्दके प्रयोग) से
=आभप्राय सिद्ध होजानेसे (=गतार्थत्वात्-गतार्थेषणासे) (दूसरे) समानार्थ बोधक
=शब्दका अनुष्ठान, वा काममें लाना निष्प्रयोजन है भावार्थ शब्दोंका जो प्रयोग किया जाता है वह अर्थज्ञानके लिये किया जाता है यदि वह अर्थज्ञान एकही शब्दके प्रयोगसे सिद्ध हो जाय तो फिर दूसरे पयाय शब्दका कहना व्यर्थ है

शब्दभेदः[1]। चेत्* अस्ति[T] अर्थभेदेन[1]। अपि* अवश्यम् [1]॥ भवितव्यम् [1]॥
=(प्रश्न) जो (=चेत्) शब्द भेद है तो ? (उत्तर) अर्थभेद (सहित) भी
=अवश्य होना चाहिये । उपर्युक्त प्रश्नोत्तरका तात्पर्य यह है कि यदि यह

(१) समतीत्यः—यह संबंधसूचक भूतकृदन्त है (२) आभिमुख्येन—यह पुल्लिंग और नपुंसकलिंग दोनों में होसकता है ॥

इति नानार्थसमभिरोहणात्समभिरूढः ॥ इन्दनादिन्द्रः शकनाच्छक्रः पूर्दारणात्पुरन्दर इत्येवं सर्वत्र ॥

कहा जाय कि एक अर्थ के प्रतिपादन करने वाले अनेक शब्द भी होते हैं इसलिये अर्थ एक ही रहता है परंतु शब्द भेद वहां रहता है उसका उत्तर यह है कि यदि शब्द भेद होगा तो अर्थ भेद भी नियम से होगा क्योंकि जितने शब्द भेद हैं उतने ही उनके अर्थ हैं यह नियम है। उक्तंचः—"जित्तिय मित्ता सद्दा तित्तिय मित्ताणि होंति परमत्था" यावन्मात्राः शब्दाः तावन्मात्राः परमार्था भवन्ति जितने शब्द होते हैं उतने ही उनके उचित (=परम) अर्थ होते हैं ॥

इति नाना-अर्थ-समभिरोहणात् ;। समभिरूढः ;। =ऐसे नाना अर्थोंमें से एक अर्थ को प्राप्त होने से (=समभिरोहणात) समभिरूढ है (और अनेक अर्थोंमें से एक विशेष गृहीत अर्थ को कहने वाला अथवा जानने वाला है सो समभिरूढनय है ॥ जैसे

इन्दनात् ;॥। इन्द्रः ;। =परम ऐश्वर्यरूप क्रिया करने (के हेतु) से इन्द्र है अर्थात जब परमैश्वर्यरूप क्रिया करै तब इन्द्र है।

शकनात् ;॥। शक्रः ;। पुर-दारणात् ;॥। =समर्थरूप प्रवर्तने से शक्र है, पुर (नगरादि) के भेदन करने से

पुरन्दरः ;। इत्येवम्* सर्वत्र* =पुरन्दर है ॥ इस प्रकार ही सब स्थानोंमें (जाना जाता) है

(ऐसे समभिरूढनय इन अर्थोंमेंसे एक ही अर्थ को ग्रहण करि प्रवर्तती है)

भावार्थः— यद्यपि इन्द्र शक्र पुरंदर आदि शब्द एक ही शचीपति-इन्द्र अर्थके कहने वाले हैं तथापि परमैश्वर्यका भोक्ता होनेसे इन्द्र सामर्थ्यवान् होनेसे शक्र और पुर नगरादिका विदारण करनेसे पुरंदर इस प्रकार इन भिन्न भिन्न शब्दोंके भिन्न भिन्न अर्थ हैं। इस रीतिसे पर्यायोंके अनुसार इन्द्र शब्दके अनेक अर्थ रहते भी वह रूढ इन्द्र (शचीपति) अर्थ में ही है और इस रूढ़ अर्थ को ही समभिरूढ नय विषय करता है यहां पर यह बात समझलेनी चाहिये कि चाहे इन्द्र परमैश्वर्यका भोग करै वा न करै किसी भी अवस्थामें हो तब भी वह समभिरूढ नयका विषय है।

(१) दारण शब्द वैद्यकोश पृष्ठ ३३० में नपुंसकलिंगमें दिया है इससे इन्दन, शकन भी भाव द्योतक होने से नपुंसक लिंगमें है।

अथवा यो यत्राभिरूढः स तत्र समेत्याभिमुख्येनारोहणात्समभिरूढः। यथा क्व भवानास्ते। आत्मनीति। कुतः। वस्त्वन्तरे वृत्त्यभावात्॥ यद्यन्यस्यान्यत्र वृत्तिः स्यात्, ज्ञानादीनां रूपादीनां चाकाशे वृत्तिःस्यात्॥६॥ येनात्मना भूतस्तेनैवाध्यवसाययतीति एवम्भूतः॥

अथवा* यः। यत्र अभिरूढः। सः। तत्र अभिमुख्येन। आरोहणात्॥ समेति। (सम-एति)
समभिरूढः। यथा*क्व* भवान्। आस्ते? आत्मनि। इति* कुतस्?*
वस्तु-अन्तरे* वृत्ति-अभावात्॥

=अथवा जो जहां (=यत्र) अभिरूढ है वा प्राप्त है सो तहां प्रधानतासे
=प्राप्तहोकरि (=आरोहणात) बसता है (=समेति) वर्तता है (=समेति) रहता है
=(तिससे) समभिरूढ है॥ जैसे कहां आप तिष्ठते हैं? आत्मामें (तिष्ठता हूं)
=ऐसे (समभिरूढ) है। (प्रश्न) क्योंकर (आत्मामें वा निजरूपमें तिष्ठते हो)
=(उत्तर) अन्य वस्तुमें प्रवृत्तिका वा स्थितिका अभावसे अर्थात् भिन्न वस्तुका भिन्न
वस्तुमें ठहरना नहीं होसकता है। प्रधानतासे आत्माका रहना आत्मामें ही है
दूसरे पदार्थोंमें उसका रहना नहीं हो सकता है (और)

यदि* अन्यस्य॥ अन्यत्र* वृत्तिः॥ स्यात्T
ज्ञानादीनाम्। रूपादीनाम्। च*
आकाशे। वृत्तिः॥ स्यात् T
( ) येन। आत्मना। भूतः।
तेन। एव* अध्यवसाययतिT
इति* एवम्भूतः।

=जो (=यदि) अन्य (पदार्थ) का अन्य स्थानविषैं (स्थिति वा प्रवृत्ति वा रहना हो
=तो ज्ञानादिकोंका (जो आत्मगुण हैं) और रूपादिकोंका (जो पुद्गलके गुण हैं)
=आकाशमें प्रवृत्ति वा स्थिति वा प्रवर्तना वा रहना होजाय(सो आकाशमें है नहीं)
=जिस स्वरूपकरि (अर्थात् अर्थ क्रियासे कोई पदार्थ परिणत) हो
=उस ही (स्वरूप अर्थ क्रिया परिणाम) से निश्चय कराता है वा प्रतीति कराता है
=ऐसा एवम्भूत (नय) है॥ (एवंभूतः भी ठीक है देखो टिप्पणी पृष्ठ ५४०,५४१)

(इसी एवंभूत की परिभाषाका भाव इसके लगता ही वाक्यमें दिया है (देखो पृष्ठ ५४२)

---

(१) समेति = सम्+एति 'इ' अदादि दूसरा गण परस्मैपदका धातु यहां आना अर्थमें आया है। 'ति' पत् सञ्जक प्रत्ययके (देखो पृष्ठ ५२२, ५२३) पहिले 'इ' धातुकी गुणसंज्ञा होकर 'ए' हो जाताहै। 'ए'में 'ति' प्रथम पुरुष एक वचन परस्मैपद वर्तमान काल्का प्रत्यय जोड़नेसे एति = बन जाताहै उसमें 'सम्' उपसर्ग लगाने से (सम्+एति) समेति बन जाताहै॥ समेति=वह साथ साथ रहताहै अर्थात् आत्मा आत्मामें रहता है बसताहै तिष्ठताहै

(२) पूज्यपाद स्वामी की इसी एवंभूतनयकी परिभाषाको शब्दशः तत्त्वार्थ राजवार्तिकके रचयिताने ग्रहण कीहै (देखो त०रा०वा० हिंदि पृष्ठ ३८)

इस बात पर हम एक पूर्ण टिप्पणी लिखते हैं कि पदान्त म्-न् और अपदान्त म्-न् की अवस्था में क्या क्या परिवर्तन होते हैं और दोनों प्रकार के अनुस्वार पदान्त और अपदान्त में क्या क्या परिवर्तन होते हैं

(१) पदान्त म्—मोऽनुस्वारः (अष्टाध्यायी ८।३।२३) इस सूत्रमें 'पदस्य' की अनुवृत्ति अष्टाध्यायी अध्याय ८ पाद १ सूत्र १६ वें (पदस्य) से है और हलि शब्दकी अनुवृत्ति 'हलि सर्वेषाम्' ८।३। २२सूत्रसे लीगई है इसलिये 'मोऽनुस्वारः' (=पदस्य ¦ मः ¦ अनुस्वार ः हलि ¦) का अर्थ मकारान्त पदको अनुस्वार हो यदि कोई हल् (अर्थात् व्यंजन) पश्चात् में हो तो (ऐसा होता है)॥ जैसे हरिम् वन्दे में म् पदान्त है और व्यंजन पश्चात् में है इसलिये हरिं वन्दे हुआ वैसेही एवम्भूतः में म् पदान्त है भू उसके पीछे व्यंजन है अतः एवंभूतः होगया इसलिये एवम्भूत और एवंभूत दोनों रूप ठीक हैं (इस सूत्रकी विशेष व्याख्या के लिये देखो पृष्ट ५, ६)॥ 'गम्यते' (=वह गया है) यहां म् अपदान्त है इस से अनुस्वार न हुआ॥

(२) पदान्त न्—अन्तका न् जब उसके पश्चात् च्-छ्-त्-थ्-ट्-ठ् आवै तौ (यह न्) अनुस्वार और विसर्ग में पलट जाता है जैसे विडालान् ताडयति पुरुषः (=वह मनुष्य बिल्लियों को मारता है) =विडालाः ताडयति पुरुषः अब यह विसर्ग निम्न उल्लेखित नियमसे स् में परिवर्तित होजाता है अतः विडालांस्ताडयति पुरुषः ऐसा हुआ (नियमः—विसर्ग के पश्चात् यदि च्-छ् हो तौ श् में यदि त्-थ् हो तो स् में यदि ट्-ठ् हो तौ ष् में यह विसर्ग पलट जाता है)

(३) अपदान्त म्-न्॥ "नश्चापदान्तस्य झलि" यह अष्टाध्यायी के आठवां अध्याय का तीसरे पादका चौबीसवां सूत्र है ८-३-२४। इस सूत्रसे पहिले का सूत्र 'मोऽनुस्वार' उपर्युक्त तेईसवां है इससे अनुस्वारः की अनुवृत्ति चौबीसवां सूत्र में आती है तब चौबीसवां सूत्रका रूप इस प्रकार होजाता है कि " नः च अपदान्तस्य झलि (अनुसारः) " च से तेईसवां सूत्र के मो (=मः) का आकर्षण होता है इसलिये ऐसा रूप हुआ कि "नः मः अपदान्तस्य झलि अनुस्वारः" झलि प्रत्याहारहै और उसमें झल्के मध्यके अक्षर झ सहित सर्व आजातेहैं अर्थात् क्-ख्-ग्-घ् ङ्-च्-छ्-ज्-झ्-ञ्। ट्-ठ्-ड्-ढ्-ण्। त्-थ्-द्-ध्-न्। प्-फ्-ब्-भ्-म्। य्-र्-ल्-व् ह्। 'झलि' का अर्थ है इन चौबीस अक्षरोंके पहिले आने वाला। अपदान्त = विभक्ति वा कारक जिसके अंतमें न हो। सूत्र का अर्थ यह हुआ अपदान्त न् अथवा अपदान्त म् के स्थान में अनुस्वार होवै यदि म् अथवा न् पूर्वोक्त चौबीस अक्षरों में से किसी अक्षर के पहिले हो इसलिये 'अन्तराय' के न् का अनुस्वार होकर अंतराय होगया और 'वन्दे' का 'वंदे' होगया क्योंकि दोनों के न् के पश्चात् क्रमसे त्-द् है॥ ५४०

जैसे यशांसि+इ = यशांसि, यह यशांसि यश् नपुंसकलिंगीका बहुवचन है यहां पर अपदान्त नका अनुस्वार होगया ॥ बहुत यश = यशांसि

आक्रंस्यते = आ+क्रम्+स्यते, क्रम् धातुके मका अनुस्वार होगया ॥ आक्रंस्यते = वह पकड़ेगा, (वह) विजयकरेगा, जीतेगा ॥

(४) अपदान्त अनुस्वारः—अनुस्वारस्य ययि परसवर्णः ८।४।५८ = अनुस्वारस्य परसवर्णः ययि=अनुस्वार के स्थान में परसवर्ण हो यदि (उक्त अनुस्वार के) परे में यय् प्रत्याहार के अक्षरों में से कोई भी आवे अर्थात् अनुस्वार के पश्चात् में क-ख-ग-घ-ङ। च-छ-ज-झ-ञ। ट-ठ-ड-ढ-ण। त-थ-द-ध-न। प-फ-ब-भ-म। य-र-ल-व अक्षरों में से कोई भी एक अक्षर आवे तो उक्त अनुस्वार के स्थान में परसवर्ण (ङ-ञ-ण-न-म-य-र-ल) हो जावे जैसे शामतः यहां "नश्चापदान्तस्य झलि" उपर्युक्त सूत्र से मका अनुस्वार होकर शांतः ऐसा हुआ फिर इस सूत्र से परअक्षर तः उस तकार का सवर्णीय न् होकर शान्तः रूप बना । ऐसेही अङ्कितः = चुभगया, गड़गया, ॥ अञ्चितः = पूजाकिया गया आदर किया गया, सिकोड़ लिया गया । कुण्ठितः = प्रतिघात किया गया, गुम्फितः = गूथागया, रचागया, गांठागया, रूपबनगये ॥ शान्तः का अर्थ शामयुक्त वा शान्त वाला है कुर्वन्ति = वे करते हैं । वृषन्ति – वे उत्पन्न करने के योग्य हैं, वे सोचते हैं ॥ इन दोनों शब्दों के न् पहिले नश्चापदान्तस्यझलि उक्त सूत्र से अनुस्वार में परिवर्तित हो जाते हैं पश्चात् इस सूत्र से उन के पश्चात् त् होने के कारण न् परसवर्ण त् के में पलट जाते हैं ॥

(५) पदान्त अनुस्वारः—"वा पदान्तस्य" ८।४।५९ = (पदान्तस्य अनुस्वारस्य ययि परसवर्णः) वा इस सूत्र में अट्कुवाङ्नुम्व्यवायेऽपि सूत्रकी अनुवृत्ति आती है ॥ पदान्तस्य अनुस्वारस्य परसवर्णः वा ययि = पदान्त अनुस्वारका परसवर्ण विकल्पसे हो (चाहे परसवर्ण करो मनन चाहे मतकरो) यदि (उक्त पदान्त अनुस्वारके) पश्चात् ऊपर कहे हुये ३५ व्यञ्जनों में से कोई एक व्यंजन आवे तो ॥ जैसे त्वम् करोषि, यहां "मोऽनुस्वारः" सूत्र से म् को अनुस्वार किया तो त्वं करोषि बना, फिर जब सवर्ण हुआ तो त्वङ्करोषि । तू करता है। ऐसा रूप बना नहीं तो त्वं करोषि रूपही बना ॥ ऐसेही त्वम् चिनोषि से त्वञ्चिनोषि रूप हुआ, फिर त्वञ्छिनोषि रूप बना, नहीं त्वं चिनोषि रहा तू चुनता है ॥) त्वम् डीयसे = तू उड़ताहै, = त्वं डीयसे, फिर वा पदान्तस्य से त्व एडीय से रूप बना । डी चांधेगणका आत्मने पदी, अकर्मक धातु है।त्वम् पण्डितः (तू पंडित है) त्वं पण्डितः 'मोऽनुस्वारः से हुआ, फिर "वा पदान्तस्य" से त्वम्पण्डितः रूप बना, नहीं तो त्वं पण्डितः ही, रूप रहा ॥ ( ) त्वम् धनाढ्यः (तू धनवान् है) 'मोऽनुस्वारः सूत्र से त्वं धनाढ्यः रूप हुआ, अब "वा पदान्तस्य" द्वारा त्वन्धनाढ्यः रूप बना, नहीं त्वं धनाढ्यः ॥ ( ) तं कथं चित्रपदं डयमानं नभः स्थं पुरुषोऽवधीत्=तङ्कथञ्चित्र पदण्डयमानन् नभः स्थम्पुरुषोऽवधीत् । आकाश में(= नभः स्थं) उड़ते हुये (=डयमानं) उस (=तं) चित्र विचित्र पर वाले पक्षेरु को (चित्र पक्षं) पुरुष ने कैसे मारा (=अवधीत्) ॥

सर्वार्थ-

स्वाभिधेयक्रियापरिणतिक्षण एव स शब्दो युक्तो नान्यदेति। यदैवेन्दति तदैवेन्द्रो नाभिषेचको न पूजक इति। यदैव गच्छति तदैव गौः।

स्व–अभिधेय–क्रिया परिणतिक्षणः एव *	=(जो शब्द) अपने अर्थ (=अभिधेय) क्रियासे जिस समय ही (=एव) परिणत हो
सः शब्दः युक्तः न * अन्यदा * इति *	=वह शब्द (प्रयोग उस ही समय) उचित है न कि और समय (=अन्यदा)

भावार्थ जिस वस्तुको जिस नामकरि कहै उसही अर्थकी क्रियारूप वह वस्तु परिणमती हो तो तिसही काल उस वस्तुको उस नाम से कहै अन्य काल वही वस्तु अन्य परिणतिरूप परिण में तौ पूर्व उक्त नाम से उस वस्तुको न कहै

यद्द एव * इन्दति T तद्द एव * इन्द्रः।	=जैसे जब ही परमैश्वर्यरूप क्रिया करता है तब ही इन्द्र है।
न * अभिषेचकः। न * पूजकः इति *।	=न कि (वह ही प्राणी) अभिषेक करने वाला न पूजा करने वाला ऐसा (इन्द्र) है

अर्थात् इन्द्र शब्द का अर्थ परमेश्वर है जिस समय वह परमैश्वर्य का भोग कर रहा हो उसी समय उसको इन्द्र कहना यह एवं भूतनयका विषय है किंतु जिसका केवल नाम मात्र इन्द्र है (नाम निक्षेप) वा जहां पर किसी पदार्थमें इन्द्रकी स्थापना है (स्थापना निक्षेप) वा जो इस समय इन्द्र नहीं आगे जाकर इन्द्र होने वालाहै(=द्रव्य निक्षेप)वह एवं भूतनयका विषय नहीं क्योंकि उपर्युक्ततीनों अवस्थाओंमेंपरमैश्वर्यका भोग नहीं हो रहा है। इसी प्रकार गो इत्यादि अन्य शब्दों में भी जिस जिस क्षणमें उनकी जिस जिस अर्थ क्रियाका परिणमन हो रहा है उस उस क्षणके उस उस परिणमनकी अपेक्षा से एवं भूतनयकी योजना कर लेनी चाहिये यदि अर्थ क्रियाकी परणतिका दूसरा दूसरा काल होगा तौ वे एवंभूतनयके विषय नहीं हो सकते(देखोनीचे गोकादृष्टान्त)

यद्द एव * गच्छति तद्द एव * गौः	=जब(=यद्द) ही (=एव) गमन करता है तब ही गो है (बैल है)

(१) गो–इस शब्द के बीस अर्थ से भी अधिक हैं यह पुल्लिंग और स्त्रीलिंग में आता है (वैद्यकोश पृष्ठ २५० देखो) गो पुल्लिंग में बैल–वृषभ (पशु) के अर्थमें यहां लिया गयाहै और उस की प्रथमा विभक्ति एक वचन पुल्लिंग गौः है और गो जब गऊ–गाय के अर्थ में स्त्रीलिंग है तब भी उसका प्रथमा विभक्ति एक वचन स्त्रीलिंगकारूपपुरुष लिंगकेसदृश गौः' (ही) होताहै इस लिये प्रश्न यह उठताहै कि वृत्ति में दियेहुयेगौः

न स्थितो न शयित इति ॥ अथवा येनात्मनायेन ज्ञानेन भूतः परिणतस्तेनैवाध्यवसाययति । यथेन्द्राग्निज्ञानपरिणत आत्मैवेन्द्रोऽग्निश्चेति ॥

न * स्थितः न * शयितः इति *
अथवा *
येन आत्मना येन ज्ञानेन भूतः ।
परिणतः तेन एव * अध्यवसाययति ।

=न बैठा हुआ वा न ठहरा हुआ गो (बैल) है (और) न शयन करता हुआ गो (बैल) है
=अथवा (एवम्भूतनयकी उक्त परिभाषा में आये हुये शब्द)
="येनात्मना भूतः" (कहिये किसी पदार्थके) ज्ञानयुक्त (=ज्ञानेन) हुआ
=परिणया (आत्माको) तिस (ज्ञान) युक्त ही निश्चय कराता है वा प्रतीतिकराता है
(=ऐसा एवम्भूत-नयहै) अर्थात् उक्त परिभाषा में 'आत्मन्' शब्दका अर्थ पहिले 'अभिधेय किया लिया' अब 'ज्ञान' अर्थ लिया (आत्मना =ज्ञानेन) इसलिये आत्मा जिस क्षण में जिस पदार्थ के ज्ञान से युक्त हो उसे वही कहना एवम्भूतनयका विषय है ॥

यथा*इन्द्रज्ञानपरिणतः अग्निज्ञानपरिणतः
आत्मा एव * इन्द्रः च * अग्निः इति *

=जैसे इन्द्र(का आकाररूप) ज्ञान और अग्नि(का आकाररूप) ज्ञान परिणया
=आत्माही इन्द्र और अग्नि ऐसे (क्रमसे)है अर्थात् जैसे जिस क्षणमें आत्मा इन्द्र पदार्थके ज्ञान से परिणत हो रहा है उसे इन्द्र कहदेना वा जिस समय अग्नि पदार्थ के ज्ञान से परिणत हो रहा है उसे अग्नि कह देना एवं भूत नयका विषय है ॥

ऐसे व्याकरणके रूपका अनुवाद बैल होना चाहिये वा गऊ होना चाहिये "न स्थितो न शयितः इस वाक्य में स्थितः शब्द और शयितः शब्द पुलिंग में लाये है इस से स्पष्ट है कि बैल से तात्पर्य है अतः "गौः" का अनुवाद गौ (बैल) किया है यदि स्थितः के स्थान में 'स्थिता' होना जो स्त्रीलिंग है और शयितः के स्थान में 'शयिता' स्त्री लिंग होता तो अनुवाद गौः रूप का गाय (गऊ) होता ।

(१) इन्द्र ज्ञान परिणत आत्मा इन्द्र उच्यते । अग्नि ज्ञान परिणत त्वादात्मा अग्नि श्चेति एवम्भूतनयलक्षणम् ॥
इन्द्र ज्ञान परिणतः आत्मा इन्द्रः उच्यते । = इन्द्रका (आकार रूप) ज्ञान परिणया आत्मा इन्द्र कहा जाता है
च=अग्निज्ञान परिणत त्वात् आत्मा अग्निः = और अग्निके ज्ञान परिणमन से आत्मा अग्नि (कहलाता) है
इति * एवम्भूतनयलक्षणम् = ऐसा एवम्भूतनयका विषय (=लक्षण) है ॥ अब शंका यह है कि

उक्ता नैगमादयो नयाः । I उत्तरोत्तरसूक्ष्मविषयत्वात्

नैगम – आदयः नयाः ।	=नैगम, संग्रह, व्यवहार, ऋजु सूत्र, शब्द, समभिरूढ़, (१) एवंभूत (ये सात) नय
उक्ताः । उत्तरोत्तर–सूक्ष्मविषयत्वात् ।	=कहेगये हैं ॥ आगे आगेकी (नय एक दूसरेसे) अल्प विषय (वाली) होने से

टिप्पणी–यदि अग्नि शब्दसे परिणत आत्माको एवंभूतनयकी अपेक्षासे अग्नि कहा जायगा तो जलाना, रान्धना, पकाना आदि जितने धर्म अग्नि में हैं वे सब आत्मा में भी मानने पड़ेंगे इस लिये आत्मा अग्नि नहीं कहा जा सकता १ (उत्तर) नाम या स्थना आदि जिस स्वरूप से कहे जाते हैं वे उस से अभिन्न रहते हैं और जिस पदार्थ के जो जो धर्म होते हैं वे नियमित रूप से उसी में रहते हैं। आत्मा का जो अग्नि नाम है उसका आत्मा के साथ अभेद है परंतु अग्निके जो जलाना पकाना आदि धर्म हैं वे अग्नियें ही रहतेहैं आत्मा में नहीं हो सकते इस लिये नो आगम भाव अर्थात् साक्षात् अग्नि में रहने वाला दाहकपना आगमभाव अर्थात् औपचारिक अग्नि में नहीं हो सकता। इस रीतिसे यदि आत्मा का नाम अग्नि माना जायगा तो अग्नि दाहकत्व आदि धर्म आत्मा में मानने पड़ेंगे यह जो ऊपर शंका की गई थी वह निर्मूल सिद्ध हो चुकी।

(१) यहां पर 'एवंभूयत इति' 'ऐसा होना' इस एवंभूतनय के अर्थकी प्रतीति या निश्चय शब्द से होती है इसलिये शब्द ही एवंभूतनय माना है कारणमें कार्यका उपचार है अर्थात् एवंभूतनयके अर्थकी प्रतीति में कारण शब्दहैं और कार्य एवं भूतनय है

(I नैगमात्संग्रहोऽल्पविषयः तन्मात्रग्राहित्वात् । नैगमस्तु भावाभावविषयाद्बहुविषयः । यथैव हि भावे सङ्कल्पस्तथाऽभावे नैगमस्य सङ्कल्पः । एवमुत्तरत्रापि योज्यम् ॥

नैगमात् संग्रहः अल्पविषयः ।	=नैगम नयसे संग्रहनय थोड़ी विषय वाली है
तन्मात्र (= तद – मात्र) ग्राहित्वात् ।	=क्योंकि केवल उतने विषयकी अर्थात् केवल अल्पविषयकी (= तन्मात्र) ग्राही है
नैगमः तु * भाव - अभाव विषयात् ।	=और (=तु) नैगमनय सत् (रूप) और असत् (रूप) ग्रहण करने (केहेतु) से
बहु विषयः	=महाविषय वाली या बहुत विषयक है। (बहुविषय=बहुत है विषय जिसका)
यथा * एव * हि * भावे सङ्कल्पः ।	=क्योंकि (=हि) जैसा ही सत् (रूप) में सङ्कल्प है अर्थात् सत् रूप में मानना है
तथा * अभावे नैगमस्य सङ्कल्पः ।	=वैसा असत् (रूप) में नैगमनयका सङ्कल्प वा मानना है भावार्थ ।

नैगमनयके पीछे संग्रहनय कही गई है सो इसका विषय सत् द्रव्यत्व आदिही है इसके परस्पर निषेधरूपअसत् आदि यह विषय नहींहैं इसलिये नैगमनयसे संग्रहनय अल्प विषयक वा थोड़ी विषय वाली है

एवम्•उत्तरत्र•अपि•योज्यम्

=इस प्रकार यहां से आगे (=उत्तरत्र) भी लगाओ वा लगाने योग्य है अर्थात् संग्रहनयके पश्चात् व्यवहार नय है सो इसका विषय संग्रहनयके विषयका भेद है यहाँ अभेद विषय रहगये अतः संग्रहनयसे व्यवहारनय अल्प विषय वाली है व्यवहारनय के पश्चात् ऋजुसूत्र है सो इसका विषय वस्तुका वर्तमान पर्याय मात्रहै अतीत अनागत पर्यायें रहगई अतः व्यवहारनयसे ऋजुसूत्रनयका थोड़ा विषय है॥

ऋजुसूत्रनय लिंग संख्या साधन कारक उपग्रह आदिका भेद नकरके केवल वर्तमान पर्यायको विषय करता है परन्तु शब्दनय उस एक पर्यायमें भी लिंग संख्या साधन कारक उपग्रह काल आदिके भेदसे अर्थका भेद प्रकाशन करता है इसलिये ऋजुसूत्रनयकी अपेक्षासे शब्दनयका अल्प विषय है अर्थात् ऋजुसूत्रनय अर्थ पर्याय और शब्दपर्याय सबको ही विषय करता है परन्तु शब्दनय केवल शब्द पर्याय को ही विषय करता है इसलिये ऋजुसूत्रनयका विषय शब्दनयसे अधिकतर है॥

इसके पश्चात् समभिरूढ़ नय कहागया है सो एक वस्तु के अनेक नाम हैं तिनको पर्यायशब्द कहते हैं जिन पर्याय शब्दोंका एकही अर्थ मानने वाली तो शब्द नय है परन्तु समभिरूढ़नय जिस शब्दको ग्रहण करता है तिसी अर्थरूपको कहता है क्योंकि उन पर्याय शब्दोंके जुदे जुदे अर्थ भी हैं॥ जैसे इन्द्र, शक्र, पुरन्दर आदि ये तीन शब्द एक ही शचीपति अर्थके कहने वाले हैं तथापि परमैश्वर्यता का भोग होने से इन्द्र सामर्थ्यवान् होनेसे शक्र और पुर-नगर विदारण करने से पुरंदर इस प्रकार इन भिन्न भिन्न शब्दों के भिन्न भिन्न अर्थ हैं इस रीतिसे पर्यायों के अनुसार इन्द्र शब्दके अनेक अर्थ रहते भी वह रूढ इन्द्र (शचीपति) अर्थ में ही है और इस रूढ अर्थको ही

एषा क्रमः पूर्व पूर्व हेतुकत्वाच्च ।

च*पूर्व पूर्वहेतुकत्वात्	=और (=च) पहिली पहिली (नय अगली अगली नयका) कारणरूप होने से
एषाम् क्रमः	=इन (सातों नयनि) के (पठनका नैगम संग्रहादि सूत्रमें) अनुक्रम है अर्थात्

समभिरूढनय विषय करता है । समभिरूढनय किसी नियत अर्थको ही द्योतन करता है । अतः शब्दनयसे समभिरूढ अल्प विषयी है एकही पदार्थ अनेक क्रियारूप जुदे जुदे कालमें प्रवर्तता है सो जो वस्तु जिसनामकरि कही गई है तिस ही अर्थकी क्रियारूप परिणमती होय तो उसही काल उस वस्तुको उसनामकरि ग्रहण करनेवाला एवम्भूतनय है अन्यकाल में अन्य परिणतरूप परिणमें तौ तिसको उसनामकरि न कहै जैसे गो को समभिरूढनयकी अपेक्षासे बैठते, उठते, सोवते, चलते, फिरते, अकड़ते इत्यादि सबही अवस्था में गऊ-गाय कहते हैं परन्तु एवम्भूतनयकी अपेक्षासे उक्त गो जिस समय गमन करती हो उसी समय गो-गऊ गाय कहै यदि वह बैठी हो सोती हो लेटी हो पड़ी हो तो उसको गो न कहै । अतः समभिरूढनयसे एवम्भूतनय अल्प विषयी है यहां पं०जयचंद जी की वचनिकासे एक उदाहरण उद्धृत करते हैं जिससे पूर्वपूर्व नयका विषय उत्तरोत्तर नय से अल्प है स्पष्ट हो जाता है (१) एक मनुष्य ने कहा नगरमें पक्षी बोल रहा है नैगम (२) दूसरे ने कहा कि इस नगरमें एक वृक्ष है उसपै पक्षी बोल रहा है-संग्रह (३) तीसरे ने कहा इस वृक्ष की एक बड़ी डाली पै पक्षी बोल रहा है-व्यवहार (४) चौथेने कहा इस डालीमें एक छोटी डाली है तापै बोल रहा है-ऋजुसूत्र (५) पांचवें ने कहा छोटी डाली के एक मागपर बोल रहा है-शब्द नय (६) छठेने कहा पक्षी अपने शरीरमें बोल रहा है-समभिरूढ (७) सातवें ने कहा कि पक्षी के शरीर में कंठ है सो कंठमें पक्षी बोल रहा है-एवम्भूतनय-ऐसे उत्तरोत्तर विषय छूटता गया । ग्रामे वृक्षे विटपे शाखायां तत्प्रदेशेके काये कंठे च रोति शकुनिः यथा तथा नैगमादीनाम् । अन्य दृष्टान्तः-नैगमनयने वस्तुके सत्-असत् दोनों ग्रहण किये, संग्रह ने सत् ही लिया, व्यवहारनयने सत्का एक भेद लिया, ऋजुसूत्र ने वर्तमान सत् ही को लिया शब्दनयने वर्तमान सत्में भी भेदकरि एक कार्य पकड़ा, समभिरूढने उस कार्यके अनेक नामथे उनमेंसे एक नामको ग्रहण किया, एवम्भूतनयने उपर्युक्त एक नामको भी जिस क्रियारूप जिसकालमें परिणमें तिसको ग्रहण किया ॥ ऐसे ही जिस पदार्थ को साधनाहै उस पदार्थ पै इन सातों नयोंको लगालैना योग्य है ॥

(१) नैगम् संग्रहस्य हेतुः । संग्रहो व्यवहारस्य हेतुः । व्यवहारः ऋजुसूत्रस्य हेतुः । ऋजुसूत्रः शब्दस्य हेतुः ।

एवमेते नयाः पूर्वपूर्वविरुद्धमहाविषया उत्तरोत्तरानुकूलाल्पविषयाः । द्रव्यस्यानन्तशक्तेः प्रतिशक्तिभिद्यमाना बहुविकल्पा जायन्ते ॥

	यथाक्रम एक नय दूसरी नयसे अल्प विषय वाली हैं और पहिली पहिली नय कारण रूप हैं अगली अगली नय कार्यरूप हैं सो सूत्रमें इन सातों नयों का इसही क्रमसे पाठ है वा उल्लेख है
एवम् एते नयाः पूर्वपूर्वविरुद्ध-महाविषयाः	=ऐसे ये (सात) नय पहिले पहिले विरुद्धरूप महाविषय वाले हैं
उत्तर-उत्तर-अनुकूल-अल्पविषयाः	=(और) आगे आगेकी (नय) अनुकूल रूप अल्प विषय वाली हैं; अर्थात् पहिले नयने जितने पदार्थको विषयकररक्खा है उसको आगेका नय विषय नहीं करता इसलिये पहिला नय विरुद्ध महाविषयवाला है तथा आगेके नयका जो विषय है वह पहिलेके नयमें गर्भित है इसलिये आगेका नय पहिले नयके अनुकूल अल्पविषयवालाहै। (ऐसे नयके भेद क्यों होतेहैं सो कहतेहैं)
द्रव्यस्य अनन्तशक्तेः प्रतिशक्तिभिद्यमानाः	—क्योंकि द्रव्यकी अनन्त शक्ति है,(इससे)शक्तिशक्तिप्रति भेदको प्राप्त भये(नय)
बहु विकल्पाः जायन्ते T	=बहु विकल्परूप उत्पन्न होते हैं अर्थात् उक्त नय अनन्त शक्तिरूप द्रव्यकी अतिशक्तिकी अपेक्षा भिन्न भिन्न होते जाते हैं अतः नयोंके बहुसे भेद हैं

शब्दः समभिरूढस्य हेतुः । समभिरूढः एवम्भूतस्य हेतुः । इत्यर्थः

संग्रहस्य हेतुः नैगमः । व्यवहारस्य हेतुः संग्रहः ।	=संग्रहनयका हेतुः नैगमनय है व्यवहारनय का हेतु संग्रहनय है
ऋजुसूत्रस्य हेतुः व्यवहारः । शब्दस्य हेतुः ऋजुसूत्रः ।	=ऋजुसूत्रनयका हेतु व्यवहारनय है । शब्दनयका हेतु ऋजुसूत्रनय है
समभिरूढस्य हेतुः शब्दः । एवम्भूतस्यहेतुः समभिरूढ-	=समभिरूढनयका हेतु शब्दनय है । एवम्भूतनयका हेतु समभिरूढ है
इति अर्थः	=ऐसा अर्थ "उत्तरोत्तर सूक्ष्म विषयत्वादेषां क्रमः पूर्वपूर्व हेतुकत्वाच्च" का है

(१) जन् दिवादि चौथेगण आत्मनेपदी अकर्मक धातु उत्पन्न होना अर्थ में है सार्वधातुक प्रत्यय इ,से,ते इत्यादिकेपहिले इसका रूप जा हो जाता है य विकरणहैं अन्ते प्रथमपुरुष बहुवचन आत्मनेपदी वर्तमान काल क्रिया का प्रत्यय है जा+य+न्ते हुआ प्रथम अ उस प्रत्यय के पहिले गिरजाता है जिस प्रत्यय के अ आरम्भमें हो इसलिये जा+अन्ते=जायन्ते ॥ जन्यते कर्मणि रूप है ॥ जायते प्रथमपुरुष एकवचन वर्तमानकाल आत्मनेपदी है ॥

त एते गुणप्रधानतया परस्परतन्त्राः सम्यग्दर्शनहेतवः पुरुषार्थक्रियासाधनसामर्थ्यात्तन्त्वादय इव यथोपायं विनिवेश्यमानाः पटादिसँज्ञाः स्वतन्त्राश्चासमर्थाः ॥

पुरुषार्थ क्रिया-साधनसामर्थ्यात् इव *	=पुरुषार्थरूप क्रियाके साधनस्वरूप शक्तिसे जैसे
तन्तु-आदयः यथा-उपायम् *विनिवेश्यमानाः	=सूतके तारआदिक यथायोग्य उपायद्वारा नियतकिये हुये वा पायेहुये
पटादि संज्ञाः च*	=वस्त्रादिक नाम पानेवाले होते हैं और (=च)
स्वतन्त्राः	=(सूतके) स्वतन्त्रतार अर्थात् परस्पर अपेक्षारहित न्यारे न्यारे तार
असमर्थाः ते एते	=(वस्त्रादि नाम पानेवाले) नहीं होसक्ते हैं। (तैसे) ते इतने (नय)
गुण प्रधानतया	=गौण मुख्यपनाकरि वा प्रधान अप्रधानरूपसे
परस्परतन्त्राः	=आपसमें सापेक्षरूप हुये वा परस्पर एकदूसरेके आधीन रूप हुये (आश्रय)
सम्यग्दर्शन-हेतवः	=सम्यग्दर्शन [के उत्पन्न होने] का कारण होते हैं

[और यदि वे उक्त नय परस्पर अपेक्षारहित हों तो सम्यक्त्वके उत्पत्तिका कारण कदापि नहीं होसक्ते भिन्नभिन्नसूतके तारोंके सदृश कार्यकारी नहीं होते]

भावार्थ जिसप्रकार आपसमें एक दूसरेकी अपेक्षा करनेवाले सूतकेतार जिस समय बुनजाते हैं उस समय उनकी पटादि संज्ञा हो जाती है और प्राणियोंके शीत निवारण उष्णनिवारण आदि प्रयोजनीय कार्यों के सिद्ध करने में समर्थ होजाते हैं किन्तु वेही तार जब भिन्न भिन्न रहते हैं तब किसी भी प्रयोजनीय कार्यको सिद्ध नहीं करसक्ते उसी प्रकार परस्पर सापेक्ष-आपसमें एक दूसरेकी अपेक्षा रखनेवाले और कहीं गौण तौ कहीं प्रधानरूपसे विवक्षित ही नय सम्यक्त्वकी उत्पत्तिके कारण हैं। यदि वे [नय] परस्पर सापेक्ष न होंगे तौ भिन्न भिन्न वा न्यारे न्यारे सूतके तारोंके समान कभी भी कार्यकारी न होंगे और सम्यक्त्वकी उत्पत्तिके कारण भी नहीं होंगे ॥

(१ गुणः—ज्ञान विनय आदि गुणातन्त आदि चौदह अर्थोंसे अधिक अर्थोंमें यह शब्द आता है यहांपर अप्रधान वा गौण अर्थमें है (पद्म०कोश१३३)
(२ निरपेक्षा नया मिथ्या सापेक्षा वस्तु तेऽर्थकृत् देवागम १०८) परस्पर निरपेक्षनय मिथ्या हैं परस्पर सापेक्ष नय कार्यकारी हैं ॥

"तन्त्वादय इवेति विषम उपन्यासः। तन्त्वादयो निरपेक्षा अपि काश्चिदर्थमालां जनयन्ति। भवति हि कश्चित्प्रत्येकं तन्तुस्त्वक्त्राणे समर्थः। एकश्च बल्वजो बन्धने समर्थः। इमे पुनर्नया निरपेक्षाः सन्तो न काश्चिदपि सम्यग्दर्शनमात्रां प्रादुर्भावयन्तीति॥" नैष दोषः। अभिहितानवबोधात्। अभिहितमर्थमनवबुध्य परेणेदमुपालभ्यते।

"तन्त्वादय इव ··" इति* विषमः। उपन्यासः।	=(प्रश्न) "तन्त्वादय इव ··" ऐसा (उपर्युक्त) उदाहरण असमेल है
तन्त्वादयः। निरपेक्षाः। अपि *	=(क्योंकि) तारादिक (एक दूसरेकी) अपेक्षारहित भी (एक तार दूसरे से भिन्न
काश्चित्* (=कान्+चित्) अर्थ-मालाम्॥	=भिन्न रहने परभी) कोई एक (=काश्चित्) बयोजनपात्राओंका (=अर्थमालान्)
जनयन्ति। कश्चित्* प्रत्येकम्* तन्तुः।	=उत्पन्नकरतेहैं। कोई एक (=कश्चित्) पृथक् पृथक् (=प्रत्येकम्) तार
त्वच्-त्राणे॥ समर्थः। भवति। हि*	=त्वचाके रक्षा करने में (अर्थात् सीवनें इत्यादि में) समर्थ होता ही (=हि) है
एकः। च * बल्वजः।	=और (=च) कोई एक (तार) जो वकलसे उपजाहै वा जन्माहै अर्थात् वकलका तार
बन्धने॥ समर्थः।	=(भार-मनुष्य आदिक के) बांधने में समर्थ है
पुनः * इमे। नयाः। निरपेक्षाः। सन्तः।	=बहुरि (=पुनः) ये (=इमे-परस्पर) अपेक्षारहित विद्यमान (=सन्तः) नय
काश्चित् * अपि * सम्यग्दर्शनमात्राम्॥	=किन्हीं भी (=अपि) सम्यक्त्वकी मात्राओंको वा सम्यग्दर्शन के अंशोंको
न*प्रादुर्भावयन्ति। इति*। न * एषः। दोषः।	=प्रकाश वा प्रगट नहीं करती हैं ऐसी (शंकापर कहतेहैं कि) यह दूषण नहीं है।
अभिहित-अनवबोधात्। अभिहितम्।	=कथितका बोध न होने (के हेतु) से (अर्थात्) कहे हुये के (=अभिहितम्)
अर्थम्। अनवबुध्य-परेण। इदम्* उपालभ्यते।	=तात्पर्य को न समझ करि प्रत्यर्थीसे (=परेण) यह उलहना दिया गया है

(१) भवति हि कश्चित्प्रत्येकं तन्तुस्त्वक्त्राणे समर्थः = होता ही है कोई एक भिन्न भिन्न तन्तु त्वचा के रक्षाकरने (सीवने आदि) में समर्थ॥ प्रश्नकर्ता अपने प्रश्नकी दृढ़ता में पूर्णतया विश्वास करके शब्दों पर अत्यन्त बल देकर उपर्युक्त वाक्यको कहता है और इस गौरव उच्चारण में 'भवति हि' को प्रथम लाकर 'समर्थः' अन्त में लाता है अतः इस वाक्य का शब्दशः अनुवाद जो टिप्पणी में दिया है वही होगा।

(२) वल्क, वल्कल (पु०न०) वल्कुट (न०) = छाल; वल्कज, वल्कलज, वल्कुटज = छाल से उपजा, छालका; वल्व वा वल्वजकोशमें नहीं मिला अतः द्वितीया वृत्तिमें अशुद्ध छपगयाहै॥ (३) अन्-अवबुध्य, संबन्ध सूचक भूतकृदन्तहै। पर (पु०) शत्रुके अर्थमें है परंतु यहां 'यादी'के अर्थमें आयाहै॥

एतदुक्तं निरपेक्षेषु तन्त्वादिषु पटादिकार्यं नास्तीति ॥ यत्तु तेनोपदर्शितं न तत्पटादिकार्यं, किं तर्हि केवलं तन्त्वादिकार्यं; तन्त्वादिकार्यमपि तन्त्वाद्यवयवेषु निरपेक्षेषु नास्त्येवेत्यस्मत्पक्षसिद्धिरेव ॥ अथ तन्त्वादिषु पटादिकार्यशक्त्यपेक्षया अस्तीत्युच्यते। नयेष्वपि निरपेक्षेषु बुध्यभिधानरूपेषु कारणवशात्सम्यग्दर्शन-

---

एतत् ; ॥ उक्तम् ; ॥ निरपेक्षेषु ; । तन्त्वादिषु ; = यह कहा है (कि) परस्पर अपेक्षा रहित तारादिकों में
पट-आदिकार्यम् ; ॥ न* अस्ति I इति * =वस्त्रादिक कारज (अर्थात् वस्त्र-निवाड़-इत्यादि बुनने रूप कार्य) नहीं होता है
यत् ; ॥ (=यद् ; ॥) तु* तेन ; । उपदर्शितम् ; ॥ =और (=तु) जो (कार्य) तिस (तार) करि (वादीद्वारा) बतलाया गया है
न* तत् ; ॥ पटादिकार्यम् ; ॥ किंतर्हि* =वह वस्त्रादि कार्य नहीं है परन्तु (=किं तर्हि) वा किन्तु (=किं तर्हि)
केवलम् ; ॥ तन्त्वादिकार्यम् ; ॥; तन्त्वादिकार्यम् ; ॥ =केवल तारा दिकोंका (न्यारादी) कार्य है। तारादिकोंका (वादीद्वारा उपदर्शित)कार्य
अपि तन्त्वादि-अवयवेषु ; । निरपेक्षेषु न अस्ति एव =भी तारादिकोंके अंशोमें परस्पर अपेक्षारहित ही (=एव) नहीं है
अर्थात् तारादिकोंका (वस्त्रादिक बुननेके कार्यसे न्यारा वादीद्वारा वर्णित) कार्य भी
कितने ही धागे वा तार परस्पर यथा योग्य मिलनेहैं तभी होताहै अन्यथा नहीं ॥
इति* अस्मद्-पक्ष (=अस्मत्पक्ष)-सिद्धिः ; ॥ एव* =इस प्रकार हमारा (=अस्मद्) पक्ष (कि सापेक्ष ही कार्य उत्पन्न करते हैं
परस्पर निरपेक्ष रहने पर कोई भी कार्य नहीं हो सक्ता) सिद्धि ही (=एव) है
अथ* तन्त्वादिषु ; । पटादि- =प्रश्न (=अथ) (निरपेक्ष) तन्तु आदिक (के अवयवनि)में वस्त्रादिक (बुनेजाने) का
कार्यम् ; ॥ शक्ति-अपेक्षया ; ॥ अस्ति I इति उच्यते I=कार्य शक्तिकी विवक्षा से है ऐसें कहिये है
निरपेक्षेषु ; । अपि* बुद्धि- =(उत्तर) परस्पर अपेक्षारहित नयों में भी (उनके भिन्न भिन्न) ज्ञान और
अभिधान रूपेषु ; । कारणवशात् ; । सम्यग्दर्शन- =(उन के न्यारे न्यारे) नाम के कारण वशसे सम्यगदर्शन के

हेतुत्वपरिणतिसद्भावात् शक्त्याऽऽत्मनाऽस्तित्वमिति साम्यमेवोपन्यासस्य ॥

हेतुत्व–परिणति–सद्भावात् ५/१।	=कारण त्वका विशेष रूप परिण मनके सद्भाव से
शक्त्या ३/१ ॥ आत्मना ३/१। अस्तित्वम् १/१ ॥।	=शक्ति(=शक्त्या) रूप (=आत्मना) करि अस्तित्वहै-सरांश-निरपेक्ष नयों में भी उन के नाम और ज्ञान के कारण से सम्यक्त्व के कारण पनेको शक्तिरूप से अस्तित्व है
इति* उपन्यासस्य ६/१।	=ऐसे दृष्टान्तकी (कि जैसे पुरुषके उद्योगसे तन्तु आदि परस्पर मिलने पर पटादि वस्तुओंको उपजाते हैं वैसे ही उक्त सात नय परस्पर सापेक्ष होकर
साम्यम् १/१ ॥। एव *	=सम्यक्त्व को उपजाती हैं। समानताही है (विषमता वा अनमेलता नहीं है) ॥

"अथ तन्त्वादिषु····न्यासस्य" वाक्य का तात्पर्यः—वादीको इस शंकापर कि निरपेक्ष तंतुओं में शक्तिकी अपेक्षा पटादि कार्य करनेकी सामर्थ्य है इस लिये निरपेक्षतंतु वस्त्रादि कार्य स्वरूप कहे जा सकतेह (तैसे नयों की निरपेक्ष रूप में शक्ति नहीं है) इस के समाधानमें कहते हैं कि निरपेक्ष नयोंका भिन्न भिन्न नाम और उन का न्यारा न्यारा ज्ञान भी सम्यग्दर्शकी प्राप्ति में कारण रूप शक्ति रखता ही है ॥ इस लिये निरपेक्ष नय भी सम्यक्त्वके कारण बन सकते हैं इस रीति से दृष्टांत और दार्ष्टांत दोनों में समानता रहने से तंतुओंके उक्त उदाहरणको विषम वा अनमेल उदाहरण बतलाना असंगत है ॥

ध्यान रहै कि यथार्थ में किसी अभिप्राय विशेषको नय कहते हैं जितने अभिप्राय हो सकतेहैं उतने ही नय कहे जा सक्ते हैं अंतः अभिप्रायों के भेद अनंत होने से नयवाद भी अनंत हैं। वे स्थूल रूपसे परिणत किये जाते हैं इसलिये संख्याते नय हैं ॥

(१) जिस पदार्थको जाना जाताहै वह विषयहै और जिसके द्वारा जाना जाताहै वह विषयीहै। निक्षेप विषय हैं नय विषयी हैं। नाम स्थापना–द्रव्य निक्षेप द्रव्यार्थिक नयके विषय भूतहैं अर्थात् ग्रहण किये जातेहैं और भाव निक्षेप पर्यायार्थिक नयका विषय भूत है ॥ समभिरूढ नय और एवं भूतके अन्तर वा भेदकेलिये देखो पृष्ठ१००॥अतीत अनागत दोनों पर्यायोंको छोड़कर वर्तमान पर्यायोंको ग्रहणकरै सो ऋजु सूत्र नयहै। वह सूक्ष्म ऋजुसूत्र-और स्थूलऋजु सूत्रसे दो भेद रूपहै ॥ एक समय वर्ती पर्याय जो अवाच्यहै और जिसको अर्थ पर्याय कहतेहैं (क्योंकि वस्तु समय समय परिणमेहै)सूक्ष्म ऋजुसूत्र नयका विषयहै॥और एक पर्यायके आरम्भसेअंत तक ग्रहण करैसो स्थूल ऋजुसूत्रहै जैसे मनुष्यादि पर्यायहैंसो अपने अपने आयु परिमाण रहती हैं ॥ ऋजुसूत्र नय और समभिरूढनय में भेद यह है कि ऋजुसूत्रनय वर्तमान उक्त पर्यायोंको ही ग्रहण करता है ॥

ज्ञानदर्शनयोस्तत्त्वं । नयानां चैव लक्षणम् ॥ ज्ञानस्य च प्रमाणत्व- । मध्यायेऽस्मिन्निरू-
पितम् ॥ १ ॥ ॥ इति तत्त्वार्थवृत्तौ सर्वार्थसिद्धिसञ्ज्ञायां प्रथमोऽध्यायः ॥

ज्ञानदर्शनयोः ‖॥ तत्त्वम् ‖॥ नयानाम् ‖ च *	=ज्ञान और दर्शनका यथार्थ स्वरूप वा ज्योंकात्यों स्वरूप और(=च) नयोंका
एव * लक्षणम् ‖॥ ज्ञानस्य ‖॥ च * प्रमाणत्वम् ‖॥	=ही (=एव) लक्षण, और (=च) (पांच) ज्ञानके प्रमाणता (ज्ञान को ही प्रमाणता सिद्ध करना)
अध्याये ‖। अस्मिन् ‖ । निरूपितम् ‖ ॥ ॥१॥	=इस (प्रथम) अध्याय में वर्णन कियेगये हैं ॥ दोहा, "दर्शन बोध यथार्थता नयलक्षण वरणाय ॥ ज्ञान पंचके मानता । कही आदि अध्याय" जय० २२१
इति * सर्वार्थसिद्धिसञ्ज्ञायाम् ‖॥ तत्त्वार्थ-वृत्तौ ‖॥ प्रथमः ‖। अध्यायः ‖।	=इस प्रकार सर्वार्थ सिद्धिनाम (ग्रन्थ) में =तत्त्वार्थके विवरण में पहिला अध्याय (समाप्त वा पूर्ण) हुआ

परंतु समभिरूढनय उस शब्द से प्रगट होने वाले अर्थको ही ग्रहण करताहै जैसे ऋजुसूत्रनय उत्पन्न होने से मरण पर्यन्त इन्द्र पद धारण करने वाले शची पतीको इन्द्र कहताहै परन्तु समभिरूढनय इन्दन शील ऐश्वर्यवान होतेहुये कोही इन्द्र कहताहै इन्द्र जिस समय पूजा करता है उस समय ऋजुसूत्रनय से इन्द्र है परन्तु समभिरूढ नय से इन्द्र नहीं है ॥

ऋजु सूत्र और एवम्भूतनयों में यह अन्तरहै कि ऋजु सूत्र नय वस्तुकी वर्तमान कालकी पर्याय को ग्रहण करताहै परन्तु एवम्भूतनय जिस कालमें जो क्रिया करता हो वा किया कर रहा हो उसको उस काल में उसी नाम से प्रगट करताहै वा कहताहै जैसे ऋजु सूत्र नय उत्पन्न होने से मरण पर्यंत इन्द्र पद धारण करने वाले शची पतिको इन्द्र कहताहै चाहे वह किसी समय कोई भी कार्य कर रहा हो परन्तु एवम्भूतनय देवों के पतिको परम ऐश्वर्य सहित हो उसी अवस्था में इन्द्र कहताहै पूजन अभिषेकादि करते हुये को इन्द्र नहीं कहैगा इसी प्रकार जिस समय वह शक्तिरूप क्रिया को करे उसी समय शक्र कहैगा अन्य समय में शक्र नहीं कहैगा । न इन्द्र कहैगा जब कि वह शक्ति रूप क्रिया कर रहा हो ॥

( ) ऋजुसूत्र–समभिरूढ और एवम्भूत नयों में यह अन्तरहै कि ऋजुसूत्रनय वस्तुकी एक समय मात्र पर्यायको अथवा आरम्भसे अन्त तक एक पर्यायका ग्राही है, समभिरूढनय नाना अर्थको उलंघन करके जो एक ही अर्थ में रूढ (प्रसिद्ध) हो उसका ग्राही है परन्तु एवम्भूतनय जो जिस समय जो क्रिया कर रहा हो उसको उस कालमें उस क्रिया ही के संबंध वा संयोग से प्रगट करता है जैसे गाय पर्याय लीजिये तो ऋजुसूत्रनय जन्म से लेकर मरण पर्यंत उसको गाय समझताहै । समभिरूढनय गाय शब्दके पृथिवी माता वचन इत्यादि अनेक अर्थोंको छोड़कर जिसमें चलने की शक्ति हो ऐसे गाय (पशु) को लेताहै वह चलती हो बैठी हो सोती हो खारही हो सब अवस्था में समभिरूढनयकी अपेक्षा से वह गाय (पशु)ही है परन्तु एवम्भूतनय जिस समय वह चले फिरै उस समय गाय कहैगी सोते बैठी हुई को गाय न कहैगी चाहे उसमें चलने फिरनेकी शक्ति हो परन्तु उस समय चलती फिरती नहो तो एवम्भूत उसको गाय नहीं कहैगा ॥